योगतन्त्र-ग्रन्थमाला

[१७]

महामाहेश्वरश्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्यविरचितः

श्रीतन्त्रालोकः

व्याख्याद्वयोपेतः

[पञ्चमो भागः]

कुलपतेः डॉ. मण्डनमिश्रस्य प्रस्तावनया समलङ्कृतः

R663x3,1
152N7G.5

सम्पादकः
डॉ. परमहंसमिश्रः 'हंसः'

सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः

R663x3,1 8501
152N7G.5

Guptapadacharya,
Abhinav
Shritantraloka ed by
Paramhans Mishra

R663x3,1
152N7G.5

8501
S.J.V.J. PRATISHTHAN
LIBRARY
Jangamawadimath, Varanasi

SHRI JAGADGURU VISHWARADHYA JNANAMANDIR
(LIBRARY)
JANGAMAWADIMATH, VARANASI

* * *

Please return this volume on or before the date last stamped
Overdue volume will be charged 1/- per day.

YOGATANTRA-GRANTHAMĀLĀ

[Vol. 17]

ŚRĪTANTRĀLOKA

OF

MAHĀMĀHEŚVARA
ŚRĪ ABHINAVAGUPTAPĀDĀCĀRYA

[PART FIVE]

With Two Commentaries

'VIVEKA'

BY

ĀCĀRYA ŚRĪ JAYARATHA

'NĪRAKṢĪRAVIVEKA'

BY

DR. PARAMHANS MISHRA 'HANS'

FOREWORD BY

DR. MANDAN MISHRA

VICE-CHANCELLOR

EDITED BY

DR. PARAMHANS MISHRA 'HANS'

V A R A N A S I

1 9 9 7

Research Publication Supervisor–
Director, Research Institute,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002

R663x3,1
152N7G.5

◆

Published by–
Dr. Harish Chandra Mani Tripathi
Publication Officer,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002

SRI JAGADGURU VIS... ...ARADHYA
JNANA SIMHASAN JNANAMANDAL
LIBRARY
Jangamwadi Math, Varanasi
ACC No. 8501

◆

Available at–
Sales Department,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002

◆

First Edition– 1000 Copies
Price– Rs. 180.00

S.J.V.J PRATISHTHAN
LIBRARY
Jangamawadimath, Varanasi
ACC. NO

◆

Printed by–
Tara Printing Works
Kamachha, Varanasi-221 010

योगतन्त्र-ग्रन्थमाला

[१७]

महामाहेश्वरश्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्यविरचितः

श्रीतन्त्रालोकः

[पञ्चमो भागः]

श्रीमदाचार्यजयरथकृतया

'विवेक'व्याख्यया

डॉ. परमहंसमिश्रकृतेन

'नीरक्षीरविवेक'हिन्दीभाष्येण

कुलपतेः डॉ. मण्डनमिश्रस्य प्रस्तावनया च समलङ्कृतः

सम्पादकः

डॉ. परमहंसमिश्रः 'हंसः'

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः

वाराणस्याम्

२०५३तमे वैक्रमाब्दे १९१८ तमे शकाब्दे १९९७ तमे ख्रैस्ताब्दे

अनुसन्धानप्रकाशनपर्यवेक्षकः —
निदेशकः, अनुसन्धानसंस्थानस्य
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये
वाराणसी।

❑

प्रकाशकः —
डॉ. हरिश्चन्द्रमणित्रिपाठी
प्रकाशनाधिकारी,
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य
वाराणसी-२२१ ००२

❑

प्राप्तिस्थानम् —
विक्रय-विभागः,
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य
वाराणसी-२२१ ००२

❑

प्रथमं संस्करणम् — १००० प्रतिरूपाणि

मूल्यम् — १८०.०० रूप्यकाणि

❑

मुद्रकः —
तारा प्रिंटिंग वर्क्स
कमच्छा, वाराणसी

प्रस्तावना

गुरुपूर्णिमावसरे गतसंवत्सरे श्रीतन्त्रालोकस्य चतुर्थो भागो विश्वविद्यालयेन प्रकाशितः समर्पितश्च संस्कृतजगते इत्यासीत् हर्षप्रकर्षस्य विषयः। तस्यामेव शृङ्खलायां पञ्चमोऽयं भागः प्रस्तूयत इति गौरवस्य प्रसङ्गः।

सर्वोपनिषदां सारभूतः पद्मनाभवदनारविन्दमकरन्दरूपं यथा गीताशास्त्रं तथैव सिद्धान्त-वाम-दक्ष-शैव-कारुक-कुल-कौलमत-क्रममतवादानां निदर्शनम् अशेषागमोपनिषदां प्रमाणरूपं तन्त्रवाङ्मयविश्वकोषेति विश्रुतं शिवशक्त्युभययामलविसर्गमयानुत्तरामृतकुलकलापकमनीयस्य महामाहेश्वराचार्यस्याभिनवगुप्तपादाचार्यस्य प्रातिभपरामर्शपरिस्रुतं **श्रीतन्त्रालोक**शास्त्रम्।

तन्त्रवाङ्मयविश्वकोषेऽस्मिन् वैक्रमदशमशताब्दे दर्शनपरिवेषप्रवर्तितानां शैवसंविदद्वयवाद-बिम्बप्रतिबिम्बवाद-स्वातन्त्र्यवाद-सार्वात्म्यवाद-चिदानन्दवादादिवादानां रहस्यं समीक्षयताऽस्मिन्नेव क्रमे यथासन्दर्भमात्मख्याति-असत्ख्याति-अन्यदाख्याति-अनिर्वचनीयख्याति-सत्ख्यातिवादिनां सिद्धान्तं निरसता भगवताऽभिनवेन ज्ञानाज्ञानरहस्यं च स्फारयता गुरुमतसम्मतपूर्णताख्यातिवाद एव समर्थितः।

तन्त्रदृष्ट्या सर्वभावानां प्रकाशरूपः स्वभाव एव परमोपादेयः। प्रकाश एव संवित्। सा चार्थप्रकाशरूपैवेति। सर्वतन्त्रस्वतन्त्रा स्वातन्त्र्यशक्तिश्च शिवस्यैवेति। शक्तिशिवसामरस्यसमुल्लासविलासः स्वातन्त्र्ये समुन्मिष्यमाणः शाश्वतं समुज्जृम्भते। तत्र प्रकाशरूप एव शिवः, शक्तिश्च प्रकाशरूप एवेति सर्वकादिसम्मतः सिद्धान्तः। सर्वाकारनिराकारस्वभावस्य सर्वव्यापकस्य शिवस्य प्रकाशरूपा चिच्छक्तिः, स्वातन्त्र्यम् आनन्दशक्तिः, तच्चमत्काररूपेच्छाशक्तिः, आमर्शात्मकता ज्ञानशक्तिः, सर्वाकारयोगित्वं क्रियाशक्तिरिति सर्वैरागमिकैर्मनीषिभिराम्नायते।

एवं चिदानन्देच्छाज्ञानक्रियाशक्तिसमन्वितो विश्वमयः प्रकाशपरमार्थतया च विश्वोत्तीर्णो निजानन्दविश्रान्तः शिव एव स्वातन्त्र्यात् स्वात्मानं सङ्कुचितमवभासयन् आणवकार्ममायीयमलावृतः संसारी अणुः पशुः पुद्गल इति परामृश्यते।

आशिवात् क्षित्यन्तं षट्त्रिंशत्तत्त्वप्रतिपादके तन्त्रेऽस्मिन् द्वौ क्रमौ सृष्टिसंहाररूपौ स्वीकृतौ। सृष्टिक्रमे क्षितिरेवान्तिमं तत्त्वम्। संहारक्रमे साधकः पूर्वपूर्वं तत्त्वजातमुत्तरोत्तरेषु

तत्त्वेषु विलापयन् पशुत्वं परिष्कृत्य पशुपतित्वमाप्नोति। पुद्गलः क्रमशः प्रलयाकलत्वं विज्ञानाकलत्वं समुत्तीर्य शुद्धविद्यया सम्पृक्तः क्रमशो मन्त्रमन्त्रेश्वरमन्त्रमहेश्वरदशामधिकृत्य सदाशिवत्वं लभते। ततश्च शक्तिशिवसामरस्यमवाप्य निष्कलशिवत्वे समुल्लसति।

षडर्धशैवशास्त्रशिक्षयाऽभ्यासेन दीक्षया च स्वात्मपरिष्कारः सम्पद्यते। पराचीनितचेतसा दैशिकेन योग्याय शिष्याय चिन्तारत्नं समुपाह्रियते, अयोग्यादपाह्रियते च। **श्रीतन्त्रालोकः** समेषामेषां रहस्यानां निकषरूपं शास्त्रम्। पशुभावमपाकृत्य वैराज्यविभूषितत्वं वितरन्तं वितन्वन्तं चैनमनिवार्यतो निभालनेनान्तर्ज्योतींषि प्रस्फुरन्ति प्रस्फुटन्ति च। आन्तरालोकेन च मोक्षलक्ष्म्या अक्षयं वैलक्षण्यमवाप्यत इति नास्त्यत्र संशीतिलेशः। शास्त्रस्यास्य प्रथमो भागः १९९२ ख्रैस्ताब्दे, द्वितीयो भागः १९९३ ख्रैस्ताब्दे, तृतीयो भागः १९९४ ख्रैस्ताब्दे, चतुर्थो भागश्च १९९६ ख्रैस्ताब्दे सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयत एव प्राकाश्यमानीताः। ऐषमो वर्षे पञ्चम एष भागः प्रकाश्यत इति संस्कृताध्येतृणां कृते परमामोदसन्दोहस्य विषयः।

श्रीतन्त्रालोकस्य पञ्चमोऽयं भागस्तत्रभवतामस्य सम्पादकानां **श्रीपरमहंसमिश्र**महोदयानां साधनायाः प्रतिफलम्। श्रीमिश्रमहोदया गूढतममिमं शास्त्रं स्वकीयहिन्दीव्याख्यया समलङ्कृत्य महान्तं लोकोपकारं कृतवन्तः। विद्यायाः साधनायाश्च प्रकाशस्तेषां विकसिते मुखारविन्देऽस्यामप्यवस्थायां सुस्पष्टमवलोकयितुं शक्यते। ते हि साहित्यसेवया, स्वकीयेन तपःपूतेन जीवनेन सम्प्रत्यपि वाराणसीं संशोभयन्तीति महतो हर्षस्य विषयः।

एतादृशानां विदुषां समवाय एव वस्तुतः काश्याः काशीत्वं नाम। अहमस्य ग्रन्थस्य प्रकाशनप्रसङ्गे **डॉ. परमहंसमिश्र**महोदयेभ्यः कृतज्ञताञ्जलिम्, प्रकाशनाधिकारिणे **डॉ. हरिश्चन्द्रमणित्रिपाठिने**, ग्रन्थस्यास्य मुद्रकाय तारायन्त्रालयसञ्चालकाय **श्रीरविप्रकाशपण्ड्या**महोदयाय च शुभाशंसनं समुपाहरन् ग्रन्थमिमं तन्त्रशास्त्रमनीषिभ्यः समुपहरामि। आशासे च श्रीपरमहंसमिश्राणामध्यवसायेन ग्रन्थस्यावशिष्टभागानामपि प्रकाशनं शीघ्रमेव सम्पत्स्यत इति।

वाराणसी
वसन्तपञ्चमी,
वि.सं. २०५३

मण्डनमिश्रः
कुलपतिः
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य

शुभाशंसा

प्रभोः शक्तेर्भेदा अभिनववचोवक्तिविमलं
त्रयो वामा ज्येष्ठा खलु भुवनरौद्री लहरिका ।
भवं वामा शक्ता वमति विमला प्राणिपतना
शिवा ज्येष्ठा धन्या स्थितिविभवदा सौख्यकुशला ।।१।।

प्रभो रौद्री शक्तिर्निधननिपुणा मोहविपिना
विभोर्वामा कामं भुवि महदणुत्वं वितनुते ।
अणोर्मान्यं भव्यं सहजकुशला नैव विशयो
जगत्सौख्यं रौद्री वितरति महामोहजनिका ।।२।।

विभोर्ज्येष्ठा बोधं भुवनतलकर्मापि सफलं
विधाय स्वातन्त्र्यं भुवि जनयते बोधविपुला ।
त्रयो भेदाः शक्तेः सहजधवला नैव कलिताः
सदा शक्ताः कार्येऽभिनवविबुधो वक्ति सततम् ।।३।।

गुरुर्बोधाभिज्ञैः सकलहितदः सैव कथितः
सदा बोधं धत्ते तरति स तमस्तारयति यः ।
न बोधैः प्रक्षीणः कथमपि गुरुर्वक्तुमर्हः
स मिथ्यावादी नैव तरति पराँस्तारयति वा ।।४।।

रहस्यं सृष्टेर्यो भुवनतलगो वेत्ति विपुलं
स मुक्तो योगीशोऽपरनरवरान् मोचयति च ।
तदज्ञानाबन्धैर्जटिलमतिको ना न तरति
न वा लोकानन्यानविदितपथस्तारयति वै ।।५।।

स सृष्ट्यादिः सर्वः समयमहिमानं श्रयति च
स चोच्चारः प्राणः कथितविभवः शास्त्रनिवहे ।
यथा तत्त्वज्ञानं जगदुदयकादेः प्रभवति
तदुच्चाराभावे कथमपि न सृष्टेः प्रभवनम् ।।६।।

विवेकाख्या व्याख्या जयरथकृता भाति भुवने
सदा नीरो नीरः कथमपि न दुग्धं विचिनुते ।
विवेकाख्या टीका कलुषरहिता यस्य कमला
परं हंसो हंसो जयति वरतन्त्राब्धितरणिः ।।७।।

क्षीरं सदा क्षीरवरं न नीरं
नीरं तु नीरं नितरां ब्रवीति ।
व्याख्या यदीयात्र विवेकनाम्नी
हंसः स भूमौ जयताद् विवेकी ।।८।।

वाराणसी
वसन्तपञ्चमी,
वि.सं. २०५३

आचार्यश्रीरामपाण्डेयः
दर्शनसङ्कायाध्यक्षचरः
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य

स्वात्मविमर्श

स्वात्मविमर्श सर्वेश्वर का ही विमर्श है। श्रीतन्त्रालोक की यही शिक्षा है। हमारे समक्ष विश्व का अनन्त विस्तार है, इसका उद्दाम आकर्षण है। सारा जीव-समुदाय इसी आकर्षण में खिंचा चला जा रहा है। विश्व का मोह मुग्ध कर देने वाला सुधास्वाद इतना मधुर और मधुमय है कि, मनुष्य इसके अतिरिक्त कुछ सोचने को तैयार नहीं है। इसी इन्द्रजाल में यह अनुरक्त है। मोह के, ममत्त्व के, माया के महा प्रवाह में विवश बह रहा है और इसी को अपना लक्ष्य मान बैठा है। दुर्गा सप्तशती का कृतिकार कहता है—

'महामाया रूपिणी माहेश्वर शक्ति ज्ञानियों के भी चेतन पद से अवारूढ चित्त को बलपूर्वक आकृष्ट कर मोहपाश से आबद्ध कर देती है।'

ऐसी स्थिति में विचारवान् पुरुष को यह सोचना अनिवार्यत: आवश्यक होता है कि, इस बलादाकर्षण से कैसे बचा जा सकता है? शास्त्रों में मुख्य रूप से इस बचाव के दो मार्ग निर्दिष्ट है। १. योग मार्ग और २. तन्त्र मार्ग। इन दोनों की दृष्टियों में मौलिक अन्तर है। योगमार्ग उपाय मूलक है। तन्त्र अनुपाय मूलक है। योग निषेध मूलक है। तन्त्र विधि-निषेध के ऊपर उठकर स्वात्म स्वरूप का परामर्श करने के कारण विमर्शमूलक माना जाता है। योग जगत् को अपने विपरीत मानता है। तन्त्र में परम तत्त्व के वितान के रूप में ही यह जगत् मान्य है। अत: विपरीत नहीं अपितु एक दम अभिन्न है। योग की अष्टाङ्ग साधना से परम तत्त्व का साक्षात्कार होता है। अत: इसमें द्वैत की गन्ध है। तन्त्र में व्यक्ति स्वयं शिव है। वह बन्धन में पड़ ही नहीं सकता, जो शाश्वत मुक्त है। दीख पड़ने वाला आवरण शिवेच्छा का इन्द्रजाल मात्र है।

सामान्य मनुष्य को आणव स्तर से शाक्त स्तर पर और शाक्तस्तर से शाम्भव स्तर पर पहुँचने के लिये तन्त्र जो व्यवस्था देता है, उसमें भी निषेधात्मकता नहीं होती। स्वात्म की प्रत्यभिज्ञा पर ही बल दिया जाता है। हेयोपादेय विज्ञान के माध्यम से अपनी चेतना के उजाले में जो चल रहे होते हैं, उनके पन्थ की रक्षा स्वयं सुपथा करती है। साधक के माहेश्वर मार्ग की देख रेख क्षेमकरी नामक शक्ति करती है और अन्त में

हम अनुपाय में प्रवेश कर जाते हैं। इस यात्रा में हमें किसी वृत्ति का विरोध नहीं करना पड़ता वरन् जिस विषय की वृत्ति होती है, उसमें शैव सद्भाव का सौन्दर्य प्रतिफलित होने लगता है। सत्य का वहीं साक्षात्कार हो जाता है।

तन्त्र शास्त्र की एक मात्र योजना स्वात्म के विश्वात्मक परिवेश के परिष्कार की है। इसी उद्देश्य की सिद्धि के लिये विज्ञान के परिवेश को, उसके आनन्त्य को, ज्ञान और अज्ञान के स्वरूप को, विकल्प में निहित निर्विकल्प की वेद्यताओं, आमर्शनीय द्वैरूप्य में स्मयमान एक रूपता को समझकर आगे बढ़ना पड़ता है। इसमें संघर्ष नहीं, मात्र परिष्कार की संभूति काम करती है। तन्त्र इनका प्रकाशन कर देता है।

श्रीतन्त्रालोक के ललित ललाम आलोक में व्यक्ति का अस्तित्व आलोकित हो जाता है। वह साधना में संलग्न साधक को अनुपाय का पथ प्रकाशित करता है, अन्य शास्त्रों के उपाय विज्ञान के फेर में पड़े उद्भ्रान्त व्यक्तियों के लिये आणव, शाक्त और शांभव उपायों की परम्परा को प्रकाशित करता है। वह खण्डन मण्डन के झगड़े में न पड़कर केवल प्रकाश राशि विकीर्ण करता है, जिससे सारे पाप ताप का तमस मिट जाय और भविष्य का पथ प्रशस्त हो जाय।

जीवन में काल की कल्पना का बड़ा महत्त्व है। श्री तन्त्रालोक स्वाध्यायशील साधक के लिये कालतत्त्व का प्रकाशन करता है। शरीर की बीजपिण्डात्मक संरचना में स्पन्दन का महत्त्व समझा कर समस्त चक्रों के भेदन की क्रिया का रहस्य उद्घाटित करता है। प्राणायाम सदृश पीडाप्रद क्रिया को अस्वीकार कर प्राणापान की सूर्य-सोमात्मकता का दिग्दर्शन करा कर साधना में प्रकाश और विमर्श की सुधा का आस्वाद भर देता है।

अकेले इस आकर ग्रन्थ ने भारतीय आध्यात्मिक चेतना को संवित्ति की संवेदना का जो वरदान दिया है, उतना अन्य किसी शास्त्र ने प्रदान नहीं किया है। इसी लिये इसे अशेष आगमोपनिषद् कहते है, तान्त्रिक विज्ञान का विश्वकोष कहते है और शैवसंबोध का इसे संजल्प मानते हैं।

पुराणों में ब्रह्माण्ड के विराट् स्वरूप के विशद वर्णन हैं। भुवन कोश का, सूर्य और चन्द्र एवम् अन्यान्य ग्रह-तारक मण्डल की माण्डलिकता का वर्णन है किन्तु तान्त्रिक प्रक्रियाविज्ञान में षडध्व दर्शन के संदर्भ में भुवन अध्वाका विशद वर्णन कर विश्व की वास्तविकता पर श्रीतन्त्रालोक में भी पूरा प्रकाश डाला गया है।

तत्त्व प्रकाश की दृष्टि से भी श्री तन्त्रालोक का अप्रतिम महत्त्व है। योग जहाँ २५ तत्त्व मानता है और अन्य सभी दर्शन उसी २५ तत्त्ववाद का अनुसरण करते हैं; श्रीतन्त्रालोक आगमिक-परम्परानुसार ३६ तत्त्वों का प्रतिपादन करता है। श्रीतन्त्रालोक में विस्तारपूर्वक इसकी चर्चा है। पुरुष के सात भेद तन्त्रशास्त्र की अपनी कल्पना है। सांख्य जिस पुरुष की चर्चा करता है, वह सातवें स्तर का अधरस्थ पुरुष है। तन्त्र की दृष्टि से यह पुरुष मात्र सकल पुद्गल पुरुष है। इसके बाद प्रलयाकल, विज्ञानाकल, मन्त्र, मन्त्रेश्वर, मन्त्रमहेश्वर और सातवें सर्वोच्चस्तरीय शिव-पुरुष रूप में सात पुरुष मान्य हैं। शक्तिपात की कल्पना और उसकी विधि का निरूपण तन्त्र का विशिष्ट विमर्श है।

इन सभी विषयों का सम्यक् प्रतिपादन श्रीतन्त्रलोक में है। इन विषयों का एकत्र स्वाध्याय श्रीतन्त्रालोक से संभव है। इसके स्वाध्याय से किसी व्यक्ति की अन्तश्चेतना में ज्वार आ सकता है। भारतवर्ष की यही महनीयता है कि, यहाँ के मनीषियों ने चितिशक्ति के चैतन्य में प्रवेश कर आन्तर रहस्यों का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया है। गुरु, शास्त्र और स्वयम् स्वात्मके इन ३ माध्यमों से जीवन में ब्रह्मवर्चस् की प्रतिष्ठा कैसे हो सकती है और शैवसद्भाव का विकास कैसे हो सकता है, इसका सम्यक् दिशानिर्देश तन्त्रशास्त्र देता है। श्रीतन्त्रालोक इसका एक मात्र निदर्शन है।

दीक्षा एक ऐसा ही माध्यम है, जिसमें दीक्षित होकर शिष्य स्वात्म का सरलतापूर्वक साक्षात्कार कर सकता है। दीक्षा से व्यक्ति अपने स्वात्माधिष्ठित शिव को स्वतः उपलब्ध होता है। यह उपलब्धि प्राप्ति नहीं होती अपितु स्वात्म की आविष्कृति होती है। यह एक प्रकार की वह विधा है, जिससे जीव का शिवत्त्व में रूपान्तरण होता है। हमारी संवित्ति की संकुचित ऊर्जा आवरण मुक्त हो विराट् बन जाती है। इसमें कुछ पाना नहीं अपितु स्वयं होना है। तन्त्र की दृष्टि से सब कुछ शिव के स्वातन्त्र्य का उल्लास है। संकोच और विकास की कलना शिव के स्पन्द में समाहित होती है एवं प्रकाश और विमर्श के परिवेश को चरितार्थ करती है।

दीक्षा द्वारा हमारे जीवन में एक क्रान्ति का श्रीगणेश होता है। भौतिक जीवन में जीवन के अहंकार से अहंकार में प्रवेश की एक कलुषित परम्परा है। सभी जीव अहंकार में अहंभाव की कल्मषकल्पना के साथ जी रहे हैं। हर बिन्दु पर अहंकार केन्द्रित है। हम हैं, हमारे हैं, हमारे लिये हैं, हमसे हैं, इत्यादि आहंकारिकता के आप्लावन में हम तिनके

की तरह खण्डित हो कर जी रहे हैं। दीक्षा इसंको, अशुद्ध अहं केआटोप को काटती है। मर्त्यधर्मा बन कर, अहन्ता को जाने बिना अशुद्ध अहं में जीने की विवशता का संहार दीक्षा करती है। इसलिये श्रीतन्त्रालोक भी दीक्षा पर बल देता है और यह चाहता है कि, इदन्ता के विस्तार में हम अहन्ता की पराव्याप्ति को सम्प्राप्त कर लें। इस दृष्टि से श्रीतन्त्रालोक की मान्यताओं के और उसकें उद्बोधन के हम अधमर्ण हैं।

श्रीतन्त्रालोक का यह पञ्चम भाग है। इसमें केवल १४वें और पन्द्रहवें आह्निकों का ही समावेश हो पाया है। इन दोनों आह्निकों की विषय प्रतिपादन शैली शास्त्रकार की अपनी विशिष्ट शैली है। सत्य को उद्‌घाटित कर उसके महत्त्व का मन्थन कर अभिनव सिद्धान्तों की प्रतिष्ठा इस शैली की विशेषता है। शास्त्रकार जिस विषय का प्रतिपादन करने चलते हैं, उससे सम्बन्धित अन्यान्य विषयों का भी वहीं मन्थन करते हैं, उसका उपसंहार कर लेते हैं, तब आगे बढ़ते हैं और परम्परा, सम्प्रदाय एवं सिद्धान्त तीनों दृष्टियों से अभिनव उद्भावना का प्रयास करते हैं। इस दृष्टि से श्रीतन्त्रालोक की शैली एक उदाहरण बन गयी है। जैसे उन्हें यदि सन्दर्भवश काल संकर्षिणी देवी के सम्बन्ध में बतलाने की आवश्यकता अनुभूत हुई तो, वे इसकी पृष्ठ भूमि में चक्रसाधना से सहस्रार तक का संकेत करते हुए तीन अराओं, तीन पद्मों (शूलाब्जों), तीनों परा, अपरा एवं परापरा देवियों के ऊपर औन्मनस, काल-ग्रास को समझा कर काल संकर्षिणी का नाम लेते हैं और उसे परिभाषित करते हैं। इसके साथ ही यह भी कहना नहीं भूलते कि, इसे ही मातृसद्भावरूपिणी भी कहते हैं।

शास्त्रकार को जयरथ सदृश विवेक व्याख्याकार मिला। विवेक के माध्यम से राजानक जयरथ ने उन सभी सन्दर्भों के समर्थन में विभिन्न शास्त्रों के उद्धरण देकर तत्त्व के साक्षात्कार की सरणी को सरल बना दिया है। मैं यदि श्रीमदाचार्य श्रीमदभिनवगुप्त को अपना परमेष्ठी गुरु मानता हूँ, तो आचार्य राजानक जयरथ मेरे परम गुरु रूप में मान्य हैं। उन्हें प्रत्यक्ष देखता हूँ मैं और अनुभव करता हूँ, उनके वरद वात्सल्य का। मुझे उनकी पंक्तियों से उनके आशीर्वाद का अमृत मिलता रहता है। उसी परम आपानक से मदहोश मेरी लेखनी अनवरत अश्रान्त चलती है। आचार्य लक्ष्मण जू मेरे दीक्षा गुरु हैं। यह मेरी गुरु-परम्परा है, जिसमें मैं अनुस्यूत हूँ। दुनिया में रहते हुए भी इससे दूर रहते हुए, पराकाली माँ की अनुकम्पा का साधिकार पात्र बन गया हूँ। खड्गिनी मेरे स्कन्ध देश पर विराजमान मेरी रक्षा करती है। वज्रधारिणी

मेरी बाहुओं में बलवत्ता का आधान करती है। दण्डिनी मेरी लेखन पंक्तियों में रेखिनी बन कर विराजमान रहती है और अंगुलियों में अम्बिका-परमाम्बा का सारस्वत प्रवाह बहता है।

तन्त्रालोक के नीर-क्षीर-विवेक भाष्य में परमहंस का कहीं पता नहीं है। यह तो अनुग्रह है परमाम्बा का कि, इसी नाम से श्रीतन्त्रालोक का सम्पादन सम्पन्न हो रहा है। जैसे श्रीतन्त्रालोक में तन्त्रवाङ्मय का विस्तार है जैसे दृश्यादृश्य जगत् में विश्वात्मा की व्याप्ति है, जैसे कमनीय कुसुमावली में वसुन्धरा का वात्सल्य समुल्लसित है, उसी तरह इस भाषा-भाष्य में माँ सरस्वती का सारस्वत उल्लास व्याप्त है। श्रीतन्त्रालोक परावाक् का बिखर विग्रह है, इसे मेरे सदृश अधरस्थ व्यक्ति हाथ भी नहीं लगा सकता था किन्तु यह हो रहा है, इसका मैं साक्षी बन रहा हूँ। आनन्दवाद की विभा में इस अनहोनी को घटित होते देखने का लाभ ले रहा हूँ, यही मेरी जीवनी की सार्थकता है। मैं अधन्य हूँ पर धन्य हो रहा हूँ। मै परमाम्बापादरविन्द मकरन्द-रसाप्लावित उसकी किंजल्करेणु-राशि से रूषित हो रहा हूँ। यह अनुभव करते विभोर रहता हूँ और यह अयत्नज व्यापार अनवरत चल रहा है। मैं भी इसके साथ सत्य और ऋत की गतिशीलता का सन्दर्भ हो गया हूँ। इस अवस्था में मैं सर्वतोभावेन माँ के चरणों में प्रणत हूँ।

मैं वर्त्तमान संस्कृत जगत् के मनीषा-पुरुषों का अभिनन्दन करता हूँ। डॉ. बलदेव उपाध्याय का आशीर्वाद मुझे प्राप्त है। पाणिनि परावतार श्री रामप्रसाद त्रिपाठी मेरा शिरस्पर्श कर विद्यासंवर्द्धन करते हैं। श्री देव स्वरूप मिश्र एवं श्री आद्या प्रसाद मिश्र जी मुझे प्रोत्साहन से अनुगृहीत करते हैं।

श्रीविद्या साधनापीठनिदेशक श्री दत्तात्रेयानन्दनाथ, डॉ. विद्यानिवास मिश्र, प्रो. अमरनाथ पाण्डेय, प्रो. व्रजवल्लभ द्विवेदी, आचार्य बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते, प्रो. रामजी मालवीय सभी मेरे प्रेरक श्रद्धास्पन्द आत्मीय हैं। इनका सहज सद्भाव मुझे प्राप्त है। स्नेहास्पद प्रिय शीतलाप्रसाद उपाध्याय तो मेरे हृदय हैं। इस सन्दर्भ में उन्हें आशीर्वचनपूर्वक स्मरण करना स्वाभाविक है।

प्रकाशनाधिकारी डॉ. हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी जिस मनोयोग से संस्कृत जगत् की प्रतिष्ठा का संवर्धन कर रहे हैं, वह अप्रतिम है। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय का यशः संवर्द्धन महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों के अनवरत सतत प्रकाशन से हो रहा है। इसके

प्रमुख कारक तत्त्व श्री मणिजी हैं। इन्हें मेरे अनन्त आशीर्वाद और अनन्त मङ्गल कामनायें। प्रकाशन मुद्रण की सारी व्यवस्था इनके माध्यम से हो जाती है। इसलिये सम्पादन का महत्त्वपूर्ण कार्य भी सरलता से सम्पन्न हो जाता है।

इस अवसर पर मैं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के माननीय कुलपति श्रीयुत डॉ. मण्डन मिश्र को अपना हार्दिक्य अर्पित करता हूँ। श्रीतन्त्रालोक का चतुर्थभाग इन्हीं के तत्त्वावधान में सन् १९९६ में प्रकशित हो चुका है। भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा २१ अगस्त, १९९६ को वाराणसी में ही इस महाग्रन्थ रूप तन्त्रवाङ्मय के विश्वकोष के चतुर्थ भाग के लोकार्पण की व्यवस्था आपके सत्प्रयास से ही संभव हुई थी। इस महाग्रन्थ के पञ्चम भाग के प्रकाशन की दृष्टि से एक वर्ष की अवधि का कोई महत्त्व नहीं फिर भी सन् १९९७ आँग्ल वर्ष में ही इसके प्रकाशन का सौविध्य इनके औदात्त्य का प्रतीक है। मैं इनके भविष्यत् उत्कर्ष की कामना करता हूँ।

अन्त में माँ परमाम्बा के पादारबिन्द-मकरन्द-सुधा-समुद्र में स्वात्मसंविद्-ब्रिन्दु का अर्पण करता हूँ। सामुद्रतारङ्गिकता का उल्लास इस अस्तित्त्व को अमृतत्त्व से तृप्त कर दे, इसी अभिलाष के साथ—

वसन्तपञ्चमी **डॉ. परमहंस मिश्र**
वि.सं. २०५३ ए. ३६ बादशाहबाग
वाराणसी

चतुर्दशमाह्निकम्

सारनिष्कर्षः

चौदहवें आह्निक का नाम दीक्षोपक्रम-प्रकाशन है। नाम के अनुसार ही इसमें दीक्षा का उपक्रम है। उपक्रम किसी नये विषयवस्तु की अवतारणा का अङ्ग होता है। पहले के आह्निकों में विभिन्न विषयों के सम्बन्ध में शास्त्रकार ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। महेश्वर शिव पञ्चकृत्यकारी माने जाते हैं। सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह का सम्पादन कर इस विश्ववैचित्र्य का अभिव्यञ्जन वे करते हैं। यह निश्चय है कि, जब कोई निर्माता किसी वस्तु का आविष्कार या आविर्भाव करता है, उस प्रक्रिया में उसकी इच्छा का स्पर्श प्रधानतया होता रहता है। विना इच्छा के स्पर्श के कोई क्रिया सम्पन्न नहीं हो सकती। इसी आधार पर कर्त्ता को स्वच्छन्द कहते हैं। अपनी इच्छा का छन्दन निश्चित क्रिया है। भगवान् पाणिनि भी कर्त्ता को 'स्व'तन्त्र कहते हैं।

निर्मिति में कुछ हेय होता है और कुछ उपादेय। पूर्व आह्निकों में सृष्टि, स्थिति, संहार इन तीन विषयों का व्यापक विचार किया गया है। यह सारा विषय हेय श्रेणी में आता है। हेय की विश्रान्ति उपादेय में होती है। सृष्टि, स्थिति और संहार के बाद तिरोधान का प्रकरण प्रसङ्गतः विचारणीय है।

परमेश्वर द्वारा सारा प्रकाशन कभी १. नियति-स्पर्श और कभी २. अनियति स्पर्श से होता है। नियति स्पर्श में कर्म और फल की नियति का स्पर्श होता है। इसी में सृष्टि, स्थिति और संहार की अनन्त अवान्तर स्थितियों का अभिव्यञ्जन होता है। पृथ्व्यण्ड, प्रकृत्यण्ड और मायाण्ड इन तीनों में नियति स्पर्श की प्रक्रिया के अनुसार प्रकाशन होता है।

महासर्ग में नियति-स्पर्श का परित्याग रहता है। महासर्ग कर्मभूमि नहीं होती है। इसे शाक्ती महासृष्टि कहते हैं। यह चतुर्थ शक्त्यण्ड का परिवेश होता है। वहाँ नियति का नियन्त्रण नहीं होता। वहाँ अनन्त सृष्टिसंहार अनवरत अघोरेश द्वारा संचालित हैं। इसमें विशेषता यह है कि, दोनों स्थितियों में वह समान सत्ताक शिव शाश्वत व्याप्त

रहता है। अतः उसे प्रभु कहते हैं। यदि वह एक ही ओर रहता, तो उसके स्वातन्त्र्य की खण्डना हो जाती। इस स्थिति को थोड़ी और गहराई से आकलित करें, तो यह निश्चित हो जाता है कि, नियतिस्पर्श की दशा में वह स्वरूप का आच्छादन कर कर्मफलक्रम से स्वयं सुख दुःखादि भोगों का उपभोग करता है। जब नियतिस्पर्श का परित्याग कर प्रकाशन-प्रवृत्त रहता है, उस समय निरपेक्ष स्वात्म-संकार जागृत होता है। वह निरपेक्ष भाव से विभासयिषा के द्वारा तिरोहित रहते हुए कार्म मल का परित्याग कर सर्वत्र साक्षी भाव से विराजमान रहता है। कर्म की महिमा यहाँ समाप्त हो जाती है। अनाभासित रूप रहते हुए भी उसकी आभासिता की तरह वर्त्तमान रहकर मन्त्र आदि का संग्रह करता है। फिर छोड़ भी देता है। इस अवस्था में दीक्ष्य बन कर मन्त्र लेता है। (और ज्ञानवान् बन कर मुक्त हो जाता है) यह परमेश्वर का तिरोधान है।

जान कर मूढचेष्टा करना तिरोधान है। हम जानते हैं कि, यह सम्प्रदाय ठीक नहीं, इसके कर्म हमें रुचते नहीं फिर भी हम उसमें पड़े हुए रहते हैं और उस सम्प्रदाय के विशिष्ट पुरुष के रूप में अपना ख्यापन करते हैं, वे तिरोधान वृत्ति के शिकार होते हैं। परमात्मा भी दीक्षा लेता है, मुक्ति का प्रयत्न करता है किन्तु वह बन्धन में कभी रहा नहीं, यही उसका तिरोभव है। अर्थात् अप्रबुद्ध की प्रबुद्ध चेष्टा उसका तिरोधान है। उसमें एक तरह का असन्तोष रहता है, जो उसे अपने रूप मे प्रकट नहीं होने देता। कर्म जाति, आयु और भोग देते हैं। कोई कर्म तिरोधान नहीं देता। प्राक्तन कर्म तिरोधान के कारण नहीं बनते।

तिरोधान में परमेश्वर की इच्छा ही प्रधान और मूल कारण है। उसी से मोहित होकर अनन्त काल तक संवेद्य क्लेश का पात्र बना रहना चाहता है। परमेश्वर की इच्छा से ही लोक परलोक, चिर और शीघ्र बोध आदि उसी तरह होते रहते हैं। समय के उल्लङ्घन से भी तिरोधान होता है। जो नियम पालन करना है, जब वही नहीं हो पायेगा तो स्वरूप का उद्‌घाटन कैसे होगा? समय के उल्लङ्घन से पाप भी होता है, जो उस व्यक्ति को आक्रान्त करता है।

स्वातन्त्र्य भी तिरोधान का कारण है। परमेश्वर की स्वयं की इच्छा—'एक से अनेक हो जाऊँ, एकाकी रमण कैसे हो? आदि उक्तियाँ तिरोधान की ओर संकेत करती हैं। इससे अखण्डसद्भाव परमेश्वर में खण्डित सद्भावता की संभावना हो जाती है और उसके स्वरूप का गोपन हो जाता है। कभी गुरु या परमेश्वर के अनुग्रह से दीक्षा आदि

के द्वारा शिवत्त्व उपलब्ध हो पाता है। तिरोभूत अवस्था में मर जाने पर उसके मित्र बन्धुबान्धव आदि निर्वाण दीक्षा की व्यवस्था कर उसके ऊपर शक्तिपात करा देते हैं, जिससे उसका छुटकारा हो जाता है।

तिरोधान चौथी अवस्था है। जिस तरह इसके पहले के तीन कृत्य स्वयं शिव सम्पन्न करते हैं, उसी तरह शक्त्यण्ड की यह प्रक्रिया स्वयं शिव ही करते हैं। पाँचवीं शिवाण्ड की अनुग्रह प्रक्रिया के कर्त्ता भी वही हैं। यही शिव की स्वतन्त्रता का चित्र है। योगनिष्णात साधक इन सारी प्रक्रियाओं का प्रतीक होता है। वह योगसंसिद्ध हो जाता है। उसके लिये अर्चा, जप, योग साधन आदि क्रियायें सदोदित होती हैं। वह इस संसार के ऐन्द्रजालिक रूप का अनुभव करता है। इससे मुग्ध नहीं होता। सामान्य साधक का भी यह धर्म है कि, वह जादूगरों की झूठी माया में आनन्द लेकर अपने को निम्नस्तर पर न गिराये और उसी तरह विश्व के इस इन्द्रजाल में भी न फँस जाय।

इसे जाने। जानने के भाव में शिवत्त्व उल्लसित रहता है। कह सकते हैं कि, ज्ञातृत्व में कर्तृत्व और कर्तृत्व में ज्ञातृत्व समाहित रहता है। ज्ञानक्रिया में कोई अन्तर नहीं होता। इच्छा, ज्ञान और क्रिया तीनों शिवानन्दवाद के तीन रूपों में अनुभूत एकात्मक उल्लास ही हैं।

अपने को छिपा हुआ शिव मानना चाहिये। इस मान्यता के उपरान्त अपने में प्रौढशिवत्त्व भाव जागृत हो जाता है। शाम्भव समावेश में यह निश्चय हो जाता है कि, यह विश्व मुझसे ही उदित है, मुझमें ही विलीन हो रहा है और यह मुझसे नितान्त अभिन्न है। इस देह को 'स्वा'त्म भूमि पर देखें। इसकी जड़ता पर विचार करें। यह हमारी इच्छा पर निर्भर हैं। स्वयं को देह मान लेना मूर्खता है। देह की देहता देही पर आश्रित है। यह प्रत्यभिज्ञान अत्यन्त आवश्यक है कि, मैं देह नहीं स्वयं शिव हूँ। देह में श्वास चार को देखिये। प्राण विक्षेप का अनुसन्धान कीजिये और अपने स्वात्म स्वरूप को पहचानिये। एक आध्यात्मिक क्रान्ति घटित होने लगेगी और आप का शिवत्त्व विद्योतित हो उठेगा। यह न कर जो इस सांसारिक कुचक्र में जीते हैं, वस्तुत: भ्रान्ति में ही उनका अन्त हो जाता है।

गीता शास्त्र में उत्क्रान्ति विषयक एक प्रसङ्ग आया है। वहाँ लिखा है कि,

'शरीर के सभी द्वारों का संयमन कर, मन का हृदय में निरोधकर, प्राण को मूर्धा में प्रतिष्ठित कर योग धारण में समाहित होकर ॐ का उच्चारण करते हुए और

मेरा स्मरण करते हुए यदि इस शरीर का परित्याग कर देता है, तो वह परम गति को प्राप्त करता है।'

यह उत्क्रान्ति का एक चित्र है। यहाँ जिस परम गति की बात कही गयी है, वस्तुतः यह मुक्तिपरक नहीं है। यह एक प्रकर की भोगोपासना ही है। यह पूछा जा सकता है कि, यदि परमेश्वर शिव सर्वव्यापक है, तो वह यहाँ भी उपलब्ध है। उत्क्रान्ति के बाद क्या उससे अलग अन्यत्र गति सम्भव है? अतः यह उत्क्रान्ति आदि के प्रयोग व्यर्थ के अतः महत्त्वहीन प्रयोग हैं। साधना द्वारा स्वयं स्वात्मसंविद्वपुष परमेश्वर का साक्षात्कार और तादात्म्य यहीं प्राप्त है। इस शास्त्र का यही मन्तव्य है। अतः तिरोधान के आवरण का भङ्ग ही सर्वथा उपादेय है। निरंश शिवतत्त्व में एक देशीय उत्क्रान्ति की कल्पना सर्वथा हेय है। इसलिये परतत्त्व की समीहा के सन्दर्भ में उत्क्रान्ति रूप मूर्खता सर्वथा निषिद्ध मानी जाती है।

श्री पूर्वशास्त्र में शरीर परित्याग की चर्चा १७।२५ में आयी हुई है किन्तु वह परित्याग मुक्त्युपाय परक है। भोग की हानि के प्रसङ्ग में ही वहाँ इस प्रकार की चर्चा है। हमारा दर्शन कहता कि शास्त्रानुसार जप, ध्यान आदि में सम्यक् सिद्धि प्राप्त कर परमेश्वर स्वातन्त्र्य में समाहित होकर और शक्तिपात से पवित्रित होकर एवं भोग के प्रति विरक्त रहकर शैवमहाभाव की भव्यता के परिवेश में शरीर का परित्याग ही श्रेयस्कर है।

भीष्म का उदाहरण हमारा आदर्श नहीं है। यह तो वैवश्य का संवरण है। जीवन को मृत्यु के गले थोपना कहाँ की बुद्धिमानी है? इस लिये परसंविदावेशचमत्कार से शाश्वत स्रवित अमृत रस का आस्वाद लेते हुए अंश को निरंश में मिश्रित कर देने की प्रक्रिया ही सर्वोत्तम शरीरत्याग माना जाता है। इसी तरह शाश्वत शिवत्व प्राप्त होता है।

दीक्षा के पहले की इन बातों का विश्लेषण शिष्य के लिये अनिवार्य है। वस्तुतथ्य का अनुसन्धान करने के बाद ही दीक्षा के विषय में सोचा जा सकता है। यह एक प्रकार का दृढ निश्चय हो जाना चाहिये कि, इस सृष्टि के पाँचों कृत्यों का कर्त्ता शिव है। यह धारणा बद्धमूल होनी चाहिये कि, मैं स्वयं शिव हूँ। विश्व मुझमें ही प्रविलीन भी हो रहा है। यह मुझसे अभिन्न है। इस धारणा से ही साधक ज़ीवन्मुक्त हो जाता

है। उसके लिये मरण भी मङ्गल बन जाता है। देहपात होने पर शिवत्व को उपलब्ध होना ही है। उसे कोई रोक नहीं सकता।

इन्हीं धारणाओं को परिष्कृत करने के लिये शिवदायिनी दीक्षा की आवश्यकता पड़ती है। शिवप्रदा दीक्षा ही मुख्य दीक्षा मानी जाती है। समय के अनुशासन की प्रतिबद्धता शिष्य में तभी आ सकती है, जब वह दीक्षित हो जाता है। उसके समस्त वैकल्पिक संस्कार दीक्षा से ही ध्वस्त हो सकते हैं।

विकल्पों से उज्झित-चेता पुरुष ही विश्व में शिवत्व की व्याप्ति का अवगम कर सकता है। जिसमें मृत्यु के समय भी विकल्पात्मक संस्कार बचे रहते हैं, उसे कोई शक्ति आवागमन के कालुष्यमय कंचुककलङ्क के आतङ्क से बचा नहीं सकती। केवल दीक्षा ही उसकी रक्षा कर सकती है। दीक्षा के बाद ही देहपात होने पर शिवत्व की उपलब्धि संभव है।

इसी लिये शास्त्रकार बल देकर कह रहे हैं कि, भले यह दीक्षा बाह्य होती है, इसी बाह्य दीक्षा के योग से चर्या में दिव्यता का संचार होता है। समय के अनुपालन से आनुशासनिक आस्था का उदय होता है। साथ ही निर्विकल्प भाव की संभाव्यता बढ़ कर एक प्रकाश पुञ्ज में परिवर्त्तित हो जाती है। मुक्ति का साक्षात्कार हो जाता है। जीते जी मुक्त हो जाता है। ऐसे साधक को किसी की उत्क्रान्तिरूपिणी वैशाखी का सहारा नहीं लेना पड़ता। निशाटन शास्त्र भी यही कहता है कि, विकल्पों का निराकरण कर स्वात्म को ही अव्यय शिव मानने वाला व्यक्ति भाव-शुद्धि के कारण निश्चय ही जीवन्मुक्त हो जाता है।

शास्त्रकार कहते हैं कि, यह संसार एक ऐसा वृक्ष है, जो अत्यन्त जीर्ण है। बड़ा ही पुराना पेड़ है यह पीपल का। प्राय यह सूखता ही चला जाता है। इसकी जड़ों की संख्या का कोई ओरछोर नहीं है। वे पुरानी होकर नीरस सी हो जाती हैं। संसार की सूखी जड़ों में एक नयी आग लगाने की आवश्यकता है। यह आग परमार्थ की आग है। इससे निखिल दिशाओं में विनिःसृत स्फुलिङ्ग उन सूखी जड़ों के माध्यम से पूरे पेड़ के अस्तित्व को भस्मसात् कर देते हैं, इसमें सन्देह नहीं। उसी के बाद विमल बोध के हुताशन की दीप्तिमन्त ज्वाला फूट पड़ती है और शैव महाभाव का तादात्म्य सिद्ध हो जाता है। यह शास्त्र सम्मत दीक्षा का उपक्रम साधक में आस्था और विश्वास की ज्योति को जागृत करता है।

पञ्चदशमाह्निकम्

सारनिष्कर्षः

कर्मयज्ञ

इस आह्निक की विवेक व्याख्या का सूत्रपात करते हुए आचार्य जयरथ ने सर्वप्रथम नित्यकर्माद्यात्मक समग्र कर्मराशि को 'यजन' मान कर ही कर्म-निरूपण करने की बात पर बल दिया है। भगवान् अभिनव अपनी पूर्व स्वीकृत शैली के अनुसार विगत आह्निक के श्लोक की प्रथम अर्धाली से उपसंहार करने के बाद उसी श्लोक की द्वितीय अर्धाली से इस आह्निक के वर्ण्य विषय का निरूपण प्रारम्भ करते हैं।

कोई शास्त्रकार, जो विषय प्रस्तुत होता है, उपक्रान्त होता है, उसी के उपयोग के लिये उसके विधि-विधान का, उसके महत्त्व का और जीवन में उसकी सार्थकता या उपयोगिता क्या है, इसका निरूपण करता है। यहाँ प्रकान्त विषय दीक्षा है। दीक्षा के उपक्रम में इसके अङ्गभूत विषयों की जानकारी आवश्यक है। ये विषय हैं—१. नित्य, २. नैमित्तिक और काम्य कर्म। इनके सम्यक् सम्पादन से, अच्छी तरह निर्वाह करने से और शास्त्रानुसार उसकी विधि को अव्यवधान पूर्वक सावधानी से पूरा करने से दीक्षा पूरी हो सकती है अन्यथा नहीं। ये अङ्गभूत विषयरूप नित्यादिकर्म भी 'याग' हैं। शास्त्रकार ने इन्हें याग की संज्ञा प्रदान की है। उसी का निरूपण यहाँ किया जा रहा है।

आगम भी इस बात पर बल प्रदान करता है कि, नित्य कर्म रूप आह्निक (दैनन्दिन) कार्य पूरा कर लेने पर नैमित्तिक कर्म का उपक्रम करना चाहिये। बिना नित्य कर्म सम्पन्न किये, नैमित्तिक की ओर प्रवृत्त नहीं होना चाहिये। इसके विपरीत आचरण करने से उस कार्य की फलसम्पत्ति का लाभ नहीं प्राप्त होता है। दीक्षा प्रक्रिया के अङ्गों की पूर्त्ति सर्वप्रथम होनी ही चाहिये। अङ्ग अङ्ग पुष्ट होने से ही अवयवी भी पुष्ट और सबल होता है। इसीलिये दीक्षा के लिये यह याग सम्पन्न करना आवश्यक माना जाता है।

भोग और मोक्ष की दृष्टि एवं दीक्षा

यहाँ यह प्रश्न नहीं करना चाहिये कि, जिसके उपक्रम के उपयोगी ये अङ्गभूत यजन आदि हैं, और जिनके करने की बात की जा रही है, वह दीक्षा ही किंप्रयोजना है? क्योंकि दीक्षा का जीवन में अन्यतम महत्त्व है। जीवन में दो पदार्थ ही प्राप्तव्य माने जाते हैं। १. भोग और २. मोक्ष। दीक्षा भोग और मोक्ष दोनों दृष्टियों से उपयोगी मानी जाती है। यह कहा जा सकता है कि, भोग और मोक्ष दोनों की उपलब्धि में दीक्षा ही उपाय है। यह दो तरह से उपाय सिद्ध होती है। १. स्वयं निरपेक्ष भाव से साक्षात् उपाय बनती है और दूसरे संस्कार योग से उपाय बनती है। ज्ञान प्राप्ति का अधिकार व्यक्ति के संस्कार पर ही निर्भर है। संस्कार सम्पन्न पुरुष ज्ञानवान् हो जाता है। यह संस्कार भी दीक्षा से ही दिव्यता का वरदान प्राप्त करता है।

लोक धर्मी साधक की भोगोपभोग की लिप्सा स्वाभाविक है। निर्बीज पुत्रक आदि साधकों को मोक्ष की ही आकाङ्क्षा निरन्तर जागृत रहती है। ऐसी स्थिति में निर्बीज पुत्रक के मोक्ष में, दीक्षा स्वयं साक्षात् उपाय बनती है किन्तु निर्बीज पुत्रक के अतिरिक्त शिवधर्मी साधक के भोग में और सबीज पुत्रक के मोक्ष में दीक्षा संस्कार योग से ही उपाय बनती है। इस लिये लोकधर्मी और शिवधर्मी साधकों को इस विषय में निरन्तर सावधान रहना चाहिये। इस तथ्य को इस प्रकार समझना उचित है—

१. लोकधर्मी साधक के	तथा १.शिवधर्मी साधक के
भोग में	भोग में
और	और
२. निर्बीज पुत्रक के	२. सबीज पुत्रक साधक
मोक्ष में	के मोक्ष में
दीक्षा स्वयमुपाय	दीक्षा संस्कार संयोग से उपाय होती है।

लोकधर्मी और शिवधर्मी दोनों प्रकार के साधकों की श्रेय:सिद्धि दीक्षा से ही होती है। दीक्षा से संस्कार संपन्न होने के बाद ही योग और ज्ञान आदि का अधिकार प्राप्त होता है। भोग और मोक्ष भी इसी के माध्यम से सिद्ध होते हैं। इस तरह दीक्षा का महत्त्व सिद्ध हो जाता है। इसी के अङ्ग रूप नित्य आह्निक कर्म और नैमित्तिक कर्म आदि जो यजन रूप हैं, वे सम्पन्न किये जाते हैं।

इस सम्बन्ध में श्रीमत्सूक्ष्मस्वायंभुव शास्त्र में स्वयं भगवान् शङ्कर ने यह कहा है कि, जो जिस प्रकार के भोग का अभिलाषी है, उसे वहीं नियोजित करना उत्तम होता है। वहीं रह कर मन्त्र शक्ति के बल पर वह सिद्धि प्राप्त कर लेता है। श्रीमालिनी विजयोत्तर तन्त्र में भी यही निर्देश है कि, योग्यता के कारण जिसकी जैसी वासना होती है, विचक्षण आचार्य उसे उसी के अनुकूल नियोजित करे। इन दोनों शास्त्रों के अनुसार इच्छा, वासना और योग्यता इन बातों के आधार पर ही आचार्य शिष्यों को कर्म में प्रवृत्त करे। यह नितान्त सत्य तथ्य है कि, दीक्षा के प्रसङ्ग में गुरु द्वारा जो शिष्य जहाँ योजित होता है, वह वहीं से निवृत्ति के पथ पर अग्रसर होने लगता है। प्रवृत्ति ही निवृत्ति की आधारशिला होती है।

सभी शास्त्र एकमत होकर यह स्वीकार करते हैं कि, शाङ्कर योग में दीक्षा के विना अधिकार नहीं प्राप्त होता। इसीलिये यह कहा जाता है 'शिवदीक्षा से ही मुक्ति होती है।' एक तरह से यह उक्ति यह सिद्ध करती है कि, दीक्षा साक्षात् मोक्ष की उपाय है। इसमें एक क्रम की कल्पना भी की जाती है। दीक्षा से संस्कार सम्पन्नता होती है। संस्कार से संस्कृत होने पर शिष्य में योग आदि में अधिकार प्राप्त होता है और योग सिद्धि से मुक्ति अवश्य उपलब्ध होती है। साथ ही मन्त्रसिद्धि से भी मुक्ति प्राप्त हो जाती है। इसी आधार पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि, भुक्ति और मुक्ति दोनों की उपलब्धि में दीक्षा संस्कार के आधार पर कारण मानी जाती है। इच्छा, वासना, नियोजन, संस्कार योगाधिकार और मन्त्राधिकार यह दीक्षा की परम्परा का क्रम है। इसमें समयाचार का पालन करना पड़ता है। समयाचार का पालन करने वाला समयी होता है। समयी राजपुत्रों की तरह श्रद्धेय है। नेत्रतन्त्र के अनुसार तथा श्रीतन्त्रालोक २९।३६ के अनुसार आनन्द, आवलि, बोधि, प्रभु और पाद तथा योगी शब्द अन्त में लगाकर मच्छन्द नाथ ने छः राजपुत्रों को दीक्षित किया था। श्रीव्रजवल्लभ द्विवेदी के अनुसार बोधि, प्रभु और पाद बौद्ध परम्परा में भी गृहीत हैं। यह शिष्य परम्परा का क्रम है।

कुछ लोग अज्ञ होते हैं। अज्ञता का फल असामर्थ्य होता है। सम्यक् ज्ञानरूप सद्विद्या की संप्राप्ति में ऐसे लोग कोई अध्यवसाय नहीं कर सकते। ऐसे लोगों के लिये गुरु द्वारा क्रियाप्रधान विधिविधान जान कर चलने में सरलता होती है। यह सुखोपाय है। यह मतङ्ग शास्त्र की उक्ति है। इसी आधार पर कुछ लोग 'अज्ञविषया दीक्षा' की बात भी करते हैं।

अज्ञ तो अज्ञानी होता है। अज्ञानी ज्ञानवान् बनने की अभिलाषा लेकर ही आचार्य के पास जाता है। गुरु दीक्षा का राजमार्ग उसे बता देता है। इस तरह ज्ञान और क्रिया को आवृत कर बैठा हुआ शिष्य का आवरण रूप अज्ञान क्रमशः विगलित होने लगता है। मोतियाबिन्द के आप्रेशन से जैसे अन्धता निवृत्त हो जाती है। इसी तरह दीक्षा भी एक शल्यक्रिया ही है। इससे अज्ञान मिटता है। 'अज्ञ-विषया दीक्षा' रूप उक्ति का यही सार निष्कर्ष है।

दीक्षा और दीक्षक

दीक्षा क्रिया प्रधान होती है। इसमें आचार का पालन करना पड़ता है। जीवन को संयमित बना कर विधि-निषेध की दृष्टि से हर काम करना पड़ता है। करते करते कर्म परिष्कार होता है। इससे प्रवृत्ति-निवृत्ति दोनों की सिद्धि होती है। इससे अज्ञान रूप आवरण भी नष्ट हो जाता है। इस तरह क्रिया ही आवरण भङ्ग करने में साक्षात् उपाय मानी जा सकती है। ज्ञान साक्षात् उपाय नहीं कहा जा सकता।

शैवशास्त्र यह नहीं मानता। क्रिया को आवरण-निवृत्ति का साक्षात् उपाय नहीं मानता। इसके अनुसार साक्षात् विमोचिका सम्यक् ज्ञान स्वभावमयी विद्या ही मानी जाती है। मल, अज्ञान और आवरण सभी ज्ञानोदय से नष्ट हो जाते हैं। स्वात्म दर्शन रूप ज्ञान का प्रकाश स्वयं मोक्ष रूप से ही अवतरित होता है। ज्ञान के प्रकाश के साक्षात्कार में अकुशल अज्ञ लोगों के लिये क्रिया ही सरल उपाय सिद्ध होती है।

श्रीमन्मतङ्गशास्त्र के विद्यापाद प्रकरण में भी हेयोपादेय विज्ञान के प्रसङ्ग में स्पष्ट रूप से सन्देह और विपर्यास से रहित भाव से यह कहा गया है कि, जब कार्यकारणभाव से सम्भृत तत्त्वों का विवेक होता है, तभी यह निश्चय होता है कि, कौन पदार्थ हेय है और कौन पदार्थ उपादेय? हेय के परित्याग और उपादेय के अङ्गीकार करने का विज्ञान विद्या से प्राप्त होता है। अतः क्रिया और ज्ञान दोनों के स्वरूप के निरूपण में सौविध्य हो जाता है। हमें यह ज्ञात हो जाता है कि, पाशबद्ध करने वाला पाशयिता कौन है? पाश में बँधने योग्य अर्थात् 'पाश्य' कौन है और पाश स्वयं क्या होता है। पाश के बन्धन से विमुक्ति के विमर्श के साथ ही साध्य साधन भाव की अभिव्यक्ति हो जाती है। स्वात्म स्तर पर यह अनुभूति हो जाती है कि, साध्य की उपलब्धि के लिये हम किस साधन का प्रयोग करें? यह सब विद्या का ही चमत्कार माना जा सकता है।

योग चर्या और दीक्षा ये तीनों क्रिया के आधार स्तम्भ हैं। इन तीनों से मोक्ष मार्ग पर अग्रसर तो हो सकते हैं, ये साधन तो बन सकते हैं किन्तु ये साक्षात् बन्धन विमुक्त नहीं कर सकते। साक्षात् विमोचिका तो 'विद्या' ही होती है। विद्या में जो अशक्त होते हैं। वे ही योग, चर्या और समाधि आदि का आश्रय ग्रहण करते हैं। यद्यपि मतङ्ग शास्त्र की यह मान्यता है कि, इन चारों अङ्गों से मोक्ष की उपलब्धि समान रूप से होती है किन्तु त्रिकदर्शन यह नहीं मानता। इसके अनुसार विद्या का वैशद्य ही अभिनन्दनीय है। इसीलिये ज्ञान की अथवा ज्ञानवान् गुरु की महत्ता ही सर्वत्र मान्य है। हाँ यह कहा जा सकता है कि, ज्ञान शास्त्र से होता है। शास्त्र गुरु द्वारा अधीत होते है। शास्त्र में अधिकार दीक्षा से मिलता है। अत: दीक्षापूर्वक ही ज्ञान संभव है किन्तु यह सर्वमान्य सिद्धान्त नहीं है। ज्ञान स्वत:, शास्त्र और गुरु तीनों से प्राप्त होता है। स्वत: समुद्भूत ज्ञान सर्वोत्तम माना जाता है। शास्त्र और गुरु से प्राप्त परत:उपलब्ध होता है। इसलिये विद्या और उसमें भी स्वात्म-प्रातिभ-संविदुत्कर्ष से समुत्पन्न विद्यात्मक ज्ञान स्वयं मोक्षरूप में परिणत होता है। अन्य तीनों अंग शिष्य को संस्कार सम्पन्न बनाते हैं। इसीलिये ये उपयोगी माने जाते हैं। स्वच्छन्दतन्त्र कहता है कि "समय के पालन में निरत समयी शिष्य संस्कृत होकर शास्त्र के अध्ययन, वाचन, श्रवण, मनन और पूजा में विशुद्ध भाव से प्रवृत्त रहकर चर्या और ध्यान से विशुद्धात्मा बन कर ऐश्वर पद को उपलब्ध हो जाता है।" यह केवल अभ्यास के बल पर होता है। इसलिये ज्ञान के समान साक्षात्मोक्षोपाय नहीं माना जा सकता।

शास्त्र पढ़कर भी ज्ञान होता है किन्तु जिस भाग्यशाली साधक पर परमात्मा के कृपापूर्ण प्रसाद से शक्तिपात हो जाता है, उसमें किसी अनिर्वचनीय योग्यता का आधान हो जाता है। उसके लिये दीक्षा की कोई उपयोगिता नहीं होती। श्री परात्रीशिका कहती है कि, ऐसे पुरुष का ज्ञान ही उसकी दीक्षा बन जाती है। ऐसे ज्ञान को सांसिद्धिक ज्ञान कहते हैं। ऐसे ज्ञान के उपलब्ध हो जाने पर उसकी तिलों, घी और हवन सामग्री वर्जित निर्वाणगामिनी दीक्षा स्वत: असन्दिग्ध रूप से सिद्ध हो जाती है। वस्तुत: ऐसा व्यक्ति ही सिद्ध कहलाता है, वही योगी है और सच्चे अर्थ में वही दीक्षित कहा जा सकता है।

ऐसा शक्तिपात पवित्रित पुरुष बिद् धातु का आधार होता है। अकस्मात् सर्वशास्त्रार्थवेत्तृत्व उसमें आ जाता है। स्वत: प्रवृत्त सत्तर्क की तैजसिकता से उसका

सांसिद्धिक स्वरूप ऊर्जस्वल हो उठता है। वह आगमिकता के प्रवर्त्तन का एक मात्र अधिकारी होता है। वही ज्ञानवान् गुरु होता है। उसे उसकी संवित्तिदेवियाँ स्वत: अभिषिक्त कर देती हैं। करणेश्वरी देवियाँ उसे दीक्षित बना देती हैं। समस्त आचार्यों का वह आचार्य होता है। आगम का यह उद्घोष है कि, ऐसा श्रेष्ठ ज्ञानवान् साधक विद्यापाद के रहस्य का द्रष्टा, क्रियापाद की क्रमिकता का कोविद, योग पाद का सच्चा अभ्यासी और चर्यापाद का सच्चा अनुवर्त्तक होता है। वह स्वयं शैवी दीक्षा देने में भी समर्थ होता है।

श्री किरणशास्त्र का यह मत है कि, कुछ लोग क्रिया में योग्य, कुछ ज्ञानयोग्य, कुछ चर्या में भी योग्य और इसी प्रकार अन्य दीक्षादि प्रक्रियाओं की योग्यता से भी सम्पन्न होते हैं। जो जिस क्षेत्र में योग्य होता है, भगवान् उसे उसी रूप में उसे प्रसन्नता प्रदान करते हैं। किन्तु इन सभी क्षेत्रों में जो अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखलाने में समर्थ है, वह साक्षात् मोक्षभाक् शिवरूप ही हो जाता है।

शिष्यपरीक्षा

इस प्रकार सर्व लक्षण सम्पन्न पारगामी विद्याविशारद वह पुरुषरत्न कर्म, योग और ज्ञान सभी क्षेत्रों में उत्तरोत्तर उत्कर्ष की परम्पराओं को पार करते हुए लक्ष्य प्राप्त करता है और वास्तव में वही गुरु कहलाने का अधिकारी होता है। वही दीक्षा कर्म में अधिकृत है। शिष्य की परीक्षा का वही उत्तम अधिकारी होता है। वही यह निर्णय करता है कि, शिष्य बुभुक्षु है या मुमुक्षु? शिष्य से भी वह भोग और मोक्ष विषयक प्रश्न कर और उनकी वासनाओं से परिचित हो कर उसे योजनिका क्रिया द्वारा नियोजित कर देता है।

स्वच्छन्द शास्त्र यह स्पष्ट निर्देश देता है कि, स्वयं गुरु ही शिष्य से अच्छी तरह पूछताछ कर ले। उसकी वासना और आकाङ्क्षा का क्या स्तर है, यह पूरी तरह समझ ले। उसके मन में एक चैतसिक अनुसन्धान उल्लसित होगा और वह स्वयं यह निर्णय कर सकेगा कि, जो दीक्षा शिष्य के उत्कर्ष के अनुरूप हो वही दीक्षा उसे दी जाय। वासना भेद से साध्य में भी भेद होता है। मन्त्र भी उसी के अनुसार काम करते हैं।

यद्यपि मन्त्रों के साथ मुद्रा, अध्वन्यास आदि और सामग्री रूप तथा दक्षिणा रूप द्रव्यों का सामान्यतया प्रयोग होता है, फिर भी मन्त्र ही फल प्रदान करते हैं। अत:

मन्त्र के प्रयोग में वासना के स्तर की परीक्षा कर लेनी आवश्यक है कि, उसी स्तर के अनुरूप मन्त्र दिया जा सके। भुक्ति और मुक्ति की वासना के अनुकूल ही मन्त्र फल प्रदान करते हैं। अतः दीक्षा में वासना-परीक्षा मन्त्र से भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

साधकभेद

बुभुक्षु साधक दो प्रकार के होते हैं।

१. लोकधर्मी और २. शैवधर्मा। लोक धर्मा साधक फलाकांक्षी होता है और शैवधर्मा निष्काम। एक शुभ में अवस्थित रहकर अशुभ का बहिष्कार करता है। दूसरा शुभाशुभ दोनों स्तरों से ऊपर उठने वाला होता है। पहला लोंकधर्मी बुभुक्षु और दूसरा शिवधर्मा मुमुक्षु कहलाता है। मुमुक्षु साधक भी दो प्रकार के होते हैं। १. बीजवान् और निर्बीज। मुमुक्षु ही पुत्रक माना जाता है। अर्थात् पुत्रक साधक जिसे मुमुक्षु मानते और कहते हैं, वह भी दो प्रकार का होता है। पहला सबीज पुत्रक मुमुक्षु और दूसरा पुत्रक निर्बीज मुमुक्षु। इसमें सबीज मुमुक्षु पुत्रक ही आचार्य पद का अधिकारी होता है। इनमें समयित्व के प्रकल्पन का तात्पर्य यह है कि, ये आचार्य पद पर अभिषिक्त होने की योग्यता रखते हैं। दीक्षा से इस जन्म या पहले जन्म में किये हुए कर्मों का अथवा भावी समय में किये जाने वाले कर्मों के अभाव का भावन करना चाहिये। सबीज साधक में भोग के प्रति उन्मुखता रहती है। किन्तु निर्बीज मुमुक्षु साधक में इस प्रकार के औन्मुख्य का अभाव रहता है। निर्बीज मुमुक्षु रूप निरपेक्ष साधक के संचित कर्म यदि प्रारब्ध हो गये होते हैं, तो उनका फल भोग भोगने के बाद ही फल पूरे होते हैं। अतः उनका शोधन नहीं करना चाहिये। यह निश्चित सा है कि, भोग का अतिवाहन भोग से ही होता है। बुभुक्षु एवं सबीज मुमुक्षु साधक के कर्म का शोधन होता है। इससे उसके उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। शिवधर्मिणी दीक्षा से लोक धर्म का सम्पादन नहीं हो सकता। सबीजता में कर्मफल-भोग-वासना से शिष्य का चित्त अधिवासित ही रहता है। वासना भेद से ही फल में भेद होता है। इन सारी बातों का विचार इस सन्दर्भ में अत्यन्त आवश्यक मानी जाती है।

जो जिस प्रकार के भोग का अभिलाषी है, उसके अनुसार ही देहप्राप्ति के अनन्तर अणिमा महिमा आदि सिद्धियों का उपभोग वह प्राप्त करता है। इसी से भुवनेश्वरत्व आदि की भी प्राप्ति होती है। इस तरह सकलरूप से भोगवाद में योजित हो जाता है।

जहाँ तक मुमुक्षु का प्रशन है, यह फल-भोग के बाद अकल पद में मुक्त हो जाता है। इस प्रकार सबीज दीक्षा का यह सन्दर्भ पूरा होता है। इसमें समयाचार का पालन होता है। सबीज दीक्षा में समयाचार शोधन नहीं किन्तु मुमुक्षु दीक्षा में शोधन आवश्यक माना जाता है।

भोग दीक्षा

भोग दीक्षा के बाद मोक्ष दीक्षा का वर्णन क्रमिक रूप से प्राप्त है। मोक्ष दीक्षा मुमुक्षु की होती है। मुमुक्षु में भी सबीज पुत्रक की दीक्षा निर्बीज दीक्षा से भिन्न है। यह निर्बीज पुत्रक मुमुक्षु को दी जाती है। इस दीक्षा में समयाचार को पाश मानकर उसका भी विशोधन आवश्यक माना जाता है। निर्बीज दीक्षा प्राप्त साधक किसी समय का पालन नहीं करता। केवल गुरु में भक्ति से और समयाचारमयी मोक्ष-दीक्षा मात्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है।

निर्बीज दीक्षा

निर्बीज दीक्षा में एक भेद पुत्रक मुमुक्षु का है और दूसरा भेद सद्योनिर्वाण लिप्सु का है। जो तत्काल मृत्यु का वरण करने को तैयार है या अब तब में मर जाने वाला है, उसे सद्योनिर्वाण दीक्षा ही दी जानी चाहिये। यह दीक्षा भूत, वर्तमान और भविष्य की त्रैकालिक-पाशराशि का विनाश करती हुई तत्क्षण विमुक्त कर देती है। सद्योनिर्वाण दीक्षा भी मुमुक्षु दीक्षा है। किन्तु कालरूप पाशत्रय की विमोचिका होने के कारण भी यह सद्योनिर्वाणप्रदा कही जाती है। देह त्याग के बाद तुरन्त इन दोनों को परमपद की उपलब्धि हो जाती है।

सबीज दीक्षा

सबीज दीक्षा में समयाचार पालन आवश्यक होता है। सबीज दीक्षा के समयपालन क्रम के कालान्तराल में ही यदि देह का त्याग हो जाता है, तो परिणामस्वरूप समयाचार पालन का क्रम टूट जाता है। यह आज्ञा के उल्लङ्घन के समान ही माना जाता है। इसका दुष्परिणाम उसे भुगतना पड़ता है। शिवमयी अपनी सत्ता से च्युत होने के कारण उसे क्रव्याद जैसे भ्रंश मयी अवस्था भी प्राप्त हो जाती है। इसके निराकरण का एक मात्र उपाय है कि, नियमानुसार सबीज दीक्षा से दीक्षित होकर निर्बीज दीक्षा की तरह अशोधित समयाचार का पालन करता रहे। इसका लाभ यह होता है कि, वह शिवता

प्राप्ति से सदा अनुप्राणित रहता है। इसलिये गुरु स्वयं शिष्य की वासना की जानकारी के लिये उसी से स्पष्ट रूप से पूछ ले कि, वह क्या चाहता है? उसी के अनुसार उसकी तीव्रता और मन्दता आदि का विचार कर उचित निर्णय ले। इससे मुमुक्षु और बुभुक्षु दोनों प्रकार के साधकों का पथ प्रशस्त हो जाता है।

कुछ प्रतिभाशाली तीव्र बुद्धि के शिष्य हो सकते हैं। उनका विशेष ध्यान गुरु को रखना चाहिये। शिष्य विद्वेषी गुरु नरकगामी होता है। कुछ निर्धन शिष्य होते हैं। गुरु उनकी स्वयं सहायता कर दीक्षा दे। धनी शिष्य को वित्तशाठ्य नहीं करना चाहिये। शिष्य भिक्षादि उपार्जित-अन्न और धन आदि गुरुदेवको अर्पित करे। यह परिस्थितिवश करना पड़ता है। गुरुकुलों में भी ऐसे बहुत सारे नियम मान्य थे।

जो कुछ भी हो, देखना यह होता है कि, शिष्य अपनी साधना का स्तर किस प्रकार संवर्द्धित कर रहा है। उसमें शिवतापत्ति की कितनी योग्यता है। उसके शैवमहाभाव रूप स्वातन्त्र्य के आवेश का स्तर क्या है। सब कुछ परीक्षित कर दैशिक उसे गुरु स्तर पर बैठने का अधिकारी बना देता है। वह दीक्षा देने में भी समर्थ हो जाता है। शिवतावेशिता योग्य शिष्य का महत्त्वपूर्ण गुण मानी जाती है। यह क्रमिक और अक्रमिक दो प्रकार से होती है।

जहाँ तक क्रमिक शिवतावेशिता का प्रश्न है, उसे प्राप्त करने के लिये समयाचार पालन करना पड़ता है। इसमें स्नान, न्यास और अर्चन आदि की क्रियायें आवश्यक रूप से करणीय होती हैं। ये अर्चन आदि शिवतापत्ति के उपाय मात्र हैं। शिवत्वानुसन्धान और शिवोऽहं रूप दृढ़ स्वाभिमान से अणुवर्ग मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर हो जाता है। इतना कुछ होने पर भी यह निश्चय हैं कि, अध्यात्म बाह्यवर्जित नहीं होता। इसलिये ज्ञान के साथ क्रिया का विशिष्ट महत्व है। स्नान आदि क्रिया पक्ष की ही क्रियायें हैं। अत: श्रीमदानन्दशास्त्र स्नान आदि क्रियाओं को ज्ञान के साथ ही अवश्य आचरणीय कहता है।

क्रमिक शिवतत्त्वावेशिता के लिये बाह्यरूपा प्रक्रिया अपनानी पड़ती है। इसमें स्नान, न्यास और अर्चन आदि व्यापार अवश्य करणीय माने जाते हैं। शिवता का आवेश समीहित सिद्धि प्रदान करता है, यह शिव है, मैं भी शिव हूँ, इस प्रकार गुरु शिष्य के भाव से भी बड़ा लाभ होता है।

शुद्धि, अशुद्धि और स्नान

श्री आनन्दशास्त्र के अनुसार विद्वान् कभी अशुद्ध नहीं होता फिर भी स्नान करने से शरीर में स्फूर्ति आती है। सुन्दर वस्त्र धारण करने से तुष्टि प्राप्त होती है। तुष्टि के विषय में आचार्य जयरथ कहते हैं कि, स्वरूप के औन्मुख्य से उत्पन्न होने वाला परानन्द चमत्कार ही तुष्टि है। वास्तव में स्नान का उद्देश्य मल का निराकरण है। यह आठ प्रकार का माना जाता है। पार्थिव, जलीय, तैजस (भस्मस्नान), वायव्य, नाभस, सोमात्मक , अर्क और शैव नामक आठों प्रकार के स्नान मूर्त्यष्टक के अनुसार ही सम्पन्न होते हैं। इस शैव मूर्त्यष्टक के अनुसार भावना से मन्त्र दीप्त अन्तर में मल का निराकरण करना ही स्नान का उद्देश्य माना जाता है। स्वरूप और मूर्त्यष्टक रूप शिव में अभेद अद्वयभाव के ध्यान से समस्त अनुरूप सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

वीरों के स्नानाष्टक में रणरेणु, वीरजल, वीरभस्म, महामरुत, श्मशान, अरण्य, गगन, चन्द्र और सूर्य के स्नान गृहीत हैं। वीरों से सम्बन्धित विग्रहाष्टक की गणना भी आगम करता है। स्नानाष्टक के अतिरिक्त मद्यस्नान को भी नवाँ प्रकार मानते है। इससे मुमुक्षु केवली भाव को प्राप्त कर लेता है। मद्य भी कई प्रकार के होते हैं। मुनक्का से बना मद्य 'मधु' ईख के रस से 'शीधु', विभीतक से बनी 'सुरा' वारुणी, चुवाई गयी 'मदिरा' कादम्बरी 'जगल आदि प्रसिद्ध हैं।

मद्य शिवमय माना जाता है। इसलिये मद्यस्नान का सर्वाधिक महत्व तन्त्र पद्धति में स्वीकृत है। स्नान में मन्त्र का प्रयोग, मूर्त्यष्टक के अनुसार ध्यान और उन-उन मूर्त्तियों में समावेश न होने से वह स्नान युक्तस्नान नहीं माना जाता। ये बाह्य और आभ्यन्तर दृष्टियों से दो प्रकार के माने जाते हैं। आभ्यन्तर स्नान साधना का विषय है। ऊर्ध्व द्वादशान्त में सूर्य रूप प्राण से द्रवित सोम रूप अपान चन्द्र अमृत की वर्षा करता है। ब्रह्मरन्ध्र से ऊपर औन्मनस पर्यन्त इन मूर्त्तियों का प्रकल्पन और उस समावेश का महाभाव गुरुदेव से प्राप्त करना चाहिये।

यागगृह में प्रवेश

स्नान के उपरान्त याग गृह में प्रवेश करने का निर्देश शास्त्र करता है। यागवेश्म का प्रकरण स्थानप्रकल्पन नामक प्रमेय का ही अनुभाग माना जाता है। इसके अन्तर्गत कुछ बाह्य स्थान और कुछ आन्तर स्थान भी आते हैं पर सर्वश्रेष्ठ स्थान पीठस्थान

माना जाता है। पीठ बाह्य क्षेत्र के साथ ही साथ देह के अन्तर्गत भी निर्दिष्ट हैं। इसका वर्णन निशासंचर शास्त्र में किया गया है। पीठ आधार रूप माने जाते हैं। ये शैवी इच्छा पर ही निर्भर होते हैं। इनमें कामरूप, पूर्णगिरि, उड्डीयान ये मुख्य पीठ हैं। तीन उपपीठ भी माने जाते हैं। पीठ, उपपीठ और सन्दोह भेद से पीठ नौ प्रकार के माने जाते हैं। लालन, वैन्दव और व्याप्ति ही तीन सन्दोह हैं।

हृदय पद्म के पत्र ही क्षेत्राष्टक हैं। इन्हें उपसन्दोह भी कहते हैं। पीठ, अर्धपीठ, उपपीठ, क्षेत्राष्टक सब कुछ देह में व्यवस्थित है। इसलिये इन्हें शरीर में ही आकलित कर साधक अन्यपीठ और वेश्म की अपेक्षा देहायतन में ही अधिष्ठित हो, यही उत्तम है। कहीं भी अधिष्ठित हो सर्वत्र पात्रता अपेक्षित है।

मुख्यरूप से शरीर के अन्तर में संचरणशील प्राण और विमर्शमयी संवित्तत्त्वशक्ति में ही परमेश्ववर के स्वात्मस्वरूप का अनुदर्शन करने वाला पुरुष धन्य है। उसके बाह्य पीठों में भ्रमण की बिडम्बना क्यों अपनायी जाय। इसीलिये शैव अद्वय महाभाव से भावित साधक के लिये स्थानप्रकल्पन का कोई मूल्य नहीं होता। बुभुक्षु और सबीज मुमुक्षुओं केलिये ही चक्र कल्पना और पीठोपपीठादि भ्रमण दर्शन आदि कल्पना की जाती है। शास्त्रों में इसी आधार पर स्थानप्रकल्पन पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है।

वीरावलिहृदय में श्रीनिशाचर आदि शास्त्रों में स्पष्ट निर्देश है कि, निर्बीज मुमुक्षु के लिये स्थान महत्त्वहीन हैं। सर्वत्र विमल मति की आवश्यकता होती है। हृदय-कमल के विकास पर निर्भर है कि, व्यक्ति अन्तर्याग में किस प्रकार और कितना सक्रिय है। स्थान आदि आगे पर आगे बढ़ने के लिये आदि पड़ाव बनते हैं। वे सीढ़ी के ऐसे पदस्थान हैं जिन पर चरण रक्षण कर अग्रसंचरण किया जा सके। विमलीभूत हृदय साधक ही साफल्य हस्तगत करता है।

श्रीसारशास्त्र में निर्विकल्प में अधिष्ठित साधक की सिद्धि की चर्चा की गयी है। सर्वत्र बलशाली शिवधर्मी साधक की अन्तः साधना और शिवसद्भावदायिनी निर्वाण-दीक्षा का स्पष्टीकरण किया गया है। इसी लिये साधक की सिद्धि के लिये, विमुक्ति के लिये, पूजा, जप, समाधि आदि क्रियाओं के मूल में स्थान की अपेक्षा विश्रान्तिसुन्दर हृदय की अपेक्षा ही की जानी चाहिये।

इतना सबकुछ स्थान-प्रकल्पन के सम्बन्ध में सोचना चाहिये। याग गृह प्रवेश ऐसा विचारक श्रेणी का साधक यदि करता है, तो उसको शीघ्र यथाभिलषित सिद्धि

और मुक्ति प्राप्त होती है। वहाँ प्रवेश कर अभी मण्डप के बाहर ही बाहर रहकर इस बाह्य याग की सिद्धि के लिये न्यास की प्रक्रिया भी पूरी कर लेनी चाहिये।

न्यास

जहाँ तक न्यास का प्रश्न है, चाहे मातृका या मालिनी अथवा क्रमशः दोनों का न्यास हो, सृष्टि और संहार क्रमों के अनुसार ही किया जाता है। गुरु इस विधि का निर्देश करता है। भाष्य में विस्तार के साथ न्यास विधि पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। माता के समान वात्सल्यमयी मातृका और रुद्रों द्वारा मालिता, सिद्धिमुक्ति उभयधारिका, सृष्टिमयी और संहारध्वनि षट्पदी मालिनी का न्यास सभी प्रकार की सिद्धियों का कारण और आधार माना जाता है। भगवान् शंभुनाथ इन दोनों के एकरूपत्व का भी समर्थन करते हैं।

श्रीमालिनी विजयोत्तर तन्त्र भी न्यास के महत्त्व का प्रतिपादन करता है। वह कहता है कि, शाक्त शरीर की सिद्धि के लिये भिन्नयोनि मालिनी का न्यास अनिवार्यतः आवश्यक है। इसके साथ ही मातृका न्यास का भी वह समर्थन करता है। इसके बीज मन्त्रों को जो तन्त्रदृष्ट्या उद्घाटनीय नहीं हैं, उनका उद्घाटन भी कृपालु शास्त्रकार ने श्री तन्त्रालोक में कर दिया है।

मातृका का बीज और मूल मन्त्र 'ह्रीं अक्ष ह्रीं' है। मालिनी का बीजात्मक मूलमन्त्र 'ह्रीं नफ ह्रीं' है। इन दोनों बीज मन्त्रों का साधक न्यास में प्रयोग करता है। व्याकरण की दृष्टि से विचार किया जाय, तो अक्ष मातृका वर्णमाला का प्रत्याहार और नफ मालिनी शब्दराशि का प्रत्याहार प्रतीत होता है। इन न्यास आदि प्रक्रिया का एकमात्र उद्देश्य शिवता की प्राप्ति है।

न्यास के उपरान्त अर्घविधि पूरी करनी चाहिये। चाहे सिद्धि की अभीप्सा रखने वाला बुभुक्षु हो या मुक्ति मार्ग का पथिक हो, दोनों के लिये कारकों का महत्त्व समान है। इन प्रक्रियाओं को अपनाने से शिवैक्य में परिनिष्ठित योगी के समक्ष यह सारा विश्व आग्रहपूर्वक नर्त्तन करता हुआ प्रतीत होता है। शास्त्र, सम्प्रदाय और गुरु के अनुशासन से सर्वेश्वर की उपलब्धि हो जाती है।

शिवपूजामहोत्सव

पूजन स्तोत्र में शास्त्रकार के गुरुदेव ने यह स्पष्ट लिखा है कि, शिवपूजा का महोत्सव एक जीवन्त पीयूषवर्षी उल्लास है, जिसमें शिवामृत के आस्वाद का चामत्कारिक रस भरा हुआ है। उसमें छतीसों तत्त्वों के क्षोभ के वैलक्षण्य का साक्षात्कार हो जाता है। जो साधक अद्वय अनुसन्धान करता हुआ पूर्ण शिवैक्य समावेश के उद्देश्य से अर्चन करता है; वह स्वयं शिव है। यह सम्भव है कि, कोई साधक ज्ञानवान् नहीं है, योग में अभी परिनिष्ठित नहीं है। यदि वह शास्त्रविधि से न्यास और पूजा आदि की प्रक्रिया आस्थापूर्वक अपनाता है, तो यह ध्रुव सत्य है कि, उसे शिवैक्य समापत्ति का स्वादुरस-पीयूष पानार्थ प्राप्त हो जायेगा। यह बात मुमुक्षु और बुभुक्षु दोनों प्रकार के साधकों पर समान रूप से लागू होती है। श्रीमत् सिद्धा आदि शास्त्र तो यहाँ तक कहते हैं कि, ये सारी विधियाँ और ये सारे अर्चना-क्रम परमेश्वरोदित नहीं हैं। ये सम्प्रदाय सिद्ध परम्परामात्र हैं। वास्तविकता तो यही है कि, स्मरण के आसूत्रण से पूरण और भरण रूप भैरव की सिद्धि हो जाती है।

इसी प्रकार की तादात्म्य-दायिनी अर्च्चाप्रक्रिया में संल्लग्न साधक समस्त कारकैक्य से संचलित हो जाता है। सारी अर्चा प्रक्रिया चाहे वह स्थानशुद्धि हो, मण्डल निर्माण हो, याग गृह प्रवेश हो, शिष्य और गुरु देव का श्रद्धाधिकार हो, अर्घ और न्यासार्चन आदि का विधान हो, शिवतादात्म्य ही सबका एक मात्र उद्देश्य है। अर्घपात्र के अमृत के स्पर्शमात्र से प्रोञ्छित होने मात्र से सबकी शुद्धि हो जाती है, इसमें आस्था का योग है। यद्यपि यह भी सत्य है कि, विप्रुष्-जल से जो शुद्ध है, वह तो शुद्ध है ही, जो नहीं प्रोञ्छित है, वह भी शिवव्याप्ति के कारण शुद्ध है। वास्तविक अशुद्धता पशु शास्त्रों और उनके आचरण में दीख पड़ती है। अत: इस सम्प्रदाय में निष्ठ साधकों का यह अनुभव महत्त्वपूर्ण है कि, चिदनुग्रह गृहीत जो वस्तु याग गृह में आ गयी होती है, वह सब शुद्ध ही है।

वस्तुत: पूजा योग्य वही वस्तु उपादेय है, जो अचिद्रूप देहादि प्राधान्य की भावना को दूर कर हृदयाकर्षी आनन्दवाद में समाहित कर दे। इसी आधार पर कुल सम्प्रदाय, क्रमदर्शन, त्रिकदर्शन और तत्साररूप मत आदि शास्त्रों में मद्य, कादम्बरी, शीधु और मधु आदि द्रव्यों को महत्त्व प्रदान किया गया है। लोक संस्थान और समाज की संरचना की आड़ में पशुशासन मद्य का विरोध करते हैं। उसे अशुद्ध कहते हैं किन्तु उन्हें इस द्रव्य की किसी महत्त्वपूर्ण विशुद्धता का ज्ञान ही नहीं होता। इस विश्व की कोई वस्तु

अशुद्ध नहीं होती। जिसे पशुशासन के लोग अशुद्ध कहते हैं, वे पदार्थ भी यहाँ शुद्ध ही माने जाते हैं। शुद्धि और अशुद्धि नामक कोई भी भावधर्म नहीं होता, इसकी चर्चा बहुश: सन्दर्भवश की जा चुकी है।

शुद्धिविषयक ऊहापोह

इस दृष्टि से यह निश्चय रूप से कहा जा सकता है कि, जो वस्तु चिदनुग्रह में पूरी तरह सक्षम या आसन्न हो, वही याग योग्य है। अतद्रूप देहादि-प्राधान्य को समाप्त करने वाली, आनन्द को उत्पन्न कर संवित्तत्त्व को सर्वथा, जो उन्मज्जित कर दे, वही वस्तु पूजा के लिये श्रेष्ठ मानी जा सकती है। नैगमिक ऋषि भी ब्रह्मसत्र में सुरा की आहुति का विधान करते हैं। यज्ञ में यजमान की पूर्णता के लिय 'वपा' और अन्त्र की आहुति भी मान्य है। श्रुति कहती है—

"कृष्णविषाणया कण्डूयति, पत्नीयजमानावादधीयातामिति, सुराग्रहान् जुह्वतीति, ब्राह्मणो ब्राह्मणमालभेतेति, वपया प्रात: सवनं चरन्तीति, हृदयस्याग्रेवद्यतीति"

यहीं नहीं भक्ष्य अभक्ष्य के सम्बन्ध में भी कई प्रकार की बातें जो परस्पर विरोधी हैं, वेदों में प्रदर्शित हैं। इसीलिये इन विषयों की मान्यता तन्त्रशास्त्रीय विचारधारा पर आधारित मान कर यागकर्त्ता एकनिष्ठभाव से याग का सम्पादन करे। दैशिक की देशना के अनुसार पूरे आयोजन को सम्पन्न करे—यही उचित है। इस प्रकार बाह्य याग अनुष्ठित करने में तत्पर रहे।

बाह्ययागविधि

बाह्य याग की विधि के रूप में सर्वप्रथम स्नान, मातृका-क्षेत्रपाल की पूजा, बाह्य द्वार पर गणेशलक्ष्मी की पूजा, वागीश्वरी, दिण्डि, महोदर, नन्दी, काल, अनन्तेश, आधार शक्तियाँ, द्वारमध्य में सरस्वती इत्यादि के पूजन का क्रम मान्य है। इसे अपना कर हवन से अघोराग्नि द्वारा सभी पाश दग्ध हो जाते हैं।

दिक्तत्त्व

याग में यजमान के बैठने की स्थिति क्या हो? वह जिधर मुँह कर बैठे? उसकी दिशा क्या हो? इस पर भी शास्त्र में विचार किया गया है। एक स्थान पर लिखा है कि,

"पूर्वाभिमुख अथवा उत्तरभिमुख बैठे" यहीं से दिक् सम्बन्धी विमर्श की आवश्यकता पड़ती है। वास्तव में दिक् तत्त्व है क्या? इसकी परिभाषा क्या है? पूर्व किसे कहते हैं? सूर्योदय की दिशा ही पूर्व दिशा क्यों है? अन्य दिशाओं के नाम का आधार क्या है? इन बातों पर विचार किया गया है।

परप्रकाशवपुष् परमेश्वर शिव का परांश ही ऊर्ध्व और अपरांश अध: दिशायें हैं। प्रकाशाप्रकाश संस्पर्श का बिन्दु मध्य, प्रकाशौन्मुख्ययोग्यता से विश्व पुर: (आगे) अञ्चति (गतिशील होता है) इति प्राची अर्थात् वही पूर्वादिक् मानी गयी है। कुछ प्रकाश संस्पर्श से परा (विमुख) अञ्चति इस विग्रह के अनुसार प्रतीची ये दो दिशायें मानी गयीं। कुछ प्रकाशात्मक स्वात्म संस्पर्श युक्त विश्व को विमृष्ट कर पारपूर्ण्योंचित स्वात्म में अवमर्श के कारण एवम् अनुकूलता के कारण दक्षिणा दिक् तथा किंचित् अप्रकाश की ऐन्दव-उद्रिक्तता के कारण, मेयप्राधान्य के कारण तथा प्रकाशप्रातिकूल्यवमन के कारण द्वितीया द्विक् वाम अर्थात् उत्तर नाम से विख्यात हुई। यही आगमिक वह दृष्टि है, जिससे दिशाओं के नाम की अन्वर्थता सिद्ध होती है।

यही बातें स्थान (भुवन विस्तार) में सूर्य के उदयास्त पर भी आधृत प्रतीत होती हैं। अत: दिशाओं के नाम को सूर्य से भी जोड़ देती हैं। भगवान् शङ्कर पञ्चमन्त्रतनु माने जाते हैं। अत: उन्हें विश्वदिक् ईश्वर भी कहते हैं। जो कुछ भी हो, सारी दिशायें प्रकाशाधीनिका ही हैं, यह ध्रुव सिद्धान्त है। सबमें सर्वत्र प्रकाशवपुष् परमेश्वर शिव ही अधिष्ठित हैं। लोकपाल भी प्रकाश के ही अंश हैं। प्रकाश का ऐश्वर्य इन्द्र, उसका मह (उद्घर्ष) अग्नि, उसका नियन्त्रक यम, ऊनिमा वरुण, चञ्चलता वायु, भाव संचयन वित्तेश, भावसंचय में विभु ईशान, वृंहक ब्रह्मा और अदृष्ट विग्रह अनन्त ये दश दिगीश भी प्रकाशांश ही हैं। अत: दिशायें प्रकाश के आधार पर ही निर्धारित मानी जाती हैं। स्वात्म प्रकाशांश के अनुकूल ही ये फल भी प्रदान करती हैं। पूर्वाभिमुख बैठने से भोग की प्राप्ति, पश्चिमाभिमुख में कुछ ऊनिमा, उत्तराभिमुखीभाव आदि से भी उसी प्रकार के फल प्राप्त होते हैं।

देह प्राणादिशोधन

इस तरह अभीष्ट दिशाओं की ओर मुख कर बैठने के बाद देह और प्राण का शोधन करना चाहिये। देह शोधन व्यापार में ध्यान का बड़ा महत्त्व है। देहशुद्धि

के लिये मन्त्रपूत आसन पर विराजमान होकर ध्यान में यह सोचना चाहिये कि, हमारे अंगुष्ठ के अग्रभाग से कालाग्निज्वाल के समान जान्वल्यमान और क्रमशः भास्वरभाव से सारे शरीर में उठता हुआ प्रकाश इस शरीर के भौतिक भाव को दग्ध कर रहा है। इस दाह क्रिया से भौतिकता का ध्वंस हो जाता है। इस कालाग्नि ज्वाल के मूल कारण मन्त्र होते हैं। अस्त्रमन्त्राग्नि से अध्यास रूप अहंभाव ही भस्म होता है। वास्तव में देह का देहत्त्व तो अशुद्ध अहंभाव से प्रेरित है। अहंभाव की समाप्ति को ही दाह कहा जा सकता है।

अब यह शरीर भस्म रूप रह जाता है। इसे भी वर्म (कवच) मन्त्र मरुत् से उड़ा कर शुद्ध चिदात्मबोध बिन्दु में स्वात्मविश्रान्ति का अनुभव करना श्रेयस्कर है। इस तरह देह प्राण का शोधन हो जाता है। साधना में यह प्रक्रिया अत्यन्त आवश्यक मानी गयी है। अब साधक सृष्टि की आद्यतरङ्गिता का अनुभव कर लेता है और वहीं विराजमान हो जाता है। वस्तुतः यह साधक की स्वात्म 'मूर्त्ति' कही जा सकती है। इस 'मूर्त्ति' को तारसद्बिन्दुहात्मिका (सोऽहं) मूर्त्ति कहते हैं।

न्यास

साधक की इस स्वात्मदिव्य स्थिति में नवात्मदेवरूप तत्त्वोदयात्मक न्यास, त्रितत्त्वन्यास, अघोराष्टक न्यास और सर्वोच्च शिवसद्भावन्यास की प्रक्रिया अपनायी जाती है। रतिशेखर न्यास का भी विशिष्ट महत्त्व है, जो नवात्मदेव न्यास के पहले ही होना चाहिये।

न्यास सम्बन्धी शंभुनाथ और लक्ष्मणगुप्त के मतभेदों के फेर में न पड़कर साधक किसी एक पद्धति का अनुगमन करे, यही उत्तम मार्ग है। शाक्त न्यास और यामल न्यास के विषय में गुरु से समझना आवश्यक है। मुक्ति चाहने वाले साधक को संहारक्रम अपनाना चाहियें। यह ध्यान देने की बात है कि शाम्भव, शाक्त और आणव भेद भिन्न मन्त्रन्यास भी षोढान्यास ही होना चाहिये। उससे देह में सर्वदेवतादात्म्य की सिद्धि हो जाती है।

मुद्राप्रदर्शन

न्यास के कारण पूरा स्वरूप दिव्य और मन्त्रमय हो जाता है। इसके बाद शारीरिक, मानसिक और वाचनिक मुद्राओं का प्रदर्शन भी अत्यन्त आवश्यक माना जाता है।

शांभवपरमार्थवेदन

इस प्रकार न्यास और मुद्राप्रदर्शन से साधक में एक शांभवपरिपूर्णता आ जाती है। जो यह कहते हैं कि, मृत्यु के बाद ही शैव समापत्ति संभव है, वे यह नहीं जानते कि, स्वात्मसंवित्ति की स्फुरत्ता से ही जीते जी साधक कैसे शांभव परमार्थ पीयूष से आप्लावित हो जाता है। महाप्रकाशरूपा स्वात्मसंवित्ति का विश्वरूपावभास ही परमेश्वर शिव की शिवता है। यही पारमैश्वर्य प्रकाश है। शिवता ही वैश्वरूप्यावभासिता है। साधक में स्वारस्य भाव से ही शिवता समरस हो जाती है। अब साधक में और शिव में अन्तर नहीं रह जाता। उसे शांभव परमार्थ का संवेदन हो जाता है। यह तथ्य सदा ध्यान में रखना चाहिये कि, यह शरीर मूलतः माया प्रमाता का शरीर है। भेद की विजृम्भा में माया ही मिल सकती है, राम नहीं। वहीं उक्त प्रक्रिया से अभेद अद्वयभाव की विजृम्भा में वही माया प्रमाता शिवप्रमाता रूप में समुल्लसित हो जाता है। दुष्ट हूँ, इस भावन से दुष्टता ही आ सकती है, वहीं शिवोऽहं इस भावन से साधक शिवत्व का महार्थ परमार्थ प्राप्त कर लेता है और स्वयं शिवरूप हो जाता है। विमर्श हृदयङ्गम हो जाता है। इसकी दृढता से शिवैकात्म्य रूपी निर्विकल्पता उपलब्ध हो जाती है। यही सर्वोच्च स्थिति है। यही प्राप्तव्यों का प्राप्तव्य है। जो साधक तीव्रतम या उद्रिक शक्ति के नैर्मल्य से निर्मल हो जाते हैं, उन्हें दीक्षा की, न्यास-अनुन्यास की कोई अपेक्षा नहीं रह जाती।

वाम शब्दाभिधान

न्यास और मुद्रा प्रदर्शन के संदर्भ में ही यह प्रश्न स्वभावतः उठता है कि, न्यास भी हाथ से ही किये जाते हैं और मुद्रा भी करकार्य ही है? हाथ से होने वाले इन कार्यों को किस हाथ से किया जाय? त्रिक दर्शन कहता है कि, ये सारे कार्य संसार के विपरीत हैं। अतएव वामाचार है। 'वामः विश्वविपरीतः, वामः लोकबहिष्कृतः, वामः मुक्त्यनुगुणः रहस्याचारः' इन उक्तियों से यही सिद्ध होता है। श्रीमतङ्गशास्त्र भी यही कहता है कि, वाम शब्द से गुह्यार्थ का ही बोध होता है। भगवान् शिव को भी वामगुह्य ही कहते हैं। श्रीनन्दिशिखाशास्त्र कहता है कि, वाम गुह्य रहस्यरूप है। यह अमृत है। खेचरी प्रिय है। इस विषय के जितने आचार हैं, वामाचार हैं। इनका सम्पादन भी वाम कर (बायें हाथ) से ही होना चाहिये। वाम भगवान् शंकर का तेज है। इसलिये बायें हाथ की अनामिका अंगुष्ठ योग से तर्पण आदि करना चाहिये। वामाचार परक मन्त्रप्रयोक्ता का समर्थन श्री भर्गशिखा नामक शास्त्र और श्रीगमनामक शास्त्र भी करते हैं।

श्री पञ्चामृतशास्त्र कहता है कि, शत्रुविजय के लिये तर्जनी, तर्पण में मध्यमा, शोषण में अनामा, हीन कर्म में कनिष्ठिका अंगुलियों का प्रयोग करना चाहिये। अंगुष्ठ भैरव है। मध्यमा चामुण्डा है। नवनित्याविधान शास्त्र कहता है कि, बायें हाथ का अङ्गुष्ठ ओर अनामा योग समस्त शक्तियों को तृप्त करता है।

देहयाग का सुपरिणाम

इस प्रकार पूर्व वर्णित प्रक्रिया देह याग से सम्बन्धित प्रक्रिया ही है। यह शास्त्र से सिद्ध है। इस तरह यह साधक-शरीर भौतिकता के विविध आकर्षणों से उन्मुक्त, सारी इन्द्रियाँ विषयरस से विमुक्त और प्राण संविद्रस संसिक्त हो जाता है। चिदानन्द की बोधसुधा से संपृक्त और आप्यायित साधक का अस्तित्व पारमेश्वर परमामृत से ओतप्रोत हो जाता है। यह अनुभव के आधार पर कहा जा सकता है कि, साधक स्वयं शिवत्व से अभिषिक्त होकर शिवमय ही हो जाता है।

विषयौन्मुख्य के विगलित हो जाने पर, भौतिक अस्तित्वगत पारिमित्य के विलुप्त हो जाने पर इस शरीर में शिवानन्दरस के अतिरिक्त शेष बचता ही क्या है? शिवानन्दरसमय इस ३६ तत्त्वों पर निर्भर शरीर को स्वयम् अनुभव करते हुए, इसे इसी रूप में देखते हुए और इसकी समुचित सेवा में रह कर इसकी शैवभाव से अर्चना करते हुए शिवका शाश्वत सान्निध्य प्राप्त कर लेता है। ऐसा साधक सचमुच सौभाग्यशाली है। यह वही स्तर है, जिसके विषय में उपनिषद् की उक्ति है—'भिद्यते हृदयग्रन्थिः छिद्यन्ते सर्व संशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि, तस्मिन् दृष्टे परावरे।' अन्तर इतना ही है कि, इस उक्ति से भेदवाद की गन्ध आ रहीं है और आगमिक साधक के स्वात्म का सौगन्ध्य शेष विश्व के लिये प्रतीक बन गया होता है।

अर्घपात्र

यहाँ विषयान्तर नहीं अपितु देहवत् याग की ही इसमें भी परिकल्पना की जाती है। देह शिवानन्दरसामृत सराबोर है। उसी तरह अर्घपात्र भी आनन्दरस शिवाम्बु (वीरद्रव्य) से परिपूर्ण रहता है। देह से भी विश्वात्म का तर्पण करते हैं, उसी तरह अर्घपात्र से भी विश्वात्म का ही तर्पण करते हैं। अर्घपात्र और स्वात्म की पूजा में कौन-कौन द्रव्य उपयोगी होते हैं, यह साधना पर निर्भर करता है। जैसे शान्ति के उद्देश्य से श्वेत, वश्य आदि में रक्त वस्तु गृहीत करते हैं। विपरीत प्रयोग नहीं करते, उसी

तरह साधना की दृष्टि से वस्तु का निर्णय कर लेना चाहिये। मुक्तिकामी मुमुक्षु साधक के लिये न कुछ विहित है, न कुछ निषिद्ध। उसे जो ही हृदयहारी लगे, उसी का प्रयोग कर लेना शिवसिद्धि प्रदान करने में सक्षम हो जाता है। शैवसंविदभेदसिद्धि हो जाती है। ऐसा अर्घपात्र बना कर उसके लघु लघु बिन्दुओं से समस्त कुसुमादि को प्रोक्षित कर लेना चाहिये। उन्हीं से स्वात्मशिवदेव रूप परमेश्वर की पूजा करनी चाहिये।

मनोयाग

इस तरह देह, प्राण और शून्यात्मक पूजन से शैवतादात्म्य की सिद्धि होती है। इस प्रकार बाह्याचार पूरा कर मनोयाग की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये। नाभि के नीचे आधार शक्ति का न्यास कर मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक प्रकाशयोग से शरीर ब्रह्ममय हो जाता है। शुद्धविद्या पद्म में वामा, ज्येष्ठा, रौद्री, काली, कलविकरणी बलविकरणी, बलमथनी, भूतदमनी और मनोन्मनी शक्तियों का न्यास करे। इसी तरह दल के केसरयुक्त मध्य में अग्नि, सूर्य और चन्द्र का न्यास ब्रह्मा, विष्णु और शिव से अधिष्ठित कर स्मृति में उतारना चाहिये। ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र ये सभी मायोत्तीर्ण रूप में वहाँ अधिष्ठित रहते हैं। इनसे ऊपर ध्यान द्वारा सर्वभावमय शिवत्व में अधिष्ठिति हो जाती है।

इस प्रकार साधना में साधक मूलाधार और स्वाधिष्ठान आदि चक्रों को पार कर जैसे अपनी नाभि के ऊपरी चक्रों का साधन करते है, उसी तरह सदाशिव को नाभि (मूलाधार, स्वाधिष्ठान सिद्धि के उपरान्त) से ऊपर उठकर विशुद्ध में न्यस्त करे और पुन: आज्ञा चक्र को पार कर निरोधिनी, नाद, नादान्त रूपी अराओं से सुशोभित शक्ति, व्यापिनी और समना से उज्ज्वल द्वादशान्त के औन्मनस पद पर त्रिशूलाब्ज की रमणीयता में समाहित हो जाये। त्रिशूलाब्ज में परापरा, परा और अपरा शक्तियों के साथ अनाख्य नामक सैंतीसवाँ तत्त्व न्यास्य है। यहाँ तक सारे ३६ तत्त्वों में विभजित प्रमेयत्व की विश्रान्ति परप्रमाता में हो जाती है। मनोयाग साधना का यह सर्वातिशायी प्रयोग माना जाता है।

आसन

ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र के दो स्तर हैं— १. मायान्तर्वर्त्ती रूप और २. मायोतीर्ण रूप। यह दूसरा रूप शास्त्र की दृष्टि से 'आसन' माना जाता है। ईश्वर और सदाशिव का मायान्तर्वर्त्ती रूप नहीं होता। ये दोनों नित्य मायोत्तीर्ण हैं। रुद्र के ऊपर ईश्वर और ईश्वर के ऊपर सदाशिव का न्यास करना चाहिये। सदाशिव सर्वोच्च आसन

पर विराजमान होते हैं। अत: महा प्रेत हैं। शास्त्रों में प्रेत शब्द में प्र उपसर्ग प्रकर्ष वाचक और इण् धातु गमन अर्थ से युक्त होने के कारण प्रकृष्ट स्थान पर पहुँच जाने के कारण सदाशिव महाप्रेत सिद्ध हो जाते हैं। सदाशिव परमशिव को उपाश्रित कर विद्यमान रहते हैं। शुद्ध विद्या और विद्येश्वर सदाशिवत्व प्राप्त कर ही परमशिवत्व में समाहित हो सकते हैं।

सदाशिव महाप्रेत रूप सर्वोच्च आसन है। चित्रों में प्राय: सोये सदाशिव पर महाकाली दृष्टिगत होती हैं।

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र में भी इस महा आसन के (८।७०) श्लोक में उल्लेख है कि, उस सदाशिवरूपमहाप्रेत की नाभि से उठे तीन शक्तिशूलशृङ्ग का स्मरण करना चाहिये। क, ख, ग इन तीनों से निकले द्वादशान्तपर्यन्त उत्थित इस त्रिक पर शाक्तपद्म का अनुध्यान करना चाहिये। यह सर्वाधिष्ठायक श्वेत अरविन्द परम आसन माना जाता है।

इस सन्दर्भ में सर्वदा यह ध्यान रखना चाहिये कि, विश्व के सारे तत्त्व, भेदभिन्न हैं। ये सभी उत्तरोत्तर आसन हैं। ये तादात्म्य भाव से सर्जन शृङ्खला में भेदभिन्न भासित होते हैं। इनकी यह भिन्नता ही पूज्यत्वयोग में निमित्त बनती है। भैरवतादात्मयबोध प्राप्त कराने में ये स्वतन्त्र हैं। अत: अशुद्ध देह दाहादिके माध्यम से शुद्ध शरीरोत्पत्ति का परिवेश प्राप्त हो जाता है। वह शुद्ध शरीरावस्थित पुरुष पूजक बन जाता है और ये तत्त्व पूज्य हो जाते हैं। इसमें तरप् तमप् भाव भी देखा जा सकता है। इस तरह आसन, पूज्य और पूजक भाव का स्पष्टीकरण हो जाता है। पर तत्त्वात्मा पूजक, परापर तत्त्व पूज्य और अपरतत्त्व आसनतास्पद माना जाता है। वाम दक्षिण अनुशासन के अनुसार विद्या और कला पर्यन्त आसन मानते हैं। मत और यामल सम्प्रदाय के अनुसार सदाशिव पर्यन्त और त्रिक शासन में उन्मना पर्यन्त परमासन की मान्यता है। इसका अर्चन आवश्यक है। इसके बाद गुरुपंक्ति की पूजा का भी विधान है। इस प्रकार पूजन के उपरान्त मूर्त्ति रूपा सार्द्धाक्षरा बीजपुटित मातृका मन्त्र और इसी तरह मालिनी विद्या का न्यास करना चाहिये। सिद्धातन्त्र में एकार्ण मन्त्र न्यास का ही उल्लेख है। मध्य में परा सद्भाव रूपिणी एवं कालसंकर्षिणी रूपा देवी की पूजा का उल्लेख है। इस विषय में विभिन्न आगमों के विभिन्न दृष्टिकोण प्रदर्शित हैं।

यह ध्यान देने की बात है कि, इच्छा, क्रिया और ज्ञान शिव के ही उल्लास मात्र हैं। ये तीनों शक्तियाँ पूर्ण अखण्ड शिव में शाश्वत स्पन्दित होती रहती हैं। यही शैव स्वातन्त्र्य है। इसी में वेद्यवर्ग की पार्थक्यप्रथा भी प्रथित होती है। वेद्य का स्थूल रूप सकल और सूक्ष्म रूप प्रलयाकल है। ये दोनों अशुद्ध वेद्य कालुष्य के अपगम से कुछ शुद्ध होने पर अप्रबुद्ध ज्ञानाकल और प्रबुद्ध मन्त्र कहलाते हैं। ये प्रबुद्ध हैं अर्थात् नीद से उठ गये होते हैं किन्तु अभी उन्हें कतिपयात्मक वेद्यवर्ग की ही जानकारी हो पाती है। अखिल वेद्यवर्ग की जानकारी होने पर ये मन्त्रेश्वरपदवी पर आरूढ़ होने के अधिकारी हो जाते हैं। मन्त्रमहेश्वर भिन्न-अभिन्न सभी वेद्य वर्ग के विज्ञ होते हैं। इस प्रकार प्रेत और आसन के प्रसङ्ग और सुशिवान्त अध्वावर्ग का वर्णन किया गया।

वास्तविकता यह है कि दृक्, कर्म और इच्छा ये तीनों शिव की अखण्ड व्याप्ति में वेद्य का विस्तार करती हैं। शैव महाभाव के शांभव साम्राज्य में सकल, प्रलयाकल, विज्ञानाकल, मन्त्र, मन्त्रेश और मन्त्रमहेश्वर प्रमाताओं के प्रमेयों की परिमिति के मूल में इन्हीं तीनों की लीला का विलास योगिजनों को स्वत: अनुभूत होता है। इदन्ता और अहन्ता की पार्थक्य प्रथा का विश्लेषण साधक के लिये अनिवार्य माना जाता है। अहन्ता में इदंता की विश्रान्ति की साधना करनी पड़ती है। भिन्नता को अभिन्नता में समाहित करना पड़ता है। विश्वात्मकता में वेद्यावेद्य की विभा का अभास्वर और भास्वर विस्तार समझने का ही विषय है, जिसे साधक साक्षात्कृत कर लेता है।

सृष्टि के शाश्वत प्रसार में एक तरफ भेद प्रसर का विगलन होता रहता है। दूसरी तरफ विकास भी होता रहता है। साधक की संभूतियों में इनका प्रत्यक्षीकरण होता रहता है। उस समय साधक मन्त्रमहेश्वर पद पर प्रतिष्ठित हो जाता है। वह अनुभव करता है कि दृक्, कर्म और इच्छाओं का संकीर्णासंकीर्ण स्वरूप क्या है। भेदविगलन की अवस्था कैसी होती है। वह स्पष्ट देखता है— सहस्रार के ऊपर जाती हुई तीन अराओं के शूलकमलों का विकासमयी वह औन्मनसी पद्मत्रयी शिव की परम आसन है। उस आसन पर विराजमान अपने इष्ट का सौभाग्यशाली साधक दर्शन करता है।

काल संकर्षिणी देवी शक्ति—

इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियों के चमत्कार का, उनके आधार रूप में, उनके आधेय रूप में, उनके भेद कालुष्य रूषित रूप में और उनके औन्मनस पद्मत्रयी रूपों

में अनुसन्धान साधक करता है। इससे भी आगे बढ़ कर स्वातन्त्र्य मात्र-सार अवस्था में इनके काल संकर्षिणी रूप की परानुभूति-भव्यता में साधक शैव महाभाव से तादात्म्य प्राप्त कर लेता है। इस कल्पनातीत अवस्था में भेदावच्छेदकलना की ग्रसिष्णुता आ जाती है। काल की कलनात्मकता पूरी तरह समाप्त हो जाती है। पर प्रमातृरूपा इस संवित् शक्ति को शास्त्रकार काल संकर्षिणी कहते हैं।

काल संकर्षिणी भेदविगलन की चतुर्थ अवस्था की संज्ञा है। पहली अवस्था में जब दृक्कर्मेच्छा असंकीर्ण रहती हैं और उनके भेद का विगलन प्रारम्भ हो जाता है। संस्कृत व्याकरणानुसारशतृ प्रत्यय के सांयोगिक अर्थ में अर्थात् गलद्भेदता में तीन अराशक्तियों का शाक्त उल्लास होता है। दूसरी अवस्था में 'क्त' प्रत्ययान्त गलित शब्द, भेदता के साथ प्रयोग कर गलितभेदता शब्द का अर्थ व्यक्त होता है। इसमें ऊपर तीन पद्म विकसित हो जाते हैं। इन्हें त्रिशूलाब्ज कहते हैं। तीसरी अवस्था में दृक्, कर्म और इच्छा की एक दूसरे में एकरूपता की भेदवादिता का विगलन होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि, यह परा है, यह परा नहीं है और यह पराभी है और अपरा भी है। तीनों में अन्योन्यात्मकता की अनुभूति यहाँ रहती है। चौथी अवस्था में यह सब कुछ आकलन समाप्त हो जाता है। यही वास्तविक गलित भेदता की अवस्था होती है। इसे हम संविदद्वैत दशा भी कह सकते हैं। यही अवस्था काल संकर्षिणी अवस्था है।

यही काल संकर्षिणी काल का बहिः संकर्षण भी करती है। वह सद्भाव रूपिणी मानी जाती है। तत्त्व रूप में, सत्ता रूप में और व्यक्त अवस्था में प्राप्ति रूप से यही शक्ति त्रितय रूप में विद्यमान है। यह मेय रूप में स्फुरित हो कर विश्व जननी कहलाती हैं। स्वतन्त्रता ही इसका परमार्थ है।

गुर्वागमानुरोध क्रम और मन्त्रजप—

श्रीमान् परम गुरुदेव शम्भु ने शास्त्रकार को स्वयं सब कुछ बताया था। श्री डामर महातन्त्र में ये सारी बातें विस्तार पूर्वक कही गयी हैं। बाह्य याग में इन तीनों पद्मों के पूजन का विधान है। अस्रान्त परिवारौघ का पूजन होता है, यह परम्परा से प्राप्त तथ्य है। त्रिशूल पर्यन्त इन देवियों के तादात्म्य भाव से पूजन में वैश्वात्म्य का अर्पण करने के उपरान्त दश प्रकार से मन्त्रों का जप करना चाहिये। एक एक मन्त्र में त्रिशक्ति रूपत्व के कारण त्रित्व है। पुनः तीनों परा, अपरा और परापरामन्त्रों का त्रित्व गुणित होने

पर नवत्त्व और अविभाग मयी देवी का एक अद्वैत रूप जोड़ देने से दश प्रकार के मन्त्र का जप पूरा होता है।

इन मन्त्रों को नाभि में, हृदय, कण्ठ तालु और ऊर्ध्वकुण्ड में प्रज्वलित ज्वालामय जातवेदस की तरह ध्यान करने से जपकर्त्ता में भी ऊर्जा का जाज्वल्यमान आटोप प्रकट हो जाता है। जिस अध्वा में गुरु ने दीक्षा दी है, उस का शोधन कर पूर्णतया समर्पण करने का निर्देश शास्त्र करते हैं।

खेचरता की प्राप्ति

आणव, शाक्त और शाम्भव शूलसिद्धि क्रमशः ऊर्ध्व द्वादशान्त पर्यन्त है। यह सारा साधना क्रम में अवश्य करणीय माना जाता है। इसे स्मरण करना चाहिये।

यह पूरा दिव्य मण्डल देवचक्र मय है। इसकी सिद्धि हो जाने पर साधक में भी खेचरत्व की शक्ति आ जाती है।

मूलाधार से ऊर्ध्वदादशान्त तक की इस साधना विधि से आकश में गति और स्थिति दोनों शक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं और आकशीय अमृत उपलबध हो जाता है। मा. वि. ७।१५ में इस विधि का निर्देश है।

बहिर्याग और अन्तर्याग

शास्त्र के अनुसार प्राणाचार क्रम से व्योम पर्यन्त साधना में सिद्ध होना सर्व प्रमुखतया आवश्यक है। इसके बाद ही बाह्यविधि का आचरण किया जा सकता है। बहिर्याग और अन्तर्याग में अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है। जो इस भाव को जाने बिना इनका सम्पादन करता है, वह सचमुच पाशबद्ध माना जाता है।

त्रिशिरस शास्त्र में अस्त्र मन्त्रित धान्यादि का दिशाओं में, प्रक्षेप कर निरीक्षण, प्रोक्षण, ताडन, आप्यायन, विगुण्ठन आदि संस्कार कर पञ्चामृत या पञ्चगव्य से कुश द्वारा सर्वाङ्ग संप्रोक्षण भी करने का विधान है। पुनः नादि फान्त मालिनी का स्मरण कर सविधि गणेश की पूजा की जानी चाहिये। मण्डप के सारे कार्य पूरा कर मध्य में गन्ध-मण्डल में गुरु की पूजा आवश्यक होती है। इसके बाद कुण्ड प्रक्रिया और होम प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये।

कुण्ड के संस्कार और पूर्णाहुति

कुण्ड के १. उल्लेख, २. सेक, ३. कुट्टन, ४. लेप, ५. अक्षवृत्ति परिकल्पन, ६. स्तर, ७. परिधि, ८. विष्टर, ९. स्थिति और १०. कुण्डरञ्जन ये दश संस्कार होते हैं। इसके साथ ही, कुशचतुष्पथ, कुश संवृत्ति, वज्रीकरण प्रयोग, कुण्ड समावृत्ति, परिधि आदि क्रियायें पूरी की जाती हैं।

कुण्ड संस्कार के अनन्तर मातृका और मालिनी न्यास की विधि अपनायी जाती है। अग्नि स्थापन, पञ्चाङ्ग संस्कार और हवन यही यज्ञ का क्रम है। इसके बाद पूर्णाहुति की प्रक्रिया पूरी होती है। इन समस्त क्रियाओं में शैव तादात्म्य का अनुसन्धान भी परम आवश्यक माना जाता है। इसी के क्रम में मातृका मालिनी स्मरण, पितृ पूजन, चरु प्रक्रिया, स्रुक स्रुवा योजन, 'स्वा,' और 'हा' के विज्ञान के साथ पूर्णाहुति का हवन कर मण्डप का सारा विधान पूरा कर लिया जाता है।

मण्डप से शिष्य के बाहर आने का विधान

बहि:नि:सरण व्यापार में शिष्य को विविधरूप से संस्कार सम्पन्न कर, उसकी आँखों पर पट्टी लगाकर, उसकी अञ्जलि में रत्नादि यथाशक्ति द्रव्य रख कर (यदि एक शिष्य है, तो उसी को, या कई शिष्य होने पर सभी को ऐसा ही कर के) बाहर स्थण्डिल के पास जितनी हो सके, उतनी शीघ्रता से पट्टी खोल देनी चाहिये। उस दशा में शिष्य के समक्ष शैव सद्भाव भूषित यह विश्व प्रसार उल्लसित दीख पड़ता है। शिष्य समस्त विधियों को सम्पन्न कर मन्त्रों से आविष्कृत दिव्य तेज से तेजस्वी दीख पड़ता है। उसके समस्त ताप-पाप उद्ध्वस्त हो जाते हैं।

शिव स्वरूप दैशिक गुरु दीक्षा के समय शिष्य की ऊर्जा को जागतृ करने के लिये अपने दाहिने हाथ में समस्त अध्वावर्ग से समन्वित विशिष्ट मन्त्रों का न्यास करता है। उसे बायें हाथ से ढक कर ध्यात मन्त्रों की शक्ति की वैद्युतिक ऊर्जा को उद्दीप्त करता है। इस विधि के पूरा होते ही वह दाहिना हाथ 'शिव हस्त' हो जाता है। इस का प्रयोग शिष्य के ऊपर करते हैं। शिष्य इस विधि से समयी हो जाता है। समयी शिष्य ही पुत्रक दीक्षा का अधिकार प्राप्त करता है। उसका प्रयोग सद्य: उच्चिक्रमिषु पुरुष के लिये नहीं करना चाहिये। ऐसा साधक ही अभिषेक का अधिकार प्राप्त करता है।

दैशिक गुरुदेव के हाथ में देदीप्यमान भैरव चक्र का ध्यान करते ही शिव हस्त से विनि:सृत रश्मियों की अकल्पनीय ऊष्मा से शिष्य की पाश राशि ध्वस्त हो जाती है। इसके प्रभाव से शिष्य स्वात्म-नैर्मल्य से उदात्तचरित्र हो जाता है। उसमें समयी के सारे गुण आ जाते हैं। शिष्य को पुत्रक भाव की प्राप्ति हो जाती है। केवल यही नहीं, वरन् वह राजपुत्रवत् हो जाता है। छः राजपुत्रों को शिष्य बना कर उन्हें दिव्य मुमुक्षु-दीक्षा दी गयी थी। यह कथा आगमिकों को परमपरा से ज्ञात है। जैसे वे राजपुत्र उत्कर्ष के चरमपरम से परमार्थ विज्ञान विज्ञ हो गये थे, उसी प्रकार शिवहस्तविधि से अभिषिक्त शिष्य राजपुत्रवत् उच्च अनुभूतियों से उद्दीप्त हो उठता है। सारी दीक्षायें समयदीक्षापूर्वक ही सम्पन्न की जाती हैं।

शय्या प्रकल्पन

शिवहस्त विधि से संप्लुष्ट पाशक शिष्य इसके बाद यज्ञ की अन्य विधियों (जैसे भूत बलि, मातृबलि, क्षेत्रपालादि बलि का विधान पूरा करे यह निर्देश है। सभी गुरुजनों को प्रणाम कर स्वयं विश्रान्ति का प्रबन्ध करना और इसके बाद शय्या का प्रकल्पन करना शिष्य का कर्त्तव्य है। अस्त्र मन्त्रों से अभिमन्त्रित शय्या पर शिष्य को बिठलाना और उसे मन्त्रन्यस्त करना यह गुरुदेव द्वारा सम्पन्न करना चाहिये।

शिष्य के हृदय-चक्र में गुरुदेव स्वयं विश्रान्त हो कर अपनी ऊर्जा से शिष्य के व्यक्तित्व को ऊर्जस्वलता प्रदान करें। इस प्रक्रिया से शिष्य की अधो द्वादशान्त से ऊर्ध्व द्वादशान्त तक की स्वरयात्रा सिद्ध हो जाती है। इससे जीवन का परिष्कार हो जाता है। इसी क्रम में उसके अपान चन्द्र की विश्रान्ति में नींद आती है। नींद की दशा में चन्द्र के साथ प्राण सूर्य की विश्रान्ति का अनुभव करता है। शिष्य सो जाता है।

स्वप्न दर्शन और लक्षणपरीक्षा

इसी अवस्था में शिष्य को भविष्यत् का स्वाप्निक साक्षात्कार होता है। इधर शिष्य शयन में होता है, उधर गुरु यज्ञशेष चरु का स्ववर्गीय व्यक्तियों के साथ सस्नेह प्राशन करते हैं। दन्तधावन के बाद स्वयं गुरु भी विश्रान्ति लेते हैं। दोनों जिन स्वप्नों को देखते हैं, उनका मिलान कर यह निर्धारण करते हैं कि, अभी व्यक्तित्व के परिष्कार में तामसिकता और राजसिकता की समाप्ति में कितने संस्कार अपेक्षित हैं? सात्त्विकता के उदय के अनन्तर चिदैक्य समापत्ति के लिये शिष्य को क्या करना चाहिये? आदि। शिष्य के ऊपर इसी अवस्था में गुरु अपेक्षित शक्तिपात करता है।

आयात शक्तिपात शिष्य

उस समय शिष्य के ऊपर जब गुरु का पूर्ण अनुग्रह होता है और उसकी साधना के संस्कार जब प्रौढ हो जाते हैं, तो वह आयात शक्तिपात शिष्य कहलाता है। ऐसे शिष्यों को यद्यपि वे दीक्षित हैं, प्रौढता को प्राप्त हैं और आचार का अनुसरण करते हैं, फिर भी सामय कर्म का अनुपालन अनिवार्य माना जाता है।

सामय कर्म

समय सम्बन्धी कर्म को सामय कर्म कहते हैं। समन्त्रक देवतार्चन, प्रतिदिन षट्चक्र भेद साधन, आहार, बीज भाव शुद्धि के लिये ४८ संस्कारों का सम्पादन शिष्य के लिये आवश्यक होता है। शूद्र, वैश्य, क्षत्रिय और ब्राह्मण किसी वर्ग का शिष्य हो, उसमें इसी तरह द्विजत्व का आपादन होता है।

४८. संस्कार (ब्रह्मचर्यव्रत के अन्तर्गत १४)

१. गर्भाधान, २. पुंसवन, ३. सीमन्त, ४. जातकर्म, ५. नामकरण, ६. निष्क्रममण, ७. अन्नप्राशन, ८. चूडाकर्म, ९. व्रतबन्ध, १०. ऐष्टिक, ११. मौंजीबन्धन, १२. भौतिक, १३. सौमिक, १४. गोदान।

विवाह संस्कार

१५. गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिये यह पन्द्रहवाँ विवाह संस्कार अनिवार्य होता है।

पाकयज्ञ के सात संस्कार

१. अष्टका श्राद्ध, २. पार्वण श्राद्ध, ३. श्रावणी, ४. शारद अन्नप्राशन, ५. वसन्त अन्नप्राशन। इन दोनों को आग्रायणी संस्कार भी कहते हैं। ६. मैत्री और ७. आश्वयुजी। इस तरह यहाँ तक १५+ ७= २२ संस्कार होते हैं।

हविष्य सम्बन्धी सात संस्कार

१. आधेय, २. अरणि मन्थन, ३. अग्निहोत्र, ४. पौर्णमास, ५. दर्श, ६. चातुर्मास्य और ७. सौत्रामणि। यहाँ तक २२+ ७= २९ संस्कार होते हैं।

याग सम्बन्धी सात संस्कार

१. अग्निष्टोम, २. अत्यग्निष्टोम, ३. उक्थ्य ४. षोडशिका, ५. वाजपेय, ६. अतिरात्र और ७. आप्तोर्याम। इस प्रकार २९+ ७= ३६ संस्कार होते हैं।

हिरण्य यज्ञ संस्कार (चित्य यज्ञ)

१. हिरण्यपाद, २. हिरण्यगुह्य, ३. हिरण्य मेढ्र, ४. हिरण्यनाभि, ५. हिरण्य गर्भ, ६. हिरण्यश्रोत्र, ७. हिरण्यत्वक्, ८. हिरण्याक्ष, ९. हिरण्यजिह्व और १०. हिरण्यशृङ्ग। यहाँ तक ३६+ १= ३७ संस्कार होते हैं। यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि हिरण्ययज्ञ के ये १० भाग चित्ययज्ञ नामक १ संस्कार के ही हैं।

अश्वमेध—यह अड़तीसवाँ संस्कार है। उक्त सैंतीस संस्कारों में इस अश्वमेध यज्ञ नामक संस्कार के योग से ३८ संस्कार पूरे होते हैं। इन्हीं संस्कारों से सम्पन्न समाजरचना के कारण भारतीय संस्कृति संसार में सर्वश्रेष्ठ संस्कृति मानी जाती है। उक्त वर्गीकरण में यह ध्यान देने की बात है कि, चौदह ब्रह्मचर्य व्रत के संस्कारों के बाद चौबीस गार्हस्थ्य जीवन के संस्कार माने जाते हैं।

महत्त्वपूर्ण अन्य दो संस्कार

१. वानप्रस्थ-वन की ओर प्रव्रजन कर वैराग्य पूर्ण ब्रह्मचर्यमय जीवन पद्धति अपनाने का यह संस्कार पहले प्रचुर रूप से प्रचलित था।

२. पारिव्राज्य— जिस दिन विराग पूर्णतया सिद्ध हो जाय, यह संस्कार अपना लिया जाता था। यह संन्यासी जीवन समाज के उत्कर्ष के लिये समर्पित था।

आत्मगुणाष्टक

यहाँ तक ३८+ २= ४० संस्कार पूर्ण हो जाते हैं। अब आवश्यकता होती है, आत्मपरिष्कार की। उसके लिये इन आठ गुणों का अपनाना आवश्यक है। ये हैं— १. दया, २. क्षमा, ३. अनसूया, ४. शुद्धि, ५. सत्कृति, ६. मङ्गल, ७. अकार्पण्य और ८. अस्पृहा। इन आठ गुणों को मिला कर ४८ संस्कार पूरे हो जाते हैं।

कुछ अन्य संस्कार

इन ४८ संस्कारों के अतिरिक्त जीवन के परिष्कार और व्यक्तित्व के विकास व उत्कर्ष के लिये आगमिक मनीषियों ने यह आवश्यक समझा कि, दैनिक चर्या

में कुछ और आचरित करना चाहिये। इसके लिये उन्होंने व्रतबन्ध के अङ्ग रूपमें सात प्रक्रियाओं पर बल दिया है। इसी तरह भूतेश, पशुपति, गणेश, गणपति, उन्मत्त भैरव, असिधार और घृतेश नामक दिव्य शक्तिमन्तों के सात व्रत करने का भी अनुरोध किया है।

जहाँ तक अन्त्येष्टि का प्रश्न है, यह केवल गृहस्थ की होती है। संन्यासी की अन्त्येष्टि का रूप ही दूसरा होता है। इन सभी संस्कारों का पालन संवित् तत्त्व के आपादन के लिये आवश्यक है। तन्त्र शास्त्र चिदैक्य साधनारूप द्विजत्व की सम्प्राप्ति में योनि अर्थात् जन्म को कारण नहीं मानता अपितु आत्म परिष्कार संवित्ति को ही कारण मानता है। महाभारत का उदाहरण देकर इसे सिद्ध भी किया गया है। जो साधक द्विजत्व का आपादन कर लेता है, वही पूर्ण मनुष्य माना जा सकता है।

अष्टाष्टक भेद भिन्न समय कर्म

१. अवाद समय

१. स्वभाव का अप्रख्यापन, २. मन्त्रमौन, ३. तन्त्र मौन अर्थात् मन्त्र-तन्त्र की जानकारी का अप्रख्यापन। ४. समय और ५. आचार का अप्रख्यापन, ६. अनृत-ऋत-मौन ७. असत्प्रलाप मौन और ८. परुषवचन अवाद।

२. अकरण

१. अफलचेष्टा, २. हिंसा, ३. परदाराभिमर्श, ४. गर्व, ५. दम्भ, ६. तान्त्रिक प्रयोग, ७. विषप्रयोग और ८. व्याधितन्त्र।

३. गूढि

१. गुरुमन्त्र (मूलमन्त्र), २. रुद्राक्षमाला, ३. स्वात्मविज्ञता, ४. ज्ञान का स्तर, ५. समयाचार सम्प्रदाय, ६. गुण, ७. क्लेश और ८. इच्छा इन आठों को सदा छिपाना चाहिये।

४. पूजा

१. गुरु, २. शास्त्र, ३. इष्ट, ४. अग्नि, ५. ज्ञानवृद्ध, ६. वयोवृद्ध, ७. स्त्रीव्रत और ८. गुरुजन।

५. तर्पण

१. दरिद्रनारायण, २. दुःखी, ३. पितर, ४. क्षेत्रपाल, ५. जीवजन्तु, ६. पक्षिवर्ग, ७. श्मशान भूतप्रेत और ८. शरीरस्थ करणेश्वरी देवियाँ। इन आठों की तृप्ति में सदा लगे रहना चाहिये।

६. भावन

१. शिव, २. शक्ति, ३. स्वात्म, ४. मुद्रा, ५. मन्त्र ६. विश्व, ७. भूख और ८. मुक्ति इनकी सदा अनुसंधित्सा करनी चाहिये।

७. हनन

१. राग, २. द्वेष, ३. असूया, ४. संकोच, ५. ईर्ष्या, ६. अभिमानिता, ७. समय-शत्रु और ८. अनाचार इन आठों का हनन करना चाहिये।

८. मोहन

१. पाशव भाववान्, २. क्रूर, ३. द्वेषी, ४. पिशुन, ५. जड, ६. कुमार्गगामी नृप, ७. अनुचर और ८. विघ्नप्रद दुष्ट इन आठों को मोह मुग्ध कर उनका सुधार और अपने को निरापद बना लेना चाहिये।

ये अष्टाष्टक अर्थात् ८x ८= ६४ आचरणीय समय कर्म हैं, जो साधक के उत्कर्ष में सदा सहायक हैं।

पूजनीय शाकिनी वर्ग

१. साहस में द्विगुणित स्त्री, २. चौगुनी कामशक्तिवाली स्त्री, और ३. लोभ में आठ गुनी स्त्री। ये तीनों शाकिनी कहलाती हैं। इनका सदा आदर करना चाहिये।

ऐसे लोग जिनके साथ नहीं रहना चाहिये

१. कुलाम्नाय के विपरीत आचरण करने वालों और २. वीर द्रव्य बाह्य पुरुषों के साथ कभी भी वास नहीं होना चाहिये।

अवश्य व्यवहर्त्तव्य निर्देश

१. देवताचक्र, गुरु, अग्नि और शास्त्र की सममान्यता

२. इनको अनिवेदित भोजन का निषेध

३. इनके द्रव्य की रक्षा, स्वयम् अपहरण वर्जित

४. गुरुवर्ग का समादर

५. गुरुपरिजन, गुरु पुत्र आदि और सहपाठीवर्ग का समादर

६. विद्याकृत सम्बन्धों को महत्त्व प्रदान करना

७. गुरुवर्ग की निन्दा का निषेध, निन्दा श्रवण निषेध, कुपितकरण निषेध, गुरु से आगे चलने का निषेध

८. सेवा के अतिरिक्त विना गुरु की आज्ञा के कुछ भी करने का निषेध

९. गुरु प्रयुक्त शय्या, वस्त्र आदि के उपभोग का निषेध

१०. उनके चरण चिह्न पर शिष्य के पैर पड़ने का निषेध

११. शिष्य की सर्वोच्चता भी गुरुचरणों में अर्पणीय

१२. गुरु की प्रसन्नता अद्भुत फलप्रदा होती है। अतः सदा गुरु-सेवा का विधान

१३. गुरुदेव के प्रति सर्वोच्च गौरव का भाव

१४. गुरुसंभाषण से पातकों का नाश

१५. शास्त्राचार, वर्त्तन, शास्त्रानुशासन

१६. गुरुदेव की तृप्ति में देवों और पितरों की तृप्ति

१७. गुरु निवास ही स्वर्ग

१८. शाकिनी वाचक शब्दों के उच्चारण का निषेध

१९. विरूप वृद्ध आदि कुरूप स्त्रियों के अनादर का निषेध

२०. निराचार, सर्वभक्षी, धर्माधर्मवर्जित, स्वैरिणी, पलाशिनी, लम्पटा, वेश्यायें आदि स्त्रियाँ देवतावत् पूज्य

२१. नग्न स्त्री का दर्शन निषिद्ध, कूबड़ी के कूबड़ की तथा टेढ़ी कमर, झुकी कटिनी का भी आदर।

२२. सभी सामान्य विशेष पर्वों के विधिपूर्वक कर्म का विधान

२३. गुरुपूजा के दिन अनध्याय, मेला से विराग

२४. वीरद्रव्य और मद्य की निन्दा का निषेध

२५. आगत का स्वागत, गुरु का हर क्षेत्र में स्वागत

२६. शास्त्र के विन्दुओं का विमर्श, जल्प आदि का निषेध

२७. शास्त्रान्तर सेवन निषिद्ध, इतर विज्ञान निषिद्ध

२८. अधरशास्त्रज्ञों से पृथक् रहने का आदेश, अधरशास्त्रस्वाध्याय निषेध, इसके संस्कार का वर्जन

२९. वेदोक्ति और वैष्णवादि उक्तियों का अश्रवण

३०. अकुलीन से असंपर्क।

३१. गुर्वन्तर सेवा निषिद्ध, अनाचार से दूर रहने का विधान

३२. पूर्व जाति का विस्मरण, किसी से जाति न पूछना, निशाचर्या, जनमेलक निषेध

३३. जले मांस और श्मशान गन्ध का सूँघना उत्तम

३४. मन्त्रमय जीवन चर्या, शास्त्र, पूजा, जप, ध्यान इत्यादि आचरणीय।

३५. समय दीक्षा की शर्त्तों का अनुपालन

३६. शिव की संम्प्राप्ति में गुरु प्रधान कारण

३७. गुर्वायत्ता सर्व सिद्धि

३८. ज़िससे दीक्षा प्राप्त हो, जिसने मन्त्र दिया हो और जिससे तत्त्व ज्ञान हो, वस्तुत: वही गुरु है।

३९. अव्यक्त लिङ्ग रहने और व्यक्तलिङ्ग धारण करने का आदेश

४०. मन्त्र विज्ञान का वैशिष्ट्य आदि ये ऐसे कर्म हैं, जिनका अनुपालन समयी के लिये अत्यन्त आवश्यक है। ये मुख्य चालिस विन्दु समयी के लिये पालनीय हैं।

संवित्तत्त्व के अखण्ड बोधात्मक स्वरूप का परिचय और उसमें समावेश का अभ्यास, संकोच पूर्ण कंचुकों के कालुष्य का सार्वात्म्येन विनाश, अखण्ड सद्भाव, शैव सद्भाव की संभूति की भव्यता से भव्य अपने व्यक्तित्व के निर्माण में सदा संलग्न रहना शिष्य के लिये अनिवार्य होता है।

प्रभु वामदेव शिव के परिवेश में शुद्धि और अशुद्धि का खण्डित विचार नितान्त त्याज्य है। किसी प्रकार के दुराग्रह के लिये यहाँ कोई स्थान नहीं। किसी मख में देवी की तृप्ति ही मुख्य रूप से ध्यातव्य मानी जाती है। रक्त और मांस से जितनी तृप्ति देवी की होती है, उतनी शुद्धि आदि की योजना से नहीं होती।

यहाँ द्विज और अन्त्यज का भेद नहीं माना जाता। इन दोनों में समान रूप से वेद शास्त्र की चर्चा अवश्यकरणीय है। शैव रश्मियों से यो दोनों समान रूप से ही भासित होते हैं। इन दोनों में बोध का विस्तार सम्भव है। इस सन्दर्भ में विकल्प और विकार यह शास्त्र नहीं स्वीकार करता।

यह शरीर सर्व देव मय है। समस्त प्राणी समान हैं। सब में समान रूप से संवित् तत्त्व का उल्लास है। यह शरीर ही सब से बड़ा आयतन है। इस से बड़ा कोई आयतन नहीं होता। कोई तीर्थ तीर्थ नहीं वरन् मन्त्र तत्त्व सबसे बड़ा तीर्थ माना जाता है। किसी तीर्थ में जाने से अच्छा अपने शरीरायतन में मन्त्रमयता का आकलन किया जाय। साधना विधि की सिद्धि से समस्त साधनायें सिद्ध हो जाती हैं। समाधि रूप शैव समावेश ही सब से बड़ा प्राप्तव्य कर्म है।

इन बातों का विचार कर विज्ञानज्ञ पुरुष संमोह के मायाजाल से उठ कर मन्त्र के हृदय का आविष्कार करें और परमानन्द की उपलब्धि में समाहित हो जाँय, यही शास्त्र का तात्पर्य है। अन्य सम्प्रदाय निष्ठ मन्त्रजाल का परित्याग कर स्वकीय आम्नायगत मन्त्रों का ही अभ्यास करना चाहिये।

जहाँ तक नैवेद्य का प्रश्न है, उसे ग्रहण करने के बाद जो शेष बचे, उसे नदी या कूप जल में छोड़ देना चाहिये। जलचर पूर्वजन्म के दीक्षित होते हैं। उनके द्वारा शेष नैवेद्य कर भोजन कर लेने पर दोष नहीं होता।

ये नियम अवश्य पालनीय हैं। इनके पालन से परतत्त्व के साक्षात्कार में सौविध्य होता है। ये सभी नियम जीवन को अनुशासित करते हैं। ज्ञान प्राप्ति के ये सरलतम अभ्युपाय हैं।

समय श्रवण के अनन्तर शिष्य दैशिक आचार्य का सत्कार करे। अपने शारीरिक स्थौल्य की वास्तविकता का विचार करे और शाक्त भाव में समाहित हो जाय। मूर्त्ति का विलापन कर दे। चिद्व्योम में शैव-सद्भाव की भव्यता का शृङ्गार करे।

पुत्रक दीक्षा में पूर्णाभिषेक आवश्यक माना जाता है। महेश्वर जल रूप में मूर्त्तिमन्त होकर प्रवाह की दिशा का उद्बोधन करते हैं। यह समय दीक्षा प्रकरण महत्त्वपूर्ण है। 'समयन्ति परं तत्त्वं' विग्रह के अनुसार ये आचार और नियम परतत्त्व के परम मन्तव्य का पता देते हैं और समयी शिष्य कृतार्थ हो जाता है।

●

विषयानुक्रमः

क्रमाङ्क *विषयवस्तु* *पृष्ठ-संख्या*

१. स्वात्मविमर्श १-६
२. सारनिष्कर्ष, चतुर्दश आह्निक ७-११
३. सारनिष्कर्ष, पञ्चदश आह्निक १२-४४
४. विषयानुक्रम ४५-६१

१. चतुर्दशतममाह्निकम् [१-३५]
१. जयरथ मङ्गल श्लोक १
२. तिरोधान का स्वरूप २
३. परमेश्वर के स्वच्छन्द नाम का कारण २
४. नियतिक्रम स्पर्श-प्रकाशन ३
५. अनियतिक्रमस्पर्श प्रकाशन ४-५
६. नियतित्यागात्यागवैशिष्ट्य ५-६
७. दृष्टान्त प्रदर्शन पूर्वक तिरोधान का स्वरूप विमर्श ६-८
८. मानस्तोत्र में उक्त श्रीविद्याधिपति के विचार का अर्थद्वारक प्रकाशन ९-१०
९. अप्रबुद्ध की प्रबुद्धवत् चेष्टा का प्रभाव ११-२२
१०. तिरोधान और प्राक्तन कर्म के सन्दर्भ में समविधि का निर्देश १२
११. परमेश्वर की इच्छा का कारणत्व १३
१२. इच्छा वैचित्र्य से दुःखवैचित्र्य १३
१३. कालकामान्ध और पौलस्त्य पुरवासियों का उदाहरण १४
१४. समयोल्लङ्घनात्मक तिरोधान, श्रीमदानन्दगह्वर शास्त्र का उदाहरण एवं मन्द-तीव्रादिभेद १४-१५

१५. तिरोधान दशा से स्वयं या पर द्वारा अनुग्रह की उपलब्धि एवं शिवतामयत्व की संभावना १५-१६

१६. पंचकृत्य में संवित्तत्व का कर्त्तृत्व एवं शांभवावेश-संपन्न योगी का स्तर १७

१७. ऐन्द्रजालिक वृत्तान्त में अनुराग का निषेध, सादाशिव स्तरीय भोग का भी बन्ध कारणत्व, ज्ञातृत्व, शिवता और स्वातन्त्र्य, क्रिया और ज्ञान का स्वरूप, कुलाल का कर्त्तृत्व और शिवत्व, शिवोऽहं की अखण्ड वृत्ति की महत्ता की स्थापना १८-१९

१८. विश्व अहंभाव, योगी की इच्छा का अनुवर्त्तन और अहंता की स्थिति, देह, और शिव, देहता की निष्पत्ति का मूल २०-२१

१९. श्रीसिद्ध सन्तान और ऊर्मिमहाकुल शास्त्रों के सिद्धान्तों की दृष्टि, विमुक्ति और उत्क्रान्ति, सारशास्त्र की दृष्टि, गीता का दृष्टिकोण और उत्क्रान्ति, श्रीपूर्वशास्त्र और उत्क्रान्ति, स्वच्छन्द मृत्यु वरण, भीष्म का उदाहरण २१-२९

२०. शिवदायिनी दीक्षा स्वात्म में पंचकृत्य कारित्वाभिमान ही मुक्ति का परम उपाय, चर्या आदि और जीवन्मुक्ति २९-३१

२१. मृत्यूपरान्त शिवत्वोपलब्धि में प्रमाण ३२-३३

२२. दीक्षोपक्रम का उपसंहार, जयरथ एवं भाष्यकार के उपसंहार श्लोक ३४-३५

२. पञ्चदशमाह्निकम् ३६-४२७

१. जयरथ कृत मङ्गल श्लोक ३६

२. आह्निक के प्रारम्भ में यागनिरूपण की प्रतिज्ञा, भुक्ति और मुक्ति दोनों में दीक्षा की उपायता, दीक्षा का अंग यजन ३७

३. दीक्षा के भोगादि की उपायता के सन्दर्भ में बुभुक्षु को भोग और मुमुक्षु को मुक्ति में योजन का निरूपण, मालिनी मत ३८-३९

४. शङ्कर योग में दीक्षा का महत्त्व, मन्त्राधिकार और मुक्ति में शिवदीक्षा उपाय, दीक्षा भोग और मोक्ष दोनों में उपाय ४०-४१

५. मतङ्ग शास्त्रोक्त अज्ञविषया दीक्षा का कथन ४१-४२

६. साक्षाद्विमोचिका विद्या, मतङ्गशास्त्रान्तर्गत विद्यापादोक्त होयोपादेय विज्ञान, चतुष्पादविज्ञान ४२-४५

७. ज्ञानवान् गुरु की श्रेष्ठता, शास्त्र से ज्ञान, शास्त्र अदीक्षित द्वारा अश्राव्य, अदीक्षित की संस्क्रिया मात्र दीक्षा का प्रयोजन ४५-४७

८. गुरु द्वारा यथास्थान यथातत्त्व यथोचित रूप से नियोजित शिष्य का स्तर, अभ्यास द्वारा ज्ञान का अर्जन, ज्ञानी के स्तार की प्राप्ति, तीव्रशक्तिपात पवित्रित शिष्य के लिये दीक्षा की अनुपयोगिता ४७-४८

९. परात्रिंशका शास्त्र की दृष्टि, ज्ञान की दीक्षा, सांसिद्धिर्क ज्ञान, ज्ञानी ही सांसिद्धिक और दीक्षित ४८-४९

१०. सर्वशास्त्रार्थवेत्तृत्त्व, श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्र की दृष्टि, ज्ञानवान् गुरु, सर्वविषयक ज्ञान का स्वरूप ४९-५२

११. श्रीकिरणशास्त्रोक्त ज्ञानयोग्य, चर्य्यायोग्य, दीक्षायोग्य और योगयोग्य शिष्य भेद और इन सभी से मुक्ति संभाव्य ५२

१२. गुरु की परिभाषा, दीक्षा के पहले शिष्य से प्रश्न और उसकी परीक्षा, स्वच्छन्द शास्त्र द्वारा शिष्य परीक्षा का प्रतिपादन, शिष्य की प्रार्थना के अनुकूल साधनोपाय दीक्षा, वासना भेद से साध्य की प्राप्ति ५३-५५

१३. वासनाभेद से साध्यप्राप्ति, मन्त्र, मुद्रा, अध्वा और द्रव्य परक होम में शिष्य और गुरु के विशिष्ट फल ५५-५६

१४. लोकधर्मी और शिवधर्मा द्विविध बुभुक्षु साधक, निर्बीज और सबीज द्विविध मुमुक्षु, सबीजा समयात्मिका, स्वच्छन्दतन्त्र की दृष्टि ५६-६०

१५. दीक्षा के पहले के कर्मों का शोधन, कर्मों के अभाव का अनुभावन, निरपेक्ष मुमुक्षु के प्रारब्ध कर्मों का शोधन अनावश्यक, लोकधर्मिणी दीक्षा ६०-६२

१६. मृगेन्द्रतन्त्र की दीक्षाविषयक दृष्टि ६३-६४

१७. सबीज बुभुक्षु के भोग का प्रारब्धफल और उसकी ऊर्ध्वगति, निर्बीज दीक्षा प्राप्त मुमुक्षु की अकलत्वप्राप्ति, शिष्य सम्मत धर्म का आपादन गुरु का दायित्व ६४-६५

१८. मोक्ष दीक्षा में समयाचार पाश का विशोधन, सद्योनिर्वाणदा निर्बीजा दीक्षा, अतीत, अनागत और प्रारब्ध पाशत्रय की वियोजिका दीक्षा प्राप्त शिष्य के देहत्यागोपरान्त परमपद की प्राप्ति ६६-६७

१९. समयाचार पालन की अनिवार्यता, शिष्य की परीक्षा, प्रश्न और जानकारी के उपरान्त उचित संविधित्सु गुरु का दायित्व, आयात शक्तिपात शिष्य के प्रति गुरु की सावधानता का निर्देश ६७-७०

२०. निर्धन शिष्य की दीक्षा स्वधन से भी सम्पन्न करना गुरु का दायित्व ७०-७१

२१. गुरु को शिष्य द्वारा भिक्षार्पण, शिष्य को यागयोग्यत्व की प्राप्ति ७१-७२

२२. गुरु का सर्वोत्तम गुण, दीक्षण में क्षम गुरु, शिवतावेशिता [अक्रमिका और क्रमिका] शिवीभूत गुरु की शिवाभिमानिता का स्वरूप ७२-७३

२३. बाह्य आवेश के उपाय, उनकी क्रमिकता, गुरु-शिष्य दोनों में शिवत्वाभिमान की दृढ़ता से अणु की मुक्ति ७३-७४

२४. न्याय और नियम के अतिरिक्त ब्रह्म यामलशास्त्र की दृष्टि, श्रीमदानन्दशास्त्र के अनुसार शिवीभूत की अशुद्धि का अभाव, उसके लिये स्नान का महत्त्व सुवस्त्रत्व से तुष्टि, स्नान से नैर्मल्यक्रमपूर्वक शैव समावेश ७४-७५

२५. स्नान की आगमिक परिभाषा, मूर्त्यष्टक के क्रम से स्नानाष्टक का निरूपण, सोमार्काग्नित्रय स्नाननिरूपण, शुद्ध और शोधक का स्वात्ममहाह्रद में अवस्थान, स्नानाष्टक की उत्तरोत्तर उत्कृष्टता, स्वात्म शैवतादात्म्य भाव से मन्त्रजप और उसका उपाहरण, स्नानाष्टक से फलाष्टक लाभ ७६-८३

२६. स्वरूप-शिवरूप का मूर्त्यष्टक क्रम से ऐकात्म्य, ध्यान का महत्त्व ८३-८४

२७. योगसंचर शास्त्र में मूर्त्यष्टक देशाध्वा सम्बन्ध, सातप्रकार के मन्त्रों का तदनुकूल फलप्रदत्त्व ८४-८५

२८. निर्मर्याद शास्त्र के अनुसार वीर साधना की दृष्टि से धरादिसम्बन्धी मन्त्रों की विशेषता—वीरविग्रहाष्टक, श्रीमत्त्रिशिरःशास्त्रानुसार नवाँ मद्यस्नान ८५-८६

२९. मद्यस्नान का सुफल, संस्कार पंचक, मन्त्रचक्र, उसमें पूजन, तर्पण, आत्मसेक, कलशमुद्रा से आत्माभिषेचन आदि प्रक्रिया, वीर का मुमुक्षुत्व और केवली भाव ८६-८९

३०. मद्यस्नान के प्रसङ्ग में मद्य का महत्त्व प्रतिपादन, स्नानाष्टक का बाह्यान्तर द्वैविध्य, मूर्त्यष्टक अवस्थान और ऊर्ध्वद्वादशान्त की आगमिक आनन्द-वादिता की अनुभूति में सोमामृत परिप्लव ८९-९१

३१. स्नानाष्टक अनुष्ठान की यौगपद्य प्रक्रिया में विकल्प का आश्रय ९१-९२

३२. स्नानान्तरकर्त्तव्य, यागगृह-प्रवेश, यागवेश्म का स्थानप्रकल्पन, स्नान का बाह्यान्तर द्वैविध्य और गुरुपीठ का उत्तम यागवेश्मत्वनिरूपण ९२-९३

३३. नैशसञ्चार शास्त्र का पीठ, उपपीठ और सन्दोह विषयक मत ९३-९५

३४. नवधापीठ, क्षेत्राष्टक, उपक्षेत्राष्टक, उपसन्दोहकाष्टक निरूपण ९५-९६

३५. द्विपथ, त्रिपथ और चतुष्पथ रूप से शाम्भव, शाक्त और आणव धाम का देहावस्थान ९६-९७

३६. देहायतनग होने का निर्देश और पीठ आदि का सविस्तर प्रतिपादन ९७-१०२

३७. बाहर अनुग्रह के लिये ज्ञानयोगवैचक्षण्य, देवियों का पीठों में आविर्भाव, पीठ का ज्ञानयोगादि पात्रत्व ही प्रमाण १०२-१०४

३८. बहिर्भ्रमणडम्बर का निषेध और शरीरान्तर्दर्शन का महत्त्व, स्थानभेद की अनन्तता, श्रीवीरावलिहृदयशास्त्र में सात याग स्थानों का कथन १०४-१०७

३९. मुक्ति में स्थानभेदकलना का निषेध, श्रीनिशाचरशास्त्र का एतद्विषयकदृष्टिकोण १०७-१०९

४०. हृदयारविन्द का विकास और अन्तर्याण की प्रतिष्ठा, अज्ञानग्रन्थिकर्त्तन से मोक्ष, संद्विविकास ही मोक्ष, श्रीवीरावलिशास्त्र का मत १०९-११०

४१. भावप्रसाद का माहात्म्य और यागौक की मनोरमता की प्रमुखता, भाववैमल्य और सिद्धि ११०-१११

४२. श्रीसारशास्त्र का एतद्विषयक मत, स्पन्द शास्त्र के अनुसार शिवधर्मिता का स्वरूप ११२-११४

४३. सिद्धि और विभुक्ति दोनों के लिये विश्रान्तिसुन्दर धाम का महत्त्व, बहिर्याग और सामान्य न्यास का आसूत्रण, मातृका मालिनी न्यास में विधिक दृष्टि से स्वतन्त्रता, षोडश स्वरों का षोडशाङ्ग में षोडशधा न्यास विधि ११४-११६

४४. व्यञ्जनवर्गन्यास, सदेवता मालिनीन्यास ११७-१२६

४५. शक्तिमत्क्षोभिता मालिनी का महत्त्व, नादिफान्त मालिनी का प्रामुख्य १२६-१३०

४६. मातृका मालिनी की व्युत्पत्ति और परिभाषा १३१-१३३

४७. मालिनी न्यास से सर्वविधि-पूर्णता और श्री पूर्वशास्त्र द्वारा विधिहीनता-पूर्त्ति का प्रतिपादन, साञ्जन गारुड आदि मन्त्रों की भी मालिनी द्वारा पूर्णता १३३-१३५

४८. फलेप्सु और अपवर्गेप्सु दोनों के लिये समान रूप से मालिनी न्यास का महत्त्व १३५-१३६

४९. मातृका-मालिनी बीजात्मक मूल मन्त्रों का पृथक् पृथक् या मिश्र न्यास, सामुदायिक विन्यास में क्रम या अक्रम पिण्डयोजन की विधि का निर्देश १३६-१३८

५०. बुभुक्षु मुमुक्षु दोनों के लिये शिवतापत्तिपर्यन्त न्यास का महत्त्व और उपसंहार १३८-१३९

५१. अर्घपात्र विधिनिरूपण १४०

५२. कारकव्रात का शिवाभिन्नत्व, कारकों के द्वैत के व्यपोहन का परिणाम और शिवपूजामहोत्सव के उल्लास की महानुभूति १४१-१४२

५३. पूर्णशिव-विश्वावेश का स्वरूप, ज्ञान और योग के विना भी न्यासार्चादिक्रिया का महत्त्व, सारे विश्व के साथ संविदैकात्म्य का आनन्द १४२-१४३

५४. श्रीसिद्धादि शास्त्रों की दृष्टि, स्मरणमात्र से सिद्धि का निर्देश, अर्चाक्रिया द्वारा तन्मयीभाव और कारकैकात्म्य की सिद्धि १४३-१४४

५५. स्थानशुद्धिविधिक्रमसे शिवतादात्म्यपर्यन्त न्यास, यष्टा, याज्य और याग की दृष्टि से अर्घपात्र का अपादानत्व और द्रव्यों का करणत्व निरूपण, अर्घपात्र के विप्रुषों से प्रोक्षण और शुद्धि १४५-१४६

५६. श्रीपूर्वशास्त्र में अर्घ्यविधि महत्व १४६-१४७

५७. अशुद्धता की परिभाषा और प्रोक्षण, पूर्वापर अवस्थाओं में आत्मतादवस्थ्य का निरूपण १४७-१४८

५८. संवित् तत्त्व के चिदनुग्रह से आसन्नसत्त्व का जीवन में जीवतत्त्व की तरह याग में महत्त्व, याग की योग्यता अयोग्यता, आसत्ति और दूरता, आसत्ति और संवित्तत्त्व का स्वरूप निरूपण १४८-१४९

५९. सारशब्द व्यपदिष्ट अमृतत्व और वीरभावस्थ साधकों के मिथःस्वप्रतिमामृत की गुरुजनों द्वारा मान्यता का निरूपण-चिति को उद्दीप्त करने वाले आनन्द जनक द्रव्य का पूजा योग्यत्व १४९-१५१

६०. कुल, क्रम, अकुल, त्रिक, सार और मत आदि शास्त्रों में मद्यादिका माहात्म्य, लोकस्थिति को स्थापित करने के उद्देश्य से पशुशासन में मद्य की अशुद्धि का और सौत्रामणि याग में शुद्धि का सन्दर्भ १५१-१५२

६१. पशुशासन में शुद्धि अशुद्धि विषयंक वैदिक वदतोव्याघात का विश्लेषण, शिवोक्तिबाधिका श्रुतिका खण्डन १५२-१५८

६२. देह न्यास और अर्घपात्रविधि के अनन्तर याग सामग्री का प्रोक्षण कर बाह्ययाग सम्पन्न करने का निर्देश, प्रभामण्डल, ख (शरीर) और गोमयोपलिप्त भूमि रूप तीन स्थान के परिवेश और परिप्रेक्ष्य में त्रिशूल, अर्क, वृष, दिगीशशक्ति, घृतमातृका और क्षेत्रपालों की पूजा का निर्देश, योगिनी पूजन में ॐ नमः के साथ चतुर्थ्यन्त नामात्मक मन्त्र के प्रयोग में एक एक कर या परिवार (सामूहिक) विधि का निर्देश १५८-१६०

६३. बाह्ययाग पूजनोपरान्त बाहर जाकर द्वारान्तरार्चा का निर्देश, त्रिशिरःशास्त्रोक्तविधि, गणेश-लक्ष्मी की दक्षवामस्थपूजा, मध्य में वागीश्वरी पूजा एवम् अन्य देवों की पूजा के बाद यागवेश्म में प्रवेश १६०-१६२

६४. शिवरश्मीद्ध यागमण्डप का भावावेशपूर्वक निरीक्षण, अस्त्र मन्त्रों और कवच मन्त्रों से दिग्बन्ध एवं आच्छादन, मुमुक्षा के उद्देश्य में उत्तरदिगौन्मुख्य निरूपण, अघोर-अग्नि से पाशभस्म करने की प्रक्रिया का निर्देश, बुभुक्षु को पूर्वास्य बैठने का विधान १६३-१६५

६५. संविदद्वयवाद में दिग्-विभाग अमान्य, अनुपाहितिरूप सत्ता का अप्रत्यय, दिक् की पूर्व पश्चिम आदि संज्ञाओं की उपाधिरूपता, उपाधि और दिशा का स्वरूप, दिक् और काल के अपह्नव को मानने वाले सौगत मतवादियों के मत-निरासपूर्वक संवित्प्रकाश द्वारा मूर्त्याभासन से दिग्विभागरूप वैचित्र्यवादका समर्थन १६५-१६७

६६. ऊर्ध्व और अधः स्वरूप निरूपण, मध्य, संमुख, पराङ्मुख, प्रकाशानुकूल्य दक्ष और दक्ष के पुरोवर्त्ती को बाह्य (उत्तर) मानने की परम्परा के प्रारम्भ की अनुभूति १६७-१६८

६७. प्रकाशवपुष् परमेश्वर में चिदाह्लाद उद्रेक और इच्छा, ज्ञान और क्रिया की परांश और अपरांश-उद्भूति का वैचित्र्य, चार और आठ दिशायें, शास्त्र और लोक में दिक् विभाग की मान्यता की वास्तविकता १६८-१७१

६८. शास्त्रीय षोढा दिग्विभाग का निरूपण १७२

६९. पञ्चमहाभूतों में पञ्चवक्त्रकल्पना और तदनुसार दिग्विभाग का निरूपण १७३-१७४

७०. पञ्चमन्त्रवपुष परमेश्वर का विश्वदिक्स्वरूप, अन्य मुखों की प्रलीनता के कारण अघोर, तत्पुरुष, ईश्वर और सदाशिवरूप चार वक्त्रों से चार दिशाओं की उत्पत्ति का निरूपण १७४-१७७

७१. लौकिक दिग्विभाग का विश्लेषण, विषुवद् योग और दिशाओं की उत्पत्ति, इनका प्रतिनियत फल प्रदत्त्व १७७-१८०

७२. परप्रकाश और सूर्य दोनों की दिक्कारणता का निरूपण, शिव की ज्ञानरूपता के प्रतीक सूर्य के अतिरिक्त यष्टासाधक की दृष्टि से भी दिग्विभाग का प्रतिपादन, शिवकी साधक स्वरूप में अधिष्ठिति और दिशायें, शक्रादि शक्त्यंश, लोकपालों का दिगधिष्ठान १८१-१८३

७३. सौरी दिक् में दृढ़प्रतिपत्तिका निरूपण और इनका स्वेष्ट फलप्रदत्त्व १८४-१८५

७४. सौरी दिक् के अधिष्ठाता देववर्ग और यष्टा की दृष्टि से उनकी फलप्रदता १८५-१८६

७५. पूर्वा दिक् और उत्तरा दिक् के निरूपण प्रसङ्ग में यष्टा के संमुख मध्य में शिवाधिष्ठान, माध्यस्थ्य के अनुसार अर्कोदया दिक् पूर्वा, दिगधिष्ठित शिव का प्रभाव, तेज की फलप्रदता में दिक् का प्रभाव १८६-१८८

७६. यागवेश्मप्रवेश और देहशुद्धि, देहशुद्धि विधि, शरीर के अन्तर्दाह का शास्त्रार्थ, देहपुर्यष्टक में अहन्ता का ध्वंस, अहन्ता और देहत्व का सम्बन्ध, अहन्ता दाह से ध्रुव देह दाह का प्रतिपादन, पञ्चावयव प्रयोग से इसका समर्थन १८८-१९१

७७. अनात्म रूप देह में सांसारिक राग को ध्वस्तकर पराहं परामर्शमय चिदैक्य में विश्रान्ति का निर्देश, देहदाह के भस्म को वर्म वायु से उड़ाने का संकेत, सोहमोम् रूपा भैरवोच्छ्रायात्मक स्वात्ममूर्त्ति का प्रकल्पन १९१-१९४

७८. विशेष न्यासवैचित्र्य (न्यास पञ्चक) का प्रतिपादन १- तत्त्वोदयात्मक नवात्मदेव न्यास, २- तत्त्वस्फुटतात्मक न्यास, ३- त्रितत्त्व न्यास, ४- अघोराष्टक-न्यास, ५- शिवंसद्भाव न्यास, रतिशेखर न्यास का प्रथम न्यास स्थान में नियोजन, श्रीपूर्वशास्त्र की सम्प्रदायानुसारी मान्यता १९५-१९८

७९. श्री लक्ष्मणगुप्त की दृष्टि, षोढान्यास और शिखादिपादान्त शाक्त न्यास विधान १९८-१९९

८०. सवक्त्रा परापरा, मालिनी, परा-परापरा और अपरा त्रितय देवियों के न्यास-स्थान शिखा, हृदय और चरण। अद्योर्याद्यष्टक का क्रमशः शिर, मुख, चरण; हृदय, नाभि, गुह्य, ऊरु या जानु इन आठों अंगों में न्यास विधान, इस अवसर पर दैशिक गुरु का कर्त्तव्य २००-२०१

८१. अनवच्छेदचिन्मात्रसद्भावा अभेदिनी परादेवी विषयक श्रीसारशास्त्र की दृष्टि, षोढ़ान्यास (सार, हृदय, विसर्ग, कालकर्षिणी, श्रीपरा और मातृसद्भाव रूपी न्यास) शाक्तन्यास १. मूर्त्ति, २. वक्त्र, ३. शक्ति त्रितय, ४. पञ्चाङ्ग, ५. शक्ति और ६. पराशक्ति न्यास भी षोढा न्यास २०१-२०२

८२. मुक्त्येकार्थी द्वारा शाक्तन्यास का निर्देश, शैव-शाक्त द्विविध न्यास सम्बन्धी मान्यता, नरशक्तिशिवात्मक मन्त्र भेदों में भी षोढा न्यास की करणीयता का निर्देश २०३-२०४

८३. मुद्राप्रदर्शन में शरीर, मन और वाक् की प्रधानता, त्रिविध मनोजा, गुरुवक्त्रा और वाग्भवा मुद्रा निरूपण २०५-२०६

८४. छ: कारण और छ: अवस्थाओं के गुणन फल रूप ३६ तत्त्वात्मक षोढान्यास में तादात्म्यानुसन्धान से शुद्धसृष्टि का प्रकाशन, शुद्धसृष्टि में शुद्धता का स्वरूप २०७-२०८

८५. पाशदाह, भस्म विधूनन के बाद शान्त शिव में रूढ़ि और देह में शुद्ध सृष्टिप्रकल्पन सम्बन्धी वैमत्य का समाधान, शाम्भवतत्त्व की परमार्थता का निरूपण २०८-२१०

८६. वैश्वरूप्यावभासिता शिवता, महाप्रकाशरूपा संवित् ही शिव, विश्वरूपावभासयोग्यता, अभेद की भास्यमानता, भेदरूप में भास्यमानता की परिणति २१०-२११

८७. माया प्रमाता एवं शिव, शिवोऽहं भाव के अनुसन्धान का फल २१२-२१३

८८. निर्विकल्पक विमर्श का दार्ढ्य, व्यतिरेक दृष्टि, शिवत्वसमापत्ति का स्वरूप, भासनधर्म शिव का विमर्शप्राणवर्त्तित्व और उसके अविमृष्ट रूप की संभावना २१३-२१४

८९. देहादिप्रमाताओं में शैव प्रस्फुरण का अभाव, अघटित घटनापटीयान् परमेश्वर की शिवात्मक विमृष्टि की स्थिति का अनुसन्धान २१४-२१५

९०. परामर्श के अभाव में विपरीत स्वधर्मता का दुष्परिणाम, अविकल्प स्थिति के निश्चयात्मक अनुसन्धान का निर्देश, विश्वशरीरत्व और वैश्वात्म्य भावभरित देह में न्यास और पूजा का महत्त्व २१५-२१६

९१. विभिन्नमन्त्रों, मूलमन्त्र, धूप, दीप और नैवेद्य आदि उपचारों से व्यास या समास पद्धति से पूजन का निर्देश, वामाचार के कारण वाम कर से तर्पण आदि का विधान, वाम शब्द की परिभाषा २१६-२१८

९२. वामाचारपरायण मन्त्री के लिये श्रीमद्भर्गशिखा और श्रीगमशासन के निर्देश, श्री संकर्षणीय यामल, नवनित्याविधान, श्रीमदानन्देश्वर, भूतक्षोभ, श्री पञ्चामृत आदिशास्त्रों में वामांगुलितर्पण के निर्देश और उनका महत्त्व २१८-२२१

९३. वामशब्द का रहस्याभिधायित्व, वामकर प्रयोग में श्रीमदानन्दशासन और श्रीमन्नन्दिखाशास्त्रों के प्रमाण २२२-२२४

९४. बाह्य और आन्तर यागों से देह को सर्वौन्मुख्य भाव के निवारण से आनन्द पूर्ण बनाकर शिवात्मक भावन करने का निर्देश, विषयौन्मुख्य की निवृत्ति और पारिमित्य के विलापन से देह में शिवानन्दामृतत्वसद्भावन २२४-२२५

९५. शिवात्मता के उदय से बाह्य लिङ्गादि की अनपेक्षा, विश्वात्म देहविश्रान्त व्यक्तियों के लिये बाह्य यागान्तक्रिया का निर्देश और शिवात्मता की सिद्धि पर बल २२५-२२६

९६. विशेषार्घपात्र का अभिधान, विश्वदैवतर्पण, पूजोपकरण की अनुक्ति में सिद्धि और मुक्ति का दृष्टिकोण, सिद्धिकाम और मुक्तिकाम साधकों के मौलिक भेद, अर्घपात्रविप्रुष्-राशि द्वारा प्रोक्षण, स्वात्मरूप का पूजन, अर्घपात्र में मद्य का महत्त्व २२६-२२९

९७. देह पूज्य, प्राण, बुद्धि और शून्य (शरीर) में न्यास व पूजा, नाभि के नीचे का न्यास, १. धरा, २. सुरोद, ३.पोत और ४. कन्द की प्रत्येक की चतुरङ्गुलव्याप्ति के १६ अंगुल के क्षेत्र का मौलिक महत्त्व २२९-२३२

९८. आमलसारक न्यास, लम्बिकापर्यन्त अनन्तनामक दण्ड का प्रकल्पन, तन्मात्रादिकलान्त और लम्बिका ब्रह्मरन्ध्रान्त धर्मज्ञानादि विविध न्यास २३२-२३८

९९. वामावर्त्त से १८ शक्तियों का न्यास, विद्यापद्म के दल, केसर और कोश में सूर्य, चन्द्र और अग्नि का न्यास, २३९-२४२

१००. मायोत्तीर्ण ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र का विद्यापद्म रूप आसन, ईश्वर, सदाशिव (महाप्रेत) महाप्रेतत्व की परिभाषा, शुद्ध अध्वा के तत्त्व रूप देवों का उत्तरोत्तर उपाश्रयण, परमशिव का आश्रय, इनका अधराधर पदस्पर्श, मालिनीतन्त्र द्वारा प्रेतत्व का प्रतिपादन २४२-२४५

१०१. सप्तत्रिंशत्तत्त्वपर्यन्त आसनक्रमवर्णन २४६-२४९

१०२. शास्त्रवर्णित सभी तत्त्वों की भेद प्रधानता, आसनत्व और संवित्तत्त्व से इनकी भिन्नता, आसन भूत तत्त्वों का भैरव तादात्म्य और पूज्यत्व २४९-२५१

१०३. पूजक (पर) पूज्य (अपर) और आसनतास्पद परापरतत्त्व, सिद्धान्त वामदक्षतन्त्रों में सदाशिवपर्यन्त, एवं मतयामल शास्त्रों में समनापर्यन्त आसनास्पदता, उन्मनान्त त्रिक दृष्टि से आसनत्व और अर्च्यत्व, गुरु-पंक्तिक्रम, सिद्धयोगीश्वरी मत २५१-२५२

१०४. महाप्रेत और विद्यामूर्त्ति पूजन, मन्त्रचक्र पूजन एवम् संस्थान परिकल्पन २५२-२५६

१०५. परादि शाक्त देवियोंकी विश्वरूपात्मकता, मध्यशूलपद्म में पूजन से तीनों की पूजा की सम्पन्नता, मध्यमा मातृसद्भावरूपिणी, कालसंकर्षिणी, सिद्धातन्त्र की मान्यता और उसका निरूपण २५६-२५९

१०६. देव्यायामल और महाडामरक मत और पूज्य चक्र का उपसंहार २५९-२६४

१०७. दृक्, कर्म और इच्छा शक्तियों का शिव में उल्लास, वेद्यखण्ड में सकल प्रलयाकल का स्थूल और सूक्ष्म रूप, सुशिवान्त अध्वाक्रम, भेद प्रसार की समाप्ति पर क्रमश: अरात्रय, पद्मत्रयी, देवी त्रयी और औन्मनस अनाख्यरूप उल्लास में अधराधर आसनत्व २६४-२६६

१०८. शक्ति शक्तिमन्त का पूज्यत्व, समना के ऊपर तीनों प्रकार के भेदों के विगलन की अनाख्य अवस्था ही काल संकर्षिणी देवी शक्ति, मातृ सद्भावस्वरूपत्व २६६-२६९

१०९. संकर्षिणी का स्वरूप और विश्वजननी शक्तियों का परमार्थ २७०

११०. एषण, ज्ञान और क्रिया का पूज्यत्व और उनमें ही सर्वधर्मक्षेप का निरूपण २७१-२७२

१११. निर्विमर्श प्रकाश की जडप्रायता के कारण पूज्यत्वका अभाव, अधर स्थिति के कारण आसनरूपतामात्र, गुरुशास्त्र सम्प्रदायानुरोधका प्रकाशन २७२-२७५

११२. बाह्ययाग और औन्मनस पद्मत्रयपूज्यत्व, दैशिकागम परम्परा की दृष्टि से पूजा का औचित्य, विद्याङ्ग पञ्चक न्यास, दिक् का न्यास, त्रिशूल पर्यन्त देवी तादात्म्यवृत्ति के माध्यम से देव तर्पण, २७५-२८०

११३. नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु और ऊर्ध्वकुण्ड में मन्त्रचक्र का ज्वालामालिनीवत् ध्यान और उसमें विश्व का हवन, दीक्षा (अध्वानुकूल) में गुरु द्वारा नियोजन, खेचरता प्राप्ति की विधि, खेचरी का स्वरूप प्रतिपादन २८०-२८४

११४. त्रिशूलत्व का स्वरूप और इसमें स्वात्म अस्तित्व का समर्पण, शिव होकर शिवयाग सम्पादन का निर्देश, प्राण से खेचर भाव परिधि पर्यन्त शैव महाभाव संभूति, तदनन्तर बाह्ययाग की विधि का आचरण २८४-२८७

११५. बहिर्याग और अन्तर्याग की सक्रियता और परिणाम का विश्लेषण २८७-२८९

११६. साधार संस्क्रिया का विधान, संहारक्रम से मालिनी के ध्यान से आन्तर अशुद्धि का ध्वंस २८९-२९२

११७. बाह्ययाग के कर्मकाण्ड का निरूपण २९२-३०४

११८. वह्निकार्य का निरूपण कुण्ड प्रकल्पन, कुण्ड की परिभाषा, परमसंस्कार का स्वरूप, योग संचर शास्त्र का मन्तव्य, देहस्था कर्मकारिणी देवी की सक्रियता ३०४-३०६

११९. अक्रम और सक्रम विधि का अनुसरण ३०७-३०८

१२०. कुण्ड संस्कार और न्यासविधि, इच्छा, ज्ञान और क्रियापद में ज्ञानाग्नि की प्रज्वलन शीलता का सन्दर्भ ३०८-३१६

१२१. अग्नि की संस्कार शुद्धि, विद्यापञ्चाङ्ग आहुति, अग्नि संस्कार की पूर्त्ति ३१६-३१८

१२२. संस्कृत अग्नि में शिवत्व के सम्पादन की विधि और गुरुदर्शननय का महत्त्व ३१८-३२०

१२३. चरुपाक, आन्तर प्रक्रिया से अग्निशुद्धि का निर्देश ३२०-३२२

१२४. शास्त्रान्तर पक्ष प्रतिपादन, अग्नि प्रक्रिया का उपबृंहण ३२२-३२६

१२५. तर्पण विधि, वित्तशाठ्य का निषेध ३२६-३२८

१२६. दीक्षा में शाठ्य दोष के सन्दर्भ में वामा और ज्येष्ठा शक्तियों का कर्तृत्वनिरूपण ३२८-३३१

१२७. पूर्णाहुति प्रयोग, विम्ब प्रतिबिम्बात्मक मख में कलहंस उत्पतन दृष्टान्त ३३१-३३७

१२८. त्रैशिरस शास्त्रीय पर-योजन वर्णन सन्दर्भ ३३७-३३९

१२९. चरु सिद्धि प्रयोग, 'स्वा' और 'हा' के प्रयोग से आज्यशेष का हवन, चरु और अग्नि की एकानुसन्धि का स्वरूप निरूपण, संपात संस्कार, भोक्ता के समक्ष भोग्य के वर्तन का प्रकल्पन ३४०-३४६

१३०. संस्कृत चरु का षड्विधत्व ३४६-३४७

१३१. शक्तिपात क्रम से शिष्य के साथ गुरु का मण्डप से बाहर निःसरण, शिष्य की संस्क्रिया विधि का विस्तार ३४७-३५२

१३२. सान्निध्यसन्निधी की स्थिति और उसका परिणाम ३५२-३५३

१३३. शिवहस्त विधि और प्रयोग के परिणाम ३५३-३६०

१३४. समयी का पुत्रकत्व, गुरु द्वारा परतत्त्व में योजन एवम् अभिषेक का निर्देश ३६०-३६४

१३५. समयी की राजपुत्रवत् स्थिति ३६४-३६५

१३६. शिवहस्तविधि से संप्लुष्ट पाशक साधक की शेष विधि का निर्देश ३६५

१३७. शय्या प्रकल्पन— प्रवेश, विश्रान्ति और निर्गम व्यापार के प्रयोग के क्रम से शिष्य का शयन, निद्राविधिक्रम, शिष्य और गुरु द्वारा स्वपन दर्शन, स्वप्न से शुभ अशुभ विचार, स्वप्न साम्य-वैषम्य फल, अशुभ स्वप्न का प्रायश्चित्त आदि का निरूपण ३६५-३७७

१३८. गुरु द्वारा शिष्य के देवार्चन का आदेश, शिष्य-संस्कार, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट और ब्रह्मरन्ध्र में ब्रह्मादि छः देववर्ग की समाहिति, गुरु द्वारा अष्ट संस्क्रिया, ४८ संस्कार, द्विजत्व की प्राप्ति ३७७-३८०

१३९. ४८ संस्कार ३८०-३८४

१४०. संस्कारान्तरों का अन्तर्भाव ३८५-३८७

१४१. द्विजत्व से रुद्रांशापादन ३८७-३८८

१४२. शान्तात्मत्व ही द्विजत्व, योनि कारणत्व का खण्डन ३८८-३९०

१४३. महाभारत के उद्धरणों द्वारा योनि कारणत्व का निरास ३९०-३९१

१४४. मुकुटशास्त्रोक्ति का समर्थन ३९१-३९२

१४५. द्विज सुत में द्विजत्व प्रसिद्धि का हेतु ३९२-३९३

१४६. ऋषियों का उत्कृष्ट चित्तत्व और ब्राह्मण्य विश्लेषण, त्रिक शास्त्र समर्थिता जाति का निरूपण, पाशव शास्त्रों की जाति सम्बन्धी दृष्टि का विश्लेषण ३९३-३९४

१४७. आपादित द्विजत्व की द्वादशान्त विश्रान्ति, ऊर्ध्वावरोह और रुद्रांशापादन से समयित्व का संस्कार, इस प्रक्रिया से सिद्धि-प्राप्त स्थिति का सुपरिणाम ३९४-३९५

१४८. गुरु द्वारा समय समाश्रावण, समयों की संख्या (अष्टाष्टक) का विवरण, अन्य समय ३९६-४२१

१. समयाष्टक— अवाद, अकरण गूढि, पूजा, तर्पण, भावन, हनन और मोहन ३९६-३९९

(अ) अवाद (आ) अकरण ३९७, (इ) आत्मगोपन (गूढि) ३९७-३९८, (ई) तर्पण ३९८-३९९, (उ) भावन ३९९, (ऊ) हनन ३९९, (ए) मोहन ३९९

२. अन्य समयाचार ३९९-४११

(अ) शाकिनी वर्ग पूजन, ३९९-४००, (आ) सह वस्तव्यता का निर्देश ४००, (इ) गुरु के प्रति व्यवहार और भोजन सम्बन्धी देशना ४०१-४०३, (ई) श्री मत्तैशिरसमत, ४०३-४०५, (उ) श्रीसार शास्त्र की उक्ति, शास्त्राचारवर्त्तन ४०५-४०६ (ऊ) स्त्री समादर ४०७-४०८ (ऋ) पूर्वपूजन ४०८, (लृ) वीरद्रव्य समादर ४०९, निन्दास्तुति निषेध, आगत तर्पण, श्रीमदूर्मिशास्त्र की उक्ति, श्रीपूर्व का मत एवम् अन्य समय ४०९-४११

१४९. गृहोपस्कर पूजन, गुरुवर्गीय व्यक्ति का समादर, दीक्षितों की निन्दा का निषेध, अध:स्थ सम्पर्क निषेध, श्रीमाधवकुल की उक्ति ४११-४१२

१५०. श्री ऊर्मिशास्त्र की दृष्टि, दुष्ट संपर्क निषेध, आस्थाशैथिल्य निषेध, शिवाभेदमय व्यवहार का निर्देश, सद्विद्य सहभाव, संस्कारहीनता का निषेध, मेलक, निशीथ प्रयोग की सजगता और मन्त्रमय होने का निर्देश ४१२-४१५

१५१. समय लोप में गुरु द्वारा दिशानिर्देश, गुर्वायत्तसिद्धि ४१५-४१७

१५२. विज्ञानदूषक भक्त, वैष्णव आदि गुरुत्व निषेध, श्रीमदानन्दशास्त्र की उक्ति, लिङ्ग निर्देश, मन्त्र सम्बन्धी समय, गह्वरशास्त्रोक्त पालनीय समय, श्री निशाचर शास्त्रोक्त नियम, जाति समय ४१७-४२२

१५३. वामाचार में शुद्धि का स्वरूप, विकल्प-कुफल, सर्वदेवमय देह, शरीरायतन महत्त्व, विधिजाल का परित्याग, समय की अवश्यपालनीयता और अभिषेक निर्देश ४२२-४२६

१५४. आह्निक उपसंहार ४२६-४२७

१५५. मूल और उद्धरण श्लोक ४२९-४६६

१५६. शास्त्र-क्रम ४६७-४६९

१५७. गुरु एवं ग्रन्थकार ४७०

१५८. सूक्ति-क्रम ४७१-४७४

१५९. विशिष्ट-शब्दादि-क्रम ४७५-५०६

१६०. संकेत-ग्रह एवं शुद्धि-निर्देश ५०७-५१०

◆

अथ

श्रीतन्त्रालोके

श्रीमन्महामाहेश्वराचार्याभिनवगुप्तविरचिते
श्रीजयरथकृतविवेकाख्यव्याख्योपेते

चतुर्दशमाह्निकम्

यो योगिनीप्रियतया तिरोहितिव्यपगतिक्रमं जगताम् ।
प्रबलीकरोति बलतो बलाय तस्मै बलिं यामः ।।

इह तावत्परमेश्वरः पञ्चविधकृत्यकारीति सर्वत्रोक्तम्। तत्रास्य पूर्वं संसारचित्रतानिरूपणावसरे सृष्ट्यादित्रयं दर्शितं समनन्तराह्निके चानुग्रह इति संप्रत्यवशिष्टं तिरोभावाख्यं पञ्चमं कृत्यं द्वितीयार्धेन प्रतिपादयितुमाह

श्रीमन्महामाहेश्वराचार्याभिनवगुप्तपादाचार्यविरचित
श्रीराजानकजयरथकृतविवेकाभिख्यव्याख्यापेत
डॉ. परमहंसमिश्रकृत-नीर-क्षीर-विवेक-
हिन्दीभाष्यसंवलित

श्रीतन्त्रालोक

चतुर्दश आह्निक

जगजीवों का तिरोभाव जो करता प्रबल बलात् बलेश ।
सतत योगिनीप्रिय उस पर हम बलि जाते वह सहज अशेष ।।
स्वयं सदा स्वच्छन्द कर्म-फल नियति-समाश्रित, करता नित्य-
सृष्टि स्थिति संहार आदि कृति, जयति अनुग्रहकर आदित्य ।।

तिरोभावस्वरूपं तु कथ्यमानं विविच्यताम् ।

इह दीक्षाया उपक्रमेऽपि एतन्निर्देशेऽयमाशयो यत्प्रथमं हेये प्रदर्शिते परमुपादेये विश्रान्तिर्भवेदिति।

तदेव अवतारयति

स्वभावात् परमेशानो नियत्यनियतिक्रमम्।।१।।
स्पृशन्प्रकाशते येन ततः स्वच्छन्द उच्यते ।

परमेश्वर सर्वतन्त्रस्वतन्त्र भाव से सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह रूप पाँचों कृत्य अनवरत करता है, यह सत्य इस शास्त्र में यथावसर व्यक्त किया गया है। यहाँ इस प्रकरण के आरम्भ करने के पहले संसार के वैचित्र्य निरूपण के अवसर पर सृष्टि, स्थिति और संहार इन तीनों कृत्यों का वर्णन किया गया है।

तेरहवें आह्निक में अभी-अभी अनुग्रह का विशद विवेचन विश्लेषण किया गया है। शिव के पाँच कृत्यों में से शेष बचा हुआ केवल तिरोभाव प्रकरण ही यहाँ वर्णन का विषय बनाया जा रहा है। उभयाह्निकनिष्ठ श्लोक की द्वितीय अर्धाली से उसी का उपक्रम कर रहे हैं—

तिरोभाव का स्वरूप क्या है? यह विषय ही कथ्यमान है। शास्त्रकार अपना ही आवाहन कर रहे हैं और अपनी ऊर्जा से कह रहे हैं कि, मेरे द्वारा इसका विवेचन किया जाय। यद्यपि दीक्षा के उपक्रम की प्रक्रिया का प्रवर्त्तन करना है फिर भी तिरोभाव के सन्दर्भ को किस लिये यहाँ पहले ले रहे हैं? इसका कारण यह है कि, पहले हेय का प्रदर्शन करने पर ही उपादेय की महत्ता का आकलन होता है।

स्वभाव से ही परम ईशान परमेश्वर नियति और अनियति क्रम का स्पर्श करते हुए प्रकाशन करते हैं। इसी आधार पर इन्हें स्वच्छन्द कहते हैं। चाहे नियति-नियन्त्रित क्रम का प्रकाशन करना हो, चाहे अनियति क्रम का, सर्वत्र परमेश्वर के स्वकीय भाव अर्थात् अभिलाष का स्पर्श वहाँ होगा, तभी स्वेच्छा से उसका प्रकाशन परमेश्वर कर सकते हैं। उनकी इच्छा की ही इसमें प्रधानता होती है। इसी लिये ये शास्त्रों में स्वच्छन्द नाम से ही प्रसिद्ध हैं।

—

स्वभावादिति स्वो भाव इच्छा तत इत्यर्थः। तत्रास्य नियतिक्रमस्पर्शेन प्रकाशनं दर्शयति

नियतिं कर्मफलयोराश्रित्यैष महेश्वरः।।२।।
सृष्टिसंस्थितिसंहारान्विधत्तेऽवान्तरस्थितीन् ।

अवान्तरस्थितीनिति शाक्तमहासृष्ट्याद्यपेक्षया। ते च पृथ्व्याद्यण्डत्रयविषयाः। यदुक्तं प्राक्

'कालाग्निर्भुवि संहर्ता मायान्ते कालतत्त्वराट् ।
श्रीकण्ठो मूल एकत्र सृष्टिसंहारकारकः ।।
तल्लयोऽवान्तरस्तस्मा........।'(६।१७२) इति।।२।।

ऐसे परमेश्वर के स्वेच्छया प्रकाशनक्रम में सर्वप्रथम नियतिक्रम-स्पर्शात्मक प्रकाशन को विशेष रूप से प्रदर्शित कर रहे हैं—

कर्म और फल इन दोनों की नियति निश्चित है। जैसा काम वैसा ही उसका परिणाम। नियति उसकी योजना का विधान करती है। परमेश्वर शिव संसृति-चक्र के प्रवर्त्तन के लिये नियति का आश्रय लेते हैं। तभी सृष्टि प्रवर्त्तित होती है। उसकी एक आन्तरालिक स्थिति होती है। इसी से सृष्टि का ठहराव अनुभूत होता है। फिर उसका संहार होता है। इन क्रियाओं के मूल में कर्म और फल की नियति ही होती है।

ये सारी अवान्तर स्थितियाँ है। पहले अनुत्तर में आद्यस्पन्द का उल्लास होता होगा। पुनः उद्बुभूषता के बाद उद्भविष्यत् भाव का उन्मेष होता होगा। तब इच्छा, ज्ञान और क्रिया की शाक्त सत्ता विशेषतः उच्छलित होती होगी। इन क्रियाओं की अपेक्षा सृष्टि, स्थिति और संहारात्मक ये सारे कार्य्यकलाप अवान्तर स्थिति के ही प्रतीक हैं।

ये तीनों पृथ्व्यण्ड, प्रकृत्यण्ड और मायाण्ड के विषय हैं। यह श्रीत. आ. ६/१७१-२ में भी निर्दिष्ट किया गया है—

"पृथ्व्यण्ड के संहर्त्ता कालाग्निरुद्र हैं। प्रकृत्यण्ड और मायाण्ड के नियन्त्रक स्वयं श्रीकण्ठ हैं। ये सर्जन और संहार दोनों उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हैं। श्रीकण्ठकर्त्तृक लय अवान्तर प्रलय माना जाता है।"।।१-२।।

अन्यत्र पुनरस्य नियतिस्पर्शो नास्तीत्याह

महासर्गे पुनः सृष्टिसंहारानन्त्यशालिनि ।।३।।
एकः स देवो विश्वात्मा नियतित्यागतः प्रभुः।

महत्त्वमेवास्य दर्शयति सृष्टिसंहारानन्त्यशालिनीति। यदुक्तं प्राक्

श्रीमानघोरः शक्त्यन्ते संहर्ता सृष्टिकृच्च सः।
तत्सृष्टौ सृष्टिसंहारा निःसंख्या जगतां यतः ।।
अन्तर्भूतास्ततः शाक्ती महासृष्टिरुदाहृता ।'

(६।१७३) इति।

नियतित्यागत इति नहि इयं कर्मभूर्येनात्र तदपेक्षया नियतिपरिग्रहोऽपि स्यात्।

अन्यत्र अर्थात् दूसरे स्थानों पर इसका नियतिस्पर्श नहीं होता। उसे अनियतिक्रमस्पर्श कह सकते हैं। पहले नियतिस्पर्शक्रम का दिग्दर्शन कराया गया है। यहाँ अनियति क्रमस्पर्श की बात कह रहे हैं—

महासर्ग में जहाँ अनन्त-अनन्त सृष्टि संहार चलते और होते ही रहते हैं, वहाँ दिव्य शक्ति सम्पन्न, नियति के त्याग करने के कारण सर्वसमर्थ प्रभु विश्वात्मा रूप से शाश्वत उल्लसित रहते हैं।

'महासर्ग' के महत्त्व का ही यह स्वरूप है कि, वहाँ अनन्त-अनन्त सृष्टि और संहार की क्रिया-प्रक्रियायें निरन्तर होती ही रहती हैं। श्री. ६/१७२-१७३ में पहले भी इसका वर्णन आ चुका है—

"शक्त्यण्ड के परिवेश में सृष्टिकर्त्ता श्रीमान् अघोरेश हैं। वे संहार के भी अधिकारी हैं। इनकी सर्जन प्रक्रिया में अनन्त अनन्त सृष्टि और संहार होते रहते हैं। वह आन्तरिक क्रियाशीलता होती है। उसे शाक्ती महासृष्टि कहते हैं। नियति त्याग का तात्पर्य है कि, शक्त्यण्ड कर्मभूमि के परिवेश से बहुत ऊपर होता है। वहाँ नियति का कोई नियन्त्रण नहीं होता।।३।।

न केवलमत्रास्य नियतित्यागो, यावदवान्तरसर्गादावपीत्याह

अवान्तरे या च सृष्टिः स्थितिश्चात्राप्ययन्त्रितम् ।।४।।
नोज्झत्येष वपुस्त्यक्तनियतिश्च स्थितोऽत्र तत् ।

नोज्झतीति तथात्वे ह्यस्य स्वातन्त्र्यखण्डना भवेदिति भावः ।।४।।

नियतित्यागात्यागयोः को विशेष इत्याशङ्क्याह

नियत्यैव यदा चैष स्वरूपाच्छादनक्रमात् ।।५।।
भुङ्क्ते दुःखविमोहादि तदा कर्मफलक्रमः ।
त्यक्त्वा तु नियमं कार्मं दुःखमोहपरीतताम् ।।६।।
बिभासयिषुरास्तेऽयं तिरोधानेऽनपेक्षकः ।

नियति का त्याग केवल यहीं नहीं अपितु अवान्तर सर्ग में भी होता है। यही कह रहे हैं—

अवान्तर सृष्टि हो या स्थिति, किसी में नियति का आश्रय नहीं होता अपितु अनियन्त्रित स्थिति ही रहती है। वहाँ पर वह अपने स्वातन्त्र्य के फलस्वरूप स्वयं अपनी सत्ता में विराजमान रहता है। साथ ही नियति का त्याग भी उसी तरह किया गया होता है। अपने संविद्वपुष् के परित्याग से इसके स्वातन्त्र्य का ही खण्डन हो जाता! अवान्तर सर्ग के नियति-त्याग का यह स्वरूप ध्यातव्य है।।४।।

यहाँ यह पूछना अत्यन्त स्वाभाविक ही है कि, इस त्याग और अत्याग का रहस्य क्या है? कोई विशेष बात है क्या? इस प्रश्न का समाधान कर रहे हैं—

नियति के द्वारा स्वतन्त्र शिव अपने 'स्व' रूप का आच्छादन करता है। उसी क्रम में उसका अणुत्व उल्लसित होता है। इस नये परिवेश के परिणाम दुःख मोह आदि हैं। इनका वह उपभोग करता है। इसी परिवेश में कर्म और फल ये दोनों उसे कर्मविपाक में पकने का अभिशाप देते हैं, जिसे अणु पुरुष सहर्ष स्वीकार करता है। यह नियति क्रम का कालुष्य कहिये या वैशिष्ट्य कहिये, है।

नियति क्रम के परित्याग की अलग परम्परा है। इस क्रम में कार्म मल का परित्याग प्रारम्भ होता है। दुःख और मोह के पार जाने का संस्कार जगता है। उस समय उसमें अपेक्षा का भाव समाप्त होता है। निरपेक्ष स्वात्म-संस्कार के जाग्रत होने से अपने आच्छादन के प्रति उसमें जागरूकता आती है।

स्वरूपाच्छादनक्रमादिति तमवलम्ब्येत्यर्थः। कार्मनियमत्यागे हेतुरनपेक्षक इति। यदभिप्रायेणैव वक्ष्यति

'न चास्य कर्ममहिमा तादृग्येनेत्थमास्त सः।'(१४) इति।।६।।

ननु तिरोधानमेव नाम किमुच्यते यत्रापि विभोः कर्मादिनैरपेक्ष्यमित्याशङ्कां गर्भीकृत्य कार्यद्वारेण दृष्टान्तोपदर्शनपुरःसरं तत्स्वरूपमेवाभिधत्ते

यथा प्रकाशस्वातन्त्र्यात् प्रतिबुद्धोऽप्यबुद्धवत् ।।७।।
आस्ते तद्वदनुत्तीर्णोऽप्युत्तीर्ण इव चेष्टते ।

अब वह स्वात्म-प्रकाश की आकांक्षा से उद्दीप्त होने के लिए आकुल हो उठता है। यह उसकी बिभासयिषा कहलाती है और वह बिभासयिषु हो जाता है। अब तक तिरोधान की अपेक्षा थी। अब वह अनपेक्षक अर्थात् निरपेक्ष साक्षी बनता है। यह सब कार्म नियम के परित्याग का ही सुपरिणाम होता है। इसी आह्निक की कारिका १४ में कहा गया है कि,

“अब उसके कर्म के पारिणामिक महत्त्व का प्रश्न ही नहीं रहा, जिसके फलस्वरूप उसके स्वात्मका आच्छादन हो गया था।।५-६।।

प्रश्न करते हैं कि, यह तिरोधान नामक है ही कौन पदार्थ? जहाँ विभु अर्थात् सर्व समर्थ परमेश्वर के कर्मनैरपेक्ष्य की बात की जा रही है? इस आशङ्का को दृष्टिगत रखते हुए उसके व्यापार के प्रवर्त्तन से सम्बन्धित दृष्टान्त को उपस्थापित कर तिरोधान के स्वरूप का स्पष्टीकरण कर रहे हैं—

जैसे प्रकाश स्वातन्त्र्य के कारण प्रतिबुद्ध रहता हुआ भी अप्रतिबुद्धवत् आचरण करता है, उसी तरह यह स्वयम् अनुत्तीर्ण रहते हुए भी उत्तीर्ण की तरह चेष्टा करता है। जहाँ तक प्रकाश का प्रश्न है, यह परमेश्वर का ही विमर्शात्मक आश्रय है। प्रकाश और विमर्श शिव और शक्ति के यथार्थ रूप हैं। प्रकाश में अहमात्मक परामर्श का उल्लास शाश्वतिक सत्य है। प्रकाश में स्वातन्त्र्य एक ऐसी शक्ति है, जिसके कारण उसे अशुद्ध अहमात्मक परामर्श का परिवेश भी

इह यथा प्रकाश एव अहंपरामर्शोदयात् प्रबुद्धोऽपि अप्रबुद्धवदास्ते 'वीतरागा अपि सरागवत् व्यवहरन्ति' इति न्यायेन गोपितस्वात्मवीर्यावष्टम्भोऽवतिष्ठते, तथा कश्चिदनुत्तीर्णोऽपि पारमेश्वरशक्तिपाताभावादनाभासितरूपोऽपि उत्तीर्ण इव आभासितरूप इव चेष्टते परविप्रलम्भाय दाम्भिकतया भक्तिश्रद्धादि विदध्यात्। वस्तुतस्तु पारमेश्वरमन्त्रतन्त्रादावस्य न कश्चिदादरप्रत्यय इत्येतत्तिरोधानं नाम इत्यर्थः। यदुक्तं प्राक्

अनाभासितरूपोऽपि तदाभासितयेव यत् ।
स्थित्वा मन्त्रादि संगृह्य त्यजेत्सोऽस्य तिरोभवः ।।'
(१३।१२१) इति।।७।।

मिल जाता है। अब एक आश्चर्य ही उल्लसित हो जाता है। वह प्रबुद्ध रहते हुए भी अप्रबुद्ध पुद्गल पुरुष बन जाता है।

एक मुहाविरे का प्रयोग लोग करते हैं— 'ये वीतराग होते हुए भी रागी पुरुष की तरह व्यवहार करते हैं'। इसी वास्तविकता का चरितार्थीकरण परमेश्वर पर भी होता है। उसका अपना सारा बोध प्रकाश, उसका विभु रूप छिप जाता है और वह स्तम्भित सा ऊपर से दीख पड़ने लगता है। उसका सारा व्यवहार सरागवत् हो जाता है। यह प्रबुद्ध का अप्रबुद्धवत् स्वरूप होता है।

उसी का एक दूसरा रूप भी है। एक अणु पुरुष है। अनुत्तीर्ण है। उस पर पारमेश्वर शक्तिपात का प्रभाव भी नहीं पड़ा है। अभी उसके गोपित स्वात्म का आवरण भी भग्न नहीं हुआ है। परिणामतः उसका वह मूल प्रकाशात्मक स्वरूप आभासित भी नहीं हुआ है। इस तरह वह उत्तीर्ण न रहते हुए भी उत्तीर्णवत् आचरण करने लगता है। वह घोषित कर देता है कि, वह जीवन्मुक्त है। ऐसा प्रदर्शन करता है मानो प्रत्यक्ष परमेश्वर ही हो। ऐसे दाम्भिक गुरु श्रद्धालुओं की श्रद्धा को प्रवंचना के मोल खरीद लेने में दक्ष होते हैं। वास्तविकता यह होती है कि, उसका शैव शासन की आनुशासनिक परम्परा में प्रचलित मन्त्रों और तन्त्रों में कोई आदर नहीं होता। यह दोनों स्थितियाँ तिरोधान ही हैं। यही तथ्य श्रीत. १३/१२१ में भी कहा गया है। वहाँ भी इसका विश्लेषण किया गया है।।७।।

ननु इह तावत्

'शिवोऽहमद्वितीयोऽहं.............।'

इत्याद्युक्त्या शिवतामनापन्नोऽपि तादात्म्यप्रतिपत्तये तथा भावयेदित्याम्नातं, तदेवमेवास्य चेच्चेष्टा तदा को दोष इत्याशङ्क्याह

यथा च बुद्धस्तां मूढचेष्टां कुर्वन्नपि द्विषन् ।।८।।
हृद्यास्ते मूढ एवं हि प्रबुद्धानां विचेष्टितम् ।

कुर्वन्नपि हृदि द्विषन्नास्ते तत्राहृदयादस्य विश्रान्तिर्नास्तीत्यर्थः ।।८।।

यहाँ एक विचारणीय तथ्य सामने आता है। शास्त्रों में यह कहा गया है कि, जो व्यक्ति शिवत्व भाव को अभी प्राप्त नहीं कर सका है, उसे भी "मैं साक्षात् शिव स्वरूप ही हूँ। मैं अद्वितीय अद्वय स्वयं परमेश्वर ही हूँ.........................।।" इस प्रकार का अनुभावन अपने में करना चाहिये। तादात्म्य भाव की उपलब्धि के लिये यह अनुभावन आवश्यक है।

ऐसी अवस्था में अर्थात् तिरोधान के प्रसङ्ग में जो अनुत्तीर्ण रहते हुए भी उत्तीर्णवत् चेष्टा करता है, उसका कोई दोष तो नहीं प्रतीत होता। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं—

बुद्ध पुरुष यदि मूढचेष्टा करता है, तो इसका यह अर्थ कदापि नहीं होता कि, वह मूढ है किन्तु वह ऐसी चेष्टा करता है। वस्तुतः वह ऐसी चेष्टा अपने को छिपाने के लिये करता है। साथ ही साथ ऐसी चेष्टा करता हुआ भी हृदय से उसके प्रति द्वेष भी रखता है। अर्थात् उसका उसमें राग नहीं रहता अपितु वीतराग होता है। हृदय मूढ चेष्टा में नहीं जाता। इसलिये उसकी विश्रान्ति उसमें नहीं होती। ऐसा ही यह प्रबुद्ध वर्ग का विचेष्टित रहस्य गर्भ होता है। इस विश्लेषण पर विशेष ध्यान देना चाहिये।।८।।

नचैतदस्माभिरेवोक्तमित्याह

श्रीविद्याधिपतिश्चाह मानस्तोत्रे तदीदृशम् ।।९।।

तदेव पठति

ये यौष्माके शासनमार्गे कृतदीक्षाः
संगच्छन्तो मोहवशाद्विप्रतिपत्तिम् ।
नूनं तेषां नास्ति भवद्धानुनियोगः
सङ्कोचः किं सूर्यकरैस्तामरसानाम् ।।१०।।

ज्ञातज्ञेया धातृपदस्था अपि सन्तो
ये त्वन्मार्गात्कापथगास्तेऽपि न सम्यक् ।
प्रायस्तेषां लैङ्गिकबुद्ध्यादिसमुत्थो
मिथ्याबोधः सर्पवसादीपजकल्पः ।।११।।

इस सम्बन्ध में आगमिक प्रामाण्य उपस्थापित कर रहे हैं—

मानस्तोत्र में श्रीविद्याधिपति नामक आचार्य ने भी यही तथ्य प्रतिपादित किया है। उनका कथन इस प्रकार है—

जो तुम्हारे शासन में दीक्षा प्राप्त करने पर भी मोह के वशीभूत होकर उसमें विप्रतिपत्ति करते हैं, उनके ऊपर इस दर्शन के सूर्य की रश्मियों का प्रकाश नहीं पड़ सका है, यह निश्चय है। यह आश्चर्य की ही बात है। सूर्य की किरणों से प्राणवत्ता की प्रेरणा प्राप्त करने के उपरान्त क्या उनमें (कमल में) सङ्कोच रहता है? पर यहाँ उसके दर्शन हो रहे होते हैं। ऐसे मूढ पुरुष शक्तिपात का लाभ ही नहीं उठा पाते। वे इतने अहंमन्य हैं और उत्तानवक्ष चलते हैं कि, उनके मुख में अमृत की बूँदें पड़ ही नहीं सकतीं। सांख्यादि की सांख्यिकी के व्यामोह में पड़कर इतो भ्रष्टस्ततोऽपि भ्रष्टः की उक्ति के वे शिकार हो जाते हैं।।९-१०।।

जो ज्ञेय है, उसे उन्होंने ज्ञात कर लिया है। वे धाता की श्रेणी में भी आ गये हैं। फिर भी परमेश्वर के मार्ग से च्युत रह कर कुत्सित पथ का अनुसरण करना प्रारम्भ कर दिया है।

यस्माद्विद्धं सूतकमुख्येन नु ताम्रं
तद्यद्भूयः स्वां प्रकृतिं नो समुपेयात् ।
नो तैः पीतं भूतलसंस्थैरमृतं
तद्येषां तृट्क्षुद्दुःखविबाधाः पुनरस्मिन् ।।१२।।

भवद्दर्शनमनुप्रविश्यापि तत्र ये विप्रतिपन्नास्तेषां शक्तिपात एव नायातः, अतश्च भवद्दर्शनस्य उत्तानतया तत्त्वं जानाना अपि ततः सांख्यादिकुमार्गं गता इति ते सम्यक् विलयशक्त्याघ्राता एवेत्यर्थः। यतस्तेषां सर्पवसादीपादिवत् तद्दर्शनादुत्पन्नं मिथ्याज्ञानमस्ति, येनैतदन्यथा जानते। सर्पवसादीपे हि सति सर्वं सर्पमयमेव दृश्यते इति। अतश्च दर्शनान्तरान्यथानुपपत्त्या एतन्निश्चीयते— यत्त्वद्दर्शने तिरोहितत्वादेते न प्ररोहमुपगता इति। नहि पारदेन विद्धं ताम्रं पुनस्ताम्रतां यायात्, न वा पीतामृतानां पुनस्तृडादिबाधा स्यात्।।१२।।

वे सम्यक् बोध से नितान्त वञ्चित हैं। प्रायः उनमें लिङ्ग आदि सम्बन्धी संस्कार हीनता के कारण मिथ्या बोध उत्पन्न हो जाता है। उनकी वही दशा होती है, जो सर्प की चर्बी से जलने वाले दीपक के प्रकाश में काम करते हैं। उन्हें सामने साँप ही साँप दीख पड़ते हैं। इस तरह साँप का मिथ्या बोध उन्हें सत्य से दूर कर देता है। इस उदाहरण से यह सिद्ध होता है कि, उन्होंने अन्य दर्शनों से मिथ्या बोध ही पाया। उन्हें सब जगह साँप ही दिखा। न वे दूसरा दर्शन पढ़ते, न मिथ्याबोध के महा अभिशाप से ग्रस्त होते।।११।।

मान लीजिये, साधक स्वर्णकार ने ताँबे से सोना बनाने की इच्छा से ताँबे का एक टुकड़ा लिया। उसको रसशास्त्रसिद्ध रसेश्वर पारद से परमाणुविद्ध कर डाला। अब ताँबा ताँबा नहीं रह गया। उसके परमाणुओं के रूप परिवर्त्तित हो गये। अब वह सोना हो गया। अगर स्वर्णकार उसे पुनः ताँबे के रूप में परिणत करना चाहे, तो भी नहीं कर सकता।

इसी तरह इस मर्त्त्य भूतल का प्राणी कभी अमृत पीकर के आमोदमद मग्न हो गया हो, तो उसे भौतिक तृषापिपासा कभी बाधित नहीं कर पाती तथा

एवंच प्रबुद्धचेष्टैव तिरस्क्रियमाणत्वादेनं तिरोभावयेदित्याह

ततः प्रबुद्धचेष्टासौ मन्त्रचर्यार्चनादिका ।
द्वेषेद्धान्तर्दहत्येनं दाहः शङ्कैव सा यतः ।।१३।।

अन्तर्दाहे हेतुर्द्वेषेद्धेति द्वेषेणेद्धा द्विष्यमाणतयोत्तेजितेत्यर्थः। तद्द्वेषेण ह्यस्यैवंभाव इति भावः। तदुक्तं

'निन्द्यमानमहामन्त्रविद्याचर्यादिकोपजम् ।
पाप्म तं पातयेद्घोरे यातनाधाम्नि सर्वथा ।। इति।

कश्चात्र दाहार्थ इत्याशङ्क्याह दाहः शङ्कैव सा यत इति। शङ्का हि विकल्पः, स एव च संसारनिमित्तम्। यदुक्तं

भूख नहीं सता सकती। फलितार्थ यह होता है कि, जो प्रबुद्ध हो चुका है, वह अप्रबुद्धवत् चेष्टा करने पर अप्रबुद्ध नहीं हो सकता। वह हृदय से उससे वीतराग रहता है।।१२।।

जो इसके विपरीत अप्रबुद्ध है और प्रबुद्ध चेष्टा करता है, उसकी यह चेष्टा ही उसे तिरोभाव में डालती है। यही कह रहे हैं—

प्रदर्शक का झूठा प्रदर्शन, मन्त्र, जप, चर्या और अर्चन-पूजन में दम्भमय आडम्बर का आचरण ही उसको असत्य की आग में झोंक देता है। उसका यह अन्तर्दाह उसी की नीचता का दुष्परिणाम होता है। यह उसकी जलन उसकी शङ्का से ही जन्म लेती है। उसका द्वेष उसी को ले डूबता है। कहा भी गया है कि,

'जो व्यक्ति महामन्त्रों, विद्याओं व चर्या आदिकों को निन्दित करता हुआ उनका मात्र प्रदर्शन करता है, वह इन रहस्यों का कोपभाजन बन जाता है। उसके सर पर पाप चढ़ कर बोलता है। यह पाप उसे घोर यातना के स्थान रौरव आदि नरकों में डाल देता है'।

इस श्लोक में दाह को शङ्का बताया गया है। शङ्का विकल्पात्मक होती है। विकल्प रूप ही अप्रबुद्ध की प्रबुद्ध चेष्टा होती है और विकल्प को ही संसार का निमित्त कहते हैं—

'सर्वो विकल्पः संसार ....। इति।

तत्रैव चास्य दन्दह्यमानत्वं नाम तिरोभाव इत्येवमुक्तम् ।।१३।।

नन्वत्र चास्य किं प्राक्तनकर्मविस्फूर्जितं निमित्तमुतान्यत्किंचिदित्याशङ्क्याह

न चास्य कर्ममहिमा तादृग्येनेत्थमास्त सः।
किं हि तत्कर्म कस्माद्वा पूर्वेणात्र समो विधिः।।१४।।

तादृक् तिरोधानहेतुः, इत्थमिति प्रबुद्धचेष्टादिद्वेषकारितया। नह्येवंविधं कर्म किंचिदस्ति यत्तिरोधानहेतुतां यायात्, तद्धि जात्यायुर्भोगप्रदम्, नचैवन्मध्यात्तिरोधानं किञ्चिदित्युक्तं किं हि तत्कर्मेति। नचैवंविधः कश्चन कर्माशयोऽप्यस्ति योऽस्य हेतुतां यायादित्याह कस्माद्वेति। एवं च यथा कर्मादिनैरपेक्ष्येण परमेश्वरेच्छयैव अनुग्रहः स्यादिति पूर्वमुक्तं, तथा तिरोधानमपीत्युक्तं पूर्वेणात्र समो विधिरिति। विधिरिति चोद्यप्रतिसमाधानप्रकारः।।१४।।

"सारा विकल्प ही संसार (है)...................।"

ऐसे आग के गोले रूप विकल्प में दन्दह्यमानता ही तिरोभाव कहलाती है।।१३।।

प्रश्नकर्त्ता पूछता है कि, क्या इसमें उसके प्राक्तन कर्मों की बाढ़ कारण है? अथवा दूसरा कुछ भी इसमें कारण बन सकता है? इस पर अपना मन्तव्य प्रकट कर रहे हैं—

इसमें कर्म कारण नहीं होते। तिरोधान के मूल में उसके प्राक्तन कर्म कारण नहीं बनते। वस्तुतः वह अप्रबुद्ध है। अतः प्रबुद्धों से द्वेष करता है। इसी द्वेष के कारण वह ऐसा हो गया होता है। कोई दूसरा कर्म हो ही कौन सकता है? अथवां कोई कर्माशय भी कहाँ से कारण बनेगा। अतः यही कहना उचित है कि, पूर्व में कहे गये के समान यहाँ भी समान विधि है।

कर्म वस्तुतः जाति, आयु और भोग प्रदान करते हैं। तिरोधान देने की बात कहीं भी नहीं कही गयी है। अतः कोई प्राक्तन कर्म कभी भी तिरोधान का कारण नहीं हो सकता। शास्त्र में अनुग्रह के सम्बन्ध में पहले कहा गया है कि,

अत एवाह

तस्मात्सा परमेशेच्छा ययायं मोहितस्तथा ।
अनन्तकालसंवेद्यदुःखपात्रत्वमीहते ।।१५।।

ननु पारमेश्वरमिच्छामात्रमेव चेदत्र निमित्तं, तत्कुतस्त्यमिदमेषां दुःखवैचित्र्यमित्याशङ्क्याह

तत्रापि चेच्छावैचित्र्यादिहामुत्रोभयात्मकः ।
दुःखस्यापि विभेदोऽस्ति चिरशैघ्र्यकृतस्तथा ।।१६।।

परमेश्वर की इच्छा से ही अनुग्रह होता है। इसलिये यहाँ तिरोधान के सम्बन्ध में भी समान विधि का सिद्धान्त माना जा सकता है। अर्थात् जैसे परमेश्वर की इच्छा से अनुग्रह की बात स्वीकार की जाती है, उसी तरह तिरोधान में भी परमेश्वर की इच्छा ही कारण है। यह विधि सर्वमान्य है। विधि शब्द प्रश्नगत प्रतिसमाधान के प्रकार अर्थ में यहाँ प्रयुक्त है।।१४।।

इस लिये उसी परमेश्वर की इच्छा को ही यहाँ कारण माना जाना चाहिये। उसी से पुद्गल पुरुष मोहमुग्ध हो जाता है।परिणाम स्वरूप अनन्त काल तक संवेद्य द्वन्द्व का पात्र बन जाता है। आश्चर्य तो यह है कि, इसी की चाह भी करने लगता है। द्वन्द्व की समीहा तो विस्मय रूप ही होती है।।१५।।

यदि परमेश्वर की इच्छा को ही इसमें निमित्त मानने लगेंगे, तो एक बड़ी प्रश्नगत समस्या यह सामने आयेगी कि, परमेश्वर की इच्छा से यह दुःख सुखादि वैचित्र्य चित्रता कहाँ से और क्यों आती है? इसका समाधान दे रहे हैं कि,

परमेश्वर की इच्छा में भी वैचित्र्य होता है। इह लोक गत और परलोक गत दुःख आदि के भेद उसी से होते हैं। चिर कार्यत्व, चिरकर्म-फलत्व और शीघ्रता आदि उसी वैचित्र्य के परिणाम हैं। किसी को चिरकालिक साधना से बोध और किसी को शीघ्र बोध-प्रकाशोपलब्धि उसकी इच्छा पर ही निर्भर है।।१६।।

एतदेव दर्शयति

कालकामान्धकादीनां पौलस्त्यपुरवासिनाम् ।
तथान्येषां तिरोभावस्तावद्दुःखो ह्यमुत्र च ।।१७।।

पुरवासिनस्त्रिपुराः, अन्येषामिति चित्रसेनादीनाम्। चशब्दादिहापि, तेन कालादीनामिहैव दाहाद्यनन्तरमनुग्रहस्य वृत्तत्वात्, पौलस्त्यादीनामुभयत्रापि अनुग्रहासंपत्तेः।।१७।।

न केवलमस्य पारमेश्वरमिच्छामात्रमेव निमित्तं, यावदन्यदपीत्याह

अन्योऽपि च तिरोभावः समयोल्लङ्घनात्मकः ।

समयोल्लङ्घनात्मक इति कार्यकारणयोरभेदोपचारात्।

किमत्र प्रमाणमित्याशङ्क्याह

यदुक्तं परमेशेन श्रीमदानन्दगह्वरे ।।१८।।
समयोल्लङ्घनाद्देवि क्रव्यादत्वं शतं समाः ।

काल कामान्ध आदि और पौलस्त्य पुरवासियों आदि के तिरोभाव के दृष्टान्त ही यहाँ पर्याप्त हैं। इनका दुःख तिरोभाव की इहामुत्रोभयात्मकता का द्वितीय रूप है। यहाँ पुर से त्रिपुरनिवास का आकलन भी हो जाता है। काल का यहीं दाह हुआ और उसके बाद अनुग्रह का अमृत उपलब्ध हो गया। पौलस्त्यों को तो न ऐहिक और न ही पारलौकिक किसी प्रकार का अनुग्रह ही मिल सका।।१७।।

तिरोभाव में परमेश्वर की इच्छा ही निमित्त है, ऐसी कोई निर्णयात्मक बात नहीं है। कुछ दूसरे भी कारण हो सकते हैं। वही कह रहे हैं—

अन्य तिरोभाव प्रकार भी होते हैं। जैसे समय के उल्लङ्घन से होने वाला तिरोभाव। समय गुरुक्रम की दैनिक आचरणीय चर्या का अनुशासनात्मकरूप होता है। इसके उल्लङ्घन से पाप होता है। उसका प्रायश्चित भी नहीं होता।

नचात्र शतं समा एव इति नियमो विवक्षित इत्याह

तत्रापि मन्दतीव्रादिभेदाद्बहुविधः क्रमः ।।१९।।

एवं तिरोभावस्य स्वरूपमभिधाय, तद्व्यपगममप्यासूत्रयति

स्वातन्त्र्याच्च महेशस्य तिरोभूतोऽप्यसौ स्वयम्।
परद्वारेण वाभ्येति भूयोऽनुग्रहमप्यलम् ।।२०।।

अत्र स्वयं तावदनुग्रहाभिमुख्येनागमनमाह

भूयोऽनुग्रहतः प्रायश्चिताद्याचरणे सति ।
अनुसारेण दीक्षादौ कृते स्याच्छिवतामयः ।।२१।।

समयोलङ्घन और पाप ये दोनों कार्यकारण रूप हैं पर अभेदोपचार विशिष्ट कार्यकारण भाव ही इन दोनों में है। इंसके प्रमाण में आगमिक वचनों की चर्चा कर रहे हैं—

श्रीमदानन्दगह्वर शास्त्र में भगवान् परमेश्वर स्वयम् कहते हैं कि, हे देवि! समय के उल्लङ्घन के पाप से सौ वर्षों तक क्रव्याद का जन्म मिलता है। इसमें विशेषता यह है कि, यदि मन्द और तीव्र आदि भेदप्रथा से प्रथित उल्लङ्घन हुआ, तो यह कहा जा सकता है कि, इसमें अन्य भेद के कारण क्रव्यादत्व के सौ वर्ष की शर्त्त ढीली भी हो जाती है।।१८-१९।।

तिरोधान का यह रूप, साधकों को निर्दिष्ट कर शास्त्रकार तिरोधान के निराकरण के उपाय पर भी प्रकाश डाल रहे हैं—

भगवान् शिव के स्वातन्त्र्य के प्रभाव से तिरोभूत होने वाला अणु कभी कभी स्वयं और कभी पर (अन्य) गुरुजनों और सन्तों के माध्यम से अनुग्रह को प्राप्त कर लेता है। स्वयं और कभी-कभी पर द्वारा दो प्रकार से उसे अनुग्रह का अधिकार मिल जाता है।।२०।।

स्वयम् अनुग्रह के लिये प्रवृत्ति—

अनुग्रह और स्वयम् आभिमुख्य इन दोनों में कार्य कारण भाव है। स्वयम् अभिमुख होना तभी घटित होता है, जब अपने किये का प्रायश्चित्त अणु पुरुष

प्रायश्चित्ताचरणं हि स्वयमेव भवेदिति भावः। अनुसारेणेति शक्तिपातस्य तीव्रमन्दादिरूपतया स्वयोग्यतायाः।।२१।।

परद्वारेणाप्याह

तिरोभूतः परेतासुरपि बन्धुसुहृद्गुरून् ।
आलम्ब्य शक्तिपातेन दीक्षाद्यैरनुगृह्यते ।।२२।।

अत्रापि प्राग्वद्वैचित्र्यमस्तीत्याह

तत्रापि कालशीघ्रत्वचिरत्वादिविभेदताम् ।
तथैति शक्तिपातोऽसौ येनायाति शिवात्मताम् ।।२३।।

तथेति चिरं शीघ्रेण वा।।२३।।

करता है। प्रायश्चित तो स्वयं करना होता है। इस तरह के कार्य करने के उपरान्त ही दीक्षा मिलती है। दीक्षा से तीव्र, मध्य और मन्द प्रकारक अनुग्रह का अधिकार मिलता है। अपनी योग्यता के अनुसार ही अधिकार मिलता है। योग्यता के अनुसार अनुग्रह हो जाने पर अणु के अणुत्व का निराकरण हो जाता है और वह शिवतादात्म्य सिद्ध हो जाता है।।२१।।

तिरोभाव से अभिभूत पुरुष का अकस्मात् शरीर छूट गया। मृत्यु हो गयी। वह स्वयं कुछ नहीं कर सका। उसके लिये भाई, बन्धु, मित्र और गुरु तीनों मिल करके श्राद्धादि का प्रयत्न करते हैं। इनके निवाप रूप आलम्बन से परासु की परेतात्मा के ऊपर शक्तिपात के अमृत की वर्षा भी हो जाती है। निर्वाण दीक्षा द्वारा उसके स्वात्म अस्तित्व पर अमृत उड़ेल दिया जाता है। इस तरह पर द्वारा ऐसे लोग अनुगृहीत हो जाते हैं।।२२।।

परद्वारा अनुग्रह में भी पहले की तरह वैचित्र्य का आधान रहता ही है। वही कह रहे हैं—

तत्रापि अर्थात् परद्वारा अनुग्रह और तिरोधान के निराकरण में बड़ी विचित्रता होती है। जैसे काल गत वैचित्र्य। इसमें शीघ्रत्व और चिरत्व आदि भेद की

प्रागुक्तमेव प्रमेयं संचिनोति

इत्थं सृष्टिस्थितिध्वंसतिरोभावमनुग्रहः ।
इति पञ्चसु कर्तृत्वं शिवत्वं संविदात्मनः ।।२४।।

ननु भवतु संविदः सृष्ट्यादौ कृत्यपञ्चके कर्तृत्वं नाम शिवत्वं, मादृशां पुनरेतदुपदेशेन कोऽर्थ इत्याशङ्क्याह

पञ्चकृत्यस्वतन्त्रत्वसंपूर्णस्वात्ममानिनः ।
योगिनोऽर्चाजपध्यानयोगाः संस्युः सदोदिताः ।।२५।।

अर्चादीनां हि परतत्त्वानुप्राणित्वं नाम तत्त्वम्। तच्चैवंमानिनो योगिनः सर्वदैवास्तीत्युक्तं तेऽपि सदोदिता इति।।२५।।

प्रकल्पना स्वाभाविक रूप से की जाती है। इनके अनुसार शक्तिपात और शक्तिपात के वैचित्र्य से शिवतामयत्व! यह सब कुछ चित्र-विचित्र रूप से घटित होता है।।२३।।

सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोभाव और अनुग्रह ये पाँचों शिव के कृत्य माने जाते हैं। इन पाँचों में संवित्तिका अर्थात् संविद्वपुष् परमेश्वर का कर्त्तृत्व प्रतिष्ठित रहता है। ये पाँचों इस कर्त्तृत्व के मानो अधिष्ठान हैं। इस तरह कृत्यपञ्चक में संवित्तत्व का कर्त्तृत्व ही शिवत्त्व है— यह सिद्ध हो जाता है।।२४।।

जिज्ञासु कहता है कि, सृष्टि आदि पंचकृत्यों में कर्त्तृत्व रूप शिवत्त्व हो, इस तथ्य को हम जैसे लोगों से कहने का क्या तुक? इससे किस प्रयोजन की सिद्धि होती है? इस जिज्ञासा का समाधान कर रहे हैं—

शिव के इन पाँचों कृत्यों में उनका स्वातन्त्र्य शाश्वत उल्लसित रहता है। इस स्वातन्त्र्य को स्वात्म स्तर पर स्वात्ममानी योगी ही अङ्गीकार करता है। ऐसा मानने वाला शाम्भवावेश सम्पन्न महान् योगी होता है।

ऐसे योगी में अर्चा सतत स्वयं समुदित रहती है। उसका जप अजपा जाप हो जाता है। उसके हृदय रूप अन्तराल के आलवाल में ध्यान की लता संतत विकसित रहती है। उसके जीव-शिव का परम शिव में शाश्वत योग स्वभावतः

एवं चैतदेव परमुपेयं येन जीवतोऽपि मुक्तिः स्यात्, अतश्च क्षणमात्रावभासिनी कृत्रिमप्राये भोगादावासक्तिर्न कार्येत्याह

ऐन्द्रजालिकवृत्तान्ते न रज्येत कदाचन ।
सादाशिवोऽपि यो भोगो बन्धः सोऽप्युचितात्मनाम्।।२६।।

ननु ज्ञानक्रियात्मा शिव इत्यस्मन्मतं, तत्कथमुक्तं कर्तृत्वमेव शिवत्वमिति— इत्याशङ्क्याह

ज्ञातृत्वमेव शिवता स्वातन्त्र्यं तदिहोच्यते ।

नहि ज्ञानक्रिययोः कश्चिद्भेद इति भावः।

यदुक्तं

'न क्रियारहितं ज्ञानं न ज्ञानरहिता क्रिया।' इति।।

कुलालादिन्याये निर्मातृतारूपं पुनः कर्तृत्वमत्र न विवक्षितं यतस्तत्र मुख्यम्। तद्धि शुद्धस्वातन्त्र्यात्मनः कर्तृत्वस्याधिष्ठेयं तेन विनास्यानुदयात्। तदाह

सिद्ध होता है.। ये सदोदित क्रियायें उसको सदा अभिषिक्त करती हैं। इस उपदेश का यही प्रयोजन है कि, सुनने वाला इसे सुने, गुने और ताद्रूप्य से अलंकृत हो जाय।।२५।।

इस उपदेश का सार निष्कर्ष रूप तात्त्विक उपदेश यही है कि, इन्द्रजाल के समान क्षण मात्र के लिये अवभासमान इन भौतिक भोगों में कभी राग नहीं रहना चाहिये, कभी आसक्त नहीं होना चाहिये। यह निश्चय है कि, सदाशिव स्तर का भी यदि कोई भोग हो, तो वह बन्ध ही प्रदान करता है। इसमें सभी साधकों के साथ उचितात्मगत विशेषता होती है।।२६।।

कारिका २४ में कर्तृत्व को ही शिवत्व माना गया है। यह नयी परिभाषा यहाँ दी गयी है। प्रश्न है कि, शिव का स्वरूप हमारी दृष्टि से ज्ञान और क्रिया रूप है। फिर उक्त परिभाषा का आधार क्या है? इस विषय का स्पष्टीकरण कर रहें हैं—

कुलालवत्तु कर्तृत्वं न मुख्यं तदधिष्ठितेः ।।२७।।

ननु तर्हि मादृशमपि कुलालादिवदेव न मुख्यकर्तृत्वमिति कृतमात्मनि शिवत्वाभिमानेन, तथात्वे ह्यस्माकमपीच्छामात्रानुवर्ति जगद्भवेत्, नचैवमित्याशङ्क्याह

इति ज्ञात्वा ग्रहीतव्या नैव जात्वपि खण्डना ।
शिवोऽहं चेन्मदिच्छानुवर्ति किं न जगत्त्विति ।।२८।।

खण्डनेति पारिमित्यम्।।२८।।

ज्ञातृत्व भी शिवत्व है। स्वातन्त्र्य से ही कर्त्तृत्व भी चरितार्थ होता है। ज्ञान एवं क्रिया में भी कोई अन्तर नहीं है। ज्ञान क्रियात्मक होता है और क्रिया ज्ञानात्मिका होती है। यह परमेश्वर का स्वातन्त्र्य है। कहा भी गया है कि,

"क्रिया से रहित ज्ञान नहीं होता। इसी तरह ज्ञान से रहित क्रिया भी नहीं होती"।

साथ ही ध्यान देना है कि कर्त्तृत्व के दो रूप होते हैं। पहला जो प्रत्यक्ष है, वह है कुम्हार का कर्त्तृत्व। प्रतीप इसके शुद्ध और अप्रत्यक्ष पारमेश्वर कर्त्तृत्व। यहाँ क्रिया अपेक्षित नहीं है। वह मुख्य नहीं होती। वह शुद्ध स्वतन्त्र पारमेश्वर कर्त्तृत्व की अधिष्ठान होती है। विना इसके उसका उदय असम्भव होता है। यही तथ्य यहाँ कारिका में स्पष्ट किया गया है—

कुलाल में जो कर्त्तापन है, वह मुख्य नहीं होता। उसमें परमेश्वर का कर्तृत्व अधिष्ठित रहता है। कुम्हार की सक्रियता में शैव कर्त्तृत्व की अधिष्ठिति के कारण वह गौण मानी जाती है।।२७।।

उपदेश्य शिष्य पूछता है किं, तब तो हम जैसे लोगों में जो कर्त्तृत्व है, वह भी मुख्य नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति में अपने में शिवत्व का अभिमान करना (जैसा कि पहले अपने को शिव मानने का उपदेश दिया गया है) भी व्यर्थ ही है। यदि अपने को शिवरूप माना जायगा, तो हम लोगों की इच्छा से भी जगत् की सृष्टि आदि क्रिया होने लगेगी, जो नितान्त असम्भव है। इस पर कह रहे हैं कि,

वास्तविकता तो यही है कि, अपने को शिव कहना और मानना ही उचित है। जीव शिव है ही। इसमें सन्देह नहीं। अपने में कभी भी किसी अवस्था में

तदग्रहणमेवोपपादयति

ममेच्छामनुवर्तन्तामित्यत्राहंविदि स्फुरेत् ।
शिवो वा परमेशानो देहादिरथ निर्मितः ।।२९।।

शिवस्य तावदस्त्येतद्देहस्त्वेष तथा त्वया ।
कृतः कान्या देहतास्य तत्किं स्याद्वाच्यतापदम् ।।३०।।

अहंविदीति अहंसंवित्तावित्यर्थः। तत्र स्वतन्त्रः शिव एव यद्यत्र स्फुरेत्, तत्स्थितमेव जगतस्तदिच्छानुवर्तित्वम्। अथ निर्मितो देहादिः, कुत एवमस्य भवेत्। स हि जड एव अपहस्तितपूर्णज्ञानक्रियः सृष्टः, अन्यथा हि अस्य देहत्वमेव

भी खण्डित शिवत्व की कल्पना नहीं करनी चाहिये। यह भी नहीं सोचना चाहिये कि, यदि मैं स्वयं शिव हूँ, तो मेरी इच्छा का अनुवर्त्ती यह विश्व क्यों नहीं? शैव सिद्धि के बाद क्या यह हो भी सकता है? ।।२८।।

मेरी इच्छा के अनुरूप ही जगत् का अनुवर्त्तन हो, ऐसी इच्छा करना साधक के लिये उचित भी नहीं है। इसमें अशुद्ध अहं के अभिशाप का भय होता है। यह देह क्या है। यह शिव की इच्छा से निर्मित है। अन्यथा ऐसा शरीर नहीं होता। शिव हो या परमशिव, यह विश्वशरीर उसकी ही निर्मिति है। यह शिव का ही स्वात्म शरीर है। वैसे हम अपने को शिव मान कर, अनुभव कर सकते हैं कि, यह विश्व मेरी इच्छा का ही अनुवर्त्तन है। यह देहता कोई दूसरी प्रक्रिया नहीं है। परमेश्वर की इच्छा ही है। इसमें किसी प्रकार की वाच्यता के लिये कोई स्थान नहीं है।

इस देह पर विचार करें। कैसा है यह? पूरी तरह ज्ञान और क्रिया रहित, जड। जैसा हम चाहते हैं, वैसे ही यह अनुवर्त्तित होता है। ज्ञान और क्रिया को पहले ही इसमें से अर्धचन्द्र मिला हुआ है। इसी से इसको देह कहते हैं। अन्यथा इसकी देहता सिद्ध ही नहीं होती। इसलिये यहाँ किसी प्रकार की पात्रता के लिये, उलाहना या आक्रोश के लिये कोई स्थान नहीं है।

इस स्थिति में यह पूर्ण प्रत्यभिज्ञान करना ही उचित है कि, मैं शिव हूँ। देह को ही अपने को स्वयं मान लेना मूर्खता है। चेतन जड नहीं हो सकता।

न स्यात्, तदेतन्नोपालम्भनीयमित्युक्तं तत्किं स्याद्वाच्यतापदमिति। तस्माच्छिव एवाहमभिज्ञानः कार्यो, न देहादौ येन तत्त्वमेव दार्ढ्यातिशयात्प्ररोहमुपगच्छेत्। इयता च ज्ञानपरिपूर्णताख्यं प्रमेयमुक्तं, तदेव च परमुपादेयं येनोक्तं

'ऐन्द्रजालिकवृत्तान्ते न रज्येत कदाचन।' इति ।।३०।।

ननु किमत्र प्रमाणमित्याशङ्क्याह

उक्तं च सिद्धसन्तानश्रीमदूर्मिमहाकुले।

ऊर्मिमहाकुले इति ऊर्मिकौले।

तदेव पठति

पवनभ्रमणप्राणविक्षेपादिकृतश्रमाः ।।३१।।
कुहकादिषु ये भ्रान्तास्ते भ्रान्ताः परमे पदे ।

अपने को शिव अनुभव करने से यदि ढार्ढ्य में अतिशयता आ गयी, यदि आप की इच्छा घनीभूत हो गयी, तो समझिये, शिखर मिल गया। केन्द्र मिल गया। आप आप हो गये।

यह कथन ज्ञान की परिपूर्णता से भरा हुआ है। यह पूर्णज्ञान मय प्रमेय है। ज्ञेय है, जो स्पष्ट हो गया है। यही परम उपादेय है। इसी लिये पहले कहा गया है कि,

"ऐन्द्रजालिक इस विश्व-वर्त्तन में कभी भी आसक्त नहीं होना चाहिये"।।२९-३०।।

इसमें आगम प्रामाण्य दे रहे हैं, जिससे इस कथन का प्रमाणीकरण हो सके। वे कहते हैं कि,

सिद्ध सन्तान श्री ऊर्मिमहाकुल (ऊर्मिकौल) नामक शास्त्र में यही बात कही गयी है। वहाँ कहा गया है कि,

पवनभ्रमण अर्थात् वायु में खेचरवत् गति प्राप्त कर लेना, प्राणायाम आदि के द्वारा प्राण का संचार रोक देना अथवा इसी प्रकार की हठयोग की क्रियाओं में दक्षता आदि अनेक दैहिक सिद्धियों के लिये जिन योगियों ने श्रम किया है, वे निश्चय ही चमत्कार के चक्कर में विपथभ्रान्त हो गये लोग हैं। ये लोग परमपद के प्रशस्त पथ से भी भटक गये हैं।

ननु यद्येवं, तत्कथं प्राणविक्षेपाद्यात्मिकाया उत्क्रान्तेः परंपदोपायत्वं सर्वत्रोक्तमित्याशङ्क्याह

सर्वत्र बहुमानेन याप्युत्क्रान्तिर्विमुक्तये ।।३२।।
प्रोक्ता सा सारशास्त्रेषु भोगोपायतयोदिता।

यद्गीतं

'सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च ।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम्।।

प्रश्नकर्त्ता पूछता है कि, यदि ऐसी बात है, तो प्राण-विक्षेप रूपा उत्क्रान्ति को परमपद की प्राप्ति में उपाय की बात शास्त्रों में सर्वत्र क्यों कही गयी है? इस आशङ्का का उत्तर दे रहे हैं—

सर्वत्र सभी शास्त्रों में विमुक्ति के लिये बहुमान होना चाहिये, ऐसा लिखा गया है। उत्क्रान्ति की प्रक्रिया मृत्यु के हाथ में है। मृत्यु में प्राणों के उत्क्रमण का नियत प्रवर्त्तन होता है। उत्क्रान्ति विमुक्ति परक ही होनी चाहिये।

श्री दुर्गा सप्तशती में उत्क्रान्ति शब्द मृत्यु की शक्ति के रूप में प्रयुक्त है। योगशास्त्र में योग की एक विधि का नाम ही उत्क्रान्ति योग है। प्रायोपवेशन में बैठने वाला पुरुष उत्क्रान्ति का ही आलिङ्गन कर इह लोक से विदा लेता है। साधना की विधि में भी उत्क्रान्ति का प्रयोग सम्भव है। गीता के दो स्थल इसकी ओर संकेत करते हैं। 'यं यं वाऽपि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्' में त्यजति क्रिया का मुमूर्षु ही कर्त्ता होता है। मरने वाला जान बूझ कर कलेवर छोड़ने के लिये ही प्रायोपवेशन पर बैठा है। आत्मा भी शरीर छोड़ता है, यह प्रयोग भी होता है, पर आत्मा भावों का स्मरण करने वाला तत्त्व नहीं है।

दूसरा उदाहरण भी श्रीमद्भगवद्गीता का है— यः प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमां गतिम्। इसमें भी देह त्याग के लिये तैयार साधक ही हो सकता है। प्रश्न है कि उत्क्रान्ति का वरण लोग क्यों करते हैं? क्या दूसरे जीवन में सुखोपभोग के लिये करते हैं? अथवा क्या विमुक्ति के उद्देश्य से करते हैं? यहाँ इसी प्रश्न का एक प्रकार का उत्तर दिया गया है कि, 'याप्युत्क्रान्तिर्विमुक्तये' अर्थात् जो भी उत्क्रान्ति का साधक हो, उसका लक्ष्य विमुक्ति ही होनी चाहिये।

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन् ।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम् ।।'

(८।१२) इति।

सारशास्त्रेष्विति प्रधानेषु ऊर्मिकौलादिष्वित्यर्थः। भोगोपायतयेति न मुक्त्युपायतया। अनेन च उत्क्रान्तेरनुपयुक्तत्वमासूत्रितम्।

तदेव उपपादयितुं तत्रत्यमेव ग्रन्थं पठति

यदि सर्वगतो देवो वदोत्क्रम्य क्व यास्यति ।।३३।।
अथासर्वगतस्तर्हि घटतुल्यस्तदा भवेत् ।

आजकल लोग आत्महत्या करते हैं मात्र मरने के लिये। भौतिकतावादी उत्क्रान्ति का उपयोग अधिकतर अगले जन्म के सुख के लिये या इस जीवन से छुटकारे के सुख के लिये ही करते हैं। यही बात सारशास्त्रों में भी लिखी है। वहाँ कहा गया है कि, उत्क्रान्ति भोगोपाय की एक प्रक्रिया है। इस सम्बन्ध में श्रीमद्भगवद्गीता का उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहे हैं कि,

साधक योगी शरीर के नव द्वारों का संयमन कर ले। मन को हृदय में निरुद्ध कर दे। प्राणायाम के माध्यम से प्राण को मूर्धा में प्रतिष्ठित कर दे और उत्क्रान्ति योग की धारणा में योगी बैठ जाय। इतनी विधियों को सम्पन्न करने के बाद 'ओऽम्' 'ओऽम्' इस एकाक्षर ब्रह्मबीज का जप करता रहे, मन से मेरा स्मरण करता रहे,इस तैयारी के उपरान्त जो देह का परित्याग करता है, वह परम गति को प्राप्त करता है। (श्रीमद्भ. ८/१२)

यहाँ परम गति भी परमानन्द रूपी परम सुख की ही प्रतीक है।प्रधान ऊर्मिकौल आदि सारशास्त्रोंमें इसी आधार पर उत्क्रान्ति को सुखोपायरूपा ही मानते और उपदेश में ऐसा कहते हैं। इससे यह संकेत भी मिलता है कि, उत्क्रान्ति को मुक्ति के लिये प्रयोग करने का उपदेश नहीं देते हैं। इस तरह की उत्क्रान्ति जीवन के लिये अनुपयुक्त ही कही जा सकती है।।३१-३२।।

सारशास्त्र के वचनों को प्रसङ्गानुरूप चरितार्थ करने के लिये यह स्पष्ट कर रहे हैं कि,

उत्क्रान्तिविधियोगोऽयमेकदेशेन कथ्यते ।। ३४।।
निरंशे शिवतत्त्वे तु कथमुत्क्रान्तिसंगतिः ।

घटतुल्य इति नियतदेशकालाकारतया सङ्कुचितप्रायत्वात्। उत्क्रान्तिप्रकारश्चायं योग एकदेशेन नियतदेशतया कथ्यते— यदधराधरपदत्यागेन ऊर्ध्वोर्ध्वपदाक्रमणमुत्क्रान्तिरिति। न चैतच्छिवतत्त्वे संगच्छते, यतः सदसदादिविकल्पोज्झितत्वात् तन्निरंशम्। तदुक्तं तत्र

'उत्क्रान्तिर्विद्यते तत्र यत्र स्यान्मानकल्पना ।
अमाने शून्यनिर्भासे तत्रोत्क्रान्तिर्न विद्यते ।।
अस्ति चेद्भगवान्व्यापी कथयोत्क्रमणेन किम् ।
नास्ति चेद्भगवान्व्यापी कथयोत्क्रमणेन किम् ।।
उत्क्रान्तिविधियोगोऽयमेकदेशेन कथ्यते ।
विभुत्वादात्मनः सोऽपि शिवस्य च न विद्यते ।।

यदि परमेश्वर सर्व व्याप्त है, तो यह बतलायें कि, उत्क्रान्ति के बाद भी आत्मा कहाँ जायेगा? वह तो जीवन में भी वही है, जो मरने पर भी रहेगा।

यदि परमेश्वर को सर्वगत नहीं मानते हो, तब तो तुम्हारा परमात्मा घड़े के समान हो जायेगा। जहाँ घड़ा रखा जायेगा, रहेगा, दूसरी जगह नहीं रह सकता। यह उत्क्रान्ति विधि से सम्बन्धित योग एक देशात्मक है, खण्डित है। निरंश सम्पूर्ण रूप से सर्वत्र उल्लसित शिव तत्त्व में किसी प्रकार भी उत्क्रान्ति संगत नहीं मानी जा सकती।

वहाँ इस विषय में और भी कहा गया है। उसका उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं—

"उत्क्रान्ति वहीं होती है, जहाँ मान की कल्पना होती है। जहाँ मान के लिये कोई अवकाश नहीं, उस शून्यात्मक निर्भास में— उत्क्रान्ति के लिये कोई भी अवकाश नहीं होता। यदि भगवान् सर्वव्यापी है तो, उस उत्क्रमण से क्या लाभ? यदि वह सर्व व्यापक नहीं है, तो भी उत्क्रमण व्यर्थ ही सिद्ध होता है।

नास्त्यस्ति नास्ति नास्तीति कोटयो न स्पृशन्ति यम् ।
वाचामगोचरो यस्मात्तत्त्वमिह कथ्यते ।।'

इत्याद्युपक्रम्य

'यदि सर्वगतो देवो वदोत्क्रम्य क्व यास्यति ।
अथासर्वगतस्तर्हि घटतुल्यस्तदा भवेत् ।।
तस्मादुत्क्रान्तियोगोऽयं भ्रान्तिरेषा तमोमयी।'
इति।।३३-३४।।

भोगोपायता चास्याः कथं स्यादित्याशङ्क्याह

यथा धरादौ वाय्वन्ते भृग्वम्ब्वग्न्युपवासकैः।।३५।।
आत्मनो योजनं व्योम्नि तद्वदुत्क्रान्तिवर्तना ।

यह उत्क्रान्ति विधियोग एकांगी दृष्टि वाला है। आत्मा विभु है। अतः शिव में उत्क्रान्ति असंभव है। परमात्मा के विषय मे अनन्त मत हैं, मान्यता की अनन्त कोटियाँ हैं। किसी मत में उसका अस्तित्व नहीं है। उसका अनस्तित्त्व भी नहीं (अस्ति नास्ति, नास्ति च नास्ति) इसमें से कोई केटि उसका स्पर्श तक नहीं कर पाता। वह परमेश्वर वाङ्मनसातीत सर्वव्यापी तत्त्व है।''

इतना कहने के बाद आगे भी वही प्रश्न पुनः दुहराकर उसी विषय को पुष्ट कर रहे है कि,

''यदि वह सर्वव्यापी है, तो वद अर्थात् कहिये, उत्क्रमण कर कहाँ जायेगा। यदि वह सर्वगत नहीं, तो घड़े के समान एक देश स्थित खण्डित तत्त्व के सदृश ही हो जायेगा। इसलिये उद्घोषित किया जाता है कि, उत्क्रान्ति का यह योग केवल भ्रान्ति है। इसे तमोमय ही कहा जा सकता है, क्योंकि इससे किसी दिशा का निर्देश नहीं मिलता।।३३-३४।।

उत्क्रान्ति की भोगोपायता का दिग्दर्शन करा रहे हैं—

धरा, जल, अग्नि और वायु ये चार तत्त्व हैं। भृगु से, जल से, आग से और उपवास से ४ प्रकार की उत्क्रान्ति द्वारा उक्त चारों तत्त्वों के भोग प्राप्त होते

तेन यथा भृग्वादिभिः क्रमेण धरादौ तत्त्वचतुष्टये भोगस्तथाप्यनया आकाशतत्त्वे इति। कारणगुणप्रक्रमेण हि कार्येण भवितव्यमिति भावः।।३५।।

ततश्च न परतत्त्वावाप्तिकामैरेतदनुष्ठेयमित्याह

तस्मान्नोत्क्रमयेज्जीवं परतत्त्वसमीहया ।।३६।।

ननु यद्युत्क्रान्तेर्मुक्त्यपायत्वं नास्ति, तत्कथं

'स्वशरीरं परित्यज्य शाश्वतं पदमृच्छति' (१७।२५)

इत्यादि श्रीमालिनीविजयोत्तरे प्रोक्तमित्याशङ्क्याह

श्रीपूर्वशास्त्रे तूक्तं यदुत्क्रान्तेर्लक्षणं न तत् ।
मुक्त्युपायतया किंतु भोगहान्यै तथैषणात् ।।३७।।

तथेत्युत्क्रान्त्यात्मना प्रकारेण ।।३७।।

हैं। आकाशतत्त्व में आत्मा की उत्क्रान्ति योजना से आकाशीय भोग भी उपलब्ध हो जायेंगे। अतः उत्क्रान्ति को भोगोपाय रूप भी मानते हैं। कारण गुण कार्य में भी उपक्रान्त हो जाते हैं; यह नियम यहाँ लागू होता है।।३५।।

इसलिये निष्कर्ष रूप से त्रिकशास्त्रीय मान्यता का उद्घोष कर रहे हैं कि,

इन उदाहरणों से शिक्षा लेकर यह निश्चय कर लेना चाहिये कि, जीव को उत्क्रान्त नहीं करना चाहिये। इससे परतत्त्व को प्राप्त करने की इच्छा-पूर्ति भी नहीं होती। अर्थात् परतत्त्व की समीहा से जीव को उत्क्रम की ओर ले जाना मूर्खता है।।३६।।

श्रीमा.वि. १७/२५ में एक स्थान पर लिखा है कि, "अपने शरीर को छोड़कर शाश्वत पद की शुभ गति प्राप्त करता है"। प्रश्न करते हैं कि, यहाँ निर्देश दे रहे हैं कि, उत्क्रम नहीं करना चाहिये तो फिर आप द्वारा यहाँ इसके विपरीत क्यों लिखा गया है? इस पर कह रहे हैं कि,

श्रीपूर्व शास्त्र के अनुसार जैसा कहा गया है, वह उत्क्रान्ति का लक्षण नहीं है। वह मुक्ति के उपाय के रूप में और भोग हानि के उद्देश्य से ही कहा गया है।।३७।।

एतद्धि पारमेश्वरशक्तिपातवशोन्मिषितपरसंविदैकात्म्यभाजां योगिनां बाह्यविषयोपभोगवैमुख्यात् देहत्याग एव उपायमात्रमिति। तदाह

जपध्यानादिसंसिद्धः स्वातन्त्र्याच्छक्तिपाततः ।
भोगं प्रति विरक्तश्चेदित्थं देहं त्यजेदिति ।।३८।।

नचापूर्वतयैवात्रैतदुपदिष्टमित्याह

स्वच्छन्दमृत्योरपि यद् भीष्मादेः श्रूयते किल ।
भोगवैरस्यसंप्राप्तौ जीवितान्तोपसर्पणम् ।।३९।।

ननु जीवितान्तस्य भोगवैमुख्यं नाम स्वारसिकं निमित्तं, नहि त्यक्तरसास्वादो जन्तुः कथञ्चिदपि जीवेत् तत्किं तदुपायोपदेशेन, न हि बुभुक्षितोऽश्नीयादित्यादौ शास्त्रमपेक्षणीयमित्याशङ्क्याह

वरदानरूप से प्राप्त इस देह का परित्याग साधारण बात नहीं है। इस देहत्याग का निर्देश यदि है भी, तो वह परमेश्वर के शक्तिपात से जिसने परसंविदैकात्म्य भाव को उन्मिषित कर लिया है, ऐसे योगियों के लिये ही हो सकता है। वे विषयोपभोगवैमुख्य प्रधान जीवन यहाँ भी जी रहे होते हैं। उनके लिये इस जीवन का कोई सदुपयोग नहीं रह जाता। उनके लिये देहत्याग खेल रूप ही होता है। यही तथ्य कारिका से व्यक्त हो रहा है—

जप और ध्यान आदि में सिद्धि प्राप्त कर सम्यक् स्वयं-सिद्ध स्वातन्त्र्य से प्रेरित होकर शक्तिपात पवित्रित रहकर यदि भोगवाद से पराङ्मुख हो गया है, तो उसके देह त्याग में कोई दोष नहीं। उसे शरीर त्याग कर देना ही चाहिये।।३८।।

यह सच है कि, किसी अपूर्व अघटित घटना के रूप में यहाँ इसकी चर्चा नहीं है, अपितु पूर्वघटित और पूर्वश्रुत है। यही कह रहे हैं—

इच्छामृत्यु की भीष्म से सम्बन्धित घटना तो महाभारत काल की ही है। आज भी वह विश्रुत है। भोग के प्रति जब प्राणी के मन में वैरस्य उत्पन्न हो

योगमन्त्रामृतद्रव्यवराद्यैः सिद्धिभाक्तनुः ।
हातुं नह्यन्यथा शक्या विनोक्तक्रमयोगतः ।।४०।।

सिद्धिभाक् स्थैर्यं प्राप्तेत्यर्थः।।४०।।

न चैतत्स्वमनीषिकयैवोक्तमित्याह

उक्तं च मालिनीतन्त्रे परमेशेन तादृशम् ।
सर्वमप्यथवा भोगं मन्यमानो विरूपकम् ।।४१।।
इत्यादि वदता सर्वैरलक्ष्यान्तः सतत्त्वकम् ।

परमेशेन इत्यादि वदता तादृशमुक्तमिति सम्बन्धः। विरूपकमिति परसंविदावेशचमत्कारतारतम्यात्, नतु त्यक्तरसास्वादत्वात्। सर्वैरिति उत्तानप्रायार्थवेदिभिः। इदमत्रान्तःसतत्त्वं— यदस्य स्वात्मनि शिवाहंभावाभिमानेनैव मुक्तिः, देहत्यागस्त्वनयेति। यदभिप्रायेणैवात्र

'................ **शाश्वतं पदमृच्छति।'** (१७।२५) इति।

जाता है, तो यह अवसर सम्प्राप्त हो जाता है। जीवन को अन्त की ओर सरका कर मृत्यु के अन्धकार में कूद पड़ने जैसा यह आचरण सर्वथा हेय है।।३९।।

प्रश्न करते हैं कि, जीवितान्त अर्थात् मृत्यु की ओर उत्क्रान्त होने का एक मात्र कारण भोग वैमुख्य नामक स्वारसिक कारण है। भोगोपभोग में विषय रसास्वाद से विरत व्यक्ति एक क्षण भी जीना पसन्द नहीं करता। इससे इस विषय में किसी उपदेश का भी कोई परिणाम नहीं निकलता। भूखा भोजन करे इत्यादि प्रसङ्गों में शास्त्र के प्रमाण अपेक्षित नहीं होते। यही यहाँ समझा रहे हैं—

'योग साधना से, मन्त्र की सिद्धि से, अमृतपान से और श्रेष्ठ द्रव्य (रसेश्वर गुटिकादि रसायन) के सेवन तथा वर आदि प्रक्रियाओं से जो शरीर सिद्ध कर लिये गये हैं, ऐसे शरीर विना उत्क्रान्ति विधियोग के छोड़े भी नहीं जा सकते।।४०।।

यह बात स्वयम् अपनी मनीषा के आधार पर निराधार ही नहीं कही गयी है अपितु इसका आगमिक प्रामाण्य भी है। यही कह रहे हैं—

तथा

.... दीक्षोक्तं फलमश्नुते।'

इत्याद्युक्तम्।।

तस्मात्सृष्ट्यादिपञ्चविधकृत्यकारित्वाभिमान एव स्वात्मनि परं मुक्तावुपाय इत्याह

एवं सृष्ट्यादिकर्तव्यस्वस्वातन्त्र्योपदेशनम् ।।४२।।
यत्सैव मुख्यदीक्षा स्याच्छिष्यस्य शिवदायिनी ।

मालिनी विजयोत्तर तन्त्र में परमेश्वर शिव ने स्वयम् इस तथ्य को इसी प्रकार वर्णन किया है। भौतिक भोग को विरूप मानने वाला व्यक्ति (कैसे जीवन व्यतीत करे, इस सम्बन्ध में) सब लोगों द्वारा अलक्ष्य अन्तः सतत्त्व उपदेश किया गया है। यहाँ तीन शब्द विचारणीय हैं।

१. विरूपक शब्द— विषय रसास्वाद से विमुखता दो प्रकार से होती है। पहला प्रकार है— हम यह अभ्यास कर लें कि, यह सब व्यर्थ है, व्यामोह में डालने वाला है। दूसरा प्रकार है— परा संविद् के आवेश में आविष्ट पुरुष को जो चामत्कारिक मौलिक आनन्दरसास्वाद होता है, उसके सामने यह भोगवाद स्वयं विरूप अर्थात् फीका पड़ जाता है। इस अवस्था में विरूपक मानना स्वाभाविक हो जाता है।

२. सर्वैः— सब लोग तो इस उपदेश के अधिकारी नहीं होते, फिर भी सर्व शब्द का प्रयोग यहाँ किया गया है। इसका अभिप्राय यह है कि, कुछ ऐसे लोग होते हैं जो अर्थ को सीधे समझने की शक्ति नहीं रखते। शब्दों के अर्थों को उत्तान कर नंगा कर उनका अवगम करते हैं। इन्हीं लोगों के लिये यहाँ सर्व शब्द विनियोजित और प्रयुक्त है।

३. अलक्ष्यान्तः सतत्त्वकम्— अन्तः सतत्व का अर्थ आन्तरिक मर्म होता है। भीतरी रहस्य होता है। वह रहस्य सब को सुलभ नहीं होता। उस अर्थ को सभी परिलक्षित नहीं कर पाते। ऐसे उपदेश ही रहस्य गर्भ माने जाते हैं। वे सबकी समझ के परे माने जाते हैं।

नचैतदप्रमाणकमित्याह

उक्तं श्रीनिशिचारे च भैरवीयेण तेजसा ।।४३।।

व्याप्तं विश्वं प्रपश्यन्ति विकल्पोज्झितचेतसः ।
विकल्पयुक्तचित्तस्तु पिण्डपाताच्छिवं व्रजेत् ।।४४।।

यहाँ यह रहस्यार्थ है, विशुद्ध रूप से साधक का यह संस्कार दृढ़ हो जाय और मन में बात बैठ जाय कि, मैं ही शिव हूँ। इसी शिवाद्वय समावेश सिद्ध पुरुष की मुक्ति होती है। इस बुद्धि के आत्यन्तिक विकास के बाद देह त्याग रूप उत्क्रान्ति निषिद्ध नहीं रह जाती। इसी अभिप्राय से श्रीत. १७/२५ में कहा गया है कि,

"....शाश्वत पद प्राप्त करता है"।

अथवा

"...दीक्षा में कहे फल प्राप्त करता है"।

उक्त शैववाक्-तत्त्व के मर्म को समझकर सत्य का अनुसरण करना ही कर्त्तव्य है।।४१।।

सृष्टि आदि पाँच प्रकार के कृत्यों के कर्त्ता एकमात्र शिव हैं। मैं भी स्वयं शिव हूँ। विश्व मुझसे ही उत्पन्न हो रहा है। मुझसे उदित है, मुझमें ही प्रविलीन होता है और मुझसे अभिन्न है। इस समावेश में आविष्ट रहना ही सर्वश्रेष्ठ मुक्ति का उपाय है। यही कह रहे हैं—

इस प्रकार सृष्टि आदि पञ्चकृत्य रूपी कर्त्तव्यों में स्वात्म स्वातन्त्र्य की सक्रियता से सम्बन्धित दीक्षा के उपदेश ही प्रधान उपदेश माने जाते हैं। मुक्तिप्रद उपदेश ही उपदेश होता है। यही मुख्य दीक्षा होती है। शिष्य को शिवत्व प्रदान करने वाली दीक्षा ही मुख्य दीक्षा मानी जाती है।।४२।।

यही तथ्य निशाटन शास्त्र में व्यक्त किया गया है कि, भैरवीय तेज से यह सारा विश्व विभासित और ओत-प्रोत है। समस्त विकल्पों का परित्याग करने वाले निर्विकल्पताप्राप्त पुरुष विश्व को इसी दृष्टि से देखते हैं। जिसके चित्त

बाह्यदीक्षादियोगेन चर्यासमयकल्पनैः ।
अविकल्पस्तथाद्यैव जीवन्मुक्तो न संशयः ।।४५।।

तेजसेति पूर्णज्ञानक्रियात्मनेति, अत एवोक्तं विकल्पोज्झितचेतस इति संविदद्वैतमात्रनिष्ठा इत्यर्थः। विकल्पयुक्तचित्त इति इदानीमेव संविदद्वैतासिद्धेः। अद्यैवेति सत्यपि देह इति यावत्। तदुक्तं तत्र

'तेजसास्य शिवस्यैव व्याप्तं सर्वं चराचरम् ।
पश्यन्ति मुनयः सिद्धा वीरसंज्ञाश्च देवताः ।।
विकल्पोज्झितचित्तास्तु पश्यन्ति भुवि मानवाः ।
विकल्पयुक्तचित्तस्तु पिण्डपाताच्छिवं व्रजेत् ।।

में विकल्पों के संस्कार अभी पड़े हुए हैं, वे भी पिण्ड का पात होने पर अर्थात् देहान्त होने पर शिव को प्राप्त करते हैं। बाह्य दीक्षा आदि गुरुक्रम के संवर्त्तन में लगे रहकर जिसने चर्या को नियन्त्रित कर लिया है, जिसने समय के पालन रूप अनुशासन को साध लिया है, ऐसे पुरुष विश्व की वास्तविकता से परिचित हो जाते और अविकल्प भूमि पर विश्राम करने लगते हैं। वे तत्काल जीवन्मुक्त हो जाते हैं। इसमें सन्देह के लिये कोई स्थान नहीं होता।

जहाँ तक भैरवीयतेज के प्रभाव से विश्व के ओत-प्रोत होने की बात है, यह ध्यान देना चाहिये कि, वह तेज पूर्ण ज्ञानात्मक और पूर्णक्रियात्मक होता है। इसी पूर्णज्ञान के कारण साधक विकल्पमुक्तमनस्क होकर संविदद्वैत-मात्रनिष्ठ हो पाते हैं।

विकल्प युक्त चित्त में अद्वैत सिद्धि असंभव होती है। श्लोक में प्रयुक्त अद्यैव शब्द का तात्पर्य आज ही इसी क्षण इसी देह से मुक्त होना है। निशाटन की उक्ति है कि,

" शिव के ही इस तेज से सारा चराचर जगत् व्याप्त है। इस रहस्य का दर्शन केवल मुनिवृन्द, सिद्ध, 'वीर' स्तर पर पहुँचे शैव साधक और देव कर पाते हैं। जिनके चित्त विकल्पों से मुक्त हो चुके होते हैं, ऐसे मनुष्य इस मर्म को समझते हैं।

विकल्पक्षीणचित्तस्तु आत्मानं शिवमव्ययम् ।
पश्यते भावशुद्ध्या यो जीवन्मुक्तो न संशयः ।। इति।

एवं निर्विकल्पवृत्तीनां जीवतामेव मुक्तिरितरेषां तु देहपातानन्तरमिति सिद्धम्।।४५।।

ननु जीवत एव यन्न सिद्धं, तन्मृतस्य भविष्यति,— इत्यत्र किं प्रमाणमित्याशङ्क्याह

संसारजीर्णतरुमूलकलापकल्प-
संकल्पसान्तरतया परमार्थवह्नेः ।
स्युर्विस्फुलिङ्गकणिका अपि चेत्तदन्ते
देदीप्यते विमलबोधहुताशराशिः ।।४६।।

जिनके मन में अभी विकल्पों के संस्कार पड़े ही हुए हैं, उन लोगों को भी देहान्त के बाद शिवत्व की उपलब्धि हो सकती है। विकल्प क्षीण हो जाने पर निर्विकल्प भूमि उपलब्ध होती है। जिसके चित्त के सारे विकल्प क्षीण हो गये हैं, वह स्वात्म में शिव के अनन्य स्वरूप का दर्शन कर लेता है। भाव की शुद्धि हो जाने से वह जीवन्मुक्त ही हो जाता है, इसमें सन्देह करने की कोई बात ही नहीं है।''

इससे यह सिद्ध हो जाता है कि, निर्विकल्प वृत्ति वाले पुरुषों को जीवन में ही मुक्ति मिल जाती है। इतर अर्थात् जिनमें विकल्पों के कुछ संस्कार शेष रह जाते हैं, उनकी मुक्ति देह के अन्त होने पर ही हो पाती है।।४३-४५।।

प्रश्न बड़ा सुन्दर है, अनुभव साक्षिक है। शिष्य कहता है गुरुदेव! जो जीते जी सिद्ध नहीं हुआ, वह मरने पर सिद्ध हो जायेगा? इसमें क्या प्रमाण है? इस पर कह रहे हैं कि,

संसार एक ऐसा वृक्ष है, जो अत्यन्त जीर्ण है। बड़ा ही पुराना पेड़ है यह। पुराने पेड़ प्रायः सूखते ही चले जाते हैं। जड़ों की संख्या का कोई ओर छोर

संसार एव 'सर्वो ममायं विभवः' इत्यादिशुद्धविकल्पघुणग्रस्तत्वाज्जीर्णतरुः, तस्यावष्टम्भकतया मूलकलापप्राया ये भेदानुप्राणकत्वादशुद्धाःसंकल्पास्तैर्व्यवहितत्वेन साक्षादनभिव्यक्तत्वात् पारमार्थिकस्य बोधहुताशराशेर्विस्फुलङ्गकणिकाप्राया अपि यदि समाधानादिदशासु त्वदावेशलेशा भवेयुः, तदवश्यमर्थाद्देहस्यान्ते पुनः पुनरभ्यासफूत्कारोत्तेजितः परमार्थवह्निर्देदीप्यते देहप्रमातृतादिनिर्वापणपूर्वं परप्रमातृत्वमेवात्यर्थं दीप्ततामियादित्यर्थः।।४६।।

नहीं होता। संख्या में बड़ी और सूखी हुई जड़ें वैसी होतीं हैं, जैसे मनुष्य के अशुद्ध संकल्प। अशुद्ध संकल्प अर्थात् विकल्प। परमार्थ की आग से इसलिये बचे रहते हैं कि, आग से उनका व्यवधान बना रहता है।

यदि संयोग वश उस चितिवह्नि की एक छोटी चिनगारी भी उसमें पड़ जाय, तो सूखे विकल्पों की राशि राशि को भस्मसात् होते कितनी देर लग सकती है। विमलबोध रूप वैश्वानर की उद्दीप्त ज्वालायें अपने पूरे रूप में देदीप्यमान हो उठती हैं।

अचार्य जयरथ ने संसार के बूढ़े पेड़ में शुद्ध विकल्प को टाड़ा (काठ का घुन) कहा है। टाडा कीट पेड़ को और उसके तने और डालियों को भीतर ही भीतर खा कर खोखला कर देता है। इससे पेड़ की जीर्णता में भी बढ़ोत्तरी हो जाती है। जड़ें सूखती चली जाती हैं। ये जड़ें और कुछ नहीं, अपितु सांसारिक विकल्प हैं। ये भेदवाद को बढावा देते हैं।

परमार्थ संविद्बोध रूप होता है। बोध प्रकाशात्मक होता है। यह प्रकाश विकल्प की जड़ों के साथ इस सूखे और खोखले पेड़ को अपनी बोध की चिनगारियों से ही जला डालने में समर्थ होता है।

साधक के या मरने के निकट पहुँचे व्यक्ति के सौभाग्य से यदि किसी प्रेरणा से, उपदेश से संस्कारों के शुभ्र हो जाने पर कभी समाधान आदि के अवसर आ पड़ते हैं। उस समय उसमें भगवदावेश होना भी स्वाभाविक होता है।

एतदेव प्रथमार्धेनोपसंहरति

इत्थं दीक्षोपक्रमोऽयं दर्शितः शास्त्रसंमतः ।।४७।।

शास्त्रसंमत इति न तु स्वोपज्ञ एवेति शिवम्।

अहिततिरोहितिविहतिप्रोन्मोषितस्वात्मपूर्णविज्ञानः ।
अह्नायाह्निकमेतच्चतुर्दशं जयरथः समाचख्यौ ।।

उसी समय यदि देह का अन्त समय आ उपस्थित होता है और शरीर निष्प्राण हो जाय, तो तत्काल बोध का वैश्वानर जड़ों के साथ बूढ़े पेड़ को भी जलाकर खत्म कर देता है। परिणाम स्वरूप देह के अन्त समय में तत्काल परप्रमातृत्व का दीप्तिमन्त देदीप्यमान हुताशन अपनी पूरी लपटों के साथ भ्राजमान हो जाता है। विमल बोध का अर्थ, शुद्ध संविदुल्लास के साथ ही साथ चिद्विलास का चमत्कार होता है। वह स्वतः प्रकाशमान होता है। जीवन उससे प्रकाशमान होता है। अन्त देदीप्यमान होता है। और ऐसी मृत्यु भी धन्य हो उठती है।।४६।।

संचय शैली का प्रयोग यहाँ भी अन्त में ग्रन्थकार करते हैं। १४वें आह्निक के अन्त में पूरे श्लोक की पहली अर्धाली का प्रयोग कर इस आह्निक का उपसंहार कर रहे हैं। दूसरी अर्धाली पन्द्रहवें आह्निक के आदि में अवतरित की जायेगी। यह्ाँ कह रहे हैं कि,

इस प्रकार से दीक्षा का शास्त्रसम्मत उपक्रम यहाँ किया गया। शास्त्र सम्मत कहने का तात्पर्य है कि, मेरी ही स्वोपज्ञ ये बातें नहीं हैं। इति शिवम्।।४७।।

भव का तिरोभाव, संविद् का पूर्ण परिश्रुत बोधोत्कर्ष,
अन्धकार का ध्वंस, अकल्पित आत्मतत्त्व संस्क्रिया-प्रकर्ष।
जयरथ में प्रतिफलित चतुर्दश तन्त्रालोक-शुभाह्निक आज,
व्याकृत कर अर्पित करता है, ले, प्रसन्न हो सुधी समाज।।

इति श्रीमन्महामाहेश्वराचार्यवर्यश्रीमदभिनवगुप्तविरचिते
श्रीमद्राजानकजयरथकृतविवेकाख्यव्याख्योपेते
श्रीतन्त्रालोके दीक्षोपक्रमप्रकाशनं
नाम
चतुर्दशमाह्निकम्।।१४।।

हंसः पिबन् परमहंससहितं पराम्बा-
पादारविन्द मकरन्द रसं रसज्ञः ।
व्याख्यात् चतुर्दशकलं क्रमिकन्तु तन्त्रा-
लोकाह्निकं प्रमुदितात्र सरस्वती स्यात्।।

श्रीमहामाहेश्वराचार्यवर्यश्रीमदभिनगुप्तपादविरचित
श्रीमद्राजानकजयरथकृतविवेकव्याख्योपेत
डॉ. परमहंसमिश्रविरचित-नीरक्षीरविवेक
हिन्दीभाषाभाष्य-संवलित
श्रीतन्त्रालोक
का
दीक्षोपक्रमप्रकाशननामक
चौदहवाँ आह्निक सम्पूर्ण।।

।। शुभं भूयात् ।।

◆

अथ

श्रीतन्त्रालोके

श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्यविरचिते
श्रीजयरथकृतविवेकाख्यव्याख्योपेते

पञ्चदशमाह्निकम्

य: परमेशसपर्याक्रियोपदेशाङ्कुशेन भवकरिणम् ।
कृतवानतिबलमतिबलमस्मि नत: फणभृदाभरणम् ।।

इदानीं नित्यकर्माद्यात्मकं यजनं निरूपयितुं द्वितीयार्धेन प्रतिजानीते

श्रीमन्महामाहेश्वराचार्यवर्यश्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्यविरचित
श्रीराजानक जयरथकृतविवेकाभिख्यव्याख्योपेत
डॉ. परमहंसमिश्रकृत-नीर-क्षीर-विवेक-
हिन्दीभाष्यसंवलित

श्रीतन्त्रालोक

पञ्चदश आह्निक

परमेश्वर का परम उपासक परा-प्रक्रिया-योग-निदेश-
के अङ्कुश से भव गजेन्द्र को वश में कर बलवान् विशेष,
मैं बन गया, कृपा यह भव की जो भुजंग-भूषण भूतेश,
उसके चरणों में श्रद्धा नत, जयरथ, जय विकसित परिवेश।।

अथैतदुपयोगाय यागस्तावन्निरूप्यते ।

एतदुपयोगायेति एतस्य प्रक्रान्तस्य दीक्षोपक्रमस्य उपयोगाय तत्संपत्त्यर्थमित्यर्थः। दीक्षायां हि नित्याद्यात्म यजनमुपक्रमोपयोगित्वादङ्गमेतदानन्तर्येण तत्संपत्तेः। यथोक्तं

'नित्याह्निके समाप्ते तु कुर्यान्नैमित्तिकं बुधः।' इति।।

ननु दीक्षैव नाम किंप्रयोजना यदुपक्रमोपयोगायापि अङ्गतया यजनमुच्येतेत्याशङ्क्याह

तत्र दीक्षैव भोगे च मुक्तौ चायात्युपायताम् ।।१।।
स्वयं संस्कारयोगाद्वा तदङ्गं तत्प्रदर्श्यते ।

स्वयमिति साक्षादनन्यापेक्षत्वेनेत्यर्थः। संस्कारयोगादिति,ज्ञानाद्यधिकृतत्वापादनात्मनः। तत्र दीक्षा लोकधर्मिणः साधकस्य भोगे निर्बीजस्य च पुत्रकस्य मोक्षे स्वयमुपायः, शिवधर्मिणश्च भोगे, सबीजकस्य च पुत्रकस्य मोक्षे संस्कारयोगादुपायः। अनयोर्हि दीक्षया संस्कारे कृते योगज्ञानादावधिकारो जायते येन भुक्तिमुक्ती स्याताम्। तदिति एवं भुक्तिमुक्त्युपायत्वाद्धेतोः।।१।।

इस समय इस नये आह्निक के सृजन सन्दर्भ में पूर्वोक्त प्रक्रियाओं की सविधि सिद्धि के लिये अत्यन्त उपयोगी, प्रतिदिन आचरणीय नित्यकर्म आदि रूप याग के निरूपण की प्रतिज्ञा संचय शैलीगत निर्मित. श्लोक की द्वितीय अर्द्धाली से कर रहे हैं। शास्त्रकार कह रहे हैं कि,

अब पहले प्रक्रान्त दीक्षा के उपयोग के लिये अत्यन्त आवश्यक 'याग' का निरूपण किया जा रहा है। दीक्षा में नित्यकर्म के रूप में अङ्गीकृत यजन के उपयोग पर सर्वदा बल दिया जाता है। इसी से इसके लक्ष्य की उपलब्धि होती है। कहा भी गया है कि,

"नित्य दिनचर्या परक-प्रक्रिया की समाप्ति के अनन्तर विवेकशील शिष्य नैमित्तिक कर्म में प्रवृत्त हो" अर्थात् नित्य क्रिया शिष्यद्वारा अवश्य करणीय मानी जाती है। उसके बाद ही नैमित्तिक कर्म किये जाने चाहिये।

एतदेव ससंवादं दर्शयति

यो यत्राभिलषेद्भोगान् स तत्रैव नियोजितः ।।२।।

प्रश्न करते हैं कि, दीक्षा का प्रयोजन ही क्या है? उसी के उपक्रम के उपयोग के लिये ही तो अङ्ग रूप यजन का कथन किया जाता है। इस पर कह रहे हैं कि, भोग और मोक्ष दोनों में दीक्षा ही उपाय रूप से स्वीकृत है। कभी ऐसा भी होता है कि, स्वयं भी (श्लोक १४ के अनुसार) संस्कार के सुयोग से और क्रिया से भोग और मोक्ष की उपलब्धि होती है। यों दीक्षा महत्त्वपूर्ण, उपयोगी और जीवन के उत्कर्ष हेतु बड़े काम की वस्तु मानी जाती है। उसके अङ्गों का वर्णन भी उपयोगिता की दृष्टि से ही अनिवार्य है। दीक्षा दो तरह से उपयोगी होती है। कभी निरपेक्ष भाव से स्वयम् उपयोगी होती है और कभी सापेक्ष भाव से संस्कार के योग से उपयोगी होती है।

दीक्षा से भोग और मोक्ष की सिद्धि तो सामान्य बात है। संस्कार सम्पन्न साधक का विवेक जब जागृत हो जाता है, उस समय भी बोध के प्रकाश के समुदय में मुक्ति हस्तामलकवत् हो जाती है। ऐसे सिद्ध साधकों के समक्ष भोग तो हाथ जोड़े खड़े रहते हैं। यहाँ 'स्वयं' निरपेक्ष अर्थ में प्रयुक्त है। दीक्षा सदा गुरु सापेक्ष होती है। स्वयं ज्ञान भी महत्त्वपूर्ण होता है। निष्कर्षतः यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि, दीक्षा लोकधर्मी शिष्य के भोग का पथ भी प्रशस्त करती है निर्बीज पुत्रक दीक्षा उसकी मुक्ति में उपाय बनती है। शिवधर्मी शिष्य के भोग और सबीज पुत्रक के मोक्ष में संस्कार-योग से दीक्षा ही उपाय बनती है। इस तरह वह स्वयम् और संस्कार-योग दोनों तरह से उपयोगी होती है।

इन दोनों के संस्कार दीक्षा के द्वारा ही सम्पन्न होते हैं। योग की प्रक्रिया में बुभुक्षु संलग्न होता है और ज्ञान के लिये मुमुक्षु अधिकारवान् बन जाता है। इस तरह चाहे बुभुक्षु हो या मुमुक्षु दोनों के उत्कर्ष के लिये दीक्षा परम उपयोगी मानी जाती है। लेकिन स्वयं ज्ञानवान् एवं विशिष्ट साधना से संस्कार सम्पन्न साधक भी स्वतः निरपेक्ष मोक्ष का अधिकारी हो जाता है।।२।।

सिद्धिभाङ्मन्त्रशक्त्येति श्रीमत्स्वायंभुवे विभुः।
योग्यतावशतो यत्र वासना यस्य तत्र सः ।।३।।

योज्यो न च्यवते तस्मादिति श्रीमालिनीमते ।
वदन्भोगाद्युपायत्वं दीक्षायाः प्राह नो गुरुः ।।४।।

श्रीमत्सूक्ष्मस्वायम्भुवादाविति गुरुर्वदन् दीक्षाया भोगाद्युपायत्वं नः प्राहेति समन्वयः। श्रीमालिनीमते इति प्रकान्ते। यदुक्तं तत्र

'योग्यतावशसंजाता यस्य यत्रैव वासना ।
स तत्रैव नियोक्तव्यो दीक्षाकाले विचक्षणैः ।।

विभिन्न शास्त्रों में इस विषय में क्या संवादित है, इसकी चर्चा करते हुए दीक्षा के उपायत्व का ही प्रतिपादन कर रहे हैं—

जो शिष्य जहाँ, जैसी वासना से वासित होकर जिस प्रकार का अभिलाष गुरु के समक्ष प्रकट करता है, गुरु द्वारा वह वहीं नियोजित किया जाता है। मन्त्र शक्ति के बल पर वहाँ उस विषय की सिद्धि वह प्राप्त कर लेता है। यह बात स्वयं परमेश्वर ने स्वायंभुवशास्त्र में व्यक्त की है।

गुरु का भी यही गुरुत्व है कि, दीक्ष्य की जहाँ वासना हो, वह वहीं योजित करे। ऐसा करने पर वह वहाँ से च्युत नहीं होता। यह बात श्रीमालिनी विजयोत्तर तन्त्र में लिखी गयी है। यह उपदेश देते हुए मेरे गुरुदेव ने यह स्पष्ट किया था कि, दीक्षा भोग मोक्ष आदि की उपाय है।

मालिनी विजयोत्तर तन्त्र अधिकार १२ श्लोक ४०-४१ में यह उक्त है कि,

"शिष्य की योग्यता के वश जहाँ जिस प्रकार की वासना उत्पन्न हो जाती है, वह वहीं नियोजित करने योग्य होता है। विचक्षण गुरुजनों का यह दायित्व है कि, दीक्षा के समय ही वह शिष्य की योग्यता के विषय में अच्छी तरह निर्णय कर ले।

यो यत्र योजितस्तत्त्वे स तस्मान्न निवर्तते ।
(१२/४१) इति।।४।।

एवं भोगे दीक्षायाः स्वयमुपायतामभिधाय मोक्षेऽप्याह

न चाधिकारिता दीक्षां विना योगेऽस्ति शाङ्करे ।
न च योगाधिकारित्वमेकमेवानया भवेत् ।।५।।

अपि मन्त्राधिकारित्वं मुक्तिश्च शिवदीक्षया ।
इत्यस्मिन्मालिनीवाक्ये साक्षान्मोक्षाभ्युपायता ।।६।।

दीक्षायाः कथिता प्राच्यग्रन्थेन पुनरुच्यते ।
पारम्पर्येण संस्कृत्या मोक्षभोगाभ्युपायता ।।७।।

इस तरह जो शिष्य जिस तत्त्व में योजित होता है, वह उस तत्त्व से निवर्तित नहीं होता''।।३-४।।

ऊपर भोग की वासना से वासित शिष्य की दीक्षा के विषय में चर्चा की गयी है। अब मोक्ष सम्बन्धिनी दीक्षा की चर्चा की जा रही है—

शङ्कर योग प्रक्रिया में दीक्षा के विना किसी की आधिकारिकता (योग्यता) नहीं मानी जाती। इसी तरह इसके विना किसी योग में भी आधिकारिकता नहीं मिलती, इसके विना मन्त्र प्रयोग का भी अधिकार नहीं होता।

मालिनी विजयोत्तर तन्त्र में यह स्पष्ट ही लिखा गया है कि, शिव-दीक्षा से मुक्ति मिलती है। इस वाक्य से साक्षात् मोक्षोपायता दीक्षा में है, यह बात सिद्ध हो जाती है किन्तु ऊपर के ५वें श्लोक में साक्षात् समर्थन नहीं किया गया, वरन् सामान्य रूप से ही योग में दीक्षा की उपायता है, यह बात कही गयी है। जिज्ञासु पूछता है कि ऐसा क्यों?

इस पर कह रहे हैं कि, पाँचवीं कारिका का भाव परम्परा से है। अर्थात् पहले दीक्षा से संस्कार शुद्धि होती है। संस्कार शुद्धि से योग आदि में अधिकार होता है। योग की सिद्धि के अनन्तर यदि मन्त्रों की ओर विशेष प्रवृत्ति या झुकाव

नन्वत्र 'मुक्तिश्च शिवदीक्षया' इत्युत्तरेणैव ग्रन्थेन दीक्षायाः साक्षान्मोक्षोपायत्वमुक्तं, प्राच्येन पुनर्योगादावधिकारित्वमिति कथमिह एतदविशेषेणैव उक्तमित्याशङ्क्य आह प्राच्येत्यादि। पारम्पर्येणेति दीक्षया हि संस्कारः, ततो योगादावधिकारस्ततो योगसिद्ध्या मुक्तिर्मन्त्रसिद्ध्या च भुक्तिरित्युक्तं मोक्षभोगाभ्युपायतेति। तेन केषाचन संस्कारद्वारेण दीक्षा मुक्तौ भुक्तौ च हेतुरित्युक्तं स्यात्।।७।।

न केवलमेतदत्रैवोक्तं, यावच्छास्त्रान्तरेष्वपि इत्याह

येषामध्यवसायोऽस्ति न विद्यां प्रत्यशक्तितः।
सुखोपायमिदं तेषां विधानमुदितं गुरोः।।८।।

हुआ तो भोग और प्रत्यक्ष योग सिद्धि के बाद यदि वैराग्य प्रधान हुआ तो मुक्ति मिलती है। इस प्रकार संस्कार की प्रधानता के अनुसार ही दीक्षा भोग और मोक्ष की उपाय सिद्ध होती है।

यह बात संस्कार पर निर्भर करती है कि, एक दीक्षित की दीक्षा किसकी निमित्त हो सकती है। यों वह दोनों की हेतु है, यह निश्चय है।।५-७।।

यह बात केवल यहीं नहीं कही गयी है, अपितु अन्य शास्त्रों में भी इसकी चर्चा है। इस सम्बन्ध वहाँ क्या कहा गया है और वे कौन शास्त्र हैं— इसका कथन कर रहे हैं—

उन शास्त्रों की परम्परा का मुख्य ग्रन्थ श्रीमतङ्ग शास्त्र है। इसमें और इस परम्परा में आने वाले अन्य ग्रन्थों में भी यही तथ्य प्रतिपादित है। वह तथ्य यह है कि, अशक्ति के कारण इस विद्या के प्रति जिनके अध्यवसाय संभव नहीं हैं, उनके लिये गुरु का विधान सुखोपाय रूप ही उचित है। इस तरह मोक्ष की अभ्युपायता दीक्षा में निहित है, यह सिद्ध हो जाता है।

इस मार्ग में अशक्ति नहीं होनी चाहिये। पर बहुत से दीक्ष्य साधक ऐसे होते हैं, जो पूरी जानकारी नहीं रखते। अज्ञ होते हैं। ज्ञानरूपिणी विद्या के प्रति उनकी अज्ञता ही शक्तिहीनता है। इस विज्ञान को जो स्वयं मोक्षप्रद है, अपनाने

इति श्रीमन्मतङ्गाख्ये ह्युक्ता मोक्षाभ्युपायता ।

येषामज्ञत्वेन असामर्थ्यात् सम्यग्ज्ञानस्वभावां विद्यां प्रति मोक्षोपायतायामध्यवसायो निश्चयो नास्ति तेषामिदं गुरुकर्तृकं क्रियाप्रधानं विधानं सुखोपायमुदितम्, एवमनायासमेवैषां मोक्षः स्यादिति। एतच्छ्रीमन्मतङ्गशास्त्रादावपि उक्तम् ।।८।।

ननु इह पुंसां ज्ञानक्रियावरणकारिद्रव्यात्ममलकार्यमज्ञानं, तच्च कारणभूते तस्मिन्ननिवर्तिते न निवर्तते पटलाद्यनिवृत्तावन्धानामिव आन्ध्यम्। तद्विनिवर्तने च क्रियैव शक्ता, न ज्ञानं तस्य द्रव्यविनिवर्तने सामर्थ्यादृष्टेः। नहि चक्षुषोर्वैद्यव्यापारमन्तरेण पटलोऽयमिति ज्ञानादेव तद्विनिवृत्तिः स्यात्। तस्मात् क्रियैव आवरणापगमे साक्षादुपायो न ज्ञानमित्येतत्कथमुक्तमित्याशङ्क्य आह

सम्यग्ज्ञानस्वभावा हि विद्या साक्षाद्विमोचिका ।।९।।

इह मलो नाम न किञ्चन द्रव्यम्, अपितु अज्ञानं, तच्च ज्ञानोदयादेव निवर्तत इत्युपपादितं प्राक् बहुशः। तत् स्वविरुद्धमज्ञानं विनिवर्तयत्, सम्यग्ज्ञानमेव पुंसां

में, उनका असामर्थ्य होता है। इसके कारण वे इस दिशा में कोई अध्यवसाय नहीं कर पाते हैं। कोई निर्णायक निश्चय वे नहीं कर पाते हैं कि, हमें क्या करना चाहिये?

ऐसे लोगों को गुरु के उपदेश ही आधार होते हैं। गुरु का विधान अर्थात् गुरु दीक्षा ही सुखोपाय है। गुरुद्वारा निर्दिष्ट क्रिया प्रधान-विधान ही उनके पथ को प्रशस्त करता है। इस तरह अनायास ही उन्हें मुक्ति प्राप्त हो जाती है। यह मोक्षाभ्युपायता श्रीमतङ्ग या इसके अनुगत अन्य शास्त्रों में भी स्पष्टरूप से कही गयी है।।८।।

प्रश्न उपस्थित होता है कि, अज्ञान क्या है? पुरुषों के ज्ञान और उनकी क्रिया का आवरण करने वाले द्रव्यात्मक मल के कार्य को ही अज्ञान कहते हैं। यह अज्ञान अपने कारण रूप मल के निवृत्त हुए विना जा ही नहीं सकता। जैसे किसी की आँख में पटल (मोतियाबिन्द) रोग हो गया है। वह एक तरह से दृष्टि के आवरण के कारण अन्धा हो गया है। उसके हटा देने पर ही उस

साक्षान्मोक्षहेतुरिति युक्तमुक्तं साक्षान्मोचिकां विद्यां प्रति अकुशलानां क्रिया सुखमुपाय इति।।९।।

न च एतदस्माभिः स्वोपज्ञमेव व्याख्यातमित्याह

उक्तं तत्रैव तत्त्वानां कार्यकारणभावतः ।
हेयादेयत्वकथने विद्यापाद इति स्फुटम् ।।१०।।

अन्धे हो गये व्यक्ति की अन्धता समाप्त होती है। उसी तरह अज्ञान रूप और मल रूप पटल (आवरण) को हटाने में क्रिया (शल्यक्रिया) ही समर्थ होती है। ज्ञान समर्थ नहीं होता। द्रव्य की निवृत्ति में ज्ञान की शक्ति असमर्थ होती है। उदाहरण के रूप में आंखों को चिकित्सक द्वारा क्रिया व्यापार के बिना यह पटल है, इस जानकारी रूप ज्ञान से वह पटल हटाया नहीं जा सकता। पटल को हटाने में पटल-ज्ञान कारण नहीं होता। अर्थात् ज्ञान में यह ताकत नहीं हो सकती है कि, वह द्रव्यात्मक मल को हटा सके। इस लिये क्रिया ही आवरण को दूर हटाने में साक्षात् ऊपाय होती है। ज्ञान साक्षात् उपाय नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में भी ज्ञान की मोक्ष के प्रति साक्षात् उपायता की बात मतङ्ग शास्त्र में किस आधार पर लिखी गयी है? इस आशङ्का का उत्तर दे रहे हैं कि—

सम्यक् ज्ञान स्वभाववाली विद्या ही साक्षात् विमोचिका अर्थात् मुक्तिदायिनी मानी जाती है।

इस स्थिति पर विचार करें और देखें कि, मल क्या कोई द्रव्य है? क्या द्रव्य की परिभाषा मल में चरितार्थ होती है? क्या अज्ञान द्रव्य है? अज्ञान ज्ञान के उदय होने पर निवृत्त हो जाता है। इस अवस्था में स्वयं ज्ञान के विरोधी अज्ञान को निवृत्त करने वाला सम्यक् ज्ञान ही पुरुषों के मोक्ष का साक्षात् हेतु सिद्ध होता है। इसलिये कारिका में साक्षात् विमोचिका विद्या मानी गयी है और यह भी संकेतित कर दिया गया है कि, जो अज्ञ हैं, अकुशल हैं, उनकी विद्या के प्रति क्रियाशीलता ही साक्षात् उपाय होती है।।९।।

यह कथन मेरा स्वोपज्ञ कथन नहीं है। वरन् श्रीमतङ्ग शास्त्र के विद्यापाद में यह कहा गया है कि,

तत्र श्रीमन्मतङ्गशास्त्रे एव विद्यापादे तत्त्वानां कार्यकारणभावमवलम्ब्य हेयेपादेयत्वाभिधानप्रस्तावे

'न प्रक्रियापरं ज्ञान................' (स्व. ११।१९९)

इत्याद्युक्तन्यायेन इति एतत् सर्वं स्फुटं सन्देहविपर्यासरहितत्वादपरिम्लानमुक्तं, किं ग्रन्थविस्तरेण, तत एव अवधार्यमित्यर्थः। यदुक्तं तत्र

'विवेको यत्र तत्त्वानां कार्यकारणभेदतः ।
यथावदुदितं वस्तु हेयं चैवोपवर्ण्यते ।।
विद्यापादः स विज्ञेयः.........................' (२।१)

इति उद्दिश्य

'पाश्यः पाशयिता पाशस्त्रयमेतद्व्यवस्थितम् ।
साध्यसाधनभावोक्त्या यथा तत्प्रकटं भवेत् ।।

कार्य-कारण भाव का अवलम्बन कर हेयोपादेय विज्ञान के कथन के प्रसङ्ग में विद्यापाद में यह स्पष्ट कहा गया है। स्वच्छन्द तन्त्र के ११/१९९ में भी कहा गया है कि,

"प्रक्रिया से बढ़कर कोई ज्ञान नहीं होता।"

स्वच्छन्द तन्त्र की यह उक्ति एतद्विषयक सारी सन्देह-राशि का निराकरण करती है। अपरिम्लान अर्थात् स्पष्टरूप से कही गयी उस उक्ति को यहाँ उद्धृत कर रहे हैं—

"जहाँ तत्त्वों के कार्यकारण भेद का विवेक होता है, वहाँ वस्तु के उदित होने का तथा उसके हेय रूप का उपवर्णन किया जाता है। इस तथ्य के सन्दर्भ को जिस प्रकरण में वर्ण्यविषय बनाया गया है, वही स्थल विद्यापाद कहलाता है"। विद्यापाद के सम्बन्ध में ऐसा निर्देशकर प्रस्तुत विषय इस रूप में कहा गया है—

"इस सर्जन प्रक्रिया में तीन बातें स्पष्टरूप से व्यवस्थित की गयी हैं। १. पाश्य, २. पांशयिता और ३. पाश। साध्य और साधन भाव के उपदेश के माध्यम से जिस प्रकार उक्त तीनों बातों का स्पष्टीकरण होता है, उसी प्रकार

तथा सम्यक्प्रवक्तव्यं तावद्विद्यावधार्यताम् ।' (६।३)

इत्यादिप्रश्नोत्तरद्वारेण अनेकप्रकारम् ।।१०।।

ननु यद्येवं विद्यैव साक्षान्मोचिका, तत्किं क्रियादिपादत्रयोपात्तेन दीक्षादिनेत्याशङ्क्याह

तत्राशक्तास्तु ये तेषां दीक्षाचर्यासमाधयः ।

ननु एवं

'सदाशिवपदं योगाच्चर्यातो वाथ दीक्षया।
प्राप्यते चित्तभेदेन मोक्षो वाथ चतुष्टयम् ।। (मत. २६।६३)

इत्याद्युक्त्या ज्ञानादेश्चतुष्टयादपि अविशेषेणैव मुक्तिः स्यात्, तत्कथं ज्ञानस्य तद्वतो वा गुरोरपि सर्वत्रैव उत्तमत्वमित्याशङ्क्य आह

से सम्यक् रूप से उन पर प्रवचन करना चाहिये। गुरु के इस विशेष वक्तव्य के आधार पर विद्या का अवधारण किया जाना चाहिये।''

मतङ्ग शास्त्र की इन उक्तियों में विद्या के महत्त्व का वर्णन है। विद्या ही साक्षात् उपाय है, इससे यह सिद्ध हो जाता है।।१०।।

प्रश्न उपस्थित होता है कि, यदि विद्या में ही साक्षात् मोक्ष की उपायता है, तो फिर मतङ्ग शास्त्र में तीन अन्य 'विद्यापाद' नामक अध्यायों के द्वारा समर्थित दीक्षा की क्या उपयोगिता रह जाती है? इस पर कह रहे हैं कि,

साधना और स्वात्मसंविद् विवेक में जो अशक्त होते हैं, उनके लिये दीक्षा, चर्या और समाधि का भी महत्त्व है। इनके सतत अभ्यास से मुक्ति हस्तामलकवत् प्राप्त हो जाती है। मतङ्ग २६।६३ में यह स्पष्ट कहा गया है कि,

''सदाशिव पद योग, चर्या अथवा दीक्षा द्वारा प्राप्त किया जाता है। साधक के चिन्तन के स्तर के अनुकूल मोक्ष सरलता से मिल जाता है। अथवा योग, चर्या, दीक्षा और चिन्तन ये चारों भीआचरित होने पर मोक्ष के साधन बनते है''।

ते विद्यापूर्वका यस्मात्तस्माज्ज्ञान्युत्तमोत्तमः ।।११।।

विद्यापूर्वका इति ज्ञात्वा हि अनुष्ठानं भवेदिति भावः ।।११।।

ननु इह समनन्तरोक्तयुक्त्या दीक्षामन्तरेण योगज्ञानादावधिकार एव न भवेदिति ज्ञानं दीक्षापूर्वकमिति वक्तव्यं, प्रत्युत कथमेतदन्यथोक्तमित्याशङ्क्य आह

ज्ञानं च शास्त्रात्तच्चापि श्राव्यो नादीक्षितो यतः ।
अतोऽस्य संस्क्रियामात्रोपयोगो दीक्षया कृतः ।।१२।।

नादीक्षितः श्राव्य इति, संस्क्रियामात्रोपयोग इति च। यदुक्तं

प्रश्न करने वाला पूछता है कि, उक्त कथन द्वारा ज्ञान आदि इन चारों में समान रूप से मुक्ति की उपायता सिद्ध होती है। ऐसी स्थिति में ज्ञान और ज्ञानवान् गुरु की ही श्रेष्ठता का ही सर्वत्र क्यों वर्णन किया जाता है? इस आशङ्का का समाधान कर रहे हैं कि,

चूँकि ज्ञानवान् गुरु विद्या के स्वाध्याय, अनुभव और पूर्वानुभूत व्यवहार के आधार पर ही समाज में अपना प्रभाव स्थापित करते हैं। इसलिये ज्ञानवान् गुरु उत्तमोत्तम माने जाते हैं। विद्यापूर्वक क्रियायोग विज्ञ के रूप से प्रसिद्धि होने पर ही उनसे अनुष्ठान आदि सम्पन्न किये कराये जाते हैं।।११।।

अभी पहले यह विषय आ चुका है कि, दीक्षा से ही योग और ज्ञान आदि में अधिकार प्राप्त होता है। विना दीक्षा के यह अधिकार भी नहीं होता कि, कोई योग मार्ग आदि में प्रवेश करे। इस लिये कहना तो यह चाहिये कि ज्ञान ही दीक्षा पूर्वक होता है। इसके विपरीत यहाँ विद्यापूर्वक ज्ञानी और ज्ञान की उत्तमता का उल्लेख किया गया है। प्रश्न है कि ऐसा क्यों? इसका समाधान कर रहे हैं—

ज्ञान शास्त्रों के स्वाध्याय से होता है। ऐसे शास्त्रों का श्रवणाधिकार भी दीक्षा हीन पुरुष को नहीं है। इसलिये अदीक्षित की संस्क्रियामात्र सम्पन्न हो, एतदर्थ दीक्षा से ही श्रवणाधिकार मिले और ज्ञान हो, यह ध्यान में रखकर ही

'अदीक्षितानां पुरतो नोच्चरेच्छिवपद्धतिम् ।' इति,
'समयी संस्कृतो ह्येवं वाचनेऽस्यार्हता भवेत् ।
श्रवणेऽध्ययने होमे पूजनादौ तथैव च ।।
चर्याध्यानविशुद्धात्मा लभते पदमैश्वरम् ।
(स्व. ४।४९) इति च।।१२।।

ननु अस्य दीक्षया संस्कारमात्रोपयोग एव भवेदिति सा कस्मादुक्तं यदयमनया योजनिकाबलात् तत्तत्पदमवाप्यासादयेदित्याशङ्क्य आह

यत्र तत्रास्तु गुरुणा योजितोऽसौ फलं पुनः ।
स्वविज्ञानोचितं याति ज्ञानीत्युक्तं पुरा किल ।।१३।।

स्वविज्ञानोचितमिति अकृतशिवतत्त्वयोजनिकोऽपि हि समयी तथा तथा ज्ञानमभ्यस्यंस्तदैकात्म्यं यायादित्याशयः। पुरेति चतुर्थाह्निकादौ।।१३।।

विद्या पूर्वक ज्ञानी की उत्तमता की बात कही गयी है। अदीक्षितोंके विषय में कहा गया है कि,

"अदीक्षित के समक्ष शिव-परम्परा के सिद्धान्तों का उच्चारण भी न करे।" इस सम्बन्ध में स्वच्छन्दतन्त्र के ४/७९ श्लोक में भी यह कहा गया है कि,

"समयी शिष्य इसप्रकार संस्कार सम्पन्न हो जाता है। इसके बाद ही उसमें शास्त्रों को सुनने की, पढ़ने की, स्वाध्याय करने की, हवन और पूजन आदि करने की अर्हता होती है। इसप्रकार वह अनुशासित चर्या और ध्यान के द्वारा विशुद्धात्मा बन जाता है और ऐश्वर पद को प्राप्त कर लेता है।"

इस तरह ज्ञान और दीक्षा का अन्योन्याश्रय सम्बन्ध भी शास्त्रों द्वारा सिद्ध होता है। फिर भी ज्ञानवान् की उत्तमोत्तमता पर कोई अंगुली नहीं उठायी जा सकती।।१२।।

प्रश्न है कि, शैव परम्परा के गुरुक्रम में जो दीक्षा दी जाती है, उससे शिष्य के संस्कार में परिष्कार होता है। अर्थात् दीक्षा का संस्कार मात्र में ही उपयोग होता है। यह कथन कहाँ तक उचित है? दीक्षा के विषय में यह भी कहा जाता

तीव्रशक्तिपातपवित्रितस्य पुनस्तत्संस्कारोपयोगोऽपि नास्तीत्याह

यस्य त्वीशप्रसादेन दिव्या काचन योग्यता ।
गुरोः शिशोश्च तौ नैव प्रति दीक्षोपयोगिता ।।१४।।

ननु एवं विधौ गुरुशिष्यौ प्रति दीक्षाया यद्युपयोगो नास्ति, तत् ज्ञानादावनयोरधिकार एव कथंकारं स्यादित्याशङ्क्य आह

ज्ञानमेव तदा दीक्षा श्रीत्रैशिकनिरूपणात् ।

ज्ञानमिति अर्थात्सांसिद्धिकम्। यदुक्तं तत्र

है कि, दीक्षा से योजनिका प्रक्रिया द्वारा उन उन वांछित पदों को प्राप्त करता है और वहाँ अधिष्ठित हो जाता है। इन दोनों वाक्यों में और इनके अर्थ में इतना अन्तर क्यों? इस पर कह रहे हैं—

शिष्य गुरु द्वारा जहाँ भी योजित किया गया हो, फल तो वह स्वात्मविज्ञान के आधार पर ही प्राप्त करता है। वही ज्ञानी कहलाता है। यह सन्दर्भ पहले भी चतुर्थ आह्निक आदि में आ चुका है।

यहाँ स्वात्म विज्ञानोचित शब्द यह संकेत भी करता है कि, यदि शिष्य किसी योजनिका का आधार न भी प्राप्त किया हो या यदि गुरु ने कहीं योजित नहीं किया है, तो वह पहले अपनी बुद्धि और विवेक का आश्रय लेता है। तदनुरूप फल भी उसे अवश्य ही उपलब्ध हो जाता है। अपने विवेक-विज्ञान को परिष्कृत कर रहस्य-दर्शन का अभ्यास करता है और चिदैकात्म्य भाव से भावित हो जाता है।।१३।।

जो साधक तीव्र शक्तिपात से पवित्र हो चुका है, उसके लिये तो किसी संस्कार का कोई उपयोग नहीं है। यही कह रहे हैं—

जिस साधक को परमेश्वर की कृपा से किसी प्रकार की अकल्पनीय कोई योग्यता आ जाती है, उसके लिये किसी दीक्षा की कोई उपयोगिता नहीं है, साधकवर्ग में गुरु और शिष्य दोनों आते हैं।

'एवं यो वेत्ति तत्त्वेन तस्य निर्वाणगामिनी।
दीक्षा भवत्यसन्दिग्धा तिलाज्याहुतिवर्जिता ।'
(परात्री. २५)

इत्युपक्रम्य

'स सिद्धिभाग्भवेन्नित्यं स योगी स च दीक्षितः ।' इति।।१४।।

तद्वानेव च सर्वशास्त्रेषु परमुत्तमोऽधिकारीत्युक्त इत्याह

सर्वशास्त्रार्थवेत्तृत्वमकस्माच्चास्य जायते ।।१५।।

यहाँ स्वाभाविक रूप से यह जिज्ञासा उत्पन्न होती है; कि ऐसे गुरु और ऐसे शिष्य के लिये किसी प्रकार की दीक्षा का उपयोग नहीं है, तो फिर ज्ञान आदि में इनका अधिकार कैसे हो सकता है? इस आशङ्का का समाधान कर रहे हैं—

उस समय उसका ज्ञान ही उसकी दीक्षा बन जाती है। यह बात परात्रीशिका में निरूपित की गयी है। वहाँ कहा गया है कि,

"इस प्रकार के विज्ञान की तात्त्विकता जिस साधक के मन में संस्कार आदि रूप से दृढ़ हो गयी है, उसकी मुक्तिप्रदा निर्वाण दीक्षा तिलों और आज्य आहुतियों के कर्मकाण्ड से वर्जित रूप से पारमेश्वर शक्तिपात के माध्यम से ही सम्पन्न हो जाती है" ।।परात्रीशिका—२५-२६।।

इससे भी स्पष्ट रूप से परात्रीशिका के ही श्लोक १९ में स्पष्ट घोषणा की गयी है कि, जो कोई भी तात्त्विक रूप से जान लेता है, भले ही चक्र-भेदन आदि योग-प्रक्रिया साधना पूरी न कर सका हो, वह नित्य सिद्धिभाग् अर्थात सिद्ध है, वही सच्चा योगी है और वही दीक्षित है। उसे किसी से दीक्षा लेने की आवश्यकता नहीं।।१४।।

इति श्रीमालिनीनीत्या यः सांसिद्धिकसंविदः ।
स उत्तमाधिकारी स्याज्ज्ञानवान्हि गुरुर्मतः ।।१६।।

सांसिद्धिकसंविद इति स्वतःप्रवृत्तसत्तर्क इत्यर्थः। यदुक्तं प्राक्

'यस्य स्वतोऽयं सत्तर्कः सर्वत्रैवाधिकारवान् ।
अभिषिक्तः स्वसंवित्तिदेवीभिर्दीक्षितश्च सः ।।
स एव सर्वाचार्याणां मध्ये मुख्यः प्रकीर्तितः ।'
(४।४३) इति।।१६।।

तच्चास्य ज्ञानं सर्वविषयमागमेषूक्तमित्याह

आत्मने वा परेभ्यो वा हितार्थी चेतयेदिदम् ।
इत्युक्त्या मालिनीशास्त्रे तत्सर्वं प्रकटीकृतम् ।।१७।।

ऐसे ज्ञानवान् सिद्ध साधक को सभी शास्त्रों का पूरा आधिकार भी प्राप्त हो जाता है। उसे सभी शास्त्रों के रहस्य का ज्ञान हो जाता है। अकस्मात् चमत्कार घटित होता है और वह सर्वज्ञ सा ही हो जाता है।

मालिनी विजयोत्तर तन्त्र में इस सबसे ऊँचे स्तर के ज्ञानवान् गुरु को 'सांसिद्धिक' संज्ञा प्रदान की गयी है। ऐसा संविद् तत्त्व में संसिद्ध साधक ही उत्तम अधिकारी माना जाता है। उक्त उत्तमोत्तम ज्ञान के स्तर पर अधिष्ठित प्रज्ञा-पुरुष ही वस्तुतः गुरु होता है।

सांसिद्धिकसंविद शब्द ज्ञानवान् गुरु का एक सटीक विशेषण है। इसके मूल में स्वतः स्वात्मसंविद् ऐकात्म्य हेतु प्रवृत्त होने का सत्तर्क उल्लसित होता है और ज्ञानी साधक को निर्विकल्प भूमि पर ला बिठलाता है। श्रीत. ४।४२-४३ द्वि. भाग पृ. ३५-३६ पर इस सम्बन्ध में यह कहा गया है कि ''गुरु आदि से निरपेक्ष स्वात्म-विमर्श के उत्कर्ष के फलस्वरूप जिसमें सत्तर्क का उदय हो जाता है, वह सभी शास्त्रों का अधिकारी हो जाता है। वह स्वात्म संवित्ति देवियों से दीक्षित हो जाता है। आचार्यों में सर्वश्रेष्ठ मुख्य आचार्यवर्य रूप इस सांसिद्धिक गुरु के समक्ष अन्य सभी गुरुजन उस स्तर के नहीं माने जाते''।।१५-१६।।

इत्युक्त्येति। यदुक्तं तत्र

'एतत्सर्वं परिज्ञेयं योगिना हितमिच्छता ।
आत्मनो वा परेषां वा नान्यथा तदवाप्यते ।।' इति।

तदिति सांसिद्धिकं ज्ञानम्। सर्वमिति समस्तविद्यादिपादचतुष्टयविषयमित्यर्थः। यदस्य तावदात्मनि ज्ञानमेवोपयुक्तमित्युक्तप्रायम्। परे पुनर्विचित्रा इति तदाशयभेदमधिकृत्य क्रियादि सर्वमेव अपेक्षते येन अस्य तदनुग्रहः सिद्ध्येत्। यदभिप्रायेणैव

'विद्यापादार्थकुशलः क्रियापादधृतक्रमः ।
योगपादकृताभ्यासश्चर्यापादानुवर्तकः ।।

आगम प्रामाण्य द्वारा यह स्पष्ट कर रहे हैं कि, इसका ज्ञान सर्वविषयक होता है। यही यहाँ कह रहे हैं—

ऐसा ज्ञानवान् गुरु अपने प्रिय शिष्यों के हित के लिये या दूसरे जो भी अपेक्षा रखते हैं, उनके हित के लिये, उनके कल्याण की कामना से उन्हें चेतित (संज्ञान समन्वित) करे, अर्थात् उन्हें इस ज्ञान की दीक्षा देने का वह वास्तविक अधिकारी होता है। इस प्रकार की उक्ति द्वारा श्री मालिनी विजयोत्तर तन्त्र में भी उक्त सांसिद्धिक ज्ञान और इस विषय से सम्बन्धित सब कुछ प्रकट किया गया है, यह स्पष्ट हो जाता है। वहाँ लिखा गया है कि,

ऐसे ज्ञानवान् गुरु को इन सब बातों का विचार करना चाहिये। उसे यह जानना चाहिये कि, हमसे अपने आत्मीय वर्ग का या उसके अतिरिक्त दूसरों का भी कैसे कल्याण हो सकता है। बिना इसके दूसरे इस अनूठे ज्ञान से वंचित रह जायेंगे। यह ज्ञान दूसरों द्वारा पाया ही नहीं जा सकता।

श्लोक में 'तत्' शब्द सांसिद्धिक ज्ञान के अर्थ में ही प्रयुक्त है। 'सर्व' शब्द भी शास्त्रों में वर्णित चार पादों वाली विद्या के व्यापक ज्ञान क्षेत्र के अर्थ में प्रयुक्त है।

SRI JAGADGURU VISHWARADHYA
JNANA SIMHASAN JNANAMANDAL
LIBRARY
Jangamwadi Math, Varanasi
ACC No. 8501

गुरुर्दीक्षां प्रकुर्वीत........................।'

इत्यादि अन्यत्र उक्तम्।।१७।।

ननु परे विचित्रा इत्यत्र किं प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

ज्ञानयोग्यास्तथा केचिच्चर्यायोग्यास्तथापरे ।
दीक्षायोग्या योगयोग्या इति श्रीकैरणे विधौ ।।१८।।

यदुक्तं तत्र

ये यथा संस्थितास्तार्क्ष्य तथैवेशः प्रसादकृत् ।
केचिच्चात्र क्रियायोग्यास्तेषां मुक्तिस्तथैव सा।।
ज्ञानयोग्यास्तथा चान्ये चर्यायोग्यास्तथापरे ।
एवं येषां तथा प्रोक्तो मोक्षस्तेनैव तस्य तु ।।' इति।।१८।।

यह सब ज्ञानवान् गुरु के मन में स्वतः स्पन्दित होता रहता है। आत्मीय जनों पर इसी लिये उसकी कृपा सदा बनी रहती है। पर दूसरे लोग तो बड़े विचित्र ही होते हैं। ज्ञानवान् गुरु उनके आशयों को समझ कर उनके स्तर के अनुरूप ही क्रिया आदि जो उनके लिये अपेक्षित होती है, उन सबका विधान करता है, जिससे उनके ऊपर अनुग्रह की सिद्धि हो सके। इसी अभिप्राय का स्पष्टीकरण एक दूसरे स्थान पर इस तरह किया गया है— शास्त्रीय ज्ञान के चार चरण प्रसिद्ध हैं। १. विद्या पाद, २. क्रियापाद, ३. योग पाद और ४. चर्यापाद।

इन चारों में कुशल, इनकी परम्पराओं के परिज्ञान में दक्ष, इनसे सम्बन्धित योग आदि के अभ्यास में अभ्यस्त और उनके अनुवर्त्तन प्रवर्त्तन में परायण ज्ञानवान् गुरु दीक्षा अवश्य प्रदान करे।।१७।।

ऊपर 'पर' की चर्चा है। आचार्य जयरथ इन्हें विचित्र विशेषण से विभूषित करते हैं। प्रश्न है कि, उनके वैचित्र्य का क्या प्रमाण है? इसी का स्पष्टीकरण शास्त्रकार कर रहे हैं—

उनकी विचित्रता के कारण उनके स्वभाव और स्तर होते हैं। उनमें कुछ लोग ज्ञान के योग्य होते हैं। कुछ ऐसे होते हैं, जिनको चर्या के नियमों का पालन करा कर परिष्कार किया जाय। कुछ उनमें से दीक्षा के ही योग्य होते हैं और

एवमिदमियता सिद्धमित्याह

तत्रोक्तलक्षणः कर्मयोगज्ञानविशारदः ।
उत्तरोत्तरताभूम्युत्कृष्टो गुरुरुदीरितः ।।१९।।

तदुक्तं

'गरीयान्कर्मिणो योगी स च ज्ञानवतः शिशुः ।' इति।।१९।।

स एव च परं दीक्षाकर्मण्यधिकृत इत्याह

स च प्रागुक्तशक्त्यन्यतमपातपवित्रितम् ।
परीक्ष्य पृष्ट्वा वा शिष्यं दीक्षाकर्म समाचरेत्।।२०।।

कुछ योगाभ्यास की अपेक्षा रखते हैं। इनकी विचित्रता का यही आधार है। किरणागम शास्त्र में लिखा गया है कि,

हे तार्क्ष्य! जो जिस स्तर का है, जिस पाद की प्रवृत्ति वाला है, उसपर ईश उसी के अनुरूप अपनी कृपा की वर्षा करते हैं। जो उनमें क्रिया के योग्य होते हैं, उनकी मुक्ति उसी प्रकार से होती है। जो ज्ञान के योग्य हैं, जो चर्या के योग्य हैं और इसके अतिरिक्त जिसका जैसा स्वभाव होता है, उसकी उसी प्रकार से मुक्ति प्राप्त होती है।।१८।।

इस ऊपर कहे गये प्रकरण से यही निष्कर्ष निकलता है कि,

उक्त लक्षणों से लक्षित क्रियायोग-सक्षम ज्ञानवान् और सांसिद्धिक गुरु ही 'गुरुता' के सर्वोत्कृष्ट श्रद्धास्पद पद पर प्रतिष्ठित करने योग्य है। ऐसे व्यक्ति ही वस्तुतः शास्त्र द्वारा गुरु संज्ञा से विभूषित किये जाते हैं। इस सम्बन्ध में आगम कहता है कि,

'गरीयान् अर्थात् अपेक्षाकृत महत्त्वपूर्ण कर्मनिष्ठ योगी भी ज्ञानवान् गुरु के शिष्य के समान होता है।' अर्थात् शास्त्र जिसे सांसिद्धिक ज्ञान विशिष्ट गुरु कहते हैं, वही सर्वश्रेष्ठ गुरु होता है।।१९।।

वा विकल्पे। परीक्षया ह्यस्य बुभुक्षुता मुमुक्षुता वा साक्षान्न लक्षितेति किमसि बुभुक्षुर्मुमुक्षुर्वेति तं गुरुः पृच्छेदित्यधिकृत्य दीक्षाकर्म कुर्यात्।।२०।।

इह

'दीक्षा स्वतन्त्रेऽभिहिता.......................।'

इति दृशा श्रीस्वच्छन्दशास्त्र एव प्राधान्येन दीक्षाया लक्षणुक्तम्, तद्वयमपि सर्वतस्तदर्थोपस्कृतत्वेनैव अत्र तामभिदध्म इति कटाक्षयितुं प्रमुख एव तत् संवादयति

उक्तं स्वच्छन्दशास्त्रे च शिष्यं पृच्छेद्गुरुः स्वयम् ।
फलं प्रार्थयसे यादृक्तादृक्साधनमारभे ।।२१।।

वही पूर्ण रूप से दीक्षा का अधिकारी माना जाता है। यही कह रहे है—

इस तरह उक्त शक्तिपात रूप अनुग्रह करने में समर्थ सांसिद्धिक ज्ञानवान् गुरु ही स्वयं शक्तिपात पवित्रित शिष्य से पूछकर या परीक्षा लेकर पता लगा ले कि, यह बुभुक्षु है या मुमुक्षु। इसके बाद ही तदनुरूप दीक्षा देकर उसे अनुगृहीत करे और अधिकारपूर्वक दीक्षाकर्म सम्यक् रूप से संपन्न करे।।२०।।

इस परम्परा में, "दीक्षा स्वतन्त्र (स्वच्छन्द तन्त्र) में ही अधिकृत (रूप से) अभिहित .... है"

इस उक्ति के अनुसार स्वच्छन्द शास्त्र में ही प्रधान रूप से दीक्षा वर्णित की गयी है। दीक्षा का लक्षण भी अच्छी तरह समझाया गया है। उन्हीं अर्थों को सजा कर, उन्हीं लक्ष्यों को प्रधानतया दृष्टि में रखकर, उन्हीं का अध्याहार कर हम भी दीक्षा के लक्षण को लक्षित कर रहे हैं। यह कहकर शास्त्रकार तत्काल प्रमुखता के स्तर पर उसी का प्रतिपादन कर रहे हैं—

स्वच्छन्द शास्त्र में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि, गुरु शिष्य से स्वयं यह पूछे कि, तुम क्या चाहते हो? तुम जिस लक्ष्य या साध्य की अभ्यर्थना करोगे, मैं उसी प्रकार का साधनकर्म आरम्भ करूँगा। शास्त्र में यह कहा गया है कि,

वासनाभेदतः साध्यप्राप्तिर्मन्त्रप्रचोदिता ।

यादृगिति भुक्तिरूपं मुक्तिरूपं वा। साधनं दीक्षाविधिम्। वासना शिष्याणां बुभुक्षुर्मुमुक्षुर्वा अस्मीति, गुरोश्च एवंविधामेव दीक्षामस्मै करोमीति चैतसिकोऽनुसन्धानविशेषः। साध्यं भुक्तिर्मुक्तिर्वा।।२१।।

ननु मन्त्रादिभेदादपि तद्भेदोऽस्तीत्याशङ्क्य आह

मन्त्रमुद्राध्वद्रव्याणां होमे साधारणा स्थितिः ।।२२।।
वासनाभेदतो भिन्नं शिष्याणां च गुरोः फलम् ।

साध्य की प्राप्ति वासना भेद पर ही निर्भर करती है। यह साधना भी मन्त्र से प्रेरित होनी चाहिये।

गुरु द्वारा पूछने का यही अर्थ होता है कि, शिष्य भुक्ति चाहता है या मुक्ति? यह तो पता चले। उसके बाद ही अर्थात् बुभुक्षु-मुमुक्षु के निर्णय के उपरान्त ही वह साधन अर्थात् दीक्षा की विधि का प्रयोग करता है। इसमें शिष्य की वासना का ही महत्त्व है। शिष्य की वासना यदि भुक्ति में होती है, तो वह बुभुक्षु और यदि मुक्ति में होती है, तो वह मुमुक्षु माना जाता है। गुरु के हृदय में भी यह चैतसिक अनुसन्धान रहता है कि, मैं शिष्य को वैसी ही दीक्षा दूँगा, जिसका वह अधिकारी है। इससे साध्य-प्राप्ति में सरलता होती है। बुभुक्षु शिष्य की साध्य भुक्ति होती है और मुमुक्षु शिष्य की साध्य मुक्ति। इसी के अनुसार गुरु दीक्षाकर्म समाचरित करता है।।२१।।

ऊपर मन्त्र प्रेरित साध्य प्राप्ति की बात लिखी गयी है। इसी का समर्थन कर रहे हैं कि,

मन्त्रों का प्रयोग तो होता ही है। उसके साथ ही साथ मुद्राओं के प्रयोग भी अपेक्षित होते हैं। अध्वद्रव्यों की आहुतियाँ भी होती हैं। पर इनकी प्रधानता नहीं होती, वरन् सामान्य स्थिति ही स्वीकार की जाती है। वस्तुतः वासना भेद का ही वैशिष्ट्य या महत्त्व है। शिष्यों की सफलता और गुरुजनों की यशस्विता

नहि मन्त्रादीनां भुक्तौ मुक्तौ व कश्चिदतिशय इत्याशयः।।२२।।

अत एव च शिष्याणां भेद इत्याह—

साधको द्विविधः शैवधर्मा लोकोज्झितस्थितिः।।२३।।

लोकधर्मी फलाकांक्षी शुभस्थश्चाशुभोज्झितः ।
द्विधा मुमुक्षुर्निर्बीजः समयादिविवर्जितः ।।२४।।

बालबालिशबृद्धस्त्रीभोगभुग्व्याधितादिकः ।
अन्यः सबीजो यस्येत्थं दीक्षोक्ता शिवशासने।।२५।।

उनके साध्यानुसार साधन पर निर्भर करती है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि मन्त्रों आदि का भुक्ति या मुक्ति में अतिशय नहीं होता। इनके प्रयोग से उनकी सहफलवत्ता अवश्य प्रभावित होती है।।२२।।

इसी आधार पर शिष्यों के भेद प्रभेद भी किये जाते हैं। यही कह रहे हैं—

साधक दो प्रकार के होते हैं। १. शैवधर्मा और २. लोकधर्मी। शैव एव धर्मो यस्य इस बहुब्रीहि समास में अनिच् प्रत्यय लगने से शैवधर्मा शब्द निष्पन्न होता है। ऐसा साधक लोक-लालसा से लालित नहीं होता वरन् उसका एक तरह से अपरिग्रह द्वारा परित्याग ही करता है। दूसरा साधक लोकस्थधर्मी होता है। लोकः धर्मः अस्य अस्ति इस विग्रह के अनुसार इनि प्रत्यय लगाकर लोकधर्मी शब्द बनता है। इसका अर्थ स्पष्ट है। लोक-लालसा प्रधान धर्म वाले साधक लोकधर्मी कहलाते हैं। ये लोग फलाकांक्षी होते हैं। शुभ में नियत प्रवृत्ति और अशुभ का अभाव इनको अभिप्रेत होता है। शैवधर्मा मुमुक्षु और लोकधर्मी बुभुक्षु होता है।

मुमुक्षु साधक भी दो प्रकार के होते हैं। १. निर्बीज मुमुक्षु और २. सबीज मुमुक्षु। मुमुक्षु साधक को समयाचार अपनी सीमा में नहीं बाँध सकते। इस परिवेश से ये ऊपर होते हैं। मुमुक्षु की तरह ही बालक, बालिश (मूर्ख) वृद्ध (वार्द्धक्य से, जरा से जीर्ण), स्त्री, भोग-लिप्त जीव भी माने जाते हैं। ये समय का पालन कर ही नहीं सकते। मुमुक्षु अपने स्तरीय सौभाग्य से समयादि विवर्जित होता है और ये दूसरे अपने सामर्थ्यवश ऐसा नहीं कर

विद्वद्द्वन्द्वसहानां तु सबीजा· समयात्मिका ।
दीक्षानुग्राहिका पाल्या विशेषसमयास्तु तैः ।।२६।।

तत्र बुभुक्षुः साधकः। स च द्विविधः शिवधर्मी लोकधर्मी च। मुमुक्षुः पुत्रकः। स च द्विविधो निर्बीजः, सबीजश्च। सबीज एव कृताभिषेक आचार्य इति विभागः। समयित्वं पुनरेतत्पदप्राप्तियोग्यतापात्रमिति नासौ पृथगिह उक्तः। यथोक्तं

'....................समयी राजपुत्रवत्।' इति।

सकते। इस लिये शास्त्र ने भी इन्हें समय की सीमा के नियत नियमों के पालन से मुक्त ही कर दिया है।

इसके अतिरिक्त सबीज मुमुक्षु की श्रेणी आती है। शिव शासन में इनकी दीक्षा इस प्रकार की होती है, जिसमें समय का पालन अत्यन्त आवश्यक होता है। विद्वान् पुरुषों, द्वन्द्व सहन करने में समर्थ और सक्षम पुरुषों के लिये समयात्मिका सबीजा दीक्षा दी जाती है। दीक्षा शिष्य के जीवन में अनुग्रह के अमृत की वर्षा करती है। इसलिये यह अनुग्रहात्मिका मानी जाती है। जो विशेष समयी हैं, उनके द्वारा यह अवश्य पालनीय है।

यह ध्यान देने की बात है कि, मुमुक्षु साधक गुरु को पुत्र से भी प्यारा होता है। पुत्रक दीक्षा के सम्बन्ध में अलग वर्णन किया गया है। मुमुक्षु दीक्षा निर्बीज भी मानी जाती है। सबीजा समयात्मिका दीक्षा होती है। समय पालन करना इसलिये अनिवार्य माना जाता है कि, इस जीवन में यदि शुभ्र का ही अभिलाष है, तो उसकी प्राप्ति के लिये इन नियमों का पालन अनिवार्य है। समय पालन से ही भोग प्राप्ति का सामर्थ्य उत्पन्न होता है। इसीलिये कहते हैं कि—

"समयी राजपुत्र की तरह............"। स्वच्छन्द तन्त्र श्लो. ४।८३-८६ के उदाहरण से शास्त्र वचन को प्रमाणित कर रहे हैं—

(इनका अर्थ ऊपर प्रायः आ ही चुका है। इसलिये सबिन्दु संकेतों से इसके अर्थ को व्यक्त किया जा रहा है।

समयादिविवर्जित इति बालादीनां तत्परिपालनासामर्थ्यात्। समयात्मिकेति विद्वदादीनां तत्परिपालने सामर्थ्यात्। अत एव उक्तं तैस्तु विशेषसमयाः पाल्या इति। तदुक्तं तत्र

'साधका द्विविधास्तत्र शिवधर्म्येकतः स्थितः ।
शिवमन्त्रविशुद्धाध्वा साध्यमन्त्रनियोजितः ।।
ज्ञानवांश्चाभिषिक्तश्च मन्त्राराधनतत्परः ।
त्रिविधायास्तु सिद्धेर्वै सोऽत्रार्हः शिवसाधकः ।।
द्वितीयो लोकमार्गस्थ इष्टापूर्तविधौ रतः ।
कर्मकृत्फलमाकाङ्क्षञ्छुभैकस्थोऽशुभोज्झितः ।।
तस्य कार्यं सदा मन्त्रैरशुभांशविनाशनम् ।'
(४।८६) इति,

---

१. "साधक दो प्रकार के होते हैं। पहला साधक शिवधर्मी कहलाता है। यह शिव-मन्त्र से विशुद्ध अध्वावान्, साध्य मन्त्र में नियोजित, ज्ञानवान्, अभिषिक्त, मन्त्र द्वारा आराधना में तत्पर और त्रिविध सिद्धियों का अधिकारी शिवधर्मी साधक कहलाता है। शिव शास्त्रोक्त समयाचार का पालक होता है। यहाँ त्रिविध सिद्धि से तात्पर्य मन्त्र से अध्वशुद्धि, साध्य-सिद्धि की मन्त्र योजना का साफल्य और मन्त्र की आराधना की परायणता है। इन सभी का वह अधिकारी होता है तथा इसी के फल स्वरूप ज्ञानवान् और आभिषिक्त भी हो जाता है।

त्रिविध सिद्धियों के अन्तर्गत त्रिविध अनुत्तर समावेश सिद्धि, इच्छा और उन्मेष सिद्धि, पुंविद्याशिवात्मक सिद्धि, नर-शक्ति-शिवात्मक सिद्धि, अशुद्धि-शुद्ध्यमानता और शुद्धि की सिद्धि, भेद, अभेद और भेदाभेद मयत्व की सिद्धि, पर, परापर और अपर तत्त्व शुद्धि तथा शिवधर्मिता में इच्छा, ज्ञान और क्रियामयी सिद्धि ये सभी सिद्धियाँ आती हैं। शिव-धर्मा साधक इन सबका अधिकारी होता है। स्वच्छन्द तन्त्र शिवधर्मी को शिवसाधक शब्द से विभूषित करता है।

'मुमुक्षुर्द्विविधः प्रोक्तो निर्बीजो बीजवान्पुनः ।
बालबालिशवृद्धस्त्रीभोगभुग्व्याधितात्मनाम् ।।
तेषां निर्बीजिका दीक्षा समयादिविवर्जिता ।
विद्वद्द्वन्द्वसहानां तु सबीजा कीर्तिता प्रिये ।।

---

२. द्वितीय साधक लोकधर्मी होता है। इसकी विशेषतायें हैं—

अ— इष्टापूर्तविधि में सदा रत रहता है।

आ— फलाकांक्षापूर्वक कर्म करता है।

इ— शुभ में स्थित रहता और अशुभ से दूर भागता है।

ई— मन्त्रों की जप-सिद्धि द्वारा अशुभांशिक भोगों को न भोगना पड़े, इसलिये उनके विनाश में तत्पर रहता है।''

इस प्रसङ्ग के अतिरिक्त भी स्वच्छन्द तन्त्र के ही श्लोक ४।८७ से ९० तक का उद्धरण प्रस्तुत कर रहे हैं—

१. ''मुमुक्षु साधक दो प्रकार के होते है।

१. निर्बीज और २. सबीज (बीजवान्)।

२. निर्बीज दीक्षा के पात्र— १. बालक, २. बालिश, (मूर्ख) ३. वृद्ध, ४. स्त्री, ५. भोगलिप्त, ६. रोगी और ७वाँ मुमुक्षु।

३. इनकी दीक्षा समयादि विवर्जित होती है।

४. सबीजा दीक्षा के पात्र—

१. विद्वान् लोग, २. सांसारिक द्वन्द्व के आघातों को सहते सहते जिनकी पीठ कमठ हो गयी हो।

५. समयाचार संयुक्त दीक्षा इन्हें दी जाती है।

६. इनकी दीक्षा अनुग्राहिका दीक्षा कहलाती है।

७. मन्त्रपीठ में विशेष समयाचार निर्दिष्ट हैं। सबीज शिष्य को उन सबका पालन करना चाहिये। इससे मोक्ष की प्राप्ति सरल हो जाती है।

दीक्षानुग्राहिका तेषां समयाचारसंयुता ।
विशेषसमयाचारा मन्त्राख्ये ये प्रकीर्तिताः ।।
तेऽत्र पाल्याः प्रयत्नेन मोक्षसिद्धिमभीप्सता ।
सबीजा सा तु विज्ञेया पुत्रकाचार्ययोः स्थिता ।।'
(स्व. ४।९०) इति च।।२६।।

ननु एषां दीक्षया किं कार्यं, सा च कस्य कीदृशीत्याशङ्क्य आह

अभावं भावयेत्सम्यक्कर्मणां प्राच्यभाविनाम् ।
मुमुक्षोर्निरपेक्षस्य प्रारब्धैकं न शोधयेत् ।।२७।।

---

८. यह सबीजा दीक्षा पुत्रक और आचार्य से सम्बन्धित है। सांसारिकता की शान्ति के लिये अनुगृहीत पुत्र को पुत्रक कहते हैं। इसकी दीक्षा को सबीजा दीक्षा कहते हैं। पुत्रक दीक्षा का विधान अलग से देखना चाहिये।।२३-२६।।

प्रश्न करते हैं कि, इनकी दीक्षा की क्या उपयोगिता है? वह हो तो किसकी और कैसी हो इसका निर्णय कैसे हो? इन जिज्ञास्य विषयों पर निश्चित विचार व्यक्त कर रहे हैं—

साधक जिस समय दीक्षा लेता है, उसके साथ दीक्षा से पहले तक के अर्थात् जन्म से लेकर दीक्षा तक के कर्म रहते हैं। इसके साथ ही यह भी एक तथ्य है कि, जन्म से पहले के भी जो कर्म होंगे, वे भी तो साथ ही हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त दीक्षा के बाद जो कर्म शिष्य द्वारा किये जाते हैं, उनके कुछ अलग संस्कार शिष्य के व्यक्तित्व के साथ जुटते रहते ही हैं। इनमें दीक्षा के पहले के संस्कार प्राच्य और दीक्षा के बाद होने वाले भावी कर्म होते और करिष्यमाण कहलाते हैं।

दीक्षा का वास्तविक उपयोग यही है कि, इन कर्मों के अभाव का अनुभावन करना चाहिये। किन्तु निरपेक्ष मुमुक्षु के प्रारब्ध कर्मों का शोधन नहीं करना चाहिये। भोग से उनका अन्त आवश्यक है। साधक अर्थात् सबीज बुभुक्षु साधक में कर्मों का शोधन अवश्य करना चाहिये। इसका कारण यही है कि, योग में इनकी उन्मुखता का मार्ग सर्वदा प्रशस्त बना रहे।

साधकस्य तु भूत्यर्थमित्थमेव विशोधयेत् ।
शिवधर्मिण्यसौ दीक्षा लोकधर्मापहारिणी ।।२८।।

अधर्मरूपिणामेव न शुभानां तु शोधनम् ।
लोकधर्मिण्यसौ दीक्षा मन्त्राराधनवर्जिता ।।२९।।

प्राच्यभाविनामिति प्राच्यानि दीक्षायाः प्रागिह जन्मान्तरे च उपार्जितानि, भावीनि दीक्षानन्तरमिह करिष्यमाणानि। निरपेक्षस्येति साधकवद्भोगौन्मुख्याभावात्। फलदानोन्मुखस्य वर्तमानस्य पुनः का गतिरित्याशङ्क्य आह प्रारब्धैकं न शोधयेदिति तस्य भोगेनैव अतिवाहनात्। तदुक्तं

'...............येनेदं तद्धि भोगतः।' इति

साधकस्य च इत्थमेव कर्मशोधनं, किन्तु तत् भूत्यर्थं, तस्य हि भोगौन्मुख्यात् तद्वासनाधिवासितमेव चेतः, अत एव अत्र अनेन वासनाभेदात्फलभेद इति प्रतिज्ञातोऽपि अर्थो निर्वाहितः। यदुक्तं

शिवधर्मिका दीक्षा लोक धर्मों का अपहरण करने वाली होती है। जो पुरुष अधर्म का जीवन अपना कर अधर्म रूप ही बने हुए हैं, उनके अशुभ कर्मों का ही शोधन उचित है। शुभ कर्मों का शोधन अनावश्यक है। इसप्रकार की लोक धर्मिणी दीक्षा का पृथक् स्वरूप है। यह मन्त्राराधन वर्जिता होती है। कारिका में आये कुछ स्थल विचारणीय हैं—

१. प्रारब्ध कर्मों का शोधन करना उचित नहीं, यह श्लोक २७ में कहा गया है। इसका कारण है। फल के प्रारम्भ होने पर उनके प्रतिरोध में प्रकृति विरोध होता है। दूसरी बात यह है कि, बचा हुआ फल तो कभी भोगना ही पड़ेगा। अतः भोग लेना ही अच्छा होता है। इससे कर्म का क्षय हो जाता है। भोगादेव क्षयः यह सिद्धान्त भी है। इस विषय में एक और उक्ति भी है—

"............ जिससे यह (प्रारब्ध है), तो इसका भोग से ही (अन्त होगा)"।

२. फल शोधन ऐश्वर्य संवर्द्धन के लिये होना चाहिये। यह श्लो. २८ में उल्लिखित है। भूति सबीज साधक का लक्ष्य होती है। इसलिये वह कर्म

'साधकस्य तु भूत्यर्थं प्राक्कर्मेत्थं तु शोधयेत्।
प्राक्कर्मगामि चैकस्थं भावयित्वा तु दीक्षयेत् ।।'
(४।१४२) इति

अत्र च उद्द्योतकृता यत् इत्थमिति अपास्य एकमिति पठित्वा देहारम्भिशुभाशुभकर्ममध्यादेकमशुभमपि अस्य शोधयेदिति व्याख्यातं, तदुपेक्ष्यमारब्धकार्यदेहारम्भिकर्मोच्छेदाशक्यत्वस्य प्रागुपपादितत्वात् क्वचिदप्येवमनाम्नातत्वाच्च।

का शोधन करता है। वासना भेद से फल भेद होता है— यह पहले कहा गया है। इस कथन की चारितार्थता भी इसी में है। यदि साधक ऐश्वर्य की कामना करता है, उसी में उसकी वासना है, तो उसे कर्म शोधन कर उत्तम फल प्राप्ति का प्रयत्न करना ही चाहिये। इस विषय में लिखा गया है कि,

"साधक की (समृद्धि) भूति के लिये प्राक् कर्म को (इत्थं) इस प्रकार शोधन करना चाहिये। गुरु का यह उत्तर दायित्व होता है कि, दीक्षा देने के पहले के कर्मों के परिवेश में फँसे इस शिष्य को भावित कर (उद्धार हेतु ही) दीक्षा दे"।

३. "इत्थं" शब्द के स्थान पर 'उद्योतकार' ने 'एकं' पाठ स्वीकार कर यह अर्थ किया है कि, देहों से आरब्ध शुभाशुभ कर्मों की शृङ्खला में से किसी एक अशुभ का शोधन करना चाहिये। इस प्रकार की 'एकं' पाठ के आधार पर व्याख्या की है। आचार्य जयरथ का मत है कि, इस मत का बहिष्कार कर देना चाहिये।

प्राक् कर्म दो प्रकार के होते हैं। १. शिष्य की उत्पत्ति से अर्थात् जन्म से लेकर दीक्षा पर्यन्त कर्म। २. शिष्य के जन्म के पहले के और जन्मान्तरों के भी बचे हुए कर्म। दीक्षा के बाद के कर्म पश्चात् भावी कर्म होते हैं। इनमें से किसी कर्म का उच्छेद असम्भव माना जाता है। शोधन से कुछ दिन के लिये फलप्रदता अवरुद्ध भर होती है। इसीलिये फल भोग लेने को ही अच्छा माना जाता है। फल दो प्रकार के ही होंगे—शुभ या अशुभ। जो वासना वासित चेता है, वह भी शुभस्थ ही रहना चाहता है। पर चाहने

अत एव श्रीमृगेन्द्रायामपि

'एवमेव क्रियायोगाद्भौतिक्यपि परापरा ।
किंतु देहावियोगार्थं प्रारब्धं कर्म देहिनः ।।
शैवसाधनसाध्येन संधाय परिपालयेत् ।
सानुबन्धं दहेदन्यत्.................... ।।'

इत्यादि उक्तं ग्रन्थकृता। औचित्याच्च अत्र अस्माभिरयं पाठो रक्षितः। तेन इत्थमिति वक्ष्यमाणप्रकारेण, स च द्वितीयार्धोक्त इति। लोकधर्मापहारिणीति मन्त्राराधनादिपरत्वात्। अधर्मरूपिणामिति प्राक्तनानामागामिनां च, न तु देहारम्भिणां 'प्रारब्धेकं न शोधयेत्' इत्यस्य सर्वविषयत्वात्। तदुक्तं

से क्या होता है? शोधन से भी कुछ दिन के लिये ही छुटकारा मिलता है। कहीं किसी शास्त्र में यह नहीं लिखा है कि, कर्म क़ा उच्छेद हो सकता है। श्रीमृगेन्द्रतन्त्र में भी लिखा है कि,

"इस तरह क्रियायोग के फलस्वरूप भौतिकी परा और अपरा दोनों की सामरस्यमयी सिद्धि प्राप्त होती है। देह धारण के उद्देश्य से प्राणियों के प्रारब्ध कर्मों को शैव साधना द्वारा साध्य से अनुसंधित कर भोगना चाहिये। अनुबन्धित अन्य कर्मों को ज्ञान की आग से दग्ध कर देना चाहिये।"

मृगेन्द्र की यह उक्ति प्रारब्ध कर्मों के भोग का ही निर्देश करती है। उसमें से किसी एक को ही शोधित करने की प्रक्रिया की बात नहीं की गयी है। इससे यह सिद्ध होता है कि, श्लोक २८ में 'इत्थं' पाठ ही औचित्यपूर्ण है। उद्योतकार द्वारा स्वीकृत 'एकं' पाठ उचित नहीं।

४. लोकधर्मापहारिणी— शैवी दीक्षा में साधक मन्त्रों का आश्रय ग्रहण करता है और मन्त्राधारित आराधना का सन्धान करता है। अतः लोकधर्म अपने आप ही अपहस्तित हो जाते हैं। लोकधर्म निर्वाह के लिये सबीजा बुभुक्षु दीक्षा ही पर्याप्त है। जितने प्राक्त और आने वाले कर्म होते हैं, विशेषतः जो अधर्ममय होते हैं, उनका अपहरण तो स्वभावतः सम्पन्न होता ही है,

'प्राक्तनागामिकस्यापि अधर्मक्षयकारिणी।' इति।

सद्योनिर्वाणदायां च यद्यपि देहारंभिणामपि कर्मणां शोधकत्वं वक्ष्यते, तथापि आसन्नमरणस्यैव इयं कार्येति तेषामारब्धकार्याणामत्र न शोधनम्, अपितु कृतकार्याणां क्षीणप्रायाणामिति तत्रापि एतत् न निर्विषयतां यायात्।।२९।।

एवमतोऽस्य किं स्यादित्याशङ्क्य आह

प्रारब्धदेहभेदे तु भुङ्क्तेऽसावणिमादिकम् ।
भुक्त्वोर्ध्वं याति यत्रैष युक्तोऽथ सकलेऽकले ।।३०।।

इह असौ यत्र क्वचन

'यो यत्राभिलषेद्भोगान् ... ...।'

जब साधक निर्बीज दीक्षा से दीक्षित हो जाता है। इसी सन्दर्भ में यह उक्ति उद्धृत है—

"प्राक्तन और आगे आने वाले कर्मों में जो अधर्ममय हैं, उनका क्षय अनिवार्यतः हो जाता है"।

यद्यपि सद्यः निर्वाण दीक्षा में देहारंभी कर्मों के शोधन की बात कही गयी है, फिर भी यह प्रक्रिया केवल आसन्न मृत्यु प्राणी के लिये ही परिचालित होती है। इसमें भी यह ध्यान देना होता है कि, आसन्न मृत्यु व्यक्तियों के भी पहले किये हुए कर्म ही शोधनीय होते हैं। दीक्षा के बाद तो वह कुछ आरम्भ कर ही नहीं सकता। किन्तु जन्म से लेकर आज तक जो भोग रहा है और उसके प्रारब्ध जो शेष बचे हैं, उनसे वह निर्विषय कैसे हो सकता है?

निष्कर्षतः हमें इस निर्णय का औचित्य गुरुवर्ग पर ही छोड़ देना चाहिये। दीक्ष्य की पूरी जानकारी कर लेने पर ही उसकी वासना के आधार पर दीक्षा दी जानी चाहिये।।२७-२९।।

साधक की मुमुक्षु और बुभुक्षु भेद के आधार पर दी गयीं निर्बीज और सबीज दीक्षायें उसके अपने स्तर और उसकी वासना के अनुसार फलवती होतीं हैं। मान लीजिये दीक्षा के बाद दोनों का देहान्त हो गया। दीक्षा के आध्यात्मिक प्रभाव से

इत्याद्युक्तनीत्या सकले यथाभिमते भुवनेश्वरादौ, अथ च शुभकर्मभोगान्ते मुमुक्षुरकले शिवे योजितस्तदेव पदं गच्छेत्। यदुक्तं

'लोकधर्मिणमारोप्य मते भुवनभर्तरि ।
तद्धर्मापादानं कुर्याच्छिवे वा मुक्तिकाङ्क्षिणम्।।' इति।।३०।।

दोनों ने पुनः देह धारण किया। यही उन दोनों का देह भेद है। इसे गीता देहान्तर प्राप्ति कहती है। देह भेद के प्रारब्ध हो जाने पर उनका परिष्कृत शोधित प्रारब्ध भी देह के साथ ही जीवन की आयु रेखा से बँध गया। इस तरह प्रारब्ध दो रूपों में उसके साथ लगता है। १. देह के रूप में और २. कर्मफल के रूप में।

यदि सबीज दीक्षा प्राप्त बुभुक्षु को फल मिलना प्रारम्भ होता है, तो वह अणिमा आदि सिद्धियों का उपभोग करता है। इसी क्रम में वह उपभोग करता हुआ सकल से भुवनेश्वर आदि अधिकार प्राप्त कर लेता है।

यदि निर्बीज दीक्षा हुई है, तो शुभ कर्मों के उपभोग के उपरान्त अकल (निष्कलशिव) भाव को मुमुक्षु अवश्य प्राप्त करता है। एक तरह दीक्षा से वह शैवमहाभाव में नियोजित हो जाता है। एक आगमिक उक्ति है—

"जो जहाँ जैसे भोगों का अभिलाष करता है—.........."।

इस उक्ति के अनुसार यदि वह सकल की ओर अभिलाष वाला है, वह महनीय उत्कर्ष की ओर अग्रसर होता हुआ भुवनेश्वर आदि पद प्राप्त करता है। यदि वह मुमुक्षु स्तर की निर्बीज दीक्षा से अनुगृहीत है, तो शुभकर्मों के उपभोग के उपरान्त अकल शिव में नियोजित होता है। कहा भी गया है कि,

"दीक्षक गुरु लोकधर्मी शिष्य को उसके सम्मत, उसके द्वारा अभिलषित भुवनेश्वर आदि पदों पर दीक्षा के माध्यम से आरोपित करता है। आचार्य का ही यह दायित्व है कि, उसके धर्म का आपादन कराये। शिवधर्मा और मोक्ष की आकांक्षा करने वाले मुमुक्षु शिष्य को शिव से ही समायोजित करे और लोकधर्मी को भी उसके धर्म की ओर अग्रसर कर दे"।।३०।।

एवं भोगदीक्षां निर्णीय, मोक्षदीक्षामपि निर्णयति

समयाचारपाशं तु निर्बीजायां विशोधयेत् ।
दीक्षामात्रेण मुक्तिः स्याद्भक्त्या देवे गुरौ सदा ।।३१।।
सद्योनिर्वाणदा सेयं निर्बीजा येति भण्यते ।
अतीतानागतारब्धपाशत्रयवियोजिका ।।३२।।

दीक्षामात्रेणेति नतु नित्याद्यनुष्ठानेन तत्र बालादेरसामर्थ्यादत एव प्राक् समयादिविवर्जित इत्युक्तम्। अस्यां परं देवगुरुभक्तिमात्रमेव आवश्यकसमय इति उक्तं भक्त्या देवे गुराविति। सेयं निर्बीजदीक्षा न केवलं सद्योनिर्वाणदा यावदतीतानागतारब्धपाशत्रयवियोजिका सती सद्योनिर्वाणदेति च भण्यते इति सम्बन्धः।।३१-३२।।

उभयरूपयापि अनया किं भवेदित्याशङ्क्य आह

उक्त सन्दर्भ विशेषतः भोगवाद के मूल तत्त्व वासना पर और शुभोपभोग पर आधारित था। अब निर्बीज दीक्षा की वासना रहित दीक्षा की चर्चा कर रहे हैं—

समयाचार भी एक प्रकार का अनुशासनात्मक पाश ही है। निर्बीज दीक्षा में समयाचार रूप पाशका विशोधन अवश्य करणीय है। इस दीक्षा मात्र से मुक्ति उपलब्ध हो जाती है। इसमें किसी नित्य नैमित्तिक अनुष्ठान की कोई आवश्यकता नहीं होती। हाँ देवाधिदेव परमेश्वर में और परमेश्वर रूप गुरु में भक्ति भाव अनिवार्यतः आवश्यक होता है।

यह दीक्षा सद्यः निर्वाणप्रदा दीक्षा होती है। इसे निर्बीजा दीक्षा भी कहते हैं। यह अतीत, अनागत और आरब्ध दोनों पाशों को छिन्न-भिन्न कर डालती है। उनसे विमुक्त कर छुटकारा दिला देती है। निर्बीज दीक्षा में एक आवश्यक पालनीय अनुशासन रूप समय भक्ति है। भक्ति रहने पर भक्त सदा सर्वदा निष्कामभाव से विश्व में विचरण करता है।।३१-३२।।

दीक्षावसाने शुद्धस्य देहत्यागे परं पदम्।

शुद्धस्येति किंचित्कालमवस्थितस्य सतो न वा।

सबीजायां पुनर्देहत्यागेऽपि अयं विशेष इत्याशङ्क्य आह

देहत्यागे सबीजायां कर्माभावाद्विपद्यते ।।३३।।
समयाचारपाशं तु दीक्षितः पालयेत्सदा ।

इह समयपरिपालनात्मिकायां सबीजायां दीक्षायां देहत्यागेऽपि समयपरिपालनाख्यं यत् कर्म, तस्य अभावादननुष्ठानाद्विपद्यते कंचित्कालम्

'आज्ञाविलङ्घनाद्देवि क्रव्यादत्वं शतं समाः।'

इत्यादिनीत्या शिवमय्याः स्वसत्तातो भ्रंशित्वा क्रव्यादत्वमियात्। तत् सबीजदीक्षया दीक्षितो निर्बीजदीक्षावदशोधितं समयाचारपाशं पालयेत् तदनुष्ठानपर एव भवेत् यथा अयं सदैव शिवसत्तापत्त्यनुप्राणितः स्यात्।।३३।।

एवं श्रीस्वच्छन्दशास्त्रप्रक्रियया दीक्षाया दीक्ष्यस्य च तत्त्वमभिधाय, प्रकान्तं दीक्षाकर्मसमाचारमेव प्रस्तौति

भोग दीक्षा और मोक्ष दीक्षा दोनों का ही यह सुपरिणाम होता है कि, दीक्षा से शुद्ध शिष्य का देहत्याग होते ही परम पद की प्राप्ति हो जाती है। यहाँ एक विशेष बात की ओर विशष ध्यान देना चाहिये। मान लीजिये कि, दीक्षा सबीज दी गयी है। उस अवस्था में यदि देह त्याग होता है और इस सबीज दीक्षा के अनुसार कर्म सम्पन्न नहीं हुआ, उसका अभाव रह गया, तो उस अवस्था में शिष्य विपत्ति-ग्रस्त हो सकता है। दीक्षित का यह कर्त्तव्य है कि, समयाचार का पालन करते हुए इस पाश का अवश्य शोधन करे।

सबीज दीक्षा में समयाचार का पालन अनिवार्य रूप से करना पड़ता है। इसी लिये उसे समयाचार पालनात्मिका दीक्षा कहते हैं। इसी क्रम में शरीरपात हो जाने पर समयाचार परिपालन रूप कर्म का क्रम टूट जाता है। व्रत खण्डित हो जाता है। इसका दोष शिष्य पर रह जाता है। इस सम्बन्ध में आगम बड़ी कठिन बात कहता है कि,

एवं पृष्ट्वा परिज्ञाय विचार्य च गुरुः स्वयम् ।।३४।।
उचितां संविधित्सुस्तां वासनां तादृशीं श्रयेत् ।

तदेवं गुरुः स्वयमेव शिष्यं पृष्ट्वा किं बुभुक्षुर्मुमुक्षुर्वासीति, तदुक्तं बुभुक्षुत्वं मुमुक्षुत्वं परिज्ञाय तदेव च तीव्रमन्दादिरूपतया विचार्य तामुचितां बुभुक्ष्वादिरूपां योग्यां दीक्षां सम्यक् विधातुमिच्छुस्तादृशीं तदनुगुणां वासनां श्रयेत् येन अनयोस्तदुचितैव तत्तत्फलसम्पत्तिः स्यात्।।३४।।

'आज्ञा के अर्थात् समयाचार के अनुशासन के भङ्ग हो जाने रूप लङ्घन से वह दोषयुक्त प्राण सौ वर्षों तक क्रव्याद योनि में रहने को बाध्य हो जाता है।''

अर्थात् शिवरूप अपनी स्वात्मसत्ता से भ्रष्ट हो कर नीच योनि प्राप्त करता है। क्रव्याद भूत या मांसभोजी योनि होती है। शास्त्र यहाँ केवल अर्थवाद की दृष्टि से भय प्रदर्शित नहीं कर रहा है, वरन् समयाचार की अवश्य पालनीयता पर जोर दे रहा है।

इसके अनुसार सबीज दीक्षा से दीक्षित शिष्य निर्बीज दीक्षा की तरह ही अशोधित समयाचार रूपी पाश का अवश्य शोधन करे। इस उक्ति से इसकी अनिवार्यता पर ही बल दिया गया है। उसके अनुष्ठानों का पालन करने से शैवमहाभाव की अजस्र धारा बनी रहती है। उस स्थिति से ऊपर उठता हुआ शिष्य अवश्य शिवसायुज्य प्राप्त कर लेता है।।३३।।

ऊपर के दीक्षा विषयक तथ्यों का स्वच्छन्द तन्त्र ही आधार है। इसमें दीक्षा विषयक सभी आवश्यक निर्देश हैं, जो अवश्य पालनीय हैं।

प्रकान्त विषय गुरु और शिष्य के वे कर्म और आचार हैं, जिनसे शास्त्र की मर्यादा की रक्षा करते हुए गुरु और शिष्य उन आचारों का पालन विधिपूर्वक करते रहें। यही कह रहे हैं—

सर्वप्रथम गुरु का यह दायित्व बनता है कि, वह दीक्ष्य के दीक्षार्थ सेवा में उपस्थित हो जाने पर उसकी परीक्षा ले। इसकी दो विधियाँ हैं। १. पृष्ट्वा-पूछ कर भौतिक परीक्षा ले और २. परिज्ञाय अर्थात् उसके अभिभावकों से इस

ननु परं प्रति एवं प्रयत्नेन अस्य किं स्यादित्याशङ्क्य आह

आयातशक्तिपातस्य दीक्षां प्रति न दैशिकः ।।३५।।
अवज्ञां विदधीतेति शंभुनाज्ञा निरूपिता ।

विषय की जानकारी ले कि, इसका अब तक का कैसा व्यवहार रहा है। अब वह स्वयं विचार करे। गुरु सर्वदा वही करना चाहता है, जो उचित हो। उसे उचित संविधित्सा कहते हैं। इससे प्रेरित रहते हुए वह वैसी ही वासना का मार्ग अपनाये, जिससे दोनों का कल्याण हो।

पूछ-ताछ से यह पता लग जाता है कि, शिष्य बुभुक्षु है या मुमुक्षु? पूछने पर कि, तुम क्या चाहते हो, शिष्य अपनी चाहत गुरु पर खोल देता है। गुरु इसका अनुभवी होता है। केवल पूछने पर ही वह सन्तुष्ट नहीं होता। उसे ज़ानना भी यह आवश्यक है कि, इसकी वासना क्या है? यह सचमुच बुभुक्षु है? या मुमुक्ष है? फिर गुरु यह विचार करे कि, यह तीव्र, मध्य या मन्द की श्रेणी का पात्र है।

इसके बाद ही वह समुचित शिष्य के ही अनुरूप दीक्षा की व्यवस्था की चाह जगाये। वह उसी वासना का आश्रय ले, जो शिष्य की योग्यता के अनुकूल हो और जिससे शिष्य के भविष्यत् का उत्कर्ष सिद्ध हो। इससे गुरु के हृदय में सन्तोष होता है कि मेरे शिष्य का कल्याण सिद्ध हो गया है।।३४।।

शिष्य के प्रति इस संविधित्सा में गुरु को इस प्रकार पड़ने का क्या कारण है? गुरु का काम दीक्षा देना है। अब उसे क्या लेना? शिष्य समय पालन करे या न करे गुरु को इससे क्या? इस पर शास्त्र प्रमाण से गुरु के कर्त्तव्य का निर्देश कर रहे हैं—

दैशिक गुरु का यह कर्त्तव्य और उत्तर दायित्व है कि, बुभुक्षा और मुमुक्षा के सन्दर्भ में शिष्य पर जो भी तीव्र, मध्य या मन्द रूप शक्तिपात हुआ होगा, उसको वह परिष्कृत करे। उस शिष्य की दीक्षा के प्रति अवज्ञा, प्रमाद या लापरवाही न बरते। यह भगवान् भूतभावन द्वारा स्वयं निरूपित महावाक्य है। वही उद्धरण दे रहे हैं—

यदुक्तं

'न चावज्ञा क्रियाकाले संसारोद्धरणं प्रति ।
मन्त्रदीक्षाव्रतादेशे शिष्यध्रुङ्नारकी भवेत् ।' इति।।

न केवलमनानुगुण्यमत्र अस्य गुरुणा कार्यं, यावदानुगुण्यमपीत्याह

स्वधनेन दरिद्रस्य कुर्याद्दीक्षां गुरुः स्वयम् ।।३६।।
अपि दूर्वाम्बुभिर्यद्वा दीक्षायै भिक्षते शिशुः ।

"संसार से उद्धार के उद्देश्य से आने वाले शिष्य के प्रति गुरु किसी प्रकार की अवज्ञा या अनादर का भाव न व्यक्त करे। मन्त्र, दीक्षा और व्रत अथवा मन्त्र-दीक्षा के व्रत के निर्देश में शिष्य से द्रोह या द्वेष करने वाला गुरु नरक का अधिकारी होता है? शिष्य-द्वेष अनुचित कार्य है— यह इससे सिद्ध होता है।।३५।।

गुरु द्वारा न केवल अनानुगुण्य ही करना चाहिये, आनुगुण्य भी करना चाहिये। गुणों के अनुरूप विग्रह से अनुगुण शब्द बनता है। अनुगुण का भाव आनुगुण्य कहलाता है। गुणों को देखकर उस शिष्य के हित की दृष्टि के कार्य करना आनुगुण्यपूर्ण कार्य है। ऐसा ही आचरण गुरु का हो— यह शास्त्र का आदेश है।

पहले अर्थात् श्लोक ३५ में वर्णित शिष्य योग्य है। आयात-शक्तिपात है। उसको दीक्षा देने में उसके ऊपर हितकारिता या दया की दृष्टि की कोई आवश्यकता नहीं थी। अतः वह अनानुगुण्य का प्रकरण था।

उसके विपरीत एक ऐसा शिष्य है, जो निर्धन है। उसको दीक्षा देनी है। यहाँ हितकारिता या दया या योग्यता की दृष्टि अपेक्षित है। यही कह रहे हैं—

अपने धन की दृष्टि से वह शिष्य दरिद्र है। दीक्षा में कितना व्यय होगा, उसकी व्यवस्था वह नहीं कर सकता। उस समय गुरु अपने धन से या किसी प्रकार व्यवस्था कर उसे दीक्षित करे। दीक्षा में किसी प्रकार का वित्तशाठ्य नहीं होंना चाहिये। यह ध्यान रखे। आगम भी कहता है कि,

यदुक्तं

'स्वधनेनापि कर्तव्या क्षीणवित्ते शिशावपि ।' इति।

ननु गुरुरपि यदि अधन एव स्यात् तदा अनयोः का गतिरित्युक्तमपि दूर्वाम्बुभिरिति, यदभिप्रायेणैव तत्र तत्र

'..............वित्तशाठ्यं न कारयेत् ।'

इत्यादि उक्तम्। तीव्रशक्तिपातवान्वा भिक्षित्वापि दीक्षार्थं धनमादद्यादित्याह यद्वेत्यादि।।३६।।

ननु परोपघातं विना धनार्जनं न सिद्ध्येदित्येवंदोषवतो धनस्य कथं नाम यागादौ योग्यत्वं स्यादित्याशङ्क्य आह

भिक्षोपात्तं निजं वाथ धनं प्राग्गुरवे शिशुः ।।३७।।
दद्याद्येन विशुद्धं तद्यागयोग्यत्वमश्नुते ।

"निर्धन शिष्य की दीक्षा के लिये गुरु स्वयं धन की व्यवस्था करे या अपना धन लगा कर भी दीक्षा दे"।

जिज्ञासु प्रश्न करता है कि, यदि गुरु स्वयं निर्धन हो, तो उस अवस्था में वह अपने धन की व्यवस्था कैसे कर सकता है? इस पर कह रहे हैं कि, कुछ भी नहीं है, तो दूब तो है, पानी तो है, अर्थात् उपलब्ध प्राकृतिक पदार्थों से ही यह पवित्र कार्य सम्पादित करना चाहिये। यदि शिष्य और गुरु दोनों की अच्छी तरह दीक्षा की व्यवस्था की इच्छा हो, तो दूसरों से सहायता लेकर भी, यहाँतक कि, भीख माँग कर भी यह कार्य पूरा करना शास्त्र विहित है।।३६।।

धन के अर्जन में परोपघात (दूसरों की हिंसा) अनिवार्यतः होती है। लोगों के मन में धन जाने का क्लेश होता है। ऐसी दशा में इस दोषपूर्ण धन की इस दीक्षा यज्ञ में उपयोग करने का कहाँ तक औचित्य है? इस पर कह रहे हैं कि,

भिक्षा से उपार्जित, स्वयम् अपना या सहायता रूप से प्राप्त उस धन को लाकर पहले ही शिष्य गुरुचरणों में अर्पित कर दे। इस समर्पण से वह धन दान के योग्य हो जाता है। शिष्य का अपना धन पैतृक परम्परा से प्राप्त धन होता है।।३७।।

निजमिति पितृक्रमाद्यागतम्।।३७।।

एवमादौ शिष्याणां तत्तद्भेदभिन्नतया योग्यतालक्षणमौचित्यं परीक्ष्य, स्नानभेदादि प्रतिपादयितुं पीठिकाबन्धमारचयति

तत्रादौ शिवतापत्तिस्वातन्त्र्यावेश एव यः ।।३८।।
स एव हि गुरुः कार्यस्ततोऽसौ दीक्षणे क्षमः ।

नच एतदशक्यानुष्ठानमित्याह

शिवतावेशिता चास्य बहूपाया प्रदर्शिता ।।३९।।
क्रमिका बाह्यरूपा तु स्नानन्यासार्चनादिभिः ।

प्रदर्शितेति अर्थादक्रमिका, क्रमिका तु दर्श्यते इति शेषः।।३९।।

अब तक शिष्यों के भेद-प्रभेद के आधार और उनकी योग्यता, उनको शिष्य रूप में स्वीकार करने का औचित्य आदि की समीक्षा परीक्षा की गयी है। अब दीक्षा के विभिन्न अङ्गों जैसे स्नान आदि का विचार और उनका प्रतिपादन करने के लिये नयी पीठिका की रचना कर रहे हैं। यह पीठिका शब्द यहाँ, परम्परा, प्रस्तावना, भूमिका अथवा मठिकाओं के समयाचार के नियमों की अवतरणिका के अर्थों में प्रयुक्त है। इस क्रम में सबसे पहले गुरु की चर्चा कर न्यास और अर्चना आदि का निरूपण कर रहे हैं—

सर्वप्रथम दीक्षा की आकाङ्क्षा से प्रेरित होकर शिष्य सक्षम शिक्षक की शरण में जाय और उनसे दीक्षा की प्रार्थना करे। गुरु के विषय में पहले ही यह निश्चयकर लेना चाहिये कि, वह शिव संवित्तादात्म्य दार्ढ्य के फलस्वरूप उसी आवेश में आनन्दामृत-मीन सा लीन रहने वाला है। वही गुरु बनाने योग्य है। तभी वह दीक्षा में सक्षम होता है। दीक्ष्य के लक्ष्य की पूर्त्ति ऐसा ही गुरु कर सकता है।।३८।।

यह कोई असम्भव अनुष्ठान नहीं है। समर्पण भाव से करने में सरल है। शिवता के आवेश की वह गहराई बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। उसे अनेकानेक उपायों से जाना जा सकता है। पहले अक्रम महत्त्व प्रदर्शित किया जा चुका है। क्रमिक रूप से उसे जानने के लिये पहले उसकी बाहरी स्थिति का आकलन आवश्यक है। बाहरी रूप में स्नान, न्यास और अर्चन आदि के लक्षणों द्वारा क्रमिकता प्रदर्शित भी की जा रही है।।३९।।

ननु यद्येककस्य स्नानादेः शिवतावेशं प्रति उपायत्वं, तत्किमेभिर्बहुभिरुपदिष्टैरित्याशङ्क्याह

बह्वीषु तासु तास्वेष क्रियासु शिवतां हृदि ।।४०।।

संदधद्दृढमभ्येति शिवभावं प्रसन्नधीः ।
शिवीभूतो यद्यदिच्छेत्तत्तत्कर्तुं समीहते ।।४१।।

शिवाभिमानितोपायो बाह्यो हेतुर्न मोक्षदः ।

ततोऽस्य शिवतावेश एव दृढोऽभिमानः समीहितसिद्धिप्रद इत्याह

शिवोऽयं शिव एवास्मीत्येवमाचार्यशिष्ययोः ।।४२।।
हेतुतद्वत्तया दार्ढ्याभिमानो मोचको ह्यणोः ।

यहाँ शिष्य यह पूछना चाहता है कि, इन एक एक पृथक् स्नान आदि क्रियाओं का शैव समावेश के प्रति उपायत्व स्वीकृत है, तो फिर अनेकानेक क्रियाओं के उपाय रूप में इनके उपदेश की क्या आवश्यकता? इस पर कह रहे हैं कि,

बहुत सारी उन उन क्रियाओं में शैवसमावेश का हृदय में अनुसन्धान करते हुए प्रसन्न, विवेक-सम्पन्न पुरुष शिव भाव को स्वयं सम्प्राप्त कर लेता है। शिवीभाव में आकर वह जिस जिस इच्छा की पूर्ति की आकांक्षा करता है, उसको पूर्ण करने की क्षमता वाला स्वयं समीहा-सिद्ध हो जाता है। यह शिवाभिमान रूप उपायता है। यह ध्यान रहे कि, बाह्य हेतु कभी मोक्षप्रद नहीं होते।।४०-४१।।

शिष्य के शैव-समावेश का दृढ़ अभिमान उसकी समस्त इच्छित वस्तुओं की सिद्धि प्रदान करता है— इसी तथ्य का प्रकाशन कर रहे हैं—

'स्वयं मेरा आराध्य गुरु शिव है। मैं भी स्वयं शिव ही हूँ।' इस प्रकार आचार्य और शिष्य में हेतुहेतुमद्भाव के आधार पर अभिमान की (स्वयं द्वारा स्वयं को शिव समझने के वास्तविक गर्व की दृढ़ता अणु को अणुता के पाश से मुक्त करने में समर्थ होती है।।४२।।

नच एतत् न्यायत एव सिद्धं, यावदागमतोऽपीत्याह

नाध्यात्मेन विना बाह्यं नाध्यात्मं बाह्यवर्जितम् ।।४३।।

सिद्ध्येज्ज्ञानक्रियाभ्यां तद्द्वितीयं संप्रकाशते ।

श्रीब्रह्मयामले देव इति तेन न्यरूपयत् ।।४४।।

तद्द्वितीयमिति अध्यात्मलक्षणम्।।४४।।

ननु भवतु एवं, तथापि स्नानं नाम अशुद्धेः प्रतिपक्षः। सा च शिवाभिमानिताभाजो न भवेदेवेति किं तेनेत्याशङ्क्य आह

श्रीमदानन्दशास्त्रे च नाशुद्धिः स्याद्विपश्चितः ।

किन्तु स्नानं सुवस्त्रत्वं तुष्टिसंजननं भवेत् ।।४५।।

इति देवो न्यरूपयदिति प्राच्येन सम्बन्धः। तुष्टिः स्वस्वरूपौन्मुख्येन परानन्दचमत्कारः।। ४५।।

यह तथ्य केवल न्याय और नियम के आधार पर ही सिद्ध नहीं है अपितु आगम भी यह कहते हैं। इसी की पुष्टि कर रहे हैं—

अध्यात्म के बिना बाह्य का अस्तित्त्व नहीं रह सकता। इसी तरह बाह्य रहित अध्यात्म भी नहीं होता। ज्ञान और क्रिया दोनों के साहचर्य से परमेश्वर प्राप्ति रूप अध्यात्मकी सिद्धि होती है। यह बात ब्रह्म यामल में स्वयं देवाधिदेव ने निरूपित की है। तद्द्वितीय शब्द से अध्यात्म और बाह्य दोनों अर्थ लिये जाते हैं। श्रीब्रह्मयामल आगम का प्रामाणिक ग्रन्थ है।।४३-४४।।

ऐसा सम्भव है क्या? यदि ऐसा होता है, तो हो। यहाँ यह विचार तो आवश्यक ही है कि, बाह्य हमेशा अशुद्ध होता है। अशुद्धि का शत्रु स्नान माना जाता है। शिवता की अभिमानिता से समन्वित अध्यात्म-वृत्ति वाले व्यक्ति में वह अशुद्धि होती ही नहीं। इस लिये अध्यात्म बाह्य से शुद्ध और स्वयं सिद्ध होता है। इस कथन का इस प्रसङ्ग में क्या महत्त्व है? इस पर अपनी दृष्टि के साथ आगमिक प्रामाण्य प्रस्तुत कर रहे हैं—

अत एव स्नायतां यथायथं देहादिप्रमातृतागुणीभावेन निर्यत्नमेव परस्यां संविदि समावेशः स्यादित्याह

तत्र प्रसिद्धदेहादिमातृनिर्मलताक्रमात् ।
अयत्नतोऽन्तरन्तः स्यान्नैर्मल्यं स्नायतां ततः ।।४६।।

तत इति स्नानात्।।४६।।

ननु स्नानं नाम जलादिना बाह्येन आसेचनं, कथं च तेन एवं भवेदित्याशङ्क्य आह

स्नानं च देवदेवस्य यन्मूर्त्यष्टकमुच्यते ।
तत्रैवं मन्त्रदीप्तेऽन्तर्मलदाहे निमज्जनम् ।।४७।।

श्रीमदानन्दशास्त्र में भी यह वर्णित है कि, ज्ञानवान् पुरुष की अशुद्धि सम्भव ही नहीं है। हाँ स्नान का जहाँ तक प्रश्न है, यह भी एक प्रकार की आत्मतुष्टि को जन्म देता है। नहा धोकर जब कोई व्यक्ति लकदक सुन्दर वस्त्रों में सज कर निकलता है, तो हजार आँखें उसके सौम्य रूप का अमृत पीने को आकुल सी हो जाती हैं। आंग्ल सदुक्ति है कि, ९९% आपके वस्त्र शोभाधायक होते हैं, मात्र १% प्रतिशत आप। इससे मिलती है तुष्टि, जिसे शास्त्र की भाषा में स्वात्म स्वरूप की ओर उन्मुखत्वा से उल्लसित परानन्द का चमत्कार कहते हैं।।४५।।

इसलिये स्नान न केवल स्नायुतन्त्र को ही पुष्ट करता है वरन् साधक को नदीष्ण भी बनाता है। इससे जैसे मन में आनन्दवाद की सृष्टि होती है और देहादि में प्रमातृता का अध्यास टूटने लगता है। इस बाह्य स्नानशीलता से निर्यत्न पूर्वक परासंविद् में समावेश मिलता है। यही कह रहे हैं—

इस प्रक्रिया से प्रसिद्ध देह आदि के प्रमाताभाव में नैर्मल्य का समावेश होता है। क्रमशः स्नान करते रहने और परानन्दचमत्कार की अनुभूति में रमते रहने से विना प्रयास के अनायास ही अन्तर् अर्थात् भीतर ही भीतर शैव नैर्मल्य उल्लसित होता है। इस नैर्मल्य को स्नान द्वारा शुचिता के अमृत से नहलाते रहना चाहिये। ऐसा शास्त्र का वचन है।।४६।।

मलदाहे इति तन्निमित्तम्। अत्र हेतुर्मन्त्रदीप्ते इति, अन्यथा हि गोपाला अपि गोरजोऽन्तर्गमागमादि कुर्वते, मत्स्या अपि जलेऽन्तरावसन्तीत्यविशेषेण सर्वेषां स्वरसत एव स्नानं सिद्ध्येत्।।४७।।

एतदेव पृथ्व्यादिक्रमेण निरूपयति

तत्रेष्टमन्त्रहृदयो गोरजोऽन्तः पदत्रयम् ।
गत्वागत्य भजेत्स्नानं पार्थिवं धृतिदायकम् ।।४८।।

वास्तविकता तो यह है कि, जल से शरीर के आसेचन को स्नान कहते हैं। इस स्नान से आसेचन होता नहीं। ऐसी स्थिति में आन्तरिक नैर्मल्य से स्नानता कैसे हो सकती है? इसी सन्दर्भ में स्नान को परिभाषित कर रहे हैं—

देवाधिदेव की आठमूर्त्तियाँ प्रसिद्ध हैं।इस अष्टमूर्त्ति रूप विश्व में मन्त्र से दीप्तिमन्त अग्नि की ज्वाला से ताप्तदिव्यकाञ्चन द्रव की तरह द्रवित शैव सुधा-समुद्र में निमज्जन ही वास्तविक स्नान माना जाता है।

मल दाह का कारण मन्त्र की दीप्ति मानी जाती है। यदि ऐसा नहीं मानेंगे, तो जो गोपाल गौमाता के चरण रज के परिवेश में ही गोधूलि से गोधूलि पर्यन्त क्रियाशील रहता है, उसके मल भी दग्ध हो जाते।

इसी तरह मछलियों का जीवन क्रम भी है। जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त वे एक से एक पवित्र तीर्थों, सरोवरों, गाङ्गेय जल राशि और लक्ष्मी के जनक समुद्र में निमज्जित रहती हैं। उनका भी कल्याण हो जाता पर होता नहीं क्योंकि मन्त्र शक्ति का प्रभाव वहाँ नहीं है। इसलिये समान रूप से सभी लोगों के स्नान अन्तर्मल के दाहात्मक स्वारस्य में ही सम्पन्न होने चाहियें।।४७।।

इसी मूर्त्यष्टक के सन्दर्भ में मूर्त्तियों से सम्बन्धित स्नानाष्टक का वर्णन कर रहे हैं—

१. पार्थिव स्नान— अपने इष्ट मन्त्र का हृदय में आन्तर अनुसन्धान करते हुए गायों के खुरों से क्षुण्ण धूलि भरे स्थान पर तीन पग चले। यहाँ तीन पग में दोनों पैरों को तीन तीन बार उठाने और भरपूर पैर भर आगे बढ़ाने को

अस्त्रमन्त्रितमृद्धूतमलः पञ्चाङ्गमन्त्रितैः ।
जलैर्मूर्धादिपादान्तं क्रमादाक्षालयेत्ततः ।।४९।।

निमज्जेत्साङ्गमूलाख्यं जपन्ना-तन्मयत्वतः ।
उत्थायाशेषसज्ज्योतिर्देवतागर्भमम्बरे ।।५०।।

सूर्यं जलेन मालिन्या तर्पयेद्विश्वतर्पकम् ।

इष्टेति यथाभिमतमन्त्रानुसन्धानपर इत्यर्थः मन्त्रितेति सप्तकृत्वः। धूतमल इति अर्थात् संहारक्रमेण। पञ्चेति अस्त्रस्य मलस्नाने नियुक्तत्वात्। तदुक्तं

'जलस्नानेऽपि चास्त्रेण मृदं सप्ताभिमन्त्रिताम् ।' इति,

'मलस्नानाय संहारक्रमेणोद्धूलयेत्तनुम् ।
विद्याङ्गैः पञ्चभिः पश्चाच्छिरःप्रभृति गुण्ठयेत् ।।
अभिषेकं प्रकुर्वीत मूलेनैव षडङ्गिना ।'
(मा. वि. ८।६)इति च।

मूलं च अत्र परेति गुरवः। मूर्धादिपादान्तमिति आदिशब्देन वक्त्रहृद्गुह्यानां ग्रहणम्। यद्वक्ष्यति

'कवक्त्रहृद्गुह्यपदे... ... ...।' (५४) इति।

जलेन सूर्यं तर्पयेदिति तत्संमुखमञ्जलिक्षेपेण उपस्थानं कुर्यादित्यर्थः। अत्र हेतुरशेषसज्ज्योतिर्देवतागर्भमिति विश्वतर्पकमिति च।।४८-५०।।

तीन पग चलना मानते हैं। उतनी ही स्थानगत दूरी लौटने पर एक पार्थिव स्नान होता है। प्रतिदिन ऐसा करने से धृति शक्ति का संवर्द्धन होता है।

२. जल स्नान— सर्वप्रथम अस्त्र से मन्त्रित मृत्तिका के शरीर पर उपलेप कर सूखने पर रगड़ कर उसे झाड़ देने पर शिष्य धूतमल हो जाता है। मानो वह अपना पूरा मल उतार कर फेंक चुका हो। इसके बाद पञ्चाङ्ग मन्त्रित जल से शिर से पैर तक क्रमशः प्रक्षालित करे, धो डाले। पुनः अङ्गों के साथ मूल(परा) मन्त्र का जप करते हुए तन्मयता पूर्वक स्नानीय जल में डुबकी लगाये।

विश्वतर्पकत्वमेव प्रपञ्चयति

देवान्पितॄन्मुनीन्यक्षान् रक्षांस्यन्यच्च भौतिकम् ।।५१।।

सर्वं संतर्पयेत्प्राणो वीर्यात्मा स च भास्करः ।
ततो जपेत्परामेकां प्रागुक्तोच्चारयोगतः ।।५२।।

उसमें से निकल सूर्य का तर्पण करे। अस्तित्व में परिदृश्यमान गृहीत सत्ताक, ज्योति के मूर्त्तिमन्त प्रतीक तथा दिव्यता से अन्तःस्फुरित देवत्व के साक्षात् विग्रह भगवान् भास्कर हैं। इनसे ही विश्व का तर्पण होता है। अतः ये विश्वतर्पक माने जाते हैं। ऐसे भगवान् भास्वान् का मालिनी द्वारा तर्पण करना चाहिये।

भगवान् सूर्य देववृन्द को, पितरों, मुनियों, यक्षों, राक्षसों से लेकर समस्त भौतसर्ग का सन्तर्पण करते हैं। ये सर्जन के प्राण हैं। विश्व के वीर्य रूप हैं। संसार को अपनी आभा प्रभा से प्रकाशित करते हैं। इनका तर्पण जीवन को तृप्ति से भर देता है। इसके बाद पहले बताये उच्चार (प्राणापानवाह) क्रम से योगनिष्ठ हो कर एकमात्र सर्वप्रमुख परा-मन्त्र का जप तादात्म्य भाव से संविद्समावेश सम्पत्ति की प्राप्ति पर्यन्त करता रहे। इतनी प्रक्रिया के पूरे हो जाने पर ही दैनन्दिन कार्य कलाप की व्यवस्था में लगे। यह सब जल स्नान के अन्तर्गत आता है।

३. भस्म स्नान— विधि पूर्वक शिवात्मक अग्नि के बुझ जाने पर तैयार भस्म अस्त्र मंन्त्र से अभिमन्त्रित कर देने पर समस्त मलों को निर्मूल करने में सक्षम हो जाता है। क (शिर), वक्त्र (मुख) हृदय, गुह्य (जननेन्द्रिय एवं गुदा) और चरण इन ५ अंग-मंत्रों से पुनः उसे अभिमन्त्रित करते हैं। ऐसे भस्म को मुट्ठी में लेकर परापरा मन्त्र का जप करना चाहिये। इसके बाद उस भस्म को शिर पर भुरभुरा देना चाहिये। हाथ पैर जल से धोकर आचमन के साथ अन्य अपेक्षित विधि पूरी करनी चाहिये। इस विधि के साथ ही साथ तर्पण और जप आदि करने का भी विधान है। इस तरह भस्म स्नान पूरा होता है।

आ तन्मयत्वसंवित्तेर्जलस्नानमिदं मतम् ।
अग्न्युत्थं भस्म शस्त्रेण जप्त्वा मलनिवर्हणम् ।।५३।।

कवक्त्रहृद्गुह्यपदे सचाङ्गैर्भस्म मन्त्रितम् ।
भस्ममुष्टिं साङ्गमूलजप्तां मूर्ध्नि क्षिपेत्ततः ।।५४।।

हस्तपादौ जलेनैव प्रक्षाल्याचमनादिकम् ।
तर्पणं जप इत्येवं भस्मस्नानं हि तैजसम् ।।५५।।

---

४. **वायु स्नान**—गाय की खुर से उठी धूल में जो पूरी तरह घनी हो, हवा में तेजी न होने से पूरी तरह वातावरण में श्वैत्य भर दी हो, ऐसे कालक्षण में उस धीमे बहते वायु में सात पग जाने और सात पग आने का ऐसा प्रयोग करे, जिसमें इष्टमन्त्र का जप चल रहा हो, मन्द वायु मन को आह्लादित कर रहा हो— इस प्रयोग से वायु स्नान पूरा होता है। इस विषय में आगम प्रामाण्य है कि

"गोधूलिवेला में फैली द्युतिदीप्त धूलि में वायु स्नान करना चाहिये। महास्त्रमन्त्र का उच्चारण करते हुए सात पद जाने और आने में (परापरा) विद्या का उच्चारण, ध्यान, धूलि और वायु के सम्मिलित प्रभाव से यह वायु स्नान पूरा होता है।"

५. नाभस (आकाश) स्नान— निर्मल व्योम (स्वच्छ साफ आसमान) की व्यापकता में एकाग्र भाव से अपनी आँखें गड़ा कर दृष्टि को शून्य में सम्प्रेषित करने की प्रक्रिया में लगा साधक मन्त्र का भी जप कर रहा हो, तो उसमें एक विलक्षण निर्मलता का आधान हो जाता है। यह सुन्दर स्वच्छ आकाशीय स्नान कहलाता है। इसके अतिरिक्त भी यदि स्वच्छ निर्मल बादलों रहित अनन्त आकाश से अम्बर की अमृत वरदान रूप बूँदें चू रही हों, तो इस पवित्रतम अवसर को कभी भी हाथ से न जाने दें। उन बूँदों से शरीर के सभी अङ्गों को आसेचित करते हुए मन्त्र भी जपता रहे— यह भी आकाशीय स्नान माना जाता है।

गोरजोवत्यनुद्रिक्ते वायौ ह्लादिनि मन्त्रवाक् ।
गत्यागतिप्रयोगे वा वायव्यं स्नानमाचरेत् ।।५६।।

अमले गगने व्यापिन्येकाग्रीभूतदृष्टिकः ।
स्मरन्मन्त्रं यदासीत कान्या निर्मलता ततः ।।५७।।

यदि वा निर्मलाद्व्योम्नः पतता वारिणा तनुम्।
स्पर्शयेन्मन्त्रजपयुङ् नाभसं स्नानमीदृशम् ।।५८

एवं सोमार्कतेजःसु शिवभावेन भावनात्।
निमज्जन्धौतमालिन्यः क्व वा योग्यो न जायते।।५९।।

६-७-८ चान्द्र, सौर और आत्मस्नान— चाँद की खुली चाँदनी के शीतल प्रकाश में, तपती धूप से चिलबिलाती दुपहरी के ताप में शैव महाभाव के भावात्मक अनुसन्धान के दार्ढ्य से उनमें डूबने की भावना करने वाले की मलिनता मानों उतार कर फेंक ही दी जाती है। ऐसे पुरुष में सोम सूर्यात्मक योग्यता का आधान हो जाता है।

इसी तरह एकान्त में बैठे स्वात्म में ही परमेश्वर का अनुसन्धान करना भी एक अन्यतम और पावनतम स्नान होता है। शैव महाभाव का अमृत वहाँ लहराता हुआ अनुभूत होता है। यह स्वच्छ सुधा-समुद्र होता है। उसमें विश्व को डुबो दे, आत्मा के आवरणों को उसमें बहा दे। ऐसा साधक स्वयं शुद्ध सांसिद्धिक शोधक (गुरु) बन जाता है। इस तरह छठवाँ सोमस्नान, सातवाँ सौर स्नान और आठवाँ आत्म स्नान सम्पन्न होता है।

शिव की पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सोम, सूर्य और आत्मा ये आठ मूर्त्तियाँ मानी जाती हैं। इनके साथ जुटने से, इनसे शैव सम्बन्ध स्थापित करने से और अमृत-आप्यायित होने से ये आठ स्नान पूरे हो जाते हैं। इस सम्बन्ध में कुछ बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिये। जैसे—

१. जल स्नान में भी अस्त्र मन्त्रों से सात बार अभिमन्त्रित मृदा का उपयोग करना चाहिये। ये अस्त्र मन्त्र मलस्नान में ही विनियुक्त होते हैं। मालिनी विजयोत्तर तन्त्र ८।६ में भी कहा गया है कि,

आत्मैव परमेशानो निराचारमहाह्रदः ।
विश्वं निमज्ज्य तत्रैव तिष्ठेच्छुद्धश्च शोधकः ।।६०।।

स हि भास्कर एव देवादि सर्वं जन्तु जातं संतर्पयेत्, तेन संतर्पितेन सर्वं तर्पितं भवेदित्यर्थः, यद्विशेषानुपादानात्सर्वस्य अयं वीर्यात्मा प्राणः समस्तमिदं विश्वमेतदनुप्राणितमेवेत्यर्थः । द्यौ हांतौ। तत इति सूर्योपस्थानानन्तरम्। एकामिति एकाक्षराम्। एतच्च आचमनाघमर्षमार्जनसामान्यन्यासपूर्वं कर्तव्यम्। यथोक्तम्

'आचम्य मार्जनं कुर्याद्विद्यया भूरिवर्णया ।
न्यासं कृत्वा तु सामान्यमघमर्षं द्वितीयया ।।
उपस्थानं च मालिन्या जपेच्चैकाक्षरां पराम् ।
(मा. वि. ८।८) इति।

"मलस्नानार्थ संहार क्रम से मिट्टी के शरीर को उद्धूलित करना चाहिये। पुनः विद्या के पाँच अङ्गों द्वारा शरीर का शोधन करके शिर से लेकर अन्य गुह्यपदान्त अङ्गों को अवगुण्ठित कर मूल मन्त्र से ही षडङ्ग आगम विज्ञान विज्ञ गुरु द्वारा अभिषिक्त करना चाहिये।"

जल स्नान में ही मूर्धादिपादान्त शब्द का प्रयोग आया है। पुनः श्लोक ५४ मे भी इन अङ्गों का कथन है। ये अङ्ग क्रमशः शिर, वक्त्र (मुख), हृदय, गुह्य और चरण हैं। जल स्नान के बाद सूर्य का उपस्थान भी करना चाहिये।

२. श्लोक ५२ में मन्त्र के लिये 'पराम् एकाम्' शब्द का प्रयोग किया गया है। यहाँ एका से एकाक्षरा विद्या का अर्थ लिया जाता है। एकाक्षरा विद्या सांख्य, वेदान्त और वैदिक परम्परा मे पृथक् है और आगम की एकाक्षरा विद्या पृथक् है। इसमें भी मठिका भेद से पृथक् एकाक्षर बीज स्वीकृत हैं। इसकी विधि के सम्बन्ध में मा.वि. तन्त्र ८।८ में लिखा गया है कि,

अग्नीति शिवाग्निः। जप्त्वेति सप्तधा। मन्त्रितमिति मन्त्रितं कृत्वा। गोरजोवतीति स्पष्टः पाठः। मन्त्रेति अस्त्रं परापरा च। तदुक्तं

'रजसा गोद्युतेनैव वायव्यं स्नानमाचरेत्।
महास्त्रमुच्चरन् गच्छेद्ध्यानयुक् पदसप्तकम् ।।
तदेव पुनरागच्छेदनुस्मृत्य परापराम् ।' इति।

निर्मलतेत्यनेन अत्र उपयोग उक्तः एवमिति गत्यागतिप्रयोगादिना। योग्यः इति अधिकारी। महाह्रदः इति स्नानौचित्यादुक्तम्। शोधक इति परदृगवलोकना अन्यस्यापि।।६०।।

एतदेव अधिकावापेन उपसंहरति

इति स्नानाष्टकं शुद्धावुत्तरोत्तरमुत्तमम् ।
सर्वत्र पश्चात्तं मन्त्रमेकीभूतमुपाहरेत् ।।६१।।

"आचमन करने के बाद मार्जन करे। मार्जन में भूरिवर्णा विद्या का प्रयोग करना चाहिये। सामान्य न्यास करके द्वितीया विद्या से अघमर्षण करना चाहिये। मालिनी विद्या से उपस्थान करने के अनन्तर एकाक्षरा त्रिक स्वीकृत पराविद्या के जपका भी विधान आवश्यक है।"

३. वायव्य स्नान प्रकरण के श्लोक ५६ में मन्त्रवाक् शब्द का प्रयोग किया गया है। यहाँ मन्त्र शब्द से अस्त्र मन्त्र की ओर संकेत है। परापरा विद्या भी इसके अभिप्रेतार्थ रूप में गृहीत है।

४. श्लोक ६० में महाह्रद शब्द रहस्य गर्भ संविद्सुधा से भरे शैव-महाभावात्मक परिवेश के अर्थ में प्रयुक्त शब्द है। ह्रद में नहाने का एक अपना अलग ही आनन्द होता है। इस प्रकार के आठों प्रकार का स्नान करने वाला पवित्र साधक श्रेष्ठ होता है।।४८-६०।।

वस्तु बीज के कुछ अतिशय आरोपण के साथ स्नानाष्टक का उपसंहार कर रहे हैं—

सर्वत्रेति स्नानाष्टकेऽपि। तमिति प्राक् सूर्यादौ न्यस्तम्। एकीभूतमिति स्वात्मना। यथोक्तं

'सूर्यादेर्मन्त्रमादाय गच्छेदस्त्रमनुस्मरन्।' इति।।६१।।

एवं स्नानाष्टकेन अस्य किं स्यादित्याशङ्क्य आह

धृत्याप्याय-मलप्लोषवीर्यव्याप्तिमृजिस्थितीः।
अभेदं च क्रमादेति स्नानाष्टकपरो मुनिः।।६२।।

ननु क्षित्यादयो जडाः कथमेवं फलमादध्युरित्याशङ्क्य आह

एता ह्यनुग्रहात्मानो मूर्त्तयोऽष्टौ शिवात्मिकाः।
स्वरूपशिवरूपाभ्यां ध्यानात्तत्तत्फलप्रदाः।।६३।।

यह ऊपर वर्णित स्नानाष्टक क्रमशः उत्तरोत्तर उत्कृष्ट कोटि का स्नान माना जाता है। सभी स्नानों में यह ध्यान रखना चाहिये कि, ब्राह्ममुहूर्त्त में स्नान के बाद ही स्वात्म तादात्म्य में एकीभूत अर्थात् एकरस हो कर स्वेष्टदेव को उक्त जपमन्त्र उपाहृत करे'। कहा भी गया है कि,

"सूर्यादिदेव मन्त्रों को उपाहृत कर अस्त्रमन्त्रों का अनुस्मरण कर ही दैनिक चर्या में लगना चाहिये।"।।६१।।

इस अष्टात्मक स्नान से क्या लाभ? इस प्रश्न का उत्तर दे रहे हैं—

पार्थिव स्नान से धृति, जलस्नान से आप्यायन, अग्नि स्नान से मलदाह, वायुस्नान से वीर्य और पराक्रम वृद्धि, नाभसस्नान से व्याप्ति, चान्द्र स्नान से ऋजुता, सूर्यस्नान से प्रतिष्ठा और शैव महाभावात्मक स्नान से अभेद अद्वय तादात्म्य प्राप्त होता है। क्रमशः इनके प्रयोग में संलग्न साधक इन अवस्थाओं को प्राप्त करता है।।।६२।।

प्रश्न है कि ये सभी पृथ्व्यादि तत्त्व तो जड माने जाते हैं। इनमें इस प्रकार की शक्ति कहाँ से आती है कि, ये इस तरह लाभान्वित कर सकें? इसी का उत्तर दे रहे हैं—

स्वरूपेति शिवैकरूपत्वे हि आसामष्टकत्वमेव न भवेदित्यर्थः।।६३।।

न केवलमेतत् स्नानादेव एवं भवेत्, यावदेतदर्चातोऽपीत्याह

अनेन विधिनार्चायां कन्दाधारादियोजनाम् ।
कुर्वन्व्याससमासाभ्यां धरादेस्तत्फलं भजेत् ।।६४।।

अनेन स्वरूपशिवरूपाभ्यां ध्यानाद्यात्मना विधिना धरादेः संक्षेपविस्तराभ्याम-र्चानिमित्तं कन्दाधारादौ योजनां कुर्वस्तासां धरादिमूर्तीनां संबन्धि धृत्यादिफलं भजेत् तल्लभते इत्यर्थः।।६४।।

ननु सर्वत्र विना मन्त्रैरर्चा न भवेदित्युक्तम्। मन्त्राश्च पराहंप्रकाशमया इति को नाम एषामेवं फले विशेष इत्याशङ्कामागमार्थप्रदर्शनेन उपशमयति

तथाहि योगसंचारे मन्त्राः स्युर्भुवि पार्थिवाः ।
आप्ये आप्या यावदमी शिवे शिवमया इति ।।६५।।

ये शिव की अनुग्रह रूपा आठ मूर्त्तियाँ हैं। इनके स्वरूप का ध्यान और उससे सम्बन्धित शैव अनुग्रह के ध्यान से उक्त फल अनिवार्यतः प्राप्त होते हैं। 'स्व' रूप में ये पृथक् हैं और शिवत्वैक रूप में तो ये भेद होते ही नहीं। इस तरह इनका महत्त्व स्वतः सिद्ध हो जाता है।।६३।।

ये फल इनमें स्नान से ही नहीं अपितु इनकी अर्चा आदि से भी मिलते हैं। यही कह रहे हैं—

इसी विधि से इनकी आराधना में अपने कन्द, मूलाधार, मणिपूर आदि के नियोजन से धरा आदि मूर्तियों से सम्बन्धित सभी फल अपने आप प्राप्त होते हैं। चक्रों के नियोजन में व्यास और समास विधियों का प्रयोग साधक की साधना पर निर्भर करता है। अतः साधक को उक्त फलों की प्राप्ति के लिये इसका प्रयोग कर लाभान्वित होना चाहिये।।६४।।

अध्वमध्यावस्थानां च एषां प्रतिनियतफलत्वमिति आशयः।।६५।।

अत्रापि एतत् प्रकारान्तरेण उक्तमित्याह—

श्रीनिर्मर्यादशास्त्रेऽपि तदित्थं सुनिरूपितम् ।
धरादेश्च विशेषोऽस्ति वीरसाधकसंमतः ।।६६।।

रणरेणुर्वीरजलं वीरभस्म महामरुत् ।
श्मशानारण्यगगनं चन्द्राकौं तदुपाहितौ ।।६७।।

आत्मा निर्धूतनिःशेषविकल्पातङ्कसुस्थितः ।
स्नानार्चादावित्युपास्यं वीराणां विग्रहाष्टकम् ।।६८।।

यह सामान्य बात है कि विना मन्त्रों के किसी प्रकार की अर्चा नहीं होती। मन्त्र भी पराहन्ता प्रकाश रूप ही होतेहै। ऐसी स्थिति में इनके फल के सम्बन्ध में इस प्रकार के कथन का क्या वैशिष्ट्य है? इस आशङ्का का उपशमन आगमप्रामाण्य से कर रहे हैं कि,

'योग संचार' नामक ग्रन्थ में कहा गया है कि, पृथ्वी मे मन्त्र पार्थिव फल प्रदान करते हैं। आप्य परिवेश में मन्त्र भी आप्य हो जाते हैं। आगे क्रमशः उत्तरोत्तर उत्कर्ष भूमि शिव के स्तर पर वे शिवमय हो जाते हैं। शिव के अतिरिक्त इनकी सात मूर्त्तियाँ तो देशाध्वा में ही विद्यमान हैं। अध्वस्थित होने के कारण प्रतिनियत फलप्रदता भी इनमें रहती है।।६५।।

अन्य शास्त्रों में इस विषय में क्या चर्चा है, इसका आंशिक वर्णन कर रहे हैं—

श्रीमर्यादशास्त्र में भी इस तथ्य को अच्छी तरह निरूपित किया गया है। धरा आदि में यह विशेष गुण है। वीर साधकों का यही सम्मत है अर्थात् उनसे समर्थित है। १. रण का रेणु, २. वीर जल (शिवाम्बु) ३. वीर भस्म (श्मशान) ४. श्मशानोत्थ चक्रवात का वायु, ५. श्मशान अरण्य के आकाश में अपने नैर्मल्य का दर्शन और इनसे उपाहित ६. चन्द्र और ७. सूर्य में स्वात्म-अस्तित्व के दर्शन से तादात्म्य हो जाता है।

इत्थमिति वक्ष्यमाणेन प्रकारेण, स च धरादेरित्यदिना उक्तः। वीरजलं शिवाम्बु। वीरभस्म श्मशानाग्न्युत्थम्। महामरुत् श्मशानरजोवती वात्या।।६८।।

न केवलमेतदेव स्नानाष्टकं वीराणामुक्तम्, यावदन्यत्र नवमं मद्यस्नानमपीत्याह

श्रीमत्त्रिशिरसि प्रोक्तं मद्यशीधुसुरादिना ।
सुस्वादुना प्रसन्नेन तनुना सुसुगन्धिना ।।६९।।
कन्दलादिगतेनान्तर्बहिः संस्कारपञ्चकम् ।
कृत्वा निरीक्षणं प्रोक्ष्य ताडनाप्यायगुण्ठनम् ।।७०।।

जहाँ तक ८-आत्मा का प्रश्न है, वीर भाव में सारे विकल्परूपी भीषण आतङ्कों के उन्मूलित हो जाने पर वह शिव में तादात्म्य भाव से अवस्थित हो जाता है। इसप्रकार वीरों के द्वारा स्नान और अर्चा आदि में संलग्न रहकर उपासना होनी चाहिये। वीरों का यह विशिष्ट विग्रहाष्टक होता है।।६६-६८।।

वीर धर्म अपनाने वाले महा अघोर सन्तों महन्तों के लिये निर्दिष्ट यह स्नानाष्टक है। यहाँ नया एक नवाँ स्नान भी संकेतित है। वह है— मद्यस्नान। वही कह रहे हैं—

'श्रीमत्त्रिशिरस्' ग्रन्थ में यह लिखा गया है कि मद्य, शीधु और सुरा आदि द्रव्यों से ५ संस्कार करना चाहिये। ये मद्य आदि सुस्वादु हों. कड़वे न हों। प्रसन्न करने वाले हों, नशीले न हों। तनु हों अर्थात् हल्के हों और उनमें सुन्दर गन्ध हो, तीव्रनस्यवत् गन्ध वाले नहीं। साथ ही उनके रखने के स्थान और पात्र सुन्दर हों। कन्दल स्वर्ण को कहते हैं। इस अर्थ में स्वर्णपात्र में हों। कन्दल कदली वृक्ष को भी कहते हैं। इस अर्थ में केले से संकलित हों। कन्दल मद्यपात्र को भी कहते हैं, जिससे शराब चषक में उड़ेली जाती है। विहित शैली से निर्मित पात्र में हों।

ऐसे मद्य से अन्तर्बाह्य-दृष्टि से संपन्न संस्कार पंचक वीरों के लिये निर्दिष्ट है। संस्कार पंचक में १. निरीक्षण, २. प्रोक्षण, ३. ताडन, ४. आप्यायन, अवगुण्ठन और ५. विप्रुट् तर्पण आते हैं। इनमें से अवगुण्ठन के समय चक्रमध्य में मन्त्रचक्र की अर्चना भी विहित है।

मन्त्रचक्रस्य तन्मध्ये पूजां विप्रुट्प्रतर्पणम् ।
तेनात्मसेकः कलशमुद्रया चाभिषेचनम् ।।७१।।

देवतातर्पणं देहप्राणोभयपथाश्रितम् ।
सर्वतीर्थतपोयज्ञदानादि फलमश्नुते ।।७२।।

मद्यस्नाने साधकेन्द्रो मुमुक्षुः केवलीभवेत् ।

मद्यशीधुसुरादिनेति मद्यं मृद्वीकादिप्रभवमनेकप्रकारं मद्यादिशब्दव्यपदेश्यं, शीधुरैक्षवः, सुरा विभीतकादिकृता, आदिशब्दात् तत्प्रकाराणां वारुण्यादीनां परिग्रहः। यदाहुरायुर्वेदविदः

इनसे ही वीर का आत्मसेक और अभिषेक होना चाहिये 'अभिषेक कलश मुद्रा से होना चाहिये। कलश मुद्रा के विषय में कहा गया है कि,

"हाथ की अंगुलियाँ संहत होकर मिली हुई हों। दोनों अंगूठे तर्जनी के ऊपर जड़ से मिले हुए हों। प्रतीत होता हो कि अंगुष्ठों से तर्जनियों की पीठ पर दो चन्द्रमा की शक्ल बन रही हो।"

कलश मुद्रा से ही अभिषेचन की क्रिया पूरी करनी चाहिये। इसके बाद शीधु से ही देवताओं का तर्पण भी करना आवश्यक है। देह और प्राण इन दोनों की सरणी ही इस तर्पण-कार्य में निर्दिष्ट है। इससे वीर तीर्थाटन, तीर्थस्नान, तप, यज्ञ और दानादि के अविकल फल पा लेते हैं। मद्यस्नान से साधकशिरोमणि वीर मुमुक्षु कैवल्य से विभूषित हो जाता है।

श्लोक ६९ में मद्य, शीधु और सुरा इन मद्यभेद को संकेतित करने वाली संज्ञाओं के साथ 'आदि' शब्द का भी प्रयोग है। आदि शब्द मद्य के अन्य वारुणी आदि भेदों के लिये प्रयुक्त है। इस मद्यभेद के सम्बन्ध में आयुर्वेद शास्त्र के उद्धरण से विशेष जानकारी दे रहें जैसे—

१. मद्य-मुनक्का और किशमिश (अंगूर) निर्मित पेय।

२. शीधु- इसे मधु भी कहते हैं। ईख के रस से निर्मित होती है।

'मार्द्वीकं मधु विज्ञेयं... ... ... ।' इति,
'... ... ... शीधुस्त्विक्षुरसेन तु ।' इति,
'नातितीव्रमदा लघ्वी पथ्या वैभीतकी सुरा।।'इति,
'प्रसन्ना वारुणी ज्ञेया परिस्रुन्मदिरा तथा।
कादम्बरी घनसुरा तदधो जगलः स्मृतः ।।' इति च।

ननुनेति लघुना। अन्तर्बहिरिति तद्रूपेत्यर्थः। तेन निरीक्षणमन्ता रूपम्, प्रोक्षणं तु बहीरूपमिति। तदुक्तं तत्र

''निरीक्षणं मन्त्रदृशा प्रोक्षणं चार्घवारिणा ।
ताडनं चास्त्रराजेन नेत्रेणाप्यायनं तथा ।।
गुण्ठनं कवचेनापि... ... ... ।'इति,

कलशमुद्रयेति तस्याश्च

---

३. सुरा— विभीतक आदि द्रव्यों के योग से बनी शराब होती है। इससे उतनी तीव्र नशा नहीं होती। यह हल्की और स्वास्थ्य के लिये पथ्य मानी जाती है।

४. वारुणी— पीने से मन प्रसन्न हो जाता है।

५. मदिरा— यह महुआ आदि से यन्त्र के द्वारा अर्करूप में निर्मित होती है।

६. कादम्बरी— ठर्रा शराब होती है।

७. जगल— सबसे नशीली और निम्न श्रेणी की मदिरा को जगल कहते हैं।

मद्य भेदों के बाद मद्य स्नान के प्रसङ्ग में इन विषयों पर ध्यान देना आवश्यक है। जैसे—

१. अन्तर्बहि: संस्कार पंचक में निरीक्षण का आन्तरिक महत्त्व है और प्रोक्षण सदा बाह्याचार होता है। इस विषय में आगम कहता है कि,

"निरीक्षण मन्त्र की दृष्टि से लाभप्रद होता है। प्रोक्षण अर्घजल से किया जाता है। ताडन अस्त्रराज रूपी बीज मन्त्र से होता है। नेत्र से ही आप्यायन क्रिया पूरी होती है। अवगुण्ठन क्रिया में कवच का प्रयोग होता है।"

'संहताङ्गुलिकौ पाणी पृष्ठार्धेन्दूदराहितौ ।
सुश्लिष्टमूलावङ्गुष्ठौ कुम्भमुद्रा प्रकीर्तिता ।।

अन्यत्र लक्षणम्। उक्तं च तत्र

'सिञ्चेत्तु विग्रहं तेन बद्ध्वा मुद्रां तु कालशीम्।
कृत्वाभिषेकं विधिवत्तर्पयेन्मन्त्रदेवताः ।।'

इति।।६९-७२।।

मद्यस्नानमेव च केवलीभावे कस्मात् निमित्तमित्याशङ्क्य आह

यतः शिवमयं मद्यं सर्वे मन्त्राः शिवोद्भवाः ।।७३।।

शिवशक्त्योर्न भेदोऽस्ति शक्त्युत्थास्तु मरीचयः ।
तासामानन्दजनकं मद्यं शिवमयं ततः ।।७४।।
प्रबुद्धे संविदः पूर्णे रूपेऽधिकृतिभाजनम् ।

अधिकृतिभाजनमिति प्रबुद्धपूर्णसंविद्रूपतया केवलीभवेदित्यर्थः।।७४।।

---

२. कलश मुद्रा को कुम्भ मुद्रा भी क़हते हैं। इस की परिभाषा का अर्थ किया जा चुका है। कालशी मुद्रा द्वारा अभिषेक पूरा होता है। इससे मन्त्र देवताओं की तृप्ति भी होती है।।६९-७२।।

मद्यस्नान ही केवलीभाव में निमित्त होता है। इसका क्या कारण है? इस प्रश्न का उत्तर दे रहे हैं—

क्योंकि मद्य शिव रूप ही माना जाता है। मन्त्र भी शिव से ही उत्पन्न हैं। शिव और शक्ति में भेद नहीं होता। मद्य में शक्ति का आधान होता है। उससे निकलने वाली शाक्त रश्मियाँ उस व्यक्ति को आनन्द समुद्र की शाक्त तरङ्गों से रंजित कर देती हैं। इसलिये मद्य को शिवत्व मय मानते हैं। इस स्थिति में साधक की संवित्ति बोध के प्रकाश से प्रभामयी होकर उसे पूर्णतः शिवत्व में अधिष्ठित कर देती है अर्थात् वह पुरुष प्रबुद्ध पूर्णसंवित्तत्त्व-सम्पन्न होकर केवलीभाव को प्राप्त कर लेता है।।७३-७४।।

ननु अन्येषामयमाशयो यत्

'आदौ स्नानं प्रकुर्वीत सर्वकिल्बिषनाशनम्।'

इति फलश्रुतेः स्नानं न यजनाङ्गमिति। यदाहुः 'फलवत्संनिधावफलं तदङ्गम्' इति। अयुक्तमेतदित्याह

मन्त्रध्यानसमाधानभेदात्स्नानं तु यन्न तत् ।।७५।।
युक्तं स्नानं यतो न्यासकर्मादौ योग्यतावहम् ।
अस्य स्नानाष्टकस्यास्ति बाह्यान्तरतया द्विता ।।७६।।

यत् पुनर्मन्त्रध्यानादेर्भेदमाश्रित्य ततो भिन्नं न यजनाङ्गं स्नानमित्युच्यते, तत् न युक्तं यतः स्नानं

'स्नातोऽधिकारी भवति दैवे पित्र्ये च कर्मणि।'

इति दृशा मन्त्रन्यासादावधिकारलक्षणां योग्यतामावहति तदाधानेन यजनोपकारकमेवेत्यर्थः। नच सर्वात्मनैव अफलमङ्गमिति नियमो 'गोदोहनेन पशुकामस्य प्रणयेत्' इति अङ्गस्यापि फलश्रुतिदर्शनादङ्गिन्यपि विश्वजिदादौ फलादर्शनात्।।७६।।

स्नान के सन्दर्भ में एक नई जिज्ञासा आगम करता है कि,

"सबसे पहले स्नान करना चाहिये। स्नान से सारे दोष स्वतः दूर हो जाते हैं।"

यह स्नान सम्बन्धिनी फलश्रुति है। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि, स्नान यज्ञ का अङ्ग नहीं है। अङ्ग के विषय में उक्ति है कि,

"फल प्रदान करने वाले के सन्निकट यदि कोई अफल भी होता है, तो उसका वह अङ्ग ही होता है।"

उक्त आधार पर स्नान को इतना महत्त्व देना युक्तियुक्त नहीं लगता। इस पर कह रहे हैं कि,

मन्त्र, ध्यान और समाधान (समाधि स्तर) से समृद्ध जो स्नान नहीं होता, वस्तुतः वह स्नान हीं नहीं होता। युक्त स्नान तो वही होता है, जो न्यास आदि कार्यों में भी योग्यता का संवहन करता है। वही स्नान वास्तव में स्नान की श्रेणी में आता है। उपर्युक्त आठ प्रकार के स्नानों को इसी आधार पर बाह्य और आन्तर दो भागों में बाँटा गया है।

तत्र एतत् बाह्यतया निरूपितमिति आन्तरतयापि अभिधत्ते—

आन्तरं तद्यथोर्ध्वेन्दुधारामृतपरिप्लवः ।
यतो रन्ध्रोर्ध्वगाः सार्धमङ्गुलं व्याप्य संस्थिताः।।७७।।
मूर्तयोऽष्टावपि प्रोक्ता प्रत्येकं द्वादशान्ततः ।

उर्ध्वेन्द्विति द्वादशान्तस्थस्य शिवचन्द्रमसः। अत्र हेतुर्यत इत्यादि।।७७।।

ननु एतद्युगपदेव स्नानाष्टकं कार्यं न वेत्याशङ्क्य आह

वही स्नान यजन का अङ्ग हो सकता है, जो मन्त्र न्यासाधिकार योग्यता से संवलित होता है। आगम कहता है कि, 'स्नात व्यक्ति ही दैव और पित्र्य कर्म-निर्वाह का अधिकारी होता है।'

यजनाङ्ग के सन्दर्भ में यह मान्यता है कि, अङ्ग सर्वात्मना अफल नहीं होता और अङ्गी में भी कभी फल के दर्शन नहीं होते। जैसे पशुकाम पुरुष का गोदोहन रूप अङ्ग सफल है और विश्वजित् आदि यज्ञों के प्रकरण में इसका अफलत्व भी दर्शित है।।७५-७६।।

आन्तर स्नान की दृष्टि से विचार करने पर यह स्पष्ट रूप से अनुभूति में प्रत्यक्ष सा हो जाता है कि, जैसे ऊपर से चन्द्रमा की चमत्कारमयी शीतल सुधाधारा ही हमारे ऊपर उड़ेली जा रही हो। अमृत के अभिषेचन का कारण शिव की आठ मूर्त्तियों का आध्यात्मिक अवस्थान है। (साधक की अनुभूति का ही यह विषय है। सबको ऐसा अनुभव नहीं हो पाता।) ऊर्ध्व द्वादशान्त पारिभाषिक शब्द है। चक्र साधना में निष्णात साधक सहस्रदल कमल कोश में संविद्वपुष् परमेश्वर के ऐकात्म्य के समावेश में आनन्द विभोर हो जाता है। वह वहीं शिवेन्दुसुधा से अभिषिक्त हो जाता है।

शिव की ये अष्ट मूर्त्तियाँ एक तरह से शरीर में सर्वत्र व्याप्त हैं। ऊर्ध्व द्वादशान्त से नीचे और रन्ध्र से ऊपर का मध्यावस्थान बस समझिये डेढ़ अंगुल ही होता है। द्वादशान्त के शिव चन्द्र का प्रकाश अमृत द्रव बन कर साधक की आठों मूर्त्तियों पर बरसने को विवश हो जाता है। श्लोक में आये सार्द्ध अङ्गुल का गणित बड़ा ही महत्त्वपूर्ण है। यह शरीर ही अष्टमूर्त्तिमय है। रन्ध्र से ऊपर योगी जब अपनी योग यात्रा में अपनी मंजिल पाने की ओर ही अग्रसर होता है, तब तक वह इस अमृत से भीग जाता है। वहाँ की फिसलन भी महत्त्वपूर्ण है।।७७।।

एषामेकतमं स्नानं कुर्याद्द्वित्र्यादिशोऽपिवा ।।७८।।

एकतममिति देशकालाद्यनुसारम्।।७८।।

एतदुपसंहृत्य अन्यदवतारयति

इति स्नानविधिः प्रोक्तो भैरवेणामलीकृतौ ।
स्नानानन्तरकर्त्तव्यमथेदमुपदिश्यते ।।७९।।

तदेव आह

भावं प्रसन्नमालोच्य व्रजेद्यागगृहं ततः ।

ननु यागवेश्मैव कुत्र कार्यमित्याशङ्कां गर्भीकृत्य अनुजोद्देशोद्दिष्टं स्थानकल्पनाख्यं प्रमेयमवतारयति

पर्वताग्रनदीतीरैकलिङ्गादि यदुच्यते ।।८०।।

नया साधक एक एक कर अथवा दो तीन मूर्त्तियों पर इस स्नान का अभ्यास करे। अपने शरीर, वातावरण और स्थिति का इसमें ध्यान रखना चाहिये।।७८।।

यहाँ तक सर्वविध स्नान का वर्णन किया गया। यह सारा विषय शुद्धि के सन्दर्भ में स्वयं भैरव ने व्यक्त किया है। स्नान विधि में शिष्य को पूर्ण निष्णात होना चाहिये। उसके बाद के आचार के विषय में (गुरुवर्य ग्रन्थकार द्वारा) उपदेश का विधान किया जा रहा है—

दीक्षा का सुखद सन्दर्भ है। याग गृह बन कर तैयार है। दीक्षा में आचरणीय प्रथम कर्त्तव्य स्नान है। शिष्य ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली है। गुरु भी प्रसन्न और शिष्य भी प्रसन्न। परिजन भी प्रसन्न और वातावरण भी प्रसन्न। सब कुछ प्रसन्नता से ओत प्रोत। यह सब देखकर शिष्य यागवेश्म की ओर प्रस्थान करे।।७९।।

दीक्षायज्ञ का गृह कहाँ हो? यह भी विचार का विषय है। इसी को ध्यान में रखकर अनुज उद्देश में निर्दिष्ट (श्रीत. आ. १ श्लोक ३०१) स्थान प्रकल्पन नामक प्रमेय के प्रकरण का अवतरण कर रहे हैं—

तद्बाह्यमिह तत्सिद्धिविशेषाय न मुक्तये ।
आभ्यन्तरं नगाग्रादि देहान्तः प्राणयोजनम् ।।८१।।

साधकानामुपायः स्यात्सिद्धये नतु मुक्तये ।
पीठस्थानं सदा यागयोग्यं शास्त्रेषु भण्यते ।।८२।।

तच्च बाह्यान्तराद्रूपाद्बहिर्देहे च सुस्फुटम् ।

यदीति स्थाने इहेति स्पष्टः पाठः। ननु एतत् त्रिविधमेव स्थानमुत अन्यदपीत्याशङ्क्य आह पीठेत्यादि ।। ८०-८२।।

किमत्र प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

यतः श्रीनैशसञ्चारे परमेशो न्यरूपयत् ।।८३।।

तदेव अर्थद्वारेण आह

बाह्य स्थान प्रकल्पन जहाँ इस प्रकार का याग स्थान होता है, यह छोटी-मोटी सिद्धियों के लिये ही होता है, मुक्ति के लिये नहीं। इनमें पर्वतों के शिखर पर बने मन्दिर, नदी के तीर तथा एकान्तलक्षित भूमि आदि आते है।

आभ्यन्तर स्थान नग अर्थात् मूलाधार से लेकर देहान्त अर्थात् बाह्यद्वादशान्त तक प्राण का योजन अर्थात् प्राणापानवाह का स्थान है। साधकों के लिये स्थान आगे बढ़ने के उपाय हो सकते हैं किन्तु मुक्ति के साधन ये नहीं हो सकते।

पीठस्थान को ही शास्त्रों में याग के योग्य माना जाता है। यह चौथा याग स्थान है। तीन बाह्य स्थान तो पर्वताग्रप्रदेश, नदीतीर और एकलिङ्ग माने जाते है। आभ्यन्तर स्थान के रूप में मूलाधार, नासाग्र और चिति केन्द्र रूप देह का अन्तिम स्थान ये तीन प्रयुक्त होते हैं। इन सबसे महत्त्वपूर्ण गुरुपीठ का स्थान होता है। यहाँ तत्काल सिद्धि प्राप्त होती है। बाह्य और आन्तर स्थानो की अपेक्षा याग के लिये उत्तम गुरु-पीठ देह के बाहर ही अवस्थित है।।८०-८२।।

तस्येच्छा पीठमाधारो यत्रस्थं सचराचरम् ।
अग्र्यं तत्कामरूपं स्याद्बिन्दुनादद्वयं ततः ।।८४।।

नादपीठं पूर्णगिरिर्दक्षिणे वामतः पुनः ।
पीठमुड्डयनं बिन्दुर्मुख्यं पीठत्रयं त्विदम् ।।८५।।

ज्ञेयं संकल्पनारूपमर्धपीठमतः परम् ।
शाक्तं कुण्डलिनी वेदकलं च त्र्युपपीठकम् ।।८६।।

इसमें प्रमाण क्या है? इस प्रश्न के उत्तर में आगम प्रामाण्य उपस्थित कर रहे हैं—

श्रीनिशाटन शास्त्र में भगवान् शिव ने स्वयम् इसका निरूपण किया है। उसी शास्त्र की शिवनिरूपित उक्ति का अपने शब्दों में कथन कर रहे हैं कि, सबसे महत्त्वपूर्ण पीठों में से तीन पीठ ही सर्वश्रेष्ठ हैं। १. कामरूप, २. पूर्णगिरि और ३. उड्डीयान पीठ। इनके मूल में इच्छा, नाद और बिन्दु ये तीन सूक्ष्म पीठ भी आकलित किये जाते हैं।

१. **कामरूप**—स्वयं भगवान् भूत भावन की इच्छाशक्ति का प्रतीक है। इसमें चराचर जगत् ओत प्रोत है। यह सर्वाधार महत्त्वपूर्ण पीठ है।

२. **पूर्णगिरि पीठ**—यह नादपीठ है। यह दक्षिण में अवस्थित है।

३. **उड्डीयान पीठ**—यह बिन्दुपीठ है। यह वाम भाग में अवस्थित है। यही तीन मुख्यपीठ माने जाते हैं।।८३-८५।।

इसके बाद अर्धपीठ की स्थिति की जानकारी प्राप्त करनी चाहिये। अर्धपीठ संकल्पना रूप होते हैं। शाक्तपीठ, कुण्डलिनी पीठ और चतुष्कल पीठ ही अर्धपीठ हैं।

देवीकोट्ट, उज्जयिनी, और कुलगिरि उपपीठ हैं। लालन, वैन्दव, व्याप्ति सन्दोहक वर्ग के तीन पीठ हैं। पुण्ड्रवर्धन, वारेन्द्र और एकाम्र ये तीनों बाह्यपीठ हैं। इस तरह आन्तर पीठ भी ९ प्रकार के होते हैं और बाह्यपीठ भी नव प्रकार के माने जाते हैं।

देवीकोट्टोज्जयिन्यौ द्वे तथा कुलगिरिः परः।
लालनं बैन्दवं व्याप्तिरिति संदोहकत्रयम् ।।८७।।

पुण्ड्रवर्धनवारेन्द्रे तथैकाम्रमिदं बहिः।
नवधा कथितं पीठमन्तर्बाह्यक्रमेण तत् ।।८८।।

क्षेत्राष्टकं क्षेत्रविदो हृदम्भोजदलाष्टकम् ।
प्रयागो वरणा पश्चादट्टहासो जयन्तिका ।।८९।।

वाराणसी च कालिङ्गं कुलूता लाहुला तथा।
उपक्षेत्राष्टकं प्राहुर्हृत्पद्माग्रदलाष्टकम् ।।९०।।

जैसे— आन्तरपीठ— पीठ, उपपीठ और सन्दोहत्रय से ९ भेद

१. इच्छा २. बिन्दु और ३. नाद
१. कामरूप २. उड्डुयन और ३. पूर्णगिरि
१. शाक्त २. कुण्डलिनी और ३. मूलाधार

बाह्यपीठ — पीठ, उपपीठ और सन्दोहत्रय भेद से ९ भेद

१. दीवीकोट्ट २. उज्ञयिनी और ३. कुलगिरि
१. लालन २. वैन्दव और ३. व्याप्ति
१. पुण्ड्रवर्धन २. वारेन्द्र और ३. ऐकाम्र

यही ९ यागयोग्य स्थान माने जाते हैं। यह ध्यातव्य है कि, यह शरीर ही महापीठ है। उक्त सभी पीठ इसी में हैं।।८६-८८।।

पीठों के बाद क्षेत्राष्टक की जानकारी भी आवश्यक है। क्षेत्राष्टक का आन्तररूप हृदय कमल का आन्तर दलाष्टक रूप है। इनके नाम क्रमशः प्रयाग, वरणा, अट्टहास, जयन्तिका, वाराणसी, कलिंग, कुलूत और लाहुला हैं।

विरजैरुडिका हाला एला पूः क्षीरिका पुरी ।
मायाख्या मरुदेशश्च बाह्याभ्यन्तररूपतः ।।९१।।

हृत्पद्मदलसन्धीनामुपसंदोहकाष्टता ।
जालन्धरं च नैपालं कश्मीरा गर्गिका हरः ।।९२।।

म्लेच्छदिग्द्वारवृत्तिश्च कुरुक्षेत्रं च खेटकम् ।
द्विपथं द्वयसंघट्टात् त्रिपथं त्रयमेलकात् ।।९३।।

चतुष्पथं शक्तिमतो लयात्तत्रैव मन्वते ।
नासान्ततालुरन्ध्रान्तमेतद्देहे व्यवस्थिम् ।।९४।।

उसी तरह उपक्षेत्र भी आठ हैं। ये हृदय पद्म के पहले वाले आठ दल हैं। इनके नाम क्रमशः विरजा, ऐरुडिका, हाला, एला, पूः, क्षीरिका, माया और मरुदेश हैं।।८८-९१।।

इसी तरह उपसन्दोहाष्टक भी आकलित किये जाते हैं। सन्दोह बाह्य और आन्तर अष्टकों की सन्धि के स्थान होते हैं। ये क्रमशः जालन्धर, नेपाल, कश्मीर, गर्गिका, हर, म्लेच्छदिग्द्वार, कुरुक्षेत्र और खेटक हैं।

इस प्रसङ्ग में द्विपथ, त्रिपथ और चतुष्पथ की स्थिति की जानकारी भी आवश्यक है। दो के संघट्ट से द्विपथ की उत्पत्ति होती है। त्रिपथ तीन दलों के मेलन से बनता है। चतुष्पथ शक्ति के मिलने से बनता है। इसमें शक्तिमान् का लय हो जाता है। यह स्थान शरीर में भी है।

१. **द्विपथ**— नासिका का अग्रभाग द्विपथ है। यह तालु के रन्ध्र तक अवस्थित है। इसकी साधना शाम्भव समावेश की साधिका मानी जाती है।

२. **त्रिपथ**—भ्रूमध्य, कण्ठ और हृदय इस पथ के पड़ाव हैं। यह आणव क्षेत्र में आते हैं।

भ्रूमध्यकण्ठहृत्संज्ञं मध्यमं तदुदाहृतम् ।
नाभिकन्दमहानन्दधाम तत्कौलिकं त्रयम् ।।९५।।

पर्वताग्रं नदीतीरमेकलिङ्गं तदेव च ।
किं वातिबहुना सर्वं संवित्तौ प्राणगं ततः ।।९६।।

ततो देहस्थितं तस्माद्देहायतनगो भवेत् ।

नच अस्याः पीठमिति संज्ञामात्रमित्युक्तमाधार इति यत्रस्थं सचराचरमिति च तदुक्त तत्र

---

३. **चतुष्पथ**—नाभि, कन्द, जननेन्द्रिय और योनि ये चारों मिल कर 'शाक्त' परिवेश में साधक को ले चलने में समर्थ हैं। शास्त्रों मे द्विपथ को पर्वताग्र, त्रिपथ को नदीतीर और चतुष्पथ को एकलिङ्ग भी कहते हैं।

ये सारे तथ्य रहस्य-दर्शन करने वाले योगियों के द्वारा अनुभूत सत्य हैं। आज इस साधना का स्तर गिर गया है। ये सभी तत्त्व सर्वप्रथम संवित्ति में समुदित होते हैं। संवित् के प्राण में परिणत होने पर ये सभी प्राण में भी उल्लसित हुए। प्राण क्योंकि शरीर में चार करता है। इस तरह यह उल्लास शरीर में भी सम्भव हुआ। जो पिण्ड में है, वह भारत में है। इस दृष्टि से भारत के समस्त प्रदेश में भी यथा स्थान अपना महत्त्व बनाये हुए हैं। इसका स्वरूप आज भी है पर विकृत रूप में है, जिसे भारतीय जनता त्रायः भूल ही गयी है। देहायतन में ही इस उल्लास का अनुभव करना चाहिये।

इतने विस्तृत सन्दर्भ के कुछ मुख्य बिन्दु विशेष महत्त्व के हैं। इनको उद्धरणों से राजानक ने समर्थित किया है। जैसे—

१. पीठ एक संज्ञा मात्र है। इसे आधार कह सकते हैं। कहा गया है कि,

'परमेश्वर की इच्छाशक्ति ही पीठ रूप में परिणत हो गयी है। यह सर्जन की आधारशिला है। इसी में सारा चराचर जगत् स्फुरित हो रहा है। इसी लक्ष्य की सिद्धि के लिये इसका नाम पीठ या आधार रखा गया। शक्ति ही इसकी निमित्त है और आधार नैमित्तिक है।

'तस्येच्छा या स्मृता शक्तिः पीठत्वं समुपागता ।
पीठमाधारभूतं स्यात्तत्रस्थं सचराचरम् ।।
तेन पीठाभिधानं तु शक्तेर्नैमित्तिकं स्मृतम् ।' इति।

अग्र्यमिति मुख्यम्, अत एव कामस्य इच्छाया रूपमित्युक्तम्। तत इति अग्र्यात् कामरूपात्। तदुक्तं तत्र

'ततः पीठद्वयं जातं बिन्दुनादमयं प्रिये।
वामे बिन्दुर्विनिर्दिष्टो दक्षिणे नाद उच्यते ।।
अग्रपीठं तु पूर्वोक्तं शाक्तं तु परमेश्वरि ।
एवं पीठत्रयं जातं कामरूपादि यत्स्मृतम् ।।
अग्र्यं तत्कामरूपंस्याद्दक्षे पूर्णगिरिः स्मृतः ।
उड्डीयानाभिधानं तु उत्तरे तु तृतीयकम् ।।इति।

---

२. अग्र्यं— अग्रस्यभावोऽग्र्यम्। इस विग्रह के अनुसार काम ही मुख्य तत्त्व माना जाता है। यह इच्छा का प्रतीक है। इसीलिये अग्रिम श्रेणी में कामरूप को ही रखते हैं। कामरूप के सम्बन्ध में कहा गया है कि,

इच्छा स नाद और बिन्दु नामक दो पीठों का उल्लास हुआ। वाम भाग में बिन्दु को निर्दिष्ट किया गया है और दक्षिण में नाद का अवस्थान है। यह शाक्त अग्रपीठ है। इसमें इच्छा, बिन्दु और नाद आते हैं। इन्हीं से तीन मुख्य पीठ प्रसिद्ध हुए। १. अग्र्य कामरूप, २. दक्षिण में पूर्णगिरि और ३. उड्डीयान नामक पीठ उत्तर में अवस्थित है।

३. श्लोक ८६ में अर्धपीठ को ज्ञेय संकल्पना रूप माना गया है। अर्ध आधा भाग आन्तर और बाह्य भेद के आधार पर कहा गया है। इसे वृत्तिकार अनागमिक, अनार्ष अतएव उपेक्ष्य मानते हैं।

४. वेदकल— वेद का अर्थ चार होता है। चार कलाओं वाला चतुष्कल बिन्दु होता है। इसको मिलाकर तीन अर्धपीठक माने जाते हैं। कहा गया है कि,

"शक्ति से शाक्त महापीठ का उल्लास हुआ। कुण्डलिनी पीठ मध्यग पीठ हुआ और बिन्दु से चतुष्कल वैन्दव पीठ उल्लसित हुआ। नादज का ही

'ज्ञेयसंकल्पनारूपमर्धपीठमतः परम्।' इति अर्ध 'नवधा कथितं पीठमन्तर्बाह्यक्रमेण तत्।' इत्युपसंहारविरुद्धमनागमिकं चेत्यनार्षत्वादुपेक्ष्यम्। वेदकलश्चतुष्कलो बिन्दुः। त्र्युपपीठकमिति त्रयाणामुपपीठानां समाहारः। तदुक्तं तत्र

'शक्तेः शाक्तं महापीठं कौण्डलीपदमध्यगम् ।
बिन्दोस्तु बैन्दवं पीठं चतुष्कलमगोलकम् ।।
नादजं व्याप्त्यधो ज्ञेयं द्विरन्ध्रस्योर्ध्वगं प्रिये ।
उपपीठत्रयं ह्येतद्बाह्यतः शृणु नामतः ।।

दूसरा नाम लालन है। यह व्याप्ति के अधो भाग और द्विरन्ध्र के ऊपर अवस्थित है। उपपीठ के रूप में देवी कोट्ट शाक्तपीठ, वैन्दव उज्जयिनी पीठ और कुलगिरि व्याप्ति विषयक पीठ है। व्याप्ति के साथ अधोगति विशेषण साभिप्राय प्रयुक्त है। कुंडलिनी अधोभाग में ही जाकर सुषुप्त हो जाती है। यों व्याप्ति भी शक्ति ही है। इसको प्रसर का रूप मानते हैं।

५. सन्दोह— श्लोक ८७ में प्रयुक्त शब्द है। दोह-- निष्पन्न रूप ही होता है। उपपीठ से निष्पन्दमान होने के कारण इसे 'सन्दोहक' कहते हैं। कहा गया है कि,

"इसी प्रकार सन्दोह भी तीन ही गिनाये गये हैं। ललनागर्त्तक अर्थात् लालन सन्दोहक शाक्त, वैन्दव सन्दोहक पुटमध्य अवस्थान वाला और व्याप्ति नादज होता है। पर यह कथन अनुभव और शास्त्रविरुद्ध है। व्याप्ति कुण्डलिनी से सम्बन्धित सन्दोहक होता है। नादज संदोहक लालन सन्दोहक होता है, व्याप्ति नहीं। इस प्रकार पीठ, उपपीठ और सन्दोहक भेद से पीठों के भेद होते हैं।

६. क्षेत्राष्टक— हृदय कमल के पत्रों को ही क्षेत्राष्टक कहते हैं। दल के अग्रभाग उपक्षेत्र और पत्रों की सन्धियाँ सन्दोह मानी जाती हैं। क्षेत्र, उपक्षेत्र और सन्दोह मिल कर २४ होते हैं। इसी उपक्रम में यह भी कहा गया है कि, "खेटक कुरुक्षेत्र सन्दोह के अन्तर्गत आते हैं। ये वीर नायक संज्ञक भी हैं।"

देवीकोट्टं स्मृतं शाक्तं बिन्दुश्चोज्जयिनी स्मृता।
कौलो गिरिः स्मृतो मध्ये व्यापिन्यां व्याप्त्यधोगतिः ।।' इति ।

व्याप्तिः शक्तिः प्रसरस्थानमिति। संदोहकेति उपपीठनिःष्यन्दप्रायत्वात्। तदुक्तं तत्र

'पुनः संदोहसंज्ञास्तु त्रयस्त्वेते वरानने ।
ललनागर्तकं शाक्तं बैन्दवं पुटमध्यतः ।।
नादजं व्याप्तिमध्यस्थं त्रयस्त्वेते समासतः ।
पुण्ड्रवर्धनसंज्ञस्तु ललनायामुदाहृतः ।।
वारेन्द्रं बैन्दवं ज्ञेयमेकाग्रं व्याप्तिसंज्ञितम् ।' इति

नवधेति त्रयाणां पीठोपपीठसंदोहानां त्रैविध्यात्। पुरीति राजपुरी। मायाख्येति मायापुरी। तदुक्तं तत्र

---

७. नासान्ततालु रन्ध्रान्त रहस्य— (श्लो. ९४)

अ. द्विपथ या द्विपद— वाम और दक्ष (इडा और पिङ्गला) नाडियों से प्राणापानवाह की प्राकृतिक व्यवस्था है।

आ. चतुष्पथ— व्याप्ति (कुण्डलिनी के अधोभाग में अवस्थित भ्रूमध्य का महत्त्वपूर्ण स्थान । इससे सम्बन्धित नासान्त तालु और रन्ध्रान्त इन शब्दों को स्पष्ट रूप से योगी को समझ लेना चाहिये। ये योग की प्रक्रिया में आने वाले शब्द हैं। नासा का दूसरा नाम शक्ति भी है। इसके अन्त को व्याप्ति भी कहते हैं। इस तरह नासान्त शब्द का अर्थ व्याप्ति अर्थात् कुण्डलिनी भी होता है। नासा का अर्थ नासिका लेने पर नासान्त नासिका से चितिकेन्द्र तक का भाग आता है। आमावस्य से पौर्णमास पथ में तालु और रन्ध्रान्त भाग अर्थात् चूलिका भी आती है। इसी को शास्त्रकार कहते हैं— एतद्देहे व्यवस्थितम् (श्लो. ९४)

'क्षेत्राष्टकं तु पत्राणि हृत्पद्मस्य वरानने ।
उपक्षेत्रा दलाग्राणि संदोहा दलसन्धयः ।।
चतुर्विंशतिरेवं स्यात्...................... ।'

इत्युपक्रम्य नामोद्देशेन

'खेटकं च कुरुक्षेत्रं संदोहा वीरनायकाः ।'

इत्यन्तम्। द्वयेति वामदक्षनाडीलक्षणस्य। त्रयेति मध्यशक्त्या सह। शक्तिमत इति आत्मनः। नासान्तेति नासायाः शक्तेरन्तो व्याप्त्यादिशब्दव्यपदेश्यं प्रसरस्थानम्। रन्ध्रेति ब्रह्मरन्ध्रस्य अन्तश्चूलिकाग्रम्। मध्यममिति आणवम्। कौलिकमिति शाक्तम्, अर्थादाद्यं शाम्भवम्। तदेवेति नासान्तादिप्रकारमपि। तदुक्तं तत्र

'द्विपदं वामदक्षाभ्यां नाड्योर्वाहः परो मतः ।
त्रिपथं परया प्रोक्तं तदेव तु विशिष्यते ।।
यत्तत्पूर्वं समाख्यातं व्याप्त्यधः पिण्डमुत्तमम।
चतुष्पथं तु तत्रैकं द्वितीयं तालुमध्यतः ।।
तृतीयं चूलिकाग्रे तु त्रिकं तत्तु विजानत।
भ्रूमध्ये तु परं प्रोक्तं चतुष्पथमतः परम् ।।'

इत्यादि अनेकप्रकारम्। ननु एतत्शास्त्रान्तरेष्वपि

'प्रयागो नाभिसंस्थस्तु वरणा हृत्प्रदेशतः ।
कुलाद्रिः कण्ठसंस्थस्तु भीमनादस्तु तालुकः ।।

अन्य शास्त्रों में भी इस विषय में पर्याप्त रूप से लिखा गया है कि,

"प्रयाग नाभि देशस्थ क्षेत्र है। वरणा तो हृदय ही है। कुलगिरि कण्ठ में अवस्थित है। भीमनाद अर्थात् अट्टहास तालुस्थानीय है। जयन्तिका का स्थान बिन्दु है। नाद में वाराणसी (चरित्रवन), शक्ति मध्य में एकाम्र अवस्थित हैं—यह विज्ञ पुरुषों को जानना चाहिये। ये सारी बातें गुरुमुख से प्राप्त और प्रोक्त हैं। ऐसे करोड़ों क्षेत्र इस अष्टक में आते हैं।"

बिन्दुस्थाने जयन्त्याख्यं नादाख्ये तु चरित्रकम् ।
एकाम्रं शक्तिमध्ये तु ज्ञातव्यं विदितात्मकैः ।।
गुरुवक्त्रगतं प्रोक्तं कोटिवर्षं तथाष्टमम् ।'

इत्यादिना अन्यथा उक्तं, तत्किमनेन एवंविधेन उपदिष्टेन स्यात्। तात्पर्यमेव अत्र किंचिदुच्यतां, बाढमित्याह किं वेत्यादि। ततः प्राणगमिति संविदः प्रथमं प्राणे परिणामात्। तस्मादिति देहे एव पीठादेरवस्थानात् हेतोः।।९२-९६।।

ननु यदि एवं स्वदेहायतनगेनैव भाव्यं, किं तद्बाह्यस्य पीठादेर्वचनेनेत्याशङ्क्य आह

बाह्ये तु तादृशान्तःस्थयोगमार्गविशारदाः ।।९७।।
देव्यः स्वभावाज्जायन्ते पीठं तद्बाह्यमुच्यते ।

देव्यो हि स्वभावत एव समनन्तरोक्तव्याप्त्या आन्तरज्ञानयोगादिवैचक्षण्यात् बाह्ये जायन्ते बहिरनुग्रहनिमित्तमभिव्यक्तिमासादयन्तीति पीठं बाह्यमुच्यते तथाभिधातुमुचितमित्यर्थः।।९७।।

इन सन्दर्भों को समझा कर और निर्देश कर शास्त्रकार आगे कहते हैं कि, यह सब कुछ देह में ही अवस्थित है। पहले संवित्ति में फिर प्राण में, पुनः देह में अर्थात् पिण्ड और ब्रह्माण्ड में यह सब उल्लसित है। इसका विचार दीक्षा प्रकरण में अत्यन्त आवश्यक है।।९२-९६।।

प्रश्न उपस्थित होता है कि, सब कुछ समझकर देहायतन की साधना ही जब करनी चाहिये क्योंकि सब कुछ इसी में अवस्थित है, तो इन बाह्य पीठ आदि के कथन या अवगम की क्या आवश्यकता? इस पर कह रहे हैं कि,

पूर्वोक्त वर्णित प्रकार और विधि के अनुसार आन्तरिक संवित्तिरूपयोगमार्ग के वैचक्षण्य में दक्ष देवियाँ स्वभावतः बाह्य प्रतीकों में अभिव्यक्त और उल्लसित होती हैं। यह बाह्य प्रतीक ही पीठ कहे जाते हैं। इसलिये पीठ का अवगम भी अनिवार्य है।

ननु देव्यश्चेदेवं, तावता बहिः पीठत्वं कुतस्त्यमित्यशङ्कां दृष्टान्तप्रदर्शनेन उपशमयति—

यथा स्वभावतो म्लेच्छा अधर्मपथवर्तिनः ।।९८।।
तत्र देशे नियत्येत्थं ज्ञानयोगौ स्थितौ क्वचित् ।

यथा स्वभावतो म्लेच्छानामधर्मपरत्वात् तद्देशे एव नियमेन इत्थमधर्म एव सर्वजनविषयतया वर्तते, तथा ज्ञानयोगशालित्वात् देवीनां तदभिव्यक्तिस्थाने क्वचित्पीठादावेव, नतु सर्वत्र, ज्ञानयोगादीति युक्तमुक्तं तत्पीठमुच्यते इति।।९८।।

ननु एवं तत्र चेत् ज्ञानयोगादि स्थितं, तावता अन्येषां कि भवेदित्याशङ्कामुपशमयितुं दृष्टान्तयति

यथाचातन्मयोऽप्येति पापितां तैः समागमात् ।।९९।।
तथा पीठस्थितोऽप्येति ज्ञानयोगादिपात्रताम् ।

देवियों की इस तरह बाह्यरूप में अभिव्यक्ति में उनका अनुग्रह ही कारण है। अनुग्रह के प्रतीक ही ये आधारपीठ है। इन्हें पीठ कहना इसी लिये उचित भी है और इनका स्वाध्याय भी आवश्यक है।।९७।।

प्रश्न है कि, यदि ये देवियाँ ऐसी उत्कृष्ट गुणशालिनी हैं, तो इनका बहिः पीठत्व के प्रति क्या आकर्षण है कि, ये स्वभावतः बाह्य भाव से ही अभिव्यक्त होती हैं? दृष्टान्त से इस आशङ्का का उपशमन कर रहे हैं—

जैसे म्लेच्छ स्वभाव से ही अधर्म के मार्ग का अनुसरण करते हैं, और नियमतः उस देश में अधर्म का आचरण भी सर्वजन-विषय बन जाता है; उसी तरह ज्ञान और योग शालिनी ये देवियाँ ज्ञान और योग की अभिव्यक्ति के स्थान रूप पीठ में अभिव्यक्त होती हैं। ये सर्वत्र व्यक्त नहीं होतीं। ज्ञान और योग मय दिव्य शक्तियों के बाह्य आधार को इसीलिये पीठ कहते हैं।।९८।।

मान लिया कि, इस प्रकार वहाँ ज्ञान और योग आदि स्थित हैं, इससे दूसरों का क्या लाभ हो जाता है? इस आशङ्का का उपशमन भी दृष्टान्त के माध्यम से कर रहे हैं—

अतन्मयो निष्पापः, ज्ञानयोगादिबहिष्कृतश्च। तैः पापिभिः, पीठस्थितैश्च।।

ननु पीठादेरबहिर्भ्रमणात् यदि एवं ज्ञानयोगादि सिद्ध्येत्, तत्किमन्तरनुसन्धानेनेत्याशङ्क्य आह

मुख्यत्वेन शरीरेऽन्तः प्राणे संविदि पश्यतः ।।१००।।
विश्वमेतत्किमन्यैः स्याद्बहिर्भ्रमणडम्बरैः ।

शरीरादेश्च यथायथमान्तरत्वं विवक्षितम् ।।१००।।

स च अयं पीठादेर्बुभुक्ष्वेकविषयो भेद इत्याह

इत्येवमन्तर्बाह्ये च तत्तच्चक्रफलार्थिनाम् ।।१०१।

जैसे अतन्मय अर्थात् उसके समान पाप में लिप्त न रहने वाला भी पापी के साथ समागम से पाप भाव को पा लेता है। उसी तरह पीठ में स्थित व्यक्ति भी पीठ के समागम से ज्ञान और योगादि की योग्यता प्राप्त कर लेते हैं।।९९।।

प्रश्न करते हैं कि, यह तो बड़ी अच्छी बात है। पीठ आदि में बाहर भ्रमण करने मात्र से ही यदि ज्ञान योग आदि की सिद्धि हो जाती है तो, फिर आन्तर अनुसन्धान आदि साधना की क्या आवश्यकता? पीठ भ्रमण से ही कल्याण अवश्यम्भावी हो जायेगा? इस पर कह रहे हैं कि,

मुख्य रूप से शरीर में आन्तर अनुसन्धान के माध्यम से प्राण को और संविद् को जो साक्षीभाव से साक्षात्कृत कर लेता है, उसके लिये यह विश्व भी संविदतिरिक्त कुछ नहीं रह जाता। उसके बाह्य पीठादि भ्रमण के आडम्बर से क्या लाभ? अर्थात् संवित् तत्त्व की प्राक् प्राण में परिणति, पुनः प्राण का देहावस्थान, फिर पिण्ड और ब्रह्माण्ड में अभिव्यक्ति, यह सब साक्षिभाव से प्रत्यक्ष करने वाला ही महत्त्वपूर्ण योगी होता है। यथाक्रम सब का रहस्य उद्घाटित हो जाता है और साधक धन्य हो जाता है।।१००।।

इस प्रकार आन्तर अनुसन्धान संलग्न साधक उन चक्रों के चमत्कार पूर्ण चंक्रमण से उनके समागम का फल प्राप्त करता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि, वह फलार्थी है अर्थात् बुभुक्षु है। बाहर पीठों में भ्रमण करता है, तो इन

स्थानभेदो विचित्रश्च स शास्त्रे संख्ययोज्झितः ।

स्थानभेद इति अत्र च्छेदः। स चेति स्थानभेदः शास्त्रे इति शैवे।।१०१।।

तदेव दर्शयति

श्री वीरावलिहृदये सप्त स्थानानि शक्तिकमलयुगम्।।१०२।।

पीठों से भी कुछ चाहता ही होगा। ऐसे अन्तर्बाह्य भ्रमण के डम्बर में पड़ने वाले व्यक्तियों के लिये यह स्थानकृत भेद महत्त्वपूर्ण होता है। इन्हें वैचित्र्य के इन्द्रजाल से आकृष्ट भी करता है। शास्त्रों में इनके असंख्य भेद हैं। संख्या की सीमा से ये रहित हैं। बुभुक्षु को इस असीम फलार्थानुसन्धान से सावधान रहना चाहिये।।१०१।।

श्रीवीरावलिहृदय नामक ग्रन्थ में सात स्थान शरीर और शरीर से बाहर के निर्दिष्ट हैं। वे इस प्रकार हैं—

१-२. शक्तिकमल युगल, ३. सुरपथ, ४. चतुष्पथ, ५. श्मशान, ६, एकान्त, ७. शून्यवृक्ष। शक्तिकमल को दो मान कर ये सात भेद किये गये हैं। निर्वचन, गुण, स्थिति और उपचार इन चार दृष्टियों से विबोध के लक्ष्य की प्राप्ति की जाती है। बोध से अधिष्ठित शरीर के चक्रों में और बाहर इस प्रकार का याग होता रहता है।

स्थानों की संज्ञायें ही स्थानों की परिभाषा को स्पष्ट कर रहीं हैं। जैसे—

१. शक्तिकमल— वह स्थान है, जहाँ शक्ति कमल की तरह स्वयम् अधिष्ठित है। यह 'कमल दूसरा कुछ नहीं स्त्री पुरुष के जन्म की आधार इन्द्रियों का मूल बिन्दु होता है। जिस तरह कमल से सौन्दर्य, मकरन्द, पराग और किंजल्क की आन्तरिक और बाह्य सृष्टि होती है। उसी तरह स्त्री और पुरुष के जन्माधार रूपी कमल से विश्व की सृष्टि होती है। इसके दो स्थानों पर होने से इसे दो मान कर ही सात स्थानों की गणना की गयी है।

२. सुरपथ को त्रिपथ भी कहते हैं। ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र इन देवों के ही तीन मार्ग निर्धारित हैं। एक शब्द में इसे सुरपथ की संज्ञा दे दी गयी है।

सुरपथचतुष्पथाख्यश्मशानमेकान्तशून्यवृक्षौ च ।

इति निर्वचनगुणस्थित्युपचारदृशा विबोध एवोक्तः ।१०३।

तदधिष्ठिते च चक्रे शारीरे बहिरथो भवेद्यागः ।

शक्तीति तदुदयस्थानं जन्माधारः। सुपथेति सुराणां ब्रह्मविष्णुरुद्राणां त्रित्वात् त्रिपथम्। शून्येति अन्याभावादेकवृक्षः। यदुक्तम्

'एकवृक्षः शिवः प्रोक्तः ....।'इति।।

निर्वचनेनेति यतो विबोध एव अनुग्राह्याणां वरणात्पाशानां च क्षपणात् वृक्ष उक्तः। गुणस्थितीति अन्यवैविक्त्यादेकान्त इव एकान्तः। उपचारेति

'तथाप्यस्य परं स्थानं हृत्पङ्कजसमुद्रकम्।'

---

३. चतुष्पथ— श्लोक ९४ में चतुष्पथ का वर्णन आ चुका है। इसका अर्थ वहाँ स्पष्ट किया गया है।

४. श्मशान— शवदाह स्थान। 'पंचमहाभूतों को उनके पूर्व रूप में लाने के लिये यहाँ अग्नि का आश्रय लेते हैं। महा श्मशान वाराणसी को कहते हैं।

५. एकान्त— समस्त सांसारिकता के आकर्षणों से शून्य निर्जन वह स्थान जहाँ साधक अकेले अपनी साधना सम्पन्न करता है।

६. शून्य वृक्ष— अन्य किसी पदार्थ के न रहने के कारण एकान्त शून्य में वृक्ष अकेला ही होता है। वृक्ष की नैरुक्त प्रक्रिया से व्युत्पत्ति करने पर इस का अर्थ शिव होता है। एक स्थान पर लिखा है कि,

"एकवृक्ष शिव को ही कहते हैं...............।" वृक्ष में व् + ऋ + क्ष तीन वर्ण हैं। व से वरण करना, ऋ से ज्ञान और क्ष से क्षय इन तीनों का यह एकत्र प्रयोग है। ज्ञान के वरण और पापों के क्षय का जो कारण है, वह वृक्ष है। पापों का क्षय शिव से होता है। अतः एकवृक्ष शिव ही कहे जाते हैं। इस नैरुक्त व्युत्पत्तिमयी व्याख्या में निर्वचन दृष्टि का आश्रय लिया गया है।

इत्युक्त्या तात्स्थ्यात् हृत्कमलं 'मञ्चाः क्रोशन्ति' इतिवत्। एवमन्यत्रापि ज्ञेयम्। तदधिष्ठित इति तच्छब्देन विबोधपरामर्शः।।१०२-१०३।।

अत एव बोधस्य सर्वत्र अविशेषात् तदैकात्म्यापत्तिरूपायां मुक्तौ न काचित् स्थानभेदकल्पनेत्याह

मुक्तये तन्न यागस्य स्थानभेदः प्रकल्प्यते ।।१०४।।
देशोपाया न सा यस्मात्सा हि भावप्रसादतः ।

जहाँ तक गुणों और स्थितियों का प्रश्न है, इन दोनों के आधार पर ही प्रत्येक व्यक्ति किसी पदार्थ की उपयोगिता को निर्धारित करता है। इसी तरह चौथी उपचार दृष्टि भी है। कहा गया है कि,

"फिर भी इसका सर्वोत्कृष्ट स्थान मुद्रायुक्त हृदय कमल ही है। समुद्र मुद्रायुक्त और सागर दोनों अर्थों में यहाँ प्रयुक्त है। यहाँ तात्स्थ्य दृष्टि से उपचार है। हृदय वहाँ है। कमलवत् है। अतः 'हृदय कमल' शब्द का 'मञ्च बोलते हैं' की तरह उपचारात्मक प्रयोग सार्थक दृष्टि से होता है। यही चार दृष्टियाँ हैं। जिनसे उक्त सातों स्थानों की महत्ता स्पष्ट होती है।

तदधिष्ठित शब्द का प्रयोग ऊपर के प्रसङ्ग में आया हुआ है। यहाँ तत् (उस) शब्द से विबोध का ही परामर्श करते हैं। अर्थात् साधना में साधक को वह जहाँ कहीं भी हो. चाहे चक्रों की आन्तर योग-यात्रा में हो या बाहर के स्थान में हो, सभी विबोध का परिवेश ही है, यह ध्यान देना चाहिये।।१०२-१०३।।

विबोध, अनुग्रह योग्य व्यक्तियों को अनुग्रहीत करने के साथ ही उनका वरण भी करता है। विबोध उनके पाशों का क्षय भी करता है। क्योंकि ईश का यह अनुग्रह सर्वत्र उपलब्ध है। इसलिये मुक्ति के लिये किसी याग के स्थानकल्पन की कोई आवश्यकता नहीं। मात्र विबोध ही पर्याप्त है। यह भगवान् भूतभावन का प्रकाश विग्रह है। इसके साक्षात्कार से मुक्ति हस्तामलकवत् हो जाती है। यही कह रहे हैं कि,

न च एतद् न्यायैकशरणमित्याह

उक्तं च श्रीनिशाचारे सिद्धिसाधनकाङ्क्षिणाम्।।१०५।।

स्थानं मुमुक्षुणा त्याज्यं सर्पकञ्चुकवत्त्विदम् ।

मुक्तिर्न स्थानजनिता यदा श्रोत्रपथं गतम् ।।१०६।।

गुरोस्तत्त्वं तदा मुक्तिस्तद्दार्ढ्याय तु पूजनम् ।

इदमिति नियतं पीठाद्यात्म स्थानम्। यदुक्तं तत्र

ऐसी स्थिति में मुक्ति के लिये किसी याग के स्थान भेद की प्रकल्पना नहीं होती। यह देशगत उपायों के वश की बात नहीं है। प्रकाश की चराचर व्यापिनी चेतना देश के सीमित परिवेश में नहीं रह सकती। अतः इसे देशोपाय से बहुत ऊपर मानते हैं। यह तो मात्र भाव के प्रसाद से ही समासादित हो सकती है। इसलिये इस साधना में भाव की प्रधानता होती है।।१०४।।

यह उक्ति मात्र नीतिगत आधार पर ही नहीं कही जा रही है। वरन् इसका आगमिक प्रामाण्य भी उपलब्ध है। वही कह रहे हैं कि,

श्री निशाचर शास्त्र इस सिद्धान्त की पुष्टि करता है। सिद्धियों में सर्वोत्तम मुक्तिरूपा सिद्धि की आकाङ्क्षा रखने वाले साधकों से सम्बन्धित विधान वहाँ वर्णित हैं। उनमें मुमुक्षुओं को यह निर्देश दिया गया है कि, मुमुक्षु द्वारा स्थान अर्थात् पीठ आदि का उसी प्रकार परित्याग कर देना चाहिये जैसे सर्प अपनी केंचुली का परित्याग कर देता है। यह ध्रुव सत्य है कि, मुक्ति स्थान जनिता नहीं होती। किसी स्थान विशेष से मुक्ति का कोई सम्बन्ध नहीं होता।

पूज्य गुरुवर्य के वागमृत के प्रतीक तत्त्ववत् मन्त्र जब भी श्रोत्र में (कान) में पड़ते हैं, उसी समय मुक्ति सुलभ हो जाती है। इसी की दृढ़ता के लिये पूजन का विधान होता है। पूजा का लक्ष्य मुक्ति की दृढ़ता ही है।

श्लोक १०६ की पहली अर्धाली में इदम् शब्द का प्रयोग किया गया है। वह पीठ आदि स्थान का ही विशेषण है। इस सम्बन्ध में निशाटन तन्त्र कहता है कि,

'कथितं पूर्वमेवं यन्मया तुभ्यं वरानने।
सिद्धिसाधनकं ह्येतद्विधानं सिद्धिकाङ्क्षिणाम्।।
मोक्षार्थी सर्वमेतत्तु सर्पकञ्चुकवत्त्यजेत्।
मुक्तस्तेनैव कालेन यदा श्रोत्रपथं गतम् ।।
गुरोर्वक्त्राद्विनिर्यातं ज्ञानं परमदुर्लभम्।
सकृज्ज्ञात्वा स्वसंवित्तिं किमन्यत्तु जिगीषति ।।'
इति।।१०५-१०६।।

ननु निरधिकरणस्तावद्यागो न भवेदिति मुमुक्षुणापि स्थानभेदोऽवश्याश्रयणीयः, तत्कथमेतदुक्तं मुक्तये यागस्य न स्थानभेद इतीत्याशङ्क्य आह

यत्र यत्र हृदम्भोजं विकासं प्रतिपद्यते ।।१०७।।
तत्रैव धाम्नि बाह्योऽन्तर्यागश्रीः प्रतितिष्ठति ।

"भगवान् शंकर पार्वती को सम्बोधित कर रहे हैं कि, हे समुखि प्रिये! तुमको मैंने पहले ही इस विषय में उपदेश किया है कि, सिद्धि की आकांक्षा करने वाले लोगों की सिद्धि का साधक यह उक्त विधान है किन्तु मुमुक्षु साधक को इसका उसी तरह परित्याग करना चाहिये जैसे सर्प अपना पुराना निरुपयोगी निर्मोक उतार फेंकता है।

मुक्ति तो उसी समय प्रत्यक्ष होने लगती है, जिस समय गुरु के मुखारविन्द से मकरन्द-रस के समान उपदेश का अमृत शिष्य के कानों में आ पड़ता है। उस वाक् सुधा से उसका हृदय अभिषिक्त हो उठता है। उपदेश के प्रभाव से स्वात्म संवित्ति में उद्रेक हो जाता है। शिष्य एक बार उसे जान भर ले, इतना ही पर्याप्त है। इससे बढ़ कर कोई तत्त्व विजिज्ञासितव्य नहीं होता।।१०५-१०६।।

प्रश्न है कि कोई याग विना किसी आधार के विहित नहीं होता। इसलिये मुमुक्षु द्वारा भी ज्ञान यज्ञ के लिये किसी विशेष स्थान का आश्रय लेना ही चाहिये। फिर यह क्यों लिखा गया कि, मुक्ति के लिये याग स्थल की कोई उपयोगिता नहीं? इस पर कह रहे हैं—

ननु तत्रापि पीठादिगमनेन सौकर्यं किं न स्यादित्याशङ्क्य आह

नान्यत्रगत्या मोक्षोऽस्ति सोऽज्ञानग्रन्थिकर्तनात् ।१०८।
तच्च संविद्विकासेन श्रीमद्वीरावली पदे ।

तदिति अज्ञानग्रन्थिकर्तनम्। नच स्वोपज्ञमेवोक्तमित्युक्तं श्रीमद्वीरावलीपदे इति।।१०८।।

गुरूणां पुनरयमाशयो यदुभयत्रापि भावप्रसाद एव निमित्तमित्याह

गुरवस्तु विमुक्तौ वा सिद्धौ वा विमला मतिः।१०९।।
हेतुरित्युभयत्रापि यागौको यन्मनोरमम् ।

जहाँ जहाँ हृदय का अरविन्द मुकुल से प्रसून बन कर पूर्णरूप से खिल उठता है, वहीं वहीं उसी धाम रूपी बाह्य दिव्य स्थान में अन्तर्याग की लक्ष्मी प्रत्यक्ष साक्षात् मानो मुक्ति के विग्रह रूप में प्रतिष्ठित हो जाती है।।१०७।। इस पर पुनः यह शङ्का कर रहे हैं कि, इस स्थिति में भी पीठ आदि का आश्रय लेने से सौकर्य और सौविध्य तो हो ही सकता है? यह क्यों नहीं स्वीकार करते? इसका उत्तर दे रहे हैं—

मोक्ष किसी पीठ आदि दूसरे स्थान का आश्रय लेने से नहीं मिला करता। मोक्ष तो वस्तुतः अज्ञान की गाँठ के काट कर फेंक दिये जाने पर ही उपलब्ध होता है। यहाँ कर्त्तन शब्द का प्रयोग सार्थक है। गाँठ के खुलने पर पुनः गाँठ की सम्भावना रहती है पर अज्ञान का धागा जब काट दिया जाता है, तो उसे पुनः जोड़ने का कोई प्रश्न ही नहीं होता। और यह ग्रन्थिभेदन संविद् तत्त्व के विकास से ही सम्भव है। यह सत्य श्रीमद्वीरावली नामक शास्त्र में वर्णित है। उपनिषद् की भाषा में यही भिद्यते हृदयग्रन्थिः छिद्यन्ते सर्व संशयाः, श्लोक रूप से व्यक्त किया गया है।।१०८।।

किसी सिद्धान्त की स्थापना के लिये गुरुजनों के जो आदेश होते हैं, उनका आशय शब्द में नहीं, उसके अर्थ और भाव की ओर निहित होता है। यही बात याग के पक्ष में लागू होती है। चाहे भोग की सिद्धि हो यो मोक्ष की उपलब्धि का प्रश्न हो, दोनों स्थानों पर भाव प्रसाद का प्रधान्य होता है— यही कह रहे हैं—

यत् मनोरमं, तत् यागौक इति विधिः। अत एव तत्र तत्र अविशेषेणैव

'तत्रादौ यागसदनं शुभक्षेत्रे मनोरमम् ।'इति,

तथा

'एकान्ते विजने रम्ये.................... ।' इति,

तथा

.......................यत्र वा रमते मनः।'

इत्युक्तम्।।१०९।।

पूज्य गुरुजनोंकी यह मान्यता है कि, चाहे विमुक्ति की मनीषा हो या सिद्धि की समीहा हो, इन दोनों के उद्देश्य की पूर्त्ति में कारण विमल मति मात्र ही है। इसी लिये 'याग स्थान वही उत्तम होता है, जहाँ अपना मन रम जाय, जो मनोरम हो' यह उक्ति प्रचलित हो गयी है।

एक तरह की यह विधि ही है कि 'यागगृह वही है, जो मनोरम हो'। इसीलिये स्थान स्थान पर इस सम्बन्ध में शास्त्रों में निर्देश हैं। यहाँ तीन उद्धरण दे रहे हैं—

१. "दीक्षा के आरम्भ में यागसदन का चयन होना चाहिये। इसमें दो बातें मुख्यतया विचारणीय हैं। १. शुभक्षेत्र में होना चाहिये। २. सदन शब्द का विशेषण मनोरम शब्द है। इससे यह सिद्ध होता है कि, मन जहाँ रम जाये, वही सर्वोत्तम स्थान है। यह दृष्टि मुख्य रूप से मान्य है"

२. 'याग सदन एकान्त में हो, निर्जन, स्थान हो और सबसे प्रधान दृष्टि है कि, वह रम्य हो"। रम्यता वहीं होती है। जहाँ मन रम जाता है।

३. "अथवा जहाँ मन रमा होता है" (वही स्थान योगसदन के लिये सर्वोत्तम है)

इन उद्धरणों से भावप्रसाद का प्राधान्य ही सिद्ध होता है। इसलिये याग स्थान वहीं बनना चाहिये, जहाँ मन रम जाय। यही उत्तम दृष्टि है।।१०९।।

ननु तत्तद्देशकालादिसामग्रीवशेन सा सा सिद्धिः समुन्मिषतीति सर्वत्र उक्तं, तत्कथं तत्र भाववैमल्यमेव निमित्ततां यायादित्याशङ्क्य आह

नियतिप्राणतायोगात्सामग्रीतस्तु यद्यपि ।।११०।।
सिद्धयो भाववैमल्यं तथापि निखिलोत्तमम् ।

ननु देशादौ निखिलेऽपि उपकरणजाते सति अस्यैव कस्मादुत्तमत्वमित्याशङ्क्य आह

विमलीभूतहृदयो यत्तत्र प्रतिबिम्बयेत्।।१११।।
साध्यं तदस्य दार्ढ्येन सफलत्वाय कल्पते ।

तत्रेति विमलीभूते हृदये। तदिति साध्यम्।।१११।।

प्रश्न है कि, किसी कार्यविधि में देश और काल का बड़ा महत्त्व होता है। विभिन्न देश और काल की सामग्री के बल से विविध समीहित सिद्धियों का समुन्मेष होता है। यह बात भी शास्त्रों में सर्वत्र उल्लिखित है पर यहाँ वैमल्य पर ही बल प्रदान किया गया है। ऐसा क्यों? इस आशङ्का का उत्तर दे रहे हैं कि,

यद्यपि सिद्धियों की उपलब्धि में नियति प्राणवत्ता, सामग्री और भाववैमल्य ये चार कारण माने जाते हैं, फिर भी इनमें भाववैमल्य ही सर्वश्रेष्ठ होता है।।११०।।

शिष्य कहता है कि गुरुदेव! देश आदि में सारे उपकरण उपलब्ध रहते हैं फिर भी भाव वैमल्य की प्रधानता का क्या आधार है? इस शङ्का का समाधान कर रहे हैं—

विमल हृदय अर्थात् निर्मल मन वाला मनुष्य अपने मन में जिस लक्ष्य की कामना करता हुआ लक्ष्य को प्रतिबिम्बित करता है— वही लक्ष्य दृढता पूर्वक सफलता में प्रतफलित हो जाता है। अर्थात् समीहित दृढ़ इच्छाशक्ति से सफलता अनिवार्यत: सम्पन्न होती है।।१११।।

किमत्र प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

उक्तं श्रीसारशास्त्रे च निर्विकल्पो हि सिद्ध्यति ।।११२।।
क्लिश्यन्ते सविकल्पास्तु कल्पोक्तेऽपि कृते सति ।

महाजनैरपि एतत् परिगृहीतमित्याह

तदाक्रम्य बलं मन्त्रा अयमेवोदयः स्फुटः ।।११३।।
इत्यादिभिः स्पन्दवाक्यैरेतदेव निरूपितम् ।

यदुक्तं तत्र

'तदाक्रम्य बलं मन्त्राः सर्वज्ञबलशालिनः ।
प्रवर्तन्तेऽधिकाराय करणानीव देहिनाम् ।।

आगम प्रामाण्य से इसका समर्थन कर रहे हैं—

श्री सार शास्त्र में यह लिखा गया है कि, निर्विकल्प अर्थात् मन के नैर्मल्य से स्वच्छचेता साधक साध्य की सिद्धि निश्चित रूप से कर लेता है। जितने सविकल्प पथ पर आरूढ रहते हैं, वही क्लेश का अनुभव करते हैं। भले ही वे कल्प पर्यन्त कल्पोक्त नियमों में लगे रहें, उन्हें सिद्धि नहीं प्राप्त होती है।।११२।।

महाजनों द्वारा प्रथमतः परिगृहीत यही पन्था है। यही कह रहे हैं—

जो साधक उस निर्विकल्प भूमि को अतिक्रान्त कर लेता है, वह बल का प्रतीक बन जाता है। उसके मन्त्रों में बलवत्ता अर्थात् ऊर्जा ओत प्रोत हो उठती है। यही साधक का सिद्धि के धरातल और साधना के क्षितिज पर स्फुट रूप से अर्थात् स्पष्ट रूप से उदय माना जाता है। इत्यादि स्पन्द शास्त्रोक्त इन वचनों द्वारा भी निरूपित किया गया है। स्पन्द शास्त्र की उक्ति का अर्थ इस प्रकार अवगम करना चाहिये—

उसको अतिक्रान्त कर ही बल की उपलब्धि सम्भव है। मन्त्रों में इससे प्राणवत्ता आती है। वे सर्वज्ञ बलशाली हो जाते हैं। साधकों के शरीर में मन्त्रों का प्रवर्त्तन उसी प्रकर होता है, जैसे इन्द्रिय वर्ग का अपने क्षेत्र में अधिकार पूर्ण प्रवर्त्तन होता है। पर एक बहुत बड़ी बात है। बीज अंकुरित होता है। शाखायें

तत्रैव संप्रलीयन्ते शान्तरूपा निरञ्जनाः ।
सहाराधकचित्तेन तेनैते शिवधर्मिणः ।।(२।२)

इति उपक्रम्य

अयमेवोदयस्तस्य ध्येयस्य ध्यायिचेतसि ।
तदात्मतासमापत्तिरिच्छतः साधकस्य या ।।
इयमेवामृतप्राप्तिरयमेवात्मनो ग्रहः ।
इयं निर्वाणदीक्षा च शिवसद्भावदायिनी ।।'
(२।६) इति।।११३।।

फूटती है। टहँनियाँ निकलती हैं। पत्तों में वही बीज वृक्ष बन कर खेलता है। उसमें फूल आ जाते हैं। मानो वृक्ष खिल उठा। मानो वृक्ष उन फूलों में फलों में विलीन हो गया। उसे जो होना था, हो गया। अब वह शान्त और निरञ्जन हो गया है। सर्वज्ञ ज्ञान में साधक भी प्रलीन हो जाता है, शान्त और निरञ्जन हो जाता है। मन्त्र बन जाता है। साधक और मन्त्र में कोई अन्तर नहीं रह जाता है। दोनों शिवधर्मिता से सम्पन्न थे। अब उनकी यह शैव महाभाव की यात्रा पूरी होती है। अब आराधक, उसका चित्त, उसके मन्त्र और मन्त्रों की ऊर्जा सब साधक शिव के साकार विग्रह में उल्लसित होकर विश्व को शैव ऊर्जा से विभूषित कर देते हैं।''

इतने उपक्रम मन्त्र, उसकी अतिक्रान्ति, मन्त्र से बल और उसकी परिणति की उक्ति के बाद पुनः २।६ में इसी विषय में कह रहे हैं कि,

यही उस परम स्पन्दात्मक शिव का उदय है। ध्येय की अवधारणा का उल्लास है। ध्याता की हृदय रूपी चैतन्य-मरीचियों से चमत्कृत वेदी पर चेतना का चिद्विलास है। तादात्म्य की समापत्ति का साक्षात्कार है। वृक्ष की अन्तिम चेतन परिणति और उसके फूलों का हास विलास है। वृक्ष ही मानो हास बन गया हो। उसी तरह साधक की चाह चरितार्थ हो गयी है। अब साधक शिव बन गया है। उसके अस्तित्व का फूल खिल गया है।

एतदेव उपसंहरति

तस्मात्सिद्ध्यै विमुक्त्यै वा पूजाजपसमाधिषु ।।११४।।
तत्स्थानं यत्र विश्रान्तिसुन्दरं हृदयं भवेत् ।

एवं स्थानकल्पनमभिधाय, सामान्यन्यासभेदमासूत्रयति

यागौकः प्राप्य शुद्धात्मा बहिरेव व्यवस्थितः ।।११५।।
न्यासं सामान्यतः कुर्याद्बहिर्यागप्रसिद्धये ।

यही अमृत प्राप्ति है। चिदैक्यदार्ढ्य का अमृत जिसने पी लिया, वही अमर है। अमरता हमारा अन्तिम लक्ष्य है। 'मृत्योर्मा अमृतं गमय' की चरम चामत्कारिकता का निश्च्योत है। अमृतद्रव से अभिषेक है। आत्मा यहाँ पकड़ में आ गया है। वह हमारी सत्ता में रूपायित होने के लिये विवश हो गया है। हम चलते हैं। तो वही चलता है। हमारी क्रिया में वही सक्रिय है। हमारा ज्ञान उसका प्रकाश बन कर जगत्वस्तु को दिखला देता है। वह हमारी पकड़ में है। वह 'अहम्' में उल्लसित हो गया है। यही निर्वाण दीक्षा है। यही दीक्षा शिव के सत् को भाव में (जगत् में) पिरो देती है। शैव सद्भाव की परम व्याप्ति में साधक का जीवन समा जाता है। पेड़ फूल की खुशी में समा जाता है। उसकी निर्वाण दीक्षा पूरी हो गयी है"।।११३।।

इतना कहने के बाद अब इस विषय का उपसंहार कर रहे हैं। श्लोक के माध्यम से कह रहे हैं कि,

इसलिये चाहे सिद्धि का उद्देश्य हो, विमुक्ति का लक्ष्य हो, दोनों बुभुक्षा या मुमुक्षा की दशाओं में पूजा प्रक्रिया, जप और समाधि के लिये वही स्थान ग्राह्य और चयनीय होता है, जो विश्रान्ति प्रद हो और सुन्दर हो। हृदय ही हो। मन वहाँ आत्यन्तिकरूप से रम जाय। मानो स्थान ही रम्यता के रूप में परिणत हो जाय।।११४।।

स्थान कल्पन का यह प्रकरण इस प्रकार पूरा कर लेने पर अब नये विषय न्यास भेद का आसूत्रण कर रहे हैं—

तदेव आह

मातृकां मालिनीं वाथ द्वितयं वा क्रमाक्रमात् ।।११६।।
सृष्ट्यप्ययद्वयैः कुर्यादेकैकं संघशो द्विशः ।

क्रमाक्रमादिति आदौ मातृका, ततो मालिनी, तद्विपर्ययो वा। अप्यः संहारः। एकैकमिति सृष्ट्याद्यन्यतमरूपतया। संघश इति सृष्ट्यादित्रैरूप्येण। द्विशो मातृकामालिनीगतत्वेन।।११५-११६।।

एतदेव विभजति

ललाटवक्त्रे दृक्कर्णनासागण्डरदौष्ठगे ।।११७।।
द्वये द्वये शिखाजिह्वे विसर्गान्तास्तु षोडश ।

शुद्धात्मा शिष्य यागगृह प्राप्त कर लेने पर बाहर ही अवस्थित होकर बहिर्याग की विशेष सिद्धि के उद्देश्य की पूर्त्ति के लिये सामान्यतः सर्वप्रथम विहित न्यास की विधि पूरी करे।।११५।।

न्यास विधि के सम्बन्ध में आवश्यक और प्रारम्भिक निर्देश दे रहे हैं—

सर्वप्रथम मातृकान्यास करे अथवा पहले मालिनी न्यास ही करे। दोनों में से किसी का पहले करने का विधान है। क्रम और अक्रम का यहाँ ध्यान नहीं दिया जाता। दोनों में से किसी को पहले अपना ले। इसमें कोई विधि निषेध नहीं है।

चाहे सृष्टि क्रम या संहार क्रम का विधान हो दोनों को चाहे तो एक साथ मिलाकर, या तीनों सृष्टि, स्थिति और संहार को मिलाकर, एक एक से या संघ अर्थात् समूह में न्यास करें, किसी प्रकार का यहाँ विरोध नहीं। हाँ न्यास करना आवश्यक है।।११६।।

न्यास को ही यहाँ विभजित कर रहे हैं—

ललाट, मुख में एक एक से इसके बाद आँखें, कान, नासिका, दाँत, ओठ दोनों दोनों में दो दो अक्षर से तथा शिखा और जीभ में एक एक अक्षर से न्यास करे। इस प्रकार सोलह स्वरों का षोडशधा न्यास करना चाहिये।

दक्षान्ययोः स्कन्धबाहुकराङ्गुलिनखे कचौ ।।११८।।
वर्गौ टतौ क्रमात्कट्यामूर्वादिषु नियोजयेत् ।
पवर्गं पार्श्वयोः पृष्ठे जठरे हृद्यथो नव ।।११९।।
त्वग्रक्तमांससूत्रास्थिवसाशुक्रपुरोगमान् ।
इत्येष मातृकान्यासो मालिन्यास्तु निरूप्यते ।।१२०।।

द्वये द्वये इति दृगादौ दक्षवामरूपेण। रदादौ तु अधऊर्ध्वक्रमेण। क्रमादिति दक्षवामजङ्घारूपात्। ऊर्वादीति आदिशब्दात्पादाङ्गुलिनखग्रहणम्। पार्श्वयोरिति दक्षवामयोः। सूत्राणि स्नायवः। तदुक्तम्

---

१. मातृका न्यास— दाहिने और बायें कन्धे, बाहु कराङ्गुलियाँ और नख में क्रमशः कवर्ग और चवर्ग का न्यास करना चाहिये। ट वर्ग और त वर्ग का भी उसी दक्षिण वाम भाग की दृष्टि से नितम्ब, ऊरु, जानु, जङ्घा और पादाङ्गुलि में न्यास करना चाहिये। प वर्ग का न्यास दोनों पार्श्व भाग पीठ, जठर हृदय में करना चाहिये। इसी तरह य वर्ग का न्यास भी त्वक्, रक्त, मांस और सूत्र (नाड़ियों) में करना चाहिये। श वर्ग का न्यास अस्थि, वसा, शुक्र, पुरोगम (प्राणकोष) में करना उचित है। इसके बाद मालिनी न्यास की बात करेंगे।

१. स्वरन्यास—अन्यत्र आगम में इसे इस प्रकार स्पष्ट से प्रदर्शित किया गया है—

क्रम	अंग	वर्ण	क्रम.	अंग	वर्ण
१.	ललाट	अ	६.	कपोल पाली	ऌ ॡ
२.	मुख	आ	७.	ऊपर नीचे दंत	ए ऐ
३.	दोनों नेत्र	इ ई	८.	ऊपर नीचे ओठ	ओ औ
४.	दोनो कान	उ ऊ	९.	शिखा	अं
५.	नासापुट	ऋ ॠ	१०.	जीभ	अः

'अ ललाटे द्वितीयं च वक्त्रे संपरिकल्पयेत्।
इ ई नेत्रद्वये दत्त्वा उ ऊ कर्णद्वये न्यसेत्।।
ऋ ॠ नासापुटे तद्वत् ऌ ॡ गण्डद्वये न्यसेत्।
ए ऐ अधोर्ध्वदन्तेषु ओ औकारौ तथोष्ठयोः।।
अं शिखायां विसर्गेण जिह्वां संपरिकल्पयेत्।
दक्षिणस्कन्धदोर्दण्डकराङ्गुलिनखेषु च।।

यहाँ वर्णन्यास का क्रम प्रदर्शित किया जा रहा है—

क्रम	वर्ग	अंग	वर्ण
१.	कवर्ग	दाहिना कंधा	क
		दाहिना बाहु हस्त	ख, ग
		दाहिनी अंगुलियां	घ
		दाहिने नख	ङ
२.	चवर्ग	वाम स्कन्ध	च
		वाम बाहु हस्त	ज
		वाम अंगुलियाँ	झ
		वाम नख	ञ
३.	टवर्ग	दक्ष नितम्ब	ट
		,, ऊरु	ठ
		,, जानु	ड
		,, जंघा	ढ
		,, पादपृष्ठ	ण
४.	तवर्ग	वाम नितम्ब	त
		,, ऊरु	थ
		,, जानु	द
		,, जंघा	ध
		,, प्रपद	न

कवर्गं विन्यसेद्वामे तद्वच्चाद्यमनुक्रमात् ।
टताद्यौ पूर्ववद्वर्गौ नितम्बोर्वादिषु न्यसेत् ।।
पाद्यं पार्श्वद्वये पृष्ठे जठरे हृद्यनुक्रमात् ।
त्वग्रक्तमांससूत्रेषु यवर्गं परिकल्पयेत् ।।
शाद्यमस्थिवसाशुक्रप्राणकोशेषु पञ्चकम् ।' इति।

५.	पवर्ग	दक्षपार्श्व	प
		वाम पार्श्व	फ
		पृष्ठ	ब
		जठर	भ
		हृदय	म
६.	यवर्ग	त्वक्	य
		रक्त	र
		मांस	ल
		स्नायु	व
७.	शवर्ग	अस्थि	श
		वसा	ष
		शुक्र	स
		प्राण	ह
		कोश	क्ष
८.	चक्रेश्वर	व्यञ्जनवर्ग	क्ष
		स्वर वर्ग	
		१ + ८ = ९ पद न्यास	

एतद्वाच्याश्च पञ्चाशद्रुदा एकीकाराह्निके वक्ष्यन्ते इति तत एव अवधार्याः।। मालिनीन्यासमेव निरूपयति

न शिखा ऋॠलृॡचशिरोमालाथमस्तकम्।
नेत्राणि चोर्ध्वे धोऽन्ये ई घ्राणं मुद्रे णु णू श्रुती।।१२१।।

बकवर्गइआ वक्त्रदन्तजिह्वागिरि क्रमात्।
वभयाः कण्ठदक्षादिस्कन्धयोर्भुजयोर्डढौ ।।१२२।।

इसप्रकार से स्वर वर्ग के साथ स्पर्श, ऊष्मा और अन्तस्थ तीन भेदों के सात वर्गों को मिलाकर आठ वर्ग होते हैं। देह के अङ्गों में मातृका के ५० अक्षर न्यस्त किये जाते हैं। अब यहाँ से शरीर के अङ्गों में मालिनी का किस प्रकार न्यास किया जाता है। इसका सन्दर्भ पूर्वक वर्णन किया जायेगा।।११७-१२०।।

मालिनी न्यास का क्रम ही निरूपित कर रहे हैं। मालिनी में भी उतने ही अक्षर होते हैं। केवल क्रम का अन्तर है। यह क्रम भी वर्णविज्ञान का चामत्कारिक आविष्कार है—

क्रम	वर्ण	अङ्ग
१.	न	शिखा
२.	ऋ, ॠ, लृ ॡ	शिरोमाला
३.	य	मस्तक (शिर का ऊर्ध्व भाग)
४.	च, ध	ललाटस्थ नेत्र (च) दक्ष वाम (ध)
५.	ई	नासिका
६.	ण उ, ऊ	श्रुति (ण कर्ण) उ ऊ (कर्णआकार)
७.	ब	वक्त्र
८.	कवर्ग	दन्त
९.	इ	जीभ
१०.	अ	वाक्

ठो हस्तयोर्झञौ शाखा ज्रटौ शूलकपालके ।
प हृच्छलौ स्तनौ क्षीरमा स जीवो विसर्गयुक्।।१२३।।

प्राणो हवर्णः कथितः षक्षावुदरनाभिगौ ।
मशान्ता कटिगुह्योरुयुग्मगा जानुनी तथा ।।१२४।।

एऐकारौ तत्परौ तु जङ्घे चरणगौ दफौ ।

शिरोमाला कपालारम्भिका। मस्तकमिति तन्मध्यम्। ऊर्ध्वें इति ललाटे। अन्ये इति दक्षवामे। णु णू श्रुती मुद्रे इति आर्थः क्रमः, तेन णकारः कर्णौ, तद्भूषणमुकार ऊकारश्च। यच्छ्रीसिद्धातन्त्रं

११.	व, भ, य	कण्ठ (व) स्कन्ध (दक्ष (भ) वाम य))
१२.	ङ	दक्षबाहु
१३.	ढ	वाम बाहु
१४.	ठ	दोनों हाथ
१५.	झ, ञ	दक्ष वाम अंगुलियाँ
१६.	ज र ट	शूलशिखा (ज) शूलदण्ड (र), कपाल (ट)
१७.	प	हृदय
१८.	छ ल	दक्षवाम स्तन
१९.	आ	स्तनान्तर्गत क्षीर
२०.	स,: विसर्ग ह	आत्मा (स) प्राण (:) मुख्य प्राण (ह)
२१.	ष, क्ष, अं	उदर, नाभि, शुक्र
२२.	म, श त	कटि, गुह्य और दोनों ऊरु
२३.	ए ऐ	दक्ष वाम जानु
२४.	ओ औ	दक्ष वाम जंघा
२५.	द फ	दक्ष वाम चरण

'झसप्तमौ स्थितौ कर्णौ तयोर्मुद्रे तु ईपरौ।' इति।

आ इति अकारस्य बहुवचने रूपम्। आदिना वामः स्कन्धः, तेन दक्षिणे स्कन्धे भ, वामे य। भुजयोर्दक्षवामयोः। शाखा दक्षवामकराङ्गुलयः। त्रेति दण्डेन सह शूलम्, तेन शूलस्य दण्डे रेफः, शिखासु जकारः, स च उत्तानो येन साक्षात् शूलत्वं स्यात्। यच्छ्रीसिद्धातन्त्रे

'दक्षिणे च करे ज्ञेयं शूलं दण्डे पसप्तमः ।
उत्तानस्तु प्रदातव्यः खकारस्य तु सप्तमः ।।
साक्षाच्छूलं भवेदेवं युक्तं शृङ्गैस्त्रिभिः प्रिये ।' इति।

जीव इति आत्मा सामान्यप्राणात्मा च। तयोश्च अभेदादेकतया निर्देशः, तेन साक्षादात्मनि सकारः, प्राणात्मनि तु विसर्गः। प्राण इति विशिष्टः। इति

इस प्रकार से मालिनी के भी उक्त (पचास) वर्णों का विन्यास शरीर के निर्दिष्ट अङ्गों पर किया जाता है। कुछ स्थलों पर विशेष ध्यान देने से अर्थ संगति होती है। जैसे—

१. श्लोक १२१ में नेत्राणि और 'धो' के बीच में चोर्ध्वे आया है। इससे ऊर्ध्व तीसरा नेत्र 'च' और दक्षवाम 'ध' होते हैं। इसी श्लोक में मुद्रे आया है। इस सम्बन्ध में श्री सिद्धा तन्त्र का उद्धरण दिया गया है। ''झ से सातवाँ वर्ण अर्थात् 'ण' दोनों कानों पर न्यस्त होता है। दोनों कानों की मुद्रायें ई के पर भाग में आने वाले वर्ण अर्थात उ और ऊ हैं।'' कानों की मुद्राओं का अर्थ उनके आभूषण या आकार ही हो सकते हैं।

२. पसप्तम र कार होता है। ख कार का सातवाँ अक्षर 'ज' है।

३. जीव (श्लोक १२३) शब्द आत्मा, सामान्य प्रणात्मा अर्थ में प्रयुक्त है। विशेष प्राण का पृथक् निर्देश है। इन तीनों में स, विसर्ग और ह का न्यास किया जाता है।

श्री त्रिशिरो भैरव शास्त्र में नादिनी से लेकर फेत्कारिणी नामक ५० शक्तियों का पृथक पृथक् नाम निर्देश है। वहीं का ग्रन्थ उद्धृत कर रहे हैं।

मकारशकारानुसारतकाराः। जान्वादि दक्षादिक्रमेण। तत्परौ ओऔकारौ। एतद्वाच्याश्च पञ्चाशत् नादिन्यादिफेत्कारिकान्ताः शक्तयस्तत्र तत्र उक्ताः। तथाच श्रीत्रिशिरोभैरवः

'नादिनी तु शिखाग्रस्था नकाराक्षरसंज्ञिता।
ऋ ॠ लृ लॄ निवृत्त्याद्या मालिका शिरसि स्थिता।।
थ शिरोग्रं सती देवी ध नेत्रे प्रियदर्शना।
ई गुह्यशक्तिर्नासास्था व्याप्तास्ते नेत्रमध्यतः।।
व्यापयित्वा स्थिता देवी च तृतीयं च लोचनम्।
चामुण्डा परमेशानी ललाटस्था विराजते।।
बकारो वदनं तस्या वज्रिणी शक्तिरव्यया।
कवर्गो दशनास्तीक्ष्णाः कङ्कटा कालिका शिवा।।

इस उद्धृत अंश का अर्थ इस विवरण से स्पष्ट हो जायेगा—

क्रम	वर्ण	वर्ण शक्ति के नाम	न्यासाङ्ग
१.	न	नादिनी	शिखाग्र
२.	ऋ ऋ लृ लॄ	निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ता	शिरो माला
३.	थ	सती (उमा)	मूर्ध्नि शिरोग्र
४.	ध	प्रियदर्शिनी	नेत्र (दक्षवाम)
५.	ई	गुह्यशक्ति	(ये दोनों शक्तियाँ) नासिका नेत्र मध्य में व्याप्त हैं।
६.	च	चामुण्डा परमेशानी	ललाटस्थ तृतीय नेत्र
७.	ब	अव्यय वज्रिणी शक्ति	वदन
८.	क ख ग घ ङ	कङ्कटा, कालिका, शिवा घोरघोष शिविरा	दन्त पंक्ति

घोरघोषा शिविराख्या कवर्गे संप्रकीर्तिताः ।
मायादेवी जिह्वा तु अ वाग्वागीश्वरी मता ।।
नारायणी ण कर्णौ तु तयोरु ऊ च भूषणम् ।
मोहनी च तथा प्रज्ञा व कण्ठशिखिवाहनी ।।
लामा विनायिकी देवी डढौ बाहुद्वयं विभोः ।
पूर्णिमा हस्तदेशस्था ठकाराख्या विभोर्मता ।।
झङ्कारी कुन्दना चैव झ-ञावङ्गुलयः क्रमात् ।
कापालिनी वामकरे टकारः परमेश्वरी ।।
दीपनी शूलदण्डश्च रेफः सम्यगुदाहृतः ।
ज जयन्ती भवेच्छूलं देवदेव्या महेश्वरि ।।

९.	इ	माया देवी	जिह्वा
१०.	अ	वागीश्वरी	वाक्
११.	ण	नारायणी	दोनों कान
१२.	उ ऊ	मोहिनी, प्रज्ञा	कर्णभूषण
१३.	व	शिखिवाहिनी	कण्ठ
१४.	ड ढ	लामा विनायिकी	दोनों बाहु
१५.	ठ	पूर्णिमा	हस्त
१६.	झ	झङ्कारी, कुन्दना,	दक्षअंगुलियाँ
	ञ	कापालिनी	वाम अंगुलियाँ
१७.	ट	परमेश्वरी	कपाल
१८.	र	दीपनी	शूलदण्ड
१९.	ज	जयन्ती	शूलाग्र
२०.	भ य	भीषणी वायुवेगा	दक्ष वाम स्कन्ध
२१.	प	पावनी	हृदय में लग्न

भीषणी वायुवेगा च स्कन्धयोरुभयोर्भ–यौ ।
पावनी तु प हृल्लग्ना उदरं षश्च लम्बिका ।।
संहारिका क्षकारोऽयं नाभौ देवस्तु भैरवि ।
छगली पूतना चेति स्तनौ छ– लौ प्रकीर्तितौ ।।
आ मोटरी तद्गतं तु क्षीरमा परिकीर्तितम् ।
परमात्मा सकारोऽयं ह प्राणः शक्तिरम्बिका ।।
इच्छाशक्तिर्विसर्गाख्या व्याप्य प्राणात्मनि स्थिता ।
म नितम्बं महाकाली श गुह्यं कुसुमायुधा ।।
शुक्रा देवी भवेच्छुक्रमनुस्वारस्तु भैरवी ।
तारा तकार ऊरुस्था ए ऐ ज्ञानाक्रिये उभे ।।

२२.	ष	लम्बिका	उदर
२३.	क्ष	संहारिका	नाभि
२४.	छ	छगली	दक्ष स्तन
२५.	ल	पूतना	वाम स्तन
२६.	आ	मोटरी	स्तनगत क्षीर
२७.	स	परमात्मा	जीव
२८.	ह	अम्बिका शक्ति	प्राण
२९.	: (विसर्ग)	इच्छा शक्ति	पञ्चप्राण
३०.	म	महाकाली	नितम्ब
३१.	श	कुसुमायुधा	गुह्य
३२.	(अनुस्वार)	भैरवी शुक्रा	शुक्र
३३.	त	तारा	दक्षवाम ऊरु
३४.	ए ऐ	ज्ञान क्रिया	दक्षवाम जानु
३५.	ओ औ	गायत्री सावित्री	दक्षवाम जंघा
३६.	द फ	दहनी फेत्कारिका	दक्षवाम प्रपद

जानुनी संस्थिते देवी भैरव्यास्तु महात्मनः ।
गायत्री चैव सावित्री ओ औ जङ्घे प्रकीर्तिते ।।
दहनी दक्षपादस्था वामे फेत्कारिका द–फौ ।' इति।

एतच्च श्रीमतभट्टारकादावपि सृष्टिसंहारभङ्ग्या उभयथा विभज्य उक्तमिति स्वयमेव ततोऽपि अवधार्यम्, ग्रन्थविस्तरभयात्तु प्रातिपद्येन न संवादितम्।

तस्या एव उपसंहारगर्भं स्वरूपमाचष्टे

इत्येषा मालिनी देवी शक्तिमत्क्षोभिता यतः ।१२५।।
कृत्यावेशात्ततः शाक्ती तनुः सा परमार्थतः ।इति।।

एवमुक्ता एषा भगवती यतः शक्तिमता

'बीजमत्र शिवः.........................।'(मा. वि. ३।१२)

इत्युक्त्या वाच्यवाचकयोरभेदादवर्गेण क्षोभिता विसंष्ठुलतां स्वसांमुख्यं च आपादिता, ततः कृतिक्रियाकर्मण्यावेशात् सा परमार्थतः शाक्ती तनुर्बहिरुल्लिलसिषायोगादुन्मग्ननिजस्वरूपेत्यर्थः।।१२५।।

श्रीमत् भट्टारक शास्त्र में भी सृष्टि और संहार क्रम की दृष्टि के अनुसार दो प्रकार से विभक्त कर इस विषय का वर्णन किया गया है। स्वतः स्वाध्याय के आधार पर इनका निर्धारण करना चाहिये।।१२१-१२४।।

इतना विशद वर्णन करने के बाद मालिनी के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालने के साथ ही सिद्धि विषयक उसकी उपयोगिता के वर्णन का उपक्रम कर रहे हैं—

इस प्रकार ऊपर के विश्लेषण के आधार पर मालिनी देवी की दिव्यता का एक वाङ्मयमनोज्ञ रूप सामने प्रत्यक्ष सा हो रहा है। ऐसी ही यह मालिनी देवी है। शक्तिमान् के द्वारा ही यह सम्पन्न क्षोभात्मक साक्ष्य का ही वैलक्षण्य है, जो पञ्चाशत् अक्षर समाम्नाय में स्वयं प्रत्यक्ष हो रहा है।

कृति के आवेश से यह शाक्ती हो जाती है। शाक्त शरीर इसका पारमार्थिक शरीर है। मालिनी विजयोत्तरतन्त्र ३।१२ में यह स्पष्ट उल्लेख है कि,

"शिव ही यहाँ बीज (हैं)................।"

अत एव अस्याः सिसृक्षाभिमुख्यात् निखिलसिद्धद्यादिवितरणे परं सामर्थ्यमित्याह

अन्योन्यं बीजयोनीनां क्षोभाद्वैसर्गिकोदयात् ।।१२६।।
कां कां सिद्धिं न वितरेत्किं वा न्यूनं न पूरयेत् ।

तदुक्तम्

'अथान्यत्संप्रवक्ष्यामि मालिन्याः कर्म चोत्तमम् ।
वश्यविद्वेषणोच्चाटस्तोत्रस्तम्भनमारणम् ।।
ध्यानमात्राद्भवेद्देवि युञ्जतो यस्य सुव्रते ।' इति,

उक्त कथन से यह सिद्ध होता है कि, वाच्य और वाचक इनका परस्पर अभेद सम्बन्ध है। इस दृष्टि से यह स्पष्ट है कि, यह 'अ वर्ग' से क्षोभिता होकर विसंष्ठुलता (विक्षुब्धता) को प्राप्त कर स्वात्मसांमुख्य की स्थिति में कृति, क्रिया और कर्मभाव के आवेश से आविष्ट होती है। परिणामतः पारमार्थिक शाक्त शरीर में अन्तर से बाह्य भाव में अभिव्यक्त होती है। यह एक प्रकार की उल्लिलसिषा (उल्लसित होने की समीहा) है, जिससे प्रभावित होकर यह स्वात्मस्वरूप को अक्षरों में प्रत्यक्ष कर देती है।।१२५।।

इसीलिये सर्जन की आकांक्षा के आभिमुख्य में समर्थ यह मालिनी देवी समस्त सिद्धियों को सिद्ध कर देने में सर्वथा समर्थ मानी जाती है। यही कह रहे हैं—

बीज और योनि के एक दूसरे के प्रति क्षोभ से और परिणामस्वरूप वैसर्गिक समुल्लास के सामर्थ्य से मालिनी शक्ति कौन सी सिद्धि नहीं दे सकती, इस प्रश्न के लिये अवकाश नहीं रहता। अर्थात् निखिल सिद्धियों को प्रदान कर भक्तों को अनुगृहीत करती है। साथ ही इस प्रश्न के लिये भी अवकाश नहीं कि, यह किस किस कमी की पूर्ति नहीं करती? अर्थात् समस्त अभावों को भाव सम्भार से भर देती है। कहा गया है कि,

तथा

प्रायश्चित्तेषु सर्वेषु जपेन्मालामखण्डिताम्।
भिन्नां वाप्यथवाभिन्नां व्यतिक्रमबलाबलात्।।
सकृज्जपात्समारभ्य यावल्लक्षत्रयं प्रिये।'
(मा. वि. १३।१८) इति।।

ननु बीजयोनीनामनेकप्रकारः शास्त्रेषु क्षोभ उक्तः, तत कथमस्या एव एवं सामर्थ्यमित्युच्यते इत्याशङ्क्य आह

योनिबीजार्णसांकर्य बहुधा यद्यपि स्थितम् ।।१२७।।
तथापि नादिफान्तोऽयं क्रमो मुख्यः प्रकीर्तितः ।

"हे सुव्रते! प्रश्न उससे अपने को समायोजित करने का है। जो उससे अपने को जोड़ लेता है, मैं तुम्हें अब वही बतलाने जा रहा हूँ कि, इसका कितना उत्तम फल साधक को प्राप्त हो जाता है। उसकी कृपा से पुरुष वश्य, विद्वेष, उच्चाटन, प्रशस्ति, स्तम्भन और मारण रूप षटकर्म-सिद्ध हो जाता हैं"।

इसके अतिरिक्त मालिनो विजयोत्तर तन्त्र १३।१८ में भी मालिनी मन्त्र की महत्ता तथा इसकी जपसंख्या आदि का भी निर्देश किया गया है—

"भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, हे प्रिये! समस्त प्रकार के प्रायश्चित्तों में अखण्डित रूप से मालिनी माला का जप करना चाहिये। मालिनी को अलग अलग वर्णों में भिन्न कर या अभिन्न रूप से अथवा व्यतिक्रम के बलाबल का विचार करते हुए एक बार जप शुरू करे तो इसे तीन लाख पूरा करना चाहिये."।।१२६।।

प्रश्नकर्त्ता पूछता है कि बीज और योनि की ऐसी स्थिति में इस मालिनी क्रम का ही इतना सामर्थ्य क्यों व्यक्त किया गया है? इसका उत्तर दे रहे हैं—

योनि और बीजवर्णों कां सांकर्य यद्यपि शास्त्रों में अनेक प्रकर से वर्णन का विषय बनाया गया है फिर भी न से लेकर फ तक का यह वर्णक्रम ही, सबसे मुख्य माना जाता है। उसका कारण यह है कि 'फ' वर्ण का समुच्चार करते

मुख्यत्वमेव दर्शयति

फकारादिसमुच्चारान्नकारान्तेऽध्वमण्डलम् ।।१२८।।
संहृत्य संविद्या पूर्णा सा शब्दैर्वर्ण्यते कथम्।

अतः शास्त्रेषु बहुधा कुलपुत्तलिकादिभिः ।।१२९।।
भेदैर्गीता हि मुख्येयं नादिफान्तेति मालिनी ।

इह खलु परा परमेश्वरी संवित् प्रथमं प्रतियोग्यभावमवभासयन्ती परनादैकवृत्तितामश्नुवाना विश्वमवबिभासयिषुः संजीवनीबीजचतुष्टयासूत्रणद्वारेण

हुए 'न' वर्ण तक के इस क्रम में पूरे अध्वमण्डल को संहृत कर यह सर्वश्रेष्ठ मालिनी विद्या उल्लसित है। यही पूर्णा विद्या है। पूरी तरह परिपूर्ण है। शब्दों से इसे कहना और व्यक्त करना असम्भव है। इसी लिये अन्य शास्त्रों में बहुधा विविध भेद-भिन्न कुल पुत्तलिकाओं द्वारा यह विविध भाँति से गायी जाती है। अतः यह नादि फान्ता मालिनी विद्या ही मुख्य मानी जाती है।

मालिनी विद्या परा परमेश्वरी संवित् शक्ति पहले स्वयम् उल्लसित रहती है। उसका कोई प्रतियोगी नहीं रहता। उस समय के संवित्-स्पन्द परामर्श में सूक्ष्म रूप से निनदित नाद मात्र की वृत्ति में ही व्याप्त रहती है। विश्व को विभासित करने की उसमें इच्छा उत्पन्न होती है। इसे अवबिभासयिषा कहते हैं। इस इच्छा से प्रेरित हो कर संवित्ति देवी सबसे पहले चार बीज वर्णों का आसूत्रण करती है। इन बीजवर्ण चतुष्टय को 'संजीवनीबीज' कहते हैं।

इस बीजवर्ण चतुष्टय रूप संजीवनी बीज मन्त्र से यह विश्व की सारी भाव राशि को सम्यक् से जीवनी शक्ति का वरदान देती है। भावराशि संजीवन प्रदान करती हुई भी परामर्श-रहस्यमयी यह देवी स्वयं नाद में विश्रान्त रहती है।

फिर उद्वेष्टन क्रम के अनुसार स्थूल अन्तिम नाद प्रथा का प्रथन करती है। राव (रणन) योग्य वर्णों के उच्चार के क्रम में उस विन्दु पर पहुँचती है, जहाँ उच्चार के निषेध का परामर्श होता है। यह ध्यान देने की बात है कि, जहाँ भी निषेध का परामर्श होता होगा, वहाँ शून्य होता है।

सकलमेव भावजातं संजीवयन्त्यपि परामर्शसारतया नादे एव विश्रान्तिमाश्रंयन्ती पुनरुद्वेष्टनभङ्गया स्थूलान्त्यनादप्रथनपुरःसरं राववर्णोच्चारक्रमेण निषेधपरामर्शैकरूपे शून्यात्मनि निखिलमिदमध्वमण्डलमुपसंहरन्ती स्वात्ममात्रविश्रान्तेः परानपेक्षतया पूर्णतामवलम्बमाना सदसदादिपदव्यपदेशपात्रतामसहमाना विकल्पयितुं न शक्यते इति इयं शास्त्रान्तरेषु कुलपुत्तलिकादिभिर्भेदैर्बहुधा गीतापि नादिफान्तस्वरूपा मालिनी मुख्या तत्तदनेकप्रकारबीजयोन्यात्मकक्षोभान्तरविलक्षणेत्यर्थः।।१२९।।

ननु भवतु नाम एवं, मातृकामालिन्योः पुनरेवंशब्दप्रवृत्तौ किं निमित्त मित्याशङ्क्य आह

शब्दराशेर्भैरवस्य यानुच्छूनतयान्तरी ।।१३०।।

उस समय एक प्रकार से सारे व्यक्ताव्यक्त अध्वमण्डल का उपसंहार सा हो जाता है। संविद् देवी वहाँ स्वात्मविमर्श राशि में विश्राम करती है। वहाँ उसे दूसरे किसी की अपेक्षा नहीं होती। स्वयं स्वात्मपूर्णत्व में उल्लसित हो जाती है। उस समय न उसे सत् कह सकते हैं न असत्। इस प्रकार कोई व्यपदेश उसे संकेतित करने में असमर्थ होता है। विकल्प शून्य निर्विकल्प भाव का वहाँ अवलम्बन करती है। ऐसे विशेषणों से विशिष्ट मूल दिव्यशक्ति का गान अनेक शास्त्र करते हैं।

कुलपुत्तलिकाओं के अनेकानेक भेदों के कारण यह विविध शास्त्रों में विविध रूप से परिगीत होती हुई भी विशेष कर नादि फान्त वर्णों में व्यक्त होकर मालिनी संज्ञा से विभूषित होती है। यह मालिनी विद्या ही मुख्य विद्या है। यही अनेक प्रकार की बीजयोनिसंयोगजन्य संक्षोभात्मकता के चमत्कार से अत्यन्त विलक्षण वैलक्षण्य से लक्षित होती हुई उल्लसित होती है।।१२७-१२९।।

पहले मातृका शक्ति का वर्णन आ चुका है। यहाँ मालिनी विद्या का सन्दर्भ भी आया। दोनों में पञ्चाशत् वर्ण राशि का ही हेर फेर है। फिर एक को मातृका और दूसरे वर्णक्रम को मालिनी कहने का क्या कारण है? इसका उत्तर दे रहे हैं—

सा मातेव भविष्यत्त्वात्तेनासौ मातृकोदिता ।
मालिनी मालिता रुद्रैर्धारिका सिद्धिमोक्षयोः ।। १३१ ।।
फलेषु पुष्पिता पूज्या संहारध्वनिषट्पदी ।
संहारदानादानादिशक्तियुक्ता यतो रलौ ।। १३२ ।।

एकत्वेन स्मरन्तीति शंभुनाथो निरूचिवान् ।

या नाम पूर्णप्रकाशात्मनः शब्दराशेर्भगवतो बहिरौन्मुख्याभावादान्तरी प्रमात्रैकात्म्यमापन्ना शक्तिः, सा तत्तद्भेदप्रथात्मनोऽनुच्छूनतया भविष्यत्त्वात् मातृतुल्येत्यसौ इवार्थे कनोविधानात् मातृका उदिता तच्छब्दव्यपदेश्येत्यर्थः। माल्यते धार्यते रुद्रैरात्मतया स्वीक्रियते, मलते भुक्तिमुक्तिस्वरूपे धत्ते इति कर्मणि

शब्द राशि भैरवरूप परमेश्वर का साक्षात् शरीर है। प्रत्यक्ष विग्रह है। उसकी उच्छून अभिव्यक्ति का प्रतीक है। इसके विपरीत उसकी अनुच्छून अर्थात् अत्यन्त सूक्ष्म आन्तरिक शक्ति का भी एक स्वरूप होता है। यह माता की तरह वात्सल्यमयी शक्ति होती है। इसके उल्लास का भविष्य इसके वात्सल्य पर ही निर्भर है। अतः इस आन्तरी शक्ति को मातृका कहते हैं।

मालिनी शक्ति रुद्रों द्वारा मालित होती है। सिद्धि और मोक्ष दोनों को धारण करती है। समस्त शुभ फलवत्ता का आधान करती है। फल प्रदान करने मात्र से खिल उठती है, पुष्पित होती है। अत्यन्त पूज्य है। यह नादान्त अनुरणन करने वाली अलिनी है। यह संहार शक्ति के दान और अदान दोनों में दक्ष है। क्योंकि 'र' और 'ल' को एकत्व के फलक पर यही उल्लसित करती है। 'रा' दाने (अ.६०) और ला आदाने (अ.६१) इन दोनों धातुओं से निष्पन्न 'र' और 'ल' को तादात्म्य भाव से धारण करती है, मेरे परमगुरुदेव स्वयं शम्भुनाथ ने मुझे यह उपदेश देकर अनुगृहीत किया है। पूर्ण प्रकाशात्मक शब्द राशिरूप भगवान् भैरव के बाह्य औन्मुख्य के अभाव में प्रमातृतादात्म्य भाव से अवस्थित आन्तरी शक्ति ही शाश्वत विमर्शरूप में उल्लसित रहती है। उस समय विभिन्न विभिन्न अनन्त भेदों की प्रथा शान्त बनी रहती है। सारे भविष्यत् उत्कर्ष उसमें छिपे रहते हैं। माँ जैसे अपने पुत्र के लिये सब कुछ निछावर करने को तैयार

कर्त्तरि च 'मल मल्ल धारणे' इत्यस्य, तत्तद्वश्यादिफलनिमित्तं संजातमाला, मालाशब्दस्य पुष्पमालायां रूढस्य अवयवे समुदायोपचारेण पुष्पवाचित्वात्पुष्पिणीत्यर्थः। अनयैव व्युत्पत्त्या पूजोपकरणभूता माला विद्यते यस्याः, सा पूज्येति माशब्दध्वननीयस्य संहारस्य अलिनी विमर्शिका, माशब्दवाच्यं संहारं राति लाति वा तच्छीला 'रा दाने' 'ला आदाने' इत्यनयोः।।१३०-१३२।।

रहती है। उसी तरह यह आन्तरी वात्सल्यमयी शक्ति भी अपने ही गर्भ में पल रहे वैसर्गिक विमर्श रूपी उल्लास को अनुगृहीत करती है। इसीलिये इसे मातृका कहते हैं।

मालिनी शक्ति का कुछ दूसरा ही स्वरूप होता है। माल्यते धार्यते रुद्रैः अर्थात् जो रुद्रों द्वारा स्वात्मभाव से धारित होती है, इस विग्रह के अनुसार मालिनी कहलाती है। एक दूसरा विग्रह भी इसका होता है। 'मल मल्ल' धारण अर्थ में धातु है। उसके अनुसार भी मुक्ति मुक्ति को स्वात्म में धारण करने वाली शक्ति मालिनी संज्ञा से ही विभूषित होगी। माला शब्द फूलों की माला अर्थ में रूढ है। अवयव में भी समुदाय का औपचारिक रूप से प्रयोग होता है। इस तरह माला शब्द के कहने से पुष्प वाली का अर्थ बुद्धि में उभर आता है। अतः इसे पुष्पिणी भी कहने लगते हैं।

इस सन्दर्भ में पुष्पिणी माला पूजा के उपकरण का अर्थ भी व्यक्त करने में समर्थ होती है। जिसकी माला होती है, जो माला को धारण करती है ऐसी शक्ति अवश्य पूजनीय होती है, इसमें सन्देह नहीं। एक तीसरा दृष्टिकोण भी है। 'अल; धातु का धात्वर्थ है— भूषित होना या करना, पर्याप्त रूप से विमर्श की अधिगति और धारण। इन अर्थों के अनुसार वह अलिनी है। 'मा' का अर्थ निषेध होता है। निषेध संहाररूप होता है। संहार का विमर्श करने वाली शक्ति भी मालिनी कही जाती है।

'मा' शब्द वाच्य निषेध या संहार को 'रा' दाने और 'ला' आदाने के अनुसार यह शक्ति संहार दे भी सकती है और ले भी सकती है। विनाश बरपा कर सकती है और उसे समेट कर समाप्त भी कर सकती है। इस दृष्टि से भी यह मालिनी शक्ति होती है। इन उक्त सभी अर्थों को आत्मसात् करने वाली देवी मालिनी है।।१३०-१३२।।

ननु अनयोः पञ्चाशतोऽपि वर्णानामविशेषात्कोऽयं भेदो नाम इत्याशङ्क्य आह

शब्दराशिर्मालिनी च शिवशक्त्यात्मकं त्विदम् ।।१३३।।
एकैकत्रापि पूर्णत्वाच्छिवशक्तिस्वभावता ।

तुर्ह्यर्थे। ननु यदि एवं, तत् कथं

'वाचकत्वेन सर्वापि शंभोः शक्तिश्च शस्यते।' (मा. वि. २।१२)

इत्यादि उक्तमित्याशङ्क्य आह एकैकत्रापीत्यादि किंतु मालिन्यां शाक्तस्य स्वभावस्योद्रेको येनोक्तं

'परमार्थतः सा शाक्ती तनुः' इति।
'कां कां सिद्धिं न वितरेत्किंवा न्यूनं न पूरयेत्' इति च।।

जिज्ञासु सोचता है, दोनों में वही ५० वर्ण हैं। उन्हीं के ये इस प्रकार के भेद क्यों हैं? इस अन्तर्गर्भ प्रश्न को भाँप कर उसका उत्तर दे रहे हैं—

वस्तुतः मालिनी शिवशक्त्यात्मक शब्द राशि है। एक एक वर्ण में ही यह पूर्ण है। पूर्ण होने से इसमें शिवत्व और शक्तित्व का उभय सामरस्य शाश्वत उल्लसित है।

यहाँ 'तु' अव्यय का प्रयोग 'हि' अव्ययार्थ को व्यक्त करता है। इसीलिये शिवशक्त्यामक होने के कारण इसका एक एक वर्ण भी पूर्ण होता है। इस स्थिति में एक नई जिज्ञासा होती है। मालिनी विजयोत्तर तन्त्र ३।१२ में लिखा है कि,

"वाचक होने से शम्भु की सभी शक्तियाँ नितान्त प्रशस्य हैं"।

इसी अर्थ में श्लोक में एक एक शब्द की पूर्णता की बात कही गयी है किन्तु इसमें विशेषतः शाक्त स्वभाव का ही उद्रेक माना जाता है। इसी आधार पर कहा गया है कि,

"परमार्थतः यह परमेश्वर की शाक्त शरीर है"। तथा यह भी कहा गया है कि, यह किस किस सिद्धि का वितरण नहीं करती और किस किस अभाव को नहीं भरती"।।१३३।।

अत एव सर्वमन्त्रारणिस्वभावया मन्त्रान्तराणामपि उद्दीपनं क्रियते इत्याह

तेन भ्रष्टे विधौ वीर्ये स्वरूपे वानया परम् ।।१३४।।
मन्त्रा न्यस्ताः पुनर्न्यासात्पूर्यन्ते तत्फलप्रदाः ।

तेन शक्त्यात्मत्वेन हेतुना निजनिजतन्त्रप्रसिद्धविद्याभ्रंशेऽपि तन्त्रान्तरीया मन्त्रा न्यस्ताः सकलमन्त्रतेजःसंदीपिकया अनया मालिन्या भगवत्या पुनर्न्यासात् तत्तत्फलप्रदाः परं पूर्यन्ते स्वाम्नायाम्नातफलदानोन्मुखाः संपाद्यन्ते इत्यर्थः।।

नच अस्मदुपज्ञमेव एतदित्याह

उक्तं श्रीपूर्वतन्त्रे च विशेषविधिहीनिते ।।१३५।।
न्यस्येच्छाक्तशरीरार्थं भिन्नयोनिं तु मालिनीम् ।

इसीलिये इसे सभी मन्त्रों की अरणि कहते हैं। यह अन्यान्य मन्त्रों को भी उद्दीप्त करने में समर्थ होती है। यही कह रहे हैं—

इसलिये किसी प्रक्रिया में किसी प्रकार की विधिभ्रष्टता यदि हो जाय, मन्त्र के वीर्य में या स्वरूप में या प्रयोग में व्यतिरेक हो जाय, मन्त्रों का अन्यत्र न्यास हो जाय, तो सब जगह मालिनी मन्त्रों के न्यास से ही सारी पूर्त्तियाँ हो जाती हैं। उनके सभी फल देने में यही समर्थ है।

तन्त्रों की विविध परम्परा है। उनके किसी प्रयोग में नियत मन्त्रों का विधान समयाचार का अंग है। इसके विपरीत तन्त्रान्तर निर्दिष्ट मन्त्र यदि प्रयोग में आ जांय, तो इसे विधि विरुद्ध मानते हैं। यही भ्रष्टता है। यह सारी शक्तियों को उद्दीप्त करने वाली और सारे अभावों को भरने वाली सारी आम्नाय सिद्ध फलवत्ता की आधारभूता देवी ही मालिनी है।।१३४।।

यह तथ्य केवल शास्त्रकार के ही विवेक की उपज नहीं है, अन्य शास्त्र भी इसका समर्थन करते हैं। यही कह रहे हैं—

श्रीपूर्वशास्त्र (श्री मालिनी विजयोत्तर तन्त्र) में यह कहा गया है कि, विशेष विधियों की किसी प्रकार की त्रुटि रूप हीनित अवस्था में शाक्त शरीर की उद्दीप्ति के उद्देश्य से भिन्नयोनि मालिनी का न्यास करना चाहिये। विशेष विधिहीनता

विशेषणमिदं हेतौ हेत्वर्थश्च निरूपितः ।।१३६।।
यथेष्टफलसिद्ध्यै चेत्यत्रैवेदमभाषत ।

तदुक्तं तत्र

'यथेष्टफलसंसिध्यै मन्त्रतन्त्रानुवर्तिनाम् ।
विशेषविधिहीनेषु न्यासकर्मसु मन्त्रवित् ।।
न्यस्येच्छाक्तशरीरार्थं भिन्नयोनिं तु मालिनीम् ।(३।५)इति।

इदमिति विशेषविधिहीनत्वलक्षणम्। निरूपित इति भ्रष्टे विधावित्यादिना। न केवलमेतदेव अत्र उक्तं, यावदन्यदपीत्याह यथेत्यादि। इदमिति वक्ष्यमाणम्।।

तदेव आह

साञ्जना अपि ये मन्त्रा गारुडाद्या न ते परम्।।१३७।।
मालिन्या पूरिताः सिद्ध्यै बलादेव तु मुक्तये।

रूप विशेषण हेतु अर्थ में प्रयुक्त है। इसमें १३४वें श्लोक में हेत्वर्थ भी निरूपित है। यथेष्ट फल की सिद्धि के लिये यहाँ भगवान् ने विशिष्ट निर्देश दिये हैं।

वहाँ का उद्धरण भी प्रस्तुत कर रहे हैं। इस उद्धरण से उक्त तथ्यों का समर्थन होगा। यह निश्चय है—

"यथेष्टफल की सम्यक् सिद्धि के लिये मन्त्रों और तान्त्रिक विधियों का अनुवर्त्तन करने वाले व्यक्तियों के याग यज्ञ के सन्दर्भ में यदि कभी विशेष विधियों की कोई हीनता आ जाय, कहीं किसी प्रकार न्यास आदि में त्रुटि हो जाय, तो मन्त्रवेत्ता प्रयोक्ता को यह चाहिये कि, उस विधान में शाक्त उद्दीप्ति के लिये भिन्न-योनि मालिनी का न्यास करे"।।१३५-१३६।।

मालिनी मन्त्र के प्रसङ्ग-प्राप्त आतिशय्यपूर्ण महत्त्व का निरूपण कर रहे हैं—

जो गारुड़ आदि साञ्जन (मिश्रित) मन्त्र हैं, उनके साथ मालिनी मन्त्रों का दो तरह से सम्पर्क बनाये रखना चाहिये। १. सिद्धि की दृष्टि से और २. मुक्ति की दृष्टि से। साञ्जनमन्त्र सिद्धि की दृष्टि से उतने उत्कृष्ट नहीं होते किन्तु जब

तस्मात्फलेप्सुरप्यन्य मन्त्रं न्यस्यात्र मालिनीम्।।१३८।।
न्यस्येज्जप्त्वापि च जपेदयत्नादपवृक्तये।

पूरिता इति पुनर्न्यासात्।।१३७-१३८।।

एवं प्रसङ्गापतितं मालिन्या वीर्यातिशयं निरूप्य प्रकृतमेव आह

इत्येवं मातृकां न्यस्येन्मालिनीं वा क्रमाद्द्वयम्।।१३९।।

वे मालिनी से पूरित अर्थात् पुनर्न्यस्त हो जाते हैं, तो सिद्धि प्रदान करने में समर्थ हो जाते हैं। मुक्ति के उद्देश्य के लिये भी यह अनिवार्य है।

किन्तु मुक्ति के लिये इसका विशेष प्रयोग करना पड़ता है। देखा यह जाता है कि, मुक्ति चाहने वाले के मन में भी फलेप्सुता का संस्कार रहता है। इस अवस्था में भी अन्य मन्त्रों का न्यास करने पर भी मालिनी मन्त्र का न्यास करे। मालिनी का न्यास कर जप में भी प्रवृत्त होना चाहिये। अनायास ही अपवर्ग उपलब्ध नहीं होता किन्तु जप के बाद भी जप करते रहने से अनायास अपवर्ग की प्राप्ति हो सकती है। यहाँ इस जप के विधान में एक ही जप क्रिया में ही पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग विशेष बल प्रदान कर रहा है। 'जप्त्वाऽपि च जपेत्' जप करके भी जप करने का यही अर्थ है। निष्कर्ष रूप से कह सकते है कि, बुभुक्षु हो, या मुमुक्षु दोनों के लिये मालिनी का न्यास और जप दोनों अत्यन्त आवश्यक है।।१३७-१३८।।

इस प्रकार सिद्धि और मुक्ति दोनों उद्देश्यों की पूर्त्ति के लिये दोनों का अर्थात् मातृका और मालिनी दोनों का पृथक-पृथक् महत्त्व अप्रतिहत है। इस विषय में विशेष रूप से शास्त्रकार अपना अनुभव बतला रहे हैं कि, चाहे मातृका या मालिनीका न्यास शिष्य करे या गुरु कराये; यह न्यास क्रिया विधि विहित है। इसके साथ ही यदि इस विधान में और भी बल प्रदान करना हो, तो दोनों का न्यास करे अर्थात् मातृका न्यास करने के बाद मालिनी का न्यास भी करे। एक साथ दोनों के वर्णों को अङ्गानुसार मिलाकर भी जप कर सकते हैं।

यद्यपि ये दोनों बीज मन्त्र हैं। रहस्य गर्भ हैं। फिर भी इनका स्पष्ट कथन और प्रयोग का निर्देश परमेष्ठी गुरुदेव का महनीय अनुग्रह है। इन् दोनों मातृका और मालिनी मन्त्रों का स्वरूप संपुटित रूप से—

सिद्धिमुक्त्यनुसाराद्वा वर्णान्वा युगपद्द्वयोः ।
अक्षह्रीं नफह्रीमेतौ पिण्डौ संघाविहानयोः ।।१४०।।

वाचकौ न्यास एताभ्यां कृते न्यासेऽथवैककः।
एष चाङ्गतनुब्रह्मयुक्तो वा तद्विपर्ययः ।।१४१।।

---

१. ह्रीं अक्ष ह्रीं, और ह्रीं न फ ह्रीं मन्त्रों के रूप में किया जाता है। ये दोनों पिण्डमन्त्र हैं। मातृका पिण्ड पहला और मालिनी पिण्ड दूसरा है। मातृका वर्ण संघ 'अक्ष' प्रत्याहार और मालिनी वर्ण संघ 'न फ' प्रत्याहार में व्यक्त है। इन दोनों के वाचक ये प्रत्याहार ह्रीं बीज़ से सम्पुटित होने पर कोटि गुना फल प्रदान करते हैं।

इन दोनों से पृथक पृथक्, युगपत् या वर्णमिश्रण विधि से जैसे गुरु निर्देश दें- न्यास करना चाहिये। न्यास शरीर में होता है। वास्तविकता यह है कि, मातृका मालिनी देवियों की शरीर रचना इन्हीं वर्णों के द्वारा होती है। जिन जिन अंगों में जो वर्ण विहित हैं, शिष्य अपने शरीर के उन्हीं उन्हीं अङ्गों पर उन्हीं वर्णों का न्यास अपने शरीर को शाक्त शरीर में ढालने के लिये करता है। शिष्य अङ्गतनुब्रह्मयुक्त तभी होता है, जब वह अपने अङ्गों पर न्यास विधि का प्रयोग करे।

विपर्यय न्यास का तात्पर्य है, कि अङ्ग आदि के स्पर्श की आवश्यकता नहीं होती। न्यास मन्त्रों के उच्चारण के साथ उनका ध्यान मात्र ही पर्याप्त होता है। सामुदायिक रूप से भी दोनों को मिलाकर भी न्यास कर सकते हैं। उस समय इनका एक पृथक् पिण्ड सा ही हो जाता है। उसमें भी क्रम पूर्वक या अक्रम पूर्वक किसी प्रकार न्यास करना विहित है। यहाँ कुछ शब्द बड़े महत्त्वपूर्ण हैं। उन पर पृथक् विचार करना आवश्यक है। जैसे—

१. सिद्धिमुक्त्यनुसारात्— सिद्धि भुक्ति के तात्पर्य में प्रयुक्त शब्द है। मुक्ति अपवर्ग के लिये प्रयुक्त होती है। एक राग की प्रतीक है, तो दूसरी विराग की। भुक्ति में न्यास सृष्टिक्रम के अनुसार होता है। इसी तरह मुक्ति में न्यास संहार क्रम से होना चाहिये।

सामुदायिकविन्यासे पृथक् पिण्डाविमौ क्रमात् ।
अक्रमादथवा न्यस्येदेकमेवाथ योजयेत् ।।१४२।।

सिद्धिमुक्त्यनुसारादिति सृष्टिसंहारक्रमेण। युगपदिति अनक्षफेत्यादिरूपतया। संघाविति प्रत्याहारयुक्त्या गर्भीकृतनिखिलवर्णत्वात्। कृतेन्यासे इति मन्त्रान्तरैः। एकक इति मन्त्रान्तरन्यासपरिहारात्। एष इति मालिन्यादिन्यासः। तनुमूर्तिः, अङ्गादि च अत्र श्रीसिद्धान्तन्त्राद्युक्तम्। तद्विपर्ययो वेति अङ्गाद्ययोगात्। सामुदायिकेति मातृकामालिनीमेलनेन। पृथगिति नतु वर्णवत् मिश्रीकरणेन।।१४२।।

ननु किमेवं क्रियाडम्बरेणेत्याशङ्क्य आह

क्रियया सिद्धिकामो यः स क्रियां भूयसीं चरेत्।
अनीप्सुरपि यस्तस्मै भूयसे स्वफलाय सा ।।१४३।।

---

२. युगपत् मातृका मालिनी योग करने पर अ के बाद मालिनी का न और मातृका के क्ष के बाद मालिनी का फ हो जायेगा। इस तरह बीज से संपुटित करने पर मातृका मालिनी बीज मूल मन्त्र बन जाता है।

३. संघ— समुदाय। यहाँ प्रत्याहार 'अक्ष' में मातृका संघ और 'नफ' में मालिनी संघ का समन्वय हो जाता है। इसके गर्भ में सारा वर्णसमुदाय निहित रहता है।

४. एष चाङ्गतनुब्रह्मयुक्तः। यह न्यास अङ्गसहित देवी के सम्पूर्ण शरीर के अनुसार ही होता है। इसका प्रकरण सिद्धातन्त्र में आया हुआ हैं।

५. पृथक् पिण्ड का तात्पर्य है कि न्यास की इस दशा में वर्णमिश्रण नहीं होना चाहिये।

इस प्रकार के पृथक् या मिश्रित या उक्त किसी प्रकार से शरीर के निर्दिष्ट अङ्गों पर इन अक्षरों के न्यास करने से अपूर्व शक्ति, स्फूर्त्ति, सिद्धि और मुक्ति सभी की अनायास प्राप्ति हो जाती है।।१३९-१४२।।

यस्तु ध्यानजपाभ्यासैः सिद्धीप्सुः स क्रियां परम्।
संस्कृत्यै स्वेच्छया कुर्यात् प्राङ्नयेनाथ भूयसीम् ।।१४४।।

मुमुक्षुरथ तस्मै वा यथाभीष्टं समाचरेत् ।
शिवतापत्तिरेवार्थो ह्येषां न्यासादिकर्मणाम् ।।१४५।।

अत्र द्वितीयार्धं हेतुः। अनीप्सुरिति फलमात्राकांक्षित्वात्। तस्मायिति भूयसे फलाय। यः पुनर्ध्यानादिना सिद्धिमाप्तुमिच्छुः, स ज्ञानित्वादेव कामचारेण सक्षिप्तां भूयसीं वा क्रियां परं संस्कृत्यै योग्यताधानाय कुर्यात्। यद्वा समनन्तरोक्तरीत्या भूयसीमेव क्रियां कुर्यात् येन परं संस्कृतत्वमेव स्यात्। अथ शब्दः पक्षान्तरसमुच्चये, तेन मुमुक्षुरपि संस्कारार्थं स्वेच्छया क्रियां कुर्यात् यद्वा संस्कृतेरपि मोक्षपर्यवसायित्वात् तस्मै मोक्षायैव संक्षेपविस्ताराभ्यां यथाभीष्टं समाचरेत् यत एषां तथा क्रियमाणानां न्यासादिकर्मणां शिवतापत्तिरेव अर्थः पार्यन्तिकं फलमित्यर्थः।।१४५।।

प्रश्न करते हैं कि यह तो एक प्रकार का क्रियात्मक आडम्बर है। इसमें पड़ने से या इसके अपनाने से क्या लाभ? इस आशङ्का का समाधान कर रहे हैं—

जो साधक क्रियायोग से सिद्धि की अकांक्षा करता है, उसका यह कर्त्तव्य है कि, वह भूयसी क्रिया का आचरण करे। जो सिद्धि का आकांक्षी नहीं भी है, वह भी अपने उद्देश्य की पूर्त्ति के शीघ्र अधिगम के लिये इनका उपयोग करे। यह न्यास उसके लक्ष्य का तत्काल साधक हो सकता है।

जो साधक ध्यान करता है, ध्यान के बल पर ही वह ध्येय को अधिगत करना चाहता है। इसी तरह कोई जप की प्रक्रिया से ही आप्तकाम होना चाहता है, कोई अनेक योगाभ्यास के माध्यम से अपने अभिप्राय की भृति चाहता है—वह भी अर्थात् इन तीनों स्तरों पर साधना संलग्न पुरुष अपनी प्रक्रिया में संस्कार के लिये गुरुजनों द्वारा निर्देशित पथ पर अवश्य चलें और अपने उद्देश्य की तत्कालपूर्ति में लग जाँय।

एतदुपसंहृत्य अर्घपात्रविधिमभिधत्ते

एवं न्यासं विधायार्घपात्रे विधिमुपाचरेत् ।
उक्तनीत्यैव तत्पश्चात् पूजयेन्न्यस्तवाचकैः ।।१४६।।

तदेव आह

यतः समस्तभावानां शिवात्सिद्धिमयादथो ।
पूर्णादव्यतिरेकित्वं कारकाणामिहार्चया ।।१४७।।

सिद्धिमयादिति पूर्णादिति च बुभुक्षुमुमुक्षुविषयतया उक्तम् ।।१४७।।

ननु तदैवं नियतानां यष्ट्रादीनां शिवाव्यतिरेकभावनेन कोऽर्थः, उत्तरकालं हि सर्वत्र तद्व्यतिरेकेणैव प्रतिभास इत्याशङ्क्य आह

जो मुमुक्षु है, वह भी यथेच्छ इस आचार का पालन कर सकता है। उसके लिये कोई बाध्यता नहीं है। यह अवश्य ध्यान देने वाली बात है कि, सारे कर्मों का न्यास आदि प्रक्रिया का भी पार्यन्तिक लक्ष्य शिवत्व की उपलब्धि ही है।।१४३-१४५।।

यहाँ तक न्यास विधि का साङ्गोपाङ्ग विवेचन किया गया। श्लोक ११५ से १४५ तक के इस न्यास प्रकरण के बाद अर्घपात्र की विधि का प्रवर्त्तन कर रहे हैं—

इस प्रकार न्यास विधि की प्रक्रिया पूरी कर लेने के बाद अर्घपात्र सम्बन्धित जो विधि है, उसका आचार्य की सेवा में रहकर उनके बताये मार्ग के अनुसार उसका आचार पूरा करे। उसी नीति के अनुसार न्यस्त वाचक वर्णों द्वारा पूजा पूरी करे।।१४६।।

यह ध्यान रखे कि, समस्त सिद्धि और मुक्ति से सम्बन्धित भावों का साधक एकमात्र आराध्य शिव ही है। वह पूर्ण परमेश्वर तत्त्व है। इस प्रासङ्गिक अर्चा से जितने भी कारकतत्त्व हैं, उनमें किसी प्रकार के व्यतिरेक की कोई सम्भावना नहीं होती।।१४७।।

समस्तं कारकव्रातं शिवाभिन्नं प्रदर्शितम् ।
पूजोदाहरणे सर्वं व्यश्नुते गमनाद्यपि ।।१४८।।

पूजोदाहृतौ हि निखिलं कारकव्रातं शिवाभिन्नं प्रदर्शितम्। तत् सर्वं लौकिकमपि गमनादि व्यश्नुते तत्रापि शिवाभिन्नतयैव व्याप्तिं कुर्यादित्यर्थः।।१४८।।

ननु यजिक्रियायां कारकाणामेवमभ्यस्यमानः शिवाव्यतिरेकः कथं लौकिक्यां गमनादिक्रियायामपि स्यादित्याशङ्क्य दृष्टान्तप्रदर्शनेन उपशमयितुमाह

यथा हि वाहकटकभ्रमस्वातन्त्र्यमागतः ।
अश्वः संग्रामरूढोऽपि तां शिक्षां नातिवर्तते।।१४९।।

कारक-यष्टा, ब्रह्मा, होता अध्वर्यु एवम् अन्य सहायक सभी अर्थों में प्रयुक्त शब्द है। यह व्याकरण के कारक शब्द की तरह याग विधि की सक्रियता के साधकों के लिये प्रयुक्त रूढ शब्द है। जितने भी याग कारक (यहाँ तक कि स्वयं शिष्य भी) होते हैं, अर्चा में शिव से उनका अव्यतिरेकित्व सम्बन्ध पहले ही चर्चित है। इसी के सम्बन्ध में पूछ रहे हैं कि, ऐसा क्यों? इसी पर कह रहे हैं कि,

सारे कारकों का वर्ग शिव से अभिन्न ही है— यह बतलाया गया है। पूजा के प्रकरण में याग गृह में जाने, विधि पूर्त्ति में लगे रहने और सभी कार्य सम्पन्न कराने में मानों इनकी व्याप्ति ही होती है। कहीं जाने और उसकी व्यवस्था में भी इनकी उपयोगिता अपरिहार्य है।।१४८।।

प्रश्न करते हैं कि, याग क्रिया में जितने कारक होते हैं, उन्हीं का शिवाव्यतिरेक अभ्यास से सिद्ध है पर गमनादि लौकिक व्यापारों में यह व्याप्ति किस आधार पर मानी जाय? दृष्टान्त के माध्यम से इसका समाधान कर रहे हैं—

जैसे लड़ाई में लगे घोड़े वाह अर्थात् बोझ ढोने और सेना के भ्रमण में स्वतन्त्र रहने पर भी सवार के इशारों को समझ कर अनुशासित ढङ्ग से काम करते हैं, उन्हें जैसी शिक्षा दी गयी है, उसका अतिक्रमण नहीं करते, उसी तरह से यह कारक वर्ग भी शिक्षा को अतिक्रान्त नहीं करता। इसी आधार पर इनकी सर्वत्र व्याप्ति आवश्यक मानी जाती है।।१४९।।

ननु एवं किं स्यादित्याशङ्क्य आह

तथार्चनक्रियाभ्यासशिवीभावितकारकः ।
गच्छंस्तिष्ठन्नपि द्वैतं कारकाणां व्यपोज्झति ।।१५०।।

तथैक्याभासनिष्ठस्याक्रमाद्विश्वमिदं हठात् ।
सम्पूर्ण-शिवताक्षोभ-नरीनर्तदिव स्फुरेत् ।।१५१।।

यद्गुरवोऽपीत्याह

उवाच पूजनस्तोत्रे ह्यस्माकं परमो गुरुः ।
अहो स्वादुरसः कोऽपि शिवपूजामयोत्सवः।।१५२।।
षट्त्रिंशतोपि तत्त्वानां क्षोभो यत्रोल्लसत्यलम् ।

क्षोभ इति सम्पूर्णतालक्षणः।।

अतश्च एवमनुशीलयतां शिवतावेशादन्यत् फलं नास्तीत्याह

इससे क्या होता है? इस शङ्का के समाधान में शास्त्र की मान्यता की चर्चा कर रहे हैं—

अर्चना की प्रक्रिया का उसका अभ्यास एक प्रकार से प्रक्रिया-रस में डूबा सा रहता है। उसको पूरा करने में रमा रहने वाला कारक, शिवाद्वैत भाव में ही मानो एकीकृत शरीर हो गया होता है। कहीं अपने आप बैठे रहने आदि में भी द्वैतभाव का मानो तिरस्कार ही करता है। प्रक्रिया के ऐक्याभास में निष्ठ हो जाता है। परिणामतः अक्रम भाव से यह विश्व उसे शिवात्मक संमावेश के आनन्द में हठात् नाचता सा प्रतीत होता है।।१५०-१५१।।

इस विषय में मेरे परम गुरुवर्य ने भी पूजनस्तोत्र में यह कहा है कि, शिवपूजा रूप महोत्सव का लोकोत्तर आनन्द अनिर्वचनीय आस्वाद रस से आपूरित करता है। वहाँ उस महोत्सव में मानों छत्तीसों तत्त्वों का अक्षय उल्लास प्रत्यक्ष हो रहा होता है। कारिका में प्रयुक्त क्षोभ शब्द भी उसकी सम्पूर्णता के लक्षण को आलक्षित करता है।।१५२।।

तदेतादृक्पूर्णशिवविश्वावेशाय येऽर्चनम् ।।१५३।।
कुर्वन्ति ते शिवा एव तान्पूर्णान्प्रति किं फलम्।

ननु क्रियामात्रादेव कथमेवं स्यादित्याशङ्क्य आह

विनापि ज्ञानयोगाभ्यां क्रिया न्यासार्चनादिका ।।१५४।।
इत्थमैक्यसमापत्तिदानात्परफलप्रदा ।

इत्थमिति शिवीभावापत्तिभावनाक्रमेण ।।१५३-१५४

न केवलमियं मुमुक्षोरेव अभीष्टं फलं प्रददाति, यावत् बुभुक्षोरपीत्याह

साधकस्यापि तत्सिद्धिप्रदमन्त्रैकतां गतम् ।।१५५।।
विश्वं व्रजदविघ्नत्वं स्वां सिद्धिं शीघ्रमावहेत्।

व्रजदविघ्नत्वमिति सर्वस्य संविदेकरूपत्वात्।।१५५।।

इसलिये इस प्रकार अनवरत अर्चना आदि के अनुशीलन करने वालों को जो फल मिलता है, वह भी लोकोत्तर और अनिर्वचनीय शिवावेशरूप ही होता है। यही कह रहे हैं—

इस प्रकार जो अर्चक, शैव समावेश-साधक, निखिल विश्व में शैव महाभाव के अद्वय भाव के विधायक महाफल के लिये भगवान् भूतभावन की आराधना, पूजा-अर्चना और उपासना करते हैं, वे साक्षात् शिव ही हो जाते हैं। वे स्वयं पूर्ण काम हो जाते हैं। उनकेलिये किसी फल का प्रकल्पन क्या अर्थ रख सकता है? सबसे आश्चर्य का विषय यह है कि, विना ज्ञान के, विना योगाभ्यास के ही न्यास अर्चन आदि क्रियायें ही इस प्रकार की अर्थात् क्रिया साधना सिद्धि की ऐक्यानुभूति-संभूति की साधिकायें बन जाती हैं।।१५३-१५४।।

यह प्रक्रिया मुमुक्षु बुभुक्षु सब को समान रूप से शिवसमापत्ति का सौभाग्य प्रदान करती है। इसमें लगे सभी साधक उस लक्ष्य की उपलब्धि की लालसा में इतने लग जाते हैं कि, उनमें एक प्रकार का स्वतः सिद्ध-तादात्म्य और मन्त्रैकरूपता का अभिरामत्व आ जाता है। यह विश्व इसी रस में डूब सा जाता

एतां दशामधिरूढस्य हि किंचिदपि साधनं नोपादेयम्। तदागम इत्याह

उक्तं च परमेशेन न विधिर्नार्चनक्रमः ।।१५६।।
केवलं स्मरणात्सिद्धिर्वाञ्छितेति मतादिषु ।

मतादिषु इति श्रीसिद्धामतादौ।।१५६

प्रकृतमेव उपसंहरति

तदेवं तन्मयीभावदायिन्यर्चाक्रिया यतः ।।१५७।।
समस्तकारकैकात्म्यं तेनास्याः परमं वपुः ।

तेनेति तन्मयीभावदायित्वेन।।१५७

तदैकात्म्यमेव विभजति

है। विश्व की अनुकूलता में अविघ्न भाव से अपने उद्देश्य की उपलब्धि से उनका जीवन धन्य हो जाता है। विश्व की अविघ्नता का तात्पर्य भी यही है कि, सारा वातावरण संविदैकात्म्य के आनन्द से ओत-प्रोत हो जाता है।।१५५।।

श्री सिद्धामतादि आगमों में तो यहाँ तक कहा गया है कि, यह स्वयं परमेश्वर शिव का अमृत वचन है। यह किसी ऐसे वैसे व्यक्ति का व्यक्तिगत मत नहीं है। उनका कहना है कि, जो साधक संविदैकता-समापत्ति की सिद्धि के सिंहासन पर आसीन है, उसके लिये न कोई विधि है, न कोई पूजा आदि। अब उसे कुछ करने की आवश्यकता नहीं होती। वह केवल स्मरण मात्र में यदि अवस्थित हो जाय, तो सारी सिद्धियाँ हस्तामलकवत् स्वतः संप्राप्त हो जाती हैं।।१५६।।

उक्त वर्णन के आधार पर निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि, अर्चाक्रिया तन्मयीभाव प्रदान करने वाली पावन प्रक्रिया है। इसलिये इसमें समस्त कारकों का ऐक्यात्म्य अनायास सिद्ध हो जाता है। इसी आधार पर इसके पारमार्थिक स्वरूप का प्रकल्पन भी स्वाभाविक रूप से किया जाता है।।१५७।।

यष्ट्राधारस्य तादात्म्यं स्थानशुद्धिविधिक्रमात्।।१५८।।

यष्टृयाज्यतदाधारकरणादानसंप्रदाः ।
न्यासक्रमेण शिवतातादात्म्यमधिशेरते ।।१५९।।

स्थानशुद्धिर्विघ्नोत्सारणादिना।।१५९।।

ननु यष्टा तावत् कर्ता अभिधीयते, याज्यं च 'देवतोद्देशेन द्रव्यत्यागो यागः, इत्याद्युक्तेरिज्यते देवतायै त्यज्यत इति पुष्पादिद्रव्यं कर्म, तयोः कर्तृकर्मणोराधारश्च यागवेश्म व्यक्ताव्यक्तादि च, संप्रदा च 'यागः प्रदानं देवता' इत्यादिनीत्या देवतात्म संप्रदानम्। आदानं करणं वा पुनः किमुच्यते इत्याशङ्क्य आह

अर्घपात्रमपादानं तस्मादादीयते यतः ।
यच्च तत्स्थं जलाद्येतत्करणं शोधनेऽर्चने ।।१६०।।

पूजा करने वाला यज्ञकर्त्ता यष्टा होता है। जब वह स्थान शुद्धि करता है, वहाँ के विघ्नों का उत्सारण करता है, तभी यज्ञ का सम्पादन होता है। शुद्धि करते समय उससे और स्थान भूमि से मानों तादात्म्य हो जाता है। यज्ञ, याज्याहुति, उनके पात्र और स्थान, उनके आदान प्रदान ये सभी कर्म विना तादात्म्य के सम्पन्न कैसे हो सकते हैं? आयोजित याग में सम्मिलित पदार्थों पर न्यास का प्रावधान होता है। उस समय आचार्य से लेकर होता पर्यन्त सभी लोग, स्थान और द्रव्य आदि सब कुछ शिवतादात्म्य सम्पूरित हो जाता है।।१५९।।

प्रश्न करते हैं कि, यष्टा याग कर्त्ता (यजमान) होता है। देवता के उद्देश्य से द्रव्य त्याग को याग कहते हैं'' इस परिभाषा के अनुसार इज्यते इति यागः इस विग्रह के अर्थ से यह व्यक्त होता है कि, देवता के लिये जिस पुष्प, धूप, घी, तिल आदि द्रव्यों का त्याग किया जा रहा है, वही याज्य है अर्थात् यजन क्रिया का कर्म भी है। इस प्रकार कर्त्ता और कर्म इन दोनों का आधार यागगृह होता है। बहिर्याग में यह व्यक्त और अन्तर्यागमें अव्यक्त होता है।

जलादीति आदिशब्दात् सुरादि, अनेन च द्रव्याणां योग्यत्वं निरूपयितुं प्रक्रान्तम्।।१६०।।

ननु कथं तत्स्थेनैव जलादिना शोधनं स्यादित्याशङ्क्य आह

अर्घपात्राम्बुविपुड्भिः स्पृष्टं सर्वं हि शुध्यति।
शिवार्ककर-संस्पर्शात्कान्या शुद्धिर्भविष्यति।।१६१।।

नच एतन्न्यायत एव सिद्धिमित्याह

ऊचे श्रीपूर्वशास्त्रे तदर्घपात्रविधौ विभुः ।

तदेव आह

इसी तरह संप्रदा क्रिया देवमयी ही मानी जाती है। आगम में एक स्थान पर कहा गया है कि 'याग संप्रदान और देवता'' (ये एक रूप ही हैं)। इस तरह संप्रदान का प्रयोग भी व्यवहार साध्य है।

इस क्रम में आदान और करण शब्दों के प्रयोग का तात्पर्य क्या है? इस सम्बन्ध में शास्त्रकार का मत है कि,

अर्घपात्र ही अपादान है क्योंकि अर्घपात्र से ही आदान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। अर्घ पात्र में जो कुछ होता है, भले ही वह जल हो, घी आदि मिश्रित अन्य अर्घ योग्य तरल द्रव्य हो, या सुरा ही क्यों न हो, वही करण कहलाता है। उसी से पदार्थ का शोधन होता है और अर्चना की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इनके द्वारा यज्ञ में पदार्थ की योग्यता का निरूपण होता है। इसी आधार पर इन्हें करण कहते हैं।।१६०।।

अर्घपात्र में रहने वाले जल के विप्रुषों (लघु लघु फुहार मय कणों) से स्पृष्ट (प्रोञ्छित) सब कुछ विशुद्धतम हो जाता है। उससे शिव रूपी सूरज की मन्त्रात्मक मरीचियाँ फूट पड़ती हैं। उनका संस्पर्श द्रव्य और यजमान सहित सभी कारकों से हो जाता है। इससे जो शुद्धि होती है, वह जगत् की किसी शक्ति से नहीं हो सकती।।१६१।।

न चासंशोधितं वस्तु किंचिदप्युपकल्पयेत् ।।१६२।।
तेन शुद्धं तु सर्वं यदशुद्धमपि तच्छुचि ।

ननु नीलादिवत् प्रतिभासविकारकारित्वाभावात् न शुद्ध्यशुद्धी नाम कश्चित् भावधर्म इत्युक्तं प्राग्बहुशः, तदशुद्धतैव का यदपसारणेनापि शुद्धता स्यादित्याशङ्क्य आह

अशुद्धता च विज्ञेया पशुतच्छासनाशयात् ।।१६३।।

ननु कथं पराभिप्रायेण परस्य एवंरूपत्वं स्यादित्याशङ्क्य आह

यह केवल व्यवहार सिद्ध उक्ति ही नहीं है अपितु श्रीपूर्व शास्त्र में भी इस विषय में कहा गया है। वहाँ भगवान् सर्वशक्तिमान् विभु शिव ने अर्घपात्रविधि के सन्दर्भ में स्वयं कहा है कि,

कोई भी असंशोधित वस्तु अर्घपात्र के लिये ही नहीं अपितु यागविधि में भी उपकल्पित नहीं करनी चाहिये। संशोधन से सारे पदार्थ शुद्ध हो जाते हैं। जो अशुद्ध होता है, वह भी पवित्र और शुद्ध हो जाता है।।१६२।।

प्रसङ्ग प्राप्त शुद्धि और अशुद्धि का प्रश्न बड़ा उलझा हुआ है। इस विषय में पहले भी विशद प्रकाश डाला गया है। जैसे नील आदि कोई पदार्थ लें। नील से नीलता का प्रतिभास होता है। मन में एक नीलता का स्पन्दाङ्कुर उग जाता है। यह एक प्रकार का मन का विकार ही माना जा सकता है। इन नील आदि द्रव्यों की तरह शुद्धि और अशुद्धि से कोई प्रतिभास आदि नहीं होते।

ऐसी स्थिति में यह पूछा जा सकता है कि, यह अशुद्धता नामक पदार्थ ही क्या है, जिसके अपसारण से शुद्धता आ जाती है? इस पर कह रहे हैं कि—

अशुद्धता पाशबद्धता और पाशबद्ध सम्प्रदायों के शास्त्रों के आशयों पर ही निर्भर करती है। इस उक्ति के आधार पर यह शङ्का स्वाभाविक है कि, दूसरों के आशय से किसी दूसरे पर यह प्रभाव कैसे पड़ सकता है? इस का उत्तर भी सरल और व्यावहारिक है, स्वात्म में ही यदि पाशबद्धता के संस्कार से

स्वतादवस्थ्यात्पूर्वस्मादथवाप्युपकल्पितात् ।

भावानां हि पूर्वस्मादशुद्धादर्घपात्राम्बुविप्रुडादिना कल्पितात् शुद्धाद्वा रूपात् स्वस्य आत्मनस्तादवस्थ्यमुभयथापि अविशेष एवेत्यर्थः।।१६३।।

ननु यदि नाम शुद्धावशुद्धौ वा भावानामविशिष्टमेव रूपं, तत् कुतस्तद्विभागोऽवसीयते इत्याशङ्क्य आह

तेन यद्यदिहासन्नं संविदश्चिदनुग्रहात् ।।१६४।।
कियतोऽपि तदत्यन्तं योग्यं यागेऽत्र जीववत्।

कियत इति अल्पकात्।।१६४।।

एवं संविदोऽपि दूरमशुद्धमित्याह

पाशबद्धता की अवस्था अवशिष्ट रह गयी हो या उसके पहले के पशु भाव के अर्घप्रक्रिया द्वारा शुद्ध उपकल्पित होने पर भी अशुद्धता हावी हो सकती है। यह ध्यान रखना चाहिये कि, यदि भाव पहले से ही अशुद्ध हैं, तथा अर्घपात्र की जलकणिकाओं के पड़ने से शुद्धता परिकल्पित भी हो गयी है, तो भी दोनों अवस्थाओं में स्वात्म की पाशबद्धता में क्रमिक सुधार आये तथा विकार रूपी अशुद्धता का तनिक भी संवर्द्धन न हो सके।।१६३।।

परिकल्पित शुद्धि में और पहले के तादवस्थ्यमयी अशुद्धि दोनों अवस्थाओं में यदि सामान्य रूप से ही मन पर प्रभाव पड़ता है तो, फिर यह शुद्धि अशुद्धि या यह शुद्धता-अशुद्धता का विभाग ही क्यों किया गया? इस पर कह रहे हैं कि,

यजमान यज्ञकर्त्ता द्वारा संवित्ति देवी के चैतन्य के अनुग्रह से जो कुछ भी आसादित (प्राप्त) कर सका, उसमें शिवार्करश्मियों के प्रकाश की जो कुछ चिनगारियाँ जलीं, वह कितनी भी छोटी हों, उनका अपने में बड़ा महत्त्व है। इस प्रस्तुत याग से मानों उतने अंश में प्राण का संचार हो गया होता है। मुर्दे में जैसे जीव सा पड़ जाय और उसे नया जीवन मिल जाय, उसी तरह पाशबद्ध याजक में शुद्धि द्वारा चैतन्य के अनुग्रह का 'जीव' तत्काल ही उल्लसित हो उठता है।।१६४।।

अनेन नययोगेन यदासत्तिविदूरते ।।१६५।।
संविदेति तदा तत्र योग्यायोग्यत्वमादिशेत् ।

'स्वदेहावस्थितं द्रव्यं रसायनवरं शुभम्।'

इत्याद्युक्त्या संविदासन्नत्वात् सारादिशब्दव्यपदेश्यममृतं यागयोग्यतया गुरूणामभिमतमित्याह

वीराणामत एवेह मिथःस्वप्रतिमामृतम् ।।१६६।।
तत्तद्यागविधाविष्टं गुरुभिर्भावितात्मभिः ।

मिथःस्वप्रतिमामृतमिति मिथः परस्परस्य संयुक्ततया आत्मीयायाः षडरमुद्रारूपायाः प्रतिमायाः संबन्धि अमृतमुभयसामरस्यसमुत्थः कुण्डगोलकाख्यो द्रव्यविशेष इत्यर्थः। अत्र च वीराणामिति भावितात्मभिरिति चानेन विशिष्टाधिकारिविषयत्वमुक्तम्।।१६६।।

याग योग्यता या अयोग्यता का निर्णय संवित् शक्ति के अनुग्रह के आधार पर ही किया जा सकता है। याग के अर्घपात्र की इस विधि में संविदनुग्रह आसत्ति और विदूरताकी दृष्टि से संतुलित होता है। अनुग्रह तुला के ये दोनों पलड़े हैं। जो भारी पड़ जाय। आसत्ति के भारी पड़ने पर योग्यता का और विदूरता के भारी होने पर अयोग्यता का निर्णय आचार्य ही कर सकता है। आसत्ति सम्पर्क की वह स्थिति होती है, जिसमें समीहित का गहन सान्निध्य हो। मिलन भी इसी पर निर्भर करता है। विदूरता इसके विपरीत असान्निध्य की निदर्शिका होती है।।१६५।।

इस प्रकार "अपने शरीर में अवस्थित द्रव्य उत्तमोत्तम और शुभ रसायन होता है" इस उक्ति के अनुसार संवित्ति की आसत्ति में 'सार' शब्द से व्यपदिष्ट अमृत याग योग्यता का सम्पादक होता है, गुरुजनों का यही अभिमत है, यह सिद्ध हो जाता है। यही कह रहे हैं—

एवं संविदुद्रेचकमेव वस्तु अर्चने योग्यमित्याह

उन्मज्जयति निर्मग्नां संविदं यत्तु सुष्ठु तत् ।।१६७।।
अर्चायै योग्यमानन्दो यस्मादुन्मग्नता चितः ।

अतश्च इदं सिद्धमित्याह

तेनाचिद्रूपदेहादिप्राधान्यविनिमज्जकम् ।।१६८।।
आनन्दजननं पूजायोग्यं हृदयहारि यत् ।

इसी लिये वीर[1] भाव प्राप्त साधक को इस क्षेत्र में भावितात्मा गुरुजन श्रेष्ठ मानते हैं। मैथुन की मिथः कुण्डगोल प्रक्रिया के सन्दर्भ में स्यन्दमान अमृत का उत्स षडर मुद्रा होती है। यह विषय रहस्य गर्भ है। इसको इससे अधिक खोल कर नहीं बताया जा सकता। यहाँ आसत्ति का चरमोत्कर्ष होता है। विशिष्ट विशिष्ट उन याग विधियों में इनका प्रयोग होता है।।१६६।।

इससे यह सिद्ध होता है कि, अर्चन में वही वस्तु उत्तमोत्तम और महत्त्वपूर्ण होती है, जो संविद् को उद्रिक्त करती हो। यही कह रहे हैं—

संवित्ति देवी स्वभावतः इस मायालोक में संगुप्त एवं निमग्न ही रहती है। साधक की साधना का यही उद्देश्य होता है कि, उसका साक्षात्कार करे। यह तभी हो सकता है, जब संविद् शक्ति का उद्रेक हो जाय। इसलिये इसको जो पदार्थ निर्मग्न से उन्मग्न करे, वह स्वतः महत्त्वपूर्ण हो जाता है। अर्चा के लिये वही योग्य होता है। उसी से आनन्द की उपलब्धि होती है। इसका प्रमाण है कि, चिति की चिन्मय मरीचियों का चामत्कारिक संचार चेत्य में पूर्णतया हो चुका है।।१६७।।

इस सन्दर्भ में साधक को इससे सावधान रहना चाहिये कि, शरीर आदि व्यावहारिक और बाह्य दृष्टि से अचिद्रूप होते हैं। इनकी प्रधानता में साधना बाधित होती है। अतः इनके प्राधान्य को चिति समुद्र में डुबो देना ही उचित होता है। वही पदार्थ श्रेष्ठ माना जाता है, जो आनन्द जनक होता है। वही हृदय हारी होता है। चितचोर शब्द इसी अर्थ में चरितार्थ होता है।

यदभिप्रायेणैव

'या या संविदुदारा यो योऽप्यानन्दसुन्दरो भावः ।
जगति यदद्भुतरूपं तत्तदेव्यास्तवाकारः ।।'

इत्यादि अन्यैरुक्तम्।।१६७-१६८।।

अत एव आनन्दातिशयकारिणो मद्यादेरेव सर्वशास्त्रेषु परं माहात्म्यमुक्तमित्याह

अतः कुलक्रमोत्तीर्णत्रिकसारमतादिषु ।।१६९।।
मद्यकादम्बरीशीधुद्रव्यादेर्महिमा परम् ।

आदिशब्देन मांसमैथुनादि। तदुक्तं

'न नद्यो मधुवाहिन्यो न फलं पर्वतोपमम् ।
स्त्रीमयं न जगत्सर्वं कुतः सिद्धिः कुलागमे ।।' इति।।

इसी अभिप्राय को ध्यान में रखकर अन्य आगमिक विद्वानों ने यह कहा है कि, जैसी और जितनी उदार संवित्ति का स्वरूप यहाँ अनुभूत होता है, जितने और जो जो आनन्द सुन्दर भाव इस संसार में हैं अथवा इस विश्व में जो कुछ भी अद्भुत आश्चर्यजनक और आकर्षक है, हे देवि! वह सब तुम्हारा ही आकार है।''

अनुभूति की इस उच्चता पर पहुँचा हुआ साधक चैतन्य के संबोधात्मक प्रकाश में ही पुलकित रहता है।।१६८।।

इसी आधार पर आनन्दातिशय प्रदायिनी मदिरा आदि का माहात्म्य शास्त्रों में भी प्रायः वर्णन किया गया है। यही कह रहे हैं—

इसीलिये कुल, क्रम, अकुल, त्रिक, सार और मत आदि शास्त्रों में मद्य, कादम्बरी,शीधु आदि द्रव्यों की बड़ी महिमा बतलायी गयी है। श्लोक में प्रयुक्त आदि शब्द पंच-मकार प्रतीक मांस और मैथुन आदि का सूचक है। इनका भी बड़ा महत्त्व माना जाता है। कहा गया है कि—

ननु यदि एवं तत् कथं श्रुतिस्मृत्यादौ मद्यादेरशुद्धत्वमुक्तमित्याह

लोकस्थितिं रचयितुं मद्यादेः पशुशासने ।।१७०।।
प्रोक्ता ह्यशुद्धिस्तत्रैव तस्य क्वापि विशुद्धता।

ननु लोकस्थितिमेव रचयितुं मद्यादेरत्र अशुद्धिरुक्ता न तत्त्वत इत्येव कुत इत्याशङ्क्य उक्तं तत्रैव तस्य क्वापि विशुद्धतेति। क्वापीति सौत्रामण्याम्।।१७०।।

न केवलं मद्यादेर्लोकस्थितावशुद्धस्यापि शुद्धिरुक्ता, यावदन्यदप्येवं प्रकारं बहुतरमित्याह

पञ्चगव्ये पवित्रत्वं सोमचर्णनपात्रयोः ।।१७१।।

यदि मधुवाहिनी नदियाँ नहीं प्रवहमान हैं, यदि पर्वतोपम पहाड़ जैसे फल नहीं है और जगत् स्त्रीमय नहीं अथवा स्त्रीमय जागतिक दृष्टि नहीं है, तो कुलागम के अनुसार सिद्धि कहाँ?।।१६९।।

मद्य की यदि इतनी महिमा है, तो श्रुतियों और स्मृतियों आदि में इसको अत्यन्त अशुद्ध क्यों माना गया है?

इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कह रहे हैं कि, लोक-स्थिति को सुव्यवस्थित रखने के लिये ही पशुशासन में मद्य की अशुद्धि का प्रचार किया गया है। वस्तुतः ऐसी बात नहीं है। वहीं श्रुति समर्थित सौत्रामणि आदि यागों में उसे शुद्ध भी माना गया है। इस तरह कहीं शुद्धि मानी जाय और कहीं उसी वस्तु की अशुद्धि का प्रचार किया जाय, यह ठीक नहीं। दूसरी बात जो अत्यन्त ध्यान देने योग्य है कि, मद्य आदि को पशुशासन में अशुद्ध कहा गया है। त्रिक शासन पशुता के अभिशाप को, कंचुकातङ्ककलङ्क-पङ्क को कमल गन्ध में परिणत करने वाला शास्त्र है। इसमें इसे अशुद्ध नहीं मानते हैं और इसके प्रयोग को अनुशासित करते है।।१७०।।

इसी सन्दर्भ में अपने पक्ष में और तर्क दे रहे हैं तथा श्रुति पक्ष की दुर्बलता को प्रदर्शित कर रहे हैं—

पञ्चगव्य को बड़ा पवित्र माना जाता है। साथ ही सोमाभिषव में प्रयुक्त दोनों पात्रों के प्रयोग, अवभृथस्नान, हाथ में कृष्णसार मृग की सींगों का प्रयोग, विना पत्नी के याग का अपूर्ण मानना, सारे देववर्ग की समता, सुरा की आहुति का

विधिश्चावभृथस्नानं हस्ते कृष्णविषाणिता ।
न पत्न्या च विना यागः सर्वदैवततुल्यता ।।१७२।।

सुराहुतिर्ब्रह्मसत्रे वपान्त्रहृदयाहुतिः ।

चर्णनमभिषवः। कृष्णविषाणितेति कृष्णस्य कृष्णसारस्य विषाणं कण्डूयनादौ विनियुक्तमस्यास्तीति। सर्वदैवततुल्यतेति शाब्दी हि देवता वेदवादिनां, न तत्र विशेषः श्रूयते इति। यत् श्रुतिः

विधान, ब्रह्म सत्र, वपा अन्त्र और कलेजे का हवन यह सब क्या है? कहाँ गयी शुद्धि और अशुद्धि की दृष्टि? इन श्लोकों में चर्णन आदि कुछ ऐसे शब्द हैं, जो वैदिक वाङ्मय में यज्ञ के प्रकरण में प्रयुक्त होते हैं। उनके पारिभाषिक अर्थ होते हैं। जैसे—

१. चर्णन— यह शब्द अभिषव अर्थ में प्रयुक्त होता है। मेदिनी इसे स्नान, महा सन्धान और यज्ञ अर्थों में प्रयुक्त करने की परम्परा का ज्ञान कराता है। सन्धान शब्द मद्य बनाने के उपक्रम और 'अभिषव जल मिलाकर मद्य बनाने के लिये आग पर चढ़ाने का अर्थ व्यक्त करता है। पाणिनीय धातु पाठ में चर्ण धातु का प्रयोग नहीं है। वैदिक यज्ञ में इसका प्रयोग होता था।

२. कृष्णविषाणिता— कृष्णसार मृग १२ मृग भेदों में एक नाम है। यह काले मृग का विशेषण है। यज्ञ में काले मृग की सींग से अंगों को खुजलाने का प्रयोग करते हैं।

३. दैवत— वर्ण और देवार्थक दैवत शब्द पुंनपुंसक दोनों लिङ्गों में प्रयुक्त होता है। वैदिक युगमें बहुदेववाद को भी मान्यता प्राप्त थी। वृत्तिकार शाब्दी देवता अर्थ में इसका प्रयोग करते हैं।

४. श्रुति वेदार्थक शब्द है। श्रुति के कुछ वचनों को यहाँ उद्धृत किया गया है, जिनमें अशुद्ध पदार्थों की शुद्धि स्थापित होती है। जैसे—

    अ. कृष्णविषाणया कण्डूयति— काले मृग कीं सींग से अङ्गों की खुजली मिटाता है।

'कृष्णाविषाणया कण्डूयतीति, पत्नीयजमानावादधीयातामिति, सुराग्रहाञ्जुह्वतीति, ब्राह्मणो ब्राह्मणमालभेतेति, वपया प्रातः सवेन चरन्तीति, हृदयस्याग्रेऽवद्यतीति च।।१७२।।

ननु मायापदनिरूढेषु पाशवेषु शास्त्रेषु अद्वयनयोचितं कथमेवं स्यादित्यशङ्क्य आह

पाशवेष्वपि शास्त्रेषु तददर्शि महेशिना ।।१७३।।
घोरान्ध्यहैमननिशामध्यगाचिरदीप्तिवत् ।

आ. पत्नी यजमानावाधीयाताम्— आधान का प्रयोग सन्दर्भ विशेष को द्योतित करता है।

इ. सुरा ग्रहान् जुह्वति— सुरा और आहुति प्रयोग से अशुद्धि और शुद्धि की वैदिक दृष्टि को कठघरे में खड़ा कर दिया गया है।

ई. ब्राह्मणो ब्राह्मणमालभेत— इसमें ब्राह्मण द्वारा ब्राह्मण वध का आदेश दिया गया है। प्रश्न अन्तर्गर्भ है कि, यह विधान शुद्ध है या अशुद्ध?

उ. वपया प्रातः सेवनं चरन्तीति— वपा, वसा और मेदस् ये तीन चर्बी अर्थ में प्रयुक्त शब्द हैं। चर्बी अत्यन्त अशुद्ध पदार्थ है। यहाँ उसी का प्रातः सेवन-प्रक्रिया में प्रयोग कितना पवित्र है?

ऊ. हृदयस्याग्रेऽवद्यति— हृदय के ठीक ऊपर कील ठोंकने और काटने अर्थ में प्रयुक्त अवद्यति शब्द क्रूरता का भाव व्यक्त करता है। दो धातु से अव उपसर्ग योग से अवद्यति क्रिया अवखण्डन तोड़ने फोड़ने ठोंकने काटने अर्थों में प्रयुक्त है। इन उद्धरणों का सन्दर्भ वैदिक शुद्धि की मान्यता पर सोचने को विवश करता है। अतः शुद्धि अशुद्धि की समस्या विचारों पर ही निर्भर है— यह निश्चित है।।१७१-१७२।।

ननु पाशवे शासने शुद्ध्यशुद्ध्योर्विभाग उक्तः, इह तु तदविभाग इति किमनयोः कल्पयोर्युज्येतेत्याशङ्क्य आह

भक्ष्यो हंसो न भक्ष्योऽसाविति विप्रतिपत्तिषु।।१७४।।
स्मार्तीषु विजयत्येको यः शिवाभेदशुद्धिकः।

भक्ष्य इति। यत् श्रुतिः

'हंसो वृको वृषदंशस्ते ऐन्द्राः। इति।

अभक्ष्य इति यत्स्मृतिः

'कलविङ्कं प्लवं हंसं चक्राह्वं ग्रामकुक्कुटम्।'

इति अभक्ष्यप्रकरणे। विप्रतिपत्तिष्विति श्रुतेः।।१७४।।

प्रश्न करते हैं कि, माया पद में नियत रूप से निरूढ इन पाशव शास्त्रों में ऐसी जो बातें आयी हैं, वे तो अद्वय दर्शनोचित हैं। दोनों में इस प्रकार की मान्यताओं का क्या आधार है? इसका समाधान कर रहे हैं कि,

पाशव शास्त्रों में भी महेश्वर भगवान् विभु द्वारा इस प्रकार दर्शित है। जैसे अन्धतमसाछन्न हेमन्त कृष्णपक्ष की मध्य रात्रि में भी एक छिपी प्रकाश की अन्तर्निहित दीप्ति प्रतीत होती रहती है। जैसे उस समय भी उस प्रकाश के प्रभाव से यात्री अपनी निशीथ यात्रा के उद्देश्य पूरा करने में उसका आश्रय लेता है, उसी प्रकार पाशव शास्त्रों में भी रहस्य की दीप्ति का प्रकाश प्राप्त होता है। यह सन्दर्भ उसी का उदाहरण है।।१७३।।

प्रश्न करते हैं कि पाशव शास्त्रों में शुद्धि और अशुद्धि का विभाग किया जाता है। यहाँ तो दोनों में कोई अन्तर ही प्रतीत नहीं होता। इस तरह दोनों कल्पों में (पक्षों में) कैसे युक्ति युक्तता का निर्णय हो सकेगा? इस पर कह रहे हैं कि,

श्रुति कहती है कि 'हंस' पक्षी भोज्य है, वहीं स्मृति कहती है कि, अभोज्य है। इन दोनों विचारों से उत्पन्न विचिकित्सा में, विप्रतिपत्ति के इस प्रकरण में विजय तो शैव अद्वयवाद के शुद्धि अशुद्धि सन्दर्भ वाली दृष्टि की ही होगी। यह निश्चित है।

तद्विजये निमित्तमाह

अज्ञत्ववेदादर्शित्वरागद्वेषादयो ह्यमी ।।१७५।।
मुनीनां वचसि स्वस्मिन्प्रामाण्योन्मूलनक्षमाः ।

ननु किं नाम एषामज्ञत्वादि यत् स्ववचःप्रामाण्योन्मूलनायामपि क्षमते इत्याशङ्क्य आह

वेदेऽपि यदभक्ष्यं तद्भक्ष्यमित्युपदिश्यते ।।१७६।।

हंस के भक्ष्य होने से सम्बन्धित श्रुति का उद्धरण प्रस्तुत करते हैं—

"हंस, वृक (भेड़िया) वृषदंश (बिल्ली) ये जीव ऐन्द्र हैं।" अर्थात् इन्द्र सम्बन्धी यागों में प्रयोग करने योग्य और भक्ष्य हैं।

इसके विपरीत स्मृति में आये निषेध वाक्य का उद्धरण दे रहे हैं—

"कलविंक (चटक-गौरैया), प्लव (पक्षियों में चांडाल कौवा) हंस, चक्रवाक और ग्राम कुक्कुट (पालतू मुर्गा) ये सभी अभक्ष्य हैं।"

ये विप्रतिपत्तियाँ अपनी जगह पर अपने अपने दृष्टिकोण के अनुसारसमाधेय हैं।। शैव शास्त्र इस विषय का अन्यतम निर्णायक शास्त्र है।।१७४।'

शैव शास्त्रीय विजयिनी दृष्टि के समर्थन में स्पष्ट वादिता का सहारा लेकर कह रहे हैं कि,

अज्ञान, वेदार्थ निहितार्थ भाव को समझने की असमर्थता, पारस्परिक रागद्वेष आदि ऐसे कारण हैं, जिनसे ये ऋषि ग्रस्त थे। परिणाम स्वरूप एक दूसरे की बातों का इन्हीं की बातों से मूलोच्छेद हो जाता है। इनके प्रामाण्य के उन्मूलन में इनके राग-द्वेषादि ही समर्थ हैं। दूसरे को कुछ कहने की आवश्यकता ही नहीं।।१७५।।

इनकी अज्ञता का वह कौन सा स्तर या स्वरूप है कि, वे अपने ही वचनों के प्रामाण्य का उन्मूलन करने के समर्थ कारण बन जाते हैं? इस शङ्का पर अपने विचार प्रस्तुत कर रहे हैं—

वेदेऽपि हि प्रदर्शितदृशा स्मृत्यादिनिषिध्यमानं हंसादि भक्ष्यतया श्रूयते इत्येषां वेदादर्शित्वं तदज्ञानं तन्नान्तरीयकं रागादि चेति अप्रमाणमेव तद्वच:।।१७६।।

ननु एवमपि भक्ष्यत्वाभक्ष्यत्वयो: समुच्चयविकल्पौ स्यातामित्याशङ्क्य आह

न विधिप्रतिषेधाख्यधर्मयोरेकमास्पदम् ।

अथ अश्वमेधादावेव राजन्यादिनैव तद्भक्ष्यमन्यथा तु अभक्ष्यमित्युच्यते, तर्हि विषयभेदेन व्यवस्थायां शुद्ध्यशुद्धिविभागो न दुष्यतीत्याह

अथ तत्र न तद्भक्ष्यं तदा तेन तथा ततः ।।१७७।।
एवं विषयभेदान्नो शिवोक्तेर्बाधिका श्रुतिः ।

तत्रेति अश्वमेधादन्यत्र। तथेति भक्ष्यम्। तत इति श्रुते:।।१७७।।

ननु मा भूद्विषयभेदे शिवोक्तेः श्रुतिर्बाधिका समाने तु विषये को बाधविरोध इत्याशङ्क्य आह

इसका स्तर तो यही है कि, जो स्मृति आदि में अभक्ष्य है, वह वेद में भक्ष्य लिखा हुआ है। यह उनकी वेद में अश्रद्धा का द्योतक है। वेद समर्थित भक्ष्य 'हंस' को स्मृतियाँ अभक्ष्य कहती हैं। इसे उनका अज्ञान माना जाय या विना उनके न होने वाला राग ही माना जाय? ऐसी स्थिति में उनकी बातों को प्रमाणित नहीं माना जा सकता। बातों का या व्यवहार का पारस्परिक विरोध अनास्था ही उत्पन्न करता है।।१७६।।

इस स्थिति में भक्ष्याभक्ष्य-समुच्चय या विकल्प का प्रकल्पन भी नहीं किया जा सकता क्योंकि यह नियम है कि, विधि और प्रतिषेध नामक इन धर्मों का एक ही आस्पद में प्रयोग नहीं किया जा सकता।

अश्वमेध आदि यज्ञों में वीर राजाओं अथवा राजपुत्रों द्वारा ही वह भक्ष्य है अन्यथा अभक्ष्य है। इस विभाजन में विषय-भेद की स्थिति है और शुद्धि अशुद्धि का विचार है। यह तो दूषित नहीं माना जायगा? इस पर कह रहे हैं—

क्वचिद्विषयतुल्यत्वाद्वाध्यबाधकता यदि ।।१७८।।
तद्बाध्या श्रुतिरेवेति प्रागेवैतन्निरूपितम् ।

प्रागिति चतुर्थाह्निके। यदुक्तं तत्र

'वैदिक्या बाधितेयं चेद्विपरीतं न किं भवेत् ।
सम्यक्चेन्मन्यसे बाधो विशिष्टविषयत्वतः ।।
अपवादे न कर्त्तव्यः सामान्यविहिते विधौ ।
शुद्ध्यशुद्धी च सामान्यविहिते तत्त्वबोधिनी ।।
पुंसि ते बाधिते एव तथा चात्रेति वर्णितम् ।

(श्रीत. ४/२३०-२३२) इति।।१७८।।

यदि अश्वमेध यज्ञ के अतिरिक्त स्थान पर वह वस्तु भक्ष्य नहीं है और उसी समय अन्य के द्वारा भक्ष्य है, तो यह विषय भेद की स्थिति पैदा करता है। इस तरह विषय-भेद हो जाने से यह श्रुति शैव मतवाद की विरोधिनी नहीं रह जाती। इस लिये अर्थ के अभिप्राय को समझ कर निर्णय लेना ही श्रेयस्कर है।।१७७।।

विषय भेद की दशा में श्रुति शिवोक्तियों की बाधिका नहीं होती। यह बात अभी-अभी ऊपर आयी है। प्रश्न है कि, समान विषय रहने पर तो बाध का विरोध करने वाला कोई तत्त्व नहीं है? इस पर कह रहे हैं कि,

कहीं विषय के समान रहने पर यदि बाध्य बाधक भाव होता है, तो वहाँ श्रुति वाक्य ही बाधित होते हैं। यह बात पहले ही निरूपित की जा चुकी है। यह निरूपण चतुर्थ आह्निक श्लोक २३०-२३२ में हुआ है। वहाँ आया है कि,

"वैदिकी उक्तियों द्वारा यदि शिवोक्ति बाधित होती है, तो शिवोक्ति द्वारा वैदिकी उक्ति क्यों नहीं बाधित होगी? समान विषय के विपरीत विशिष्ट विषय होने के कारण यदि बाध समुचित प्रतीत होता है, तो वहाँ अपवाद विधि का आधार ग्रहण करना चाहिये। अपवाद विधि निरवकाश होने के कारण प्रबल होती है। परिणामतः उत्सर्ग विधि को बाधित करती है। जैसे चमस द्वारा आप (जल) प्रणयन की उत्सर्ग विधि को गोदोहन से प्रणयन वाला अपवाद वाक्य बाधित करता है।

प्रकृतं ब्रूमहे कृत्वा न्यासं देहार्घपात्रयोः ।।१७९।।

सामान्यमर्घपात्राम्भोविप्रुड्भिः प्रोक्ष्यचाखिलम् ।
यागोपकरणं पश्चाद् बाह्ययागं समाचरेत् ।।१८०।।

प्रकृतिमिति प्रक्रान्तं बाह्ययागादि। सामान्यमिति विशिष्टस्य वक्ष्यमाणत्वात्। बाह्ययागमिति बहिरर्चेत्यनुजोद्देशोद्दिष्टम्।।१८०।।

तदेव आह

प्रभामण्डलके खे वा सुलिप्तायां च वा भुवि ।
त्रिशूलार्कवृषान्दिक्स्था मातरः क्षेत्रपं यजेत् ।।१८१।।

शुद्धि और अशुद्धि सम्बन्धी वैदिक वाक्य यदि सामान्य रूप से विहित हैं, तो भी तत्त्वबोध से विभूषित विद्वान् इन्हीं अपवाद विधि और उत्सर्ग विधियों को दृष्टि में रखकर यह निर्णय करते हैं। इसी आह्निक के श्लोक ४/२३०-२३२ में इस विषय का और भी विशदीकरण किया गया है। यही तथ्य मालिनीविजयोत्तर तन्त्र के अट्ठारहवें पटल में भी कहा गया है।''

इसलिये दैशिक शिरोमणि, वरेण्य तत्त्व-वेत्ता विद्वान् को इस विषय का प्रसङ्गानुकूल निरूपण करना चाहिये, जिससे शुद्धि अशुद्धि सम्बन्धी कोई विचिकित्सा किसी के मन में न रह जाय।।१७८।।

प्रसङ्गतः प्राप्त शुद्धि अशुद्धि सम्बन्धी तथ्यों का यहाँ तक वर्णन किया गया। वास्तविक प्रकरण अर्घपात्र से सम्बन्धित है। उसके अनुसार देह और अर्घपात्र के न्यास की समुचित प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये, यह ग्रन्थकार का निर्देश है। अर्घपात्र की अमृतमयी पुष्कर (जल) कणिकाओं से सर्व सामान्य उपकरणों को भी प्रोक्षण से पवित्र बना कर ही बाह्य याग विधि का आचरण करना चाहिये। वस्तुतः बाह्य याग ही अर्घपात्र-विधि के बाद प्रकृत रूप से प्रक्रान्त प्रकरण है। अनुज उद्देश के रूप में श्री.त. आह्निक १।३०२ पृ. २७५ में बाह्य अर्चा का कथन किया गया है। उसी के अनुसार अर्घपात्र विधि के बाद इसका निरूपण किया जा रहा है।।१७९-१८०।।

योगिनीश्च पृथङ्मन्त्रैरोंनमोनामयोजितैः ।
एकोच्चारेण वा बाह्यपरिवारेतिशब्दिताः ।।१८२।।
तारो नाम चतुर्थ्यन्तं नमश्चेत्यर्चने मनुः ।

प्रभामण्डले इति आयतनादौ। खे इति स्वदेहादौ। भुवीति स्थण्डिलादौ। एकोच्चारेणेति संक्षिप्तदीक्षादौ।।१८१-१८२।।

बाह्ययागमुपसंहरंस्तदनन्तरोद्दिष्टं द्वारान्तरमभिधत्ते

एवं बहिः पूजयित्वा द्वारं प्रोक्ष्य प्रपूजयेत् ।।१८३।।

बाह्य अर्चा के तीन महत्त्वपूर्ण स्थान हैं—

१.प्रभामण्डल, २. ख (शरीर) और ३. सुन्दर ढङ्ग से गोमय से लिपी-पुती भूमि। प्रभामण्डल मन्दिरों के गोल भीतरी निर्माण को कहते हैं। ख का अर्थ आकाश अथवा शरीर होता है। यहाँ बाह्यार्चा प्रकरण में शरीर को ही मानना चाहिये। सुलिप्ता सुपरिष्कृत भूमि होती है। इसे वेदी कहते हैं। यहाँ स्थण्डिल आदि कहने से चत्त्वर या ऐसी भूमि भी हो सकती है, जो कुट्टिम हो और धो कर या धुला कर पवित्र कर ली गयी है।

इन स्थानों पर त्रिशूल, अर्क, वृष और दिक् पालिका, (घृत) मातृकाओं और क्षेत्रपालों की पूजा करनी चाहिये। इसी स्थान पर ६४ योगिनियों की पूजा भी विहित है। इनका ॐ पूर्वक नाम लेकर नमः लगाने से इनके पूजा के मन्त्र हो जाते हैं। उन्हीं से इनकी पूजा होनी चाहिये। अथवा एक बार ही (तार अर्थात्) ॐ बाह्य परिवारेभ्यः का ओंकारके साथ चतुर्थ्यन्त प्रयोग कर नमः लगा देने से यह एक एकोच्चारित मन्त्र हो जाता है। इसका प्रयोग संक्षिप्त दीक्षा में ही करना उचित है।।१८१-१८२।।

इसके बाद अनुज (१।३०२) उद्दिष्ट द्वारान्तरार्चा का वर्णन कर रहे हैं—

ऊपर कही हुई बाह्य पूजा का विधान पूरा करने के बाद बाह्य यज्ञ-द्वार पर पहुँचना चाहिये। सबसे पहले शुद्ध गाङ्गेय जल से द्वार का प्रोक्षण करना चाहिये। फिर पूजा करनी चाहिये। त्रिशिरो भैरव ग्रन्थ में यह विधि है। उसका

त्रिशिरःशासनादौ च स दृष्टो विधिरुच्यते ।
गणेशलक्ष्म्यौ द्वारोर्ध्वे दक्षे वामे तयोः पुनः ।।१८४।।

मध्ये वागीश्वरीं दिण्डिमहोदरयुगं तथा ।
क्रमात्स्वदक्षवामस्थं तथैतेन क्रमेण च ।।१८५।।

एकैकं पूजयेत्सम्यङ् नन्दिकालौ त्रिमार्गगाम् ।
कालिन्दीं छागमेषास्यौ स्वदक्षाद्द्वाःस्थशाखयोः ।।१८६।।

अधोदेहल्यनन्तेशाधारशक्तीश्च पूजयेत् ।
द्वारमध्ये सरस्वत्या महास्त्रं पूजयेदमी ।।१८७।।

पद्माधारगताः सर्वेऽप्युदिता विघ्ननाशकाः ।
पूजने पूर्ववन्मन्त्रो दीपकद्वयकल्पितः ।।१८८।।

निष्कर्ष है कि, द्वार के ऊपर गणेश और लक्ष्मी की युगलमूर्त्ति की स्थापना करनी होती है। द्वारार्चा में उन दोनों की दक्ष भाग में गणेश और वाम भाग में लक्ष्मी की स्थापित मूर्त्तियों की पूजा का विधान है।

मध्य भाग में वागीश्वरी (शारदा देवी) की पूजा होती है। दिण्डि और महोदर नामक देवों की पूजा का भी वहाँ उल्लेख है। क्रमशः अपने,ही दाहिने और बाँयें अवस्थित एवं प्रतिष्ठित इन देवताओं की एक एक कर पूजा आवश्यक है। वहीं नन्दी, काल, त्रिपथगा गङ्गा, कालिन्दी सूर्यतनया यमुना की पूजा अनिवार्यतः करनी चाहिये। द्वार के दक्ष भाग में अजामुख और वामभाग मे मेष मुख की आकृति की रचना की जाती और उनकी पूजा होती है।

द्वारार्चा के इसी क्रम में देहरी (चौखट) के नीचे अनन्तेश्वर भगवान् की पूजा होती है। अनन्तेश्वर ही सृष्टि व्यापार के प्रवर्त्तक देवेश हैं। साथ ही आधार शक्तियों की पूजा भी वहाँ की जाती है। द्वार के मध्य में देवी शारदा का आवाहन पूजन होना चाहिये। महास्त्रपूजन का भी विधान है। सरस्वती के महास्त्र पूजन में घंटा और विपञ्ची का तथा अस्त्रमन्त्र का प्रयोग होता है। ये सभी पद्माधार पर आधारित देव हैं। सभी विघ्नों के विनाशक हैं।

अर्घपुष्पसमालम्भधूपनैवेद्यवन्दनैः ।
पूजां कुर्यादिहार्घश्चाप्युत्तमद्रव्ययोजितः ॥१८९॥

एकोच्चारेण वा कुर्याद्द्वाःस्थदैवतपूजनम् ।
रहस्यपूजां चेत्कुर्यात्तद्बाह्यपरिवारकम् ॥१९०॥

द्वाःस्थांश्च पूजयेदन्तर्देवाग्रे कल्पनाक्रमात् ।
क्षिप्त्वास्त्रजप्तं कुसुमं ज्वलद्वेश्मनि विघ्ननुत् ॥१९१॥

पूर्ववत् मन्त्रों का प्रयोग करना आवश्यक है। द्वार के दोनों ओर दो प्रज्वलित दीपक रखना अनिवार्य है। अर्घ, पुष्प, समालम्भ (उपलेप द्रव्य), धूप, नैवेद्य और अन्त में वन्दन रूप पञ्चोपचार पूजन करना विहित है। अर्घ में उत्तमोत्तम द्रव्यों का जैसे गङ्गा जल, शुद्ध अक्षत और रक्त कुसुम आदि का प्रयोग करना चाहिये।

द्वारस्थ देवताओं का एकोच्चार विधि से संक्षिप्त पूजन भी कर सकते हैं। एकोच्चार का अर्थ होता है, एक साथ ही समूह वाचक शब्दों का उच्चारण कर मन्त्र बनाकर पूजन। जैसे दश दिक्पालों का एक साथ ॐ दशदिक्पालकेभ्यः नमः आवाहयामि पूजयामि इहागच्छन्तु सुप्रसन्नाः तिष्ठन्तु प्रीताश्च भवन्तु ॐ दशदिक्पालकेभ्यः नमः गन्धाक्षत-धूप-दीप-नैवैद्यानि निवेदयामि पूजयामि प्रार्थयामि ॐ आदि।

यदि रहस्य पूजा करनी हो, तो कल्पना क्रम विधि अपनानी पड़ती है। यह बाह्य पूजा की तरह साक्षात् देव प्रतिष्ठा कर देवों पर जैसे उपचार पूजा होती है। वैसी नहीं होती, अपितु आन्तरिक रूप से ही आराध्य देव के आगे इन सभी देवों को अवस्थित कर मानसिक पूजा करनी चाहिये।

अस्त्र मन्त्र से जप किया हुआ हाथ का उज्ज्वल फूल प्रकाश से जगमग उस यागवेश्म में नाराच मुद्रा से प्रक्षिप्त करे। इस तरह करने पर सारे विघ्न अपने आप नष्ट हो जाते हैं।

अब यागवेश्म में प्रवेश करे। प्रवेश करते समय शिष्य शैवसंविद् रश्मियों से अपने को पूर्ण प्रकाशमान प्रकल्पित कर अपनी चाक्षुष मरीचियों को भी उद्दीप्त

प्रविश्य शिवरश्मीद्धदृशा वेश्मावलोकयेत् ।
दिशोऽस्त्रेण च बध्नीयाच्छादयेद्वर्मणाखिलाः ।।१९२।।

तत्रोत्तराशाभिमुखो मुमुक्षुस्तादृशाय वा ।
विशेत्तथा ह्यघोराग्निः पाशान्प्लुष्यति बन्धकान् ।।१९३।।

कर ले। उसी शैव समावेशमयी आँखों से उस घर को निहार कर निहाल कर दे। दिशाओं को अस्त्रमन्त्र से बाँध कर कवच से पूरे वेश्म को आच्छादित कर दे। ऐसे घर में निर्धारित स्थान पर उत्तर ओर मुँह कर मुमुक्षु शिष्य अपना कार्य सम्पादित करे।

मुमुक्षु के सदृश ही कोई अन्य भी हो, तो उसके लिये भी यही विधान है। उसके लिये भी इस प्रकार के प्रकाशित और सुसज्जित घर में प्रवेश करना कराना चाहिये। इसके बाद ही अघोर अग्नि को प्रज्वलित करना चाहिये। इस अग्नि से सभी प्रकार से जागतिक बन्धनों में बाँधने वाले पाश अपने आप जलकर भस्म हो जाते है। अघोराग्नि आन्तर-संबोध-प्रकाशरूप होता है। इसके उद्दीप्त होने से निश्चित रूप से कर्मक्षय होते हैं। अर्थात् कर्म जलकर राख हो जाते हैं और मुमुक्षु बन्धन विमुक्त हो जाता है। मुमुक्षु के इस विशेष विधि के उल्लेख के आधार पर यह सोचा जा सकता कि, बुभुक्षु के सम्बन्ध में इसके अतिरिक्त अन्य विधि का प्रयोग आवश्यक है।

इस सन्दर्भ के कुछ मुख्य विन्दुओं पर ध्यान देना आवश्यक है। जैसे—

१. गणेश और लक्ष्मी के पूजन के सम्बन्ध में श्लोक १८४ में त्रिशिरः शासन के अनुसार निर्दिष्ट विधि का उल्लेख है। वहाँ कहा गया है कि,

"द्वार का पूजन करने के बाद द्वार के ऊपर दक्षिण तरफ गणेश और वामभाग में श्री लक्ष्मी देवी की पूजा होनी चाहिये। द्वार के मध्य में सरस्वती वागीश्वरी की पूजा का भी विधान है। इस पूजा में वागीश्वरी का मनन चिन्तन अनिवार्यतः करना चाहिये।"

२. दक्षिण और वाम भाग में भी अन्तर की बात शिष्य सोचे। मान लीजिये उत्तर द्वार से शिष्य यागमण्डप में प्रवेश कर रहा है। उस समय द्वार के

स विधिरिति द्वारपूजालक्षणः, तमेवाह गणेशेत्यादि। तदुक्तं तत्र

'संपूज्य द्वार ऊर्ध्वे तु गणेशं दक्षिणे तथा।
वामे श्रियं च वागीशीं मध्ये संचिन्त्य पूजयेत् ।।'इति।

स्वेति साधकाभिप्रायेण। एतेनेति दक्षवामात्मनैव, द्वाराभिप्रायेण पुनरत्र विपर्ययः। तदुक्तं तत्र

'ततो मूले उत्तरतो नन्दिरुद्रं च जाह्नवीम्।
महाकालं सदंष्ट्रं च यमुनां चैव दक्षिणे ।। इति।

अध इति अधरोडम्बरे। द्वारमध्ये इति ऊर्ध्वोडम्बरे। उत्तमद्रव्ययोजित इति नतु अंष्टभिरङ्गैः। एकोच्चारेणेति ओं सर्वद्वारपालेभ्यो नमः इति। कल्पनाक्रमादिति नतु तन्त्रप्रक्रियावत्साक्षात्। क्षिप्त्वेति अर्थात् नाराचमुद्रया। शिवरश्मीद्धदृक्त्वं परवृत्त्यवलम्बनात्। अवलोकयेदिति गुणाधानाय, पुनः प्रवेशरोधाय दिशो

पूर्व-पश्चिम दिग्विभाग में शिष्य का वाम और दक्ष भाग पड़ेगा। इस स्थिति में द्वार-दिक् का ध्यान न रखकर शिष्यानुसारी दक्षवाम भाग का निर्णय होना चाहिये। द्वाराभिप्राय से तन्त्रोक्ति का विपर्यय होगा, जो उचित नहीं। इस सम्बन्ध में त्रिशिरः शास्त्र कहता है, कि,

"इसके बाद मूल भाग में नन्दी और रुद्र साथ ही साथ जाह्नवी (गङ्गा), महाकाल, और यमुना की दाहिने भाग में पूजा होनी चाहिये।

३. उडुम्बर— यह शब्द चौखट और गूलर अर्थ में विशेषतः प्रयुक्त होता है। यों उडुम्बर एक चर्म रोग (कुष्ठ श्रेणी) भी होता है। नपुंसक भी उडुम्बर कहलाते हैं। इसका विग्रह वाक्य है—उत् (उत्कृष्टतया) उं (शँकरं) वृणोति इति उदुम्बरः। ब व के अभेद से उदुम्बर और 'द' को 'ड' आदेश हो जाने पर यह शब्द बनता है। यहाँ अधः उडुम्बर का अर्थ नीचे का चौखट और ऊर्ध्वोडम्बर का अर्थ ऊपर का चौखट होता है।

४. दिग्बन्ध करने का लक्ष्य होता है कि, पुनः प्रवेश में कोई अवरोध न रह जाय। इसके साथ ही कवच मन्त्र से उसकी रक्षा भी इसी उद्देश्य से की जाती है।

बध्नीयात् छादयेच्चेति उक्तम्। तादृशायेति मुमुक्षवे अर्थात् दीक्षाकाले, बुभुक्षुविषयं पुनरेतदन्यथेति अर्थसिद्धम् यदुक्तं

'पूर्वास्यः सौम्यवक्त्रो वा......................।'
(मा. वि. ८।१८) इति।।१८१-१९३।।

ननु अस्मिन् संविदद्वयवादे दिगेव नाम का यस्या अपि उत्तरादिविभागो भवेदित्याशङ्क्य आह

यद्यप्यस्ति न दिङ्नाम काचित्पूर्वापरादिका ।
प्रत्ययो हि न तस्याः स्यादेकस्या अनुपाहितेः।।१९४।।

---

५. मुमुक्षु दीक्षा— यागवेश्म में प्रवेश के दो सन्दर्भ हैं। १. मुमुक्षु दीक्षा का सन्दर्भ और २. बुभुक्षु दीक्षा का सन्दर्भ। मुमुक्षु के याग वेश्म के प्रवेश को यहाँ मुख्यता देखकर पहले ही उल्लिखित किया गया है। संकेत रूप से यह भी कहा गया है कि, मुमुक्षु द्वार में प्रवेश के समय अघोर अग्नि के प्रकाश में अंगारे की तरह जाज्वल्यमान सा अनुभव करे। अस्त्रमन्त्र से शुद्ध तेजःपुञ्ज ऐसे साधक में जलने वाली आग उसके समस्त पाशों को जला डालती है। इस कथन का आधार मालिनीविजयोत्तर तन्त्र के अष्टम पटल के एतद्विषयक श्लो. १८-२१ का सन्दर्भ है, जिसमें मुमुक्षु के द्वार प्रवेश के सम्बन्ध में पूर्व और उत्तराभिमुख होने की बात का उल्लेख किया गया है।।१८१-१९३।।

प्रश्न है कि, संविदद्वयवाद में दिक् है ही क्या पदार्थ।? जिसके उत्तर पूर्व आदि विभाग किये जा रहे हैं। इसका समाधान कर रहे हैं—

यद्यपि पूर्व-अपर विभाग संवलित कोई दिक् नामक पदार्थ यहाँ मान्य नहीं है फिर भी इस एक मात्र सर्वत्र समान रूप से प्रतीत होने वाली स्थिति के विषय में चर्चा आवश्यक है। यह अनुपाहिति रूपा सत्ता भी बड़ी विचित्र है। इसका सामान्यतः कोई प्रत्यय नहीं होता। इसके सम्बन्ध में काणाद-सम्प्रदाय इस प्रकार अपने विचार प्रकट करता है—

अनेन च प्रवेशानन्तर्येण दिक्स्वरूपमुपक्रान्तम्। ननु उक्तमेव हि काणादैः

'केवलवृक्षादिप्रत्ययविलक्षणपूर्वादिप्रत्ययानुमेया दिगस्ति। इति।

सा च एका सर्वत्र तत्प्रत्ययाविशेषात्। ननु यद्येवं, तत् कथमनुपाहितरूपाया एकस्यास्तस्याः पूर्वापरादिको भेदो भवेदित्याह पूर्वेत्यादि।।१९४।।

अथ उपाधिरेव तादृक् कश्चिदस्तु यः पूर्वादिव्यवहार्य इत्युच्यते, तदुपाधिसंज्ञितं वस्त्वन्तरमेव तथा स्यात् न दिङ् नाम पूर्वादिप्रत्ययपात्रतामनुभवेदित्याह

उपाधिः पूर्वतादिष्ट इति चेत्तत्कृतं दिशा ।

"केवल वृक्ष आदि प्रतीति से विचित्र रूप से प्रतीयमान पूरब पश्चिम आदि रूपों में अनुमेय सत्ता ही दिक् है।"

अनुपाहिति शब्द अप्रचलित पारिभाषिक शब्द है। न + उप + आ + धा + क्तिन् से निष्पन्न यह शब्द एक असम्बद्ध, अवधारित करने में कठिन और किसी प्रकार पेड़ों आदि की स्थिति से प्रतीयमान काल्पनिक अस्तित्व का प्रतीक है। इसे ही पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर आदि नामों से ज्ञान का विषय बनाते हैं। असम्बद्ध रहते हुए भी व्यवहार में यह स्पष्ट रूप से प्रचलित है। श्री. त. १/३०२ में अनुज उद्देश्य के रूप में प्रवेश के बाद इसका उपक्रम किया गया है।।१९४।।

यह पूर्व पश्चिम आदि की संज्ञायें तो निश्चित रूप से एक प्रकार की उपाधि ही मानी जा सकती हैं। इन्हीं से दिक् नामक यह व्यवहार चलता है। यहाँ यह पूछा जा सकता है कि, यह उपाधि रूप वस्तु ही क्यों न पृथक् वस्त्वन्तर मान लिया जाय? यह दिक् नामक तत्त्व पूर्व पर आदि व्यवहार की पात्रता से युक्त न माना जाय। इस पर कह रहे हैं—

यह उपाधि पूर्व की भावमयी सत्ता को व्यक्त करने के अर्थ में ही आदिष्ट है। यदि इसे इसी रूप में मान लिया जाय, तो कोई हर्ज नहीं होगा। इसी आधार पर यह 'दिशा' शब्द भी शब्दकोश में इसी अर्थ में गृहीत कर लिया गया है।

एवमपि अस्मत्समीहितस्य पूर्वादिव्यवहारस्य सिद्धेरस्तु एतदिति चेत्, नेत्याह

उपाधिमात्रं तु तथा वैचित्र्याय कथं भवेत् ।।१९५।।

तथेति दिक्पौर्वापर्याद्यात्मना।।१९५।।

ननु तर्हि भावस्वभावाधिकदिक्कालापह्नववादिभिः सौगतैरेव जितमित्याह

तस्मात्संवित्प्रकाशोऽयं मूर्त्याभासनभागतः ।
पूर्वादिदिग्विभागाख्यवैचित्र्योल्लेखदुर्मदः ।।१९६।।

एतदेव उत्तरमवरोहक्रमेण विभज्य दर्शयति

तत्र यद्यत्प्रकाशेन सदा स्वीकरणे क्षमम् ।
तदेवोर्ध्वं प्रकाशात्म स्पर्शायोग्यमधः पुनः ।।१९७।।

प्रश्नकर्त्ता बीच में ही पूछ बैठता है कि, इससे तो हमारी ही बात सिद्ध हुई कि, पूर्व पर आदि व्यवहार-सिद्ध सत्ता ही दिक् है। इस पर कह रहे हैं कि, उपाधि मात्र के पास यह क्षमता नहीं होती, जिससे कोई व्यावहारिकता पुष्ट हो सके। इसी तरह दिक् में पौवापर्य आदि के आकलन से उपाधि में कोई अन्तर नहीं आ सकता।।१९५।।

इस पर यह नहीं कहा जा सकता कि, भाव स्वभाव से अधिक दिक् और काल का अपह्नव मानने वाले सौगत मतवादियों का ही समर्थन हो रहा है। इससे यदि वे विजय का उत्सव मनावें, तो मना लें पर यह ध्यान रहे कि,

यह सारा चमत्कार संवित् के प्रकाश का ही परिणाम है। उसी प्रकाश का यह एक विभागावभास मात्र है, इसका कोई स्थूल मूर्त्त रूप नहीं होता। इसमें पूर्व पश्चिम आदि दिशावभास रूप विभाग भी संविद्वैचित्र्य के उल्लास का ही दुर्मद लालित्य है। संविद् तत्त्व के अतिरिक्त दिक् का कोई अस्तित्व नहीं।।१९६।।

इसी उत्तर के अंश के रूप में ही यहाँ ऊर्ध्व-अधः विभाग का विभाजन कर इसको और भी स्पष्ट कर रहे हैं—

किंचित्प्रकाशता मध्यं ततो वै दिक्समुद्भवः ।
किंचित्प्रकाशयोग्यस्य संमुखं प्रसरत्पुरः ।।१९८।।

पराङ्मुखं तु तत्पश्चादिति दिग्द्वयमागतम् ।
प्रकाशः संमुखं वस्तु गृहीत्वोद्रिक्तरश्मिकः।।१९९।।

यत्र तिष्ठेद्दक्षिणं तत्प्रकाशस्यानुकूल्यतः ।
दक्षिणस्य पुरःसंस्थं वाममित्युपदिश्यते ।।२००।।

तत्प्रकाशितमेयेन्दुस्पर्शसौम्यं तदेव हि ।

इह खलु परप्रकाशवपुषः परमेश्वरस्यापि

> **'स यदास्ते चिदाह्लादमात्रानुभवतल्लयः।**
> **तदेच्छा तावती तावज्ज्ञानं तावत्क्रिया हि सा।।'** (शि. दृ. १।३)

जो जो अवस्थान प्रकाश के द्वारा स्वीकार्य होने योग्य है, वही ऊर्ध्व माना जाता है। जो स्पर्श के अयोग्य है, वह अधः दिग्विभाग माना जाता है। कुछ कुछ प्रकाशमानता को मध्य मान लेते हैं। इसी मान्यता में से यह दिक् प्रकल्प सिद्ध हो जाता है।

कुछ विशिष्ट प्रकाश योग्यता का जो अंश आगे सामने बढ़ता हुआ प्रतीत होता है, वह पुरः प्रकाशावस्थान और पीछे वाला पराङ्मुख अवस्थान होता है। इसमें आगे वाला पूर्व, पीछे वाला पश्चिम मान लिया गया और दो दिशायें व्यवहार में आ गयीं।

प्रकाश ही आगे की वस्तु को ग्रहण करता हुआ अर्थात् प्रकाश का विषय बनाता हुआ रश्मियों के उद्रेक से भर जाता है और जहाँ अनुकूलता के रूप में वह अवस्थित होता है, उसे दक्षिण तथा दक्षिण के ठीक सामने वाला उत्तर हो जाता है। उसे वाम कहते हैं। यही प्रकाशित मेय चन्द्र-स्पर्श सौम्य होकर वाम भाग में प्रवाहित हो उठता है।

इत्यादिनीत्या परापरतदुभयदशावेशभाजः परांशे विश्वस्य प्रकाशैकमयत्वादूर्ध्वत्वम्, अपरांशे प्रकाशस्पर्शायोग्यत्वादधस्त्वम्, तदुभयांशे कथंचित्प्रकाशाप्रकाशसंस्पर्शात् दशान्तरालतया मध्यत्वं यत एव दिशां समुद्भव इति। तत्र किंचित्प्रकाशौन्मुख्ययोग्यतया प्रस्फुरत् विश्वं पुरः प्रमुखे अञ्चतीति प्राचीत्युच्यते, किंचिदप्रकाशसंस्पर्शात्तु तदेव विमुखमिव पराञ्चतीति पश्चादिति चेति तावदनपह्नवनीयं दिग्द्वयम्। स एव किंचित्प्रकाशः स्वसंस्पृष्टं विश्वमवमृश्य यस्मिन्नात्मनि स्वप्रकाशमये पारिपूर्ण्योंचिते वर्तते, सैव प्रकाशानुगुण्याद्दक्षिणा

प्रकाश वपुष् परमेश्वर के सम्बन्ध में शिवदृष्टि १।३ कहती है कि,

“पारमेश्वर चिदाह्लाद की वह उत्कर्ष दशा है, जो अनुभव साक्षिक है। अनुभूति की चरम अवस्था में वह तल्लीन भाव से उल्लसित है। उसकी ही स्वच्छात्मिका अवस्था इच्छा कहलाती है। वही ज्ञान रूपा भी है और वही क्रिया भी है।”

इस उक्ति के अनुसार पर, परापर और अपर आवेश से आविष्ट शिव परांश में विश्व को प्रकाशांश रूप से उल्लसित रखते हैं। इस आधार पर उसकी ऊर्ध्व स्थिति का आकलन करते हैं। अपरांश में प्रकाश से स्पर्श की योग्यता का अभाव होता है। इसीलिये इसे अधर मानते हैं। अर्थात् वह अधः भाग में अवस्थित होता है। प्रकाश के उभयांश में किसी प्रकार प्रकाश और अप्रकाश के स्पर्श से मध्यत्व का आकलन होता है। इस प्रकार ऊर्ध्व, अधर और मध्य दिशाओं का समुद्भव शास्त्रों के अनुसार ही नहीं, वास्तव में भी जीवन के व्यवहार के क्षेत्र में भी होता है। जो बोध के प्रकाश से प्रकाशित होता है, उसका आदर होता है। उसे ऊँची चीज समझते हैं और ऊँचा स्थान देते हैं। इसी तरह मध्य-अधर अवस्थान का भी नियम है।

प्रकाशौन्मुख्य की योग्यता से समन्वित रहकर जो प्राक् पहले या सामने अञ्चित होती है, वही प्राची दिशा हुई। उसी अर्थ में प्राची शब्द रूढ हो गया। कुछ कुछ अप्रकाश के संस्पर्श हो जाने के कारण वही वैमुख्य में अञ्चित होता है, तब उसे ‘परा अञ्चति’ इस विग्रह के पराची (पश्चिम कहने लगते हैं। इस प्रकार ये दो मुख्य दिशायें अस्तित्व में आ जाती हैं।

दिगिति; किंचिदप्रकाशः पुनः कथंचिदुद्रिक्तः तथा विधप्रकाशांशसमस्कन्धतया तदादिष्ट इव मेयप्राधान्यादैन्दवसंस्पर्शाप्यायितया प्रकाशप्रातिकूल्यवमनात् वामाभिधानभाजनम्।।२००।।

ननु एवमौत्तराधर्ययोगात् मध्यविभागाच्च परशिवपदे, तदौचित्याच्च उत्तरदशास्वपि षडेव दिशः स्युरित्याशङ्क्य आह

एवमाशाचतुष्केऽस्मिन्मध्यविश्रान्तियोगतः ।।२०१।।
चतुष्कमन्यत्तेनाष्टौ दिशस्तत्तदधिष्ठिताः ।

चतुष्कमन्यदिति पूर्वदक्षिणदक्षिणापरापरोत्तरोत्तरपूर्वलक्षणम्। तत्तदधिष्ठिता इति तेन तेन संमुखपराङ्मुखोद्रिक्तानुद्रिक्तप्रकाशाप्रकाशांशेन अधिष्ठिताः स्वात्मनि विश्रान्तिसारतया अवमृष्टा इत्यर्थः।।२०१।।

यही किञ्चित्प्रकाश अपने द्वारा संस्पृष्ट विश्व का परामर्श करता हुआ जिसे स्वात्मप्रकाश विभाग की परिपूर्णता से ओतप्रेत होकर अनुभूत होता है, वही दक्षिण दिशा होती है।

पुनः वही किंचित् अप्रकाश किसी प्रकार उद्रिक्त होकर उक्तवत् प्रकाशांश के सन्तुलन में मेय की प्रधानता को अपना कर सोमांश स्पर्श से स्वयम् आप्यायित हो कर दूसरों को भी आप्यायित करता है, तब उसे वामा कहते हैं। यह प्रकाश प्रातिकूल्य का ही वमन करती है। अतः इसका वामा नाम सार्थक हो जाता है।।१९७-२००।।

ऊपर के वर्णन में पर-शिव के पद पर इस अधर उत्तर आदि की दृष्टि से तथा प्रकाश की दक्षिण वाम की दृष्टि से दिक् का विभाजन किया गया है। परिणाम स्वरूप प्राची, अवाची, उदीची, प्रतीची, ऊर्ध्व और अधः ये छः दिशायें आकलित की गयीं हैं। प्रश्नकर्त्ता पूछ रहा है कि, क्या दिशायें छः ही होती हैं? इस प्रश्न का उत्तर दे रहे हैं

वस्तुतः मुख्य दिशायें तो चार ही होती हैं। इनमें दो बातों का और ध्यान दिया जाना आवश्यक है। १. मध्य दृष्टि और २. विश्रान्ति की दृष्टि।

अमुष्यैव दिग्विभागस्य शास्त्रलोकप्रसिद्धस्तद्विभागः प्रपञ्च इत्युपसंहारदिशा प्रदर्शयति

एवं प्रकाशमात्रेऽस्मिन्वरदे परमे शिवे ।२०२।
दिग्विभागः स्थितो लोके शास्त्रेऽपि च तथोच्यते।

तदेवमयं दिग्विभागोऽस्मिन्प्रकाशैकरूपे परानुग्रहपरे परमेश्वरे

'स्वामिनश्चात्मसंस्थस्य भावजातस्य भासनम्।
अस्त्येव न विना तस्मादिच्छामर्शः प्रवर्तते।। (ई. प्र. १।५।१०)

इत्याद्युक्तयुक्त्या स्वात्ममयतया स्थितः सन् शास्त्रे लोके च तथोच्यते तावत्पर्यन्तमूर्ध्वादिशब्दव्यपदेशपात्रतया प्रस्फुरित इत्यर्थ।।२०२।।

---

१. मध्यदृष्टि अर्थात् दो दिशाओं के बीच की स्थिति। जैसे पूर्व और दक्षिण का मध्य भाग अग्निकोण, दक्षिण पश्चिम मध्य दिशा नैऋत्य कोण। पश्चिम उत्तर मध्य भाग वायव्य कोण। उत्तर और पूर्व मध्य भाग ईशान दिशा। इस तरह दिशाओं के मध्य की दृष्टि से चार और दिशायें बन जाती हैं।

२. विश्रान्ति की दृष्टि का तात्पर्य होता है कि, इन दिशाओं में प्रकाश की विश्रान्ति का स्वरूप क्या है? जब प्रकाश संमुख होगा, तो प्राची दिशा होती है। प्रकाश पराङ्मुख होता है, तो प्रतीची। उद्रिक्त प्रकाश में उदीची और अनुद्रिक्त प्रकश में अवाची नाम की चार दिशायें होती है।

३. इसके साथ ही प्रकाशांशविश्रान्ति पर भी विचार करने से मध्य दिशायें संकेत सक्षम प्रतीत होती हैं। जैसे प्रकाशांश की सम्मुखता में अग्नि दिशा आदि। अर्थात् दिशानिर्धारण का मुख्य मूल विन्दु प्रकाश की स्वात्म विश्रान्ति का प्रकार है। इस तरह ४ + ४ + २ = १० दिशाओं का अस्तित्व अनुभूत होता है।।२०१।।

इस प्रकार प्रकाश से उल्लसित परम शिव में ही यह दिग्विभाग स्वरूपसत् होकर उल्लसित है। लोक में भी इसी आधार पर इनका व्यवहार चलता है। शास्त्र का इस विषय का विचार ऊपर आ ही चुका है। अर्थात् लोक और

तत्र शास्त्रीयं दिग्विभागमाह

क्रमात्सदाशिवाधीशः पञ्चमन्त्रतनुर्यतः ।।२०३।।
ईशन्रघोरवामाख्यसद्योऽधोभेदतो दिशः ।

शिवशक्तिदशानन्तरं भगवान् पञ्चमन्त्रतनुः सदाशिवनाथो भवति यस्मादीशन्रादिवक्त्रभेदतः षोढा दिशः समुल्लसन्तीति वाक्यार्थः।।२०३।।

एतदेव विभजति

ईश ऊर्ध्वं प्रकाशत्वात्पूर्वं वक्त्रं प्रसारि यत्।।२०४।।

पुरुषो दक्षिणाचण्डो वामा वामस्तु सौम्यकः।
पराङ्मुखतया सद्यः पश्चिमा परिभाष्यते ।।२०५।।

पातालवक्त्रमधरमप्रकाशतया स्थितेः ।

शास्त्र दोनों में प्रकाश दृष्टि का ही प्राधान्य है। ईश्वर प्रत्यभिज्ञा भी १।५।१० के अनुसार यही कहती है—

"आत्मसंस्थ अर्थात् प्रकाश रूप में सर्वत्र सत् परमेश्वर के भाव-परामर्श का उल्लास और यह विश्वावभास उसके विशाल परिवेश में ही सम्भव है। यह उसी की इच्छा का आमर्शमात्र है।"

इस तरह शिवशक्त्यंश के परामर्श से संवलित लोक और शास्त्र सर्वत्र ऊर्ध्वाधर आदि व्यपदेश प्रसिद्ध है।।२०२।।

शास्त्रीय दृष्टि से दिग्वभाग का एक और प्रधान विन्दु सदाशिव के शरीर का पञ्चमन्त्रात्मक होना भी है। सदाशिवनाथ के पञ्चमन्त्रात्मकता के परिणामस्वरूप दिशायें भी छः बनती हैं। सदाशिव के स्वरूप में ही ईश, नृ (तत्पुरुष), अघोर, वामदेव, और सद्योजात ये पाँच मन्त्र या वक्त्र उल्लसित हैं। इनके अनुसार दिग्विभाजन इस प्रकार होता हैं—

१. ईश के ऊर्ध्व प्रकाश के कारण ऊर्ध्व दिशा होती है।

यत् यस्मादीशः प्रकाशैकरूपत्वादूर्ध्वा दिगुच्यते, तत्पुरुषः प्रकाशौन्मुख्येन प्रसरणात् पूर्वा, अघोरः प्रसृतप्रकाशोद्रेकानुकूल्याद्दक्षिणा, वामदेवस्तत्प्रातिकूल्यात् मेयेन्दुसंस्पर्शप्रधाना वामा उत्तरा, सद्योजातः प्रकाशवैमुख्यात् पश्चिमा, पिचुवक्त्रं प्रकाशसंस्पर्शायोग्यत्वादधरा चेति।।२०४-२०५।।

ननु अत्र भूतव्याप्त्या वक्त्रभेदः समाम्नातः, तत् क इव अयं षोढा तद्विभाग इत्याशङ्क्य आह

खमरुद्वह्निजलभूखानि वक्त्राण्यमुष्य हि ।।२०६।।

---

२. प्रसरणशील प्रकाश के कारण पूर्व दिशा होती है। यहाँ तत्पुरुष का प्रभाव होता है।

३. अचण्ड (अघोर) प्रकाशोद्रेक दक्षिण दिशा का कारण है।

४. वामदेव से वामा उत्तर सोमदिशा

५. पराङ्मुखप्रकाश सद्योजात से पश्चिमा दिक्

६ एवम् पातालवक्त्र के कारण छठीं अधः दिशा व्यपदिष्ट की जाती है।।२०३-२०५।।

पञ्च महाभूतों में भी पञ्चवक्त्र की व्याप्ति मानी जाती है। उसके अनुसार ही १. ख (आकाश, २. मरुत् (वायु), ३. वह्नि (अग्नि), ४. जल, ५. भू (पृथ्वी) और ६. ख अधोवस्थित आधार ये पाँच महाभूत और पाँच परम सदा शिव-वक्त्रों का समन्वय होता है। विशेष बात यह है कि, ऊर्ध्व प्रकाश मान्य होने से ऊर्ध्व दिशा भी 'ख' आकाश ही है और सर्वाधार होने से (ख) आकाश ही अधोवक्त्र भी माना जाता है। इसका रेखाशब्द चित्र इस तरह होगा—

१	२	३	४	५	६
क्रम	वक्त्र	दिक्	पञ्चमहाभूत	तत्त्वों में वेदव्याप्ति	देवव्याप्ति
१.	ईशान	ऊर्ध्व	आकाश	सर्वविद्यात्मक	सदाशिव
२.	तत्पुरुष	पूर्वा	वायु	अथर्व	ईश्वर
३.	अघोर	दक्षिण	अग्नि	सामवेद	रुद्र

मुख्यत्वेन खमेवोर्ध्वं प्रकाशमयमुच्यते ।
तदेव मुख्यतोऽधस्तादप्रकाशं यतः स्फुटम् ।।२०७।।

तमः प्रकाशाश्रयो हि आकाश इत्याशयः।।२०६-२०७।।

ननु विरोधिनोः प्रकाशाप्रकाशयोरेकनिषेधे तदितरविधेर्नान्तरीयकत्वात् कोऽवकाशो दिक्चतुष्टयस्येत्याशङ्क्य आह

मध्ये तु यत्प्रकाशं तन्न प्रकाश्यं न चेतरत् ।
प्रकाशत्वाद्दिश्यमानमतोऽस्मिन्दिक्चतुष्टयम् ।।२०८।।

मध्ये पुनर्न प्रकाशो, नापि तदभावः, किंतु किंचित्प्रकाशविषयीकृतं प्रकाश्यं तत एव संमुखप्रसरणाद्युपाधिवैचित्र्यात् भेदेन परामृश्यमानमिति स्थित एव अत्र पूर्वादिदिग्विभाग इति।।२०८।।

आकाश की ऊर्ध्वाधः व्याप्ति वैज्ञानिक दृष्टि से भी औचित्यपूर्ण है।।२०६-२०७।।

प्रकाश और अप्रकाश ये दो परस्पर विरोधी तत्त्व हैं। एक रहेगा तो दूसरे का निषेध नितान्त स्वाभाविक है। एक की विधि के विपरीत नान्तरीयक भावमयी यह दिक्चतुष्टयी कैसे अस्तित्व में आती है? इसका स्पष्टीकरण कर रहे हैं—

मध्य में जो प्रकाश होता है, वह प्रकाश नहीं होता। उसे प्रकाशाभाव भी नहीं कह सकते हैं। वह प्रकाश्य है क्योंकि प्रकाश द्वारा ही वह आत्मसात् किया जाता है। इस प्रकार प्रकाशत्व के संस्कार से दिश्यमान होता है अर्थात् संमुख प्रसरण शील होने से उसमें उपाधिगत वैचित्र्य का आधान हो जाता है। परिणामतः भेद का परामर्श होने लगता है। यही कारण है कि, इसमें दिग्विभाग भी अनिवार्यतः उल्लसित और स्पष्ट रूप से व्यपदेश का विषय बन जाता है।।२०८।।

४.	वामदेव	उत्तर	जल	यजुर्वेद	विष्णु
५.	सद्योजात	पश्चिम	पृथ्वी	ऋग्वेद	ब्रह्म
६.	ईश	अधः	आकाश	मध्यमा	सदाशिव

प्रकृतमेव उपसहरति

पञ्चमन्त्रतनुर्नाथ इत्थं विश्वदिगीश्वरः ।

इत्थमिति वक्त्रव्याप्त्या प्रागुक्तमध्यविश्रान्तियोग्यतया च।

एतदेव कारणान्तरेषु अतिदिशति

ततोऽपीशस्तथा रुद्रो विष्णुर्ब्रह्मा तथा स्थितः।।२०९।।

तथेति सादाशिवेन क्रमेण।।२०९।।

ननु तथेति किं सर्वातिदेश एव, नेत्याह

ऊर्ध्वाभिव्यक्त्ययोग्यत्वाद्विष्णोर्धातुश्च पञ्चमम्।
न वक्त्रं तौ भेदमयौ सृष्टिस्थितिप्रभू यतः ।।२१०।।

भेदप्रधानतया परसंविदद्वयपरामर्शकौशलशून्यतयेति आशयः।।२१०।।

इस प्रकार परमेश्वर परम शिव सुबुद्ध साधक को विश्वदिक् रूप से प्रतिभासित होने लगते हैं। शिव के सार्वत्रिक संविदुल्लास में ही सारी दिशायें प्रस्फुरित होती हैं, यह उसे अनुभूत हो जाता है। इसी में पञ्चवक्त्र परमेश्वर का पञ्चमन्त्रतनुत्व भी प्रतिभासित हो जाता है। इसे वक्त्रव्याप्ति की अनुभूति कहते हैं। श्लोक १९८ के अनुसार प्रकश की मध्य विश्रान्ति से दिशाओं की उत्पत्ति का अर्थ भी इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है।

इसके अतिरिक्त भी कारणान्तर व्याप्ति का सन्दर्भ यहाँ आता है। इसमें क्रमशः सदाशिव, ईश, रुद्र, विष्णु और ब्रह्मा भी अधिष्ठित माने जाते हैं।।२०९।।

प्रश्न है कि 'तथा' शब्द क्या सर्वातिदेश का विधान करता है? नहीं। इसमें विशेष रूप से ध्यान देने की बात है कि, विष्णु और ब्रह्मा इन दोनों में ऊर्ध्व अभिव्यक्ति की योग्यता का अभाव होता है। अतः इनमें पाँचवां वक्त्र नहीं माना जाता है। ब्रह्मा की एक 'चतुर्मुख' संज्ञा प्रसिद्ध ही है। ये भेदवाद के अधीश्वर

ननु एवं पञ्चवक्त्रायोगे तन्मूलो दिग्विभाग एव न स्यादित्याशङ्क्य आह

दिग्विभागस्तु तज्जोऽस्ति वदनानां चतुष्टयात् ।

ऊर्ध्ववक्त्राभावेऽपि तत्समुत्थ ऊर्ध्वाधरात्मा वदनचतुष्टयनान्तरीयकतया दिग्विभेदो विद्यते इति युक्त एव अतिदेशः।

ननु वदनचतुष्टयापेक्षयापि दिग्विभागो भवेत्, तदधराधरस्य पूर्वपूर्वत्र अवस्थानादूर्ध्ववक्त्रयोगिनि रुद्रादौ ब्रह्मविष्ण्वोरपि संभवात् किं तद्वदनचतुष्टयनान्तरीयको दिग्विभागः, उत पञ्चमवक्त्रोदञ्चित इत्याशङ्क्य आह

पञ्चमस्य युजित्वे तौ परित्यक्तनिजात्मकौ ।।२११।।

परित्यक्तनिजात्मकाविति तदेकलीनावित्यर्थः।।२११।।

एवं शास्त्रीयं दिग्विभागमभिधाय, लौकिकमपि अभिधत्ते

हैं। ब्रह्मा सृष्टि के विधाता हैं और विष्णु सृष्टि की स्थिति दशा की व्यवस्था करते हैं। अतः भेद की प्रधानता के कारण परासंविद् के अद्वय परामर्श के चामत्कारिक उत्कर्ष का इनमें अभाव हो जाता है।।२१०।।

प्रश्न करते हैं कि, पाँचवें मुख के इस महाप्रभाव की न्यूनता के कारण तन्मूलक दिग्विभाग की सिद्धि कैसे हो सकती है? इसका उत्तर दे रहे हैं कि,

दिग्विभाग तो चारों वदनों के शाक्त उत्कर्ष रूप स्पन्द का स्फुरित रूप है। उसका प्रादुर्भाव उनसे है, यह स्पष्ट है। ऊर्ध्ववक्त्र के अभाव में भी उससे परामृष्ट ऊर्ध्वाधर, दक्ष, वाम रूपा चार दिशायें प्रतिभासित होती हैं। यहाँ यह ध्यातव्य है कि, चारों मुखों से चारों दिशाओं का अविनाभाव सम्बन्ध होता है।

इसी सन्दर्भ में यह निश्चित है कि, चारों वदनों की अपेक्षा से चार दिशाओं का उल्लास माना जाता है। इसमें यह ध्यान देने की बात है कि, अधर अधर की स्तरीय क्रमवत्ता में पूर्व पूर्व का क्रम भी स्वाभाविक होता है। इस तरह ऊर्ध्ववक्त्र से सम्बन्धित रुद्र आदिकों में भी ब्रह्मा और विष्णु की व्याप्ति रहती है।

ततो ब्रह्माण्डमध्येऽपि ज्ञानशक्तिर्विभो रविः।
दिशां विभागं कुरुते प्रकाशघनवृत्तिमान् ।।२१२।।

तदेव दर्शयति

तथाहि विषुवद्योगे यतः पूर्वं प्रदृश्यते।
तत्पूर्वं यत्र तच्छाया तत्पश्चिममुदाहृतम् ।।२१३।।

यहाँ जिज्ञासा होती है कि, क्या इन्हीं चार मुखों से ही अविनाभाव सम्बन्ध से इन दिशाओं का विभाग उल्लसित होता है अथवा पञ्चमवक्त्र से ही यह उल्लास उद्रिक्त होता है? इस पर कह रहे हैं कि, पाँचवें मुख का जिस समय योग होता है, उस समय पार्थिव तत्त्वाधिष्ठाता ब्रह्मा सद्योजातरूप में और अप्तत्त्वाधिष्ठाता विष्णु वामदेव रूप में, अघोर रुद्र तैजस भाव में लीन हो जाते हैं। इस प्रकार अघोर, तत्पुरुष, ईश्वर और सदाशिव यह चार वक्त्र शेष रह जाते हैं। सद्योजात और वामदेव रूप में ब्रह्मा और विष्णु व्याप्ति की निजात्मकता का परित्याग हो जाता है अर्थात् दोनों उन्हीं में लीन हो जाते हैं। इस प्रकार पञ्चमवक्त्रोदञ्चित दिग्विभाग पक्ष की पुष्टि हो जाती ही।।२११।।

इस तरह ऊपर का विश्लेषण दिग्विभाग की शास्त्रीय रूप रेखा को अभिव्यक्त करने में चरितार्थ है। लौकिक दिशाओं के विभाग की क्या अवधारणा है— इस सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं—

दिशाओं के सम्बन्ध में लौकिक दृष्टि का आकलन हमारे जीवन की दिशा से भी सम्बन्धित है। इस ब्रह्माण्ड में सर्वत्र शैव महाव्याप्ति के बोध के आध्यात्मिक प्रकाश के साथ ही साथ भौतिक प्रकाश का प्रतीक सूर्य भी परमेश्वर शिव की बोधशक्ति के तेज का ही प्रतीक माना जाता है। ब्रह्माण्ड मध्य में विचरण करने वाला सूर्य भी दिशाओं का विभाजन करता है। यह प्रकाश घन परमेश्वर रूप ही है। प्रकाश ही इसकी वृत्ति है। उससे यह शाश्वत संवलित है। इसके सम्बन्ध में जानना भी अनिवार्यतः आवश्यक है।।२१२।।

तस्मिञ्जिगमिषोरस्य यत्सव्यं तत्तु दक्षिणम् ।
तत्रैष चण्डतेजोभिर्भाति जाज्वल्यमानवत् ।।२१४।।

तत्पुरोवर्ति वामं तु तद्भासा खचितं मनाक् ।
तत एव हि सोम्यं तन्नचापि ह्यप्रकाशकम् ।।२१५।।

सूर्य महेश्वर की अष्ट मूर्त्तियों की एक स्वतन्त्र इकाई है। इसे ब्रह्मा[1] भी कहते हैं क्योंकि यह अपनी रश्मियों के प्रकाश से अन्धकार का अपसारण कर सृष्टि को प्रकाशित करता है। इसका ज्योति:शास्त्रीय विषुवत्-योग शास्त्र का एक कल्पना प्रसूत विन्दु है। जिस समय इसका विषुवत्-योग होता है, वहाँ से पूर्व दिशा का प्रकाशन होने लग जाता है।

विषुवत्संक्रान्ति मेष राशि के संक्रमण से प्रारम्भ होती है। इसमें दिन और रात बराबर होते हैं। जिस दिन दोनों बराबर होते हैं। उसे विषुवत् वासर कहते हैं। विष्लृ व्याप्त्यर्थक धातु से निष्पन्न विषुवत् का अर्थ ही यह है कि, व्याप्तिजन्य समता यहाँ उल्लसित रहती है। साम्य संविद्बोध की व्याप्ति ही विषु है। सूर्य उसमें विभाग को उत्पन्न कर रात दिन की विषमता पैदा करता है। यह उत्तर अयन का समय होता है।

इसी विषुवत् योग से पूर्व दिशा का प्रारम्भ होता है। जहाँ उसकी छाया होती है, वह पश्चिम दिशा कहलाती है। दिशाओं के ऊपर जाने की इच्छा से जब सूर्य चंक्रमण करता है, तो उसका सव्य भाग दक्षिण कहलाता है। वहाँ यह अपने प्रचण्ड तेज से जाज्वल्यमान भगवान् भास्कर उग्र उष्णरश्मि बन जाता है। उसका पुरोवर्त्ती भाग हजारों हजार रश्मियों से जगमगाता सहस्रांशु की ऊष्मा से भर जाता है।

उसका वाम भाग उसकी आभा से उज्ज्वल जरूर होता है, पर उसमें सौम्यभाव का प्राधान्य होता है। आभा से ईषदाभासित यह दिशा ही उत्तरा दिक् कहलाती है।

---

१. स्व. तन्त्र ११/३९

यत्रासावस्तमभ्येति तत्पश्चिममिति स्थितिः ।
तत्रैव पश्चिमे येषां प्राक्प्रकाशावलोकनम् ।।२१६।।
तदेव पूर्वमेतेषां यथाध्वनि निरूपितम् ।

तदेव दर्शयति—

प्रदृश्यते इति रविः। तस्मिन्निति गमनेच्छाविषये पश्चिमे। तेनापि अत्र गच्छतो यत् सव्यं तत्तेजःसंपत्त्यानुकूल्यात् दक्षिणं तच्छब्दव्यपदेश्यमित्यर्थः। अत एव उक्तं तत्रैष जाज्वल्यमानवद्भाति क्रमात् क्रमं तेजःप्रकर्षातिशयात् अत एव पर शिवदशायामपि

'प्रकाश उद्रिक्तरश्मिको यत्र तिष्ठते।' (श्लो. १.१९)

इत्यादि उक्तम्। तत्पुरोवर्तीति तस्य दक्षिणस्य पुरोवर्ति समस्कन्धतया स्थितमित्यर्थः। तत इति मनाक् तद्भासा खचितत्वात्। तत्रैवेति सूर्यास्तमयस्थाने। येषामिति द्वीपान्तरवासिनाम्। अत एव अन्येषामपि प्राग्भावो यः सुराष्ट्राणां, मालवानां स दक्षिण इति व्यत्ययदर्शनं संमतम्। अध्वनीति भुवनाध्वनि। तदुक्तं तत्र

'सर्वेषामुत्तरो मेरुर्लोकालोकस्तु दक्षिणः।'

(८।११०) इति।।२१३-२१६।।

इसी तरह जहाँ सूर्य अस्त होता है, उस दिशा को पश्चिम दिशा कहते हैं। वहीं पश्चिम दिशा में स्थित रहकर सामने अस्ताचल का दर्शन होता है। अस्ताचल की पीठ की ओर खड़े होकर जिन देशों और क्षेत्रों के दर्शन होते हैं, वे दाहिने हाथ की ओर दक्षिण के देश होते हैं। जो सामने होते हैं, वे पूरब के देश होते हैं और जो बायें आते हैं, वे उत्तर दिशा के देश होते हैं। यह सारा निरूपण भुवनाध्वा प्रकरण में किया जा चुका है। श्री. त. खण्ड तीन आ. ८।१०९ में भी सूर्य के उत्तर दक्षिण अयन, अजवीथि और सुवीथि नाम पितृ देव पथों का भी वर्णन आया है। उसी प्रकरण में उसके उदय, प्रातः, मध्याह्न और सायंकालीन गतागत का भी वर्णन है। उनसे दिशाओं के बोध का संकेत भी उसी सन्दर्भ में अभिव्यक्त हो जाता है।।२१३-२१६।।

ननु यदि एवं, पश्चिमापि दिक् पूर्वा भवेत् पूर्वापि पश्चिमा। तत्

'आयुष्यं प्राङ्मुखो भुङ्क्ते यशस्यं दक्षिणामुखः ।
श्रेयः प्रत्यङ्मुखो भुङ्क्ते ऋतं भुङ्क्ते पराङ्मुखः।।'

इत्याद्युक्त्या प्रतिनियतफलप्रदत्वमासां कथं संगच्छते इत्याशङ्क्य आह

सा सा दिक्च तथा तस्य फलदापि विपर्यये।।२१७।।
विचित्रे फलसंपत्तिः प्रकाशाधीनिका यतः ।

एवं पश्चिमपूर्वाद्यात्मनि विचित्रेऽपि विपर्यये सा सा पूर्वापरादिरूपा च दिक् तस्य तत्तद्द्वीपनिवासिनो जनस्य तथा प्रतिनियतत्वेन फलप्रदा यतः प्रकाशमात्राधीनफलसंपत्तिस्तत्स्फारसारा च दिगिति।।२१७।।

ननु पर एव प्रकाशो दिग्विभागासूत्रणाय प्रगल्भते इति उक्तं, तत् कथं रविरपि तथा कुर्यादित्याशङ्क्य आह

प्रश्न करते हैं कि, देशों और क्षेत्रों के कारण ऐसा होने पर पूर्व और पश्चिम दिशाओं के निर्धारण में कहीं विपर्यय दोष न आ जाय? कहा गया है कि,

"आयुष्य का उपभोग पूर्वाभिमुख भोजन में प्राप्त होता है। दक्षिणाभिमुख यशस्य होता है। पश्चिमाभिमुख कल्याणकारी होता है, और उञ्छ भोजन पराङ्मुख होकर ग्रहण करना उचित है।"

इस उक्ति के अनुसार इनकी फलप्रदता दिशाओं के अनुसार ही निर्धारित है। इसमें अन्तर आने से क्या स्मृतिविधि का निषेध नहीं होगा। इस प्रश्न का समाधान कर रहे हैं—

इस प्रकार के विषुवद्योग के फलस्वरूप पूर्व और पश्चिम तथा पश्चिम-पूर्व विपर्यय में उन उन दिशाओं की फल सम्पत्ति में प्रकाश ही प्रमुख कारण बनता है। विपर्यय का कोई प्रभाव यहँ पड़ने वाला नहीं है। यह नियम है कि, फल सम्पत्ति प्रकाशाधीन होती है, यह निश्चित है।।२१७।।

इत्थं सूर्याश्रया दिक्स्यात्सा विचित्रापि तादृशी।।२१८।।
अधिष्ठिता महेशेन चित्रतद्रूपधारिणा ।

इत्थमुक्तेन प्रकारेण सूर्याश्रयापि दिक् संभाव्यते यत: प्रतिनियतरूपत्वाभावात् चित्रा तादृशी सूर्याश्रयापि परसूक्ष्मस्थूलात्मतया चित्रं तासां दिशां रूपं धारयता महेश्वरेण अधिष्ठिता परप्रकाशभित्तिलग्नैवेत्यर्थ:।।२१८।।

न केवलं विभोर्ज्ञानशक्तिरूपं रविमधिकृत्य दिश: प्रविभज्यन्ते, यावत् संकुचितात्मस्वभावं साधकमपीत्याह

किं वातिबहुना योऽसौ यष्टा तत्संमुखादित: ।।२१९।।
दिशोऽपि प्रविभज्यन्ते प्राक्सव्योत्तरपश्चिमा:।

अत्रापि परमेश्वर एव अधिष्ठातेत्याह

जिज्ञासा होती है कि, दिशाओं के विभाजन का आसूत्रण प्रकाश की प्रगल्भता पर ही निर्भर है। इसमें रवि में दिग्विभाग का सामर्थ्य किस आधार पर माना जाना चाहिये? इस पर कह रहे हैं कि,

वह पर-प्रकाश समाश्रिता दिक् विचित्र और वैशिष्ट्यमयी होती है। वही सूर्य के आश्रय से और भी ऊर्जस्वल और ओजस्विनी हो जाती है। फिर भी वह शाश्वत रूप से महेश्वर से अधिष्ठित होती है। यह भी एक आश्चर्य का ही विषय है कि, सूर्य भी महेश्वर के ही प्रतिरूप होते हैं। महेश्वर ही इस विस्मय विमुग्ध कर देने वाली मार्त्तण्ड मयी आकृति में उल्लसित हैं।

यदि दिक् सूर्य के आश्रय से उद्भूत प्रतीत हो रही है और उसमें प्रतिनियत रूपता का अभाव हो, तो भी उन दिशाओं के रूपों में भी तथा पर, सूक्ष्म और स्थूल रूपों में भी वही रूपायित है। इनके गूढार्थ में स्वयं प्रवेश करना चाहिये। ये सारे सन्दर्भ देहाध्वा में भी घटित होते हैं। स्वयं को परशिव मान कर उनमें समाहित हो जाना चाहिये और आनन्दोपभोग की फलवत्ता को चरितार्थ करना चाहिये।।२१८।।

स्वानुसारकृतं तं च दिग्विभागं सदा शिवः ।।२२०।।
अधितिष्ठत्यर्कमिव स विचित्रवपुर्यतः ।

न केवलमेतत्परमेश्वर एव अधितिष्ठति, यावत् तच्छक्त्यंशरूपः शक्रादिर्लोकपालवर्गोऽपीत्याह

स्वोत्था अपि दिशः स्वेशाः शक्राद्या ह्यधिशेरते।।२२१।।
ते हि प्रकाशशक्त्यंशाः प्रकाशानुविधायिनः ।

न केवलं स्वोत्था एव दिश एवं यावत् सौर्योऽपीति अपिना कटाक्षितम्।। प्रकाशशक्त्यंशत्वमेव एषां दर्शयति

एक और भी विचित्र दृष्टि यहाँ काम करती है। केवल विभु परमेश्वर की ज्ञान शक्ति के रूप रवि को ही अधिकृत कर दिशायें प्रविभक्त होती हैं, अपितु संकुचितात्म स्वभाव साधक को अधिकृत कर भी दिग्विभाग होता है। यही कह रहे हैं—

अधिक इस विषय में क्या कहा जाय? जो यष्टा यजमान याग गृह में जहाँ होता है, उसके आधार पर भी उसकी सम्मुखता और पराङ्मुखता की दृष्टि से भी दिग्विभाग किया जाता है। उसके सम्मुख पूर्व, पीछे प्रतीची, दक्ष में अवाची और वामभाग में उदीची मान्य हैं।।२१९।।

यहाँ भी परमेश्वर ही अधिष्ठाता होते हैं। साधक स्वयं महेश्वर महाभाव समावेश सिद्ध हो कर प्रक्रिया में प्रवृत्त रहता है। यही कह रहे हैं—

सदा शिव परमेश्वर स्वयम् साधक में अधिष्ठित रहकर अपने अनुसार ही वहाँ दिग्विभाग रूप विभाजन करते हैं। वहाँ वे आदित्य की तरह भास्वान् रहकर अधिष्ठित होते हैं। परमेश्वर शिव क्योंकि समस्त अद्भुत अद्भुत संभूतियों के उद्भव रूप ही होते हैं।।२२०।।

न केवल परमेश्वर ही यहाँ अधिष्ठित रहते हैं, वरन् उनकी शक्तियों के अंशरूप शक्रादिलोकपालवर्ग भी अधिष्ठित होता है। यही कह रहे हैं—

प्रकाशस्य यदैश्वर्यं स इन्द्रो यत्तु तन्महः ।।२२२।।

सोऽग्निर्यन्तृत्वभीमत्वे यमो रक्षस्तदूनिमा ।
प्रकाश्यं वरुणस्तच्च चाञ्चल्याद्वायुरुच्यते ।।२२३।।

भावसञ्चययोगेन वित्तेशस्तत्क्षये विभुः ।
अदृष्टविग्रहोनन्तो ब्रह्मोर्ध्वे वृंहको विभुः ।।२२४।।

प्रकाशस्यैव शक्त्यंशा लोकपास्तेन कीर्तिताः ।

'इदि परमैश्वर्यै' इत्यस्य इन्द्र इति। यन्तृत्वं यमयतीति व्युत्पत्त्या यमः। तदूनिमा इति तस्य प्रकाशस्य प्रकाशोद्रेकादूनिमा गुणीभाव इत्यर्थः। अत एव उक्तं प्रकाश्यं वरुण इति। तदिति प्रकाश्यम्। तत्क्षये इति तस्य भावसंचयस्य क्षये स्वरूपप्राधान्ये इत्यर्थः। अदृष्टविग्रह इति अधोऽवस्थानात् प्रकाशशक्त्यंशत्वादेव च एषां परानुग्रहकर्तृत्वमित्याह लोकपा इत्यादि।।२२२-२२४।।

वास्तव में शिव के स्वात्म शक्त्यंश में केवल दिशायें ही नहीं उल्लसित होती हैं, अपितु उनके अधीश्वर लोकपाल आदि भी वहाँ होते और दिशाओं में अपने प्रभाव का विस्तार करते हैं। साधकों के शक्त्यंश को वे उत्कर्ष प्रदान करते हैं। वे लोकपाल प्रकाश-शक्ति के ही अंश हैं और प्रकाश का ही अनुविधान करते हैं। शिव के स्वात्म शक्त्यंश में जैसे दिशायें उल्लसित रहती हैं, उसी तरह सौरी दिशायें भी वहाँ अधिष्ठित होती हैं।।२२१।।

प्रकाश के ऐश्वर्य को ही इन्द्र (इदि+ नुम्+ रन्) कहते हैं। उसका तेज ही अग्नि है। उसके नियन्त्रण करने की शक्ति और उसका भीमत्व ही यम है। उसकी संकोचशीलता राक्षस (निऋति) है। प्रकाश-पारतन्त्र्य ही वरुण है। प्रकाश का चाञ्चल्य ही वायु है। भाव (व्यापार-क्रिया-द्रव्य आदि मेय) और उसका सञ्चय ही वित्तेश कुबेर है। जहाँ भाव-संचय रूप संकोच के क्षय हो जाने पर स्वरूप प्राधान्य का द्योतन होता है, वहाँ विभु ईशान दिगधिष्ठाता (ईश) का उल्लास है। जिसके अधोवस्थान के कारण स्वरूप का साक्षात्कार नहीं हो पाता, वही अनन्त है। ऊर्ध्व का उपवृंहक ब्रह्मा है। ये सभी प्रकाश के ही शक्त्यंश हैं। अनुग्रहपूर्वक लोक का पालन करने के कारण ये लोकपाल कहे जाते हैं।

ननु परमशिवात्प्रभृति सदाशिवादिक्रमेण तत्तदाश्रयावलम्बनादिनियतरूपा दिगिति उक्तम्, तत् वयं पुनः कतरां तामाश्रयामहे इति न जानीम इत्याशङ्क्य आह

इत्थं स्वाधीनरूपापि दिक्सौरी तूपदिश्यते ।।२२५।।
तत्र सर्वो हि निष्कम्पं प्रकाशत्वं प्रपद्यते ।

इत्थमुक्तेन प्रकारेण प्रतिनियतत्वाभावात् स्वतन्त्ररूपापि दिक् सौरी एव उपदिश्यते ग्राह्यतया उच्यते यतः सर्वोऽयं लोकस्तत्र निष्कम्पं प्रकाशत्वं प्रपद्यते दृढं प्रतिपत्तिभाग्भवेदित्यर्थः।।२२५।।

ऊनिमा शब्द का यहाँ प्रयोग है। यह ध्यान देने योग्य शब्द है। प्रकाश का ही उद्रेक यह विश्व है। हमें उस दशा की कल्पना करनी पड़ती है, जब उस उद्रेक में ही कमी आ जाय। यह ऊनिमा की दशा होती है। लोक के पालन के लिये प्रकाश की प्रबलता आवश्यक होती है। शक्ति का उद्रेक आवश्यक होता है। पर यहाँ उद्रेक में ही कमी रहती है। अतएव पालन भाव में भी ऊनिमा आती है। इसीलिये निऋति को लोकपाल कहते ही भर हैं। वस्तुतः वह राक्षस ही होता है।।२२२-२२४।।

दिशाओं के सन्दर्भ में दिशाओं के अधीश्वर लोकपालों की चर्चा के ही अवसर पर दिशाओं की अनियतता का भी प्रसङ्ग विचारणीय है। दिशाओं की अनियतता का यह कारण है कि, शिव से लेकर सदाशिव आदि के क्रम से विभिन्न प्रमाताओं के आश्रय से इनका उल्लास होता है। इस कारण इनका अनियतरूपत्व सिद्ध होता है। इनमें किस दिशा-भेद को आश्रय बनाया जाय, यह अनिश्चंयता हो जाती है। इसी पर अपना विचार व्यक्त कर रहे हैं—

ऐसा होने पर भी अर्थात् प्रतिनियत भाव के अभाव में भी स्वतन्त्र रूपा दिक् सौरी कहलाती है। इसे ही ग्रहण करना चाहिये, यह आगम भी कहते हैं। सौरी दिशा में सारा लोक निष्कम्प भाव से अर्थात् सातत्यपूर्वक प्रकाशता को प्राप्त करता है। इसमें कभी दृढ़ता का या प्रकाश प्रतिपत्ति का अभाव नहीं रहता है।।२२५।।

ननु दिशामिन्द्रादयोऽधिष्ठातार इति उक्तम्। ते च पारमेश्वरैन्द्र्यादिशक्तिस्वभावाः। ताश्च व्यापिका इति कथमासां नियतदिगाधिपत्येन तदुचितफलप्रदत्वं स्यादित्याशङ्कां दृष्टान्तोपदर्शनेन उपशमयति

सर्वगोऽप्यनिलो यद्वद्व्यजनेनोपवीजितः ।।२२६।।

प्रबुद्धः स्वां क्रियां कुर्याद्धर्मनिर्णोदनादिकाम् ।
तद्वत्सर्वगताः सर्वा ऐन्द्र्याद्याः शक्तयः स्फुटम्।।२२७।।
साधकाश्वाससंबुद्धास्तत्तत्स्वेष्टफलप्रदाः ।

साधकाश्वाससंबुद्धा इति इयमेव पूर्वा दिगित्येवमाद्यात्मना साधकस्य आश्वासेन संबुद्धा नैयत्येन अभिव्यक्ता इत्यर्थः।।२२६-२२७।।

प्रश्न है कि, यदि इन्द्र आदि दिशाओं के अधिष्ठाता हैं और पारमेश्वरी शक्ति के ऐन्द्री आदि स्वाभांव्य के आधार पर ही इन्हें इन्द्र कहते भी हैं। ऐन्द्री आदि ये शक्तियाँ बड़ी व्यापक होती हैं। ऐसी दशा मे भी इन्हें नियत रूप से दिशाओं के आधिपत्य के साथ जोड़ा गया है और यह भी कहा गया है कि, ये अपने अनुरूप फल भी प्रदान करती हैं। ऐसा क्यों? इसी का उत्तर दे रहे हैं—

जैसे वायु सर्वत्र गतिशील माना जाता है। फिर भी व्यजन प्रक्रिया से यह उपवीजित होता है। पंखे चलते हैं और वायु के स्पर्श का आनन्द सभी लेते हैं। वायु से आनन्द उद्बोध के प्रभाव से सुषुप्ति का परित्याग कर साधक जागृत हो जाता है। फिर वह धर्म नियोजनरूप अपने सारे धर्म-कर्म सम्पादित करता है; उसी प्रकार वायु भी प्रबुद्ध होता है एवम् उसी तरह अपनी गति रूप धर्म से विश्व को प्रेरणा प्रदान करता है। इन्द्र आदि ये सारी शक्तियाँ सर्वत्र व्याप्त हैं फिर भी ऐन्द्री को इन्द्र के साथ पूर्व दिशा से जोड़ते हैं। इस तरह ये शक्तियाँ साधकों को पूरा भरोसा देती हैं। उनमें इन्हीं के माध्यम से आत्म-विश्वास जगता है। ये सभी उनकी इष्ट कामनाओं को पूरा करती हैं। उत्तम फल दे कर उन्हें अनुगृहीत करती हैं। इसमें सौरी पूर्वा दिक् विशेषतः प्रसिद्ध है। ये सभी साधकों की साध्य प्राप्ति में नियत सहायता करती हैं।।२२६-२२७।।

न केवलमियं सूर्याश्रया दिगैन्द्र्याद्याभिः पारमेश्वरीभिः शक्तिभिरेव अधिष्ठिता तत्फलप्रदा, यावत् कारणपञ्चकेनापीत्याह

एवं सौरी दिगीशानब्रह्मविष्ण्वीशसौशिवैः ।। २२८।।
अधिष्ठिता समाश्वासदार्ढ्यात्तत्तत्फलप्रदा ।

ईशानो रुद्रः। ईश ईश्वरः।

ननु यष्टापि यत्संमुखः, सा पूर्वा दिगिति उक्तं; तदस्य उत्तराभिमुखत्वं न कदाचिदपि भवेदिति

'उत्तराशाभिमुखो विशेत्' (श्लो. १९३)

इति कथमुक्तमित्याशङ्क्य आह

साधको यच्च वा क्षेत्रं मण्डलं वेश्म वा भजेत् ।।२२९।।
स्थितस्तदनुसारेण मध्यीभवति शंकरः ।

अपनी शक्ति के अनुसार फल प्रदान करने में समर्थ ये सौरी दिशायें केवल ऐन्द्री आदि परमेश्वर की शक्तियों से ही अधिष्ठित नहीं हैं, अपितु अपने पाँच कारणों से भी अधिष्ठित हैं। यही कह रहे हैं—

ये सूर्य सम्बन्धी दिशायें ईशान (रुद्र), ब्रह्मा, विष्णु, ईश (ईश्वर) और सदाशिव से भी अधिष्ठित हैं। ये उसी प्रकार समाश्वासन में दृढ़ता प्रदान करती हैं। साथ ही अभीष्ट फल की पूर्त्ति भी करती हैं।।२२८।।

प्रश्न है कि, यष्टा जिस ओर मुंह कर बैठता है, वह भी पूरब की दिशा मानी जाती है। यह पहले कहा गया है। ऐसी दशा में इसका उत्तराभिमुखत्व तो कभी सिद्ध ही नहीं हो सकता है। जब कि कहा गया है कि,

"उत्तर ओर मुँह कर बैठना चाहिये"।

ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिये? इसी का उत्तर दे रहे हैं—

साधक जिस क्षेत्र में, जिस मण्डल में या जिस यागवेश्म में प्रवेश कर उसका आश्रय लेता है, वहाँ पर प्रकाशात्मा शंकर उसके अनुसार मध्यावस्थान में ही अवस्थित रहता है।

यत् नाम हि क्षेत्रादि यष्टा भजेत्, तत्र परप्रकाशात्मा शंकरः साधकाभिप्रायमाश्रित्य स्थितो मध्यीभवति तत्कार्यकारितया मध्यतामेतीत्यर्थः। चित्प्रकाश एव हि मध्यमिति उच्यते यतः सर्वत एव इतरप्रविभागः प्रवर्तते।

अत एव आह

स हि सर्वमधिष्ठाता माध्यस्थ्येनेति तस्य यः।।२३०।।
सौरः प्रकाशस्तत्पूर्वमित्थं स्याद्दिग्व्यवस्थितिः।

सर्वमिति पूर्वापरादि। यथाहि लङ्घयितुमिष्टापि स्वच्छाया पुरः पुर एव भवति, तथा पूर्वादितया अभिमतोऽपि परमेश्वरो मध्यतामेव एतीति अभिप्रायः। तस्येति सर्वाधिष्ठातुः शंकरस्य। सौर इति सूर्योदयरूप इत्यर्थः।।२२९-२३०।।

अतश्च

'पूर्वास्यः सौम्यवक्त्रो वा..............।' (मा. वि. ८।१८)

इति युक्तमुक्तमित्याह

भगवान् शंकर से साधक का कोई अभिप्राय छिपा नहीं है। वह उसके कार्य का सम्पादन स्वयं करने के उद्देश्य से वहीं मध्य में विराजमान हो जाते हैं। वास्तव में चित् का प्रकाश ही केन्द्र होता है। केन्द्र ही मध्य माना जाता है। मध्य से सारे दूसरे दिग्विभाग प्रवर्त्तित होते हैं।

वही परम शिव सभी दिशाओं का अधिष्ठाता है। वह मध्यस्थ ही रहता है। उसी का सौर प्रकाश ही पूर्व होता है। यही दिशाओं की व्यवस्थिति का क्रम है।

जैसे लाँघना चाहते हुए भी अपनी छाया आगे ही आगे भागती चली जाती है, उसी प्रकार पूर्व आदि भाव से अभिप्रेत परमेश्वर मध्य में ही अवस्थित होता है। उस सर्वाधिष्ठाता शंकर के मध्यावस्थान को कोई भी लाँघ नहीं सकता।।२२९-२३०।।

इसी लिये युक्तियुक्त तथ्य के रूप में ही मा.वि. ८/१२ में यह कहा गया है कि "चाहे पूर्वाभिमुख हो या उत्तराभिमुख (सब ठीक है)"।

तन्मध्यस्थितनाथस्य ग्रहीतुं दक्षिणं महः ।।२३१।।
उदङ्मुखः स्यात् पाश्चात्यं ग्रहीतुं पूर्वतोमुखः।

एतच्चमुमुक्षुबूभुक्षुविषयमिति अनन्तरमेव दर्शितम्। तदुक्तं

'प्रागाशास्थे भोगदायि पश्चाद्वक्त्रं तु संमुखम् ।
सौम्यास्ये भैरवीयं तु संसारप्लोषभीषणम् ।। इति।।

ननु एवमुपविश्य किं कुर्यादित्याशङ्क्य आह

उपविश्य निजस्थाने देहशुद्धिं समाचरेत् ।।२३२।।

निजेति मुमुक्षुतादिसमुचिते।।२३२।।

अनेन च दिक्स्वरूपानन्तरोद्दिष्टं देहप्राणादिशोधनमुपक्रान्तम्।

तदेव आह

अङ्गुष्ठाग्रात्कालवह्निज्वालाभास्वरमुत्थितम् ।
अस्त्रं ध्यात्वा तच्छिखाभिर्बहिरन्तर्दहेत्तनुम् ।।२३३।।

इस प्रकार मध्य में (केन्द्र में) अवस्थित भगवान् परम शिव के दक्ष-लक्षित तेज:प्रकर्ष रूप 'मह' को ग्रहण करने के उद्देश्य से उदङ् मुख (उत्तराभिमुख) होना उचित है। इसी तरह पाश्चात्य तेजः प्रकर्ष को प्राप्त करने के उद्देश्य से पूर्वाभिमुख यागवेश्म में अवस्थित होना चाहिये। कहा भी गया है कि,

"प्राची दिशा में शिष्य के अभिमुख रहने पर पीछे का तेज भोगप्रद होता है। उसका मुख संमुखीन होता है। उत्तराभिमुख रहने पर भैरवीय तेज की प्राप्ति होती है। संसार को दग्ध करने के कारण वह भीषणतम तेज अमूल्य माना जाता है।"

इस प्रकार अपने स्थान पर बैठकर— यष्टा देह शुद्धि की प्रक्रिया पूरी करे। निज स्थान कहने का तात्पर्य है कि, वह यदि मुमुक्षु है, तो तदनुरूप स्थान हो और यदि बुभुक्षु हो, तो उसके लिये निर्धारित विधि से स्थान का निर्माण किया गया हो।।२३१-२३२।।

ननु अत्र दाहो नाम किमुच्यते इत्याशङ्क्य आह

दाहश्च ध्वंस एवोक्तो ध्वंसकं मन्त्रसंज्ञितम् ।
तेजस्तथाभिलापाख्यस्वविकल्परसोम्भितम् ।। २३४।।

ध्वंस एवेति नतु काष्ठवत् भस्मीभावः। मन्त्रसंज्ञितं च तेजः कीदृगित्याह तथेति तत्तत्क्रमिकवर्णात्मका येऽभिलापाः शब्दाः, तदाख्यस्य स्वस्य प्रमातृस्वातन्त्र्यात्मनो विकल्पस्य यो रसो जीवितायमानत्वेन सारभूतो विमर्शस्तेन उम्भितं तदेकघटितमित्यर्थः।।२३४।।

ननु ध्वंसो नाम अभावः, स च न दृश्यमानस्य देहस्य लक्ष्यते। तत् कथं तनुं दहेदिति प्रत्यक्षविरुद्धमुक्तमित्याशङ्क्य आह

दिक् स्वरूप के बाद अनुज उद्देश के अनुसार देह प्राण आदि का शोधन यहाँ उपक्रान्त है। अनुज उद्देश के अनुसार इसी पर विचार प्रकट कर रहे हैं—

अंगूठे के 'अग्र भाग से कालवह्नि की ज्वाला के समान भास्वर प्रकाश उद्रिक्त होता है। उसका ध्यान करता हुआ अस्त्र मन्त्र का प्रयोग करे और इसके बाद शिखा मंत्र से सबाह्याभ्यन्तर शरीर को ताप्तदिव्यकाञ्चन बनते अनुभव करे। यहाँ 'दहेत्' शब्द नये आन्तरिक अर्थ की ओर ही संकेत करता है। यों तो दाह का अर्थ जलाना होता है, पर यहाँ कहते हैं कि,

दाह एक प्रकार का विनाश है। देहाध्यास का विनाश। इस विनाश का विधायक तत्त्व, मन्त्र कहलाता है। मन्त्र के वर्ण वर्ण से तेज उच्छलित होता रहता है। इस तेज के प्रतीक मन्त्रों के अभिलाप (शब्द) होते हैं। इस तरह तेज और शब्द एक रूप हो कर एक नये आयाम का सूत्रपात करते हैं। उनके स्वात्म में विश्वात्मक विकल्पों का रस (आनन्द) एक उम्भित (पूर्ण) स्वरूप प्राप्त कर उल्लसित होता है।

वस्तुतः ध्वंस और दाह दोनों जलकर राख होने वाले विनाश अर्थ में यहाँ प्रयुक्त नहीं है। यहाँ इस ध्वंस का अर्थ मल और आवरण का विनाश है। इसी अर्थ में 'दहेत्' क्रिया का प्रयोग किया गया है। जैसे स्वर्ण को आग में डाल

तेन मन्त्राग्निना दाहो देहे पुर्यष्टके तथा ।
देहपुर्यष्टकाहन्ताविध्वंसादेव जायते ।।२३५।।

तेनेति एवंविधेन।।२३५।।

ननु सत्यपि अहन्ताया विध्वंसे न देहस्य दाहं पश्यामस्तत्सद्भावस्य प्रत्यक्षसिद्धत्वादित्याशङ्क्य आह

नहि सद्भावमात्रेण देहोऽसावन्यदेहवत् ।
अहन्तायां हि देहत्वं सा ध्वस्ता तद्दहेद्ध्रुवम्।।२३६।।

देने से वह ताप्तदिव्य बन जाता है, उसी तरह साधक का शरीर बाह्य और आन्तरिक दोनों रूपों में नैर्मल्य से निर्मल और दिव्य हो जाता है।

श्लोक के नीचे की पूरी पंक्ति मन्त्र की महत्ता का ही द्योतन करती है। मन्त्र के वर्ण वर्ण और शब्द स्वयं तेजस्विता के प्रतीक हैं। उनमें एक प्रकार का प्रमातृस्वातन्त्र्यात्मक विकल्पों का उल्लास और उसमें अभिनवस्वात्मसमावेशात्मक रस अर्थात् परमानन्द पूरण आनन्द का उद्रेक होता रहता है। उम्भधातु पूर्णार्थक धातु है। उस रसवत्ता का पूरा पूरा आयाम वहाँ मानों मन्त्रों में रूपायित हो उठता है।।२३३-२३४।।

ध्वंस का अभाव अर्थ भी होता है। वह दृश्यमान में परिलक्षित ही नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में श्लोक में 'दहेत्' शब्द का प्रयोग प्रत्यक्ष विरुद्ध प्रतीत होता है। ऐसा प्रयोग करने में क्या कोई अन्य रहस्यार्थ भी है?

प्रस्तुत कारिका में उसी का उत्तर दे रहे हैं—

इस प्रकार मन्त्र की अग्नि से जो ज्वाला फूटती है, वही मन्त्रतेज कहलाता है। उससे भस्मसात् होने वाला इन्धन देह और देह में ही अवस्थित आठ पुरियाँ बनती हैं। मन, बुद्धि, अहंकार, शब्दस्पर्श, रूप, रस और गन्ध ही आठ पुरियाँ हैं। इन्हें पुर्यष्टक कहते हैं। दाह की उक्त प्रक्रिया देह पुर्यष्टक में जो अशुद्ध अहंभाव बैठा हुआ है, इन सबके जल कर राख होने पर ही पूरी होती है।।२३५।।

अयं च अत्र प्रयोगः— असौ विवादास्पदीभूतः साधककदेहो देहो न भवति अहन्तानास्पदत्वात्। यत् यदीयाहन्तानास्पदीभूतः, स तस्य देहो न भवति अहन्तानास्पदत्वात् यत् यदीयाहन्तानास्पदं तत् तदीयदेहो न भवति यथा अन्यदेहः। यो यद्देहः, स तदहन्तास्पदं यथा पामरदेहः। अयं च देहो न अस्य अहन्तास्पदं, तस्मात् न देह इति।।२३६।।

एवमनात्मस्वभावे देहादौ तदनुवेधमपि अवधूय पराहंपरामर्शमये सत्यरूपे चिदात्मनि विश्राम्येदित्याह

मान लिया कि, अहंता का विध्वंस हो गया। क्या इस ज्वाला से देह भी जल जाता है? ऐसा तो कहीं देखा नहीं जाता। देह का प्रत्यक्ष सद्भाव स्वयं सिद्ध है। अतः देह प्रयोग उचित नहीं। इस पर कह रहे हैं कि,

साधक का शरीर सद्भाव मात्र से शरीर नहीं कहा जा सकता। अन्य देहों से और साधक देह में बड़ा अन्तर है। साधक का देह दिव्यता का प्रतीक होता है। देह भाव तो अहन्ता में ही सम्भव है। अहन्ता ही जब ध्वस्त हो गयी, तो उसका भी ध्वंस हो चुका, यह निश्चित है।

विवादास्पद तो यहाँ साधक का देह ही है। वस्तुतः हम उसे देह नहीं कहते और न देह मानते हैं। कारण यह है कि, अब उसमें अहन्ता का ही ध्वंस हो चुका है। अब इस पर पञ्चावयव प्रयोग करके देखें कि, क्या वास्तविकता है। १. जो जिसकी अहन्ता का आस्पद नहीं होता, वह उसका देह नहीं होता। क्योंकि अब उसमें अहन्ता का लगाव ही समाप्त हो चुका है। २. जो जिसकी अहन्ता का अनास्पदीभूत है, वह उसका देह नहीं माना जा सकता। जैसे दूसरे का देह अहन्तास्पदी भूत होने से उसी का माना जाता है। ३. जो जिसका शरीर होता है, वह उसकी अहन्ता का आस्पद होता है। जैसे पामर (अबोध जड़) का शरीर ४. यह शरीर उस साधक की अहन्ता का आस्पद नहीं है। अतः यह उसका शरीर नहीं है। ५. अतः यह निश्चय है कि, जिस शरीर में पुरुष का अध्यास है, वही उसका देह माना जायेगा। यहाँ तो शरीर का दाह सम्पन्न ही हो चुका है। वह साधक का देह अन्य देहों की तरह उसका देह नहीं माना जा सकता।।२३६।।

तद्देहसंस्कारभरो भस्मत्वेनाथ यः स्थितः ।
तं वर्मवायुनाधूय तिष्ठेच्छुद्धचिदात्मनि ।।२३७।।

तत्र अस्य विश्रान्त्या किं स्यादित्याशङ्क्य आह

अब साधना की विधि का निर्देश कर रहे हैं और कह रहे हैं कि, अनात्म रूप इन देहादि पदार्थों में सांस्कारिक सूक्ष्म लगावों को भी सत्तर्क की कुल्हाड़ी से काट कर फेंक दीजिये। पराहंपरामर्श मय सतत्वरूप में जो विशुद्ध चिदात्मक भाव है, उसकी चिदात्मकता में ही विश्राम कीजिये। यही कह रहे हैं—

इस प्रकार साधक के देह पर जो अपना देह रूप कुसंस्कार जकड़ा हुआ है, सर्वप्रथम उसको जलाने का अभ्यास करते करते उसमें अहन्तानास्पदी भाव से सिद्ध हो कर बैठ जाइये। अब यह कल्पना कीजिये कि, जो वस्तु जल गया उसकी राख भी कहीं हमें मैली न कर जाय। अतः उसे वर्म की वायु से उड़ाना भी आवश्यक है। अस्त्र और शिखा के बाद यहाँ वर्म अर्थात् कवच प्रयोग की ओर संकेत करते हुए कह रहे हैं कि, उसे कवच मन्त्र की वायु से उड़ाने का काम तत्काल कीजिये। अब चिन्मय चैतन्य की चारुतामयी वेदी पर आसन जमा लीजिये।

वह अद्भुत वेदी है। अन्तर में ही निरन्तर निरिन्धन भाव से एधमान और ज्ञान की मरीचियों से विकसमान आसन पर बैठ कर अनुभव कीजिये कि, यह अक्षयभाव से ध्रुव की तरह अटल और अडिग है। वहाँ किसी प्रकार की विकल्पमयी लहरें नहीं लहरातीं। उसी आसन पर शैवमहाभाव के समावेश की समापत्ति में समा जाइये।

इस समावेश दशा में संविद् के आद्य स्पन्दन की एक लहर आपको छू लेगी। आप धन्य हो उठेंगे। वास्तव में सृजन का स्वभाव ही संविद् स्पन्द है। इसे संविद्-विमर्श कहते हैं। उसके स्पर्श से आपके अस्तित्व का स्वरूप ही बदल जायेगा। उस समय आप एक प्रभामण्डल से भूषित हो जायेंगे। वही आप की मूर्त्ति होगी। उसमें तार, सद्बिन्दु और हकार का ही उल्लास रह जायेगा। वही आप होंगे। अब आप वह आप नहीं रहेंगे, जो तन्त्र शास्त्र के सम्पर्क और साधन में आने से पहले थे।

तस्मिन्ध्रुवे निस्तरङ्गे समापत्तिमुपागतः ।
संविदः सृष्टिधर्मित्वादाद्यामेति तरङ्गिताम् ।।२३८।।
सैव मूर्त्तिरिति ख्याता तारसद्विन्दुहात्मिका ।

सैवेति आद्या तरङ्गिता। मूर्तिरिति देहप्राणाद्यात्मनः परिमितस्य मातुः शुद्धशरीरसृष्ट्युदये 'मूर्छा मोहसमुच्छ्राययोः' इति पाठादपरिमितीकरणात्मकसमुच्छ्रायप्राप्तिः। यदुक्तम्

'अनन्तो भैरवोच्छ्रायो मूर्तिरेषा परा मता।
यस्यास्तु न्यासमात्रेण अणुत्वं प्रविलीयते ।।'इति।

यहाँ एक रहस्य की ओर संकेत कर रहे हैं कि, आपकी मूर्त्ति वही होगी। पुरुष की मूर्त्ति तो उसका शरीर ही होता है। इस विषय में यह ध्यान रखना चाहिये कि, सामान्य परिमित प्रमाता का शरीर और उसके प्राण आदि जैसे हैं, वह तो प्रत्यक्ष ही है। सभी उसका अनुभव करते हैं। उसी से अपना व्यवहार संचालित करते हैं। यह नयी मूर्त्ति कौन सी है और किस की हो सकती है? इस विषय में विशेष विचारणीय है कि, जिस समय शुद्ध शरीर का उदय होता है, उस समय मलावृत्तिजन्य मूर्च्छा और मोह का जो बड़ा ऊँचा आवंरण दुर्ग होता है, वह ढह जाता है। अब उसकी जगह असीमता का उद्वलन होता है। परिमितता के स्थान पर अपरिमितीकरण की प्रक्रिया प्रारब्ध हो जाती है। इस सम्बन्ध में आगम कहता है कि,

भैरव का अनन्त उच्छ्राय ही परा मूर्त्ति कहलाती है। उसमें शेष रहने वाला अणुत्व, न्यास करने मात्र से प्रविलीन अर्थात् नष्ट हो जाता है।''

इस मूर्त्ति का एक विशेषण शब्द यहाँ प्रयुक्त है। 'तार सद्विन्दुहात्मिका' रूप इस शब्द् में 'तार' का अर्थ 'प्रणव होता है। 'सद्विन्दुह' का अर्थ विन्दु के साथ सोऽहं' से लिया जाता है। अर्थात् 'सोहमोम् की परामर्शमयी मूर्त्ति में ही साधक मूर्त्तिमन्त होने लगता है। इस विषय में भी आगम कहता है कि,

तारः प्रणवः, सद्बिन्दुहात्मिकेति हमितिरूपेत्यर्थः। तदुक्तं

'ततोऽस्य योजयेच्छक्तिं सोऽहमित्यपराजिताम् ।'

इति।।२३७-२३८।।

इदानीं विशेषन्यासवैचित्र्यमभिधातुमाह

ततो नवात्मदेवेन न्यासस्तत्त्वोदयात्मकः ।।२३९।।

"इसके बाद शिष्य में सोऽहं नामक अपराजिता शक्ति को योजन करना चाहिये।" परिमित मूर्त्ति की विलीनता के बाद शिष्य में इस मन्त्रात्मक शरीर का योजन गुरुवृन्द करते हैं क्योंकि इन सभी प्रक्रियाओं के वही साक्षी होते हैं।।२३७-२३८।।

इसके बाद विशेष तत्त्वोदयात्मक न्यास विधि का और उसके वैचित्र्य का अनुज उद्देश के क्रमानुसार (१/२०३) प्रकाशन कर रहे हैं—

१. न्यासपञ्चक का पहला न्यास—अङ्गवक्त्रन्यास-नवात्मदेव भेद से यह न्यास करना चाहिये। इसे तत्त्वोदय न्यास कहते हैं। अघोर, घोर, घोरघोरतर, सर्व, शर्व, रुद्र, तत्पुरुष, महादेव इन आठ रूपों में मध्यावस्थित शिव ही नवात्मा देव[1] माना जाता है।

१. शिष्य के अङ्गों में सर्वप्रथम पञ्चवक्त्र न्यास (ईशान, तत्पुरुष, सद्योजात, अघोर और वामदेव) करने से शिष्य में अनोखी सदाशिव शक्ति का उदय होता है। इसमें सर्वकर्त्तृत्व शक्ति, सर्वज्ञता, सर्वोदयता, सर्वव्यापकता और पूर्णता नामक विशेष शक्तियों का उल्लास ही लक्ष्य होता है। शिव दृष्टि से संबन्धित यह न्यास करते समय शरीर के अङ्गों में तत्त्वों का ध्यान भी आवश्यक है। जैसे अघोर अग्नितत्त्व (रूप) प्रतिनिधि अंग नेत्र, वामदेव- जलतत्त्व (रस) प्रतिनिधि अंग रसना; ईशान आकाश (शब्द)तत्त्व प्रतिनिधि अंग कर्ण; सद्योजात पृथ्वी तत्त्व (गंध) प्रतिनिधि सर्वाङ्ग, और तत्पुरुष वायुतत्त्व (स्पर्श) प्रतिनिधि अंग त्वक् (सर्वाङ्ग)।

२. शक्ति दृष्टि से न्यास का दूसरा प्रकार— इच्छाशक्ति में उन्मना, समना, व्यापिनी, नाद और बिन्दु शक्तियों का शाश्वत परामर्श होता है। शिष्य के शरीर के उत्तमाङ्ग में इनकी प्रतिष्ठा होती है।

---

[1] (रु. अ. १०/७-८) श्री.त. १/१११

अङ्गवक्त्राणि तस्यैव स्वस्थानेषु नियोजयेत्।
अथ मातृकया प्राग्वत्तत्त्वस्फुटतात्मकः ।।२४०।।

त्रितत्त्वन्यासता चास्य पृष्ठे कक्ष्यात्रयागते ।
ततोऽघोराष्टकन्यासः शिरस्तच्चरणात्मकम् ।।२४१।।

---

३. शक्ति दृष्टि के अन्तर्गत ही अनुग्रह, तिरोधान, संहार, स्थिति और सृष्टि की प्रथा प्रथित होती है।

४. ईश्वर तत्त्व की दृष्टि से महत्, रूपातीत, रूप, पद और पिण्ड का ध्यान कर ऊपर कहे अङ्गों में न्यास होना चाहिये।

५. विद्यातत्त्व की दृष्टि से तुर्यातीत, तुर्य, सुषुप्ति, स्वप्न और जागृति का ध्यान कर न्यास करना चाहिये।

६. इसी दृष्टि में शाम्भवी शक्ति की बोधिनी, शोधिनी और आणवी शक्तियों का भी न्यास होता है। दीक्षा इससे दीप्त होती है।

७. पुमर्थोपाय दृष्टि से ज्ञान, योग, क्रिया और चर्या का ध्यान और मानसिक न्यास का विधान है।

८. हाकिनी, डाकिनी, शकिनी, लाकिनी, राकिनी और काकिनी शक्तियों का चक्रों में ध्यान और न्यास होता है।

९. इन सबके बीच मध्यावस्थान (केन्द्र हृदय) स्थित परम प्रभु परमेश्वर का न्यास अनिवार्यतः आवश्यक है।।२३९।।

२. न्यास पञ्चक का दूसर न्यास—मातृका न्यास ही न्यास पञ्चक के दूसरे स्थान पर आता है। इसका प्रकरण श्लोक ११६ से १२० तक पहले आ चुका है। इससे तत्त्वों में स्फुटता आती है। अतः इसे तत्त्वस्फुटतात्मक कहा गया है।

३. त्रितत्त्वन्यास—शिव, विद्या (शक्ति) और आत्म (नर) यही विश्व का नर शक्ति शिवात्मक मुख्य तत्त्वविभाग है। इसमें कक्ष्यात्रय का उल्लेख किया गया है। हृदय, शिखा और पद ही तीन कक्ष्यायें हैं। कक्ष्या उत्तरीय, समानता और

ततोऽपि शिवसद्भावन्यासः स्वांगस्य संयुतः।
इत्थं कृते पञ्चकेऽस्मिन्यत्तन्मुख्यतया भवेत् ।।२४२।।

उपास्यमर्च्यं तत्साङ्गं षष्ठे न्यासे नियोजयेत् ।
तेनात्र न्यासयोग्योऽसौ भगवान्रतिशेखरः ।।२४३।।

कक्षगत (या शरीर रूप कक्षगत) अंग या उत्तम स्थान को भी कहते हैं। शिखा में शिव का, हृदय में शक्ति का और पद में आत्म अर्थात् नृतत्व का न्यास ही त्रितंत्त्वन्यास कहलाता है।

४. अघोराष्टक न्यास—इसका प्रकरण श्री त. खण्ड प्रथम आ. १/११/१११ पृ. १६५-१६६ में आया हुआ है। अघोर, ईशान, विद्या, माया, काल, नियति, पुरुष और प्रकृति को अघोराष्टक कहते हैं। इसमें व्यापी नामक नवात्मदेव का प्रकल्पन करने से यहां नवात्मदेव न्यास होता है।

५. शिव सद्भाव न्यास—अपने समस्त अङ्गों पर ही यह न्यास किया जाता है। श्लोक में स्पष्ट लिखा कि स्वांग से यह संयुत है। अघोराष्टक न्यास में भी १. शिर, २. मुख, ३. कण्ठ, ४. हृदय, ५. नाभि, ६. गुह्य, ७. जानु और ८. चरण ये क्रमशः आठ अङ्ग ही गृहीत हैं। इन्हीं अङ्गों में शिवसद्भाव का न्यास शिष्य को शिवमय बनाने समर्थ होता है।।२४०-२४२।।

इस प्रकार श्लोक २३९ से २४२ तक में इस न्यास पञ्चक का निर्देश दिया गया है। इस न्यास पञ्चक में प्रथम स्थानीय न्यास अङ्गवक्त्रन्यास है। इसे ही श्लोक २४२ में मुख्यतया शब्द से सङ्केतित किया गया है। यह मुख्यता काकाक्षिन्याय से उभयगामिनी होती है। पहली मुख्यता न्यास की और दूसरी उपास्य और अर्च्य श्री रतिशेखर की ओर जाती है। अतः पञ्चवक्त्र न्यास के साथ भगवान् रतिशेखर भी प्रत्येक वक्त्र के आश्रय रूप होने के कारण न्यास्य है। इसी लिये स्पष्ट उल्लेख है कि, भगवान् रतिशेखर ऊर्ध्व में न्यास योग्य हैं। यहाँ दो शब्द विशेषतः विचारणीय हैं—

ऊर्ध्वे न्यास्यो नवाख्यस्य मुख्यत्वेऽन्योन्यधामता ।

तत्त्वोदयात्मक इति न्यासफलमुक्तम्। त्रितत्वेति शिवविद्यात्मलक्षणम्, अन्यथा हि एतन्मते श्रीरतिशेखरभैरवस्य न्यासविधौ विवर्जितत्त्वं न स्यात्। अस्य पृष्ठे इति मातृकान्यासस्य उपरि। कक्ष्यात्रयागते इति शिखाहृत्पादलक्षणकक्ष्यात्रयमागत्येत्यर्थः। अत्र पक्षे च

'.......................मूर्त्यङ्गसंयुताः। (श्लोक २४७)

इति मूर्तिः सत्ता सद्भाव इत्यर्थः। ऊर्ध्वे इति न्यासपञ्चकस्य। ननु य एव मुख्यतया उपास्यः स एव षष्ठे न्यासे योज्य इति उक्तम्। तत् कथमिह इदानीमेव तत्र रतिशेखरो न्यास्य इति उच्यते इत्याशङ्क्य आह नवाख्यस्येत्यादि तेन प्रथमन्यासस्थाने रतिशेखरो योज्यः, षष्ठे तु नवात्मेति।।

एवमियमेव अन्यत्रापि वार्तेत्याह

एवं भैरवसद्भावनाथे मुख्यतया यदि ।।२४४।।
उपास्यता तत्तत्स्थाने प्राङ्न्यास्यो रतिशेखरः ।

---

१. षष्ठे न्यासे नियोजयेत् और २. ऊर्ध्वे न्यास्यः श्लोक २४४ से अन्वय के अनुसार अर्थ होता है कि, जो मुख्य रूप से उपास्य है, वह छठें न्यास में नियोजित करने योग्य है। पुनः लिखते हैं कि, ऊपर न्यास्य है। इसे क्या माना जाय? इस प्रश्न का उत्तर नवाख्यस्य मुख्यत्वे' वाक्यांश में दिया गया है। इससे निष्कर्ष रूप से यह निश्चित हो जाता है कि, प्रथम स्थान में भगवान् रतिशेखर न्यास्य हैं और छठें में नवात्म देव भगवान् शिव।

एक अन्य शब्द भी अपना प्रभाव पूरे न्यास पञ्चक पर डाल रहा है। वह शब्द है, अन्योन्यधामता। इस न्यास पञ्चक की श्रेणी में तर-तम भाव की दृष्टि के विपरीत आपस में एक दूसरे के धाम माने जाते हैं। अर्थात् कोई गौण या कोई मुख्य नहीं है। अपितु सभी एक दूसरे के आश्रय हैं, सभी श्रेयस्कर हैं।।२४३।।

नच एतत् स्वोपज्ञमेव अस्माभिरुक्तमित्याह

इत्थं श्रीपूर्वशास्त्रे मे संप्रदायं न्यरूपयत् ।।२४५।।

शंभुनाथो न्यासविधौ देवो हि कथमन्यथा ।
न्यासे विवर्ज्यतेऽमुष्मिन्नङ्गान्यप्यस्य सन्ति हि।।२४६।।

शंभुनाथ इति श्रीलक्ष्मणगुप्तमते हि अन्यथा न्यासविधिरित्याशयः। श्रीशंभुनाथस्य पुनरेवं न्यासाभिधाने कोऽभिप्राय इत्याशङ्क्य आह देवो हीत्यादि। देवो रतिशेखरः कथं विवर्ज्यते इति वर्जयितुं न न्याय्य इत्याशङ्क्य उक्तमङ्गान्यप्यस्य सन्ति हीति श्रीभैरवसद्भावादिभैरवान्तरसमानन्यायत्वादिति अभिप्रायः।।२४६।।

श्रीलक्ष्मणगुप्तः पुनरेतदन्यथा व्याचख्यावित्याह

मूर्तिः सृष्टिस्त्रितत्त्वं चेत्यष्टौ मूर्त्यङ्गसंयुताः ।
शिवः साङ्गश्च विज्ञेयो न्यासः षोढा प्रकीर्तितः।।२४७।।

इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि, दृष्टि उपास्यता की मुख्यता पर रहनी चाहिये। यदि भैरव सद्भाव नाथ की मुख्यता है, और उन्हीं की उपास्यता की मुख्यता हो, तो पहले भगवान् रतिशेखर का न्यास करना ही योग्य है।।२४४।।

यह तथ्य कोई अपनी ओर से ही नहीं कहा गया है। अपितु यह आगमिक प्रामाण्य पर निर्भर है। यही कह रहे हैं—

श्री पूर्वशास्त्र (श्री मालिनी विजयोत्तर तन्त्र) में मेरे गुरुदेव श्री शम्भुनाथ ने मेरे इस त्रिक सम्प्रदाय के अनुसार इस न्यास विधि का निरूपण किया है। इसे गुरुनिरूपित होने कारण किसी अवस्था में उपेक्षित नहीं किया जा सकता। भगवान् रतिशेखर इस न्यास विधि से किसी प्रकार पृथक् नहीं किये जा सकते। इसके भैरव-सद्भाव आदि निर्देशानुसार आन्तर-समानता के आधार स्वरूप अन्यान्य अंग भी संभव हैं।।२४५-२४६।।

श्री लक्ष्मण गुप्त ने इसके विपरीत अन्य प्रकार से ही व्याख्या की है। वही कहं रहे हैं—

अस्योपरि ततः शाक्तं न्यासं कुर्याच्च षड्विधम् ।

मूर्तिः साङ्गवक्त्रो नवात्मा शाक्तन्यासे यदुपरि साङ्गवक्त्रा परापरा। सृष्टिर्मातृका यदुपरि मालिनी। त्रितत्त्वं भैरवसद्भावरतिशेखरनवात्मरूपं यदुपरि परादित्रितयम्। अष्टावघोराद्या यदुपरि अघोर्याद्यष्टकम्। मूर्त्यङ्गेति मूर्तेर्नवात्मनोऽङ्गानि

इनके अनुसार न्यास के क्रम छः प्रकार से होने उचित हैं। जो इस प्रकार हैं— १. मूर्त्ति न्यास, २. सृष्टि न्यास, ३. त्रितत्त्वन्यास, ४. अघोराष्टक और ५. मूर्त्यङ्ग न्यास तथा साङ्ग शिव का छठाँ प्रकार। इनके ऊपर पुनः छः प्रकार का शाक्तन्यास होना चाहिये।

१. मूर्त्ति न्यास साङ्ग वक्त्र[1] न्यास को ही कहते हैं। यह नवात्मक होता है। इसके ऊपर शाक्त न्यास के रूप में साङ्गवक्त्र परापरा देवियों का न्यास किया जाता है।

२. सृष्टि न्यास[2] मातृका और उसके ऊपर मालिनी न्यासों से संबन्धित होता है।

३. त्रित्व न्यास में (अ) भैरवसद्भाव (आ) रतिशेखर न्यास और (इ) नवात्म न्यास किया जाता है। इसके ऊपर शाक्तन्यास में परा, परापरा और अपरा इन तीनों शक्तियों को न्यस्त किया जाता है।

४. अघोराष्टक न्यास में अघोर आदि तत्त्व का न्यास होता है और इनके ऊपर अघोरा आदि शक्तियों का न्यास किया जाता हैं। माहेशी, ब्राह्मणी, कौमारी, वैष्णवी, ऐन्द्री, चामुण्डा, याम्या और योगेशी ही आठ शक्तियाँ हैं। अघोरा ही माहेशी है।

५. मूर्त्यङ्गन्यास-मूर्त्तियाँ नौ और उनके अङ्ग भी नवात्मक ही होते हैं। इनके ऊपर ५ विद्याङ्गों का न्यास भी होता है।

६. षोढा न्यास— इसमें उक्त पञ्चाङ्ग न्यास के अनन्तर शिवसद्भावात्मक छठां न्यास किया जाता है। यही साङ्ग वक्त्र न्यास कहलाता है। इसके ऊपर

---

[1] स्व. त. १०/११९३; [2] स्व. १०/१०२३, ११/२००

यदुपरि विद्याङ्गपञ्चकम्। शिवोभैरवसद्भावः साङ्गवक्त्रो यदुपरि साङ्गवक्त्रो मातृसद्भावः। एतच्च उभयथापि उपसंहरति न्यासः षोढा प्रकीर्तित इति। न्यासशब्दः काकाक्षिन्यायेन योज्यः। अस्येति शांभवस्य न्यासस्य।।

तदेव आह

परापरां सवक्त्रां प्राक्ततः प्रागिति मालिनीम्।।२४८।।

पश्चात्परादित्रितयं शिखाहृत्पादगं क्रमात्।
ततः कवक्त्रकण्ठेषु हृन्नाभीगुह्यऊरुतः ।।२४९।।

जानुपादेऽप्यघोर्याद्यं ततो विद्याङ्गपञ्चकम्।
ततस्त्वावाहयेच्छक्तिं मातृसद्भावरूपिणीम् ।।२५०।।
योगेश्वरीं परां पूर्णां कालसंकर्षिणीं ध्रुवाम्।

साङ्गवक्त्रा मातृका सद्भाव शाक्तन्यास के रूप में किया जाता है। ऊपर शाक्तन्यास और नीचे सर्वत्र शाम्भवन्यास होते हैं।।२४७।।

शाक्त न्यास की पुनः चर्चा यहाँ आवश्यक है। इससे विषय की स्पष्टता का उद्देश्य पूरा होता है। पहले सवक्त्रा परापरा देवी का और उसके बाद मालिनी देवी का न्यास आवश्यक है। इसके बाद परा, परापरा और अपरा देवियों के त्रितय का न्यास किया जाता है। इनका स्थान क्रमशः शिखा, हृदय और चरण है। इसके बाद शिर, मुख, कण्ठ, हृदय, नाभि, गुह्य, ऊरु से नीचे जानु और चरण पर अघोरा आदि आठों देवियों का न्यास किया जाता है। तदनन्तर विद्याङ्गपञ्चक मातृसद्भाव रूपिणी योगीश्वरी शुभ नाम वाली परा, पूर्णा काल संकर्षिणी देवी का आवाहन और न्यास के माध्यम से प्रतिष्ठापन आवश्यक है।।२४८-२५०।।

शास्त्र के अनुसार साधना के अनुशासन में इस प्रक्रिया का अपनाया जाना अनिवार्यतः आवश्यक माना जाता है। इस प्रसङ्ग में इस विशेष तथ्य पर अवश्य ध्यान जाना चाहिये—

यदा पुनरेतदेव शास्त्रानुसारेण साधयितुमिष्टं, तदा अयं विशेष इत्याह

अङ्गवक्त्रपरीवारशक्तिद्वादशकाधिकाम् ।।२५१।।
साध्यानुष्ठानभेदेन न्यासकाले स्मरेद्गुरुः।

ननु अस्मिन्दर्शने त्रिकमेव परमार्थ इति किमनेन चतुर्थेन रूपेण उपदिष्टेनेत्याशङ्क्य आह

परैव देवीत्रितयमध्ये याभेदिनी स्थिता ।।२५२।।
सानवच्छेदचिन्मात्रसद्भावेयं प्रकीर्तिता ।
सारशास्त्रे यामले च देव्यास्तेन प्रकीर्तितः ।।२५३।।

अङ्ग वक्त्र के परिवार में शक्ति के द्वादश भेदों का सङ्कलन करना आवश्यक है। विशेष रूप से साध्य अनुष्ठान के भेदों पर विचार कर इनके न्यास के सम्बन्ध में गुरु सावधान रहे।।२५१।।

प्रश्न है कि, इस दर्शन में त्रिक परम्परा ही परमार्थतः श्रेष्ठ और श्रेयस्कर रूप से मान्य है। इस नयी चौथी द्वादशात्मिका परम्परा के प्रतिष्ठापन का उपदेश किस उद्देश्य की सिद्धि के लिये किया जा रहा है? इसी पर कह रहे हैं कि—

तीन देवी शक्तियों में अभेद अद्वय भाव से शाश्वत अवस्थित परा देवी ही भगवान् श्रीकण्ठ नाथ के द्वारा अनवच्छिन्न रूप से चिन्मात्र सद्भावमयी मानी जाती है। सार शास्त्र में और देवी यामल शास्त्र में भी भगवान् भूतभावन ने प्रश्न कर्त्री देवी से सन्दर्भ वश इस सम्बन्ध में अपना अभिप्राय इन शब्दों में व्यक्त किया है—

"वही सार रहस्य है, वही हृदय है (वास्तविक केन्द्र बिन्दु है) वही विसर्ग रूप परम प्रभु परमेश्वर है। देवी यामल शास्त्र में वही प्रभु अपने शाक्त उद्रेक में कालकर्षिणी के रूप में आकलित होते हैं। महा डामरतन्त्र के (याग प्रकरण में) श्री परादेवी के रूप में मस्तक पर अवस्थित मानी जाती है। इसी तरह श्री पूर्व शास्त्र में वही देवी शक्ति माँ मातृसद्भाव मयी स्वीकृत की गयी है।" श्रीत. ३/६९-७१ प्रथम खण्ड पृ. ३८१-३८२।

मूर्तिः सवक्त्रा शक्तिश्च शक्तित्रयमथाष्टकम् ।
पञ्चाङ्गानि परा शक्तिर्न्यासः शाक्तोऽपि षड्विधः ।। २५४ ।।
यामलोऽयं महान्यासः सिद्धिमुक्तिफलप्रदः ।

प्रकीर्तितेति अर्थात् भगवता श्रीकण्ठनाथेन। देव्या इति प्रष्टृत्वेन स्थितायाः। यदभिप्रायेणैव प्राक्

'तत्सारं तच्च हृदयं स विसर्गः परः प्रभुः ।
देव्यायामलशास्त्रे सा कथिता कालकर्षिणी ।।
महाडामरके यागे श्रीपरामस्तके स्थिता ।
श्रीपूर्वशास्त्रे सा मातृसद्भावत्वेन वर्णिता ।।' (३।७१)

इत्यादि उक्तम्। अत एव शाक्तोऽपि न्यासः षोढेत्याह तेनेत्यादि तेन परादेव्या एव अनवच्छिन्नचिन्मात्ररूपतया पृथगुपदेशेन हेतुना शाक्तोऽपि न्यासः षडिवधः प्रकीर्तित इति सम्बन्धः। मूर्तिरिति तात्स्थ्यात् परापराशक्तिर्मालिनी।।

सार, हृदय, विसर्ग, कालकर्षिणी, श्रीपरा और मातृसद्भावमयी इन छः रूपों में शिव और शक्ति दोनों का न्यास सम्पन्न करने पर यह न्यास षोढा ही माना जाता है।

१. मूर्त्ति न्यास, २. वक्त्रन्यास, ३. शक्तित्रितय न्यास, ४. अघोराष्टक न्यास, ५. पञ्चाङ्गन्यास और ६. पराशक्तिन्यास के भेद से शाक्त न्यास भी छः प्रकार का ही माना गया है। यह यामल न्यास अर्थात् शिव और शक्ति दोनों का समन्वित न्यास सिद्धि (भुक्ति) और मुक्ति दोनों प्रकार के फल प्रदान करता है।

इस प्रकरण में साधक को निम्न लिखित बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिये—

१. जैसे शिव अनवच्छिन्न चिन्मात्र सद्भाववान् माने जाते हैं— वैसे ही माँ शक्ति भी अनवच्छिन्न चिन्मात्ररूपा है।

२. दोनों का न्यास महायामल महान्यास कहलाता हैं। यह भुक्ति के साथ ही साथ मुक्ति का अमृत फल भी प्रदान करता है।

ननु अयं शैवः शाक्तो वा न्यासः किमिति यौगपद्येनैव क्रियते इत्याशङ्क्य आह

मुक्त्येकार्थी पुनः पूर्वं शाक्तं न्यासं समाचरेत्।।२५५।।

यदुक्तं

'**वामो वायं विधिः कार्यो मुक्तिमार्गावलम्बिभिः।**' इति।।२५५।।

अत्रैव व्याख्यानान्तरमपि अस्तीत्याह

गुरवस्त्वाहुरित्थं यन्न्यासद्वयमुदाहृतम् ।
मुमुक्षुणा तु पादादि तत्कार्यं संहृतिक्रमात् ।।२५६।।

---

३. शैव न्यास जिस तरह षोढा माना जाता है, माँ शक्ति का न्यास भी षडविध ही माना जाता है।

४. २५४वें श्लोक में मूर्त्ति शब्दका उल्लेख है। मूर्त्ति के सम्बन्ध में पहले चर्चा आ चुकी है। यहाँ मूर्त्ति के रूप में मूर्त्ति में अवस्थित परापरा शक्ति मालिनी ही मूर्त्ति मानी गयी है। ।।२५२-२५४।।

प्रश्न कर रहे हैं कि, यह शैव और शाक्त न्यास समान काल में ही युगपद् भाव से क्यों किया जाता है? इस पर कह रहे हैं कि,

जो साधक केवल मुक्ति का एक मात्र इच्छुक अर्थात् मुमुक्षु है, वह पहले मात्र शाक्त न्यास की प्रक्रिया ही अपनाये। कहा भी गया है कि,

"मुक्ति मार्ग का अवलम्बन करने वाले साधकों द्वारा केवल यह वाम विधि ही आचरणीय है।।२५५।।

इस विषय में व्याख्यान के दूसरे रूप का भी उल्लेख गुरुवर्ग करता है। यही कह रहे हैं—

गुरुजन यह कहते हैं कि, ये शैव और शाक्त जो दो प्रकार के न्यास कहे गये हैं, उनमें मुमुक्षु साधक का यह कर्त्तव्य है कि, वह सृष्टि क्रम न अपना

नच अत्रैव अयं क्रम इत्याह

यावन्तः कीर्तिता भेदाः शंभुशक्त्यणुवाचकाः ।
तावत्स्वप्येषु मन्त्रेषु न्यासः षोढैव कीर्तितः ।।२५७।।

किंत्वावाह्यस्तु यो मन्त्रः स तत्राङ्गसमन्वितः ।
षष्ठः स्यादिति सर्वत्र षोढैवायमुदाहृतः ।।२५८।।

इह नाम केचन शांभवादिभेदभिन्नास्तन्त्रान्तरीया मन्त्राः। तेषामपि अयमेव वीर्यरूपतया उक्तेन क्रमेण न्यासः कार्यः, किंतु य एव यत्र उपास्यत्वेन आवाह्यो मन्त्रः, स एव षष्ठे स्थाने योज्यो येन अयं सर्वत्र शास्त्रे तत्तदभीष्टफलप्रदः षोढैव न्यास उक्तः स्यात्। यदभिप्रायेण अनन्तरमेव

'तेन भ्रष्टे विधौ वीर्ये स्वरूपे वानया परम्।'
मन्त्रा न्यस्ताः पुनर्न्यासात्पूर्यन्ते तत्फलप्रदाः ।।

(श्लो. १३५) इति उक्तम्।।२५८।।

कर अर्थात् शिखादि क्रम न अपना कर पादादि अर्थात् संहृति क्रम अपनाये। भले वह शैव और शाक्त का यौगपद्य भाव से न्यास करता रहे।।२५६।।

यह क्रम केवल इसी परम्परा में नहीं अपनाया जाता है अपितु नर शक्ति शिवात्मक जितने भी मन्त्र भेद हैं, उन समस्त मन्त्रों में षोढान्यास का व्यपदेश गुरुपरम्परा से है। यहाँ यह विशेष ध्यान दिया जाता है कि, जो मन्त्र जहाँ आवाहित किया जाता है, वह अपने अङ्गों से समन्वित होता है। पाँचों अङ्गों पर उस देवता का न्यास छठाँ न्यास होता है। इस तरह सर्वत्र षोढा न्यास का ही विधान है, यह बात स्पष्ट हो जाती है। इस विषय में इसी आह्निक के श्लोक १३४½ में लिखा गया है कि,

"शक्त्यात्मक होने के कारण अपने-अपने तन्त्रों में प्रसिद्ध विधाओं के भ्रष्ट हो जाने पर भी इन सभी मन्त्रों में तेज को उद्दीप्त करने वाली मालिनी देवी का न्यास करना आवश्यक है। इससे मन्त्र की सारी कमी पूरी हो जाती है। साथ ही मन्त्र के सारे फल भी प्राप्त हो जाते है"।।२५८।।

ननु एवं स्वात्मनि भैरवीभावः कृतो भवेत् भैरवस्य संनिधिनिमित्तमवश्यप्रदर्शनीया मुद्राः यत्

'एता मुद्रा महादेवि भैरवस्य प्रदर्शयेत् ।
आवाहने पूजनान्ते तथा चैव विसर्जने ।।'

इत्यादि उक्तं, तत् किमावाहनादाविह तद्दर्शनं कार्यं न वेत्याशङ्क्य आह

जिज्ञासु पूछ रहा है कि, दीक्षा के समय स्वात्म में भैरवीभाव की भावना से साधक स्वयम् अभिभूत होता है। भैरव के सान्निध्य की निमित्त मुद्राओं का प्रकाशन भी कर्त्तव्य रूप से होना चाहिये ही। आगम के अनुसार भगवान् भूतभावन स्वयं देवी पार्वती से कह रहे हैं कि,

"महादेवी! भैरव की इन मुद्राओं का प्रदर्शन भी इस अवसर पर आवश्यक होता है। ये मुद्रायें आवाहन, पूजन तथा विसर्जन की अलग अलग होती हैं। ये उन्हीं अवसरों पर यथानुरूप प्रदर्शनीय हैं।"

ऐसी आदेशना की स्थिति में भी इन देवों के न्यास के सन्दर्भ में मुद्रा आदि का प्रदर्शन होना चाहिये या नहीं? इस पर कह रहे हैं कि,

मुद्राओं का प्रदर्शन शरीर, मन और वाणी तीनों द्वारा अवश्यकरणीय कर्त्तव्य है। मन से करने का समर्थन भी आगम में है। मुद्राओं को शिव शक्ति रूप मान कर ही उनका स्मरण मन में भक्ति रूप से होना चाहिये। वही कह रहे हैं—

"............मुद्रा नामक ये आंगिक प्रदर्शन शिवशक्ति रूप ही हैं"।

इस तरह का मानसिक अनुसन्धान आवश्यक है। वस्तुतः मुद्रायें तीन प्रकार की होती हैं। वही कह रहे हैं—

"मन से उत्पन्न अर्थात् मानसिक अनुसन्धान से समन्वित मनोजा मुद्रायें होती हैं। गुरुमुख में स्थित किन्तु वाणी के माध्यम से व्यक्त मुद्रायें वाग्भवा कहलाती हैं। वाग्भवा मुद्रायें मन्त्र संभव मानी जाती हैं। तीसरे प्रकार की मुद्रा

मुद्राप्रदर्शनं पश्चात्कायेन मनसा गिरा ।

मनसेति

'.....................मुद्राख्याः शिवशक्तयः।'

इत्याद्यनुसंधानमयेनेत्यर्थः। यदुक्तं

'मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसंभवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रेयं त्रिविधा स्मृता ।।' इति।

ननु इह देहशुद्धिमात्रं कर्तुं प्रक्रान्तं, तच्च एकतरेणापि न्यासेन सिद्ध्येदिति अस्य षोढात्वे कोऽभिप्राय इत्याशङ्क्य आह

देहोद्भवा मानी जाती है। यह आङ्गिक भूमिक आकृतिमय (अंगुलि विक्षेप मय) होती हैं। इन आंगिक विक्षेपमय आकृतियों से शाक्त स्पन्द में विशेष प्रकार का उल्लास उदित हो जाता है। इस तरह मनोजा, वाग्भवा और देहोद्भवा ये त्रिविध मुद्रायें होती हैं"।

यहाँ एक नया प्रशन उठ खड़ा होता है। पहले तो केवल देह शुद्धि मात्र का ही उपक्रम है। देहशुद्धि तो किसी एक प्रकार के न्यास से भी सम्भव है। अभी अभी पहले छः प्रकार के न्यास की बात भी आ चुकी है। इस प्रकार के न्यास में प्रकार भेद का उद्देश्य क्या है? आदि प्रश्नों के अभिप्राय का अनुसन्धान कर रहें हैं—

अवस्थायें पाँच मानी जाती हैं। ये १. जाग्रत, २. स्वप्न, ३. सुषुप्ति, ४. तुरीय और ५. तुर्यातीत नामक दशायें हैं। इनके अतिरिक्त एक छठीं अवस्था भी होती है। उसे अनुत्तर अवस्था कहते हैं। कारण छः माने जाते हैं। यों तो कारण ३ और ५ भी माने जाते हैं। तीन कारण १. ब्रह्मा २. विष्णु और ३ रुद्र माने जाते हैं। ये क्रमशः रौद्री, वामा और ज्येष्ठा शक्तियों के द्वारा जगत् कार्य का सम्पादन करते हैं। ५ कारण, शरीर में शक्ति, ब्रह्मरन्ध्र, सुषुम्ना, नादान्त और बिन्दु माने जाते हैं। इनमें क्रमशः व्यापी, अनाश्रित, अनन्त, ऊर्ध्वगेश और ईश्वर तत्त्व अधिष्ठित होते हैं। शिव, शक्ति, सदाशिव, ईश्वर और शुद्ध

पञ्चावस्था जाग्रदाद्याः षष्ठ्यनुत्तरनामिका ।।२५९।।
षट्कारणषडात्मत्वात्षट्त्रिंशत्तत्त्वयोजनम् ।
एवं षोढामहान्यासे कृते विश्वमिदं हठात् ।।२६०।।
देहे तादात्म्यमापन्नं शुद्धां सृष्टिं प्रकाशयेत् ।

एवमपि षण्णामवस्थानां प्रत्येकं षट्कारणाधिष्ठानेन षडात्मतया षट्त्रिंशत्तत्त्वयोगानुसन्धानेनेत्यर्थः। यदुक्तमनेनैव अन्यत्र

विद्या ये मुख्य कारण माने जाते है। अनुत्तर अकुल तत्त्व सद्भाव से ये छः कारण हो जाते हैं। पाँच कारण रूप वाले और शक्तिमत्ता[१] में परम शिव सद्भाव से छः कारण हो जाते हैं।

इन छः कारणों से इन छ; अवस्थाओं से गुणा करने पर ३६ होता है। इसी आधार पर उर्ध्वदर्शन में ३६ तत्त्व स्वीकृत किये गये हैं। इस प्रकार के पूरे षोढा न्यास से ३६ तत्त्वों में बलवत्ता प्राप्त होती है और साधक अपने उद्देश्य की ओर अग्रसर हो जाता है। इससे सारे विश्व का हठपूर्वक इस शरीर से तादात्म्य स्थापित हो जाता है। सारी सृष्टि ही उसके लिये अत्यन्त शुद्ध और स्वात्म रूप हो जाती है। अतः इस स्तर पर वह अपने अस्तित्वगत स्वात्मबोध से विंश्व को प्रकाशित करे। इस विधि वाक्य में शिष्य के ज्योतिष्मान् स्वरूप की कल्पना की गयी है।

इस सम्बन्ध में एक दूसरे स्थान पर इन्हीं शास्त्रकार ने अपने विचार इस प्रकार व्यक्त किये हैं—

"इस सन्दर्भ में विचार करने पर जान पड़ता है कि, जाग्रत् आदि ५ अवस्थायें होती हैं। छठीं अनुत्तर अवस्था होती है। उसी अनुत्तर स्वात्मभावानुसन्धान के आवेश में अपने अस्तित्व को समाहित कर देना चाहियें। इसी आधार पर न्यास को षोढा कहते हैं। कारण रूप ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव और

---

[१] महार्थ मंजरी, का. २० भाष्य में उद्धरण।

'तत्र च पञ्च अवस्था जाग्रदाद्याः, षष्ठी च अनुत्तरा नाम स्वभावदशानुसंधेयेति षोढा न्यासो भवति, तत्र कारणानां ब्रह्मविष्णुरुद्रेश्वरसदाशिवानाश्रितरूपाणां प्रत्येकमधिष्ठानात् षट्त्रिंशत्तत्त्वकलापस्य लौकिकतत्त्वोत्तीर्णस्य भैरवभट्टारकाभेदवृत्तेर्न्यासे पूर्णत्वात् भैरवीभावः।' इति।।२५९-२६०।।

का नाम अस्याः शुद्धतेत्याशङ्क्य आह

मूर्तिन्यासात्समारभ्य या सृष्टिः प्रसृतात्र सा ।।२६१।।
अभेदमानीय कृता शुद्धा न्यासबलक्रमात् ।

इह

'तस्मिन्ध्रुवे निस्तरङ्गे समापत्तिमुपागतः ।
संविदः सृष्टिधर्मित्वादाद्यामेति तरङ्गिताम् ।।
सैव मूर्तिरिति ख्याता.................... ।'(श्लो. २३८)

इत्याद्युपक्रमेण मूर्तिन्यासात् प्रभृति साधकदेहस्य या सृष्टिः प्रसृता, सा अत्र न्यासबलक्रमादभेदमानीय कृता शुद्धा भैरवीभावावष्टम्भस्वभावेत्यर्थः।।

अनाश्रित नामक तत्त्व माने जाते हैं। प्रत्येक के अधिष्ठान से ६x ६ = ३६ तत्त्व समूह से उत्तीर्ण होने और भैरव भट्टारक की अद्वयवृत्ति का अपने में उदय हो जाने पर भैरवी भाव का उल्लास हो जाता है।।२५९-२६०।।

सृष्टि की शुद्धता के प्रकाशन की चर्चा ऊपर के श्लोक में आयी हुई है। प्रश्नकर्त्ता यह पूछ रहा है कि, सृष्टि की शुद्धता का स्वरूप क्या है? इसी का उत्तर दे रहे हैं—

मूर्त्ति न्यास से आरम्भ कर जितने भी न्यास ऊपर निर्दिष्ट हैं, उन्हीं न्यासों की शक्ति के तारतम्य से विश्वरूप में सर्वत्र प्रसृत यह सारी सृष्टि अदृश्य सद्भाव के महा प्रभाव से ही शुद्ध प्रतीत होने लगती है। इसका स्वरूप बदल जाता है। तब यह मात्र पञ्चभूतमयी नहीं अपितु कारण रूप से भासित होने लगती है। यही इसका शुद्ध स्वरूप है।

अतश्च देहदाहानन्तरमेव यष्टा तदुत्तीर्णे शुद्धचिदात्मनि शिवे रूढ इति किमस्य पुनः शुद्धदेहसृष्ट्येति चोदयन्तो दूरं निरस्ता इत्याह

तेन येऽचोदयन्मूढाः पाशदाहविधूनने ।।२६२।।
कृते शान्ते शिवे रूढः पुनः किमवरोहति ।
इति ते दूरतो ध्वस्ताः परमार्थं हि शांभवम्।।२६३।।

यहाँ पहले ही श्लोक २३८ में भी यह प्रसङ्ग आया है और वहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि,

"उस ध्रुव निस्तरङ्ग समापत्ति को प्राप्त साधक संविद् की सृष्टि-धर्मिता के कारण एक तरह से इसकी आदिम लहरी में लहराने का सौभाग्य प्राप्त कर लेता है। वही वास्तविक मूर्त्ति होती है।"

इस प्रकार की मूर्त्ति और इसके ऊपर षोढा न्यास का फल यह होता है कि, साधक-शरीर नूतन विश्वात्मक प्रसार के रूप में परिणत हो जाता है। न्यास के प्रभाव से अभेद अदृश्य भैरवीभाव की संभूति से वह भर जाता है।।२६१।।

इस स्तर पर पहुँचे साधक के देहान्त के उपरान्त जब देह दाह आदि की प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो उस सृष्टि सीमा से वह उत्तीर्ण हो जाता है। शुद्ध चिदात्मक शिव में ही वह आरूढ़ हो जाने का सौभाग्य प्राप्त कर लेता है। ऐसी अवस्था में पुनः इसकी शुद्ध देह की सृष्टि का क्या तुक? इस प्रकार के तर्क देने वाले अपने आप निरस्त हो जाते हैं। वही कह रहे हैं—

जो अज्ञ लोग यह कहा करते हैं कि, पाशबद्ध पशु शरीर का प्लोषण हो जाने पर (उसके दग्ध हो जाने पर) वह चिन्मय शिव में आरूढ हो चुका होता है, तो पुनः उसके अवरोह का प्रशन ही नहीं उठता। इन लोगों का उत्तर इस प्रसङ्ग में ही प्राप्त हो गया है। उनकी मान्यता स्वतः निरस्त हो जाती है। सच बात तो यह है कि, ऐसे लोग स्वात्म-संवित्ति के विमर्शात्मक रहस्यबोध से वंचित होते हैं। वे शाम्भव अभेद अद्वय परमार्थ की परानुभूति से सर्वथा रहित हैं।।२६२-२६३।।

न विदुस्ते स्वसंवित्तिस्फुरत्तासारवर्जिताः ।

शांभवपरमार्थवेदनमेव उपपादयति

न खल्वेष शिवः शान्तो नाम कश्चिद्विभेदवान्।।२६४।।
सर्वेतराध्वव्यावृत्तो घटतुल्योऽस्ति कुत्रचित् ।

ननु यदि एवंविधो न शिवस्तत्कतर इत्याशङ्क्य आह

महाप्रकाशरूपा हि येयं संविद्विजृम्भते ।।२६५।।
स शिवः शिवतैवास्य वैश्वरूप्यावभासिता ।

विजृम्भते इति विश्वेन रूपेण अवभासते इत्यर्थः। एतावदेव हि शिवस्य शिवत्वं— यत् तेन तेन रूपेण अवभासते इति उक्तं वैश्वरूप्यावभासितैव अस्य शिवतेति।

एवंस्वभावत्वादेव च अस्य न अत्र परापेक्षेत्याह

उसी शाम्भव परमार्थ के पारमार्थिक स्वरूप का प्रतिपादन करने के लिये कारिकाओं की अवतारणा कर रहे हैं—

शिव अभेद अद्वय अपरिच्छिन्न शाश्वत परमतत्त्व है। यह कोई विभेदवान् अर्थात् खण्डित तत्त्व नहीं है। समस्त अन्य अध्वावर्ग से उत्तीर्ण है। कहीं उपमा देते समय इसे अखण्ड पूर्ण 'घट' रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।।२६४।।

शिव के स्वरूप के सम्बन्ध में किसी प्रकार की विचिकित्सा न हो, इस लिये पुनः वह कैसा है— इसका प्रतिपादन कर रहे हैं—

संविद् शक्ति महाप्रकाश-विमर्शमयी है। यह त्रिक दर्शन प्रतिपादित तथ्य है। इसी का विस्फार यह सारा विश्वात्म प्रसार है। यह महा प्रकाश-विमर्शसार-रहस्य ही शिव है। विश्वात्मक समग्र प्रसारावभास ही शिवता है। शिव का यही शिवत्त्व है कि, वह व्यक्ताव्यक्त सारे रूपों में अवभासित है। कारिका इसी को अपने शब्दों में वैश्वरूपावभासिता शिवता'' कहती है।।२६५।।

तथाभासनयोगोऽतः स्वरसेनास्य जृम्भते ।।२६६।।

ननु यदि एवं भेदेनैव अयमवभासते, तत् सदैव संसारः स्यात्, नतु कदाचिदपि कैवल्यमित्याशङ्क्य आह

भास्यमानोऽत्र चाभेदः स्वात्मनो भेद एव च ।

अत्रेति स्वारसिके तथाभासने।

एतन्निबन्ध एव च बन्धमोक्षविभाग इत्याह

भेदे विजृम्भिते माया मायामातुर्विजृम्भते ।।२६७।।
अभेदे जृम्भतेऽस्यैव मायामातुः शिवात्मता ।

ऐसे महाप्रभावशाली होने के कारण ही शिव को किसी दूसरे की कोई अपेक्षा नहीं होती। यह इस प्रकार सर्व रूप में अवभासित है। अवभास के इसी योग से योगेश्वर शिव स्वात्मस्वारस्य वश अपने आप विश्व रूप में अवभासित होता है।।२६६।।

जिज्ञासु, यह जिज्ञासा करता है कि, उक्त वर्णन से यह स्पष्ट है कि, भेदभिन्न रूप से ही अवभासित होता है। अवभास उसका स्वभाव ही है। ऐसी दशा में संसार शाश्वत भाव से ही भासित होना चाहिये। तब कैवल्य के लिये अवकाश ही कहाँ मिलेगा? भेदभिन्नता के शाश्वत रहने पर कैवल्य कैसे हो सकता है? दोनों का परस्पर विरोध है। इस जिज्ञासा का समाधान कर रहे हैं—

यह बड़ा रहस्यात्मक उल्लास है। यहाँ भास्यमान अभेद ही है। वही भास्यमानता भेद रूप से विजृम्भित हो जाती है। इस तरह अभेद ही भेद रूप से प्रतिफलित हो रहा है। इसी लिये शिव को विस्मयोद्भव की भूमि कहते हैं। इस स्वारसिक अभेद रूप भेदावभास में ही बन्ध और मोक्ष का रहस्य छिपा हुआ है। जिस समय भेद विजृम्भित होता है, उस समय माया प्रमाता की माया ही विजृम्भित होती है और अभेद की विजृम्भा में माया प्रमाता की शिवात्मता विजृम्भित होती है। इस प्रकार भेदाभेदात्मक यह अवभास उल्लसित होता रहता है।।२६७।।

ननु कथमस्य मायाप्रमातृत्वे सति अभेदो यन्नान्तरीयकं शिवात्मत्वं स्यादित्याशङ्क्य आह

मायाप्रमाता तद्रूपविकल्पाभ्यासपाटवात् ।।२६८।।
शिव एव तदभ्यासफलं न्यासादि कीर्तितम् ।

ननु यदि एवं, तत् किमनेन न्यासादिनेत्याशङ्क्य आह तदभ्यासफलमिति तदभ्यास एव फलं प्रयोजनमस्येत्यर्थः।२६८।।

ननु एवमभ्यासमात्रादेव कथं शिवत्वं भवेदित्याशङ्कां गर्भीकृत्य दृष्टान्तयति

यथाहि दुष्कर्मास्मीत्येवं भावयतस्तथा ।।२६९।।
तथा शिवोऽहं नान्योऽस्मीत्येवं भावयतस्तथा ।

यहाँ स्वभावतः यह शङ्का होती है कि, कहाँ माया प्रमातृत्व और कहाँ अभेद अद्वय भाव। दोनों में परस्पर वैपरीत्य का भाव साफ झलकता है। माया-प्रमातृत्व भेद को जन्म देता है और अद्वय द्वारा शिवत्व का उल्लास होता है। अभेद और शिवत्व में नान्तरीयकता का सम्बन्ध होता है। इस आशङ्का के सम्बन्ध में ही कह रहे हैं—

माया प्रमाता तद्रूप विकल्पों के अभ्यास के कौशल से आकलित होने वाला शिव ही है। उस अभ्यास के फल न्यास आदि रूप में प्रतिफलित होते हैं। माया प्रमाता न्यासादि के माध्यम से शिवत्व की ओर अग्रसर होते हुए शिवत्व भी प्राप्त कर लेता है।।२६८।।

क्या अभ्यास मात्र से ही शिवत्त्व की उपलब्धि संभव है? वह अभ्यास भी विकल्प रूप ही कहा गया है। विकल्पाभ्यास से निर्विकल्प शिव की समापत्ति? इस मानसिक ऊहापोह के सन्दर्भ में दृष्टान्त उपस्थित कर रहे हैं—

जैसे कोई पुरुष मन में यह सोचता है कि, मैंने इस प्रकार के दोष-दुष्ट काम किये हैं। इस प्रकार का भावन या मानसिक अनुसन्धान करता है और उससे प्रभावित होता है, उसी तरह प्रमाता भी स्वात्म भाव में शिवोऽहं भाव का भावन

यथाहि दुष्टं कर्म करोमीत्येवं भावयतस्तथा दुष्टकर्मत्वं भवेत्, नतु सुकृतकर्मत्वं, तथा शिवोऽहमद्वितीयोऽहमित्यादि भावयतस्तथा शिवत्वमेवेत्यर्थः।।

ननु प्राग्विकल्पाभ्यासपाटवात् निर्विकल्पकता भवतीत्युक्तं, तत् कथमिह शिवत्वं भवेदित्युच्यते इत्याशङ्क्य आह

एतदेवोच्यते दार्ढ्यं विमर्शहृदयङ्गमम् ।।२७०।।
शिवैकात्म्यविकल्पौघद्वारिका निर्विकल्पता ।

एतदेव शिवोऽहमित्याद्यात्मकविकल्पाभ्यासस्वभावभावनापर्यन्तोपरतं शिवत्वं निर्विकल्पताविमर्शैकसतत्त्वं दार्ढ्यं च उच्यते सर्वत्र तथा अभिधीयते इत्यर्थः।

एतदेव व्यतिरेकद्वारेण दर्शयति

या अनुसन्धान लगातार करता रहे, तो निश्चय ही शिवत्व की उपलब्धि कर सकता है। भावना से सदोष कार्यों में जैसे लिप्त हो जाता है, उसी तरह शिवोहं सन्धान से शिवमय होना स्वाभाविक ही है।।२६९।।

पहले के संस्कारतः प्राप्त विकल्पों के अभ्यास के पाटवातिशय से निर्विकल्पकता प्राप्त हो जाती है। निर्विकल्पकता विकल्पों के निरास की दशा को ही कहते हैं। अभ्यास कौशल से वह सम्भव होती है, तो हो, शिवत्व कैसे सम्भव है? इस पर कह रहे हैं—

विमर्श द्वारा हृदयङ्गम होने वाला दार्ढ्य ही शिवत्त्व है। मैं शिव हूँ, इस भावनात्मक अभ्यास के फलस्वरूप अपने को शिवरूप में ही स्वीकार करने की दृढ़ता से साधक स्वयं शिव हो जाता है। शिवत्व का यही स्वरूप शास्त्र सम्मत है।

इसी तरह शिवैकात्म्य भाव से जीने के लिये जिन शैव विकल्पों का साधक आश्रय ग्रहण करता है, वही निर्विकल्पता कहलाती है। यहाँ शिवत्व और निर्विकल्पत्व दोनों परिभाषित हो रहे हैं। दोनों में विमर्शात्मक और भावनात्मक अनुसन्धान-दार्ढ्य की अपेक्षा होती है।।२७०।।

अन्यथा तस्य शुद्धस्य विमर्शप्राणवर्तिनः ।।२७१।।
कथं नामाविमृष्टं स्याद्रूपं भासनधर्मणः ।

यदि हि एतदविकल्पात्मपरामर्शमयं शिवत्वं भावनालभ्यं न भवेत्, तत् विकल्पकलङ्कोन्मुक्तस्य सहजविमर्शात्मनः स्वप्रकाशस्य तस्य कथं नाम अविमृष्टं रूपं स्यात् सततविमृष्टं भवेदित्यर्थः।।२७१।।

यदि हि एवं न भवेत्, तत् देहादिप्रमातारोऽपि कथं न शिवात्मना प्रस्फुरेयुरित्याह

तेनातिदुर्घटघटास्वतन्त्रेच्छावशादयम् ।।२७२।।

अन्वय दृष्टि से शिवत्व की समापत्ति का स्वरूप ऊपर वर्णित किया गया है। यहाँ वही व्यतिरेक दृष्टि से प्रदर्शित कर रहे हैं—

यदि ऐसा न होता, तो उस शुद्ध विमर्शसार और प्रकाश धर्म वाले शिव का अविमृष्ट रूप कैसे विमृष्ट होता? वस्तुतः शिवत्व अविकल्पपरामर्श रूप होता है और भावना से ही लभ्य माना जाता है। यदि ऐसा न होता, तो उसका अविमृष्ट रूप सतत विमृष्ट नहीं होता। यह ध्यान में रखना चाहिये कि, वह विकल्परूप कलङ्क-पङ्क से सर्वथा उन्मुक्त है। प्रकाश रूप है और सहज विमर्श ही उसका प्राण है। यदि उसे पा लेने की लालसा में ललक हो, भावना की आधारभूत भव्यता हो, तो वह परम कृपालु स्वयं स्वात्म में ही समुपलब्ध हो जाता है।।२७१।।

यह भी सोचने की बात है कि, यदि ऐसा न होता, तो देहादि प्रमाता भी क्यों नहीं शिवात्म भाव से प्रस्फुरित होने लगते? यही कह रहे हैं—

इसलिये अघटित घटना-पटीयान् परमेश्वर की स्वातन्त्र्यमयी इच्छा के बल से ही यह देहादि प्रमाता भासित होता हुआ भी अपने को उस प्रकार विमृष्ट न कर पाता। वस्तुतः शिवत्व भावना से ही लभ्य हो सकता है, यह ध्रुव सत्य है।

किसी पदार्थ का भान परमेश्वर के प्रकाश पर ही निर्भर करता है। प्रकाश न होता, तो भान भी नहीं होता। इसे अन्यथानुपपत्ति कहते हैं। देह, प्राण और बुद्धि का प्रकाशन हो रहा है। अतः यह सिद्ध हुआ कि, शैव प्रकाश से ही इसका

भानपि प्राणबुद्ध्यादिः स्वं तथा न विकल्पयेत् ।

तेन शिवत्वस्य भावनालभ्यत्वेन हेतुना भानान्यथानुपपत्त्या शिवात्मना भानपि अयं देहादिः प्रमाता तत्तद्दुर्घटकारिपरमेश्वरेच्छामहिम्ना तथा शिवात्मना स्वं न विकल्पयेत् विमृशेदित्यर्थः घटनं घटेति भिदादित्वादङ्।।

ननु अस्य मा भूदेवं परामर्शः, प्रत्युत विपरीतपरामर्शयोगोऽस्तीत्याह

प्रत्युतातिस्वतन्त्रात्मविपरीतस्वधर्मताम् ।।२७३।।
विनाश्यनीशायत्तत्वरूपां निश्चित्य मज्जति ।

आयत्तत्वं पारतन्त्र्यम्।।

एवं शिवत्वस्य भावनालभ्यत्वमेव युक्तमिति उपसंहरति

ततः संसारभागीयतथानिश्चयशातिनीम् ।।२७४।।
नित्यादिनिश्चयद्वारामविकल्पां स्थितिं श्रयेत् ।

तथेति विपरीतस्वधर्मतया, अत एव उक्तं नित्यादिनिश्चयद्वारामिति, आदिशब्दादीशत्वानायत्तत्वादि।।२७४।।

भान हो रहा है। अब अपनी भावना के बल पर उसने शिवात्मभाव प्राप्त कर लिया। यह उसका शिवात्मक भान होता है। वह स्वयं शिव-विमर्शमय हो गया है। यह सब भावना के बल पर ही सम्पन्न होता है। अघटित घटना पटीयान् परमेश्वर की इच्छा शक्ति का यही महत्त्व है। भिदादि होने से घट+ अङ् प्रत्यय-योग से 'घटा' शब्द निष्पन्न है।।२७२।।

भावात्मक परामर्श के अभाव में साधक के हृदय में इस प्रकार के शिवात्म विमर्श की बात ही नहीं होती प्रत्युत अति स्वच्छन्दता रूप स्वैरभाव के कारण विपरीत विनाशी और अनीशवशीभूत स्वधर्मता का निश्चय कर भव-समुद्र में डूब कर मर जाता। शिवत्व की बात धरी की धरी ही रह जाती।।२७३।।

इस लिये भवसमुद्र में डुबाने वाली, अनिश्चय के अस्त्र से शातन (संहार) कर देने वाली इस विपरीत स्वधर्मता का परित्याग कर नित्य शाश्वत

ननु सर्वैरेव

'करणेन नास्ति कृत्यं क्वापि भावनयापि वा।' (शि. दृ. ७।६)

इत्यादि उक्तं, तत् किमिह भावनापर्यवसायिन्यासादिना अभिहितेनेत्याशङ्क्य आह

ये तु तीव्रतमोद्रिक्तशक्तिनिर्मलताजुषः ।।२७५।।
न ते दीक्षामनुन्यासकारिणश्चेति वर्णितम् ।

वर्णितमिति द्वितीयाह्निके।।२७५।।

एवमेतत् प्रसङ्गादभिधाय प्रकृतमेव आह

एवं विश्वशरीरः सन्विश्वात्मत्वं गतः स्फुटम्।।२७६।।
न्यासमात्रात् तथाभूतं देहं पुष्पादिनार्चयेत् ।

प्रकाशविमर्शमयी अविकल्प अमृत-स्थिति का आश्रय ग्रहण करना ही परम श्रेयस्कर है।।२७४।।

शिवदृष्टि सप्तम आह्निक के श्लोक छः में यह स्पष्ट उल्लेख है कि,

"करण से कोई कृत्य नहीं, कहीं भावना से भी कुछ लेना देना नहीं"

इस उक्ति को देख कर मन में यह प्रश्न अपने आप उठता है कि, इस उक्ति में और भावना से लभ्य शिव की श्रीतन्त्रालोक की उक्ति में परस्पर विरोध है। ऐसा क्यों? भावना से भावित होकर न्यास करे, उसी में रचे पचे आदि के व्यपदेश-उपदेश से क्या लाभ? इसी पर कह रहे हैं—

जो साधक तीव्रतम भाव से उद्रिक्त शक्तिपात की स्वच्छतामयी ऊर्जा से ऊर्जस्वल हो चुके हैं, वे दीक्षा और मन्त्रन्यास आदि सम्पादन करने के स्तर से उत्तीर्ण हैं। उनके लिये ये सभी व्यापार अनपेक्षित हो जाते हैं। शिवदृष्टि के ऊपर आये उद्धरण की पहली पंक्ति का भी यही निष्कर्ष है।।२७५।।

इस प्रकार भावना से अपने को विश्वशरीर समझना चाहिये। सतत दृढ़ अभ्यास द्वारा विश्वात्मक अनुभूति से भर कर शिव स्वरूप स्वात्म में न्यासमात्र से उसे और पूज्य रूप से स्वीकार करना चाहिये। ऐसे स्वात्म की पुष्प आदि

पृथङ्मन्त्रैर्विस्तरेण　संक्षेपान्मूलमन्त्रतः ।। २७७।।
धूपनैवेद्यतृप्त्याद्यैस्तथा　व्याससमासतः ।

पृथगिति अङ्गवक्त्रादिभेदेन।।

ननु इदं न्यासादि सर्वं करकार्यं, तत् करेण तावत् केन एतत् क्रियते इति न जानीम इत्याशङ्क्य आह

संसारवामाचारत्वात्सर्वं　वामकरेण तु ।।२७८।।
कुर्यात्तर्पणयोगं च　दैशिकस्तदनामया ।

वामः संसारविपरीतो लोकबहिष्कृतो मुक्त्यनुगुणो रहस्य आचारः।।

अत एव आगमोऽप्येवमित्याह

वामशब्देन गुह्यं श्रीमतङ्गादावपीरितम् ।।२७९।।

यदुक्तं तत्र

'रहस्योक्त्या स्मृतं वामं पत्युस्तेजः क्रियात्मकम्।' (१।४।२५)

उपचारों से अर्चना करे। यही शास्त्र की संगति है। इसमें यदि विस्तार की इच्छा हो, तो न्यासों के अलग अलग मन्त्रों से अथवा संक्षेप करना चाहें, तो मूलमन्त्र से न्यास करना उत्तम है। धूप, दीप, नैवेद्य और तर्पण आदि से व्यास और समास पद्धति में से कोई अपना कर यह कार्य सम्पादन चाहिये। इससे स्व में विश्वात्मा का परिष्कार होता है।।२७६-२७७।।

प्रश्न करते हैं कि, यह न्यास आदि हाथ से ही किये जाते हैं। कौन हाथ इसमें गृहीत है? इस पर कह रहे हैं कि,

यह आचार वामाचार है। संसार से उल्टा आचार है। इसे बाँये हाथ से करना चाहिये। दैशिक शिरोमणि के ऊपर भी यह निर्भर करता है कि, कैसे करें। उपचार में तर्पण आदि के सम्बन्ध में भी शास्त्र वाम कर का ही निर्देश देता है। इससे अनामिका द्वारा तर्पण सम्पादन करने के वामाचार परक अर्थ के साथ ही साथ अनामय अर्थात् स्वस्थ परम्परा का पालन अर्थ भी संकेतित होता है। बाँया हाथ संसार के विपरीत पड़ता है। लोक इसका प्रायः सभी कामों में बहिष्कार करता है। यह मुक्ति के अनुकूल होता है और रहस्य आचार का प्रतीक है। आगम भी यही कहता है—

इति उपक्रम्य

'यतस्तस्मात्स भगवान् वामगुह्यः प्रभाष्यते।'(१।४।२८)

इति।

आदिशब्देन श्रीनन्दिशिखादि। यदुक्तं तत्र

'वामं गुह्यं समाख्यातममृतं खेचरीप्रियम्।
रहस्यं सर्वभूतानां वामशब्देन कीर्त्यते। इति।।२७९।।

न केवलमत्रैव वामशब्दस्य रहस्यार्थाभिधायित्वं, यावदन्यत्रापीत्याह

वामाचारपरो मन्त्री यागं कुर्यादिति स्फुटम्।
श्रीमद्भर्गशिखाशास्त्रे तथा श्रीगमशासने।।२८०।।

श्रीमतङ्गशास्त्र आदि में वाम शब्द से गुह्य अर्थ ही ग्रहण करते हैं। उसके १/४/२५ श्लोक में कहा गया है कि,

"रहस्यमयी उक्ति के आधार पर वाम पति रूप परमेश्वर का क्रियात्मक तेज माना गया है।"

तथा इस उक्ति से इस विषय का उपक्रम कर

"इसी आधार वह भगवान् वामदेव 'वामगुह्य' भी कहा जाता है।" (१/४/२८)

इस उक्ति तक इसी तथ्य का विश्लेषण किया गया है। श्री नन्दिशिखा शास्त्र में भी यह लिखा हुआ है कि,

"वाम गुह्य को कहते हैं। यह अमृत है एवं खेचरी प्रिय है। यह सभी भूतों का (प्राणियों और पंचमहाभूताधारित तत्त्वों का) रहस्य है। यह सब वाम शब्द से ही उक्त हो जाता है"।।२७८-२७९।।

श्रीमद् भर्गशिखा शास्त्र और श्रीगम शास्त्र में भी यही स्फुट निर्देश है कि, वामाचार परम्परा का साधक वामाचार मार्ग के अनुसार ही याग यज्ञ का सम्पादन करे। वहाँ कही गयी उक्ति का यह निर्देश है कि,

यदुक्तं तत्र

'वामचारपरो मन्त्री ततो यागं समाचरेत् ।' इति।

ननु भवतु नाम एतत्, तर्पणं तु वामकरानामिकया कार्यमित्यत्र किं प्रमाणमित्याशङ्क्य आह तथेत्यादि।।२८०।।

तदेव पठति

सर्वतीर्थेषु यत्पुण्यं सर्वयज्ञेषु यत्फलम् ।
तत्फलं कोटिगुणितमनामातर्पणात्प्रिये ।।२८१।।

अनामेति अर्थादङ्गुष्ठयुक्ता। तदुक्तं तत्रैव

'वामपाणौ जपन्त्याश्च तुम्बरोश्चापि मेलके ।
दातव्यं विप्रुषामात्रमुपर्युपरि कल्पितम् ।। इति।

"वामाचार परायण मन्त्री वामाचार याग ही करे"

इसी सन्दर्भ में तर्पण का सम्पादन भी बायें हाथ से करने का अनुविधान है। यह संकेतित कर दिया गया है।।२८०।।

श्रीगम शासन के वचन का उल्लेख कर रहे हैं—

सारे तीर्थों के सेवन से जो पुण्य प्राप्त होता है, सारे यज्ञों के सम्पादन करने से जो फल मिलता है, उससे करोड़ों गुना फल भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, हे प्रिये! वाम अनामिका द्वारा तर्पण से प्राप्त होता है।

अनामा शब्द के प्रयोग से केवल एक अंगुलि का ही अर्थ नहीं लिया जाता; अपितु तर्पण प्रक्रिया में गृहीत अंगुष्ठ अर्थ भी लिया जाता है। इस विषय में वहीं कहा गया है कि,

"वाम हाथ की जपन्ती (अनामिका) और तुम्बरु (अंगुष्ठ) दोनों अंगुलियों के मेलन से तर्पण का जल देना चाहिये। इस जल की कणिका मात्र भी समस्त फलों से ऊपर ऊपर ही अवस्थित और कल्पित होती है, अर्थात् श्रेष्ठ होती है।"

श्रीसंकर्षणीयामले

'इत्येतत्परमानन्दं महासर्वमनुत्तमम् ।
योगिनीवल्लभं भद्रे अर्घपात्रे प्रपूजयेत् ।।

तेनैकविप्रुषामात्रतर्पणं सर्वदा स्मृतम् ।
वामहस्तेन कर्तव्यमनामाङ्गुष्ठयोगतः ।। इति।

नवनित्याविधानेऽपि

'अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु तर्पयेत्परमेश्वरीः ।' इति।

अन्यत्र पुनर्मध्यमाङ्गुष्ठयोगेनापि तर्पणमुक्तम्। तथा च द्वादशसाहस्रे श्रीमदानन्देश्वरे

'दिव्यं तेजः सुगन्धाढ्यं प्रददेत्मातृमण्डले।
मध्यमाङ्गुष्ठयोगेन वामहस्तेन भैरवि ।।

तदा सिद्धिं लभेताशु तन्त्रोक्तां नात्र संशयः । इति।

श्री संकर्षणी यामल ग्रन्थ में भी इस विषय के सम्बन्ध में क्या कहा गया है, उसका उद्धरण दे रहे हैं—

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, भद्रे पार्वति! यह परमानन्द दायिनी सबसे महत्त्वपूर्ण, सर्वोत्तम और योगिनी शक्तियों की परम प्रिय प्रक्रिया है कि, अर्घपात्र में विशेष पूजन किया जाये। इस लिये बाँयें हाथ के अनामाङ्गुष्ठ योग मुद्रा से तर्पण करना चाहिये। यह तथ्य शास्त्र सम्मत है और सर्वदा स्मृत है।"

इस तथ्य का प्रतिपादन 'नव नित्याविधान' नामक शास्त्र में किया गया है। उसी का उद्धरण दे रहे हैं—

"अङ्गुष्ठ और अनामिका से पारमेश्वरी शक्तियों का तर्पण करना चाहिये।"

कहीं कहीं मध्यमा और अंगुष्ठ के योग से भी तर्पण करने वाली उक्तियाँ मिलती हैं। जैसे बारह हजार श्लोकों में रचितं प्रसिद्ध 'श्रीमदानन्देश्वर" नामक ग्रन्थ की उक्ति है कि,

भूतक्षोभेऽपि

'मुद्रां कापालिनीं बद्ध्वा दक्षहस्तेन साधकः ।
पात्रं तदुपरि स्थाप्यं मध्यमाङ्गुष्ठयोगतः ।।

क्षिप्त्वैकं विप्रुषं वक्त्रे तर्पयेद् देवतागणम् ।' इति।

श्रीपञ्चामृतेऽपि

'तर्जनी शत्रुविजये मध्यमा तर्पणे स्मृता ।
अनामा शोषणे योज्या कनीया हीनकर्मसु ।।

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन मध्यमाङ्गुष्ठयोगतः ।
तर्पयेद्देवदेवेशं मातृचक्रं विशेषतः ।
सर्वकर्मसु सामर्थ्यान्मध्यमा तु प्रशस्यते ।। इति।

"हे भैरवि! बाँये हाथ के मध्यमाङ्गुष्ठ योग मुद्रा से सुगन्धि-युक्त, दिव्य तेजस्विता से पवित्र तर्पण होना चाहिये। जहाँ यह प्रक्रिया पूर्ण हो, वह स्थान मातृमण्डल से मण्डित होना चाहिये। भगवान् कहते हैं कि, इससे तन्त्रों में कथित आशु (तत्काल शीघ्र) सिद्धि (भुक्ति) प्राप्त होती है। इसमें किसी प्रकार के सन्देह के लिये अवकाश नहीं है।"

भूतक्षोभ नामक ग्रन्थ में भी इस विषय के सम्बन्ध में चर्चा करते समय कहा गया है कि,

"दाहिने हाथ से कपालिनी मुद्रा बना कर साधक उस पर तर्पण-पात्र स्थापित करे। बाँयें हाथ की मध्यमा और उसी की अंगुष्ठ अंगुलि-योग मुद्रा से एक एक बूँद मुँह में छिड़ककर देवताओं का तर्पण करे।"

पंचामृत नामक ग्रन्थ का भी उद्धरण दे रहे हैं—

"तर्जनी शत्रु विजय प्रक्रिया में प्रयुक्त करना श्रेयस्कर होती है। मध्यमा तर्पण के लिये निर्दिष्ट है। अनामा का प्रयोग शोषण के कामों में होता है। कनिष्ठिका स्वयं हीन है। बिचारी हीन कामों में ही प्रयोग की जानी चाहिये। इसलिये पूरा प्रयत्न कर मध्यमा और अङ्गुष्ठ को जोड़कर देव देवेश महादेव

तथा

'अङ्गुष्ठो भैरवः साक्षाच्चामुण्डा मध्यमा भवेत्।
उभयोः संगमो ह्येष सर्वसिद्धिकरः परः।।' इति।

तदेवं यत् शास्त्रमधिकृत्य साधकस्य मद्यसंस्कारश्चिकीर्षितः, तदनुसारेणैव तर्पणमपि तेन कार्यमिति विषयविभागः।।२८१।।

ननु एवं वामशब्दस्य रहस्यार्थाभिधायित्वं सिद्धं, वामकरत्वे पुनः किं प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

श्रीमन्नन्दिशिखायां च श्रीमदानन्दशासने।
तदुक्तं स्रुक्च पूर्णायं स्रुवश्चाज्याहुतौ भवेत्।।२८२।।

का तर्पण करना चाहिये। विशेषरूप में मातृमण्डल को भी तृप्त करना आवश्यक है। सर्व कर्मों में सामर्थ्यानुसार जुटे और तर्पण में विशेष रूप से मध्यमा का प्रयोग करे। यही प्रशस्त पथ है।''

तथा यह भी कहा गया है कि,

''अंगुष्ठ साक्षात् भैरव होता है। मध्यमा अंगुलि चामुण्डा कहलाती है। इन दोनों का यह योग समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाला और उत्तमोत्तम मुद्रा है।''

इस प्रकार के शास्त्रीय निर्देशों के सन्दर्भ में यह ध्यान रखना चाहिये कि, जिस शास्त्र की अधिकार परम्परा में साधक साधना-संलग्न हैं, तथा जिसके अनुसार उसका मद्यसंस्कार चिकीर्षित है, उसी के अनुसार तर्पण करना चाहिये यही शास्त्रानुसार विषय विभाग का स्वरूप है।।२८१।।

जिज्ञासु कहता है कि, उक्त प्रमाणों के आधार पर वाम शब्द रहस्यमय अर्थों का अभिधान करता है, यह तथ्य सिद्ध है— इसे मान लेने में कोई विप्रतिपत्ति नहीं पर वामकर के प्रयोग का क्या प्रमाण है? इसी आशङ्का का उत्तर दे रहे हैं—

शेषं वामकरेणैव पूजाहोमजपादिकम् ।

इह पूर्णायामाज्याहुतौ स्रुक् स्रुवश्च अर्थादुभाभ्यां कराभ्यां ग्राह्यौ।

यदुक्तं

'पूर्णाहुतिप्रयोगं तु कथयाम्यधुना तव ।
ऋजुकाय ऋजुग्रीवः समपादो व्यवस्थितः ।।
नाभिस्थाने स्रुचो मूलमुत्तानाग्रमुखं समम् ।
स्रुच्युपरि स्रुवं देवि कृत्वा चैवमधोमुखम् ।।
पुष्पं दत्त्वा स्रुगग्रे तु दर्भेण सहितौ करौ ।
मुष्टिना चैव हस्ताभ्यां गृहीत्वा यत्नतोऽपि च।।

श्रीनन्दिशिखा नामक शास्त्र में और श्रीमदानन्दशास्त्र इन दोनों में यह लिखा है कि, स्रुक् का प्रयोग पूर्णाहुति में और स्रुवा का प्रयोग घी की आहुति के लिये होता है। शेष कार्य बाँयें हाथ से सम्पन्न होना चाहिये। इन कार्यों में पूजा, हवन और जप आदि का ग्रहण किया जाता है। आदि शब्द से तर्पण आदि का बोध होता है। स्रुक् और स्रुवा इन दोनों यज्ञ के उपकरणों का प्रयोग वाम दक्ष दोनों हाथों से सम्पन्न होता है।

इस तथ्य की प्रमाणिकता के लिये ग्रन्थों का उद्धरण प्रस्तुत कर रहे हैं—

भगवान् कहते हैं कि, हे भामिनी! तुम्हारी जानकारी के लिये मैं पूर्णाहुति के प्रयोग के विषयों का कथन करने जा रहा हूँ। इसे ध्यानपूर्वक सुनो। पूर्णाहुति के समय यजमान को अपने शरीर को सीधा कर सावधानी से अवस्थित होना चाहिये। उसकी गर्दन सीधी हो। पैर मिले हुए समान रूप से सधे भाव से व्यवस्थित हों। इसी सम अवस्थानमुद्रा में वह खड़ा होकर अपनी नाभि में स्रुक् लगावे। यह ध्यान रहे कि स्रुचा का मूल नाभि में और उसका अग्रभाग उत्तान रूप से आगे की ओर मुख की स्थिति में हो। स्रुक् के ऊपर स्रुवा को अधोमुख भाव से रख लेना चाहिये।

अग्रतो दक्षिणं हस्तं वामं वै पृष्ठतः प्रिये।
मुष्टिभ्यां संगृहीत्वा वै उत्तानकरयोगतः।। इति।

अन्यत् पुनः शिष्टं पूजादिकं कर्म वामकरेणैव कार्यं भवेदिति वाक्यार्थः।।

ननु एवं देहस्य यजनेन किं स्यादित्याशङ्क्य आह

एवमानन्दसंपूर्णं सर्वौन्मुख्यविवर्जितम्।।२८३।।
यागेन देहं निष्पाद्य भावयेत शिवात्मकम् ।

स्रुक् के अग्रभाग में फूल हो। दोनों हाथों में कुशाओं के साथ सुक्-स्रुवा मूल सधा हुआ हो। मुट्ठी बाँध कर सावधानी पूर्वक अत्यन्त व्यवस्थित ढङ्ग से यजमान खड़ा रहे। दाहिना हाथ आगे की ओर हो और वामहस्त उसकी पीठ पर रहे इसी अवस्थान मुद्रा में हाथों की उत्तान मुट्ठियों की कसी हुई पकड़ में दोनों यज्ञपात्र साथ ही नीचे ऊपर रखे हुए हों। यह लगे कि, आज्याहुति की प्रक्रिया अब सविधि सम्पन्न होगी।

इस कथन से यह सिद्ध होता है कि, पूर्णाहुति के प्रयोग में दोनों हाथों का प्रयोग अनिवार्यतः आवश्यक है। ऐसा न करने पर एक हाथ से ये दोनों यज्ञ पात्र सम्भाले नहीं जा सकते। उनके न सँभल पाने और गिरने से विधि भङ्ग की सम्भावना बनी रहेगी। दूसरी बात यह भी सिद्ध होती है कि, शेष कामों में वाम हाथ की ही प्रधानता स्वीकार की जाती है। उसी का प्रयोग किया जाता है।।२८२।।

इस यजन प्रक्रिया से अथवा इस प्रकार के याग से देह में क्या कोई विशेष प्रभाव दीख पड़ता है? इस प्रश्न के उत्तर में कह रहे हैं कि,

इस प्रकार परमेश्वर की आनन्द रश्मियों की दीप्ति से अन्तःप्रसन्न रह कर और विश्वात्मक विकल्पों की ऐन्द्रियिक उन्मुखताओं का सर्वथा परित्याग कर जो याग सम्पन्न करता है तथा अपने शरीर को पूर्णता के प्रकाश में पूर्णतया समर्पण-भाव से पूर्णाहुति के लिये तैयार कर लेता है, वह ऐसा करने के बाद स्वयं अपने देहको शिवात्मक भाव से ही भावित करे। याग का यही सर्वोत्तम लक्ष्य और पक्ष माना जाता है।।२८३।।

ननु कथमिदमनात्मरूपं देहादि शिवात्मकतया भावनीयमित्याशङ्क्य आह

गलिते विषयौन्मुख्ये पारिमित्ये विलापिते ।।२८४।।
देहे किमवशिष्येत शिवानन्दरसादृते ।

अतश्च एवमभ्याससंहितः साधकः शिव एव भवेदित्याह

शिवानन्दरसापूर्णं षट्त्रिंशत्तत्त्वनिर्भरम् ।।२८५।।
देहं दिवानिशं पश्यन्नर्चयन्स्याच्छिवात्मकः ।

ननु यदि एवं देहदर्शनादिनैव साधकस्य शिवैकात्म्यमुदियात्, तत् किमस्य बाह्येन लिङ्गादिना स्यात्। बाढमित्याह

प्रश्न करते हैं कि शरीर जड़ है : अनात्मरूप है। क्या यह शिवात्म भाव से भावनीय है? इस का उत्तर दे रहे हैं—

विषयों की उन्मुखता के समाप्त हो जाने पर और अपनी संकुचित सीमा को छिन्न-भिन्न कर असीमता को आत्मसात् कर लेने पर अब देह में आप ही बतायें, शैव महाभाव के आनन्द रस समुद्र के लहराने के अतिरिक्त रह ही क्या जाता है? शिवात्मकता के सिवा शेष ही क्या बचता है? अर्थात् कुछ नहीं, केवल शिव ही शिव वहाँ उल्लसित रहते हैं।।२८४।।

अतः इसका अभ्यास करना चाहिये। इस तरह अभ्यास में अभ्यस्त साधक शिव रूप ही हो जाता है— यही कह रहे हैं—

शैव महाभाव के अपरिमित अनुपमेय इन्द्रियातीत परास्वाद संवलित रस से सराबोर, इस रसमयता से ओत-प्रोत और ३६ त्रिक तत्त्वों के प्रतीक रूप में इस शरीर को सातत्यभाव से अनुभूत करता हुआ, देखता हुआ, व्यवहार से ऊपर उठ कर स्वात्म, परिवेश में विचरण करता हुआ और उसी की आन्तर अर्चा से जगत् में अनुद्विग्न रहता हुआ साधक स्वयं शिवात्म रूप ही हो जाता है। यह शिवता की समुपलब्धि की सरल विधि है।।२८५।।

विश्वात्मदेहविश्रान्तितृप्तस्तल्लिङ्गनिष्ठितः ॥२८६॥
बाह्यं लिङ्गव्रतक्षेत्रचर्यादि नहि वाञ्छति ।

यस्य पुनरेवं विश्रान्तिर्न स्यात्, तं प्रति एतत् बाह्यमुच्यते इत्याह

तावन्मात्रात्त्वविश्रान्तेः संविदः कथिताः क्रियाः ॥२८७॥
उत्तरा बाह्ययागान्ताः साध्या त्वत्र शिवात्मता ।

ननु आसां बाह्यानां क्रियाणामपि कथनेन कोऽर्थ इत्याशङ्क्य उक्तं साध्या त्वत्र शिवात्मतेति। तुर्हेतौ॥२८७॥

इदानीं विशेषन्यासवैचित्र्यानन्तरोद्दिष्टं विशेषार्घपात्रमभिधातुमाह

ततोऽर्घपात्रं कर्तव्यं शिवाभेदमयं परम् ॥२८८॥

जिज्ञासु प्रश्न करता है कि, यदि इसी प्रकार देहदर्शन आदि से ही साधक के शिवैकात्म्य की सिद्धि होने लगे, उसमें तादात्म्य भाव का उदय होने लगे, तो उसके किसी बाह्य लिङ्ग आदि प्रक्रिया की क्या आवश्यकता? यह तो बड़ी ही रहस्य की बात है? इस पर अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए शास्त्रकार कह रहे हैं कि,

विश्वात्म शरीर में विश्रान्ति से तृप्त साधक इसी पारम्परिक चिन्मय लिङ्ग के प्रतीक भाव में एकनिष्ठ हो जाता है। बाह्य लिङ्ग पूजन, व्रत सेवन, क्षेत्रनिवास अथवा चर्यानुशासन आदि की उसे कभी चाह भी नहीं होती॥२८६॥

जिनकी इस प्रकार की विश्रान्ति की स्थिति नहीं होती, ऐसे लोगों के लिये बाह्य याग का विधान किया गया है। यही कह रहे हैं—

संविद् विश्रान्ति निष्ठ साधकों के लिये ही इस प्रकार की संवित्ति मयी क्रियायें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त अन्य विश्वात्मक प्रवृत्तियों में तल्लीन लोगों के लिये बाह्य यागान्त सारी प्रक्रिया विहित है। इसका अन्तिम लक्ष्य भी शिवात्मता का साधन ही है। शिवात्मता ही साध्य है। इसी उद्देश्य की पूर्त्ति में सारे जीवन-व्यापारों को साधन बनाया जा सकता है॥२८७॥

आनन्दरससंपूर्णं　विश्वदैवततर्पणम् ।
यथैव देहे दाहादिपूजान्तं　तद्वदेव हि ।।२८९।।
अर्घपात्रेऽपि　कर्तव्यं　समासव्यासयोगतः ।

आनन्दरसो मद्यादिरूपः।।

ननु स्वात्मनोऽर्घपात्रस्य वा पूजायामुपयुक्तं द्रव्यजातं कस्मादिह न उक्तमित्याशङ्कां प्रदश्र्य दूषयति

कानि द्रव्याणि यागाय को न्वर्घ इति नोदितम् ।।२९०।।

अनुजोद्देश के श्रीत. १/३०३ के कथन के अनुसार विशेषार्घ-भाजन प्रकरण का प्रारम्भ यहाँ से कर रहे हैं—

इसके बाद शिवाभेद मय अर्घपात्र का विधान करना चाहिये। इसका स्वरूप भी अद्वय शिवाभेद सिद्धि ही है। शिवार्घपात्र शिवाभेदमय हो। इसमें परं विशेषण का प्रयोग अद्वय भाव की पराकाष्ठा का द्योतन कर रहा है।।२८८।।

आनन्दरस से सम्पूर्ण विश्वदेवों का तर्पण जिस प्रकार समापादित किया जाता है; उसी प्रकार देह में सारे विधान समान रूप से करने चाहिये। यह कार्य देहान्त-दाह पूजन पर्यन्त करना उचित है। अर्घपात्र विधि भी चाहे संक्षिप्त रूप से समास विधि के अनुसार या व्यास विधि से अर्थात् बढ़ा चढ़ा कर उत्सव रूप से भी सम्पन्न की जा सकती है। यहाँ आनन्द रस, मद्य आदि अर्थ में प्रयुक्त है।।२८९।।

प्रश्न करते हैं कि, स्वात्म अथवा अर्घ पात्र की पूजा में प्रयुक्त उपयुक्त सामग्री का वर्णन यहाँ क्यों नहीं किया गया है? इस प्रश्न को शास्त्रकार अनावश्यक मानते हैं और इस सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं—

याग के लिये कौन द्रव्य उपयुक्त हैं? उनकी मिति क्या है? अर्घ कैसा हो? कितने, किस रंग के और कौन से द्रव्य अर्घ के लिये उपयोगी हैं, यह सब नहीं कहा गया है, इसका कारण है। जो साधक जैसी सिद्धि चाहता है,

सिद्धिकामस्य तत्सिद्धौ साधनैव हि कारणम्।
मुक्तिकामस्य नो किंचिन्निषिद्धं विहितं च नो।।२९१।।

यदेव हृद्यं तद्योग्यं शिवसंविदभेदने ।
कृत्वार्घपात्रं तद्विपुट्प्रोक्षितं कुसुमदिकम् ।।२९२।।

कृत्वा च तेन स्वात्मानं पूजयेत्परमं शिवम् ।

इह खलु पूजादिनिमित्तं नियतं किंचित् द्रव्यं न उदितं यतः सिद्धिकामस्य तावत् तस्यां शान्त्यादिरूपतया नियतायां सिद्धौ संपादनैव प्रतिनियतद्रव्योपयोगे कारणं यत् शान्तिमारभमाणेन साधकेन सितमेव, नतु रक्तं द्रव्यादि उपादेयम्, एवं वश्यादौ रक्तमेव, नतु सितमिति; मुक्तिकामस्य तु न किंचिदपि विहितं निषिद्धं वेति तं प्रति कतरत् द्रव्यमभिदध्मो यतस्तस्य यदेव हृदयहारि, तदेव शिवसंविदैकात्म्यापत्तिरूपायां मुक्तावुपाय इति।।

उसकी सिद्धि के लिये उसके उपयुक्त साधन का प्रयोग वह स्वयं भी या अन्य आगमिक याग प्रसङ्गोदित निर्देशों के अनुकूल भी प्रयोग कर सकता है। यह बुभुक्षु साधक के साध्य के अनुरूप होना चाहिये।

'जैसी सिद्धि वैसी संपादना' इस उक्ति के अनुसार प्रतिनियत द्रव्यों का प्रयोग होता है। जो साधक शक्ति चाहता है, उसे श्वेत पुष्पों का प्रयोग करना उचित है। इसके लिये लाल रंग के फूल वर्जित हैं। वश्य आदि षट्कर्म में सदा लाल फूलों का ही प्रयोग करना चाहिये। इसमें श्वेत पुष्प वर्जित हैं।।२९०।।

जहाँ तक मुमुक्षु का प्रश्न है, उसके लिये न तो किसी द्रव्य का निषेध है और न विधि। वह विधि निषेध से ऊपर है। उसके लिये जो हृद्य है, प्रिय है या आकर्षक है, वही संविदद्वय संवेदना की दृष्टि से उपयुक्त है। उसके लिये किसी द्रव्य के विधान करने की कोई आवश्यकता नहीं। चिदैक्य तादात्म्य समापत्ति रूप मुक्ति के लिये वही पदार्थ या द्रव्य उपयोगी होता है।।२९१।।

इस तरह अर्घपात्र तैयार कर उसके बिन्दुओं से सारी सामग्री का प्रोक्षण करना चाहिये। उसी से स्वात्मस्वरूप परमशिव की पूजा करनी चाहिये।।२९२।।

ननु अन्यैः 'कृत्वार्घपात्रम्' इत्यादि उपक्रम्य 'तत्स्थैः कुसुमैः स्वमभ्यर्च्य चात्मानम्' इत्यादिदृशा अर्घपात्रसंभूतैरेव कुसुमैः स्वात्मादिपूजनं कार्यमिति उक्तं, तत् कथमिह तद्विप्रुट्प्रोक्षितेन अवान्तरेण कुसुमादित्ता तदभिधीयते इत्याशङ्क्य आह

अर्घपात्रार्चनादत्तपुष्पसंकीर्णताभयात् ।।२९३।।

नार्घपात्रेऽत्र कुसुमं कुर्याद्देवार्चनाकृते।
अर्घपात्रे तदमृतीभूतमम्ब्वेव पूजितम् ।।२९४।।

यहाँ नयी जिज्ञासा होती है। श्लोक २९२ में अर्घपात्र करने का निर्देश दिया गया है। उसके बाद यह भी निर्देश दिया गया है कि, उसमें स्थित कुसुमों से स्वयं का अभ्यर्चन करना चाहिये। इससे यह प्रतीत होता है कि, अर्घपात्र स्थित पुष्पों से स्वात्मार्चन होना चाहिये। वहीं यह भी लिखते हैं कि, उसकी कणिकाओं से प्रोञ्छित फूलों से पूजा होनी चाहिये। इस स्थिति में क्या करना चाहिये? इस पर अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं—

अर्घपात्र की अर्चना में प्रयुक्त कुसुमों की संकीर्णता के कारण अर्घपात्र के फूलों का प्रयोग देवार्चन में नहीं करना चाहिये। अर्घपात्र में स्थित पवित्र अमृत रूप जल ही मन्त्रों की तृप्ति और याग द्रव्यों की शुद्धि के लिये पर्याप्त है। इस प्रकार देह को शिवात्म भाव से पूजित कर देह, प्राण, बुद्धि और आकाश रूप पुर्यष्टक को एक दूसरे में तन्मय करते हुए शिवता की उपलब्धि की दृष्टि से पूजन करना चाहिये।

अर्घपात्र में अवस्थित पुष्प देवार्चन में अयोग्य होने के कारण उसके जल को ही पूजन में प्रयुक्त करना पड़ता है। एक स्थान पर कहा गया है कि,

''कुलोच्छुष्म आदि भेदभिन्न यह द्रव्य ही अमृत माना जाता है। इसे कुलामृत भी कहते हैं।''

पुर्यष्टक के सभी तत्त्व परस्पर अवियुक्त ही होते हैं। इस आधार पर भी उन्हें अन्योन्यतन्मय मानते हैं। अलग अलग अस्तित्व वाले इन सभी को एक एक में तन्मय कर अन्तिम स्थिति में पहुँचने को भी तन्मयीभूत दशा कहते हैं।

मन्त्राणां तृप्तये यागद्रव्यशुद्ध्यै च केवलम् ।
एवं देहं पूजयित्वा प्राणधीशून्यविग्रहान् ।।२९५।।
अन्योन्यतन्मयीभूतान् पूजयेच्छिवतादृशे ।

तदिति अर्घपात्रे देवाद्यर्चननिमित्तं कुसुमानामकार्यत्वात्। यदुक्तं

'द्रव्यमम्बु समाख्यातं कुलोच्छुष्मादिभेदगम्।' इति।

अन्योन्यतन्मयीभूतानिति परस्परावियोगात्।।

कथं च एषां प्राणादीनां त्रयाणामपि विग्रहाणां पूजा कार्येत्याशङ्क्य आह

तत्र प्राणाश्रये न्यासे बुद्ध्या विरचिते सति ।।२९६।।
शून्याधिष्ठानतः सर्वमेकयत्नेन पूज्यते ।

कुल और उच्छुष्म दोनों पृथक् पृथक् अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। देह, इन्द्रियवर्ग रूप यह सब कुल है। शुष्म का अर्थ अग्नि और उत्साह होता है। इस प्रकार अर्घ में प्रयुक्त पवित्र मद्य रूप अम्बु रूप द्रव्य पूजन में कुलामृत रूप में सब को तेज और ऊर्जा से ऊर्जस्वल कर देने वाला पदार्थ सिद्ध होता है। इस वर्णन से यह सिद्ध होता है कि, मुख्य लक्ष्य शैव महाभाव की उपलब्धि ही है।।२९३-२९५।।

प्राण आदि तीन विग्रहों की पूजा कैसे की जाय? इस जिज्ञासा का उपशमन कर रहे हैं—

शून्याधिष्ठान पूर्वक बुद्धि द्वारा सम्पन्न प्राणाश्रय न्यास में एक साथ ही सारा पूजन सम्पन्न करना चाहिये। यही एकयत्न पूजन तीनों विग्रहों का शास्त्र सम्मत पूजन है।

वास्तव में आत्मा जब संकोच और आवरण को गले लगाता है, तो वह शून्य प्रमातृता का अवलम्बन करता है। आकाश इसी शून्यता का प्रतीक है। शून्यप्रमातृता के अवलम्बन के माध्यम से वह बुद्धि में अधिष्ठित होता है। स्वयं भी ऐसा ही करने के बाद प्राण में न्यास करना चाहिये। यह न्यास षोढा न्यास

इह संकुचितो हि आत्मा शून्यप्रमातृतावलम्बनद्वारेण बुद्धिमधिष्ठाय प्राणे षोढा न्यासं विदध्यादिति त्रयाणामपि अपृथक्प्रयत्नं पूजा सिध्येदिति वाक्यार्थः।।

पूजनं च अध्वन्यासपुरःसरमेव अत्र स्यादिति मनोयागमुपक्रममाणः प्रथममासनपक्षं दर्शयितुं प्राणे तत्तत्तत्त्वविभागोट्टङ्कनेन अध्वानमेव न्यसितुं निरूपयति

न्यस्येदाधारशक्तिं तु नाभ्यधश्चतुरङ्गुलाम् ।।२९७।।

ही होता है। महाषोढा न्यास में यही ऐकात्म्य भावमयी, अपृथक् प्रयत्न वाली पूजा एक साथ ही सम्पन्न होती है।।२९६।।

सारा पूजन अध्वन्यास पुरःसर ही होता है। अतः इसी सन्दर्भ में मनोयाग का उपक्रम आवश्यक है। यही सोच कर सर्वप्रथम आसन का निर्देश करने के लिये प्राण में उन उन तत्त्वों का उल्लेख कर अध्वन्यास का ही निरूपण कर रहे हैं—

नाभि के नीचे प्रत्येक के चार अंगुल परिवेश में अवस्थित आधार शक्ति पर न्यास करना चाहिये। नाभि के नीचे इन चारों की अवस्थिति आगम मानता है। ये चार हैं— १. धरा, २, सुरोद, ३. पोत और ४. कन्द। नाभि से नीचे कन्द के समीप मूलाधार तक १६ अंगुल का क्षेत्र होता है। इसलिये इसमें चारों का चार चार अंगुल का क्षेत्र माना जाता है।

इसी में विश्व का आसूत्रण होता है। यह सभी कुछ व्योमगर्भ होता है। इसे इनके परिवेश में चतुर्दिक् निर्मलता के आधार पर आमलसारक कहते हैं। इतना कर लेने पर नाभि के ऊपर दण्ड का आकलन करते हैं। यह अनन्त नामक दण्ड लम्बिका पर्यन्त होता है। यहाँ तक तन्मात्रा से कला पर्यन्त सभी तत्त्वों का न्यास शास्त्र सम्मत है।

इसके ऊपर निशामयी ग्रन्थि होती है। इस मायामयी गाँठ में धर्म और अधर्म का वर्गाष्टक अधिष्ठित है। इसकी अवस्थिति वह्नि अर्थात् अग्निकोण से प्रारम्भ कर आगे की दिशाओं के क्रम से है। इन धर्मादिकों की जननी माया है और इनका विभव ही बुद्धि है।

धरां सुरोदं तेजश्च मेयपारप्रतिष्ठितेः ।
पोतरूपं मरुत्कन्दस्वभावं विश्वसूत्रणात् ।। २९८।।

माया ग्रन्थि के ऊपर त्रिशूल के नीचे चतुष्किका रूप शुद्ध विद्या का अधिष्ठान है। यह दो छदनों से संयुक्त क्षेत्र है। वहीं लम्बिका और ब्रह्म रन्ध्र ये दोनों अपने अस्तित्व से इस विश्वनिर्मिति-प्रतीक शरीर पर जीवन रूपी अमृत की वर्षा करते हैं। इन दोनों के बीच में ही वह परमतत्त्व है, जो भाव्य है, भावन करने योग्य और अनुष्ठेय है। न्यास के इस विधान में पूरा अध्वा समाहित हो जाता है। यहाँ कई पारिभाषिक शब्द हैं, जिनका स्पष्टीकरण आवश्यक है—

१. आधार शक्ति—आधार शब्द के साथ मूलाधार का तुरन्त आकलन होने लगता है। शरीर का मूलाधार अलग है और विश्व का मूलाधार आधार शक्ति इच्छाशक्ति है। परमेश्वर के बिन्दु रूप से विसर्ग पर्यन्त वर्त्तिनी यह शक्ति विश्व की आधारशिला है। यह विश्व को धारण करती है। धरा से लेकर ३४ तत्त्वों को यही धारण करती है। कहा गया है कि,

"जो ये पृथ्वी आदि हैं, ये सभी क्रमशः एक दूसरे के आधार स्वरूप हैं। शिवशक्ति सामरस्य में ये धृति रूप से प्रतिष्ठित रहते हैं। विशेष रूप से धृति वृत्ति से सभी तत्त्वों में यह उल्लसित है। पहले यही धरारूप में व्यवस्थित होकर अपने धृति रूप में सर्वत्र व्याप्त प्रतीत होती है। 'यत्र यत्र धृतित्वं, तत्र तत्र धरात्वं' अन्वय व्याप्ति के नियम से यह सर्वत्र व्याप्त रहती है। स्थूल धरा के अतिरिक्त पर्यन्त-भागिनी इच्छा शक्ति ही ऐसी है, जिस पर यह सारा विश्व आधृत है।

२. पोत—समुद्र सन्तरण का प्रधान साधन पोत है। अपरम्पार ऊर्मिल जलधि का पार करना पोत द्वारा ही सम्भव है। पोत जहाँ पहले ठहरते थे, उसके किनारे के स्थान को 'पारप्रतिष्ठिति' कहते थे। स्थल पर गाड़ियाँ जहाँ ठहरती थीं, उस स्थान का नाम 'उपरति' था। पारप्रतिष्ठिति को आज कल बन्दरगाह या पोर्ट कहते हैं। अंग्रेजी का पोर्ट रूप पारप्रतिष्ठिति का अपभ्रंश रूप है। पार का बन्दर होना उच्चारण की देशज विकृति के भाषा विज्ञान के नियम के अनुरूप

प्रत्येकमङ्गुलं न्यस्येच्चतुष्कं व्योमगर्भकम् ।
ईषत्समन्तादमलमिदमामलसारकम् ॥ २९९॥

ही है। मेय मात्र को पार कर जहाँ पहुँचना है, वही पारप्रतिष्ठिति है। मेय को टुकड़ों में बाँटने में तेज सहायक बनता है।

३. कन्द—शरीर का वह भाग जो मूलाधार के ऊपर और अण्डकोश के नीचे गद्दीदार मर्म स्थान है। लिङ्गवर्धन में कन्द-मरुत् मूल कारण होता है। कुण्डलिनी को शूल बीज से प्रेरित कर ऊर्ध्वमुख करने वाला यही मरुत् है। जिस तरह कन्द में अङ्कुरोन्मेष का आसूत्रण सूत्र रूप में निहित होता है, उसी तरह कन्द भी विश्व के आसूत्रण की शक्ति का आधार है। आगम कहता है—

"पहले पहल आदिम अवस्था में संवित् शक्ति स्पन्दित हो कर प्राण में परिणत हुई।" इस प्राण रूप में संवित् की परिणति क्या है? मरुत् की महनीयता है, संविद्विमर्श की वायुरूपता है और प्राण रूप से, शव पड़े विश्व की शिव रूप में परिणति की रमणीयता है। प्राण न रहे, तो विश्व निष्प्राण ही हो कर रह जाये। यह विश्व का आसूत्रण है।

४. व्योम गर्भकम्—नाभि के नीचे चतुरङ्गुल का आकलन शरीर में और विश्व नाभि के बुद्धिवागिन्द्रियातीत निर्मिति में (विश्व शरीर में) वर्त्तमान धरा, सुरोद, पोत और कन्द के आन्तर अवस्थान और अपने शरीर की आङ्गिक प्रक्रिया में इनके न्यास करने से साधक के वैश्वात्म्य रूप में एक प्रकार का प्रकर्ष होता है। यह सारी बातें अनन्त आकाश में घटित होती हैं। इसी लिये उस आन्तर अन्तरिक्ष उत्सव को व्योम-गर्भ में पलता हुआ परमार्थ मानना चाहिये।

५. आमलसारकम्—यह शब्द मालिनी विजयोत्तर तन्त्र ८।५५ में प्रयुक्त रहस्य गर्भ पारिभाषिक शब्द है। इसे ज्यों का त्यों शास्त्रकार ने अपनी कारिका में प्रयुक्त किया है। इस शब्द की निष्पत्ति पर विचार करें, तो यह स्पष्ट होता है कि, इसमें तीन अंश हैं। १. आ, २. अमल और ३. सारकम्। यहाँ 'आ' ईषत् अर्थ में प्रयुक्त है। ईषत् अर्थात् अल्प। पूर्ण का बहुलांश अलग हो जाये और अल्पांश अलग थलग पड़ जाये, तो वह अंश ईषत् माना जायेगा। जैसे

ततो दण्डमनन्ताख्यं कल्पेयल्लम्बिकावधि ।
तन्मात्रादिकलान्तं तदूर्ध्वे ग्रन्थिर्निशात्मकः ।।३००।।

धरा आदि तत्त्व। पंच महाभूत आदि ईषदंश के ही प्रतीक हैं। ये सभी आधार शक्ति की भित्ति रूप से अनुस्यूत हैं। ये सभी पर-प्रकाश्य हो चुके हैं। अखण्ड रूप में सभी शिव हैं। खण्डित रूप में ईषदंश हैं। यह सारा अर्थ 'आ' इस उपसर्ग में समाहित है। एक दूसरा अर्थ है, जिसे आप ध्यान में ला सकते हैं। यह व्याकरण पर निर्भर नहीं। अपितु आगम समर्थित अर्थ है। 'आ' का प्रयोग जहाँ कहीं होता है, आनन्द शक्ति की चिद्रश्मियाँ उसे आत्मसात् कर लेती हैं। यही कारण है कि, इस खण्डित आनन्द में सारा विश्व आकृष्ट हो उठता है। जहाँ ये चिन्मरीचियाँ अपनी रोचिष्णुता का संचार करती हैं, वे चीजें अमल हो जाती हैं।

इस नैर्मल्य का दूसरा कारण यह भी है कि, पूर्णता जब खण्डित होती है, तो उसका स्वभाव खण्ड-द्रव्य में वही रहता है। पूर्णता परमेश्वर का ही स्वभाव है और परमेश्वर के स्वातन्त्र्य वश जब अनन्त अनन्त मेय राशि का प्रस्फुटन-पूर्ण उल्लास हो जाता है, तो चिन्मय का चिदंश इन पर-प्रकाश्य पदार्थों पर भी ज्यों का त्यों रहता है। इसी चिदंश की अमलता वहाँ बनी रहती है।

'आ' और 'अमल' के बाद 'सारक' की ओर दृष्टिक्षेप करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि, यह पूरा का पूरा चतुष्क समग्र विश्व के धारण करने के सामर्थ्य से ओत प्रोत है। अतएव यह सृष्टि का सारतत्त्व है। सार ही सारक होता है। इसी लिये इतने सन्दर्भों को धारण करने वाला यह विश्व गर्भ चतुष्क आमलसारक है, यह सिद्ध हो जाता है। मा.वि. ८/५५ में कहा भी गया है कि

"आदि में आधार-शक्ति-न्यास उचित है। नाभि के अधोभाग में धरा, सुरोद, पोत और कन्द का परिवेश चार चार अंगुल का होता है। एकैकाङ्गुल में भी चतुष्टय का अन्वय होता है। यह सब शूल में आमलसारकता का स्वरूप है।"

६. दण्डम्—नाभि से लम्बिका पर्यन्त मेरुदण्ड के समान एक तात्त्विक दण्ड का प्रकल्पन करना चाहिये। साधना में इसका नियमित आकलन आवश्यक होता है। इस दण्ड में अनन्त नामक रुद्र अधिष्ठित रहते हैं। इस लिये इसका नाम भी अनन्त ही रखा गया है।

तत्र मायामये ग्रन्थौ धर्माधर्माद्यमष्टकम् ।
वह्निप्रागादि, माया हि तत्सूतिर्विभवस्तु धीः ।।३०१।।

मायाग्रन्थेरूर्ध्वभूमौ त्रिशूलाधश्चतुष्किकाम् ।
शुद्धविद्यात्मिकां ध्यायेच्छदनद्वयसंयुताम् ।।३०२।।

तच्च तत्त्वं स्थितं भाव्यं लम्बिकाब्रह्मरन्ध्रयोः।

आधारशक्तिरिच्छात्मा पर्यन्तवर्तिनी पारमेश्वरी धारिका शक्तिर्यस्यां धरादि विश्वमाध्रियते। यदुक्तं

---

७. **लम्बिका**— तालु रन्ध्र के ऊपर यह लटकने वाली लली लम्बिका कहलाती है।

८. **वह्निप्राक्**—दिशायें आठ होती है। इनकी गणना कहाँ से शुरू की जाय, यह प्रश्न सामने आया है। उसी का उत्तर यह शब्द है। अर्थात् गणना अग्निकोण से ही शुरू कर ईशान तक और आठवें रूप में पूरब पर्यन्त मानना ही शास्त्र सम्मत है। स्व.त.२/६१-६२ में कहा गया है कि,

"धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य की दिशाओं में प्रतिष्ठा कर इन्हीं का न्यास भी वहीं करना उचित है। कोणों में अग्नि में सित, नैर्ऋत्य में रक्त, वायव्य में पीत और ईशान में कृष्ण वर्ण के 'पादक' माने जाते हैं। पादक पद क्षेप करने वाले या नूपुर आदि माने जाते हैं। इन दिग्-विभागों में विहरण करने वाले और दिशाओं की वासना से वासित अशेष संसरण-शील संसारी भी पादक होते हैं। ये इनमें ही गतिशील होते हैं। इसलिये वासना वासित अज्ञात-पद पादक समूह आत्मा की हिंसा करने के कारण अथवा सारे विश्व मे क्रमण करने के कारण, सभी सिंह रूप माने जाते हैं।

यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि, सिंह की हिंसामयी जड़ता लक्षण है। सांख्य शासन के अनुसार जड़बुद्धि धर्मवाले ये भी वैसे ही संसारी हो सकते हैं। पर ईश्वर दर्शन के अनुसार शक्ति के ये अधिष्ठान भी होते हैं। परिणामतः

'यदिदं हि पृथिव्यादि क्रमेणाधारयोगि तत् ।
पर्यन्ते धृतिरूपायां शिवशक्तौ व्यवस्थितम् ।।

सा सर्वतत्त्वसविधे प्रथमांशे व्यवस्थिता ।
पर्यन्तभागिन्याधारशक्तिः शास्त्रेषु कथ्यते ।। इति।

पोतस्य समुत्तरणरूपत्वात् पारप्रतिष्ठानमुचितं, तेजसश्च निखिलमेयपरिच्छितौ सहकारित्वमिति उक्तं मेयपारप्रतिष्ठितेरिति। विश्वसूत्रणादिति मरुदेव हि'प्राक् संवित्प्राणे परिणता।'

इतिरीत्या प्रथमं विश्वमासूत्रयेदित्याशयः। व्योमगर्भकमिति व्यापकतया व्योम्नः सर्वान्तरालवर्तित्वात्। इदमाधारशक्तिभित्त्यनुस्यूतं धरादिकमा प्रकाश्यरूपत्वादीषत् तत्त्वेऽपि परमेश्वरशक्तिस्वभावतया च समन्तादमलं सकलधारणसामर्थ्ययोगि सारभूततया च सारकमिति उक्तमामलसारकमिति।

इनमें चेतना की दृष्टि भी होती है। इसीलिये इन्हें त्रिनेत्र भी कहते हैं। घोर संसार पर घात करते भी हैं, उन्हें सहते भी हैं। अतः इन्हें भीम-विक्रम भी कहते हैं। घात करना ही इनका पराक्रम माना जाना चाहिये।''

इस प्रकार सिंह रूप ये जहाँ रहेंगे, उसे सिंहासन ही कहा जा सकता है। इस सिंहासन पर अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य और अनैश्वर्य नामक दुर्गुणों के प्रतीक तत्त्व भी उसके अवयव के रूप में न्यस्त करना चाहिये। ये अवयव तत्त्व अख्याति रूप और माया से आवृत होने के कारण धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य से हीन रहते हैं पर आजीवन इनकी स्पृहा में तरसते रह जाते हैं। इनका न्यास क्रमशः पूरब, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिग्विभाग में होता है। मायावरण में इनके अवस्थान के कारण इनके गात्रों की प्रकल्पना भी होती है। अतः ये गात्रक अर्थात् शरीरमय होते हैं। इनके वर्ण श्वेत हैं।''

९. माया सूति और विभवधी—यद्यपि धमाधर्मरूप बुद्धि के गुण-धर्म माने जाते हैं किन्तु यहाँ माया में दिखलाये गये हैं। मायावरण में अवस्थान का अर्थ माया से इनकी उत्पत्ति के कारण ही होता है। बुद्धि तो माया का ही विभव है। इसी लिये ये सभी बुद्धि के धर्म रूप अनुभूत होते हैं।

तदुक्तम्

'आदावाधारशक्तिं तु नाभ्यधश्चतुरङ्गुलम्।
धरां सुरोदं पोतं च कन्दश्चेति चतुष्टयम्।।

एकैकाङ्गुलमेतत् स्याच्छूलस्यामलसारकम्।' मा. वि. ८।५५ इति।

अनन्ताख्यमिति तद्रुद्राधिष्ठितत्वात्। लम्बिकावधीति तालुरन्ध्रान्तम्। वह्निप्रागादीति। यदुक्तं

'धर्मं ज्ञानं च वैराग्यमैश्वर्यं च क्रमान्न्यसेत् ।
सितरक्तपीतकृष्णा आग्नेयादीशदिग्गताः ।।
पादकाः सिंहरूपास्ते त्रिनेत्रा भीमविक्रमाः ।
(स्व. २।६२) इति।

'अधर्माज्ञानावैराग्यमनैश्वर्यं तु प्राग्दिशः ।
उत्तरान्तं निवेश्यं तु गात्रकाः सितवर्णकाः ।।
(स्व. २।६४) इति च।

---

१०. चतुष्किका—माया की गाँठ के (स्व. २/५७) के नीचे ही अशुद्ध अध्वा की स्थिति मानी जाती है। इसके ऊपर त्रिशूल और बीच में चतुष्किका न्यास अपेक्षित होता है। त्रिशूल यहाँ सत्त्व, रजस् और तमस् को मानते हैं। यों त्रिशूल 'एकार' को कहते हैं। वहाँ इच्छा, ज्ञान और क्रिया तीनों एक ही आधार में उल्लसित रहते हैं। पर यहाँ १. शुद्धविद्या के निकट रहने से शुद्धता के आधार पर श्वेत सत्त्व, संसरण की गुणवत्ता के प्रति राग के कारण अधोभाग में रज और मध्य में अख्याति मयता के कारण आवरण के आनुगुण्य से कृष्णवर्णी तम का अवस्थान रहता है। सिंहासन पर यह 'माया-मसूरिक' न्यास कहलाता है। मसूर की बनावट मायामयी और गोलाई में चारों कोणों के ईषत् भान से भरी होती है।

११. छदनद्वय संयुता—ढक्कन ऊपर वाले पात्र को कहते हैं क्योंकि वह पदार्थ को ढकता है। पर यदि आप विचार करें, तो नीचे का वह भाग जिसमें पदार्थ रहता है, वह भी ढकने का ही काम करता है। वह नीचे का ढक्कन माना

ननु धर्मादयोऽष्टौ बुद्धिधर्माः, तत् कथमिह मायायामुच्यन्ते इत्याशङ्क्य उक्तं माया हि तत्सूतिर्विभवस्तु धीरिति। चतुष्किकामिति चतुरश्रपीठिकाप्रायमसूरकरूपाम्। छदनद्वयेति अधः स्वरूपाच्छादकं मायारूपं छदनम्, ऊर्ध्वे तु मायाच्छादकं विद्यारूपम्। तदुक्तं

'स्मृताधश्छदनं माया विद्या तूत्तरमेव हि।'इति।

लम्बिकाब्रह्मरन्ध्रयोरिति अर्थात् मध्ये। यदुक्तं

'कखलम्बिकयोर्मध्ये तत्तत्त्वमनुचिन्तयेत्।'

(मा. वि. ८।६१) इति।२९७-३०२।।

ननु किमेतदागमत एव सिद्धमुत अन्यत्रापि तल्लिङ्गमस्तीत्याशङ्क्य आह

प्रकाशयोगो ह्यत्रैवं दृक्श्रोत्ररसनादिकः ।।३०३।।

जाना चाहिये। नीचे ऊपर आच्छादन करने वाले दोनों को छदनद्वय शब्द से कहा गया है। नीचे का ढक्कन स्वरूप का ही आच्छादन करता है। इसे माया कहते हैं। ऊपर माया को भी ढक लेने में समर्थ बड़ा ढक्कन है। यह विद्या रूप आच्छादन है। अर्थात् विद्या और माया ये दोनों छदन कहलाते हैं।

इन दोनों को आगम इसी रूप में स्वीकार करता है। कहा भी गया है कि,

"अधः छदन माया कही गयी है और उत्तर (ऊपर का) छदन विद्या मानी जाती है।"

१२. लम्बिका और ब्रह्मरन्ध्र—ये दोनों स्थान बड़े ही महत्त्वपूर्ण हैं! मालिनी विजयोत्तर तन्त्र में ८/६२ अनुसार 'क' 'ख' दो लम्बिकाओं के बीच में परम तत्त्व के अनुचिन्तन की देशना की गयी है। क क्रिया शक्ति और ख को अमृत शक्ति माना जाता है। शरीर में और विश्व शरीर में दोनों का अवस्थान है। श्रीत. आ. ५/५४-५५ भाग दो में भी इसकी चर्चा की गयी है। योग्य गुरु द्वारा इनकी स्थिति, उसमें अवस्थित विद्या कमल और विद्याकमल कर्णिका में स्थित उस तत्त्व को चावपूर्वक जानने का प्रयत्न करना चाहिये।।२९७-३०२।।

प्रश्न उपस्थित होता है कि, उक्त बातें क्या आगम से ही सिद्ध हैं या अन्यत्र भी इसके लक्षण परिलक्षित होते हैं? इसी प्रश्न का उत्तर दें रहे हैं—

दक्षान्यावर्ततो न्यस्येच्छक्तीनां नवकद्वयम् ।
विद्यापद्मेऽत्र तच्चोक्तमपि प्राग्दर्श्यते पुनः ।।३०४।।

वामा ज्येष्ठा रौद्री
काली कलबलविकरिके बलमथनी ।
भूतदमनी च मनोन्मनिका
शान्ता शक्रचापरुचिरत्र स्यात् ।।३०५।।

धरा आदि तत्त्वों से विनिर्मित विश्व के समान ही यहाँ प्रकाश का योग स्वतः सिद्ध है। दृक् क्या है? नेत्र करणेश्वरी देवी है। भौतिक प्रकाश का यह माध्यम है। श्रोत्र से शब्द व्यक्त होता है। रसना से रसास्वाद का आनन्द भी प्रकाश के योग का एक परिलक्षण है। जहाँ तक न्यास का प्रश्न है— दक्ष और वाम दो क्रमों में किया जाता है। दक्षावर्त्त से अन्य अर्थात् वामादिनव शक्तियों का न्यास और इसी तरह वामावर्त्त से विभ्वी आदि नौ शक्तियों का न्यास शास्त्र सम्मत है।

सिंहासन मसूरक (चतुष्किका) के ऊपर विद्या पद्म के न्यास करने का विधान है। यद्यपि भुवनाध्वाप्रकरण में यह पहले ही कहा गया है फिर भी यहाँ प्रसङ्गवश उसकी चर्चा आवश्यक होने के कारण पुनः उल्लेख करना प्रासङ्गिक है।

वामा आदि शक्तियाँ निम्नलिखित हैं—

१. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री, ४. काली, ५. कलविकरणी, ६. बलविकरणी, ७. बलप्रमथनी, ८. सर्वभूतदमनी और ९. मनोन्मनी। यह शक्ति मण्डल इन्द्र धनुष के समान बड़ा ही आकर्षक है। इसी तरह विभ्वी आदि शक्तियों के नाम अलग अलग हैं। ये सभी काल-दहन के समान ही उग्र देवियाँ हैं। ये हैं— १. विभ्वी, २. ज्ञप्ति, ३. कृति, ४. इच्छा, ५. वागीशी, ६. ज्वालिनी, ७. वामा, ८. ज्येष्ठा, ९. रौद्री।

इनके न्यास का क्रम वामावर्त्त है। दक्षावर्त्त में वामा को पूर्वदल में, ज्येष्ठा अग्निकोण, रौद्री दक्षिण पत्र पर, काली शक्ति नैऋत्यकोण में, कल विकरणी पश्चिम दल में, बल विकरणी वायव्य दल में, बल प्रथमनी उत्तर में, सर्वभूत

विभ्वी ज्ञप्तिकृतीच्छा
वागीशी ज्वालिनी तथा वामा।
ज्येष्ठा रौद्रीत्येताः
प्राग्दलतः कालदहनवत्सर्वाः ।।३०६।।

दलकेसरमध्येषु सूर्येन्दुदहनत्रयम् ।
निजाधिपैर्ब्रह्मविष्णुहरैश्चाधिष्ठितं स्मरेत् ।।३०७।।

शुद्धविद्याविजृम्भितमेव हि आलोचनात्मकं निर्विकल्पकं ज्ञानमिति उक्तमसकृत्। अत एव लोकस्य अत्र अभिघातवैचित्र्यादिन्द्रियवधवैचित्र्यमिति सौश्रुताः। दक्षान्यावर्तत इति दक्षिणावर्तेन वामादिनवकम्, वामावर्तेन विभ्व्यादिनवकं न्यस्येदित्यर्थः। विद्याशब्देन अत्र तद्दशाधिशायी ईश्वर उच्यते। अत्रेति ब्रह्मरन्ध्राधः। यदुक्तं

दमनी ईशान कोण और मध्य में मनोन्मनी देवी को अधिष्ठित किया जाने का विधान है।[१]

पद्म के दल, केसर और मध्य में सूर्य, सोम और अग्नि इन तीनों की प्रतिष्ठा, इनके स्वामियों ब्रह्मा, विष्णु और हर से समन्वित रूप में करनी उचित है।

प्रकाश योग की चर्चा में प्रकाश शब्द का प्रयोग ज्ञान अर्थ में ही किया गया है। ज्ञान का स्वरूप निर्विकल्पक ही माना जाता है। यह शुद्ध विद्या का ही उल्लास है, जो इन्द्रियों के माध्यम से पदार्थ की और तन्मात्राओं की जानकारी देता है।

लोक व्यवहार की साधिकायें ही ये करणेश्वरी देवियाँ (इन्द्रियाँ) हैं। इन्द्रियों का और पदार्थ का योग क्या है? यहाँ विविध संघट्ट और अभिघात होते ही रहते हैं, जिनकी सूचना इन्द्रियाँ देती हैं। इसको अभिघात-वैचित्र्य कहते हैं।

---

१. स्व. तन्त्र २/६६-७१

'पद्माकृति कखतत्त्वमैश्वरं चिन्तयेत्ततः ।
कर्णिकाकेसरोपेतं सबीजं विकसत्सितम् ।।

पूर्वपत्रादितः पश्चाद्वामादिनवकं न्यसेत् ।
वामा ज्येष्ठा च रौद्री च काली चेति तथापरा ।।

कलविकरणी चैव बलविकरणी तथा ।
बलप्रमथनी चान्या सर्वभूतदमन्यपि ।।

मनोन्मनी च मध्ये तु भानुमार्गेण विन्यसेत् ।
विभ्वादिनवकं चान्यद्विलोमात्परिकल्पयेत् ।।

विभुर्ज्ञानी क्रियाचेच्छा वागीशी ज्वालिनी तथा ।
वामा ज्येष्ठा च रौद्री च सर्वाः कालानलप्रभाः ।।

(मा. वि. ८।६६) इति।

अभिघात का अर्थ ही ध्वंस होता है। अभिघात वैचित्र्य से इन्द्रिय-वध-वैचित्र्य उत्पन्न होता है। सांख्य में दु;खत्रयाभिघात का सिद्धान्त ही मुख्य है।

जहाँ तक विद्या पद्म का प्रशन है, उसे लम्बिका और ब्रह्म रन्ध्र के मध्य में उल्लसित करना होता है। विद्या पद्म पर अधिष्ठित ईश्वर वहाँ अवियुक्त भाव से विद्यमान रहता है। ब्रह्मरन्ध्र में ईश्वराधिष्ठित विद्या पद्म के ही दक्षावर्त्त और वामावर्त्त न्यासों का ऊपर वर्णन किया गया है। मालिनी विजयोत्तर तन्त्र अधिकार ८/६१-६६ में इसका इस प्रकार वर्णन किया गया है—

"विज्ञ पुरुष चिन्तन की भूमि पर अवस्थित होकर 'क' और 'ख' रूप ऐश्वर तत्त्व पर विचार करे। इसकी आकृति पद्म के समान है। इस पद्म में सामान्य कमल के समान ही कर्णिका है। केसर है। इसके कोश में बीज भी विद्यमान हैं। यह श्वेत और विकसित होता है। पूर्वपत्र से लेकर दक्षावर्त्त और पश्चात् वामावर्त्त न्यास करना चाहिये। वामा, ज्यैष्ठा, रौद्री, काली, कलविकरणी, बल विकरिणी बलप्रमथनी, सर्वभूतदमनी और मनोन्मनी न्यास के बाद मध्य का न्यास भानुमार्ग अर्थात् दक्षिणावर्त्त होना उचित है।

प्रागिति भुवनाध्वनि। पुनर्दर्श्यते इति प्रतीतिदार्ढ्याय। शक्रचापेति यदुक्तं

'वामां पूर्वदले न्यस्येत्.....................।' (स्व. २।६८)

इति उपक्रम्य

'शक्रचापनिभं देवि ध्यातव्यं शक्तिमण्डलम्।'

(स्व. २।७१) इति।

प्राग्दलत इति उपरीति शेषः।।३०७।।

ननु मायान्तर्वर्तिनो ब्रह्मादय इति कथमेषां तद्दशाधिशायित्वं स्यादित्याशङ्क्य आह

मायोत्तीर्णं हि यद्रूपं ब्रह्मादीनां पुरोदितम् ।
आसनं त्वेतदेव स्यान्नतु मायाञ्जनाञ्जितम् ।।३०८।।

पुरेति भुवनाध्वनि।।३०८।।

ईश्वरसदाशिवयोः पुनर्मायोत्तीर्णमेव सदातनं रूपमस्तीति अनयोरिह अविशेषेणैव न्यास इत्याह

विभु आदि शक्ति नवक न्यास वामावर्त्त न्यास है। विभु, ज्ञानी, क्रिया, इच्छा, वागीशी, ज्वालिनी, वामा, ज्येष्ठा और रौद्री ये कालानल के समान तेजोमयी प्रभा-भास्वर ज्वालाओं के समान प्रभान्वित शक्तियाँ हैं। इनके न्यास से संसाधक में ऐसी ही शक्तिमत्ता प्रोल्लसित हो जाती है।।३०३-३०७।।

जिज्ञासु की जिज्ञासा तथ्य पर आधारित है। श्लोक ३०७ में ब्रह्मा, विष्णु और हर शक्तिमन्तों की चर्चा है। ये माया के अन्तराल वार्त्ती शक्तिमन्त हैं? इनके ब्रह्मरन्ध्र विद्यापद्म में अधिष्ठान की वास्तविकता क्या हो सकती है? इसका समाधान कर रहे हैं—

ब्रह्मा इत्यादि के मायोत्तीर्ण रूप की चर्चा पहले भुवनाध्वा प्रकरण में की जा चुकी है। यह पद्म उनका आसन हो सकता है। ये माया शक्ति की मायिता के अञ्जन से अञ्जित नहीं हैं।।३०८।।

रुद्रोर्ध्वे चेश्वरं देवं तदूर्ध्वे च सदाशिवम् ।
न्यस्येत्स च महाप्रेत इति शास्त्रेषु भण्यते ।।३०९।।

अधिष्ठात्रधिष्ठेययोरभेदोपचारादत्र रुद्रशब्देन माया उच्यते। स इति सदाशिवः।।३०९।।

तस्य च महत्त्वे प्रेतत्वे च किं निमित्तमित्याशङ्क्य आह

समस्ततत्त्वव्याप्तृत्वान्महाप्रेतः प्रबोधतः ।
प्रकर्षगमनाच्चैष लीनो यन्नाधरं व्रजेत् ।।३१०।।

ईश्वर और सदाशिव इन दोनों का मायोत्तीर्ण सनातन रूप है। इनका यहाँ सामान्यतया इसी रूप में न्यास होता है। रुद्र के ऊपर ईश्वर का और ईश्वर के ऊपर सदाशिव देव का न्यास करना चाहिये। सदाशिव को शास्त्रों में महाप्रेत कहा गया है। यहाँ यह विशेष तथ्य ध्यातव्य है कि, श्लोक में रुद्र शब्द का प्रयोग माया के अर्थ में किया गया है। शास्त्र का नियम है कि, अधिष्ठान और अधिष्ठेय में भेद नहीं होता। रुद्र अधिष्ठाता हैं। माया अधिष्ठेय है। अतः माया से अभेदसम्बन्ध होने के कारण माया के स्थान पर रुद्र शब्द प्रयुक्त है।।३०९।।

इस सदाशिव देव को महाप्रेत कहा गया है। इस प्रयोग से उसके महत्त्व और प्रेतत्त्व दोनों का द्योतन हो रहा है। प्रश्नकर्त्ता पूछता है कि, इसका कारण क्या है? इसका उत्तर दे रहे हैं—

महाप्रेत शब्द में तीन खण्ड हैं। महा+ प्र+ इत। महत् सर्वोच्च पद को कहते हैं। त्रिक दर्शन में ३६ तत्त्व माने जाते हैं। इनमें से दो शिव और शक्ति शाश्वत अवियुक्त हैं। इन दोनों का परिवेश सदाशिव से ऊर्ध्व माना जाता है। उक्त मूल तत्त्वों को यदि छोड़ कर शेष ३४ को देखें, तो सर्वोच्च पद पर (महत्त्वपूर्ण पद पर) ही सदाशिव देव बैठे हुए हैं।

इसका दूसरा शब्द 'प्र' उपसर्ग है। 'प्र' का अर्थ प्रकर्षयुक्त होता है। अपनी समस्त प्रकर्षसत्ता में यह अनाश्रित भट्टारक महत्तत्त्व है। इसके साथ ही 'इत' में इण् धातु का प्रयोग हैं। इण् धातु गति और बोध दोनों अर्थों में प्रयुक्त होता

समस्तानि तत्त्वानि शक्त्यन्तानि पञ्चत्रिंशत्' अतश्च सदाशिवोऽत्र अनाश्रितभट्टारक उच्यते। अयं हि तस्यैव परं रूपमिति सर्वत्र उद्धोष्यते। प्रबोधत इति प्रकर्षेणैति गच्छति बुध्यत इति। प्रकर्षगमनादिति प्रकृष्टमूर्ध्वं स्थानं गच्छतीति यतोऽयं प्राप्तो न अधरं गच्छेत् परमेव शिवमुपाश्रयतीत्यर्थः।।३१०।।

ननु सर्व एव शुद्धविद्यादशामधिशायानो न अधरं पदमासादयतीति सर्वत्र उक्तं, तत् कथमसावेव प्रेत इत्याशङ्क्य आह

विद्याविद्येशिनः सर्वे ह्युत्तरोत्तरतां गताः।
सदाशिवीभूय ततः परं शिवमुपाश्रिताः ।।३११।।

सर्व एव हि मन्त्रमन्त्रेश्वरादयो

'निर्वात्यनन्तनाथस्तद्धामाविशति सूक्ष्मरुद्रस्तु।'

है। प्रकर्ष पूर्वक सर्वोच्च स्थान पर गमन और प्रकर्षपूर्वक बोध दोनों सदाशिव तत्त्व के वैशिष्ट्य हैं। वहाँ जाकर जो कभी अधर गतिशीलता नहीं अपना सकता, सदा सर्वोच्च स्थान पर बोध का विषय बनता है, वही महाप्रेत सदाशिव तत्त्व है। यह सदा परम शिव का ही उपाश्रयण करने वाला है। अतः महाप्रेत है।।३१०।।

शुद्ध विद्या का स्तर शुद्ध अध्वा का अधरस्थ स्तर है। फिर भी इस स्तर का यह महत्त्व है कि, इस दशा में भी अधिशयान कोई तत्त्व इससे नीचे नहीं आ सकता। ऐसी दशा में केवल इसी को प्रेत कहने का क्या तात्पर्य है? इस आशङ्का का उत्तर दे रहे हैं—

शुद्ध विद्या हो या अन्य ऊर्ध्वस्तरीय विद्येश्वर और मन्त्र मन्त्रेश्वर आदि, ये सभी अपने उत्तर उत्तर (उर्ध्वोर्ध्व) पद पर क्रमशः अधिष्ठित होकर सदाशिव भाव ही सर्वप्रथम प्राप्त करते हैं। इस पद पर प्रतिष्ठित होना ही महत्त्वपूर्ण है। यहाँ तक गमन कर लेना ही महाप्रेतत्व है। इससे आगे बढ़ कर शैवतादात्म्य-समापत्ति सरल हो जाती है। शिव का उपाश्रय प्राप्त करने का सर्वोच्च श्रेयःसाधक पद यही है। आगम कहता है कि,

इत्यादिदृशा उत्तरोत्तरतां गताः सन्तः सदाशिवतामासाद्य अनन्तरं परं शिवमुपाश्रिता इति एषामन्तरा अस्ति अधराधरपदस्पर्शः।।३११।।

अयं पुनरेवं नेत्याह

अतः सदाशिवो नित्यमूर्ध्वदृग्भास्वरात्मकः ।
कृशो मेयत्वदौर्बल्यात्प्रेतोऽट्टहसनादितः ।।३१२।।

अतोऽधरपदागमनात् हेतोरयं सदाशिवः परप्रकाशोन्मुखतया नित्यमूर्ध्वदृक्, अत एव प्रकाशैकरूपतया भास्वरात्मकः, अत एव मेयसंस्कारस्यापि अपचयात् कृशः, अत एव नादामर्शतया प्रहसद्रूपत्वेन प्रेतस्तत्सदृश इत्यर्थः। स हि अट्टहासवशेन संजातनाद इव लोके सदा भवेदिति भावः। यदुक्तं

'ईश्वरं च महाप्रेतं प्रहसन्तं सचेतनम् ।
कालाग्निकोटिवपुषं................।।'

(मा. वि. ८।६८) इति।।३१२।।

"अनन्तेश्वर माया के सहयोग से अशुद्ध अध्वाकी सृष्टि करते हैं। यही अनन्तनाथ ऊर्ध्ववाह की निर्वात स्थिति में भी समाहित होते हैं। अधिष्ठात्रधिष्ठेय भावैक्य दशा में माया को भी रुद्र कहते हैं किन्तु माया के स्तर से ऊपर उठ जाने पर अधिष्ठाता भाव सूक्ष्म रुद्र हो जाता है। सूक्ष्म रुद्र उस परम में निश्चित ही अधिष्ठित हो जाता है।"

इस उक्ति के अनुसार उत्तरोत्तर उन्नति की ओर अग्रसर रहते हुए सर्वोत्कृष्ट सदाशिव पद को प्राप्त कर इसके बाद ही परम शिव भाव को प्राप्त करते हैं। सूक्ष्म रुद्र से नीचे के तत्त्वों में अधराधर पद स्पर्श स्वाभाविक है। ऊर्ध्व स्तर पर उत्तरोत्तर क्रम ही अनुभूत सत्य है। इसमें सन्देह नहीं।।३११।।

निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि सदाशिव देव ही नित्य ऊर्ध्व द्रष्टा प्रकाशमान भास्कर के समान देदीप्यमान तत्त्व हैं। ये अत्यन्त सूक्ष्म हैं। इनमें मेयत्व का स्पर्श तक नहीं है। अट्टहास आदि के कारण भी इन्हें प्रेत कहते हैं।

एवमियता वामदक्षिणोभयात्मकतन्त्रान्तरसंसिद्धमासनमुक्तम्, इदानीं तु तदुत्तीर्णव्याप्तिकत्रिकार्थसंसूचकमासनक्रममभिधातुमाह

तस्य नाभ्युत्थितं मूर्धरन्ध्रत्रयविनिर्गतम् ।
नादान्तात्म स्मरेच्छक्तिव्यापिनीसमनोज्जवलम् ।।३१३।।

अरात्रयं द्विषट्कान्तं तत्राप्यौन्मनसं त्रयम् ।
पङ्कजानां सितं सप्तत्रिंशदात्मेदमासनम् ।।३१४।।

शिव के अधरस्थ होने के कारण सदाशिव, पर प्रकाश की ओर उन्मुख होने के कारण ऊर्ध्वदृक् और प्रकाशैकरूप होने के कारण भास्वर अर्थात् परम आभा की भासमानता से भूषित रहते हैं। इस स्तर पर मेय संस्कार के भी क्षीण हो जाने के कारण इसे 'कृश' कहते हैं। नाद के परामर्श को प्रहास (अट्टहास) कहते हैं। जैसे लोक व्यवहार में अट्टहास में नाद का ऊर्ध्वस्वरूप दृष्टिगोचर होता है, उसी तरह अट्टहास के नादोत्कर्ष के कारण इन्हें प्रेत भी कहा जा सकता है। इस तरह महत्ता प्राप्त प्रेत होने के कारण ये महाप्रेत रूप से भी प्रसिद्ध हैं। मा.वि. ८/६८ में कहा भी गया है कि,

"ईश्वर, प्रकृष्ट रूप से हास रत और बोधमय करोड़ों कालानलों के समान देदीप्यमान तत्त्व ही सर्वासन सर्वाधार तत्त्व हैं"।।३१२।।

यहाँ तक न्यास के प्रसङ्ग में वाम क्रम और दक्ष क्रम की क्रमिकता के साथ तन्त्रों में वर्णित आसन के सम्बन्ध में हमने जानकारी ली। इस समय इससे भी ऊर्ध्वस्तरीय और त्रिक मार्ग समर्थित परमासन क्रम की जानकारी प्राप्त करें। शास्त्रकार का कथन है कि,

उस महाप्रेत सदाशिव की नाभि से (केन्द्र से) उन्मेष प्राप्त, मूर्धा के तीन रन्ध्रों से विनिर्गत नादान्तात्मक तत्त्व का नित्य स्मरण करना चाहिये। यह शक्ति व्यापिनी और समना शक्तियों की ऊर्जा से ऊर्जस्वल महाभाव है। यही तीन अरायें हैं। इस पदवी को ऊर्ध्व द्विषट्क (द्वादशान्त) पद कहते हैं। वहाँ के औन्मनस

तस्य सदाशिवात्मनो महाप्रेतस्य नाभेस्तदवस्थाया जन्माधारभूमेरारभ्य उत्थितं शक्तिव्यापिनीसमनालक्षणेन शून्यात्मना मूर्धरन्ध्रत्रयेण विनिर्गतम्, अत एव त्रिवलयात्मकत्वात् नादान्तात्मकमरात्रयं द्विषट्कान्तं स्मरेत् द्वादशान्तपर्यन्तप्राप्तं ध्यायेदित्यर्थः। नाभ्युत्थितमित्यनेन च स्वरसत एव इदं सर्वेषां नित्योदितमिति प्रकाशितम्। औन्मनसमिति अत्र हि गलितत्वेऽपि भेदस्य कथंचित्संस्कारमात्रेण अस्ति अवस्थानम्। सितमिति एषणीयाद्युपरागशून्यत्वात्। अत एव उक्तम्

'उन्मनातः परं तत्त्वमनाख्यं यत्प्रकाशते।'इति।

तीन श्वेत कमलों का दर्शन परम अखण्ड योग साधकों को हो जाता है। वहाँ अवस्थान ही परम आसनात्मक अवस्थान है। यहाँ स्पष्टीकरण के लिये पारिभाषिक शब्दों का सन्दर्भ इस प्रकार देखा जा सकता है—

१. नाभि—उस स्तर पर शरीर की नाभि की तरह कोई नाभि नहीं होती। सदाशिव महाप्रेत के ऊर्ध्व स्तर पर उस विन्दु की कल्पना साधक करता है, जहाँ इस महत्त्वपूर्ण तत्त्व के केन्द्र स्तर पर जन्माधार भूमि स्वयम् उल्लसित हो। पुराणों में विष्णु की नाभि से ब्रह्मा के उत्पन्न होने की अकथ कथा का सुन्दर प्रतीकोपाख्यान प्राप्त ही है। वही नाभि है। इसे मूलभूत उर्ध्वबिन्दु कह सकते हैं।

२. मूर्धरन्ध्रत्रय—साधना के पथ पर आरूढ साधक नाद से नादान्त परिवेश में प्रविष्ट हो चुका होता है। अब वह क्रमशः शक्ति, व्यापिनी और समना पदों का परामर्श करता है। ये तीनों शून्यात्मक रन्ध्र स्तर हैं। वहाँ मात्र महाप्रकाश ही प्रकाशमान है।

३. अरात्रय—अरा वे विद्युत्रश्मियाँ हैं, जो शक्ति, व्यापिनी और समना के प्रकाश से ही विनिःसृत होती हैं। आगे बढ़ती हुई ये गोल हो जाती हैं। इसी लिये इन्हें त्रिवलयात्मिका भी कहते हैं।

४. नादान्तात्मा—चक्र साधना के क्रम में नाद के स्तर के तुरन्त बाद नादान्त का परिवेश आता है। यहाँ मतान्तर की अभिव्यक्ति प्रतीत हो रही है। यहाँ यह शब्द मूर्धरन्ध्रत्रय विनिर्गत के बाद दिया गया है। इससे इन तीनों के परिवेश नादान्त के अन्तराल में ही उल्लसित हैं।

सप्तत्रिंशदात्मेति सप्तत्रिंशत् तत्त्वानि सप्तत्रिंशत्तत्त्वात्मकं सप्तत्रिंशं तत्त्वं वा आत्मा प्रमातृरूपतया भित्तिभूत: पारमार्थिक: स्वभावो यस्य, तत् तथोक्तम्। इयत्पर्यन्तं हि सर्वतत्त्वानां भेदप्राणतया प्रमेयरूपत्वेन परस्मिन्प्रमातरि विश्रान्तिर्भवेदिति भाव:। तदुक्तं

'तस्य नाभ्युत्थितं शक्तिशूलशृङ्गत्रयं स्मरेत् ।
कखत्रयेण निर्यातं द्वादशान्तावसानकम् ।।

वस्तुत: नाद तो परामर्श रूप ही होते हैं। इनका अन्त समना के बाद ही सम्भव है। अत: यह कथन स्वाभाविक लगता है कि, शक्ति. व्यापिनी और समना तत्त्वों के प्रकाशमय परमोज्वल अस्तित्व में ये नादात्मकता के अकिंचित् चिन्तन की परामर्श शून्यता (नादान्तात्मकता) से ओत-प्रोत हों।

५. द्विषट्क—पहला षट्क— मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा, विन्दु और अर्धचन्द्र।

द्वितीय षट्क- १. रोधिनी २. नाद, ३. नादान्त, ४. शक्ति, ५. व्यापिनी और ६. समना ये दोनों छक्के मिलकर १२ होते हैं। इन्हें हृदय से द्वादशान्त पर्यन्त का सन्दर्भ कहते हैं। इनमें ही सोम सूर्यात्मक प्राणापान संचार सम्भव है।

६. औन्मनस त्रय—द्वादशान्त के ऊपर उन्मना का परिवेश है। यह शाम्भव स्तर है। इसमें भी यद्यपि संस्कार मात्र शेष शक्ति, व्यापिनी और समना के कमल परामृष्ट होते हैं, उनका उच्छेद भी आवश्यक माना जाता है। इसको सित कहने का कारण है कि, उस समय एषणा आदि व्यापारों के कालुष्य कलङ्कों का आतङ्क समाप्त हो गया होता है। इसी आधार पर कहा गया है कि,

"उन्मना से भी ऊपर अनाख्य तत्त्व प्रकाशमान है"।

७. सप्तत्रिंशदात्म आसन—मुख्य तत्त्व ३६ होते हैं। परमशिव की आकलना में ३७ तत्त्व शास्त्र स्वीकार करते हैं। ये सभी तत्त्व अथवा ३७वाँ तत्त्व ही आत्मा है, जिसका ऐसा आसन यहाँ आकलित होता है। आत्मा प्रमाता रूप और आश्रय रूप ही होता है। यह कल्पना का पारमार्थिक स्तर होता है।

चिन्तयेत्तस्य शृङ्गेषु शाक्तं पद्मत्रयं ततः ।
सर्वाधिष्ठायकं शुक्लमित्येतत्परमासनम् ।।
(मा.वि. ८।७०) इति।।३१४।।

ननु प्राक् पूजकस्य तावत् षोढान्यासक्रमेण षट्त्रिंशत्तत्त्वमयत्वमेव कार्यमिति उक्तं, पूज्यस्यापि एवं वक्ष्यते इति अधःपदतास्पदस्यापि एतद्रूपत्वमेव उच्यमानं कथङ्कारं संगच्छतां नामेत्याशङ्क्य आह

अत्र सर्वाणि तत्त्वानि भेदप्राणानि यत्ततः ।
आसनत्वेन भिन्नं हि संविदो विषयः स्मृतः ।।३१५।।

इसके नीचे के सारे तत्त्व भेद-परमार्थ होते हैं। अतः प्रमेय रूप माने जा सकते हैं। इन सब की विश्रान्ति पर-प्रमाता में ही सम्भव है। मा.वि. ८/६९-७० में कहा गया है कि

"उसके नाभिकेन्द्र से अभ्युत्थान पूर्वक उल्लसित शक्ति के शूलत्रय का स्मरण करना चाहिये। 'क' 'ख' रूप त्रिक से निर्यात होने और द्वादशान्त में अवसित इस शाक्त-पद्मत्रय का चिन्तन करना चाहिये। यह कमल सर्वाधिष्ठायक माना जाता है। इसका वर्ण शुक्ल है। इसे परम आसन भी कहते हैं।"

इसी अधिकार की ६१वीं कारिका 'क' 'ख' को लम्बिका और ब्रह्मरन्ध्र के मध्य में स्वीकार करती है। श्लोक ३०२ में लम्बिका और ब्रह्मरन्ध्र का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। क माया रूप छदन और 'ख' शुद्धविद्यारूप छदन है जिससे माया का आच्छादन हो जाता है।।३१३-३१४।।

यहाँ पहले पूजक षोढान्यास करे। उसी क्रम में वह अपने को ३६ तत्त्व मय आकलित करे, यह कहा गया है। पूज्य के सम्बन्ध में भी यदि यही कहा जायेगा, तो यह कथन असंगत होगा क्योंकि जो अधरस्थ पद के लिये ही आस्पद है, उसमें उच्चस्तरीय आस्पदता कैसे ठीक मानी जा सकती है? इस पर कह रहे हैं—

शास्त्र वर्णित प्रायः सभी तत्त्व भेद-प्रधान ही हैं। अतः आसन के स्वरूप से संविद् का विषय नितान्त भिन्न माना जाना चाहिये। ये सारे तत्त्व जब परभैरव

एतान्येव तु तत्त्वानि लीनानि परभैरवे ।
तादात्म्येनाथ सृष्टानि भिदेवार्च्यत्वयोजने ।।३१६।।

श्रीमद्भैरवबोधैक्यलाभस्वातन्त्र्यवन्ति तु ।
एतान्येव तु तत्त्वानि पूजकत्वं प्रयान्त्यलम् ।।३१७।।

आसनत्वेनेति अर्थादुक्तानि। संविद इति पूर्वं सप्तत्रिंशदात्मतया उक्तायाः विषय इति आलम्बनमाश्रय आधार इति यावत्। भिदेव सृष्टानीति। यदुक्तं

'स्वातन्त्र्यामुक्तमात्मानं स्वातन्त्र्यादद्वयात्मनः ।
प्रभुरीशादिसंकल्पैर्निर्माय व्यवहारयेत् ।।

(ई. प्र. १।४७) इति।

भाव में लीन हो जाते हैं, तदनन्तर तादात्म्य भाव से पुनः सर्जन में अभिव्यक्त होते हैं। इस दशा में इनके पार्थक्य का प्रथन हो जाता है। यह भेद भिन्नता ही तादात्म्य के उद्देश्य से अर्पित होती है। अर्पक पूजक हो जाता है और तादात्म्य का प्रतीक इष्ट अर्च्य! इसी लिये अर्च्यत्व-योजन से यह भिन्नता मिटती है तथा तादात्म्य उल्लसित होता है। ये सारे तत्त्व मात्र श्री भैरव तादात्म्य बोध में धन्य हो उठते हैं। जीवन के लाभ से ललित स्वात्म-स्वातन्त्र्य से संवलित ये सभी तत्त्व ही पूजकत्व से विभूषित हो जाते हैं।

सैंतीस तत्त्वात्मिका संविद् के विभिन्न तत्त्व आलम्बन बन जाते हैं। सारी सृजन प्रक्रिया में भेद ही भेद दृष्टि गोचर होता है। ई.प्र. १/४७ में कहा गया है कि,

"स्वात्म को स्वातन्त्र्य से संवलित रखते हुए स्वातन्त्र्य शक्ति के कारण अद्वयरूप में उल्लसित प्रभु, ईश आदि संकल्पों से संकल्पित कर इस सृष्टि का सृजन करता है। इससे सारा का सारा व्यवहार निर्वाह प्राप्त करता है।"

श्लोक में भैरवबोधैक्य शब्द का प्रयोग अभिप्राय पूर्वक किया गया है। भेद का प्रतीक ही यह शरीर है। भेदों का पृथक् पृथक् आश्रय ही यह अशुद्ध देह है। इसके जला देने पर शुद्ध शरीरी का अभिनिवेश जब चरितार्थ हो जाता है, स्वतः बौधैक्य घटित हो जाता है।।३१५-३१७।।

अर्च्यत्वयोजने इति पूज्यत्वयोगनिमित्तमित्यर्थः। बोधैक्यलाभेति अत्र हि अशुद्धदेहदाहादिपुरःसरीकारेण शुद्धशरीरोत्पादाभिनिवेशस्यैव तरतमभावो भवेदिति भावः।।

एतदेव अधिकावापेन उपसंहरति

पूजकः परतत्त्वात्मा पूज्यं तत्त्वं परापरम् ।
सृष्टत्वादपरं तत्त्वजालमासनतास्पदम् ।।३१८।।

ननु यदि एवमपरं तत्त्वजालमासनत्वेन उक्तं, तत् कथमिति एतत्परमासनमिति आसनस्य परत्वमिह अभिहितमित्याशङ्कां गर्भीकृत्य अन्यस्मात् शास्त्रगणादस्य उत्कर्षं प्रतिपादयति

विद्याकलान्तं सिद्धान्ते वामदक्षिणशास्त्रयोः ।
सदाशिवान्तं समनापर्यन्तं मतयामले ।।३१९।।

जैसे आम या कोई पौध लगाने पर थाला बनाते हैं और अन्त में थाले को गोल या चौकोर रूप में सँवार देने के बाद काम पूरा कर लेते हैं। या खेत में बीज बोते समय कहीं कुछ कमी रहने पर पुनः कुछ बीज छींट देते हैं, उसी तरह पूजक, पूज्य और आसन सम्बन्धी उक्तियों द्वारा उक्त पूरी बात सँवारते हुए इसका उपसंहार कर रहे हैं—

पूजक पर-तत्त्व भाव का, पूज्य परापर तत्त्व भाव का और अपर-तत्त्व भाव आसनता का आस्पद होता है।।३१८।

अपर तत्त्व जाल की इस उक्ति को लेकर यह शङ्का हो रही है कि, श्री तन्त्रालोक के उपजीव्य ग्रन्थ मालिनी विजयोत्तर तन्त्र के ८/७० में लिखा है कि, 'एतत् परम् आसनम्' और यहाँ अपर तत्त्व जाल को आसन के योग्य कहा गया है। ऐसा क्यों? इसी का समाधान कर रहे हैं और अन्य शास्त्रों से त्रिक-शास्त्रीय मान्यता को सर्वोत्कृष्ट घोषित कर रहे हैं—

सिद्धान्त दर्शन की दृष्टि से विद्या और कलान्त आसन की मान्यता है। वाम और दक्ष तन्त्रों में सदाशिव पर्यन्त और मत दर्शन यामल तन्त्रों में समना पर्यन्त मानते हैं।

उन्मनान्तमिहाख्यातमित्येतत्परमासनम् ।
अर्चयित्वासनं पूज्या गुरुपङ्क्तिस्तु भाविवत्।।३२०।।

भाविवदिति। यद्वक्ष्यति

'गणपतिगुरुपरमाख्याः परमेष्ठी पूर्वसिद्धवाक्क्षत्रपतिः।
इति सप्तकमाख्यातं गुरुपङ्क्तिविधौ प्रपूज्यमस्मद्गुरुभिः।।
श्री.त.१६।१० इति।।३२०।।

आसनार्चने च तन्त्रान्तरीयमवशिष्टं किंचिद्वक्तुमाह

तत्रासने पुरा मूर्तिभूतां सार्धाक्षरां द्वयीम् ।
न्यस्येद्व्याप्तृतयेत्युक्तं सिद्धयोगीश्वरीमते ।।३२१।।

त्रिक दर्शन उन्मनान्त आसनतास्पदता स्वीकार करता है। इसी आधार पर इसको परम आसन कहता है। इस महत्त्वपूर्ण आसन का अर्चन कर पूज्य भाव की प्राप्ति हो जाती है। पूज्य वर्ग गुरुपंक्ति में परिगणित होता है। आगामी सोलहवें आह्निक श्लोक १० में कहा गया है कि,

"गणपति, गुरु, परम गुरु, परमेष्ठी गुरु, पूर्वसिद्ध, वाक् अर्थात् वागीश्वरी और अपने आम्नाय क्षेत्र का अधिपति ये सात गुरु पंक्ति में आते हैं। इन सातों की गुरु-पंक्ति-विधि में पूज्यता हमारे गुरुदेव ने उपदिष्ट किया था"।।३१९-३२०।।

आसन के अर्चन के सम्बन्ध में कुछ दूसरे तन्त्रों जैसे सिद्धयोगीश्वरी मत की बातों का उल्लेख कर रहे हैं—

इस प्रकार व्यक्त किये गये आसन पर सार्द्धाक्षरा वर्ण विग्रहमयी मातृका और मालिनी का न्यास करना चाहिये। भावना यह होनी चाहिये कि, यह समस्त तत्त्वों को व्याप्त कर अवस्थित है।

औन्मनस पद पर संस्कारतः अवशिष्ट कमलों पर वर्णात्मक विग्रहमयी, दो रूपों में अभिव्यक्त, अतएव अपरा भट्टारिका रूपिणी और औन्मनसपद से

तत्र एवमुक्ते आसने पुरा अग्रकोटावौन्मनसे पङ्कजत्रये पूज्यतया मूर्तिभूतामपि सार्धाक्षरां द्वयीमपराभट्टारिकामधस्तनसमस्ताध्वगर्भीकारात्मना व्यापकत्वेन न्यस्येत् तद्वाचकतया योजयेदित्यर्थः।।३२१।।

तत्रत्यमेव ग्रन्थमर्थद्वारेण पठति

सदाशिवं महाप्रेतं मूर्तिं सार्धाक्षरां यजेत् ।
परत्वेन परामूर्ध्वे गन्धपुष्पादिभिस्त्विति ।।३२२।।
विद्यामूर्तिमथात्माख्यां द्वितीयां परिकल्पयेत् ।

यदुक्तं तत्र

'ऊर्ध्वतश्च भवेत्पद्मं विद्येश्वरदलच्छदम् ।
ईश्वरं कर्णिकामूले सादाख्यं प्रेतरूपिणम् ।।

सार्धाक्षरद्वयीं देवीं मूर्तिभूतां प्रदापयेत् ।
स्वमन्त्रोच्चारमार्गेण अङ्गषट्कसमन्विताम् ।।

अधःस्थ समस्त तत्त्वों और अध्वामात्र को आत्मसात् कर उनमें व्याप्त रहने वाली इस शक्ति का न्यास आयोजित करना चाहिये।३२१।।

सिद्ध योगीश्वरी मत की उक्ति को अपने शब्दों में व्यक्त कर रहे हैं—

सदाशिव नामक महाप्रेत को, सार्द्धाक्षरबीज मन्त्र के साथ मातृका और मालिनी रूप दो विग्रहों में अभिव्यक्त देवी को लक्ष्य कर अन्तर्याग करना चाहिये। परतत्त्व रूप पूजक भाव से पराशक्ति को ऊर्ध्व अर्थात् उन्मना के औन्मनस पद पर प्रतिष्ठापित कर गन्ध, फूल आदि उपचारों से पूजित करना चाहिये। वहीं एक दूसरी आत्मा नामिका विद्या मूर्त्ति का प्रकल्पन करने से तथा उसकी आराधना से विशिष्टशक्ति का संचार होता है। सिद्धयोगीश्वरी मत का उद्धरण दे कर शास्त्रकार की उक्तियों का समर्थन कर रहे हैं—

"ऊर्ध्व अर्थात् औन्मनस पद पर भी एक पद्म है। वह विद्येश्वर दलों के लालित्य से उल्लसित रहता है। ईश्वर उस पद्म के कर्णिका मूल में अवस्थित

ऊर्ध्वतस्तु परादेवीं परत्वेन प्रदापयेत्।
ततस्तु गन्धपुष्पैस्तु दीपधूपपवित्रकैः ।।
वस्त्रै रत्नादिभिर्भक्त्या पूजयेत विधानवित्।'इति।

अत्र च सार्धाक्षरामिति पठित्वा द्वयीं मातृकां मालिनीं च न्यस्येदिति न वाच्यम्। एवं हि अत्र औन्मनसस्य पङ्कजत्रयस्यं वाचकमभिहितं स्यात्। 'अथात्माख्यां द्वितीयां परिकल्पयेत्' इत्यत्र च तृतीयां चतुर्थीं वेति पाठो भवेत्, सिद्धातन्त्रे च सैकार्णेत्यादिना वक्ष्यमाणेन ग्रन्थेन च पौनरुक्त्यं प्रसजेदिति अलं गुर्वागमसंप्रदायशून्यैः सह संलापेन।।३२२।।

इदानीं सर्वस्यैव मन्त्रचक्रस्य पूजामभिधातुमाह

रहता है। वहीं प्रेत रूप सदाशिव देव भी न्यस्त हैं। उसी कमलासन पर साद्धाक्षरा वर्णविग्रहा मातृका और मालिनी का न्यास कर उनसे सम्बन्धित अन्तर्यजन करने का विधान है। छः अङ्गों से अलङ्कृत मातृका-द्वयी को अपने मन्त्रों के माध्यम से अभिमन्त्रित कर प्रतिष्ठित और न्यस्त करने की योजना आवश्यक है।

ऊर्ध्व भाग में परादेवी का यजन करना आवश्यक है। इसके बाद अन्य गन्ध-पुष्प आदि १६ उपचारों से पूजन करने का भी विधान है। इसके बाद वित्तशाठ्य का भाव दूर कर सुन्दर वस्त्रों आभूषणों और हीरक आदि मणि-माणिक्यों का अर्पण कर विधि विशेषज्ञ विधिवत् पूजन कर आत्मतुष्टि और देवी तृप्ति का पावन कार्य सम्पन्न करे।"

यहाँ आचार्य जयरथ कुछ उग्र हो रहे प्रतीत हो रहे हैं। सत्पथ का पथिक असत्पथ के आग्रह को देख कर कुछ उत्तेजित हो जाय,. यह स्वाभाविक है। यहाँ २-३ बातें ऐसी हैं, जो उनके मनोनुकूल नहीं पड़ रही हैं।

१. वे साद्धाक्षरा के साथ द्वयी शब्द से मातृका और मालिनी का ग्रहण नहीं करना चाहते हैं।

२. ऐसा करने पर औन्मनस रूप तीन कमलों के अर्थ का अभिधान होने लगेगा एवं 'आत्मा' नामिका द्वितीया शक्ति से द्वयी के अर्थ की परिकल्पना भी होने लगेगी।

मध्ये भैरवसद्भावं दक्षिणे रतिशेखरम् ।।३२३।।

नवात्मानं वामतस्तद्देवीवद्भैरवत्रयम् ।
मध्ये परां पूर्णचन्द्रप्रतिमां दक्षिणे पुनः ।।३२४।।

परापरां रक्तवर्णां किंचिदुग्रां न भीषणाम् ।
अपरां वामशृङ्गे तु भीषणां कृष्णपिङ्गलाम् ।।३२५।।

प्राग्वद्द्विधात्र षोढैव न्यासो देहे यथा कृतः ।
ततः सांकल्पिकं युक्तं वपुरासां विचिन्तयेत् ।।३२६।।

कृत्यभेदानुसारेण द्विचतुःषड्भुजादिकम् ।
कपालशूलखट्वाङ्गवराभयघटादिकम् ।।३२७।।

---

३. 'द्वितीया' शब्द के स्थान पर तृतीया एवं चतुर्थी पाठ की भी चर्चा लोग करते हैं। सिद्धातन्त्र के अनुसार वह सार्द्धाक्षरा नहीं, एकार्णा है आदि शङ्काओं को यहाँ समाप्त कर रहे हैं और व्यर्थ की उलझनों को धता बता रहे हैं। इनकी दृष्टि में ऐसे व्यर्थ की बात करने वाले गुरु परम्परा और आगम सम्प्रदाय के सिद्धान्तों से शून्य हैं। ऐसे लोगों के साथ संलाप भी पशुपागुरी के सिवा कुछ नहीं है।।३२२।।

इस सन्दर्भ में शास्त्रकार सारे मन्त्रचक्र की पूजा का कथन कर रहे हैं—

मध्य में भैरव सद्भाव आवश्यक है। दक्षिण में रतिशेखर शिव मन्त्र का न्यास शास्त्र सम्मत है। नवात्मा देवों का न्यास वाम भाग में उचित है। उन देवियों की तरह भैरव-त्रय-न्यास करने का विधान है।

पुनः मध्य में पूर्णचन्द्र सदृश प्रकाशमान परा देवी का न्यास करे। दक्षिण भाग में रक्त वर्णा परापरा देवी को न्यस्त करना चाहिये। उसी के कुछ आगे शान्ता की प्रतिष्ठा करनी चाहिये। वाम शृङ्ग में अपरा देवी का न्यास विहित है। यह कृष्णपिंगलवर्णी और भीषण देवी है, जबकि परापरा देवी भीषण नहीं, किंचित् उग्र हैं।

पहले देह में दो प्रकार का और छः प्रकार के न्यास की, जैसे कहा गया है, उसी प्रकार की प्रक्रिया अपनानी चाहिये। इसके बाद इनकी सांकल्पिक संरचना

वामदक्षिणसंस्थानचित्रत्वात्परिकल्पयेत् ।

प्राग्वदिति नवात्मपरादिक्रमेण। सांकल्पिकमिति संकल्पः साधकसंबन्ध्याशयविशेषः, अत एव उक्तं कृत्यभेदानुसारेणेति। वामदक्षिणेति तेन वामे कपालं, दक्षिणे शूलमित्यादिसंनिवेशचित्रत्वम्।।

ननु एवमासां कृत्यभेदानुसारेण परिकल्पयेदिति कस्मादुक्तमित्याशङ्क्य आह

वस्तुतो विश्वरूपास्ता देव्यो बोधात्मिका यतः।।३२८।।
अनवच्छिन्नचिन्मात्रसाराः स्युरपवृक्तये ।
सर्वं ततोऽङ्गवक्त्रादि लोकपालास्त्रपश्चिमम्।।३२९।।

के अनुसार इनके शरीर का प्रकल्पन करना चाहिये। जैसा कार्य हो, उसी के अनुसार दो या चार या छः आदि संख्या में भुजाओं की परिकल्पना करनी चाहिये। उनकी आकृति के अनुसार अस्त्र आदि का विचार भी करना चाहिये। कपाल, शूल, चक्र, वरमुद्रा, अभयमुद्रा, घट (कलश आदि) यथाक्रम वाम-दक्षिण क्रम के अनुसार परिकल्पित करने का विधान भी है। यथावसर इसे प्रदर्शित और कल्पित करना चाहिये। यहाँ संकल्प का अर्थ साधक सम्बन्धी विशेष आशय माना जाना चाहिये। वाम में कपाल और दक्षिण में शूल धारण का ही औचित्य है।।३२३-३२७।।

वास्तविकता तो यह है कि, ये देवियाँ विश्वात्मिका शक्तियाँ हैं। बोधमयी हैं और दिव्यता रूप हैं। ये अखण्ड चिन्मात्र तत्त्वात्मिका शक्तियाँ है, फिर भी पृथक पृथक् पहचान के लिये ये सारे अङ्ग-वक्त्र आदि परिकल्पित होते हैं। ये लोकपाल भी वही हैं। इनकी दिगधिपति की पूजा और मध्य में देवियों की आराधना का विधान है। इस प्रकार दक्ष, वाम और मध्य या पूर्व, मध्य और पश्चिम इन तीनों क्रमों की पूजा सम्पन्न हो जाती है।

यहाँ का पूजन सार्वत्रिक पूजन होता है। कहा गया है कि,

मध्ये देव्यभिधा पूज्या त्रयं भवति पूजितम् ।

तत इति वपुश्चिन्तनाद्यनन्तरम्। ननु एतत् मध्ये एव कस्मात्पूज्यमित्याशङ्क्य उक्तं त्रयं भवति पूजितमिति। अत्र हि कृतं पूजनं सर्वत्रापि भवेदिति भावः। तदुक्तं

'एवं मध्ये सदा पूजां शूलपद्मस्य कारयेत्।' इति।।३२८-३२९।।

देव्यभिन्नत्वमेव एषां दर्शयति

ततो मध्यगतात्तस्माद्बोधराशेः सदैवतात् ।।३३०।।
अङ्गादि निःसृतं पूज्यं विस्फुलिङ्गात्मकं पृथक् ।

तत इति देव्यभिन्नतया एषां पूज्यत्वात्।।३३०।।

ननु एतत् मध्यगाया एव देव्याः कस्मादभिन्नतया पूज्यत्वेन उक्तमित्याशङ्क्य आह

मध्यगा किल या देवी सैव सद्भावरूपिणी।।३३१।।

"इस प्रकार मध्य में सदा शूलपद्म की पूजा स्वयं करनी और करानी चाहिये।"।।३२८-३२९।।

इन सबकी देवी से अभिन्नता का उल्लेख कर रहे हैं—

इस प्रक्रिया में देवी की प्रतिष्ठा से संवलित दिव्य, बोध राशि उल्लसित होती है। वह उसके समस्त अङ्गप्रत्यङ्ग से फूट पड़ती है। यह बोधात्मक चित्प्रकाश की रश्मियाँ होतीं हैं। उनमें से प्रकाशकणिकाओं के पुञ्ज-पुञ्ज पवित्रतम विस्फुलिङ्ग विस्फुरित होने लगते है। ऐसा साधक भी पूज्य भाव को प्राप्त होता है। देवी की अभिन्नता के कारण इनकी पूज्यस्तरीयता महनीय हो जाती है।।३३०।।

यहाँ शङ्का यह होती है कि, मध्यावस्थान में न्यस्त देवी की पूज्यता का निर्देश किस उद्देश्य और आधार पर किया गया है? इसका समाधान कर रहे हैं—

जो देवी मध्य में अवस्थित होती है, वह प्रत्यक्ष सद्भावमयी होती है। उसे कई नामों से संज्ञापित करते हैं। जैसे 'कालसंकर्षिणी' उसकी एक सर्वोत्तम और सार्थक संज्ञा है। वह तीन रूपों में उल्लसित होने के कारण घोरा है। सर्वत्र शान्ति

कालसंकर्षिणी घोरा शान्ता मिश्रा च सर्वतः।
सिद्धातन्त्रे च सैकार्णा परा देवीति कीर्तिता।।३३२।।

सेति मध्यगा देवी।।३३२।।

न केवलमेकार्णैव मध्यगा परा देवी, यावन्मातृकेति मालिनीति चोच्यते इत्याह

परा तु मातृका देवी मालिनी मध्यगोदिता ।

अत्रैव अर्थद्वारेण श्रीसिद्धातन्त्रग्रन्थं पठति

मध्ये न्यस्येत्सूर्यरुचिं सर्वाक्षरमयीं पराम् ।।३३३।।
तस्याःशिखाग्रेत्वैकार्णातस्याश्चाङ्गादिकंत्विति।

प्रसार करने के कारण शान्ता है और मिश्रित स्वभावमयी होने के कारण मिश्रा भी मानी जाती हैं। सिद्धातन्त्र में यह महादेवी एक वर्णात्मिका पराभट्टारिका देवी के रूप में निर्दिष्ट है। इसलिये 'सा' शब्द से निर्दिष्ट मध्यगा की महनीयता स्पष्ट हो जाती है।।३३१-३३२।।

यह केवल मध्यमा और एकार्णा होने के कारण ही परा भट्टारिका नहीं कही जाती, वरन् इसे मातृका और मालिनी भी कहते हैं। यही कह रहे हैं—

यह परा देवी मध्य में शाश्वत उदित और उद्दीप्त रहती है। अतः इसे मातृका भी कहते हैं और मालिनी संज्ञा भी प्रदान करते हैं। यहाँ मातृका को परा और मालिनी को केन्द्र में अवस्थित रहने को भी संकेतिक किया गया है। सिद्धातन्त्र के कथन का अपने शब्दों में वर्णन करते हुए शास्त्रकार कह रहे हैं कि, सूर्य के समान अनन्त अनन्त मङ्गल मरीचियों से मनोज्ञ, सभी अक्षरों में उल्लसित परा भट्टारिका ध्यातव्य है। उसकी शिखाभूमि के अग्रभाग में एकवर्णा का आन्तरिक न्यास और उसके विभिन्न अङ्गों का प्रकल्पन और समन्त्रक अवधान देते हुए ध्यान करना चाहिये। सिद्धातन्त्र का उद्धरण दे रहे हैं—

यदुक्तं तत्र

'मध्यमे विन्यसेद्देवीं सर्वाक्षरमयीं शुभाम् ।
स्फुरत्सूर्यायुतप्रख्यां द्योतयन्तीमिदं जगत् ।।
तस्याः शिखाग्रे विन्यस्तेत्परामेकाक्षरां शुभाम् ।
उत्कृष्टस्फटिकप्रख्यां समन्तादमृतस्रवाम् ।।
आप्यायनकरीं देवीं परां सिद्धिप्रदायिकाम् ।
न्यस्त्वा तस्याः शिखाग्रे तु ततोऽङ्गानि प्रकल्पयेत् ।।इति।।

ननु एतत् मध्य एव पूज्यमिति किमागमात् एव सिद्धमुत अत्र युक्तिरपि काचित् स्यादित्याशङ्क्य आह

ततो विश्वं विनिष्क्रान्तं पूजितं दक्षिणोत्तरे ।।३३४।।
स्यादेव पूजितं तेन सकृन्मध्ये प्रपूजयेत् ।

"मध्य में सर्वाक्षरमयी देवी का न्यास करना चाहिये। ध्यान करना चाहिये कि, यह माँ शक्ति कोटि कोटि सूर्यों की असंख्यासंख्य रश्मिमालिका से सारे जगत् को प्रकाशमान कर रही है। सारा विश्व उसकी विभा से विद्योतित है।

उसकी शिखा के अग्रभाग में परा एकाक्षरा देवी का न्यास करे। ध्यान करना चाहिये कि, वह परम कल्याण कारिणी माँ शुद्ध स्फटिक की पारदर्शी प्रभा से भासमान है। चारों ओर अमृत की वर्षाकर भक्तों को अमृतत्व से ओत-प्रोत कर रही है। यह सबका आप्यायन करने वाली वात्सल्य मयी माँ है। साधकों को परा सिद्धि प्रदान करती है। इस प्रकार दिव्य शक्तिमयी माता का न्यास कर पुनः उसके अङ्ग-प्रत्यङ्ग का प्रकल्पन करना चाहिये"।।३३३।।

मध्य न्यास के माध्यम से मध्य में पूज्यमान देवी के सम्बन्ध में उक्त आगम-प्रामाण्य के अतिरिक्त भी इस विधि का विधान है या कोई एतद्विषयक युक्ति है? इस प्रश्न के सम्बन्ध में यह ध्यान में रखना चाहिये कि, मध्य से ही (केन्द्रसे ही) विश्व की निष्पत्ति होती है। वाम और दक्षिण ये दोनों दिक् मध्य से स्फुरित

ततो मध्यत एव विनिष्क्रान्तमिदं तत्तन्मन्त्राद्यात्मकं विश्वमर्थात् तत्र पूजितं तत्स्फारमात्रात्मनि उत्तरे दक्षिणेऽपि पूजितं स्यादेवेति मध्ये एव सकृत्पूजयेदिति वाक्यार्थः।।३३४।।

न केवलं श्रीसिद्धातन्त्रे एव सद्भावरूपिण्या मध्यगाया देव्या एवंरूपत्वमुक्तं, यावदन्यत्र अपीत्याह

श्रीदेव्यायामले चोक्तं यागे डामरसंज्ञिते ।।३३५।।

तदेव पठति

नासाग्रे त्रिविधं कालं कालसंकर्षिणी सदा ।
मुखस्था श्वासनिःश्वासकलनी हृदि कर्षति ।।३३६।।

होने के कारण ही पूजित हैं। इनकी पूज्यमानता से ही मध्य की महनीयता सिद्ध हो जाती है। अतः मध्य का पूजन सबकें लिये अनिवार्य हो जाता है।।३३४।।

सिद्धातन्त्र की इस उक्ति के अतिरिक्त श्री देवी यामल तन्त्र में डामर याग प्रकरणों में मध्य में देवी पूजन का निर्देश है। उक्त श्लोक द्वारा शास्त्रकार कहते हैं कि, नासिका के अग्रभाग में हम जिस श्वास प्रश्वास का अनुभव करते हैं, वह काल संकर्षिणी देवी का चमत्कार है। वह सदा तीन प्रकार से स्पन्दित होता है। श्वास के ये तीन प्रमुख भेद ऐसे हैं, जिनमें सामान्य जन केवल प्राण और अपान का ही अनुभव करता है। उदानवायु को लेकर ये तीन होते हैं।

कालसंकर्षिणी देवी मुख में अवस्थित रहती है। उस समय उसे श्वास निःश्वास कलनी कहते हैं। हृदय केन्द्र से इन तीनों को ऊर्ध्व और अधःप्रवाह के लिये प्रेरित करती है। पूरक प्रक्रिया से चिति केन्द्र में चले गये प्राणवायु को नाभिकेन्द्र (हृदय) तक पूरी तरह पूरित करती है। कुम्भक प्रक्रिया द्वारा प्राणवायु को धारण करती है। रेचक प्रक्रिया द्वारा प्राण के अपान (तत्त्व) बन जाने पर वह उसका संहार करती है। साधना में अपान चन्द्र अपने रिक्त अमृत कलश को चितिकेन्द्र के सुधासिन्धु में डुबो कर फिर भर लेता है और काल संकर्षिणी देवी पूरक के माध्यम से प्राणी में जीवन का संचार कर देती है। यह शाश्वत प्रक्रिया है। योग शास्त्र इसे ही प्राणायाम कहता है।

पूरकैः कुम्भकैर्धत्ते ग्रसते रेचकेन तु ।
कालं संग्रसते सर्वं रेचकेनोत्थिता क्षणात् ।।३३७।।
इच्छाशक्तिः परा नाम्ना शक्तित्रितयबोधिनी ।
याज्या कर्षति यत्सर्वं कालाधारप्रभञ्जनम् ।।३३८।।

इसके अतिरिक्त योग सिद्ध पुरुषों को एक चौथी प्रक्रिया का भी अभ्यास हो जाता है। इस प्रक्रिया का नाम है 'ऊर्ध्व रेचन प्रक्रिया'। इसे उदान वायु ऊपर ले जाता है। ऊर्ध्व रेचन से ऊठी हुई काल संकर्षिणी समग्र काल को ग्रास बना कर संहृत कर लेती है। यहाँ संहार का तात्पर्य है— काल को स्वात्मसात् कर लेने की विधि।

यहाँ यह मानना चाहिये कि, काल संकर्षिणी का यह काल-ग्रास भगवती इच्छा शक्ति का ही चमत्कार है। इच्छा शक्ति ही इच्छा, ज्ञान और क्रिया नामक तीन शक्तियों को उद्बुद्ध करती है। यही याज्या शक्ति है। यही कालाधार वायु है अर्थात् प्राणापानवाह प्रक्रिया को ऊपर नीचे जाने आने का प्रवाह प्रदान करती है। इसे प्राणका आन्तर और बाह्य उल्लास ही मानते हैं।

यहाँ २-३ बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिये। जैसे—

१. हृदि कर्षति— इस वाक्य में हृदय शब्द का प्रयोग 'हृदय' अर्थ में नहीं अपितु मध्य धाम अर्थ में हुआ है। प्रश्न है कि मध्यधाम किसे माना जाय? एक वृत्त का मध्य धाम उसका केन्द्र होता है। शरीर के आधांरभूत अर्थात् प्राणप्रद दो केन्द्र माने जाते हैं। पहला है नाभिकेन्द्र। इसे मातृकेन्द्र भी कहते हैं। इसी से गर्भ में प्राणी का पोषण होता है। प्रायः सामान्य जन अनाहतचक्र (वक्ष के नीचे) तक ही साँस लेते हैं। इससे प्राणी अल्पायु हो जाते हैं। आप देखते हैं सोये हुए शिशु का श्वास लेते समय पेट फूलता पचकता है। अर्थात् वह नाभि तक की पूरी साँस लेता है। यह गहरी साँस योगियों द्वारा ली जाती है। इसीलिये प्राणवायु का आन्तर केन्द्र हृदय अर्थात् मध्य अर्थात् नाभिकेन्द्र है। श्वास वहीं आकर पूरी तरह रुक जाती है और कुम्भक शुरू हो जाता है। इसे पौर्णमास केन्द्र भी कहते हैं। यहाँ अपानचन्द्र पूर्णिमा पूरी कर लेता है।

इह खलु मुखस्था कालसंकर्षिणी भगवतो सदा पार्श्ववाहद्वयात्मश्वासनिःश्वाससंकलनेन हृदि मध्यधाम्नि नासायाः शक्तेरग्रे त्रिविधं प्राणापानोदानलक्षणं कालं कर्षति तेन रूपेण संचारयति। यतो रेचकेन संहरति, पूरकेण प्रवेशं ददाति, कुम्भकेन धारयति, ऊर्ध्वरेचकेन च तत्तत्कारणपदोल्लङ्घनक्रमेण उत्थिता सती सर्वं कालं क्षणादेव सम्यगनवच्छिन्नमेव स्वरूपतापादनक्रमेण संहरतीति।

'.......................सेच्छायाः प्रथमा तुटिः।'

इत्युक्त्या परा इयमिच्छाशक्तिरिच्छाद्यात्मनः शक्तित्रितयस्य उत्पत्तिभूःप्रकान्तेन कालसंकर्षिणीलक्षणेन नाम्ना याज्या यदियं सर्वं प्राणादिपञ्चकात्मकं कालाधारं प्रभञ्जनं कर्षयति अन्तर्बहीरूपतया समुल्लासयतीत्यर्थः।

यदुक्तं तत्र

'अयं पथद्वये कालः स्थूलश्चरति योगिनाम् ।
सव्यापसव्ये मध्ये च शक्तित्रयविभूषितः ।।
सा ग्रसेत्त्रिविधं कालं कालसंकर्षिणी तथा ।' इति,

---

२. बाह्य हृदय— वह बिन्दु है, जहाँ आप का श्वास जाकर उसमें समा जाता है। प्राणरूपी सूरज उसमें अस्त होता है। अतः उसे अमा केन्द्र भी कहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति का बाह्य केन्द्र सदा साथ रहता है। भले ही वह विश्व में कहीं भी भ्रमण करता है। वहीं से काल संकर्षिणी उसी प्राण को खींचती है और प्राणी श्वास ले पाता है। नहीं तो प्रतिक्षण शरीर से भागने वाला प्राण बाहर ही रह जाता। जीवन का यही मूल रहस्य है। अज्ञ लोग कहा करते हैं कि, जीवन का मूल रहस्य क्या है, यह पता ही नहीं चलता। ऐसे लोगों को इस शास्त्र का स्वाध्याय अवश्य करना चाहिये। वह याज्या परा-कालसंकर्षिणी देवी ही कालाधार प्रभञ्जन की प्रवहन-शीलता की मूल आधार है।

इस विषय में वहाँ स्पष्ट रूप से कहा गया है कि,

"योगियों के प्राणवाह और अपानवाहपथ पर ही स्थूल काल संचरण करता है। सव्य और अपसव्य अर्थात् दक्ष और वाम में तथा मध्य में काल प्रगतिशील

'कालसंकर्षिणी नाम्ना कालं मुखबिले स्थितम् ।
श्वासनिःश्वासकलनी तस्य संकर्षणं हृदि ।।
पूरकेण समन्तात्तु कुम्भकेन च धारयेत् ।
रेचकेनोत्थिता देवी कालं संग्रसते क्षणात् ।।'इति,

रहता है। इच्छा, ज्ञान और क्रिया तीनों शक्तियाँ इसका शृङ्गार करती हैं। काल यद्यपि इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियों से विभूषित रहता है फिर भी काल संकर्षिणी देवी त्रिविध प्रवर्त्तमान काल का ग्रास कर लेती है।''

इसके अतिरिक्त आगे और भी कहा गया है कि ''काल संकर्षिणी ही श्वास और निःश्वास की कलना करती है अर्थात् ऊर्ध्व की ओर स्पन्दित करती तथा पौर्णमास केन्द्र में खींच कर लाने काम भी करती है। इसी लिये इसे श्वास-निःश्वासकलनी भी कहते हैं। काल का अवस्थान इसी देवी के मुखारविन्दकोश में है। हृदय केन्द्र की ओर कर्षण करने के कारण ही इसे काल-संकर्षणी कहते हैं। पूरक, कुम्भक और रेचक प्रक्रिया में प्राण के आयाम को संयमित करने की विधि योग-प्रक्रिया से भिन्न है। षडध्व दर्शन तो कहता है, ''प्राणायामो न कर्त्तव्यः'' किन्तु संकर्षण जन्य स्पन्दन में पूरक का क्रम अपनाकर ही अमाकेन्द्र से पौर्णमास केन्द्र की प्राण-यात्रा की जाती है। कुम्भक प्राण को हृदय कोष की मकरन्द सुधा से सराबोर करता है। इस श्वासचार को प्रवेश, विश्रान्ति और निर्गम विन्दुओं से विभाजित करते हैं। रेचक में इन बिन्दुओं से होते हुए ही आमावस्य केन्द्र की ओर चलते हैं। वहीं से पुनः पूरक में काल संकर्षिणी का काम शुरू हो जाता है। यही जीवन की सृष्टि, स्थिति और संहार प्रक्रिया भी है। रेचक के दो भेद होते हैं। अधः और ऊर्ध्व रेचक। ऊर्ध्व की ओर प्राण अश्विनी मुद्रा से परिचालित हो जाता है। जब आज्ञा से ऊपर प्राण को आगे बढ़ाते हैं, उसी समय से काल का ग्रास प्रारम्भ हो जाता है और योगी कालजयी बन जाता है।''

वस्तुतः सभी स्पन्दनों की मूल इच्छाशक्ति मानी जाती है। इससे ही विश्व में इच्छा, ज्ञान और क्रिया का प्रवर्त्तन होता है। इसी से ये शक्तियाँ उद्बुद्ध होती

'इच्छाशक्तिः परा नाम्ना शक्तित्रितयबोधिनी ।
याज्या कर्षयते सर्वं कालाधारप्रभञ्जनम् ।।
'इति च।।३३८।।

इदानीमुक्तस्य अस्य पूज्यचक्रस्य संकलनाक्रमेण आसनात् प्रभृति स्वदर्शनसमुचितं सतत्त्वमभिधत्त

इह किल दृक्कर्मेच्छाः शिव उक्तास्तास्तु वेद्यखण्डनके ।
स्थूले सूक्ष्मे क्रमशःसकलप्रलयाकलौ भवतः।।३३९।।

शुद्धा एव तु सुप्ता ज्ञानाकलतां गताः प्रबुद्धास्तु ।
प्रविभिन्नकतिपयात्मकवेद्यविदो मन्त्र उच्यन्ते ।।३४०।।

हैं। यही याज्याशक्ति है। सारे काल के आधारभूत प्रभञ्जनों (प्राणापानादि पाँच वायु) का कर्षण करती है, स्थिति प्रदान करती है और अन्त में ग्रास बना लेती है"।।३३५-३३८।।

यहाँ इस प्रासङ्गिक पूज्यचक्र की सङ्कलना का क्रमिक स्वरूप श्री. तं. १।३०४ के अनुसार अनुजोदेशोदिष्ट है, यह स्पष्ट है। आसन से लेकर त्रिक दर्शन की मान्यताओं के अनुरूप सतत्त्व का वर्णन भी प्रसङ्गोचित है। संक्षेप में वहीं कह रहे हैं—

षडध्व दर्शन में ज्ञान, क्रिया और इच्छा ये सभी शक्तियाँ पूर्ण अखण्ड शिव में शाश्वत उल्लसित हैं। सभी शास्त्र इसे स्वीकार करते हैं। शिव के इस अखण्ड सद्भाव में जब वेद्यवर्ग की पार्थक्य प्रथा प्रथित हो जाती है, तो उसमें स्थूल और सूक्ष्म भेदवादका अभिव्यञ्जन स्वाभाविक रूप से हो जाता है। स्थूल रूप ही उसका सकल और सूक्ष्म रूप प्रलयाकल माना जाता है। ये शिव से निष्पन्न हैं और वेद्य खण्ड में आपतित हैं फिर भी इन्हें अशुद्ध कहते हैं। शुद्ध होने पर भी जिनमें बोधका (दृक् शक्ति का) उल्लास दृष्टिगत नहीं होता, उन्हें सुप्त कहते हैं। सुप्त, जाग्रत नहीं रहता, बोध में नहीं रहता। अतः उन्हें अप्रबुद्ध कहते हैं, वे विज्ञानाकल प्रमाता कहलाते हैं।

भिन्ने त्वखिले वेद्ये मन्त्रेशास्तन्महेशास्तु ।
भिन्नाभिन्ने तदियान् सुशिवान्तोध्वोदितः प्रेते ।।३४१।।

ता एव गलति भेदप्रसरे क्रमशो विकासमायान्त्यः।
अन्योन्यासंकीर्णास्त्वराात्रयं गलितभेदिकास्तु ततः ।।३४२।।

इसके विपरीत जो प्रबुद्ध होते हैं और इस स्तर से कुछ ऊपर निर्मलता से भूषित और परिमित मात्रा के कतिपय वेद्यवर्ग के वेतृत्त्व से विशिष्ट होते हैं, ऐसे शक्तिमन्त को मन्त्र कहते हैं। अखिल वेद्य विज्ञातृत्व विशिष्ट शक्तिमान् मन्त्रेश्वर कहलाता है। इन्दन्ता की भिन्नता और अंहन्ता की अभिन्नता रूप इस उभयात्मक भिन्नाभिन्नभाव का वेत्ता तत्त्व ही मन्त्रमहेश्वर तत्त्व है। इस तरह सुशिवपर्यन्त अध्वपद्धति का सारा विस्तार प्रेत परिवेश में उल्लसित है। महाप्रेत तो एकमात्र (१५।३०९) सदाशिव ही माने जाते हैं।

उक्त तीन शक्तियों के वेद्यवर्ग का विगलन भी एक क्रम प्राप्त स्पन्द है। वह जब प्रारम्भिक अवस्था में होता है अर्थात् भेद-प्रसर जब अभेद भाव की ओर उन्मुख होता है, उस समय भी उनमें विकास के लक्षण दीख पड़ते हैं। विकास के लक्षण के बावजूद उनमें एक दूसरे के प्रति किसी प्रकार की संकीर्णता नहीं होती। वहाँ तीन 'अरे' स्पष्ट दीख पड़ते हैं। इनके ऊपर शैव तादात्म्य में विलय स्वाभाविक है। त्रिशूलाब्ज का प्रकरण पहले आ चुका है। यह पद्मत्रय अन्त में औन्मनस पद में समाहित हो जाता है। यह सारा का सारा स्तरीय अन्तर 'आसव' रूप से भी कल्पित होता है।

यहाँ कुछ शब्दों का स्पष्टीकरण आवश्यक है—

१. प्रलयाकल को सूक्ष्म भाग में रखने का कारण है कि, वहाँ वेद्य भाग संस्कार मात्र से ही अवशिष्ट रहते हैं। इन्हें शुद्ध कहने का भी यही आशय है। वेद्य को शास्त्र कालुष्य कहता है। कालुष्य भाव ही अशुद्धि है। जब कालुष्य का किसी प्रकार से क्षय होने लगे, तो वहाँ उसी क्रम से शुद्धि का विस्तार होने लगता है।

पद्मत्रय्यौन्मनसी तदिदं स्यादासनत्वेन ।

उक्ता इति मुख्यतः। सूक्ष्मे इति प्रलयाकलो वेद्यभगस्य संस्कारमात्रावशेषत्वात्। शुद्धा इति कथंचिद्वेद्यकालुष्यापगमात्। सुप्ता इति अप्रबुद्धाः। कतिपयात्मकेति नतु अखिलम्, तथात्वे हि आसां मन्त्रेशत्वं स्यात्। भिन्ना-भिन्ने इति इदन्ताया अहन्तायां विश्रान्तेः। इयानिति अर्थात् भेदप्रधानः। गलतीति नतु गलिते, तथात्वे हि आसां पद्मत्रयत्वं न स्यात्। विकासमायान्त्य इति शूलस्य विवृताकारत्वात्। अत एव उक्तं अन्योन्यासंकीर्णा इति।।३४२।।

---

२. शुद्ध कह कर किसी को सुप्त कह दिया जाय,तो उसकी महत्ता घट जाती है। पर यहाँ ऐसा नहीं है। सुप्त दशा एक ऐसा भावात्मक परिवेश है, जिसमें बोध का प्रकाश अपने वास्तविक रूप से प्रदीप्त नहीं हो सका है। जिनमें बोध का प्रकाश उदीप्त हो जाने को उन्मुख होकर विकसित होने लगता है, उन्हें बुद्ध, प्रबुद्ध, सुप्रबुद्ध और सांसिद्धिक की संज्ञा प्रदान करते हैं। इसके विपरीत शुद्ध रहने पर भी विज्ञानाकल अप्रबुद्ध ही होते हैं।

३. भिन्नाभिन्न दशायें स्तर के अनुसार अपना प्रभाव स्थापित करती हैं। मन्त्र-महेश स्तर पर भिन्न दशा अर्थात् इदन्ता और अभिन्न दशा अर्थात् अहन्ता दोनों का संगम उल्लसित रहता है। ऐसे तत्त्व की दृष्टि दोनों ओर समान रूप से अधिकारवती होती है। यह अत्यन्त उत्कृष्ट दशा का एक चमत्कार मात्र है।

४. भेद प्रसार हिमलिङ्ग की तरह है। २०५१ की इस शती वर्ष में अमरनाथ का हिम लिङ्ग भी समय से पूर्व ही गल गया है। भेद प्रसर का लिङ्ग भी साधना की ऊर्जा से गलना शुरू हो जाता है। शक्ति, व्यापिनी और समना स्तरों पर यह कमल के रूप में खिला रहता है। औन्मनसी दशा में इनकी सुरभि उसमें ही समाहित हो जाती है।

५. आसन पारिभाषिक शब्द है। इसी अह्निक के ३०८, ३१४ श्लोकों में भी इसका विवरण है। इस श्लोक में भी वही सन्दर्भ है। इसके महत्त्व का आकलन साधक के लिये अनिवार्य है।।३३९-३४२।।

ननु एवमिच्छाज्ञानक्रियाणामासनतया आधारत्वमेव उक्तं स्यात्, आधेयस्तु किं तददतिरिक्तः पूज्यतया उपगन्तव्यो न वेत्याशङ्क्य आह

ता एवान्योन्यात्मकभेदावच्छेदनाजिहासुतया ।।३४३।।
किल शक्तितद्वदादिप्रभिदा पूज्यत्वमायाताः ।

ता एव दृक्कर्मेच्छाः परस्परव्यावृत्तिरूपभेदसंस्पर्शपरिजिहीर्षव इति शक्त्यादित्रितयात्मना पूज्यदशामधिशेरते इति वाक्यार्थः।।३४३।।

ननु आसामात्मत्वेऽपि सकलादौ प्रस्फुटतया तथात्वं न लक्षितम्, इह तु स्फुटमेव तत् लक्ष्यते इत्यत्र किं निमित्तमित्याशङ्क्य आह

उक्त वर्णन से यह स्पष्ट हो गया है कि, समस्त तत्त्व वर्ग के, स्थूल, सूक्ष्म वेद्यवर्ग के और इस सृजन प्रक्रिया के मूल में यही तीन इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियाँ ही हैं। इन्हें आधार शक्ति कहना उचित है। जो आधार होता है, वही आसन भी होता है। इस दृष्टि से आसन शब्द के प्रयोग का तात्पर्य आधार ही माना जाना चाहिये।

आधार के वर्णन के सन्दर्भ में उसकी पूज्यता की चर्चा भी की गयी है। यहाँ प्रश्न है कि, क्या आधेय इसके अतिरिक्त पूज्य माना जाय या नहीं? अथवा आधार के अतिरिक्त आधेय का अस्तित्त्व कुछ अलग है क्या? इस विषय में शास्त्रकार का विचार इस प्रकार है—

वस्तुतः मलावरण, कञ्चुक-कालुष्य और संकोच-समुल्लास से भेदवाद का संवर्धन होता है। भेद प्रथा का प्रथन स्वभावगत धर्म नहीं होता। इसको हटाने की, इसको निराकृत करने की और छोड़ने की इच्छा ही जिहासा कहलाती है। शक्ति और शक्तिमन्त की चातुर्दश्यमयी भेदमयता को ये शक्तियाँ ही उच्छिन्न कर तादात्म्य के स्तर पर पहुँचने की लालसा रखती हैं। इस समय ये जिहासु बन जाती हैं। इस जिहासु-धर्मता से प्रभावित दृक्-कर्म और इच्छा रूपिणी तीनों शक्तियाँ पारस्परिक भेद प्रथा के अवच्छेदन में तत्पर हो जाती हैं। यही इनकी उत्तरोत्तर पूज्यता का रहस्य है।।३४३।।

भेदगलनाद्यकोटेरारभ्य यतो निजं निजं रूपम् ।।३४४।।
बिभ्रति तास्तु त्रित्वं तासां स्फुटमेव लक्ष्येत ।

संभाव्यवेद्यकालुष्ययोगतोऽन्योन्यलब्धसंकरतः ।।३४५।।
प्राक् प्रस्फुटं त्रिभावं नागच्छन्नत्र तु तथा न ।

भेदगलनाद्यकोटेरिति अरात्रयात्मिकायाः। अन्योन्यलब्धसंकरत इति वेद्यकालुष्यवशेन हि आसां परस्परस्य परभागो न भवेदिति भावः। प्रागिति सकलादौ प्रमातरि।।३४४-३४५।।

एवमासामत्यन्तमेव भेदग्लपनेनापि त्रित्वं न स्यादित्याह

अन्योन्यात्मकभेदावच्छेदनकलनसंग्रसिष्णुतया ।
स्वातन्त्र्यमात्रसारा संवित्सा कालकर्षिणी कथिता।।३४६।।

सकल आदि स्तर पर इनकी पूज्यता उतनी उपलक्षित नहीं होती। अरात्रय रूप शूलाब्ज-त्रय स्तर पर पूज्यता पूरी तरह उपलक्षित होती है। इसके कारण पर प्रकाश डाल रहे हैं—

जिस समय भेद के विगलन की पहली कोटि प्रारम्भ होती है, वहाँ जिहासुता तादात्म्य की ओर उन्मुख होती है। अन्त में ऊर्ध्व स्तर पर पहुँचने पर अपना 'स्व' रूप उपलब्ध हो जाता है। वहाँ इनकी मायात्मकता स्पष्ट उपलक्षित हो जाती है। वे तीनों अपने त्रित्व से सम्भृत होकर उल्लसित होतीं हैं। यह वह अवस्था होती है, जिस समय भेद के विगलन की प्रक्रिया का प्रारम्भ होता है।

इसके विपरीत भेद के प्रारम्भ के समय वेद्य कालुष्य के कलङ्क की कञ्चुकता इनके ऊपर छा जाने का प्रयत्न करती है। यहीं से भेद प्रथा का प्रारम्भ होता है। यह अन्योन्यसंकर भाव है। प्राक् अर्थात् सकल आदि की आद्यकोटि में यह सांकर्य उल्लसित रहता है। इन तीनों का प्रस्फुट त्रिभाव उत्कर्ष दशा का द्योतक होता है। सकल दशा में वह नहीं आता पर इस अरात्रय की उत्कर्ष दशा में स्पष्ट परिलक्षित होता है। यहाँ अन्योन्य संकरयोग हो जाता है। इससे किसी का पर भाग नहीं बन पाता।।३४४-३४५।।

एता अन्योन्यात्मकत्वेन भेदसंस्पर्शकलनस्य सम्यक् गन्धमात्रपरिहारेण अपि ग्रसनशीलतया गर्भीकृतेच्छाद्यवान्तरस्वरूपत्वात् स्वातन्त्र्यमात्रसारा परप्रमातृरूपा संवित् कालकर्षिणी कथिता सर्वत्र तथा व्यपदिश्यते इत्यर्थः। तेन आसामन्योन्यासंकीर्णत्वे गलद्भेदतायामरात्रयत्वं, गलितभेदतायां पद्मत्रयत्वम्, अन्योन्यात्मकत्वे गलद्भेदतायां शक्त्यादित्रयत्वं, गलितभेदतायां तु एवंरूपत्वमिति।।३४६।।

न केवलमियं भेदावच्छेदनात्मनः कालस्य ग्रसिष्णुतया एवमुक्ता, यावत् बहिःसंकर्षणादपीत्याह

सैव च भूयः स्वस्मा-
त्संकर्षति कालमिह बहिष्कुरुते।
संकर्षिणीति कथिता

एक ऐसी उत्कर्ष दशा की कल्पना करें, जिसमें यह त्रित्व भी विगलित हो जाता हो। यह वह दशा है, जहाँ अन्योन्यसांकर्य से भेद के अवच्छेद और अवच्छेद से उत्पन्न आकलन आदि सभी ग्रास बना लिये जाते हैं। यह अपने मुँह का कौर बनाने वाली, सम्यक् रूप से ग्रास बना लेने के कारण संग्रसिष्णु देवी ही काल संकर्षिणी देवी मानी जाती है। यह स्वातन्त्र्य और स्वात्मविमर्श की देवी 'संवित्' भी कहलाती है।

इसके परिवेश में भेद की कलना की कल्पना भी नहीं होती। भेद की गन्ध भी वहाँ असह्य है। यह सारा अवान्तर उल्लास और इच्छादि रूप यह त्रित्व रूप अवच्छेद आदि उसी देवी के गर्भ में अवस्थित हो जाता है। इस अवस्था में वह स्वातन्त्र्य शक्तिशालिनी परप्रमातृ रूपिणी परा देवी ही उल्लसित रहती है। इस तरह परस्पर तादात्म्य भाव में भेद विगलन की उन्मुखता के कारण अरात्रयत्व', भेद के गलित होने पर पद्मत्रयत्व और पुनः पारस्परिक उन्मुखता में भेद के विगलद्भाव में भेदमयत्रिशक्तित्व और भेदता के गलित हो जाने पर संविद्रूपत्व उल्लसित होता है।।२४६।।

'मध्यगा किल या देवी सैव सद्भावरूपिणी ।
कालसंकर्षिणी..............................।।'(३३२)

इत्यादि उक्तं, तदत्र मातृसद्भावशब्दस्य अपि प्रवृत्तौ किं निमित्तमित्याशङ्क्य आह

मातृष्वेतेषु सद्भावः ।।३४७।।

यह काल संकर्षिणी देवी केवल भेदावच्छेदक काल को ग्रास बनाने वाली शक्ति के रूप में ही शास्त्रों में निर्दिष्ट नहीं की गयी है, अपितु बहिः संकर्षण के आधार रूप में भी व्यक्त की गयी है। वही कह रहे हैं—

वही अपने में काल का कर्षण भी करती है और वही काल के बहिष्करण व्यापार का प्रवर्त्तन भी करती है। इसी आधार पर इसे संकर्षिणी कहते हैं।

इस कथन के पूरा होने के पहले ही शास्त्रकार के मन यह बात उठी होगी कि, अभी अभी हमने श्लोक ३३२ में यह कहा है कि,

'मध्य मे अवस्थित सद्भाव रूपिणी देवी ही काल संकर्षिणी है' और यहाँ उसके आकर्षण विकर्षण की बात की गयी है। अतः उसकी चर्चा यहाँ भी आवश्यक है। इसी लिये श्लोक पूर्त्ति के समय ही यहाँ यह व्यक्त कर रहे हैं कि, इन सभी मातृशक्तियों में इसका सद्भाव होता है। तत्त्व, सत्ता और प्राप्ति के सभी रूप उसी के उल्लास हैं। मातृशक्तियों में इसी शक्ति द्वारा मेय का अस्तित्व विश्रान्त रहता है। सकल से सदाशिव पर्यन्त शक्तिमन्तों में रहने वाली उनकी सात विश्वजनन समर्थ शक्तियों में परमार्थतः यही संविद् शक्ति समुल्लसित रहती है। इसे ही दूसरे शब्दों में 'स्वतन्त्रता' मात्र कहा जा सकता है।

यहाँ कुछ पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग हुआ है। उनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

१. तत्त्वसद्भाव—सकल आदि शक्तिमन्तों की शक्तियों में पारमार्थिक अस्तित्व के साथ संभूति ही सद्भाव कहलाता है। तस्याःभावस्तत्त्वं के अनुसार शक्ति का वहाँ सत्तापूर्वक रहना ही 'तत्त्व सद्भाव' है।

तत्त्वं सत्ता प्राप्तिर्मातृषु मेयोऽनया संश्च ।
विश्वजननीषु शक्तिषु परमार्थो हि स्वतन्त्रतामात्रम् ।।३४८।।

सैव च एतेषु समनन्तरोक्तेषु सकलादिषु सप्तसु मातृषु सत्ता पारमार्थिकेन रूपेण भवनं, तत्त्वं सतो भावः सत्ता प्रमातृतात्मत्वस्वरूपप्रतिलम्भात् प्राप्तिश्चेति। तथा अनया परामर्शमात्रसारया संविदा मातृषु जडोऽपि मेयो भावः सन् विश्रान्त इति। तथा सैव आसां स्वातन्त्र्यशक्तावेव विश्रान्तेरूक्तत्वात् विश्वसूतिहेतुभूतासु मातृषु इच्छादिशक्तिषु स्वतन्त्रतामात्ररूपः परमार्थ इति।।३४८।।

ननु एतदपि आसनवदिच्छाद्यात्मकमेवेति कथं नाम पूज्यं स्यादित्याशङ्क्य आह

---

२. सत्ता—सत् का भाव ही सत्ता होती है। 'सत्' शब्द में अस् धातु, होने का अर्थ व्यक्त करती है और 'शतृ' प्रत्यय शाश्वत वर्त्तमानता को व्यक्त करता है। इस प्रकार सत्ता वेद्यता की मूल भित्ति बन जाती है।

३. प्राप्ति—वह अवस्था है, जब प्रमातृभाव रूप स्वरूप की उपलब्धि होती है।

४. मेयः सन्—मातृ अर्थात् शक्तिमन्त और शक्ति दोनों अवस्थाओं अथवा केवल ऐकात्म्य रूप में भी इसी परामर्शमयी संविद् शक्ति द्वारा मातुं योग्यं मेयं (भाव) बन कर अस्तित्वगत वर्त्तमान में विश्रान्त रहना एक प्रकार का शक्तिस्वारस्य ही है। यहाँ 'सन्' शब्द सत्ता, कर्त्तृत्व, एकवचनत्व और वर्त्तमान को व्यक्त कर रहा है।

५. परमार्थ—इच्छा, क्रिया और ज्ञान रूपा शक्तियाँ ही विश्व की जननी-रूपा शक्तियाँ मानी जाती हैं। इन शक्तियों में स्वतन्त्रता मात्र रूप से उल्लसित संवित् तत्त्व ही पारमार्थिक तत्त्व है। यही परमार्थ है। इसी तत्त्व के द्वारा स्वातन्त्र्य की व्याप्ति इन तीनों विश्वप्रसविनी शक्तियों में रहती है।।३४७-३४८।।

एषणविदिक्रियात्मकमेतत्पूज्यं यतोऽनवच्छिन्नम् ।
यस्मिन्सर्वावच्छेददिशोऽपि स्युः समाक्षिप्ताः ।।३४९।।

अनवच्छिन्नमिति विशुद्धविमर्शमयप्रकाशरूपमित्यर्थः। यस्मिन्निति एषणविदिक्रियात्मनि अनवच्छिन्ने रूपे। समाक्षिप्ता इति अकिंचित्कर्य इत्यर्थः।।३४९।।

ननु प्रकाशमात्रस्यैव पूज्यत्वमस्तु, किं विमर्शरूपतयेत्याशङ्क्य आह

अविकल्पमिह न याति हि पूज्यत्वं

पूज्यत्वं न यातीति निर्विमर्शस्य प्रकाशस्य जडप्रायत्वात् ।।

ननु अत्र भवतु विमर्शमयत्वं, तत्र तु किं विशुद्धतयेत्याशङ्क्य आह

नच विकल्प एकत्र ।
बहवो धर्मास्तस्माद् यो धर्मस्तावतो धर्मान् ।।३५०।।
आक्षिपति तत्र रूढः सर्वोत्कृष्टोऽधरस्थितास्त्वन्ये ।

यहाँ गहराई से विचार करने पर यह प्रतीत होता है कि, यह स्वतन्त्रतामात्रसार परमार्थ भी आसनवत् इच्छादिशक्तित्रितय रूप ही है। इसमें पूज्य भाव की कल्पना का आधार क्या हो सकता है? इस पर शास्त्रकार कहते हैं कि,

एषणा व्यापार (इच्छा) विदि (ज्ञान) और क्रिया रूप यह शक्तित्रितय अनवच्छिन्न अर्थात् अखण्ड सातत्यमय शाश्वत परामर्शमय तत्त्व है। यह एक साथ ही प्रकाश और विमर्शोभय रूप से अनवरत उल्लसित और स्पन्दित है। इसी शक्तित्रितय के अनवच्छिन्न प्रकाश-विमर्शमय रूप में ही सारी अवच्छेदात्मकता और उसका सारा प्रसार समाक्षिप्त है। इसी में सृष्टि, स्थिति और संहार रूप से संसरणशील भी है।।३४९।।

यहाँ एक सरल आशङ्का उत्पन्न हो रही है। प्रश्न कर्त्ता पूछता है कि, पूज्यता तो प्रकाशमात्र में ही होनी चाहिये। इस विमर्शरूप मे पूज्यता क्यों? इस पर कह रहे हैं कि,

विमर्श एव हि आश्यानतया भेदप्राणत्वादविशुद्धतामधिशयानो विकल्प इति उच्यते। स च यदाभासविमर्शनशीलस्तदतिरिक्तमाभासान्तरं

'तदतत्प्रतिभाभाजा मात्रैवातद्व्यपोहनात् ।
तन्निश्चयनमुक्तो हि विकल्पो घट इत्ययम्।। (ई. प्र. १।६।३)

अविकल्प भाव कभी पूज्यत्व को प्राप्त नहीं कर सकता। अविकल्पता निर्विमर्श दशा होती है। यदि प्रकाश भी निर्विमर्श हो जाता है, तो वह जड़ हो जाता है।

इस उत्तर पर विचार करते ही प्रश्नकर्त्ता यह सोचने लगता है कि, प्रकाश में विमर्शमयता मान लेने पर समस्या का समाधान तो हो रहा है पर इस पूज्यत्व के साथ अनवच्छिन्न प्रकाश-विमर्श भाव में विशुद्ध विशेषण की क्या आवश्यकता? इस पर शास्त्रकार का मन्तव्य विचारणीय है। वह कहते हैं कि,

विकल्प एकत्र एक ही रहता है, बहुत से अन्य भेदों से भरे धर्म रूप नहीं होता। जहाँ धर्म विभिन्न धर्मों का आक्षेप करता है। वहाँ रूढ धर्म ही सर्वोत्कृष्ट होता है। उसके अतिरिक्त सभी धर्म गौण होते हैं।

वास्तव में विकल्प है क्या? इस पर विचार करने से यह पता चलता हैं कि, विमर्श ही जब आश्यानत्व प्राप्त कर भेदभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होने की उन्मुखता प्राप्त कर लेता है, तो वह अपने विशुद्ध स्तर की महनीयता खो देता है। उस समय वही विकल्प कहलाता है। यह विकल्प जिस प्रकार के आभास का विमर्श करता है, उसके अतिरिक्त किसी दूसरे आभास का स्पर्श भी नहीं करता। ईश्वर प्रत्यभिज्ञा १।६।३ में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि—

"पदार्थ सम्बन्धी दो प्रकार की प्रतिभा होती है। १. उस पदार्थ की प्रतिभा और २. उस पदार्थ की अप्रतिभा जैसे— जब घट का आभास हो रहा हो और उसी समय अघट का भी आभास हो, तो उसे तदतत् प्रतिभा रूप आभास माना जायेगा। यह आभास प्रमाताओं को होता है। इसी लिये प्रमाता पदार्थ-प्रतिभा वाला अर्थात् पदार्थ के आभास का मापन करने वाला माना जाता है। उसी समय एक दूसरा अवान्तर व्यापार होता रहता है, जिधर हम लोगों का ध्यान नहीं जाता। जैसे घड़े को देखने पर अघट का निराकरण। इसी को अतद् का व्यपोहन कहते

इत्यादिनीत्या न स्पृशत्येव। तदिच्छाज्ञानक्रियादिसकलधर्माविभागस्वभावं रूपमेकैकधर्मपरामर्शिना विकल्पेन कथं परामृश्यते इति न विकल्पात्मकाविशुद्धविमर्शमयप्रकाशदशावेशिपूज्यत्वं युज्यते। तस्मात् यैव विशुद्धविमर्शमयस्वातन्त्र्यलक्षणा शक्तिरिच्छाज्ञानक्रियाद्यनन्तभेदभिन्नाः शक्तीराक्षिप्य वर्तते, तत्रैव विश्राम्यन् परः प्रकाशः सर्वोत्कृष्टतया पूज्यः। अन्ये तत्तदवच्छेदभाजः प्रकाशाः पुनरपकृष्टतया अधरस्थिता आसनदशामधिशेरते इत्यर्थः।।

हैं। अतद् अर्थात् अघट और व्यपोहन का अर्थ है तद् विषयक ऊहा (विमर्श) की समाप्ति। जिस समय हमारे मन में यह बात बैठ जाती है कि, यह अघट नहीं है, उसी समय हम यह निर्णय करते हैं कि, यह घट है। इसे घट का निश्चय मानते हैं।

यहाँ यह घोषित करते हैं कि, यह विकल्पात्मक निश्चय कर लेने पर ही हम उसे निश्चयात्मक रूप से घड़ा कहते हैं। यहाँ थोड़ी और गहराई में जाकर सोचने से यह अनुभव होता है कि, अविकल्प दशा में भी घड़ा था, पर उसका चिन्मय रूप व्यवहारवाद के स्तर से बहुत ऊपर अनुभूति रूप में ही अस्तित्ववान् था, यह कहा जा सकता है। जब मायात्मक दुष्प्रभाव के कारण पूर्ण का खण्डन हो कर भेद प्रथा प्रभासित हो जाती है, उसी अवस्था में अतद् का व्यपोहन सम्भव है।

थोड़ी और गहराई में जाकर सोचने पर यह विषय और भी विचारोत्तेजक हो जाता है। माया के स्तर पर विकल्प उल्लसित होता है और घड़े का 'यह घड़ा है' यह निश्चय होता है। यहाँ प्रयुक्त 'यह' शब्द में इदन्ता उल्लसित है। यह इदन्ता शुद्धविद्या, ईश्वर और सदाशिव स्तर तक पहुँच रखती है किन्तु वहाँ व्यवहारवाद का विषय न होकर अहन्ता के उल्लास में बिजली सी कौंधकर विलीन हो जाती है। इतने विचार के उपरान्त परिच्छेदात्मक विश्व के अनन्त पदार्थों का व्यपोहन कर घट का निश्चय विकल्प रूप से प्रमाता करता है।"

इस तरह इच्छा, ज्ञान और क्रिया स्तर पर समस्त धर्मों का अविभाग हमारे दर्शन में मान्य है। सारे भाव (पदार्थ) चिन्मय रूप से चिति में सत्तावान् हैं। वह निर्विकल्प दशा कहलाती है। यह तथ्य बौद्ध मान्यता के नितान्त विपरीत है।

एतच्च गुरुशास्त्रसंप्रदायेन अस्माभिरुक्तमित्याह

इति भैरवपरपूजातत्त्वं श्रीडामरे महायागे ।।३५१।।
स्वयमेव सुप्रसन्नः श्रीमान् शंभुर्ममादिक्षत् ।

ननु भवतु नाम एवं, तत्रापि मनोयागे एव किमङ्गादि मध्ये पूज्यमुत सर्वत्रापीत्याशङ्क्य आह

बाह्ययागे तु पद्मानां त्रितयेऽपि प्रपूजयेत् ।।३५२।।

विकल्प दशा में विभाग का परामर्श होता है। सभी एक एक पदार्थ को पृथक् पृथक् प्रथित अनुभव करते हैं। वह निर्विकल्प रूप, विकल्प स्तर पर परामृष्ट नहीं हो सकता। इसलिये यह मानना पड़ता है कि, विकल्पात्मक अविशुद्ध विमर्शमय प्रकाश दशा से आविष्ट कोई भाव पूज्यत्व प्राप्त नहीं कर सकता। इसी आधार पर हम यह भी निश्चय करते हैं कि, जो शुद्धविमर्शमयी स्वातन्त्र्य रूप शक्ति संवित् शक्ति है, वह भी इच्छा, ज्ञान और क्रिया आदि अनन्तानन्त भेद-भिन्न शक्तियों को भी स्वात्म में आक्षिप्त करती हुई ही उल्लसित है। यही शाश्वत दार्शनिक सत्य है। वहाँ विद्यमान और व्याप्त पर-प्रकाश ही सर्वात्मना पूज्य है। अन्य जितने भी अवच्छेद से अवच्छिन्न खण्डित प्रकाश हैं, वे मात्र आधार बन कर रह जाते हैं। ये उस पर-प्रकाश से अपकृष्ट होते हैं। यही आसन बन जाते हैं। परम पूज्य प्रकाश खण्डित प्रकाश के आसन पर शाश्वत अधिष्ठित रहता है। इस तथ्य में सन्देह के लिये किसी प्रकार का अवकाश नहीं रह जाता है।।३५०।।

ये सारी बातें जो ऊपर वर्णित हैं, गुरु द्वारा उपदिष्ट हैं, शास्त्रानुरूप हैं और सम्प्रदायवाद की मान्यताओं के ऊपर आधारित हैं। वही मेरे द्वारा इस वर्णन क्रम में कही गयी हैं। इसी तथ्य का यहाँ उल्लेख कर रहे हैं—

उक्त भैरव रूप शिव की परा-पूजा का सारा तत्त्व (इससे सम्बन्धित सारा का सारा गुह्य रहस्य) श्री डामर याग के सन्दर्भ में स्वयम् अत्यन्त प्रसन्न श्रीमान् शंभु ने (साक्षात् शम्भु के प्रतीक गुरुदेव ने) मुझसे कहा था।।३५१।।

अस्त्रान्तं परिवारौघमिति नो दैशिकागमः ।

कथंच एतदित्याशङ्क्य आह

अग्नीशरक्षोवाय्वन्तदिक्षु विद्याङ्गपञ्चकम् ।।३५३।।

शक्त्यङ्गानि शिवाङ्गानि तथैवात्र पुनर्द्वये ।
अस्त्रं न्यस्येच्चतुर्दिक्कं मध्ये लोचनसंज्ञकम्।।३५४।।

शास्त्रकार की इस उद्घाटित रहस्य की बात सुन कर शिष्य कह रहा है— भगवन्! यह निश्चित है कि, आप के गुरुदेव इन बातों के सन्दर्भ के अनुकूल उपदेश और उनके आचरण के आदेश दिये हैं फिर भी आप मुझे यह बतायें कि, मनोयाग प्रक्रिया क्रम में क्या मध्य में इस आङ्गिक पूजन का विधान है? कहीं ऐसा तो नहीं है कि, मनोयाग में सर्वत्र पूज्यभाव में तादात्म्य भाव से ही याग पूरा किया जाय? इस पर कह रहे हैं कि,

बाह्य याग में तो इन तीनों कमलों में पृथक् पृथक् और एक साथ न्यास पूजा करनी चाहिये किन्तु परिवारौघ (पारिवारिक सामूहिक) पूजा, हृदय से अस्त्रपर्यन्त मन्त्रों से करनी चाहिये। यह इस दैशिक आगम की परम्परा है।

इसी प्रक्रिया का स्पष्टीकरण करने के लिए ही कारिकाओं की अवतारणा कर रहे हैं—

विद्याङ्ग पञ्चकन्यास—अग्नि की आग्नेयी दिशा, ईश से अधिष्ठित ईशान कोण, यम की दक्षिण, रक्षः से पाल्य नैऋत्य और वायव्य इन पाँचों दिशाओं में विद्या शक्ति के पाँच विद्या, आत्मा, परा, परापरा, और अपरा रूप अंगों और शिव के अंगों का न्यास होना चाहिये।

दिङ्न्यास—इसी प्रकार दिशाओं के न्यास प्रसङ्ग में शक्ति और शिव का अस्त्र न्यास भी आवश्यक है। यह न्यास क्रमिक रूप से चारों दिशाओं में होना चाहिये। मध्य में लोचन[१] संज्ञक न्यास करना चाहिये। पद्म के आठों[२] पत्रों पर अघोर आदि आठ शक्तिमन्त और आठ शक्तियों का यामल न्यास किया जाना चाहिये। सभी शक्तियों से आवृत लोकपालों से समन्वित यह न्यास सर्वोत्तम न्यास माना जाता है।

---

[१] मा.वि. ८/७७ [२] स्व. त. २/५५-५७

पत्राष्टकेऽष्टकयुगमघोरादेः स्वयामलम् ।
तथा द्वादशकं षट्कं चतुष्कं मिश्रितं द्विशः ।।३५५।।

सर्वशो द्विगुणादीत्थमावृतित्वेन पूजयेत् ।
लोकपालांस्ततः सास्त्रान्स्वदिक्षु दशसु क्रमात्।।३५६।।

शूलाब्जन्यास—इसमें पद्मत्रय का वर्णन किया गया है। यह एक दण्डात्मक और तीन कमलों वाला शूल है। साधक बाह्य याग में तो यह सम्पन्न करता ही है; अन्तर्याग क्रम में इसके सम्पादन से उसका जीवन धन्य हो उठता है। शूलत्रय में एक पद्म शाम्भव, दूसरा शाक्त और तीसरा आणव होता है। ये सभी कार्य समयाचार में आते हैं। इन्हें सामय कर्म कहतें हैं। इनका साधनात्मक सन्दर्भ में सतत अनुपालन होना चाहिये।

द्वारपालन्यास—जहाँ तक द्वारपालों का प्रश्न है, इनकी पूजा में इनके विशिष्ट मन्त्रों का अस्त्रान्त प्रयोग अपेक्षित होता है। दसों दिशाओं के दिक्पालों के लिये एक साथ परिवारौघ मन्त्र या पृथक् पृथक् अस्त्रान्त मन्त्रों का प्रयोग होता है।[1] इस प्रकार त्रिशूल पर्यन्त पूजन और न्यास की विधियाँ सम्पन्न की जाती हैं। ये सारे न्यास सहस्रार की मंजिल पर पूरे हो जाते हैं। इस प्रक्रिया में शक्तितादात्म्य का दृष्टिकोण अनिवार्यतः आवश्यक है। तादात्म्य विधि का उपदेश गुरु शिष्य के उत्कर्ष के लिये अवश्य करे।

तादात्म्यावस्थान— तादात्म्य वृत्ति में अवस्थान करने वाला साधक उच्चकोटि का होता है। इसमें स्थित रह कर साधक के व्यक्ति के स्तर पर उससे सम्बन्धित विश्व का अर्पण करना चाहिये। विश्व शक्ति के चरणारविन्द में आनन्द भाव का इसी ध्यान द्वारा अनुभव करते हैं। इससे सारा देव वृन्द तृप्त हो जाता है।

जप—इतनी प्रक्रिया पूरी कर लेने पर जप का आरम्भ करना चाहिये। जप की पहली शर्त्त मन्त्र और देवतादात्म्य है। दूसरी बात ध्यान देने की यह है कि, प्रत्येक द्वारपाल का दश दशबार ही मन्त्र जप का विधान है।

---

[1] मा. वि. ८/७८

इत्थं त्रिशूलपर्यन्तदेवीतादात्म्यवृत्तितः ।
तिष्ठन्नत्रार्पयन्विश्वं तर्पयेद्देवतागणम् ।।३५७।।
ततो जपं प्रकुर्वीत प्रतिमन्त्रं द्विपञ्चधा ।

अन्तोऽन्तकः, तद्दिक् दक्षिणा। यदुक्तं

'विद्याङ्गपञ्चकं पश्चादाग्नेय्यादिषु विन्यसेत् ।
अग्नीशरक्षोवायूनां दक्षिणे च यथाक्रमम् ।।'
(मा. वि. ८।७६) इति।

यहाँ कुछ शब्दों का विश्लेषण सन्दर्भ को स्पष्ट करने के लिये आवश्यक है।

१. श्लोक ३५३ में 'अन्त दिक्' शब्द का प्रयोग आया है। इसमें 'अन्त' शब्द अन्तक (यमराज) अर्थ में प्रयुक्त है। यमराज की दिशा दक्षिण दिशा मानी जाती है। मा.वि. ८/७६ में भी इसका उल्लेख है। वहाँ कहा गया है कि,

"विद्याङ्गपञ्चक शक्तियों का न्यास आग्नेयादि दिशाओं से प्रारम्भ करना चाहिये। उस न्यास को अग्निकोण, ईशान कोण, नैर्ऋत्यकोण, वायव्य कोण और दक्षिण दिशा में क्रम से करना चाहिये।"

२. **तथैव**—इस शब्द का प्रयोग ३५४वें श्लोक में हैं। इसका अर्थ उसी प्रकार से ही' होता है। विद्या आदि ५ शक्तियों के न्यास का जो क्रम अपनाया गया है, उसी प्रकार का क्रम अर्थात् आग्नेय दिशा से ही प्रारम्भ होने वाला क्रम अपनाना चाहिये।

३. चतुर्दिक्क और लोचन— चतुर्दिक्क शब्द व्यतिरेक दृष्टि से यह निर्देश करता सा प्रतीत हो रहा है कि, दक्षिण दिशा से ही इस न्यास का प्रारम्भ करना चाहिये। मध्य में लोचन न्यास होता है। मा.वि. ८/७८ में इसकी चर्चा है। लोचन ही तो देखने का काम करता है। इसका दिक्चक्र के बीचों बीच रहना ही न्यायोचित है।

४. मिश्रित और द्विश— शक्ति और शक्तिमान् का मिश्रित रूप यामल रूप ही होता है। न्यास में यामलरूप ही ग्राह्य है। वह भी द्विगुणित रूप में।

तथैव आग्नेय्यादिक्रमेण। अत्र द्वये इति शक्तिशिवाङ्गलक्षणे। चतुर्दिक्कमिति पूर्वं हि दक्षिणस्यामेव दिशीति व्यतिरेकार्थः। मध्ये लोचनसंज्ञकमिति सर्वशेषः। मिश्रितमिति यामलरूपतया। द्विश इति द्वौ वारौ, तेन द्वादशकस्य द्विगुणत्वे चतुर्विंशतिरित्यादिः क्रमः। सर्वश इति सर्वेण अष्टकाद्यात्मना प्रकारेण यत् यत्

जैसे चतुष्क की जगह आठ बार, षट्क की जगह १२ बार और द्वादशक की जगह २४ बार न्यास का विधान है।

५. सर्वशः— सारे न्यास जो शिवाष्टक और शक्त्यष्टक से सम्बन्धित हैं— सर्वत्र द्विगुणभाव से पूजन करना आवश्यक माना गया है।

६. सास्त्रान्— लोक पालों का विशेषण शब्द है। लोकपाल अपने हाथों में अस्त्र धारण करते हैं। इसी आधार पर उन्हें हस्तगतास्त्र कहा गया है। स्वच्छन्दतन्त्र १/८७ में भी इन्हें हस्तगतास्त्र कहा गया है। इनके अस्त्र (इन्द्र का) वज्र, (अग्नि का) शक्ति, (यम का) दण्ड, (निऋृति का) खड्ग, (वरुण का) पाश, (वायु का) ध्वज, (कुबेर की) गदा, (ईशान का) त्रिशूल— इस प्रकार शास्त्र में कहे गये है। यह लोकपालाष्टक है। पूजा में प्रयोग करते समय मन्त्र में इनके अस्त्रों का प्रयोग आवश्यक है। जैसे 'ॐ ईशानाय त्रिशूल हस्ताय नमः' मन्त्र में ईशान के अस्त्र का प्रयोग है। उसी तरह सभी लोकपालों के मन्त्रों ॐ और चतुर्थी विभक्ति के साथ नाम और अस्त्रों का प्रयोग कर अन्त में नमः लगाना चाहिये। एक अन्य आगमिक उद्धरण में भी कहा गया है कि,

"लोकपाल ऐसे ही होते हैं। उनके अस्त्र बड़े ही सूक्ष्म होते हैं। वे उन्हें हमेशा हाथ में ही धारण करते हैं।"

७. श्लोक ३५७ में त्रिशूल पर्यन्त देवी का उल्लेख है। उन्हीं से तादात्म्य का भी विधान किया गया है। साधक सहस्रार में इस त्रिशूलाकार मकरन्द रस से सतत अभिषिक्त होता रहता है।।३५२-३५७।।

पूज्यं, तत् तत् द्विगुणरूपमेवेत्यर्थः। एतच्च प्रागेव संवादितम्। सास्त्रानिति हस्तगतास्त्रान्। यदुक्तं

'लोकपाला भवन्त्येवं ह्रस्वास्त्राः संप्रकीर्तिताः ।
तेषां हस्तगताः पूजा.................................।।' इति।

त्रिशूलपर्यन्तदेवीति विश्रान्तिस्थानत्वात् मातृसद्भावरूपा। द्विपञ्चधेति दशधा।।

एतदेव व्याप्तिमुखेन अपि घटयति—

एकैकस्य त्र्यात्मकत्वादभेदाच्चापि सर्वशः ।।३५८।।

एकैकस्मिन्मन्त्रे त्रितयं प्रत्येकमन्तःकृतत्रितयमस्तीति प्रतिमन्त्रं सार्वात्म्यात् नवत्वं स्वरूपस्थित्यविभागात्मना च एकत्वमिति दशधात्वम्।।३५८।।

नाभिहृत्कण्ठतालूर्ध्वकुण्डे ज्वलनवत्स्मरन् ।
मन्त्रचक्रं तत् विश्वं ज्वह्लन्संपादयेद्धुतिम् ।।३५९।।

मन्त्र व्याप्ति का स्वरूप भी बड़ा विचित्र होता है। साधक को इस सम्बन्ध में सदा सावधान रहना चाहिये। एक एक मन्त्र में त्रित्व की व्याप्ति रहती है। इच्छा, ज्ञान और क्रिया की त्रितयात्मकता का ही यह चमत्कार है। इसका परिणाम होता है कि, त्र्यात्मक होने के ये ही कारण हो जाते हैं। अपने 'स्व' रूप में रहने पर इनमें विभाग और भेद की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी अभेद भाव के कारण यहाँ एकत्व का अनुदर्शन होता है। इस प्रकार सार्वात्म्य भाव की दशा में ९ प्रकार के और अभेद दशा में १ मात्र रूप के कारण इनका दशधात्व ही शास्त्रोक्त तथ्य है।।३५८।।

नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, ऊर्ध्वकुण्ड में मन्त्रचक्र को आग की प्रज्वलित प्रदीप्ति से दमकते अंगार की तरह अनुभव का विषय बनाना चाहिये। उसी ज्वालामयी अग्नि की व्याप्ति में विश्व का प्रक्षेप करते हुए होम कर्म सम्पादित करना चाहिये। दीक्षा के उपक्रम मे हवन के बाद गुरु जिस अध्व की दीक्षा से शिष्य को कृतार्थ करना चाहता है, उसी प्रक्रिया को सम्पादित करने की इच्छा से प्रेरित होकर वह पुनः शिष्य को उसी अध्वा में अर्पित करने की प्रक्रिया अपनाये।

दीक्षाकर्मणि कर्तव्ये दीक्षां येनाध्वना गुरुः ।
चिकीर्षुर्दह एवादौ भूयस्तं मुख्यतोऽर्पयेत् ।।३६०।।

ज्वलनवदिति अतिदीप्तया। तदुक्तं

'.......................जपं पश्चात्समारभेत् ।
स्वरूपे तल्लयो भूत्वा एकैकां दशधा स्मरेत् ।।

ज्वलत्पावकसंकाशां ध्यात्वा स्वाहान्तमुच्चरेत्।
सकृदेकैकशो मन्त्री होमकर्मप्रसिद्धये ।।'

(मा. वि. ८।७८) इति।

दीक्षाकर्मणीति नतु नित्यमात्रे। येनेति तत्त्वाद्यन्यतमेन। तमिति शोध्यतया अभिमतमध्वानम्।।३६०।।

ननु एवं कृते किं स्यादित्याशङ्क्य आह

द्वादशान्तमिदं प्राग्रं त्रिशूलं मूलतः स्मरन् ।
देवीचक्राग्रगंत्यक्तक्रमः खेचरतां व्रजेत् ।।३६१।।

ज्वलनवत् मन्त्र ध्यान के सम्बन्ध में मा.वि. ८/७८-८० में कहा गया है कि,

"इसके बाद जप का आरम्भ करना चाहिये। मन्त्र के स्वरूप से तादात्म्य स्थापित कर दशधा स्मरण करना चाहिये। मन्त्रों को प्रज्वलित अग्नि के सदृश ध्यान कर उसी में स्वाहान्त उच्चारण करते हुए एक एक मन्त्र से हवन सम्पादन करना चाहिये। इस तरह होम-कर्म सिद्ध हो जाता है।"

यह सारा प्रयोग दीक्षा विधान के अन्तर्गत आता है। नित्य कर्मों के प्रयोग आदि में इस प्रकार के प्रयोग आवश्यक नहीं होते।।३५९-३६०।।

यहाँ जिज्ञासा होती है कि, इस प्रकार सारा कार्य सम्पादन करने से होता क्या है? इस जिज्ञासा का उत्तर दे रहे हैं—

मूलाधारादिद्वषट्कान्तव्योमाग्रापूरणात्मिका ।
खेचरीयं खसंचारस्थितिभ्यां खामृताशनात् ।।३६२।।

इस त्रिशूल को ऊर्ध्व द्वादशान्त तक स्मरण करना चाहिये। ऊर्ध्व द्वादशान्त इसका अन्तिम लक्ष्यात्मक योगमार्ग का अन्तिम पड़ाव है। यह प्रक्रिया मूलाधार से ही आरम्भ होती है। इस प्रकार देवीचक्र के अग्रभाग में ध्यानावस्थान प्राप्त कर लेने वाला योगी पूरे चक्रमार्ग को पार कर लेता है। उसका ऊपर जाने का काम अब समाप्त हो जाता है और वह खेचरत्व को प्राप्त कर लेता है। परबोध के प्रकाश में विचरण करने का अधिकार प्राप्त कर लेंता है।

मूलाधार चक्र से द्विषट्कान्त अर्थात् ऊर्ध्व द्वादशान्त की यह यात्रा साधक की आन्तर अन्तरिक्ष यात्रा है। इसमें कोई यन्त्र काम नहीं करता। केवल अभ्यास और तत्परता आवश्यक है। अन्तरिक्ष में प्रकृति ने पड़ाव बना दिये हैं। वहाँ विश्राम भी मिलता है। यह प्रवेश, विश्रान्ति और निर्गम का विधान प्राणापान वाह की तरह यहाँ भी काम करता है। इन पड़ावों के पद्मपत्रों पर वाक्तत्त्व के प्रतीक अक्षर मिलते हैं। आज्ञाचक्र के ॐकार के बाद यह यात्रा और भी कठिन और सूक्ष्म होती जाती है। वहाँ स्वयं व्योम विहारी बन जाना पड़ता है। आगे पर आगे विन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त के क्रमिक पार के अग्र-अग्र का प्रपूरण यह यात्रा करती है। इसी लिये इसे अग्रप्रपूरणात्मिका कहते हैं।

यह यात्रा खेचरी यात्रा है। विशुद्ध के आगे दो रास्ते फूटते हैं। एक आज्ञा हो कर और दूसरा तालु से ब्रह्मरन्ध्र होकर। सिद्ध साधक दोनों को मिला लेता है। इस आकाश में सीधे उठने के कारण वहाँ खड़े दण्ड की तरह खड़ापन प्रतीत होता है। निरोध रेखा से यह मार्ग एक दम एक हो जाता है। रोधिनी से नाद, नादान्त को पार कर शक्ति के क्षेत्र में प्रवेश मिल जाता है। शक्ति से व्यापिनी और व्यापिनी से समना तक की यह स्व संचारात्मिका यात्रा अनुभूति का विषय है। 'ख' संचार के समय स्थिति शब्द का प्रयोग महत्त्वपूर्ण है। यहाँ स्थिति प्राप्त करना वैसा ही है, जैसा भौतिक जगत् में अन्तरिक्षयान से बाहर निकल कर अन्तरिक्ष यात्री पृथ्वी के आकर्षण रहित क्षेत्र में निराधार अवस्थित हो जाता है।

इदमुक्तसतत्त्वं मूलाधारादारभ्य द्वादशान्तं यावदतितीक्ष्णमूलप्रान्तकोटिविनिविष्टदेवीचक्रं त्रिशूलमनुध्यायन्। निरावरणंपदविश्रान्त्या त्यक्तक्रमः खेचरतां व्रजेत् परबोधगगनचारी भवेदित्यर्थः। यदियमेव मूलाधारादारभ्य तालुभ्रूमध्यब्रह्मरन्ध्रलक्षणेषु खेषु सम्यक् दण्डाकारतया ऊर्ध्वचरणात्, तत्रैव निरोधात्मना च अवस्थानेन द्वादशान्ते चतुश्चतुरङ्गुलीनव्याप्त्या स्थितानां शक्तिव्यापिनीसमनात्मनां व्योम्नामापूरणात्मिका तदैकात्म्यमापन्ना, अत एव खामृतस्य परबोधानन्दस्य चरेर्भक्षणार्थतया चरणात् खेचरी तदाख्या महामुद्रा इत्यर्थः। यदुक्तं

'बद्ध्वा पद्मासनं योगी नाभावक्षेश्वरं न्यसेत् ।
दण्डाकारं तु तं तावन्नयेद्यावत्कखत्रयम्।।

निगृह्य तत्र तत्तूर्णं पूरयेत्खत्रयेण तु ।
एतां बद्ध्वा महावीरः खे गतिं प्रतिपद्यते ।।'

(मा.वि.७।१५) इति।

वहाँ 'ख' का अमृत भरा रहता है। परम बोधात्मक प्रकाश विमर्श से सतत स्रावी आनन्द सुधा का पान कोई भाग्यशाली साधक ही कर पाता है और सचमुच परमहंस हो जाता है। द्वादशान्त पीयूष मिश्रित चेतना से चिन्मय होकर मिंश्र बन जाता है। यह खेचरी स्थिति है। इसे महा मुद्रा कहते हैं। मा. वि. ७/१५-१७ तक के श्लोकों में इस मुद्रा का रूप इस प्रकार बतलाया गया है।

"योगी पद्मासन पर अवस्थित हो जाय। (इसके लिये वज्रासन का भी बड़ा महत्व है) यह सिद्ध आसन लगाकर बैठने के बाद नाभि में अक्षेश्वर बीज मन्त्र का न्यास करना चाहिये। इसके बाद दण्ड के आकार के सदृश ऊर्ध्व गतिशील होना चाहिये और वहां तक पहुंचना चाहिये, जहां तक तीन क ख कमल हैं। उसे आत्मसात् कर यथाशीघ्र 'ख' के त्रिक से उसे सम्पूरित करना चाहिये। यदि यह सिद्ध हो जाय, तो साधक महावीर हो जाता है और व्योम विहारी विहङ्गम बन जाता है।"

अतश्च इत्थं त्रिशूलव्याप्तिमजानानस्य खेचरीमुद्राबन्धेऽपि नैव परस्वरूपलाभो भवेदिति अत्र तात्पर्यम्। यदुक्तं

'इत्थमेतदविज्ञाय शक्तिशूलं वरानने ।
बद्ध्वापि खेचरीं मुद्रां नोत्पतत्यवनीतलात् ।।'
(मा. वि. ८।८१) इति।।३६२।।

अत्रैव देवीत्रयप्राधान्येन अपि व्याप्तिं दर्शयति

अमुष्माच्छाम्भवाच्छूलादूर्ध्वासयेच्चतुरङ्गुलम् ।
शाक्ते ततोऽप्याणवे तत्त्रिशूलत्रितयं स्थितम् ।।३६३।।

जो व्यक्ति त्रिशूलाब्ज की अन्तरिक्ष यात्रा का अनुभवी नहीं है, वह इस खेचरी बन्ध को नहीं कर सकता। इन सारी क्रियाओं का लक्ष्य परस्वरूप लाभ ही माना जाता है। मा. वि. ८/९१ में कहा गया है कि,

"हे प्रिये शक्तिशूल को न जान कर खेचरी मुद्राबन्ध लगा कर भी पृथ्वी तल से ऊपर नहीं उठ सकता।"

ऊपर ख त्रय को समझने के लिये श्रीत॰ द्वितीय भाग ५/९०-९१ का अवलोकन करना चाहिये ।।३६१-३६२।।

शूल त्रितय की स्थिति का विवरण दे रहे हैं—

तीन शूलों की चर्चा पहले आ चुकी है। ये क्रमशः शाम्भव, शाक्त और आणव नामक शूल हैं। यह ध्यान देने की बात है कि, जैसे लोहे के शूल होते हैं, उस तरह के निर्मित ये शूल नहीं होते। सुषुम्ना और कुण्डलिनी जागरण की दशा में प्राण के ऊर्ध्व संचरण की दशा में दण्ड की तरह सीधे ऊपर चलने से दण्ड की कल्पना की गयी है। दण्ड के ऊपर शूल की तरह ही तीन ऊर्ध्व बिन्दुओं की प्रकल्पना की जाती है, जहां परा, परापरा और अपरा शक्तियों की स्वाभाविक स्थिति होती है। दण्ड के ऊपरी भाग में स्थित इन बिन्दुओं को मिलाने से त्रिशूल सदृश आकृति होती है। अतः इन्हें त्रिशूल कहते हैं।

अमुष्मादिति पराप्राधान्येन द्वादशान्तावस्थितात्, शाक्ते इति ब्रह्मरन्ध्रादष्टाङ्गुलान्तव्याप्तिके परापराप्रधाने, ततोऽपि आणवे तत् चतुरङ्गुलं ह्रासयेदिति सम्बन्धः। तेन ब्रह्मरन्ध्रोपरि चतुरङ्गुलान्तमपराप्रधानमाणवं शूलम्। तदुक्तं

'इत्येतच्छाम्भवं प्रोक्तमष्टान्तं शाक्तमिष्यते ।
तुर्यान्तमाणवं विद्यादिति शूलत्रयं मतम् ।।'
(मा. वि. ८।८२) इति।।३६३।।

एवमपि अस्य किं स्यादित्याशङ्क्य आह—

तत्त्रिशूलत्रयोर्ध्वोर्ध्वदेवीचक्रार्पितात्मकः ।
किं कि न जायते किं वा न वेत्ति न करोति वा ।।३६४।।

किं किं न जायते इति विश्वात्मक एव संपद्यते इत्यर्थः।।३६४।।

पराशक्ति की व्याप्ति का परिवेश शाम्भव शूल कहलाता है। परापरा शक्ति प्रधान व्याप्ति वाले परिवेश को शाक्त शूल कहते हैं। इसी तरह अपरा शक्ति के परिवेश के मध्य बिन्दु को आणव त्रिशूल कहते हैं। शाम्भव सबसे ऊपरी सिरा है। उससे चार अंगुल नीचे शाक्त और उससे भी चार अंगुल नीचे आणव शूल अवस्थित है। अंगुलि माप के अनुसार भी ऊर्ध्व बिन्दु द्वादशान्त कहलाता है। विशुद्ध का स्वरचक्र, आज्ञा के हकारात्मक विसर्ग, चक्रेश्वर क्षकार, ऊँकार, विन्दु अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिनी और समना की गणना से भी सामनस ऊर्ध्व शाम्भव परा बिन्दु द्वादशान्त कहलाता है। मालिनीविजयोत्तर तन्त्र ८/८२ के अनुसार भी—

"क्रमशः शाम्भव, इसके अष्टांगुलान्त बिन्दु तक शाक्त और उसके चार अंगुल नीचे आणव ये तीन शूल हैं" शास्त्रकार की बातों का समर्थन होता है।।३६३।।

इस त्रिशूलाब्ज अवस्थान की अनुभूति हो जाने के बाद क्या होता है - यह प्रश्न छोटा पड़ जाता है। यहाँ पूछना यह चाहिये कि, इस ज्ञान के बाद क्या नहीं होता है? अर्थात् कहना यह चाहिये कि,

अत्रैव पृथग्यागे विशेषान्तरमाह—

एकैकामथवा देवीं मन्त्रं वा पद्मगं यजेत्।
यामलैक्याङ्गवक्त्रादिसदसत्ताविकल्पतः ।।३६५।।

मन्त्रमिति नवात्माद्यन्यतमम्। तच्च अत्र पद्मं दलव्याप्तपार्श्वाराद्वयमासनत्वेन चिन्त्यम्। यागश्च अत्र यामलक्रमेण, एकवीरतया वा, अङ्गवक्त्रादियोगेन, तदयोगेन वा,— इति विकल्पार्थः।।

एवं

'.....................शिवो भूत्वा शिवं यजेत्।'

उक्त शूलत्रय के क्रम से पहले आणव चक्र की अपरा देवी पुनः शाक्त चक्र की परापरा देवी और अन्त में शाम्भव चक्र की परा देवी की व्याप्ति में जिस साधक ने अपने अस्तित्व को अर्पित कर दिया है, ऐसे दैशिक शिरोमणि साधक को क्या क्या नहीं उपलब्ध होता? अर्थात् उसे सबकुछ प्राप्त हो चुका होता है। वह सर्वज्ञ हो जाता है। इसीलिये लिखते हैं कि, क्या नहीं जानता और क्या नहीं कर सकता। अर्थात् सर्वकर्तृत्व की क्षमता उसमें आ जाती है।।३६४।।

देवी के पूजन की कोई एक विधि नहीं है। इस याग के अनेक पृथक् पृथक् विकल्प हैं। साधक जो विकल्प अपनाये, उसी पथ पर आरूढ़ रहकर आगे बढ़ता जाये। अकारण करुणा वरुणालया माँ उसे अपने वात्सल्य के अमृत रस से तृप्त और अभिषिक्त कर देती है। अपने हाथों का सहारा देकर उसे उबार लेती है। उसी याग के विकल्पों का उल्लेख कर रहे हैं—

तीनों में से क्रमशः एक एक को अथवा किसी एक को आराध्य के रूप में निश्चय कर उसमें सर्वात्मना समर्पित होने की प्रक्रिया अपनानी चाहिये। यह प्रक्रिया ही याग है। इसे देवी याग कह लीजिये। कोई अन्तर नहीं पड़ता। इस याग में मन्त्रों के जप का भी विधान है। श्लोक ३५८ में नवमन्त्रों की चर्चा आ चुकी है। ये शूलाब्ज देवी के कमल के आसन हैं। देवी के ये विश्रान्ति के आधार हैं। इन कमलों पर विराजमान देवी के अनुरूप मन्त्रों का जप आवश्यक है।

इत्यादिदृशा प्राणादावात्मनि शिवीभावं भावयित्वा बाह्ययागं कुर्यादित्याह

इत्थं प्राणाद्व्योमपदपर्यन्तं चेतनं निजम् ।
शिवीभाव्यार्चनायोगात्ततो बाह्यं विधिं चरेत् ।।३६६।।

इत्थमिति अन्तर्यागक्रमेण। व्योमेति शून्यम्।।

ननु अन्तश्चेत् यागः कृतः, तत् किं बाह्येनेत्याशङ्क्य आह

यह याग एक पावन अन्तर्याग है। यह तादात्म्य की प्रतिपत्ति का प्रतीक है। इसे शक्ति-शक्तिमान् के यामल भाव से कीजिये तो भी उत्तम, एकात्मक अनन्य भाव से ही कीजिये तो क्या पूछना। यह तो सर्वोत्तम विकल्प है। देवी के शरीर और अवयवों का प्रकल्पन कर उसके अनुसार कीजिये। पहले माँ को पादुका दें, पद प्रक्षालन स्नान उद्वर्तन वस्त्र अलंकार आदि से विभूषित करें। कङ्कतिका से माँ की केशराशि का सुधार और धूप दीप नैवेद्य ताम्बूलार्पण करें और ऐसी कृपामयी माँ को निहारते हुए उसका जप करें— आप धन्य हो उठेंगे।

यदि यह सम्भव न हो तो एक राजमार्ग उस तक पहुंचने का अभी शेष बचा है। इस राजमार्ग का नाम निराकार याग! आप उच्चार, करण, ध्यान, वर्ण और स्थान सब कुछ उसके चरणों में निछावर कर दें, मानसिक चिन्तन से चेतना की रोचिष्णुता से चारुतम चिन्मयता में समा जायें अथवा अकिंचित् चिन्तन की स्थिति में बैठकर प्रतिबोध बद्ध हो जायें! ये सारे विकल्प मातृसद्भाव की पराभावसमृद्धि से आपको विभूषित कर देंगे। इसमें सन्देह नहीं।।३६५।।

आगमिक सिद्ध पुरुष यह उपदेश देते हैं कि, "------शिव हो कर ही शिव की पूजा करनी चाहिये"। इस दृष्टि से प्राण आदि और स्वात्म में भी शिवीभाव का भावन कर बाह्य याग करना चाहिये। यही कह रहे हैं— इस प्रकार प्राण से व्योमपद पर्यन्त स्वात्म चेतन पुरुष को शिवीभाव में ला कर अर्चना के योग से इस बाह्य याग विधि का सम्पादन करना चाहिये। शिवीभाव से भावित करना तो अन्तर्याग है। इसी क्रम से बाह्य याग की विधि अपनानी चाहिये। श्लोक में व्योम शब्द शून्य औन्मनस पद की ओर भी सङ्केत करता है।।३६६।।

बहिर्यागस्य मुख्यत्वे सिद्ध्यादिपरिकल्पिते ।
अन्तर्यागः संस्क्रियायै ह्यन्यथार्चयिता पशुः ।।३६७।।

यस्तु सिद्ध्यादिविमुखः स बहिर्यजति प्रभुम् ।
अन्तर्महायागरूढ्यै तयैवासौ कृतार्थकः ।।३६८।।

मुख्यत्वे हेतुः सिद्ध्यादिपरिकल्पते इति। संस्क्रियायै इति प्राणादेः। अन्यथेति यदुक्तं

'अकृत्वा मानसं यागं योऽन्यं यागं समारभेत् ।
अशिवः स तु विज्ञेयो न मोक्षाय विधीयते।।'

(स्व. ३।३२) इति।

प्रश्न बड़ा सुन्दर है और साधकों के लिये उपयोगी भी। अन्तर्याग के बाद बाह्य याग क्यों? अब तो इस बाह्य याग की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिये? इसका समाधान कर रहे हैं—

सिद्धि आदि के लिये परिकल्पित यागों में बहिर्याग की मुख्यता स्वयंसिद्ध है। अन्तर्याग बहिर्याग की संस्कार प्रक्रिया को पूरा करता है। जो अर्चक बहिर्याग के पहले अन्तर्याग नहीं करता, वह पशु सदृश हो जाता है। अन्तर्याग से प्राण आदि संस्कृत हो जाते हैं। स्व. तन्त्र ३/३२ में लिखा गया है कि,

"बिना मानस याग किये जो दूसरा कोई याग आरम्भ करता है, वह अशिव आरम्भ माना जाता है। इससे मोक्ष नहीं मिल सकता"।

जो सिद्धि आदि की प्रक्रिया से विमुख रहता है, जीवन में किसी प्रकार की सिद्धि नहीं चाहता और बाहर पुरुषोत्तम परमाराध्य की आराधना करता है, वह उत्तम कोटि का आराधक माना जाता है। इससे उसके अन्तर्महायाग की परिपक्वता ही होती है। उसी अन्तर्महायाग की रूढ़ि से वह कृतार्थ हो जाता है।

बाह्य याग की यह विशेषता होती है कि, जिस समय साधक न्यास आदि से अपने शरीर को शिवी भाव से भरता है, उस समय उसका परिष्कार हो जाता

तयैवेति अन्तर्महायागरूढ्या। देहस्य हि न्यासादिना शिवीभावो वृत्तः, प्राणबुद्धिशून्यानां तु अन्तर्यागेनेति किमवशिष्यते यद्बहिर्यागेन कार्यमिति।।३६८।।

इह आरुरुक्षूणां बाह्यक्रमेण आन्तरीयवृत्तिरूढिर्जायते इति क्षेत्र-ग्रहाद्युपक्रमं बाह्ययागं वक्तुमाह

कृत्वान्तर्यागमादाय धान्याद्यस्त्रेण मन्त्रितम् ।
दिक्षु क्षिपेद्विघ्ननुदे संहृत्यैशीं दिशं नयेत् ।।३६९।।
निरीक्षणं प्रोक्षणं च ताडनाप्यायने तथा ।
विगुण्ठनं च संस्काराः साधारास्त्रिशिरोमते ।।३७०।।

है। यह ध्यान देने की बात है कि, जो साधना से प्राणजित हो गया होता है, जिसकी देह भाव से ऊपर स्थिति हो चुकी होती है और देहाध्यास पूरी तरह समाप्त हो गया होता है, ऐसे अन्तर्याग परायण साधक को कोई करणीय शेष नहीं रहता। अब उसे बहिर्याग से कुछ लेना देना नहीं रहता।।३६७-३६८।।

साधक जब आराध्य की आराधना के शिखर पर चढ़ना चाहता है और उसके लिये पहाड़ की चढ़ाई की विधि अपना कर आगे बढ़ने के लिये अग्रसर होता है, तो उसे आरुरुक्षु कहते हैं। ऐसे लोगों को बाह्यक्रम अपनाना ही पड़ता है। बाह्यक्रम अपनाने से अन्तर्वृत्ति में रूढ़ता आती है। इसी हेतु यह जानना आवश्यक हो जाता है कि, बाह्ययाग का विधान कैसे हो? इसमें क्षेत्रग्रह आदि प्रक्रियायें तो अत्यन्त आवश्यक होती हैं— उसी क्रम के कथन का उपक्रम कर रहे हैं—

पहले अन्तर्याग सम्पन्न कर ले। इसके बाद अस्त्र मन्त्र से अभिमन्त्रित धान्य आदि लेकर विघ्नों के निराकरण के लिये बाहर प्रक्षिप्त करे। फिर प्रक्षिप्त अन्न का अस्त्र मन्त्र से संवरण कर ईशान दिशा में ले जाय। उनका निरीक्षण, प्रोक्षण, ताड़न, आप्यायन और अवगुंठन संस्कार करे, त्रिशिरोभैरव मत के अनुसार यह प्रक्रिया आरुरुक्षु को सम्पादित करनी चाहिये। यही नहीं, इसे साधार संस्क्रिया मानते हैं। सब कामों को प्रारम्भ करने की यह आधार क्रिया मानी जाती है।

गोमूत्रगोमयदधिक्षीराज्यं मन्त्रयेन्मुखैः ।
ऊर्ध्वान्तैरङ्गषट्केन कुशाम्ब्वेतेन चोक्षयेत् ।।३७१।।

इसके बाद गोमूत्र, गोबर, दही, दूध और गाय का घी यह अलग अलग पात्र में रख कर इन्हें अभिमन्त्रित करे। सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान ये पञ्चब्रह्म माने जाते हैं। यही शिववक्त्र भी कहलाते हैं। १५।२०४ में इनकी उल्टी गणना का निर्देश है। यहाँ गोमूत्र सद्योजात, गोमय वामदेव, दही अघोर, क्षीर तत्पुरुष और आज्य ईशान के मुख में अभिमन्त्रित करने का निर्देश है। यह पञ्च गव्य है। ६ अङ्गों के रूप में हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्रत्रय और अस्त्र माने जाते हैं। कुश से गव्य-जल से इनका प्रेक्षण करना चाहिये। यह पञ्चगव्य क्रम है।

इसके बाद भूमिपूजा होनी चाहिये। इसमें भूतत्त्व के आधार शेषनाग का पूजन करना चाहिये। शिष्य के लिये पञ्चगव्य बचाकर रखते हैं। कुश से पञ्चगव्य जल छिड़काव करते हैं। यह बाह्य अशुद्धि को दूर करता है। लौकिक अशुद्धि को नष्ट करने के बाद आन्तरी अशुद्धि को नष्ट करने के लिये अलौकिक मन्त्र प्रयोग होता है।

यहाँ कुछ ऐसे शब्द हैं जिनके विवरण आवश्यक हैं। जैसे—

१. **धान्यादि**—श्लोक ३६९ में दिशाओं में विकीर्ण करने के लिये धान्यादि का उल्लेख किया गया है। धान्यादि में कितने धान्य गृहीत हैं और इसे क्या कहते हैं, इसके लिये आगमिक उद्धरण यहाँ दिया गया है। उसके अनुसार "तिल, लावा, यव और दूर्वा ये सिद्धि प्रदायक अन्न होने चाहिये। साथ ही श्वेत रंभा के सुगन्धित कुसुम जो चन्दन के घिसे हुए घोल से सिक्त हों, उसमें अर्थात् धान्य में मिश्रित हों, ये सभी परिगृहीत हैं। इन्हें विकिर कहते हैं।"(पृ.२९२)

२. **अस्त्र मन्त्रित**—उसी श्लोक में धान्यादि विकिर के विशेषण के रूप में इस शब्द का प्रयोग किया गया है। इस सम्बन्ध में (पृ. २९२) भी उद्धरण दिया गया है। इसके अनुसार "जितने भी विकिर द्रव्य हैं, इन्हें अस्त्र से अभिमन्त्रित करना चाहिये। यह अभिमन्त्रण सात बार होना चाहिये। पहले

भूमिं शेषं च शिष्यार्थं स्थापयेत्पञ्चगव्यकम् ।
पञ्च गव्यानि यत्रास्मिन्कुशाम्बुनि तदुच्यते ।।३७२।।

पञ्चगव्यं जलं शास्त्रे बाह्याशुद्धिविमर्दकम् ।
लौकिक्यामविशुद्धौ हि मृदितायामथान्तरीम् ।।३७३।।

अशुद्धिं दग्धुमास्थेयं मन्त्रादि यदलौकिकम् ।

अत्र च

'तिला लाजा यवाश्चैव दूर्वाः सिद्धार्थकाः शुभाः ।
कुसुमानि च शुक्लानि ससुगन्धीनि भूरिशः ।।
ईषच्चन्दनपङ्केन मिश्रोऽयं विकिरः शुभः ।

इति धान्यादि ज्ञेयम्। मन्त्रितमिति सप्तधा। यदुक्तं

दिशाओं के मध्य में ऊपर की ओर और नीचे भूमि पर ही विकीर्ण करते हुए यह प्रकल्पन करना चाहिये कि, ये सचमुच अस्त्र ही हैं। श्वेत चामर में अस्त्र मन्त्र का प्रयोग करते हुए इन्हें निर्ऋति क्रम से ईशान कोण तक बटोर कर ईशान कोण में ही फेंक देना चाहिये।''

३. **साधार**—५ संस्कार यहाँ वर्णित हैं। इनका प्रयोग कर्मकाण्ड के सभी कार्य-कलापों में आवश्यक माना जाता है। ये आधारभूत कार्य हैं। इसीलिये इन्हें साधार कहते हैं। इनकी चर्चा स्नान प्रकरण में १५/७०-७१ में भी की गयी है।

४. भूमि शब्द से पृथ्वी की पूजा का मुख्यतः कथन तो है, पर निर्विघ्नता की भूमि गणेश और सारे कर्म की भूमि शास्त्र भी माने जाते हैं। अतः भूमि कहने से गणेश और शास्त्रों का अन्तर्भाव भी हो जाता है। इस लिये भूमिपूजन के प्रकरण में पहले गणेश का और शास्त्रों की पूजा कर लेनी चाहिये।

५. **गव्य**—गो (इन्द्रियाँ, विद्युत्तत्त्व, जीवनीशक्ति) के लिये हितकर कल्याणकारी पदार्थ ही गव्य कहलाते हैं। गाय से उपलब्ध, गोमूत्र, गोमय, दूध,

'शिवाम्भसास्त्रयुक्तेन विकिराण्यभिमन्त्रयेत् ।
सप्तकृत्वोऽस्त्रमन्त्रेण स्थित्वा मध्ये तु प्राग्दिशः ।।

ऊर्ध्वाधो विकिरेद्धान्यान्यस्त्रभूतानि चिन्तयेत् ।
चामरेण सुशुभ्रेण अस्त्रमन्त्रेण संहरेत् ।।
ऐशान्यभिमुखान्येव नैर्ऋताद्यावदैश्वरम् ।।इति।।

साधारा इति सर्वकर्मसु। संवादितं च एतत् स्नानप्रकरणे। मन्त्रयेदिति अर्थात् पृथक् पृथक् पात्रस्थम्। ऊर्ध्वान्तैरिति तेन गोमूत्रं सद्योजातेन, यावदीशानेन आज्यमिति क्रमः। एतेनेति गोमयादिसंयोजितेन। भूमिमित्यनेन पञ्चगव्यानन्तरं भूगणेशास्त्राणां पूजनमुपक्रान्तम्। पञ्चगव्यशब्दं व्युत्पादयति— पञ्च गव्यानीत्यादि। गोभ्यो हितानि गव्यानि पञ्च गव्यानि समाहृतानि विद्यन्ते यस्मिन् कुशाम्बुनि, तत् तथेति। आस्थेयमिति अनुसन्धातव्यमित्यर्थः।।३६९-३७३।।

अत एव आह

फादिनान्तां स्मरेद्देवीं पृथिव्यादिशिवान्तगाम् ।। ३७४।।

संहारक्रमस्य हि आन्तरीमशुद्धिं दग्धुमौचित्यमिति एवमुक्तम्।।३७४।।

दही और घी ये पाँचों मिलकर पञ्च गव्य होते हैं। ये समस्त अशुद्धियों के विमर्दक तत्त्व द्रव्य हैं। कुशों से इस जल का प्रयोग होता है।

६. **आस्थेयम्**—श्रद्धा पूर्वक विश्वास को आस्था कहते हैं। किसी वस्तु पर जब हम गम्भीरतापूर्वक विचार करते हैं, उसकी उपयोगिता, स्थिति और गुणवत्ता की बात सोचते हैं, तब विषय आस्थेय हो जाता है। दूसरे शब्दों में इसे अनुसन्धान योग्य विषय कह सकते हैं। मन्त्रों द्वारा अशुद्धि का निराकरण भी एक ऐसा ही विषय है, जो अनुसन्धान करने योग्य है।

मालिनी रूप देवी-शक्ति की महाविद्या को संहार क्रम के अनुसार फ (पृथ्वी तत्त्व) से लेकर न (शिव) तत्त्व तक का इस अवसर पर अर्थात् कुशाम्बु प्रोक्षण के समय स्मरण करना चाहिये। इस विधि को अपनाने से बाह्याभ्यन्तरात्मिका उभय शुद्धि सम्पन्न हो जाती है।।३७४।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेन्मध्ये धूपगन्धासवादि च ।
तथैव दद्याद्यागौकोमध्ये तेनाशु विग्रहम् ।।३७५।।

समस्तं देवताचक्रमधिष्ठातृ प्रकल्प्यते ।
अनन्तनाले धर्मादिपत्रे सद्वैद्यकर्णिके ।।३७६।।

षडुत्थे गन्धपुष्पाद्यैर्गणेशं ह्यैशगं यजेत् ।
उत्थितं विघ्नसंशान्त्यै पूजयित्वा विसर्जयेत् ।।३७७।।

.... ।
ततः कुम्भं परामोदिद्रवद्रव्यप्रपूरितम् ।।३७८।।

यह अशुद्धि कैसे ध्वस्त होती है, इसी अनुसन्धान के क्रम में एक ऐसी अपूर्व विधि का शास्त्रकार निर्देश कर रहे हैं, जिसमें संहार क्रम ही अपनाया गया है—

वास्तव में अशुद्धि है क्या? संकोच ही अशुद्धि है। जब शिव अपने अखण्ड स्वरूप से विश्व की पार्थक्य प्रथा को (संकोच को) अपना लेते हैं, उसकी अन्तिम सीमा यह पृथ्वी ही मानी जाती है। यही अन्तिम तत्त्व है। हमारी शुद्धि का क्रम पृथ्वी से चलता है और चलना भी चाहिये। शुद्ध होते होते हमें शिव ही बनना है। शिवोऽहं की पूर्णानुभूति प्राप्त करनी है।

इस प्रक्रिया का पूरा प्रारूप मालिनी विद्या में निहित है। सृष्टि क्रम में मालिनी न-फ प्रत्याहार द्वारा व्यक्त होती है। पर अशुद्धि के ध्वंस के लिये संहार क्रम से यात्रा कर शिव पर्यन्त पहुंचना आवश्यक है। इसके लिये 'फ' (पृथ्वी तत्त्व) से लेकर 'न' (शिव) तक पहुँचने की विधि अपनानी पड़ती है। यही तथ्य इस अर्द्धाली द्वारा व्यक्त कर रहे हैं—

इसके बाद बीच में ही पुष्पाञ्जलि का अर्पण करना चाहिये। केवल फूलों की अञ्जलि ही नहीं, अपितु धूप, गन्ध और शिवप्रिय प्रेय पेय-आसव आदि का भी अर्पण होना चाहिये। याग गृह (यज्ञ मण्डप) में यह क्रिया अत्यन्त

पूजितं चर्चितं मूलमनुना मन्त्रयेच्छतम् ।
असिना कर्करीं पूर्वमस्त्रयागो न चेत्कृतः ।।३७९।।

तमैशान्यां यजेत्कुम्भं वामस्थकलशान्वितम् ।
ततः सौरदिगाश्रित्या सास्त्रांल्लोकेश्वरान्यजेत् ।।३८०।।

गन्धपुष्पोपहाराद्यैर्विधिना मन्त्रपूर्वकम् ।
ततः शिष्योऽसिकलशीहस्तो धारं प्रपातयन् ।।३८१।।

महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसका सुखद पक्ष यह है कि, इससे सारा देवता चक्र अपने सूक्ष्म विग्रह में वहाँ आ विराजमान होता है। एक तरह यह स्थान समस्त देवों का अधिष्ठान बन जाता है। पुष्पाञ्जलि प्रक्षेप के सम्बन्ध में मा. वि. ८/८९ में कहा गया है कि,

"वास्तु याग प्रक्रिया में जो बात विशेषतः करणीय है, वह यह कि, मालिनी विद्या का उच्चारण करते हुए शिष्य को तत्त्वों का क्रमिक ध्यान करना चाहिये। अंजलियों में फूल हों, मुख से संहार क्रम से मालिनी विद्या का उच्चारण हो और क्रमिक रूप से अध्वागत तत्त्वव्रात का शक्तिपर्यन्त ध्यान करते हुए नकार (शिव) तक बोल कर पुष्पाञ्जलि का प्रक्षेप करना चाहिये।।३७५।।

गणेश पूजा के क्रम में छः प्रकार से उन्नत आसन की कल्पना की गयी है। इसे षडुत्थ आसन की संज्ञा दी जाती है। यह अनन्त नाल पर उदित पद्म के समान होता है। इसके पत्र के रूप में धर्म आदि गुण प्रकल्पित किये जाते हैं। इस कमल की कर्णिका सद्विद्यामयी है। ऐसे कमलासन पर गन्ध पुष्प आदि से गणेश की पूजा करनी चाहिये। इसका सारा विधान ऐशग अर्थात् ईशान दिशा को लक्ष्य कर ही पूरा किया जाता है। विघ्न निवारण के लिये सदा तत्पर, शाश्वत, उत्थित, भगवान्, गणेश की पूजा का उद्देश्य ही विघ्नों का विनाश होता है। इस प्रकार पूजा करने के बाद इनका विसर्जन करना चाहिये।

गुरुणा कुम्भहस्तेनानुव्रज्यो वदता त्विदम् ।
भो भोः शक्र त्वया स्वस्यां दिशि विघ्नप्रशान्तये।।३८२।।

सावधानेन कर्मान्तं भवितव्यं शिवाज्ञया ।
त्र्यक्षरे निर्ऋतिप्राये नाम्नि भोःशब्दमेककम् ।।३८३।।

अपासयेद्यतो मन्त्रश्छन्दोबद्धोऽयमीरितः।
तत ऐश्यां दिशि स्थाप्यः स कुम्भो विकिरोपरि।।३८४।।

यहाँ कुछ बातें इसी सन्दर्भ में समझनी हैं। जैसे—

१. अनन्त नाल— अनन्त विष्णु का पर्यायवाची शब्द है। विष्णु की नाभि से कमलोत्पत्ति की कथा पुराण प्रसिद्ध है। उसी तरह इस दर्शन से भी अनन्तेश्वर से सृष्टि की कल्पना की गयी है। अनन्तेश्वर ही माया के माध्यम से सर्जन-प्रक्रिया संचालित करते हैं। वही सृष्टि के अधिष्ठाता देव हैं। अनन्त से अर्थात् अनन्तेश्वर शिव से नाल रूप उन्मेष मयी संसृति का प्रवर्तन ही अनन्त-नाल शब्द से अभिहित है।

२. धर्मादिपत्रवाला पद्म— धर्म दश माने जाते हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अकाल्लुष्य, अक्रोध, गुरु शूश्रुषा, शौच, सन्तोष और ऋजुता ये दश ही धर्म हैं।[1] इसी दशपत्रात्मक पद्म पर श्री गणेश विराजमान होते हैं।

३. सद्वैद्यकर्णिक कमल— सद्विद्या शुद्धाध्व का पहला तत्त्व है। इस धर्मपत्र मय कमल की कर्णिका में सद्विद्या विराजमान रहती है।

४. षडुत्थ— मा. वि. ८/९३ में लिखा गया है कि,

"इस आसन को छः प्रकार से उन्नत इस आधार पर मानते हैं। १. उसमें भगवान अनन्त का भी उल्लास प्रकल्पित है। २. धर्म, ३. ज्ञान, ४. वैराग्य, ५. ऐश्वर्य और ६ कर्णिका का भी उल्लास रहता है। यह शब्द आसन का ही विशेषण है।

---

[1] स्व. तन्त्र १०/१०९१

दक्षिणे चास्त्रवार्धानीं स्थाप्या कुम्भस्य सांप्रतम्।

दद्यादित्यत्र च्छेदः। तेनेति पुष्पाञ्जलिक्षेपादिना हेतुना। तदुक्तं

वास्तुयागं ततः कुर्यान्मालिन्युच्चारयोगतः ।
पुष्पैरञ्जलिमापूर्य फकारादि समुच्चरन् ।।
ध्यात्वा शक्त्यन्तमध्वानं नकारान्ते विनिक्षिपेत् ।'
(मा. वि. ८।८९) इति।

सद्वैद्यकर्णिके इति सती शुद्धविद्यैव वैद्यं कर्णिका यत्र तस्मिन्विद्या पद्मरूपे इत्यर्थः। षडुत्थे इति। यदुक्तं

---

५. ऐशग— ईशान दिशा में ही पुष्प प्रक्षेप और उसी दिशा में विसर्जन! यह सब ईशान दिशा की ओर गतिशीलता के कारण ऐशग कहलाता है।

६. उत्थित— विघ्न विनाश के लिये पूर्ण तैयारी में खड़े रूप में प्रकल्पित। मा.वि. ८/९२ के अनुसार— 'ग' अक्षर के साथ सानुस्वार छः दीर्घ स्वरों से निर्मित बीज अक्षरों में गणेश का धूप दीप नैवेद्य आदि सब उपचार अर्पित करना चाहिये। उक्त बीजाक्षर ही उसके अंग हैं। त्रिनेत्र, गजवदन, वामनाकृति भगवान् गणेश्वर को सर्वदोदित भाव से स्मरण पूजन करना चाहिये।

इस ३७७वें श्लोक के बाद एक सादी रेखा है, जो पुस्तक की जीर्णता के कारण पढ़ी न जा सकी। किन्तु वहाँ उस पंक्ति में कौन से शब्द थे, इस बात का पता विवेक वृत्तिकार आचार्य श्री जयरथ की व्याख्या से चल जाता है। वहाँ क्रमशः 'सिद्धिकामस्य' आशावृत्तास्त्रकलश' 'पश्चात्' और 'होम' ये चार शब्द अवश्य रहे होंगे। इसमें भी सिद्धि के पश्चात् और होम ये तीन अविकल ज्यों के त्यों रहे होंगे। बीच के शब्द का श्लोक-पूर्ति की दृष्टि से कुछ दूसरा विकल्प भी सोचा जा सकता है।

रिक्त पंक्ति में जयरथोक्त व्याख्या के आधार पर निश्चित शब्दों का क्रमिक विवरण इस प्रकार है—

१. सिद्धिकामस्य— जो साधक बुभुक्षु होता है, उसे ही यह सारी विधि पूरी करनी होती है। ज़ो मुमुक्षु है, उसके लिये इस प्रक्रिया की कोई आवश्यकता नहीं होती। मा. वि. ८/९२ में लिखा है कि,

'दत्त्वानन्तं तथा धर्मं ज्ञानं वैराग्यमेव च ।
ऐश्वर्यं कर्णिकां चेति षडुत्थमिदमासनम् ।।'

(८।९३)इति।

ऐशगमिति

'........................ऐशीं दिशं नयेत् ।'(३६९)

इति तत्रैव कर्मणः प्रक्रान्तत्वात्। उत्थितमिति विघ्नौघनिवारणोद्युक्तत्वात्। तदुक्तं

'गौ इत्यनेन विघ्नेशं गन्धधूपादिभिर्यजेत् ।
तस्याङ्गानि गकारेण षड्दीर्घह्रस्वयोगतः ।।

"------सिद्धिकाम अर्थात् बुभुक्षु शिष्य के द्वारा महास्त्र का अनुपूजन करना चाहिये।"

२. आशा इति— आशा दिशा का पर्यायवाची शब्द है। आशायें आठ मानी जाती हैं। प्रति दिशा में अस्त्र मन्त्रों के साथ इनका प्रयोग करना चाहिये। मालिनी विजयोत्तर तन्त्र में ८/९४-९८ तक के श्लोकों में इस सम्बन्ध में उल्लेख है कि,

"इस षडुत्थ आसन पर खड्ग और खेटक (चर्मास्त्र) धारण करने वाले विकराल, महादंष्ट्र, डरावनी आकृति वाले, अत्यन्त उग्र, भौहों की वक्रता से भीषण, अपने छः मुख्य अंगों से संयुक्त दिशाओं के पालक लोकपालों से घिरे हुए, सोने जैसी शारीरिक शोभा से भरपूर, फट् कार युक्त मंत्रों से उद्दीप्त गणपति का स्मरण अनिवार्यतः आवश्यक है। स्मरण मात्र से विघ्नों का विनाश वे करते हैं।

इसके बाद अष्टमातृकाओं का न्यास करना चाहिये। इन्द्राणी को पूर्व पत्र में स्मरण करना चाहिये। उनके हाथ में वज्र हो, ऐसा देवी विग्रह ही स्मरणीय है। अग्नि कोणीय पत्र में शक्तिहस्ता, आग्नेयी देवी का स्वरूप स्मरणीय है। दक्षिण पत्र पर दण्डहस्ता याम्यादेवी, इसी तरह निऋृति, प्रतीची, और वायु दिशा के पत्रों पर क्रमशः खड्गधारिणी नैऋृति देवी, पाशहस्ता वारुणी और ध्वजहस्ता वायवी देवी का स्मरण करना चाहिये। उत्तर पत्र में मुद्गरधारिणी कौबेरी और ईशानपत्र पर शूलहस्ता ईशानी देवी का चिन्तन शास्त्र में निर्दिष्ट है।"

त्रिनेत्रमुदितं ध्यात्वा गजास्यं वामनाकृतिम्।' (८।९२) इति।

सिद्धिकामस्येति न मुमुक्षोः। यदुक्तं

'..........सिद्धिकामस्तु महास्त्रमनुपूजयेत।'(८।९२)इति।

आशेति आशासु सास्त्रेण मात्रष्टकेन आवृतं युक्तमित्यर्थः। तदुक्तं

'अस्योपरि न्यसेद्ध्यात्वा खड्गखेटकधारिणम् ।
विकरालं महादंष्ट्रं महोग्रं भ्रुकुटीमुखम् ।।

स्वाङ्गषट्कसमोपेतं दिङ्मातृपरिवारितम् ।
स्वार्णैरिवाङ्गषट्कं तु फट्कारपरिदीपितम् ।।

---

३. पश्चात् होमः-रिक्त रेखा का यह चतुर्थ शब्द है। अस्त्रयाग कर लेने के बाद ही हवन करना चाहिये, यह इसका प्रासङ्गिक अर्थ वहाँ आक्षिप्त होता है। होम भी उसी संख्या में होना उचित है। इस विषय में मा.वि. ८/१०० में कहा गया है कि,

"पहले कलश स्थापन, आवाहन, पूजन आदि उपचार पूरा करना चाहिये। कलश सहस्राधिक मंत्रों से मन्त्रित होना चाहिये। उसके बाद एक हजार आहुति देनी चाहिये। तदनन्तर इतना ही जप का विधान है। पुनः विसर्जन करना उचित है। पूर्णाहुति रूप अष्टोत्तर शत यजन के विधान की बात भी इस प्रसङ्ग में आवश्यक है"।।३७६-३७७।।

इसके बाद सर्वोत्तम, श्रेष्ठ, प्रसन्नता प्रदान करने वाला एवं सर्वोत्तम आमोद (सुगन्धि) से समन्वित, चर्चित एवं पूजित कलश, जो शिवाशिव प्रिय द्रव द्रव्य संप्रपूरित है, उसको मूल मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करना चाहिये। यदि पहले मुमुक्षु दीक्षा के सन्दर्भ में अस्त्र याग न हुआ तो, छुरिका से छिन्न किये हुए सछिद्र पात्र रूपी कर्करी की तरह यहाँ भी अस्त्र-याग का विधान करना उचित होता है।

तद्रूपमेव संचिन्त्य ततो मात्रष्टकं न्यसेत् ।
इन्द्राणीं पूर्वपत्रे तु सवज्रां युगपत्स्मरेत् ।।

आग्नेयीं शक्तिहस्तां च याम्या दण्डकरां ततः ।
नैर्ऋतीं वारुणीं चैव वायवीं च विचक्षणः ।।

खड्गपाशध्वजैर्युक्तां चिन्तयेद्युगपत्प्रिये ।
कौबेरीं मुद्गरकरामीशानीं शूलसंयुताम् ।।'
(८।९८) इति।

पश्चादिति अस्त्रयागस्य। होमेऽपि अत्र तत्संख्याक एव अर्थाक्षिप्तः। यदुक्तं

प्रधान कलश की ईशान कोण में पूजा होती है। उस प्रधान कुम्भ के वाम भाग में एक छोटा कलश और भी रखना चाहिये। इन दोनों कलशों में एक साथ पूज होनी चाहिये। इसके बाद सौरी दिशा से प्रारम्भ कर अस्त्र सहित लोकपालों की पूजा होनी चाहिये। इस पूजा में पञ्चोपचार या षोडशोपचार पूजा अपनायी जाती है।

इस प्रसङ्ग के कुछ विशिष्ट विचारणीय शब्द इस प्रकार हैं। जैसे—

१. परामोदि - श्लोक ३७८ में यह शब्द प्रयुक्त है। यह द्रवद्रव्य का विशेषण है। शिवप्रिय आसव आदि द्रव्य ही शिवाम्बु कहलाते हैं। इनका निर्माण श्रेष्ठ सुगन्धित द्रव्यों से होता है, जिनके ग्रहण करने पर अखण्ड आनन्द की अनुभूति होती है।

२. चर्चित— सुवासित, सुगन्धित, विभूषित आदि अर्थों में इसका प्रयोग होता है। जैसे चन्दन चर्चित, चूतपत्रचर्चित और किसलयपत्रचर्चित। सुशोभित कलश पर आम्रपल्लव लगा देने से, उसकी शोभा में अभिवृद्धि हो जाती है। यों चर्चित का अर्थ प्रसिद्ध और कथित भी होता है पर यहाँ विभूषित अर्थ में ही यह शब्द प्रयुक्त है।

३. कर्करी मन्त्रण— छुरिका द्वारा कर्करी (करवा) पात्र को सौ बार अस्त्र मन्त्र से अभिमन्त्रित करना भी इस याग की एक विशेषता है। मा.वि. ८/१०१-१०३ श्लोकों में कहा गया है कि,

'आदौ च कलशं कुर्यात्सहस्रादिकमन्त्रितम् ।
सहस्रं होमयेत्तत्र ततो जप्त्वा विसर्जयेत् ।।

शतमष्टोत्तरं पूर्णं...................।' (८।१००) इति।

तत इति अस्त्रकलशपूजाद्यनन्तरम्। परामोदीति अनेन प्राधान्यात् मताद्युक्तम्। चर्चितमिति चूतपल्लवादिभिः। असिना कर्करीं शतं मन्त्रयेदिति सम्बन्धः। तदुक्तं

'तत्रादौ कुम्भमादाय हेमादिमयमव्रणम् ।
सर्वरत्नौषधीगर्भं गन्धाम्बुपरिपूरितम् ।।

चूतपल्लववक्त्रं च स्रक्सूत्रकृतकण्ठकम् ।
रक्षोघ्नतिलकाक्रान्तं सितवस्त्रद्वयावृतम् ।।

"इसके बाद यथावित्त स्वर्णकुम्भ आदि कोई सुन्दर घड़ा लेकर यह परीक्षा कर ले कि, इसमें कोई छेद इत्यादि विकृति नहीं है। फिर उसे समस्त उचित मन्त्रों से अभिमन्त्रित औषधियों से युक्त सुगन्धित जल से या गन्धाम्बु (शीधु आदि शिवप्रिय) से भर लेना चाहिये। उसके मुख पर आम्र के सुन्दर सुडौल पल्लवों का प्रयोग होना चाहिये। पल्लव कहने से किसलय और पके पत्रों का निषेध किया गया है। उस कलश के कण्ठ भाग में रक्त पीत सूत्र और सुन्दर पुष्पमालिका अर्पितकर उस कालश पर ऐसे तिलक लगाने चाहिये, जो उसमें अधिष्ठित देवताओं के अनुकूल हों, साथ ही राक्षसादिविघ्नों के विनिवारण में समर्थ हों।

इसके बाद दो श्वेत वस्त्रों से उसे आवृत करना चाहिये। विशेषतः लाल वस्त्रों का ही प्रचलन अधिक है। ऐसे कलश के समक्ष अष्टोत्तरशत जप तथा मूलमन्त्र से ही उसका पूजन करना अत्यन्त आवश्यक है। वार्धानी नामक पात्र भी वहाँ ऐसा ही होना चाहिये, जो अस्त्र मन्त्रों से अभिमन्त्रित हो।"

जहाँ कर्करी मन्त्रण नहीं किया गया है, वहाँ कुम्भ (कलश) की कर्करी भाव से पूजा होनी चाहिये।

शताष्टोत्तरसंजप्तं मूलमन्त्रप्रपूजितम् ।
वार्धान्यपि तथाभूता किंतु सास्त्रेण पूजिता ।।
(मा. वि. ८।१०३) इति।

न चेत्कृत इति मुमुक्षुविषये। तत्र हि तदेव कर्करीत्वेन पूज्यं भवेदिति भाव:। वामस्थकलशेति। यदुक्तं

'वामभागे तु कुम्भस्य.......................।' (स्व. ३।७७)

इत्यादि उपक्रम्य

---

४. वामस्थ कलश— प्रधान कुम्भ के वामंभाग में एक छोटा सा कलश रखा जाता है। वही वामस्थ कलश होता है। स्व. त. तन्त्र ३१७७ में स्पष्ट निर्देश है कि "प्रधान कुम्भ के वाम भाग में स्थित कुम्भ को आसन पर न्यस्त करे।" प्रधान कुम्भ का यह अङ्ग माना जाता है। इसके बाद के श्लोक में ही कहा गया है कि,

"मङ्गलमयी वार्धानी को शिवाम्बु से सम्प्रोक्षण कर और कुम्भ की तरह ही इसकी पूजा करके आसन के ऊपर रखना चाहिये।" स्व. त. ३/७८। इसके बाद ही अस्त्रसहित लोकपालों की पूजा का विधान किया गया है। प्रत्येक लोकपाल अलग-अलग अस्त्रधारण करते हैं।।३७८-३८०।।

इसके बाद शिष्य छुरिका और कलश हाथ में लेकर उसी में से धारा को नीचे गिराते हुए आगे बढ़ता है। उसके आगे कलशहस्त गुरु भी चलते हैं। गुरु मन्त्र बोलते जाते हैं और धारा गिराते हुए शिष्य पीछे चलता है। यह प्रक्रिया पूरब से प्रारम्भ कर ईशान कोण तक चलती है। मन्त्र है— 'हे शक्र! तुम अपनी दिशा में विघ्नों की शान्ति के लिये यज्ञ के पूरे होने तक सावधान होकर शिव की आज्ञा के अधीन रह कर यज्ञ की रक्षा में तत्पर रहो। नाम बदल कर इन्हीं मन्त्रों से सभी लोकपालों को प्रबुद्ध करनी चाहिये।

यहाँ शास्त्रकार द्वारा निर्ऋतिप्राय लोकपालों के लिये ३८२ में प्रयुक्त शक्र के स्थान पर एक 'भो:' हटाकर मन्त्र बनाने की बात कही गयी है। अनुष्टुप् छन्द

'संप्रोक्ष्य च शिवाम्भोभिर्वार्धानीं मङ्गलान्विताम् ।
कुम्भवच्चर्चयित्वा तमासनस्योपरि न्यसेत् ।'
(स्व. ३।७८)

इत्यन्तम्। धारां प्रपातयन्निति सौरदिगाश्रित्यापूर्वादिक्रमेण। इदमिति वक्ष्यमाणम्। निर्ऋतिप्राये इति तेन नैर्ऋते भोरित्यादि पठनीयम्। छन्दोबद्ध इति छन्दोभङ्गे हि मन्त्र एव अयं न भवेदिति भावः। दक्षिणे इति कुम्भस्य। तदुक्तं

'नीत्वा तत्रासने पूर्वं मूर्तिभूतं घटं न्यसेत् ।
तस्य दक्षिणदिग्भागे वार्धानीं विनिवेशयेत् ।।'
(मा.वि. ८।१०७) इति ३८१-३८४।।

ननु एवं कुम्भपूजनेन किं स्यादित्याशङ्क्य आह

कुम्भस्थाम्बुसमापत्तिवृंहितं मन्त्रवृन्दकम् ।।३८५।।
तेजोमात्रात्मना ध्यातं सर्वमाप्याययेद्विधिम् ।
अतः कुम्भे मन्त्रगणं सर्वं संपूजयेद्गुरुः ।।३८६।।

की पूर्त्ति तीन अक्षर से बने नैर्ऋतेभोः शब्द से ही हो सकती है। पाँच अक्षर वाले शब्द से छन्दभङ्ग होगा। ऐसा इसलिये कहना पड़ा क्योंकि मन्त्र छन्दोबद्ध होते हैं। छन्द भङ्ग किसी दशा में उचित नहीं है क्योंकि इससे मन्त्रवत्ता समाप्त हो जाती है।

इसके बाद गुरु प्रधान कलश को इकट्ठे किये हुए विकिरों के ऊपर रख दे तथा वार्धानी (कर्करी) को उसी कलश के दक्षिण भाग में शिष्य रख कर प्रणाम पूर्वक अपनी श्रद्धा व्यक्त करे।

प्रधान कुम्भ के दक्षिण भाग में वार्धानी को रखने के सम्बन्ध में मा. वि. ८/१०७ में स्पष्ट निर्देश है कि,

"विकिरों के आसन पर भैरव मूर्त्ति रूप धट को स्थापित करने पर उसी के दक्षिण भाग में वार्धानी का विनिवेशन करना चाहिये"।।३८१-३८४।

पूर्वेण विधिनास्त्रं च कर्कर्यां विघ्ननुद्यजेत् ।
मध्येगृहं ततो गन्धमण्डले पूजयेद्गुरुः ।।३८७।।
त्रिकं यामलतैक्याभ्यामेकं वा मन्त्रदैवतम् ।

सर्वं विधिमिति वक्ष्यमाणम्। अत इति सर्वविध्याप्यायकारित्वात्। पूर्वेण विधिनेति षोढान्यासादिना। मध्येगृहमिति गृहमध्ये ब्रह्मस्थाने इत्यर्थः। तदुक्तं

प्रश्न करते हैं कि, यह तो एक प्रकार से कुम्भ की पूजा हुई। इससे लाभ? इस पर कह रहे हैं कि,

कुम्भ में अवस्थित शैव अमृत अम्बु की सम्पन्नता से विवर्द्धमान मन्त्रों के समूह को ब्रह्मवर्चस् के प्रकाश से प्रकाशमान रूप में ध्यान करने पर सारी विधियाँ मानों अमृतमयी हो जाती हैं। इस लिये गुरु कुम्भ में ही मन्त्र समुदाय का पूजन सम्पन्न करे, जिससे उसका वर्चस्व और भी उपबृंहित होता रहे।

इसी प्रकार पहले कहे गये निर्देश के अनुसार कर्करी में अस्त्र मन्त्र से सम्बन्धित योजन करे। गृह के बीचों बीच सुरभित द्रव्यों से सुगन्धित मण्डल में, त्रिक भाव के यामल भाव से अर्थात् छः प्रकार से या मात्र त्रिक भाव से या परिवारौघ के एकत्व की दृष्टि से मन्त्र रूप देववृन्द का अर्चन सम्पन्न करे।

श्लोक ३८६ में जिन सारी विधियों की चर्चा शास्त्रकार ने की है, वे आगे के प्रकरण में आयेंगी। अभी उनका वर्णन नहीं किया गया है। मन्त्रवृन्द आप्यायक होते ही हैं। इसी आधार पर कुम्भ में ही गुरु द्वारा उनके पूजन का निर्देश भी किया गया है। श्लोक ३८७ में जिस पूर्व विधि को संकेतित किया गया है, वह षोढान्यास ही है। षोढान्यास करके ही कर्करी में विघ्न विनाशक अस्त्रमन्त्र का प्रयोग करना चाहिये।

मध्ये गृह के सम्बन्ध में मा.वि. ८/१०९ का मत है कि, "गन्ध से ब्रह्मस्थान अर्थात् मध्य गृह में ही एक मण्डल बना कर चाहे छः, तीन या एक प्रकार से ही पूजन करे"।।३८५-३८७।।

यहाँ से अग्नि सम्बन्धिनी प्रक्रिया के वर्णन का उपक्रम कर रहे हैं—

'गन्धैर्मण्डलकं कृत्वा ब्रह्मस्थाने विचक्षणः ।
तत्र सपूजयेत्षट्कं त्रिकं वाप्येकमेव वा ।।'
(८।१०९) इति।।

इदानीं वह्निकार्यमभिधातुमुपक्रमते

अग्निकार्यविधानाय ततः कुण्डं प्रकल्पयेत् ।।३८८।।
शुद्धमन्त्रादिसंजल्पसंकल्पोत्थमपूर्वकम् ।

अग्निकार्य की विधि के लिये कुण्ड का प्रकल्पन अर्थात् निर्माण करना चाहिये। यह कुण्ड शुद्ध होना चाहिये। कुण्ड की दूसरी विशेषता यह होनी चाहिये कि, वह मन्त्रादि संजल्प के संकल्प से उत्थित हो। साथ वह अपूर्व भी हो। इन तीनों विशेषणों पर अलग अलग विचार करें। इस तरह इनके उद्देश्यों पर अच्छा प्रकाश पड़ेगा।

१. पहला विशेषण शब्द है शुद्ध। त्रिक दर्शन में दो ही अध्वा हैं। एक अशुद्ध अध्वा और दूसरा अशुद्ध अध्वा। शुद्ध अध्वा में केवल ५ तत्त्व आते हैं। ये सभी अद्वय तादात्म्य से साधक को परम शिवत्व प्रदान करने में समर्थ हैं। कुण्ड भी विभिन्न पदार्थों को अद्वय भाव प्रदान करता है। कुण्ड में भी ५ तत्त्व हैं। योनि शुद्ध विद्या होती है और चतुष्कोण चार ईश्वरान्त तत्त्व। अग्नि ऊर्ध्व ज्वलन है। अतः सब कुछ भस्म कर तत्त्वमात्र ऊपर अवस्थापित कर देता है। तत्त्ववाद में भी हठदाह प्रक्रिया से औन्मनस पद पर परम शिवोपलब्धि हो जाती है। कुण्ड की यही शुद्धता है।

२. इसी शुद्धता के परिवेश में मन्त्रों के प्रयोग से दिव्यता का उदय होता है। कहा गया है कि,

"कुण्डलिनी की क्रिया ही कुण्ड है.....।" कुण्डलिनी जागरण की प्रक्रिया का पारखी पुरुष यह जानता है कि, कुण्डलिनी की सिद्धि में त्रिशूलाब्जों की कर्णिकाओं के कोश रूप कुण्ड कैसे अनन्त ऊर्जाओं से उदीप्त होते हैं। उनमें एक विचित्र प्रकार की अनुसन्धि होती है। उसी अनुसन्धानात्मक अन्तर्विमर्श

एवं मण्डलपूजानन्तरमग्निकर्म विधातुमद्वयमयतया शुद्धस्य अत एव मन्त्रादिरूपस्य

'क्रिया कुण्डलिनी कुण्डं..................।'

इत्याद्यनुसंध्यात्मनः संजल्पस्य प्ररोहात्मकात् संकल्पादुत्थितम्। अत एव अलौकिकत्वादपूर्वं कुण्डं प्रकल्पयेत् बहिरेवमनुसन्दध्यादित्यर्थः।।३८८।।

ननु सर्वत्रैव कुण्डस्य उल्लेखसेककुट्टनाद्यात्मना संस्कारजातेन बहिः प्रकल्पनमुक्तम्, इह पुनरेवं कस्मादभिधीयते इत्याशङ्क्य आह—

शिवस्य या क्रियाशक्तिस्तत्कुण्डमिति भावनात्।।३८९।।
परमः खलु संस्कारो विनाप्यन्यैः क्रियाक्रमैः ।

एतदेव अन्यत्र अपि अतिदिशति

एवं देहे स्थण्डिले वा लिङ्गे पात्रे जलेऽनले।।३९०।।

को संजल्प कहते हैं।[१] संजल्प संविद् के अलौकिक अनुसन्धान से प्ररोह उत्पन्न करता है। इससे संकल्प की सृष्टि होती और क्रिया प्रवर्त्तन का ज्ञान जागृत होता है। यह कुण्ड भी यही काम करता है। है तो यह लौकिक संजल्प मय किन्तु अलौकिक फल देता है।

अलौकिक कुण्डलिनी कल्पित क्रिया शीलता के प्रभाव के कारण ही इसे अपूर्व भी कहते हैं।।३८८।।

कुण्ड के लिए उल्लेख, सेक और कुट्टन ये तीन क्रम अपनाये जाते हैं। पहले खोदना, जल से सेचन करना और पुनः कुट्टिम कर कुण्ड निर्माण इन तीन संस्कार रूप कामों से कुण्ड अपना बाह्य रूप ग्रहण करता है। यहाँ कुछ दूसरी ही बात कही गयी है। इसका क्या कारण है? इस आशङ्का का उत्तर दे रहे हैं—

शिव की क्रिया शक्ति ही कुण्ड है, इस भावना से बिना किसी अन्य संस्कार के ही, विना किसी क्रिया के उपक्रम के भी परम संस्कार सम्पन्न हो जाता है।।३८९।।

पुष्पादिषु शिशौ मुख्यः संस्कारः शिवतादृशे।

किमत्र प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

उक्तं श्रीयोगसंचारे तथाहि परमेशिना ।।३९१।।

तदेव पठति

चतुर्दशविधे भूते पुष्पे धूपे निवेदने ।
दीपे जपे तथा होमे सर्वत्रैवात्र चण्डिका ।।३९२।।

जुहोति जपति प्रेद्धे पूजयेद्विहसेद्व्रजेत् ।
आहारे मैथुने सैव देहस्था कर्मकारिणी।।३९३।।

प्रेद्धे इति दीप्यते इत्यर्थः। एवं परैव संवित् तेन तेन रूपेण परिस्फुरतीति सर्वत्र अनुसन्धातव्यमिति अत्र तात्पर्यम्।।३९३।।

यह बात केवल कुण्ड के विषय तक ही सीमित नहीं है अपितु इसी प्रकार शरीर में, स्थण्डिल में, लिङ्ग (पहचान) पात्र, जल, अग्नि पुष्प आदि द्रव्यों और स्वयं शिष्य में भी शैवमहाभाव का भावन होना चाहिये। शिवता के तादात्म्य की दृष्टि से यही मुख्य संस्कार माना जाता है। इसमें क्या प्रमाण है? इस प्रश्न के उत्तर तेते हुए कह रहे हैं कि, योग संचार नामक ग्रन्थ में स्वयं परमेश्वर ने इसके समर्थन में इसी सिद्धान्त का निर्देश दिया है।।३९०-३९१।।

१४ प्रकार के भूत सर्ग , धूप और नैवेद्य के उपचार में, दीप, जप, होम, सभी में परमाम्बा जगदीश्वरी चण्डिका देवी विराजमान हैं। यह भावना करनी चाहिये। यह मान कर जो हवन करता और जप करता है, वही प्रेद्ध भाव से पूजा करता है, आवेश में आ कर हँसने, गाने, नाचने और गतिशील होकर इधर उधर जाने लगता है, भोजन और मैथुन आदि प्रसङ्गों में भी ऐसी भावना के आवेश से आविष्ट होता है, उस समय वही देहस्था देवी सारा का सारा कार्य सम्पादन करती है। इससे यह सिद्ध होता है कि परा संवित् उन रूपों में भी परिस्फुटित होती है। यह सर्वत्र सभी रूपों में अनुसन्धान करने योग्य है।।३९२-३९३।।

येषां पुनरेवं संवित्प्ररोहो नास्ति, तान्प्रति अयं बाह्यः क्रियाक्रम इत्याह

तादृशीं ये तु नो रूढां संवित्तिमधिशेरते ।
अक्रमात्तत्प्रसिद्ध्यर्थं क्रमिको विधिरुच्यते ।।३९४।।

एवं चैषां सिद्धिः स्यादित्याह

अहं शिवो मन्त्रमयः संकल्पा मे तदात्मकाः ।
तज्जं च कुण्डवह्न्यादि शिवात्मेति स्फुटं स्मरेत् ।।३९५।।

अत एव हि तत्रापि दार्ढ्याद्दार्ढ्यावलोकनात्।
क्रियमाणे कृते वापि संस्क्रियाल्पेतरापि वा ।।३९६।।

जिन लोगों में इस प्रकार का संवित् प्ररोह नहीं हुआ है, संविद् बोध की प्रकाश किरणों के अरुणोदय की आभा का विकास नहीं हुआ है, उन लोगों की श्रद्धा का एक मात्र आधार यह बाह्यक्रम है। इस तथ्य को अपने शब्दों में व्यक्त कर रहे हैं—

जो व्यक्ति उस प्रकार की घन और बोधमयी प्ररूढ संवित्ति की शय्या पर शयन का सौभाग्य नहीं प्राप्त किया है, ऐसे लोगों को अक्रमगता के बावजूद सक्रम विधि का निर्देश किया जा रहा है।।३९४।।

इस क्रम से उन्हें भी प्रसिद्धि प्राप्त हो सकती है। उन्हें चाहिये कि, सर्वप्रथम वे अपने मन मस्तिष्क में यह भावना जागृत करें कि 'हम शिव रूप ही हैं'। शिव मन्त्रमय है। हमारे सभी संकल्प शिवात्मक हैं। शिव से ही यह कुण्ड, यह अग्नि आदि सारा उल्लास है। यह स्फुट रूप से संस्कार जमा लेना आवश्यक है कि, सब कुछ शिवात्मक है।

इस संकल्प में दो स्थितियाँ साफ झलकती हैं। १. दृढ़ता से घन विश्वास संवलित संस्क्रिया, और २. निर्बल विरल विश्वासमयी अशक्त संस्क्रिया। ऐसी स्थिति में क्रियमाण और कृत का स्पष्ट अन्तर प्रतीत होता है। इसे अल्प संस्क्रिया

तत्रापीति क्रमिके विधौ। अल्पतरेति। उक्तं च एतत् प्राक्

'क्रियया सिद्धिकामो यः स क्रियां भूयसीं चरेत्।' (१४३)

इत्यादि बहुप्रकारम्।।३९६।।

एतदेव दृष्टान्तमुखेन हृदयङ्गमति

यथा हि कश्चित्प्रतिभादरिद्रोऽभ्यासपाटवात् ।
वाक्यं गृह्णाति कोऽप्यादौ तथात्राप्यवबुद्ध्यताम्।।३९७।।

तत्र कुण्डस्य तावत्संस्कारानाह

उल्लेखसेककुट्टनलेपचतुर्मार्गमक्षवृतिपरिकलनम् ।
स्तरपरिधिविष्टरस्थितिसंस्कारा दशास्त्रतः कुण्डगताः ३९८।।

उल्लेखः खननम्। सेक आप्यायनम्। कुट्टनं निविडतापादनम्। लेपः समीकरणम्. समध्यग्रन्थि दार्भमासनं विष्टरः।।३९८।।

और अल्पेतरा अर्थात् दृढ़ संक्रिया कहते हैं। इस सम्बन्ध में इसी आह्निक के श्लोक १४३ में कहा गया है कि "क्रिया से सिद्धि चाहने वाला भूयसी अर्थात् अपेक्षा कृत अधिक क्रियायोग में लगे"।।३९५-३९६।।

इसी बात को दृष्टान्त के माध्यम से समर्थित कर रहे हैं—

जैसे कोई व्यक्ति जन्मजात-प्रतिभा से शून्य है। फिर अभ्यास पर अभ्यास करते हुए इतनी कुशलता प्राप्त कर लेता है कि, कहे हुए वाक्य की व्यंजना को और तात्पर्य को तुरत ग्रहण कर लेता है। परिणामतः परिवृढ बन जाता है, उसी तरह इस क्रिया के अभ्यासपाटव के सन्दर्भ में भी समझना चाहिये।।३९७।।

कुण्ड के संस्कार

१. उल्लेख— भूमि खोद कर कुण्ड की लम्बाई चौड़ाई और गहराई की दृष्टि से गर्त निर्माण।

२. सेक— जल से उस भूमि का सेचन। पूरी मिट्टी निकाल कर कुछ मिट्टी को गीली कर उसे रूप प्रदान करने का प्रयत्न।

अन्यत् स्वयमेव विषमत्वात् व्याचष्टे

मध्यग्रहणं दर्भद्वयेन कुशसंवृतिश्च भित्तीनाम् ।
प्राङ्मुखरेखात्रितयोर्ध्वरेखिका: कुशसमावृतिश्च बहुः ।। ३९९ ।।

---

३. कुट्टन— 'दुरमस' आदि यन्त्रोपायों से उसे इतना कड़ा बना देना, जिसमें कहीं छिद्र न रह जाय।

४. लेप— लीप पोत कर ऊपर नीचे कुल कुण्डभित्ति आदि सभी स्थानों को गोमय मिश्रित मृत्तिका से याग योग्य बना, देना।

५. अक्षवृत्ति परिकल्पन— चारों ओर तीन रेखाओं द्वारा परिकल्पनीय भौमिक अक्षांश व्यापार।

६. स्तर— ऊपर नीचे समतलत्व का निर्माण।

७. परिधि— समिधा की लकड़ी को रखने का घेरा।

८. विष्टर— कुश का बीच बीच में गाँठ देकर बनाया हुआ कुशासन।

९. स्थिति— पूरी तरह बन कर तैयार।

१०. संस्कार— रंगीन वस्त्रों अक्षतों आदि से मन्त्र मय संस्कार। 'योनि को' वस्त्र आदि से सज्जित करना आदि।

ये कुण्डगत दश संस्कार है। अस्त्रयन्त्रों से इनकी रचना होनी चाहिये।।३९८।।

कुछ और विषय न रह जाये, अत: स्वयम् अपना सुझाव दे रहे हैं—

कुण्ड के मध्य में दो बड़ी कुशाओं को बिछा देना भी आवश्यक है। भित्ति में भी कुशाओं से ऐसा करे कि, भित्तियां ढक जाँय। पूर्वाभिमुख तीन रेखाओं पर एक ऊर्ध्व रेखा की रचना करे। कुण्ड के बाहर भी कुशास्तरण चारों ओर बिछाना भी आवश्यक है। यही एक तरह का कुश स्तर है।

प्रशस्त त्वक् संवलित लताओं से चतुरश्र परिधि की प्रकल्पना अवश्य करणीय है। यही परिधि का प्रारूप है। इसी के साथ दश लोकेशों की अर्चन-

शस्तलताश्चतुरश्रं दशलोकेशार्चनासनविधिश्च।
सद्मासादनमस्त्राग्नितेजसा रक्षणं च कुण्डस्य ।।४००।।

प्रक्रिया भी जुड़ी हुई है। इस अर्चन के साथ ही इनके आसन के विधि का भी विधान करना होता है। सद्म यागसदन होता है। यागसदन में आसादन की विधि पूरी करने के लिये भी अक्षवृत्ति परिकल्पन आवश्यक होता है।

कुण्ड की अग्नि के तेज से रक्षा करना यज्ञ सम्पन्नता के लिये महत्वपूर्ण है। भूमि की शिवाग्नि से रक्षा, विघ्नों के अपसारण की प्रक्रिया, कुण्ड पूजन विधि की सम्पन्नता और संकल्प सिद्ध मालिनी या मातृका का न्यास - ये सारी क्रियायें कुण्ड संचार विधि में अपेक्षणीय हैं। इनको अलग से जानना आवश्यक है—

१. दर्भद्वय विधि— चित्र, के अनुसार चतुष्पथ का निर्माण किया जाता है।

२. कुश संवृत्ति— कुण्ड की भीतरी दीवारों में कुशों की ओर मुख कर खड़ा करते हुए भित्तियों को ढक देना ही अक्ष वृत्ति या अक्षवाट कहलाता है।

३. वज्रीकरण प्रयोग— ऊपर का चतुष्पथ जैसे उत्तर-दक्षिण को लम्बा होता है, उसी तरह पूर्व पश्चिम को पूर्वाभिमुख कुशाग्र से तीन रेखायें बनानी चाहिये। उन पर दक्षिणोत्तर आयत तीन कुशाओं को रखने से जो आकृति बनती है, वह वज्राकृति होती है। ऐसा चित्र ही वज्रीकरण विधि में बनता है।

४. कुण्ड समावृत्ति कुशाओं से कुण्ड को चारों ओर आवृत करना। कुशों के तेज और ऊर्जा से पूर्ण माना जाता है। जिसके हाथ में कुश होते हैं, उन्हें विद्युत आघात नहीं लगता। ऐसे तेज-पुञ्ज मय रूप से कल्पित कुशाओं को कुण्ड के बाहर आस्तरण 'स्तर' विधि कहलाती है।

५. पूर्व दिशा में पूज्य ब्रह्मा, दक्षिण में पूज्य विष्णु, पश्चिम-पूज्य सदाशिव और उत्तर में पूज्य शिव की आधार शक्ति रूप प्रशस्त ऐसी लतायें, जो यज्ञीय वृक्षों के ऊपर फलती फूलती हैं, उनकी त्वचा से (शल) से युक्त हाथ हाथ भर के टुकड़े रखना आवश्यक माना जाता है। इस क्रिया को परिधि निर्माण क्रिया कहते हैं। इनमें दो के मुख पूरब दिशा की ओर और

भूमेः शिवाग्निधृत्यै शक्तिर्विघ्नापसारणं चार्थाः।
ततस्तु पूजिते कुण्डे क्रियाशक्तितया स्फुटम् ।।४०१।।
मातृकां मालिनीं वापि न्यस्येत्संकल्परूपिणीम् ।

दर्भद्वयेन प्रागुदङ्मुखेन चतुष्पथाकारेण चतुर्मार्गम्। कुण्डभित्तीनामन्तरूर्ध्वमुखैः कुशैः परितः संवरणमक्षवाटः। कुशाग्रेण पूर्वापरायतरेखात्रयमध्ये दक्षिणोत्तरायता रेखा वज्रीकरणम्। कुण्डबहिस्तेजःपुञ्जमयैः कुशैरास्तरणं स्तरः। पूर्वादिदिक्पूज्यानां ब्रह्मविष्णुसदाशिवशिवानामाधारशक्तिरूपाः शस्ता यज्ञकर्मवृक्षोत्थ-हस्तमात्राः सत्त्वतश्चतस्रः शाखाः परिधयः। तत्र द्वे पूर्वानने, द्वे सौम्यानने याभिः कुण्डबहिश्चतुरश्रसंनिवेशो जायते। एषां यथायोगं प्रयोजनमाह दशेत्यादि। लोकेशेति उपलक्षणं, तेन ब्रह्मादीनामपि। तदुक्तं

'..................ब्रह्माणं पूर्वविष्टरे।' (स्व. २/२२०) इति।

दो के मुख उत्तराभिमुख होने चाहिये। इनसे कुण्ड के बाहर चतुरश्र रचना (बनावट) दीख पड़ती है।

६. दश लोकोशार्चन विधि— इस प्रकार ऊपर कहे हुए सारे विधान दश दिग्पालों की पूजा की पृष्ठ भूमि के रूप में लिये जाते हैं। यहाँ दश संख्या का प्रयोग उपलक्षण मात्र है। अर्थात् दश दिग्पालों के साथ द्रष्टा आदि उक्त चार देवों की पूजा के सन्दर्भ में उक्त कर्मकाण्ड की महत्ता स्वीकृत है। इस विषय में कहा भी गया है कि------ब्रह्मा की प्रतिष्ठा-पूजा पूर्व विष्टर पर होनी चाहिये। (स्व. त. २/२२०)

७. सद्मासादन— इस बाह्य विधि में भी देवी माँ शक्ति का सान्निध्य अनिवार्यतः आवश्यक है। शक्तियाँ गुह्य देवियाँ हैं। अतः उनका स्थान भी सुयोग्य ही होना चाहिये। यह स्थान कुशाओं के बीच में ही परिकल्पित करने की बात कुण्ड मण्डप विशेषज्ञ करते हैं। इन वागीशी आदि शक्तियों की पूजा अक्षवाट विधि में (जो कुश संवृत्ति के रूप में पहले ही निर्दिष्ट है) पूरी करनी चाहिये। कुशों के उन्हीं आवरकों में इन देवियों के स्थान का प्रकल्पन उचित है। सद्मासादन से देवियों का सान्निध्य मिलता है। इनमें सान्निध्य से ही यज्ञ सफलतापूर्वक सम्पन्न होते हैं।

सद्मासादनमिति वागीश्या हि गुप्त्यर्थमावरकप्रायमक्षवाटेन गृहं परिकल्प्यते इत्येतदस्य प्रयोजनम्। रक्षणमिति अस्त्रमन्त्रस्य। शिवाग्निधृत्यै शक्तिरिति उल्लेखादीनां चतुर्णां बज्रीकरणस्य च। विघ्नापसारणं स्तराणाम्। दशेत्यनेन निरीक्षणादीनां पञ्चानां संस्काराणां नेह परिगणनमिति कटाक्षितम्। ते हि सर्वकर्मसु साधारणा इति उक्तम्। पूजिते इति ओं क्रियाशक्त्यात्मने कुण्डाय नमः इति प्रयोगेण। संकल्परूपिणीमिति वागीश्वरीरूपाम्।।

---

८. कुण्ड रक्षण— अस्त्र मन्त्र से कुण्ड की रक्षा होती है। अस्त्र मन्त्रों के प्रयोग से मन्त्रों की तैजसिक शक्तियों के वातावरण के प्रभावित होने से विशेषतः कुण्डकी रक्षा हो जाती है।

९. शिवाग्निधृति—कुण्ड की भूमि में शैव अग्नि की प्रतिष्ठा से ही यज्ञ का मुख्य कार्य आरम्भ होता है। इसके लिये ही श्लोक ३९८ में उल्लेख, सेक, कुट्टन और वज्रीकरण आदि प्रयोग कहे भी गये हैं। इस शैव अग्नि को धारण करने के लिये भी कुण्ड में शक्ति का प्रकल्पन, और प्रतिष्ठापन आवश्यक होता है।

१०. विघ्नों का अपसारण— कुशों के प्रयोग से ही होते हैं। विघ्न दूर इनमें कुछ प्रयोग सर्वसाधारण हैं और कुछ विशेष हैं। यहाँ जिन संस्करणों की गणना है वे विशेष हैं। शेष सर्वसाधारण हैं।

११. पूजित कुण्ड— कुण्ड पूजन में सामान्यतया जिस मन्त्र का प्रयोग करते हैं, वह है—

"ॐ क्रियाशक्त्यात्मने कुण्डाय नमः"

१२. यह मातृका और मालिनी शक्तियों की चर्चा है। इन्हें वागीश्वरी आदि शक्तियों के रूप में भी जानते हैं। कुण्ड पूजन के सन्दर्भ में संकल्प वृत्ति से इन वागीश्वरी आदि शक्तियों का सान्निध्य करना चाहिये। यह अत्यन्त आवश्यक है।।३९९-४०१।।

अत एव आह

संकल्पदेव्या यत्सृष्टिधाम त्र्यश्रं क्रियात्मकम्।।४०२।।
ज्ञानशुक्रकणं तत्र त्रिःप्रक्षोभ्य विनिक्षिपेत्।

साच अर्थादृतुमती। तदुक्तं

'नीलोत्पलदलाभासामृतुमच्चारुलोचनाम्।
ध्यात्वा चैवंविधां देवीं स्थापयेत्कुण्डमध्यतः।।''इति

तन्न्यासे च ओं ह्रीं भगवति मालिनि इदं स्थानमधितिष्ठ नमः इति, ओं भगवन् शब्दराशे इदं स्थानमधितिष्ठ नमः इति च प्रयोगः। त्र्यश्रं सृष्टिधामेति वह्निजननानुगुण्यादुक्तम्। त्रिः प्रक्षोभ्येति कुण्डबाह्ये योनिक्षोभार्थम्। यदुक्तं

'..................विद्यामों ह्रीमिति न्यसेत्।
शिवमोमिति विन्यस्य संपूज्य द्वितयं पुनः।।

संकल्प रूपिणी वागीश्वरी देवी का जो सृष्टिधाम है, वह त्रिकोण मय है। इस पावन धाम को क्रियात्मक धाम कहते हैं। ज्ञान रूपी शुक्र कण को तीन बार प्रक्षुब्ध कर फेंकना चाहिये।

इस देवी को आगमिक ऋतुमती कहते हैं। कहा गया है कि,

''वह नीलकमल के श्यामाभ दल के समान आभावाली ऋतुमती और आकर्षक सुन्दर नेत्रों वाली है। इस प्रकार की सौन्दर्यमयी देवी का ध्यान कर कुण्ड मध्य में स्थापित करना चाहिये''। उसका न्यास ''---विद्या को ॐ ह्रीं भगवति मालिनि इदं स्थानमधितिष्ठ'' यह मन्त्र बोल कर न्यस्त करना चाहिये। मालिनी शब्द राशि है। इसका भी न्यास मन्त्र है ''ॐ भगवन् शब्दराशे! इदं स्थानमधितिष्ठ'' कह कर ही प्रक्षेप करना चाहिये। आग से जब भी लपटें निकलती हैं, विचार करने पर प्रतीत होता है कि, ये तिकोनी ही निकलती हैं। इसी लिये सृष्टि के इस धाम को भी कुण्ड के बाहर मध्य पश्चिम भाग में त्र्यश्र निर्मित करते हैं। इस विषय में मा. वि. ८/११३ शास्त्र कहता है कि,

ताम्रपात्रे शरावे वा आनयेज्जातवेदसम् ।
शिवशुक्रमिति ध्यात्वा विद्यायोनौ विनिक्षिपेत्।।'
(८।११३) इति।

तथा

'ध्रुवेण कुण्डबाह्ये तु त्रिधा भ्राम्यावतारयेत्।' इति।।

एतदेव व्याप्तिगर्भकारेण प्रपञ्चयति

इच्छातः क्षुभितं ज्ञानं विमर्शात्मक्रियापदे ।।४०३।।
रूढं ज्ञत्वादिपञ्चाङ्गविस्पष्टं जाज्वलीत्यलम् ।

"------इस संकल्प रूपिणी विद्या को ॐ ह्रीं' इस मन्त्र के उच्चारण पूर्वक न्यास करना चाहिये। पुनः 'शिवम् ॐ' इस मन्त्र से शिव न्यास कर ताम्बे से निर्मित पात्र में या बड़े कसोरे में अग्निदेव को लाना चाहिये। शिव-शुक्र मान कर विद्या योनि में विनिःक्षेप करना चाहिये"[१]

इसी तरह अन्यत्र भी कहा गया है कि,

"ध्रुव रूप से कुण्ड के बाहर तीन बार घुमा कर तब अग्नि का अवतारण[१] करना चाहिये"।

यह ध्यान देने की बात है कि, याग प्रक्रिया के मूल में भी सृष्टि सद्भाव का मूल दृष्टि कोण ही काम करता है। विद्या रूपी सृष्टि धाम रूप योनि में शिवत्व सम्पूरित ज्ञान के प्रतीक अग्निरूपी वीर्य की अवतारणा दिव्य चर्या है। इसी दिव्य-चर्या के प्रभाव से याग से दिव्य विश्व की सृष्टि होती है।४०२।।

इस प्रकार यागात्मक प्रक्रिया सृष्टि में व्याप्त है। इसी दृष्टि से उसका प्रपञ्चन कर रहे हैं—

इच्छा से ज्ञान क्षुभित होता है। यह विमर्श रूपी क्रिया स्थान में रूढ होता है। परिणामतः सर्वचना, सर्वकर्तृता, पूर्णता, नित्यता और सर्वव्यापकता इन अङ्गों से परिपूर्ण होकर स्पष्ट रूप जाज्वल्यमान होता है।

---

[१] स्व. त. २/१९९

इह परानन्दोल्लासचमत्कारमयादौत्सुक्यात् जातक्षोभं सत् ज्ञानं स्वविमर्शनमात्रसारायां स्वातन्त्र्यलक्षणायां क्रियायां विश्रान्तं

'सर्वज्ञः सर्वकर्ता च व्यापकः परमेश्वरः।
स एवाहं शैवधर्मा इति दार्ढ्याच्छिवी भवेत् ।।'इति-

इस सन्दर्भ को गम्भीरता पूर्वक विचार विमर्श का विषय बनाना चाहिये। गहराई से इसे सोचना चाहिये। इस पर ध्यान देना चाहिये कि ज्ञान क्षुब्ध कैसे होता है। सृष्टि की यह स्वाभाविक प्रक्रिया है। परमानन्द का ललित उल्लास सृष्टि में सर्वत्र व्याप्त है। उसकी दिव्यता में एक प्रकार का ऐसा चमत्कार होता है' जिसके प्रति नैसर्गिक औत्सुक्य भी उल्लसित रहता है। इसी उत्सुकता से प्रभावित होने पर ज्ञान में एक प्रकार की इसे जानने की लालसा उत्पन्न हो उठती है। यही ज्ञान का क्षोभ माना जाता है।

ऐसा होते ही स्वात्म-विमर्श मूलिका स्वातन्त्र्य-शक्ति रूप क्रिया में वह ज्ञान विश्रान्त हो जाता है। उधर आनन्द का उल्लास, औत्सुक्य की अनुभूति, इच्छा से विमर्श रूपिणी क्रिया शक्ति में ज्ञान की विश्रान्ति, यही तो शैव रहस्य है। इस प्रकार का सारा प्रवर्त्तन प्रति व्यक्ति में शाश्वत होता रहता है। अज्ञ इसे नहीं जान पाता। विज्ञ पुरुष ज्ञान के इस क्षोभ को समझ कर विमर्श में विश्रान्त होता है। इसके परिणाम के सम्बन्ध में शास्त्र कहता है कि,

"सर्वज्ञ, सर्वकर्त्ता, व्यापक (पूर्ण और नित्य) परमेश ही यह मैं हूं। इस प्रकार शैव धर्म को धारण करने वाला विमर्श की बलवत्ता से स्वयं शिव हो जाता है"।

यह दृष्टि शैव साधक की होती है। इसके अनुसार सर्वज्ञता आदि शिव सम्बन्धिनी अनन्त शक्तियों की स्वातन्त्र्यमयी स्वीकृति से पाँच गुणों से (सर्वज्ञता, सर्वकर्तृता, पूर्णता, नित्यता और सर्वव्यापकता रूप गुणों से) महिमान्वित साधक तेज से जाज्वल्यमान हो उठता है। अपनी प्रतिभा-प्रभा के प्रकाश से विश्व को प्रकाशमान कर देता है। इससे यह सिद्ध होता है कि, वह सर्व प्रमाता बन कर ही परिस्फुरित होने लगता है।

भङ्ग्या सर्वज्ञत्वादिभिरनन्तशक्तित्वस्य स्वतन्त्रतयैव स्वीकारात् पञ्चभिर्गुणैर्विस्पष्टं जाज्वलीति सर्वपरप्रमातृतयैव प्रस्फुरतीत्यर्थः। अथच परस्पराभिषङ्गानुबन्धिनोऽभिलाषादुल्लसितं वीर्यरूपं संकल्परूपिण्या वागीश्वर्याः क्रियात्मके सृष्टिधामनि अलं प्राप्तप्ररोहं सत् सर्वज्ञत्वादिरूपैः पञ्चभिर्विद्याङ्गैः संस्कार्यतया परामृष्टं जाज्वलीति गर्भाधानक्रमेण नामकरणपर्यन्तं बहिः सिद्धिमियादित्यर्थः।।४०३।।

अत एव आह

तेनाङ्गपञ्चकैरेव हुतिं दद्यात्सकृत्सकृत्।।४०४।।
जन्माद्यखिलसंस्कारशुद्धोऽग्निस्तावता भवेत्।

इस प्रक्रिया को वर्णक्रम की दृष्टि से भी सरलता से समझा जा सकता है। पुरुष और स्त्री के परस्पर आसङ्ग वश एक अनुपमेय अभिलाष उल्लसित होता है। इसी अभिलाष का प्रतीक वीर्य होता है। दूसरी ओर संकल्प रूपिणी वागीश्वरी देवी का क्रियात्मक स्वरूप आता है। इसे सृष्टिधाम (योनि) कहते हैं। इसी में वह वीर्य प्ररोह प्राप्त करता है। इसी लिये योनि को आधार मानते हैं।

आध्यात्मिक दृष्टि से परस्पराभिष्वंगानुबन्धी ज्ञान रूपी वीर्यकण और संकल्पात्मक वागीश्वरी रूप सृष्टि धाम से सर्वज्ञत्वादि पाँच गुणात्मक विद्याङ्गों के संस्कार से सम्पन्न परामर्शात्मक प्रकाश का उल्लास होता है।

चर्या की सृष्टि दृष्टि से, स्त्री-पुरुष के संयोग से वीर्य-रज रूप संयोग से गर्भाधान से नामकरण संस्कार पर्यन्त ५ प्रकार के संस्कारों से सम्पन्न बाह्य जगत् का उल्लास भी स्वाभाविक रूप से नित्य चलता रहता है।।४०३।।

इसीलिये यह शास्त्र निर्देश करता है कि, इन्हीं 'विद्या' की पाँच आङ्गिक शक्तियों की दृष्टि से धीरे-धीरे एक एक आहुति देनी चाहिये। इससे अग्नि के भी गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म और नामकरण ये पाँचों संस्कार हो जाते हैं। अग्नि भी इससे शुद्ध हो जाता है।

श्लोक में अखिल संस्कार शुद्धि की बात की गयी है किन्तु इस अखिल शब्द के पहले आदि शब्द का भी प्रयोग किया गया है। अतः जन्म आदि से

जन्मादीति जन्मन आदिर्गर्भाधानादिरखिलसंस्कारस्तच्च आदिर्यस्य नामकरणादेरिति एकशेषः, तेन गर्भाधानपुंसवनसीमन्तोन्नयनजातकर्मनामकरणाख्यस्य संस्कारपञ्चकस्य अनेन सिद्धिरिति। तदुक्तं

'ततस्त्वाहुतयः पञ्च विद्याङ्गैरेव होमयेत् ।
जननादि ततः कर्म सर्वमेवं कृते कृतम् ।।'
(८।११४) इति।।४०४।

ननु एतावतैव कथमेवं स्यादित्याशङ्क्य आह—

पञ्चाङ्गमेव पृथ्व्यादिरूपं कठिनतादिकाः।।४०५।।
शक्तीर्दधद्वह्निगताः कुर्याद्गर्भादिकाः क्रियाः।

केवल पाँच संस्कार ही गृहीत होते हैं। इन्हीं पाँचों के लिये अखिल शब्द का प्रयोग किया गया है। इस सन्दर्भ को मा. वि. ८/११४ भी इस प्रकार सन्दृब्ध करता है—

"इसके बाद विद्या के पाँच अंगों से आहुति एक एक कर प्रदान करनी चाहिये। इसमें जन्म आदि पाँचों संस्कार ऐसा करने पर पूर्ण किये हुए मान लिये जाते हैं"।

इस विधि से संस्कारों की आध्यात्मिक मौलिकता भी सिद्ध हो जाती है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि, जीवन में भी संस्कारों से अपने अस्तित्त्व की शुद्धि हो जाती है।।४०४।।

इतने स्वल्प अध्यवसाय से इतना पुष्कल फल कैसे प्राप्त हो जाता है? इस जिज्ञासा का उत्तर दे रहे हैं—

इन पाँचों अङ्गों की व्यापकता का ही यह चमत्कार है। पृथ्वी में भी काठिन्य, धृति, गन्धवत्ता, सत्ता और वेद्यता की शक्तियाँ निहित हैं। इन शक्तियों की दृष्टि से भी अग्नि में आहुति दी जाने से गर्भादि संस्कार संपुष्ट होते हैं। आचार्य को इस दृष्टि से भी याग का सम्पादन करना चाहिये।।४०५।।

ननु अन्येऽपि वक्त्राभिघारादयः संस्कारविशेषा अवशिष्यन्ते इति किमिह ते न उक्ता इत्याशङ्क्य तत्पूर्णतासंपत्त्यर्थमाह—

ततोऽखिलाध्वसद्देवीचक्रगर्भं परापराम् ।।४०६।।
स्मरन्पूर्णाहुतिवशात्पूरयेदग्निसंस्क्रियाः ।

पूरणे हेतुरखिलाध्वसद्देवीगर्भामिति।।

एवं संस्कृतेऽग्नौ शिवत्वमापादयितुमाह—

तथा मन्त्रेशयुक्सत्यसंकल्पमहसा ज्वलन् ।।४०७।।
वह्निस्तच्छिवसंकल्पतादात्म्याच्छिवतात्मकः ।

तथा पूर्वोक्तेन प्रकारेण मन्त्रैरीशेन च युक्तस्य तदैक्यमापन्नस्य आचार्यस्य यः संकल्पितार्थसंपत्त्या सत्यः शिवे भवति एवमात्मा संकल्पः, तस्य महसा

जिज्ञासु पूछता है वक्त्र, अभिघार आदि विशिष्ट अन्य संस्कार अभी बचे हुए हैं। उनकी यहाँ चर्चा भी नहीं की गयी है। अतः इस प्रक्रिया की पूर्णता भी अधूरी रह सकती है। ऐसा क्यों? इसका उत्तर दे रहे हैं—

वास्तव में देश कालादि सभी अध्वा-वर्ग में देवी की सत्ता समुल्लसित है। अतः सर्वाध्वमयी देवी चक्रगर्भा रहस्यात्मिका परापरा का स्मरण करते हुए पूर्णाहुति प्रदान करने से सारे अग्नि-संस्कार सम्पन्न हो जाते हैं। अतः भावना पर सारी बातें आधारित हैं, इसमें सन्देह नहीं।।४०६।।

इस प्रकार अग्नि संस्कार सम्पन्न होता है। संस्कृत अग्नि में शिवत्व का सम्पादन किया जाना भी इस प्रक्रिया में अनिवार्य होता है। वह कैसे किया जाय इसे बताने के लिये कारिका का अवतरण कर रहे हैं—

पूर्वोक्त प्रकार से मन्त्रों और ईश (शिव) दोनों से युक्त और आचार्य के सत्य संकल्प के तेज से जलता हुआ अग्नि (आचार्य द्वारा) उन सबके जो यज्ञभागी हैं, उनके भी सच्चे शिवात्मक संकल्पों के तादात्म्य द्वारा स्वयं शिवतात्मक हो जाता है।

माहात्म्येन ज्वलन् यथायथमुत्कर्षासादनेन दीप्यन् वह्निस्तेन संकल्प्यमानेन शिवेन तादात्म्याच्छिवात्मकस्तद्धर्मैव भवेदित्यर्थः।।४०७।।

एतच्च अस्माभिर्गुरुपरम्परोपनतमभिहितमिति विवेचनयोग्यमित्याह

इत्येतत्सँस्क्रियातत्त्वं श्रीशंभुर्मे न्यरूपयत् ।।४०८।।
मयापि दर्शितं शुद्धबुद्धयः प्रविविञ्चताम् ।

अत एव अत्र विप्रतिपन्ना दूरं निरस्ता इत्याह

तेनात्र ये चोदयन्ति यथा बालस्य संस्क्रिया ।।४०९।।

कारिका के इस कथन से सत्य संकल्पों का महत्त्व सिद्ध हो जाता है। आचार्य का एतद्विषयक संकल्प अग्नि में भी क्रमिक उत्कर्ष का सम्पादन करता है। इसी से अग्नि शिव रूप हो जाता है।।४०७।।

ये सारे तथ्य मुझे गुरु परम्परा से प्राप्त हैं। कुछ परम्परा से और कुछ गुरुमुखारविन्द-मकरन्द रूप से भी प्राप्त हैं। इन का विवेचन आवश्यक है—

यह संस्कार-प्रक्रिया का रहस्य है। इसे स्वयं शम्भु के समान शम्भु शुभाभिधेय गुरुदेव ने मुझसे निरूपित कर मुझे संस्कार सम्पन्न किया था। मेरे द्वारा भी यह इस प्रकार विमर्श का विषय बनाया गया है। शब्दों के माध्यम से मैंने इसे ज्यों का त्यों प्रदर्शित कर दिया है। शुद्ध बुद्धि से प्रबुद्ध पुरुष इन विषयों का विवेचन करें। (यह मेरा (शास्त्रकार) का आग्रह है) विवेचन के लिये निर्देश करने का तात्पर्य यह है कि, कर्मकाण्ड कोई रटा रटाया षट्कर्म मात्र या लटी-पटी परिपाटी ही नहीं, वरन् इसमें अध्यात्म का मर्म भी समाहित है। जितना ही इस विषय का विवेचन होगा, उतना ही इसका स्पष्टीकरण होगा।।४०८।।

इसलिये मैं यह घोषणा करता हूँ कि, जो पुरुष यह कहते हैं कि "ये सारी बचकानी बातें हैं। आग में संस्क्रिया की बात से यज्ञ के बाहर की अग्नियों के सम्बन्ध में शुद्धि अशुद्धि विषयक विवाद खड़ा होगा। एक प्रकार की संस्कारात्मक अव्यवस्था को जन्म देंगी।'' ऐसे लोग इस गुरुनिर्दिष्ट मार्ग और शास्त्रीय परम्परा के ज्ञान से शून्य हैं। एतद्विषयक जानकारी के अङ्कुर उनमें उदित ही नहीं हुए

वह्नौ वह्नेस्तथान्यत्रेत्यनवस्थैव संस्कृतेः ।
ते निरुत्थानविहता नयेऽस्मिन्गुरुदर्शने ।।४१०।।

अन्यत्रेति अन्यस्मिन् वह्नौ। अनवस्थेति अन्योऽपि हि वह्निः किमसंस्कृतः संस्कृतो वा। तत्र असंस्कृतत्वे अस्य होमायोग्यत्वम्। संस्कारोऽपि अस्य किं स्वत्र परत्र वा। स्वत्र चेत् प्रथममेव तथा अस्तु किं वह्न्यन्तरापेक्षणेन, परत्र तु पुनरेवं चिन्तायामपर्यवसानमेवेति। निरुत्थानविहता इति नहि अस्मिन्नये वह्न्यन्तरापेक्षा काचिदस्ति युज्यते वेति भावः।।४१०।।

इदानीमनन्तरकरणीयमाह

जातेऽग्नौ संस्कृते शैवे शब्दराशिं च मालिनीम्।
पितरौ पूजयित्वा स्वं शुद्धं धाम विसर्जयेत् ।।४११।।
शुद्धाग्नेर्भागमादाय चर्वर्थं स्थापयेत्पृथक् ।

हैं। इस भीषण जड़ता के दोष से वे आघातित हैं। उनका कोई दोष नहीं। अज्ञानतावश ही वे ऐसा कहते हैं।

अनवस्था से तात्पर्य है कि, बहुत सारे अर्थ के प्रश्न उठ खड़े होंगे। जैसे अग्नि के ही सम्बन्ध में यह प्रश्न कि, यह आग शुद्ध है यां अशुद्ध। यदि अशुद्ध है, तो उसमें हवन कार्य आदि हो ही नहीं सकते। संस्कार के सम्बन्ध में भी पूछा जा सकता है कि, यह स्वयं अपने स्तर पर ही सम्पन्न होता है या दूसरे के माध्यम से? स्वत्र के उत्तर में भी यह प्रष्टव्य होगा कि, तब पहले ही यह संस्क्रिया क्यों नहीं सम्पन्न हुई। परत्र पक्ष में भी यह पूछा जा सकता है कि, क्या इसकी कोई सीमा है? आदि आदि। इसीलिये ऐसे लोगों को प्रतिभा की निरुत्थानता की चूक से चोटिल माना जाता है।।४०९-४१०।।

इस प्रकार यहाँ तक श्री त. आ. १/३०५ के अनुसार अनुज उद्देश में अद्दिष्ट अग्निकार्य का वर्णन किया है। अग्निग अधिवासन का सन्दर्भ प्रस्तुत करते हुए अग्निविसर्जन, चरुपाक, स्रुक् और स्रुवादि द्वारा होम का प्रवर्त्तन किया जा रहा है—

एवमपि दृढप्रतिपत्तिपवित्रीकृतान्प्रति बाह्यसंस्कारनिरपेक्षतया वह्निं संस्कर्तुं युक्तत्यन्तरमाह

अथवाग्नेः शिखां वामप्राणेनादाय हृज्जुषा ।।४१२।।
चिदग्निनैक्यमानीय क्षिपेद्दक्षेण संस्कृताम् ।

शिखामिति अर्थादसंस्कृताम्। आदायेति पूरकभङ्ग्या। क्षिपेदिति रेचकयुक्त्या। संस्कृतामिति हृज्जुषा चिदग्निना सामरस्यापत्तेः। यदुक्तं

'ज्वलितस्याथवा वह्नेश्चितिं वामेन वायुना।
आकृष्य हृदि संकुम्भ्य दक्षिणेन पुनः क्षिपेत्।।
पूर्णां च पूर्ववद्दद्याच्छिवाग्नेरपरो विधिः ।
(८।११७) इति।।४११-४१२।।

अग्नि के संस्कृत हो जाने पर और उसके शैव-भाव भव्य हो जाने पर शक्ति रूपिणी मालिनी देवी तथा मन्त्र शब्द राशिरूप शिव दोनों माता-पिता रूप का पूजन कर स्वात्म शुद्ध धाम के प्रति विसर्जन कर देना चाहिये।

शुद्ध अग्नि का कुछ भाग लेकर चरु श्रवण के लिये पृथक स्थापन करना चाहिये। इस विसर्जन का एक दूसरा रूप उनके लिये निर्दिष्ट है, जो शैवतादात्म्य की दृढ़ता से शिवीभाव में रूढ़ हैं। वे अग्नि की असंस्कृत शिखा को प्राणायाम विधि में इडा से ऊपर पूरक में हृदय से योजित कर चिदग्निसात् कर दाहिनी पिंगला नाड़ी में रेचन कर दें। यह मालिनी शक्ति का आध्यात्मिक विसर्जन माना जाता है। मा. वि. ८/११७ में इस विषय में कहा गया है,

"ज्वलित वह्नि को (जलती आग में धुआँ भी होता है। लपटें भी लाल काली नील लोहित ही रहती हैं। अतः यह शुद्ध अग्नि नहीं मानी जाती) भी वाम वायु से (इडा से) ऊपर खींच कर हृदयस्थ चिति में आत्मसात् कर उसे शुद्ध कर कुम्भक करे और पिंगला से उसे प्रक्षिप्त कर दे। यह शिवाग्नि के संस्कार का एक अलग ही महत्वपूर्ण विधान है। इसमें बाह्य शुद्ध विधान गौण हो जाता है।।४११-४१२।।

ननु एवमभिधाने कोऽभिप्राय इत्याशङ्क्य आह

शिव इत्यभिमानेन दृढेन हि विलोकनम् ।।४१३।।
सर्वस्य संस्क्रिया तत्त्वं तत्तस्मै यद्यतोऽमलम्।

अत्रैव शास्त्रान्तरपक्षमपि आह

नवाहुतीरथो दद्यान्नवात्मसहितेन तु ।।४१४।।
शिवाग्नये तारपूर्वं स्वाहान्तं संस्क्रिया भवेत् ।

ऊपर चिदग्नि से ऐक्य समापत्ति की बात कही गयी है। प्रश्नकर्त्ता पूछता है कि, इस चिदग्नि सामरस्य से क्या लाभ? इसी का उत्तर दे रहे हैं—

चिदैक्य सामरस्य से 'मैं शिव हूँ' इस प्रकार का एक आध्यात्मिक महाभाव जिसे शास्त्रकार 'अभिमान' की संज्ञा दे रहे हैं— प्राप्त होता है। इस प्रकार के दृढ अभिमान रूपी महाभाव से भावित होकर ऐसा पुरुष (जिस प्रकार आग अन्य इन्धनों को जला कर उसे आग बना लेती है उसी प्रकार) सभी पदार्थों पर तैजस चिन्मय दृष्टि से चिन्मयता का सामरस्य उत्पन्न कर देता है। इससे उनकी संस्क्रिया हो जाती है। उसके लिये तो सब कुछ शिव रूप ही होता है, क्योंकि उसकी चिन्मयता से सब कुछ पावन हो चुका होता है। अतः सर्वत्र नैर्मल्य निखर उठता है।।४१३।।

इस विषय में अन्य शास्त्रीय पक्ष भी हैं। शास्त्रकार उनकी ओर भी संक्षिप्त संकेत कर रहे हैं—

यहाँ नव आहुतियाँ दी जानी चाहिये, यह निर्देश है। नवात्म सहित होने के कारण ही नौ आहुतियों का विधान है। इस नवात्मकता के विषय में कुछ नहीं कहा गया है। जयरथ ने भी इसकी ओर संकेत नहीं किया है। मेरी दृष्टि से वागीशी[१] सृष्टिधाम मानी जाती है। इसका एकल स्वरूप तथा अ, क, च, त, प, य और श वर्गों में विभक्त इसके आठ रूप दोनों मिल कर नौ होते हैं। वागीशी शिवाग्नि रूपा है। अतः यहाँ मन्त्र का निर्देश भी तदनुरूप है। मन्त्र

---

[१] स्व. त. १०/११४३

शिवचैतन्यसामान्यव्योमरूपेऽनले ततः ।।४१५।।
प्राग्वदाधारमाधेयं देवीचक्रं च योजयेत् ।

तार: प्रणव:। तत इति एवं संस्कारानन्तरम्।।४१४-४१५।।

ननु अग्नावेव संस्कारहोम: स्रुवादिभि कार्य:, तत् प्रथमेषामेव संस्कार: कस्मात् न कृत इत्याह

स्रुवं स्रुचं च संपश्येदधोवक्त्रौ क्रमाद्गुरुः ।।४१६।।
शिवशक्तितयाभ्यर्च्यौ तथेत्थं संस्क्रियानयोः ।

संपश्येदिति परदृष्ट्या। एतच्च प्रोक्षणादीनां चतुर्णामपि उपलक्षणं, ते हि सर्वकर्मसु साधारणा इत्युक्तम्। अधोमुखाविति सृष्ट्युन्मुखताभिप्रायेण। इत्थमिति अधोवक्त्रतया संदर्शनादिक्रमेण। तदुक्तं

जिससे आहुतियाँ की जानी है, उसका स्वरूप इस प्रकार है— 'ॐ शिवाग्नये स्वाहा'। इस मन्त्र से ९ आहुतियाँ देने से सबका संस्कार हो जाता है।

इसके बाद शिव चैतन्यसामान्य व्योम में व्याप्त प्रकाशरूप और आधार रूप अनल में इस भौतिक आधेय अग्नि में संस्क्रिया सम्पन्न हो जाने पर पहले की तरह आधाराधेय भावमय देवी चक्र की योजनिका प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये।।४१४-४१५।।

अग्नि में ही संस्कार होम होता है। होम के साधन स्रुक् और स्रुवा हैं। इन्हीं से हवन कार्य किया जाता है। तो पहले इन्हीं का संस्कार होना चाहिये। ऐसा कुछ क्यों नहीं कहा या किया गया? इस पर कह रहे हैं कि,

गुरु स्रुव और स्रुक् इन दोनों को क्रमशः नीचे मुख कर रखा हुए देख कर शिव और शक्तिरूप से इनकी अर्चना सम्पन्न करे। इस प्रकार इनकी संस्क्रिया हो जाती है। स्रुव और स्रुक् दोनों को सामान्य रूप से देखने की बात यहाँ नहीं कही गयी है अपितु सम् उपसर्ग लगा कर यह संकेत किया गया है कि, ये केवल काष्ठनिर्मित हवनयन्त्र ही नहीं अपितु शिव-शक्तिमय हैं। इस दृष्टि से देखना रहस्य दर्शन या परात्मक दर्शन माना जाता है।

यहाँ अभ्यर्चना का उल्लेख है। इसमें प्रोक्षण आदि चारों का समावेश कर लिया गया है। अभ्यर्चन का प्रयोग तो उपलक्षण मात्र है। ये सभी कार्यों में सामान्य

'...............स्थापयेत्तावधोमुखौ।' (स्व. २।२३१) इति।

'....................स्रुक् शक्तिस्तु स्रुवः शिवः।' इति।।

ननु अनयोरन्यत्र बहुप्रकारं संस्कारजातमुक्तं, श्रीपूर्वशास्त्रे पुनस्तन्नामापि न स्पृष्टं येन निरीक्षणाभ्यर्चनमात्रमेव तत्संस्कारनिमित्तमिह उक्तमिति किमेतदित्याशङ्क्य आह

तत्त्वसंदर्शनान्नान्यत्संस्कारस्यास्ति जीवितम् ।।४१७।।
इति वक्तुं स्रुवादीशः श्रीपूर्वे न समस्करोत् ।

इह स्रुक्स्रुवादीनां होमयोग्यत्वमाधातुं हि तत्र तत् संस्कारजातमुक्तम्। तच्च एतावतैव सिद्धं किमनेन। अस्मद्दर्शने हि शिवतापत्तिरेव परमः संस्कारः। सच अर्घपात्रविप्रुट्प्रोक्षणादिनैव सिद्ध्येदिति उक्तं प्राक् बहुशः। यदागमोऽपि

रूप से प्रयुक्त होते हैं। अधोमुख शब्द का प्रयोग भी साभिप्राय किया गया है। सृष्टि को अधोगति का प्रतीक भी मानते हैं। अतः अधोमुखता का अर्थ सृष्टि की ओर उन्मुखता से है। स्व. त. २/२३१ में कहा गया है कि,

"शिवाम्बुसे मार्जन कर दर्भमूल से स्रुक् और स्रुवा से मूलस्पर्शकर इन दोनों को अधोमुख स्थापित करना चाहिये। दर्भों के पृष्ठ भाग में इन की पूजा करनी चाहिये"।

इसके साथ ही यह भी निर्देश है कि, "स्रुक् शक्ति रूप होता है और स्रुव शिवात्मक होता है"। इसीलिये श्लोक में स्रुक् और स्रुव को शक्ति और शिव रूप से हृदयङ्गम करने का निर्देश है।।४१६।।

स्रुक् और स्रुव के संस्कार दूसरे शास्त्रों में अनेक प्रकार से वर्णित हैं। श्रीपूर्वशास्त्र में इसके नाम का भी ग्रहण नहीं किया गया है। इसके फल स्वरूप इनके निरीक्षण और अभ्यर्चन मात्र को ही संस्कार का निमित्त मान लिया गया है। इसका रहस्य क्या है? इस सम्बन्ध में अपना मन्तव्य प्रकट कर रहे हैं—

तात्त्विक रूप से किसी पदार्थ की रहस्यात्मकता का यदि दर्शन हो रहा है, तो यही संस्कार का प्राण है। इससे बढ़ कर संस्कार क्या हो सकता है?

'कर्तव्या यस्य संशुद्धिरन्यस्याप्यत्र वस्तुनः ।
तस्यानेनैव मार्गेण प्रकर्तव्या विज़ानता ।' (८।५१) इति।

एवंमाज्यादावपि ज्ञेयम्। अतश्च अत्र शास्त्रान्तरादिह न किंचिदपि अपेक्षणीयमर्घपात्रविप्रुट्प्रोक्षणादिनैव संस्कारसिद्धेस्तदपेक्षाया एव अभावात्। अन्यथा हि सर्वमेव अपेक्षणीयमिति अपर्यवसितमेव अनुष्ठानं स्यात्। यदाहुः

'नच शास्त्रान्तरे कर्तुं युक्तं शास्त्रान्तरश्रुतम् ।
शास्त्रस्यान्यानपेक्षत्वात्पुंबुद्धिप्रभवं हि तत् ।।

जब कि तत्त्व का स्वरूप ही प्रत्यक्ष हो जाये। यह जतलाने के लिये श्री पूर्वशास्त्र में सुवा और स्रुक् की चर्चा नहीं की गयी है।

वास्तविकता यह है कि, स्रुक् और स्रुव की होम सम्बन्धिनी योग्यता का आह्वान करने के लिये ही अन्यान्य शास्त्रों में संस्कारों की कल्पना की गयी है। यह उनके वर्णन से ही सिद्ध है। हमारे दर्शन का दृष्टिकोण इससे उच्चकोटि का है। यह मानता है कि, शिवतापत्ति से बढ़ कर कोई संस्कार नहीं होता। अर्घपात्र के विप्रुषों (लघु लघु जलीय छींटों) से ही यह कार्य सम्पन्न हो जाता है। यह बात पहले कई बार उद्घोषित की गयी है।

श्री पूर्वशास्त्र भी ८/५१ श्लोक द्वारा यह स्पष्ट करता है कि,

"जिस किसी वस्तु की संशुद्धि अघोषित हो और उसका करना आवश्यक हो, तो विज्ञ पुरुष उसका संस्कार इसी मार्ग से करे"

यह प्रक्रिया अन्य आज्य आदि पदार्थों की भी है। इसी उद्देश्य से शास्त्रान्तर वर्णित मान्यताओं की यहाँ कोई उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। अर्घपात्र के शिवाम्बु की छीटों से ही यह सारी संस्कार-प्रक्रिया सिद्ध हो जाती है। अतः किसी की अपेक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाता।

यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो अन्य शास्त्रों में जिन बातों को अन्यथा महत्व दिया गया है, वे भी अपेक्षणीय हो जायेंगी, जो व्यर्थ है। कहा भी गया है कि,

सापेक्षत्वेऽप्यपेक्षैव मानं यावदपेक्षते ।
तावदेवान्यतः कार्यं नान्यत्स्यादनवस्थितेः ।।इति।।

एवमग्निगमधिवसानमभिधाय तर्पणमाह

ततस्तिलैर्मृगीं मध्यानामाङ्गुष्ठवशाद्गुरुः ।।४१८।।

कृत्वा मूलं तर्पयेत शतेनाज्यस्त्रुवैस्तथा ।
अङ्गवक्त्रं षडंशेन शेषांश्चापि दशांशतः ।।४१९।।
सहस्रादिकहोमोऽपि तृप्त्यै वित्तानुसारतः ।

"अन्य शास्त्रों में जो बातें लिखी गयी हैं, उनको सुन कर दूसरे शास्त्रों की प्रक्रिया में उनका समावेश नहीं करना चाहिये। यह ध्रुव सत्य है कि, ऐसे शास्त्र पुरुष-बुद्धि के वैशद्य से विनिःसृत लौकिक शास्त्र मात्र हैं। उनकी कभी भी अपेक्षा नहीं करनी चाहिये।

यदि उन्हें सापेक्ष मान भी लिया जाय, तो जब तक प्रमाण इत्यादि की अपेक्षा रहेगी, यह क्रिया कभी बन्द ही नहीं होगी। एक को किसी की, उसको फिर दूसरे की अपेक्षा के इस क्रम से छुटकारा पाना आवश्यक है। यह यदि करना ही है, तो स्थिति के अनुरूप किया जा सकता है। पर इससे अनवस्था दोष को रोका नहीं जा सकता"।

अतः स्वतन्त्र शास्त्र को किसी अन्य शास्त्र की किसी प्रकार की कोई अपेक्षा नहीं होती, यह ध्रुव सत्य सिद्धान्त है।।४१७।।

तर्पण विधि का उपक्रम, अग्नि अधिवासनविधि के उपरान्त अनुज उद्देश में उद्दिष्ट विधि के निर्देशानुसार किया जा रहा है—

गुरु को मृगी मुद्रा बना कर तिल के द्वारा स्त्रुवा पात्र स्थित घी से मूल को सौ बार, अङ्गवक्त्र को उसके छठें अर्थात् १६-१७ बार और अन्य तर्पणीयों को ११-११ बार हवन करना चाहिये। यहाँ दो बातों पर विशेष ध्यान दिया गया है। पहली बात है- मृगी मुद्रा द्वारा आज्याहुति और दूसरी बात है कि, सौ बार होम का ही नियम नहीं है। यह हजार बार भी किया जा सकता है। उस

मृगीं कृत्वेति। यदुक्तम्

'अङ्गुष्ठाग्रसमासक्ते मध्यानामे महेश्वरि ।
तर्जनी च कनिष्ठा च प्रोच्छ्रिते विरले कृते ।।
मृगी नाम महामुद्रा.............................. ।' इति।

नच होमस्य शतिकत्वमेव नियम इत्याह सहस्रेत्यादि। अत एव तत्र तत्र

'........................वित्तशाठ्यं न कारयेत्।'

इति उक्तम्।।४१९।।

ननु यदि शतिकेनैव होमेन तर्पणं सिध्येत्, तत् किं वित्तक्षयकारिणा सहस्रादिकेनेत्याशङ्क्य आह

सति वित्तेऽपि लोभादिग्रस्तो बाह्यप्रधानताम्।।४२०।।
प्रथयंश्छिद्रगुणीभावाच्छक्तिपातं न विन्दति ।

बाह्यप्रधानतां प्रथयन्निति बाह्ये धनादावाग्रहात्। यथोक्तं

समय षष्ठांश और दशमांश की संख्या बढ़ जायेगी। मुख्य रूप सें शिष्य के वित्तीय स्तर पर ही यह निर्भर करता है। इसमें वित्त शाठ्य नहीं अपनाना चाहिये। जहाँ तक मृगी बन्ध का प्रश्न है- यह महामुद्रा मानी जाती है। इसके बनाने का क्रम है कि "अंगुष्ठ में मध्यमा और अनामिका का योजन करना चाहिये। तर्जनी और कनिष्ठा का फैला लेनेपर और कर पृष्ठ की ओर पीछे की ओर दबा लेने मृगी महा मुद्रा बनती है।"

यहाँ जल से तर्पण का विधान नहीं है। आज्य मिश्रित तिलों से ही इसे करना चाहिये।।४१९।।

यह प्रश्न करने का कोई कारण नहीं है कि, यदि सौ बार हवन करने से ही तृप्ति सम्भव है, तो सहस्राहुति कर व्यर्थ घी-तिल बहा कर पैसे के दुरुपयोग की क्या आवश्यकता? इस पर कह रहे हैं कि,

'विभवे सति यो लोभान्न कुर्याद्विधिविस्तरम् ।
नासौ फलमवाप्नोति जातुचित्परमेश्वरि ।।इति।।

ननु एतावतैव शक्तिपातं न विन्दति, —इत्यत्र किं प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

उक्तं स्वच्छन्दतन्त्रे तद्दीक्षितोऽपि न मोक्षभाक्।।४२१।।

इह तावत् कृतमकृतं न भवतीति अविवादः। तत् सलोभादेर्दीक्षायां कृतस्य कर्मणः किं फलं स्यादित्याशङ्कते

ननु यत्तस्य दीक्षायां कृतं कर्मास्य किं फलम् ।

एतदेव प्रतिविधत्ते

तत्राहुर्गमशास्त्रज्ञा वामाशक्तिमयास्तदा ।।४२२।।

वास्तव में चिदैक्य-प्राधान्य की दृष्टि से श्रद्धावान् पुरुष तो देव तर्पण से प्रसन्नता का ही अनुभव करता है। कुछ ऐसे यजमान शिष्य होते हैं, जो चिदैक्य को प्रधानता नहीं देते। उन्हें तो हमेशा धन दौलत की ही पड़ी रहती है। उन्हें पैसे का लोभ और उसे खर्च करने पर चिन्ता होती है। उन्हें वित्त की कमी नहीं होती। वे तो मात्र लोभ और मोह के कारण ही व्ययभार से बचना चाहते हैं। उनका बड़ा अहित हो जाता है। वे शक्तिपात से ही वंचित रह जाते हैं।

आगम कहता हैं कि

"विभव (धन-सम्पत्ति ऐश्वर्य) रहने पर भी जो लोभ के वशीभूत हो कर विधि में विस्तार नहीं देता, भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, पार्वति! वह उस यज्ञादि क्रियाकलाप का फल कभी भी नहीं पाता"

इसी वित्त शाठ्य से वह लोभादि ग्रस्त होने के कारण शक्तिपात से वञ्चित रह जाता है। शक्तिपात तो आत्यन्तिक तादात्म्यवृत्ति में होता है। स्वच्छन्दतन्त्र भी यही कहता है कि, ऐसा लोभी व्यक्ति दीक्षित होकर भी मोक्ष का अधिकारी नहीं होता।।४२०-४२१।।

मन्त्रा बध्नन्ति तं सम्यग्भवकारामहागृहे।

तदेति बाह्यप्रधानतायां चिद्गुणीभावे सतीत्यर्थः।।

ननु यदि एषां वामा शक्तिरेवं फलदायिनी, तदुदितापि ज्येष्ठा शक्तिः किं व्यर्थैव स्यादित्याशङ्क्य आह

या त्वनुग्राहिका शक्तिस्तेषां सा गुरुदीपिता।।४२३।।
शोधयेत स्वशास्त्रस्थनिष्कामोल्लङ्घनक्रियाम्।

या पुनस्तेषां वृत्तदीक्षाणामनुग्राहिका शक्तिः, सा गुरुणा कर्मयोगज्ञानैरुत्तेजिता सती स्वत्र दीक्षाद्यनुष्ठाननिमित्तमात्मीयतां प्रापिते शास्त्रे स्थितस्य विधिनिषेधात्मनः समयस्य निष्काममनिच्छापूर्वं क्रियमाणमुल्लङ्घनं शोधयेत्, तथात्वेऽपि

शास्त्रों की यह मानता है कि जगत् के किसी क्षेत्र मे भी क्यों न किया हुआ कोई कार्य हो, उसे कोई ऐसा नहीं कह सकता कि, यह किया हुआ नहीं है। लोक में भी यही प्रसिद्ध है कि, कृत कभी अकृत नहीं हो सकता। जिन शिष्यों को लोभी होने पर भी दीक्षा दे दी जाती है, वह अकृत हो नहीं सकती। ऐसी स्थिति में इस दीक्षा का क्या फल हो सकता है? यही आशङ्का शास्त्रकार करते हैं और उसका प्रतिविधान भी कर रहे हैं—

लोभ युक्त शिष्य को दीक्षा दे देने से इस दीक्षा रूपी कृत कर्मका फल क्या हो सकता है? इस शङ्का में श्रीगमशास्त्रज्ञ कहते हैं कि, उस समय उसके मन्त्र वामाशक्तिमय हो जाते हैं और उस दीक्षित को संसार के कराल कारागृह से उबारने के स्थान पर और भी कर्कश बन्धन प्रदान करते हैं। यह तभी होता है, जब बाह्य की मुख्यता में चिन्मयता गौण हो जाती है।।४२२।।

यदि वामा शक्ति ही इस प्रकार फल प्रदान करती है, तो क्या वहाँ उदित होने वाली ज्योष्ठा शक्ति क्या व्यर्थ ही निष्क्रिय और विनष्ट हो जाती है? इस जिज्ञासा का उत्तर दे रहे हैं

गुरु द्वारा उदीप्त, उन दीक्षा प्राप्त शिष्यों की जो अनुग्राहिका शक्ति है, वह शास्त्र में स्थित नियमानुरूप निष्काम उल्लङ्घन का शोधन करती है। यही उस शक्तिकी महत्ता है।

'तस्मादकृतविघातात्कंचित्कालं पिशाचवरराजः ।
भूत्वा विमलात्मासौ व्रजति च समतां परेशेन ।।'

इत्यादिदृशा स्वरूपाभिव्यक्तिपर्यवसानैव स्यात् बाह्यप्रधानतया चिद्गुणीभावेन, वामाशक्त्यधिष्ठाने तु मूलत एव स्वरूपस्य तिरोहितत्वात् न किंचिदपि कुर्यादिति युक्तमुक्तं

यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि, ज्येष्ठा शक्ति को गुरु अपने कर्मयोग के प्रभाव से उद्दीप्त करता है। ऐसी अवस्था में शिष्य के प्रति आत्मीयता का भाव जाग्रत होना भी स्वाभाविक है। इधर शिष्य लोभादि के प्रभाव से विधिनिषेधमय शास्त्रीय समयानुशासन का, न चाहते हुए भी उल्लङ्घन करने की विवशता से ग्रस्त हो जाता है। उधर लोभ और उधर शास्त्रीय समयों का उल्लङ्घन! यह दोहरा अनर्थ उपस्थित हो जाता है। यहाँ वामा को अवसर मिल जाता है। पर ज्येष्ठा व्यर्थ नहीं जाती। वह उस उल्लङ्घन क्रिया का शोधन करती है। कहा भी गया है—

"उस करणीय के न कर पाने रूप अकृतविघात के फलस्वरूप कुछ काल पर्यन्त पिशाचों में अग्रगण्य बनने का अभिशाप तो प्राप्त करता है किन्तु ज्येष्ठाशक्ति के क्रिया शोधन के कारण वह परमेश्वर की कृपा से विमलात्मा सिद्ध हो जाता है और साक्षात् शिव समत्व प्राप्त कर लेने का सौभाग्य प्राप्त कर पाता है"।

इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि, उसमें बाह्यभाव-प्राधान्य के फलस्वरूप जो चिद्गुणीभाव आ गया होता है, वह भी उसकी स्वात्म संविदुद्योत की अभिव्यक्ति पर्यन्त ही रह पाता है। इसके बाद तो, वह दीक्षा के प्रभाव से अभीप्सित पद प्राप्त करने का अधिकारी हो जाता है।

वामाशक्ति के अधिष्ठान के समय मूलतः वृत्तदीक्ष (दीक्षित) शिष्य का स्वरूप ही तिरोहित हो जाता है। उस समय वह कुछ भी कर सकने में समर्थ नहीं रह जाता। यह तथ्य पूर्ण उक्ति है कि,

'........लोभादिग्रस्तः शक्तिपातं न विन्दति।' (४२१) इति।

उक्तं च प्राक्

'स हि भेदैकवृत्तित्वं शिवज्ञाने श्रुतेऽप्यलम् ।
नोज्झतीति दृढं वामाधिष्ठितस्तत्पशूत्तमः ।।

शिवेनैव तिरोभाव्य स्थापितो नियतेर्बलात् ।
कथंकारं पतिपदं प्रयातु परतन्त्रितः ।।'
(१३।३१६) इति।।

एवं होमान्ते तत्पूर्णतासंपत्तये पूर्णाहुतिर्दातव्या,— इति तत्प्रयोगमाह

तत ऊर्ध्वाधरन्यासादन्योन्यौन्मुख्यसुन्दरम् ।।४२४।।

"लोभादि ग्रस्त दीक्षित शक्तिपात नही प्राप्त कर सकता। (४२१)

तेरहवें आह्निक के श्लोक ३१४-३१६ में कहा गया है कि' "वह वामा शक्ति से अधिष्ठित पाशबद्ध पुरुषों में उत्तम पशु ही कहा जाता है क्यों कि शिवज्ञान के श्रुत करने पर भी वेदवादिता का परित्याग नहीं कर पाता। शिवसे नियोजित नियति शक्ति द्वारा उसका तिरोधान हो जाता है। भला ऐसे अवसर पर वह पारतन्त्र्य से अभिशप्त रहने के कारण पति पद अर्थत् शिवीभाव कैसे प्राप्त कर सकता है?"

इस उक्ति से भी यही सिद्ध होता है कि, दीक्षा में जो व्यक्ति बाह्य की प्रधानता और चित् शक्ति की गौणता से ग्रस्त रहेगा, उसकी गति परतन्त्र पशु सी ही रह जाती है। उसके उद्धार में ज्येष्ठा शक्ति की कृपा से उत्पन्न सुपरिणाम में बहुत समय लग जाता है।।४२३।।

होम के अन्त में पूर्णता की प्राप्ति के लिये पूर्णाहुति देनी चाहिये। पूर्णाहुति के प्रयोग के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं—

इसके बाद ऊर्ध्व और अधर ढङ्ग से न्यस्त कर एक दूसरे के औन्मुख्य सें निष्पन्न सौन्दर्य से सम्पन्न एवं शिवशक्ति तादात्म्य भावापन्न स्रुक् और स्रुवाको घी से भर लेना चाहिये। घी से भरे स्रुक्-स्रुव-दण्ड को बायें हाथ को नीचे से

स्रुक्स्रुवं शिवशक्त्यात्मादायाज्यामृतपूरितम् ।
समचित्तप्राणतनुरैकात्म्यविधियोगतः ।।४२५।।

वामं स्रुग्दण्डगहस्तं दक्षिणं सोपयामकम् ।
कण्ठाधोगं विनिक्षिप्य दृढमापीड्य यत्नवान् ।।४२६।।

उत्तान कर पकड़ना चाहिये। दाहिने हाथ से कुशनिर्मित उपयाम के साथ स्रुक्-स्रुव-कण्ठ भाग से कुछ पहले ही दृढ़ता पूर्वक पकड़ रखना चाहिये। स्रुव् को कुछ नीचे करना चाहिये।

यह एक मुद्रा है, जिसमें यजमान द्वारा पूर्णहुति के लिये स्रुक्-स्रुवा के ऊर्ध्वाधोमुख मिलित यन्त्र को पकड़ कर पूर्णाहुति दी जाती है। इस स्थिति में चित्त, प्राण और शरीर का सामरस्य भी अपेक्षित है। इधर स्रुक् नीचे होने को हो और उधर प्राण वायु ऊर्ध्व और ऊर्ध्व संन्त्रियोजित होता रहे— तो पूर्णाहुति की प्रक्रिया में दिव्यता आ जाती है।

चन्द्र चक्र से द्वादशान्त पर्यन्त बोध की अग्नि में जैसे साधना-क्रम में विश्वात्मकता का हवन हो जाता है, उसी तरह स्रुक् के अग्रभाग से प्रज्वलित कुण्डस्थ मन्त्र से खुले अग्नि मुख में वौषट् की निर्धारित मन्त्रमयता तक परम आह्लादकारी आज्य का अमृतद्रव आहुति के रूप में गिरते रहना चाहिये। यहाँ अन्तर्याग और बाह्य याग का संश्लिष्ट वर्णन शास्त्रकार ने किया है।

इस प्रसङ्ग में कुछ तथ्यों पर विशेष रूप से विचार करने की आवश्यकता है। इनका क्रमिक दिग्दर्शन इस प्रकार किया जा सकता है—

१. **ऊर्ध्वाधर न्यास**—श्लोक ४१६ में स्पष्ट निर्देश है कि, आध्यात्मिक दृष्टि से स्रुवा शिव और स्रुक् शक्ति रूप माने जाते हैं। यह भी स्पष्ट उल्लेख है कि, 'अवियुक्तो यया प्रभुः'' अर्थात् इन दोनों का शाश्वत तादात्म्य है। पूर्णाहुति के प्रसङ्ग में एक दूसरे के औन्मुख्य को ऊपर-नीचे एक में मिलाकर इन्हें एकाकार करने का विधान बड़ा रहस्यमय है। स्रुक् के ऊपर स्रुव को अधोमुख कर मिलाने से चर्याक्रम की तरह वहाँ भी तादात्म्य की साक्षात् अनुभूति होती है। आगम भी इस सम्बन्ध में यही कहता है—

अधः कुर्यात्स्रुचं प्राणमूर्ध्वोर्ध्वं संनियोजयन् ।
यावद्द्विषट्कपर्यन्ते बोधाग्नौ चन्द्रचक्रतः ।४२७।।

"नाभिस्थान में स्रुक् मूल को लगा कर उत्तान कर और आगे मुख कर सम्भालना चाहिये। पुनः स्रुक् के ऊपर स्रुव को अधोमुख कर उपयाम सहित दाहिने हाथ से पूरी सावधानी से पकड़कर आहुति के लिये अपने को तत्पर रखना चाहिये।"

२. **समचित्तप्राणतनु**—चेतन पद से अवारूढ चिति ही चित्त होती है। चित्त में चेतना का वैलक्ष्ण्य अक्षुण्ण रूप से परिलक्षित होता है। प्राक् संवित् प्राणे परिणता के अनुसार संवित्-स्पन्द ही प्राण है। देह समस्त चेतना का आधार है। साधक इन तीनों को अपनी साधना के बल पर सम भूमि पर सिद्ध कर लेता है। दीक्षा के प्रकरण में दीक्ष्य को इस प्रक्रिया को भी अपनाना पड़ता है। इस अवस्था में आने को परात्मक अद्वयानुसन्धान कह सकते हैं। तनु स्रुक् है। चित्त-प्राण शिवात्मक हैं। उनको भी सम करना यह विधि विहित है

३. **ऐकात्म्यविधियोग**—अन्योन्यौन्मुख्य में परस्पर स्वरूपानुप्रवेश होता है। विना विधि के कोई क्रिया नहीं होती। स्रुक् और स्रुव के परस्पर औन्मुख्य का उद्देश्य आज्यामृत से अग्नि को तृप्त करना है। साधना में बोधाग्निको तृप्त करते हैं। चर्या में भी यह तृप्ति उसी तरह निहित है। यह विधि गुरु निर्दिष्ट होनी चाहिये।

४. **प्राण का ऊर्ध्व सन्नियोजन**—प्राण को हृदय से (यहाँ हृदय का अर्थ केन्द्र है। प्राण का मूल केन्द्र मूलाधार है। प्राण अश्विनी मुद्रा से ऊर्ध्वगामी होता है।उसे द्वादशान्त पर्यन्त ले जाने का क्रम है। इसमें एक एक पद (स्थान) का उल्लङ्घन होता है और प्राण समना में पहुँच कर बोध की अग्नि से उद्दीप्त हो उठता है। यह चक्र साधना बोधग्नि में विश्वात्मक आहुति देनेवाला यज्ञ ही है। साधक पूर्णाहुति से प्रसन्न होता रहता है। इस यज्ञ की पूर्णाहुति के सन्दर्भ में दीक्षित शिष्य को यह प्रक्रिया खड़े-खड़े ही अपना लेनी चाहिये।

स्रुगग्रात्परमं ह्लादि पतेदमृतमुत्तमम् ।
तावद् वह्नौ मन्त्रमुखे वौषडन्तां हुतिं क्षिपेत् ।।४२८।।

ऊर्ध्वाधरन्यासादिति शिवशक्त्यात्मेति च यथायोगं, तेन स्रुगूर्ध्वं स्रुवः। यदुक्तं

'नाभिस्थाने स्रुचो मूलमुत्तानाग्रमुखं समम् ।
स्रुच्युपरि स्रुवं देवि कृत्वा चैवमधोमुखम् ।। इति।

अत एव शक्तिशिवात्मकत्वादनयोरन्योन्यौन्मुख्यमुचितं येन प्रेक्षितफलसंपत्तिः। एत एव अन्योन्यौन्मुख्येन परस्परस्वरूपानुप्रवेशात् स्रुगेकगमित्वेऽपि अविशेषेण उक्तमाज्यामृतपूरितमिति। एवमेवंविधं स्रुक्स्रुवमादाय पराद्वयानुसन्धानादेकध्यापन्नदेहप्राणबुद्ध्यादिराचार्यः स्रुग्वदुत्तानं वामं हस्तं स्रुचो दण्डमूलगंदक्षिणं च सोपयामं स्रुववदधोमुखं स्रुवस्यैव कण्ठादधो वेदिकाकारमग्रपीठं गतं तत्प्रान्तश्लिष्टं कृत्वा एवंसंनिवेशाभ्यां हस्ताभ्यां दृढमापीड्य यत्नवान् सावधानः प्राणं हृदयादारभ्य ऊर्ध्वोर्ध्वं सम्यक् तत्तत्पदोल्लङ्घनक्रमेण नियोजयन्नाज्यधारापातमनुसन्धाय स्रुचं शनैः शनैरधः कुर्यात् यावत् द्वादशान्तावस्थिते विश्वप्लोषकारिणि बोधाग्नौ चेतनालक्षणायाः स्रुचः परां काष्ठामधितिष्ठतश्चक्राकारतया परमं ह्लादि अत एव

---

५. **द्विषट्कपर्यन्तरूपा बोधाग्निं**— संविद् ही बोधाग्नि है। द्विषट् अर्थात् द्वादशन्तपर्यन्त। द्वादशान्त में ही यह आग शाश्वत प्रज्वलित रहती है। समना के त्रिशूलाब्ज से मकरन्द-सुधा-सीकर की वर्षा साधक के अस्तित्व को सदा आर्द्र रखती है। उसी तरह स्रुक् के अग्रभाग से आज्य रूप अमृत की वर्षा होती है। उससे आह्लाद उत्पन्न होता है। मन्त्रों से उद्दीप्त स्वाहा के मुख में समस्त आहुतियाँ प्रक्षिप्त होतीं हैं और एक अद्भुत समुद्भूति से अस्तित्व को भर देती हैं।

वस्तुतः मन्त्रोच्चार के साथ स्वाहाकार के समय ही आहुतियाँ अग्नि की ग्रास बनती हैं। वही बाह्य वह्नि का वदन होता है। इससे देवों की तृप्ति होती

---

१. अन्तर्निरन्तरनिरीन्धनमेधमाने कस्यांचिदद्भुतमरीचिविकासवेद्याम्।
मायान्धकार-परिपन्थिनि संविदग्नौ विश्वं जुहोमि वसुधादि शिवावसानम्।।

उत्तमममृतं पतेत् बोधाग्न्युपोद्बोधकतया प्रसरेत्, तावत् तदेकमयतानुसन्धानेन सर्वमन्त्राणां तत्तद्रव्यकवलीकारकरणतया मुखे बाह्ये वह्नौ तृप्त्याधायकतया वौषडन्तां हुतिं क्षिपेत् पूर्णाहुतिं दद्यादित्यर्थः। उपयाम ऊर्ध्वग्रन्थिर्ज्ञानखड्गतया प्रतीतो वेण्याकारो दार्भः संनिवेशः। यदाहुः

'दर्भाणां तालेमानेन कृता षट्त्रिंशता दलैः।
सप्तजप्ता शिवास्त्रेण वेणी बोधासिरुत्तमः।।' इति।।४२८।।

ननु एवमभिसन्धाने क इव अभिप्राय इत्याशङ्क्य आह

य ऊर्ध्वे किल संबोधः कुण्डे स प्रतिबिम्बितः।
वह्निः प्राणः स्रुक्स्रुवौ च स्नेहः संकल्पचिद्रसः।।४२९।।

है। अग्नि तृप्त होता है। मन्त्र चरितार्थ होते हैं और दीक्षितके दायित्वकी पूर्त्ति होती है।

६. **उपयाम**—आगम प्रामाण्य है कि, "कुशाओं के अंगुष्ठ से मध्यमा पर्यन्त लम्बा और ३६ पत्तों के योग से बनी वेणी जिसे हाथ में लिये हुए स्रुक्-स्रुव से पूर्णाहुति करने पर उत्तम फल मिलता है। यही तालमानवाली वेणी ही उपयाम है। शिवास्त्र मन्त्र से सात बार उसे अभिषिक्त कर जप करना भी आवश्यक विधान होता है। इसे उपयाम विधि कहते हैं। यह बोध की तलवार है। इससे अज्ञान के अन्धकार का ध्वंस हो जाता है"।।४२८।।

पूर्णाहुति के समय यह द्वादशान्त पर्यन्त बोधाग्नि में होम आदि के अनुसन्धान क्यों आवश्यक हैं? इसका अभिप्राय क्या है? आदि के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट कर रहे हैं-

पूर्णाहुति कर्त्ता के मनमस्तिष्क में सम्बोध का प्रकाश ही कुण्ड रूप में प्रतिबिम्बित अग्नि है। प्रकाश का प्रतिबिम्ब ही वैश्वानर है- यह संस्कार मनमें

---

१. अंगुष्ठ सेतर्जनी के फैलाव को प्रादेश' मध्यमापर्यन्त फैलावको'ताल', अनामिका तक 'गोकर्ण और कनिष्ठा तक को वितस्ति' कहते हैं।

इत्थं ज्ञात्वादितः कुण्डस्रुक्स्रुवाज्यमनून्भृशम्।
द्वादशान्तविबोधाग्नौ रुद्ध्वा पूर्णाहुतिं क्षिपेत् ।।४३०।।

यः किल ऊर्ध्वे स्थितः संबोधः, सोऽर्थादधः कुण्डे प्रतिबिम्बितो वह्निः, यश्च एवंविधः प्राणस्तौ स्रुक्स्रुवौ, यश्च एवं भेदपरामर्शात्मा चिद्रसः, स स्नेह इत्यनुसन्धाय प्रथमं कुण्डादीन् द्वादशान्तविबोधाग्नौ भृशं रुद्ध्वा बिम्बप्राये तत्र तत्र आरोहक्रमेण सामरस्यं प्रापय्य पूर्णाहुतिं क्षिपेत् यथा प्रतिबिम्बप्रायाणां बाह्यानामेषामधोऽध एव अवस्थितिः स्यात्।।४३०।।

ननु बिम्बस्य ऊर्ध्वोर्ध्वमवस्थाने प्रतिबिम्बस्य अधोऽधः स्थितिर्भवेदिति कोऽयं नय इत्याशङ्कां गर्भीकृत्य दृष्टान्तयति

यथा यथा हि गगनमुत्पतेत्कलहंसकः ।
जले बिम्बं ब्रुडत्यस्य तथेत्यत्राप्ययं विधिः ।।४३१।।

दृढ़बद्ध होना चाहिये। श्वासनिःश्वास मय प्राणापान का ऊर्ध्वोर्ध्व संनियोजन स्रुव और स्रुक् हैं। हृदयस्थ चित्-सुधा की दिव्य चेतना का निचोड़ ही घी है। इतना अनुसन्धान कर लेने पर ऊपर का आध्यात्मिक यज्ञ पहले सम्पन्न हो जाता है। यह यज्ञ का बिम्ब है। बिम्ब का ही प्रतिबिम्ब होता है।

नीचे जो यज्ञ सम्पन्न हो रहा है, यह उसी का प्रतिबिम्ब है। यज्ञ के प्रज्वलित कुण्ड, स्रुक्, स्रुव, आज्य और मन्त्र ये सभी बाह्य परिवेश में पड़ने वाले प्रतिबिम्ब हैं। अतः बिम्बात्मक मौलिकता से मनोज्ञ मख की प्रक्रिया का प्रारम्भ पहले द्वादशान्त के बोध प्रकाश से प्रज्वलित चिदग्नि में करना अनिवार्यतः आवश्यक है। वहाँ प्राण रोधन प्रक्रिया अर्थात् आरोह क्रम से सामरस्यमयी स्थिति प्राप्त करने के बाद पूर्णाहुति का पातन होना चाहिये।।४२९-४३०।।

बिम्बप्रतिबिम्बात्मक ऊर्ध्वाधः अवस्थान की उत्प्रेक्षा के सम्बन्ध में दृष्टान्त के माध्यम द्वारा स्पष्टीकरण कर रहे हैं—

जैसे कलहंस ऊपर आकाश में स्वच्छन्द विहार करता है और नीचे जलाशय में उसका प्रतिबिम्ब डूबता हुआ भी गतिशील प्रतीत होता है। उसी तरह की

बिम्बमिति प्रतिबिम्बरूपम्।।४३१।।

एवमनुसन्धाने प्रकारान्तरमाह

स्वाभाविकं स्थिरं चैव द्रवं दीप्तं चलं नभः।
माया बिन्दुस्तथैवात्मा नादः शक्तिः शिवस्तथा।।४३२।।
इत्थं व्याप्यव्यापकतो विभेद्याभ्यन्तरान्तरम्।
तदधःस्थानि पृथ्व्यादिमूलान्तानि तथा पुमान् ।।४३३।।
अविद्यारागनियतिकालमायाकलास्तथा ।
अणुर्विद्या तदीशेशौ सादाख्यं शक्तिकुण्डली।।४३४।।

यह याज्ञिक विधि भी है। यहाँ ब्रुड तुदादि धातु का प्रयोग किया गया है। भोजपुरी की विभाषा में इससे 'बूड़' धातु बन गया है। बूड़त बा, बूड़त रहल आदि बूड़ धातु के प्रयोग हैं। हिन्दी में वर्ण विपर्यय रूप भाषावैज्ञानिक नियम के अनुसार 'बूड़' की जगह 'डूब' धातु बन गया है। कलहंस ऊपर उड़ान भर रहा है और नीचे उसका प्रतिबिम्ब डूबता हुआ तिर रहा है। इसी प्रकार का यागविधि का स्वरूप भी है।।४३१।।

इस रहस्य को प्रकारान्तर से समझाने का अनुग्रह शास्त्रकार कर रहे हैं—

स्वाभाविक जो कुछ भी है, वह स्थिर है। यही माया का स्वरूप है। विन्दु द्रव (आप्य) है। नाद दीप्त है। शक्ति चल (वायवीय) है। शिव नभस् रूप (निरावरण) है। यह व्याप्य-व्यापक भाव से भरा हुआ विभाजन है। आन्तर और बाह्य रूप से विंशाल इस सृजनमें माया से शिव पर्यन्त यही रहस्यमय लीला-विलास उल्लसित है।

इस प्रकार विस्तार मयी इस सृष्टि के अधःस्थ तत्त्व पृथिवी से मूल (प्रकृति) पर्यन्त २५ तत्त्व पुनः पुमान् १ तत्त्व, अविद्या, राग, नियति, काल, माया और कला रूप ६ कंचुक, शुद्धविद्या, ईश्वर सदाशिव और शक्ति कुण्डली रूप ४ तत्त्व रूप कुल मिलाकर ३५ तत्त्व इस क्रम से शास्त्र मानते हैं।

व्यापिनी समनौन्मन्यं ततोऽनामनि योजयेत् ।
रेचकस्थो 'मध्यनाडीसन्धिविद्गुरुरित्यदः ।।४३५।।
प्रोक्तं त्रैशिरसे तन्त्रे परयोजनवर्णने ।

इह खलु पारमेश्वरी स्वरूपगोपनाकारा मायाख्या शक्तिर्व्यापकत्वात् ज्ञत्वकर्तृत्वाद्यात्मकं स्वाभाविकं रूपं व्याप्य आच्छाद्य आस्ते इति एतत्संकोचितः सकलादिरात्मा व्यापकत्वात् स्थिरं पार्थिवं रूपमित्थं वक्ष्यमाणेन क्रमेण व्याप्त आस्ते। बिन्दुश्च आप्यायकत्वात् द्रवमाप्यं, नादश्च दीप्तमाग्नेयं, स्पर्शप्रधाना शक्तिश्च चलं वायवीयं, निरावरणत्वाच्छिवश्च नाभसमिति। एतत्

इस रहस्य आम्नाय को मन में गुन लेने के बाद साधक गुरु क्रमिक एक एक पद चलता हुआ आन्तर प्रवेश करता है। इसी क्रम में व्यापिनी पर पहुँच कर वह समना में प्रवेश प्राप्त करना है। इसके बाद अनाम अर्थात् उन्मना मे अपने को योजित करता है। यह सारा क्रिया कलाप गुरु के अनुग्रह का प्रतिफल होता है। गुरु की इस अन्तः प्रवेश करने की प्रक्रिया को रेचक प्रक्रिया भी कहते हैं। इसी आधार पर गुरु को रेचकस्थ कहते है। रेचन में अपान मोचन और पूरक में सूर्य रूप प्राण से पोषण होता है। षट्कंचुक त्याग से शुद्ध अध्वा में प्रवेश कराने के लिये इस रेचक बिन्दु पर उसे बैठना पड़ता है।

इसी आधार पर यह शास्त्रीय मान्यता है कि, गुरु मध्य नाड़ी का 'सन्धिविद्' अर्थात् सभी सन्धि स्थलों का वेत्ता होता है। मध्य नाडी के सभी सन्धि स्थल चक्र कहलाते हैं। चक्र साधना से सुषुम्ना उद्दीप्त होती है। कुण्डलिनी का जागरण होता है। तभी समना-उन्मना भूमियों का शाश्वत आनन्द उपलब्ध होता है। यह सारा वर्णन त्रैशिरस शास्त्र में परयोजन प्रसङ्ग में उपलब्ध है। इस सन्दर्भ में कुछ विशिष्ट शब्दों का विश्लेषण आवश्यक है—

१. माया का स्वाभाविक स्थिर रूप—माया परमेश्वर की उस शक्ति का नाम है, जो 'स्व' रूप का गोपन करती है। यह सर्व व्यापक होती है। परिणामतः यह ज्ञत्व और कर्तृत्व आदि को भी व्याप्त कर और उनको आच्छादित कर अवस्थित रहती है। इसके महा प्रभाव से संकोच को प्राप्त कर सकल आदि

'पृथिव्यापस्तथा तेजो वायुराकाशमेव च।
पञ्चैतानि तु तत्त्वानि यैर्व्याप्तमखिलं जगत्।।'

इत्यादिदृशा पृथिव्यादिशक्तिपर्यन्तपञ्चत्रिंशत्तत्त्वगर्भीकारेण मध्यनाडीसन्धिवित् तन्मर्मज्ञः, अत एव ऊर्ध्वरेचकस्थो गुरुः

................षट्त्यागात्सप्तमे लयः।' (स्व. ४।२६७)

इति भङ्ग्या तत्तत्पदोल्लङ्घनेन आभ्यन्तरादाभ्यन्तरमूर्ध्वमूर्ध्वं विभेद्य अनन्तरमनामनि अनाख्ये द्वादशान्तावस्थिते परमशिवे समनन्तरोक्तयुक्त्या योजयेदिति। एवं श्रीत्रिशिरोभैरवे योजनिकाप्रकरणे विभज्य उक्तम्।।४३२-४३५

सारा आत्मा का समुदाय जडत्व का वरण करने को विवश हो जाता है। जड़ता का बाह्य स्थिर रूप पार्थिव रूप है। पृथिवी है। पृथिवी स्थिर दीख पड़ती है। संकोचरूप से जड़ता की व्यापकता भी आन्तर रूप से स्थिर है।

२. **पञ्चतत्त्वों की सर्वत्र व्याप्ति**—आगम कहता है कि,

"पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश ये पाँच तत्त्व (बड़े महत्त्वपूर्ण हैं।) इनसे सारा जगत् व्याप्त है।"

इस में पृथिवी से शक्ति पर्यन्त ३५ तत्त्व आ जाते हैं। जैसे चार महाभूत आकाश में समाहित हो जाते हैं, उसी तरह नाभस शिव में शेष ३५ तत्त्व गुरु द्वारा योजित कर दिये जाते हैं। पञ्चमहाभूतों की जगद्व्याप्ति को पहले माया और स्थिर पृथिवी के रूप में दिग्दर्शित किया गया है।

दूसरा तत्त्व 'आप्' अर्थात् जल है। जल द्रव तत्त्व है। द्रव आप्यायक तत्त्व है। आप्यायक तत्त्व बिन्दु है। बिन्दु अमृतात्मक होने के कारण तृप्त करने वाला तत्त्व है। अतः बिन्दु आप्य अर्थात् द्रव अर्थात् जलीय माना जाता है। इस प्रकार 'आप्' तत्त्व की व्यापकता भी स्वयंसिद्ध हो जाती है।

जहाँ तक 'नाद' का प्रश्न है, यह आग्नेय माना जाता है। नाद सर्वव्याप्त तत्त्व है। अतः उसके आग्नेय होने के कारण अग्नि तत्व भी सर्व व्याप्त मान लिया गया है। वस्तुतः प्राण-सूर्य के प्रकाश से अनुत्तर 'अ'कार का परिवेश

एवमेतत् प्रसंगादभिधाय चरुसंसिद्धिं वक्तुमाह

ततः प्राक्स्थापितान्यस्तमन्त्रसंस्कृतवह्निना ।।४३६।।

चरुः साध्योऽथवा शिष्यैर्होमेन समकालकः।

चरौ च वीरद्रव्याणि लौकिकान्यथवेच्छया ।।४३७।।

पूरित है। वर्ण की उत्पत्ति के अनन्तर नाद का स्फोटात्मक तेजस स्वरूप अभिव्यक्त होता है। अतः इसका आग्नेय होना भी स्वाभाविक है।

चौथा महाभूत वायु है। इसकी सर्वव्यापकता भी स्वयं सिद्ध है। वायु चञ्चल होता है। शक्ति का शाश्वत विमर्शात्मक स्पन्द भी चञ्चल है। यह वायु का धर्म है। वायु स्पर्श गुण वाला माना जाता है। शक्ति भी स्पर्श प्रधान मानी जाती है। अतः स्पर्श प्रधाना और चपला शक्ति वायवीय होती है— यह स्पष्ट है। इस आधर पर वायवीयता की व्याप्ति भी स्वाभाविक हो जाती है।

जहाँ तक ३६ वें तत्त्व शिव की मान्यता है, उनमें किसी प्रकार का आवरण अस्वीकृत है। आकाश निरावरण होता है। निरावरणता का यह गुण अवश्य ही आकाशीय गुण है। शिव में भी नाभस व्याप्ति से नभस् तत्त्व सर्वव्याप्त सिद्ध हो जाता है।

३. योजनिका—शास्त्र में कारण त्याग की एक विधि है। एक एक कारण को छोड़ कर उन्मना में प्रवेश करते हैं। इसी से मिलती जुलती विधि योजनिका भी है। एक एक तत्त्व का उल्लङ्घन भी इसे कह सकते हैं। सब का शिवमें संयोजन ही योजनिका विधि है। त्रैशिरस दर्शन में सारा तत्त्ववाद शिव में समायोजित माना जाता है। तन्त्रसार में यह शव दाह प्रकण में भी प्रयुक्त है[१] ।।४३२-४३५।।

अनुज उद्देश के क्रमानुसार यहाँ चरु सिद्धि के विषय में शास्त्रीय मन्तव्य प्रकट कर रहे हैं—

इसके बाद पहले से ही सम्यक् रूप से स्थापित और मन्त्रों से संस्कार-सम्पन्न अग्नि द्वारा चरु का निर्माण करना चाहिये। इसमें विकल्प भी है। शिष्य

---

[१] तन्त्रसार खण्ड २ आ. १९ पृ. २०७ पं. ११

चरुसिद्धौ समस्ताश्च क्रिया हृन्मन्त्रयोगतः ।
ततश्चरुं समादाय गुरुराज्येन पूरिताम् ।।४३८।।

स्रुचं स्रुवं वा कृत्वैव भुक्तिमुक्त्यनुसारतः।
देवानामथ शक्तीनां यन्त्राणां तु त्रयं त्रयम् ।।४३९।।

सप्तमं मातृसद्भावं क्रमादेकैकशः पठन् ।
स्वा इत्यमृतवर्णेन वह्नौ हुत्वाज्यशेषकम् ।।४४०।।

जिस समय हवन कर भी रहे हों, एक ओर चरु-पाचन प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। चरु पाचन में वीरद्रव्य का प्रयोग, लोक प्रचलित द्रव्य प्रयोग करने का भी निर्देश है। इच्छया (४३७) शब्द के प्रयोग के आधार पर वीर के साथ अवीर का भी ग्रहण करने का विधान है। चरु-पाचन में मन्त्रोच्चार अनावश्यक है। हृदय स्थित अथवा हृत् (मूल) मन्त्र का प्रयोग करना चाहिये। सिद्ध चरु लेकर गुरु स्रुक् अथवा स्रुवा को आज्य (घी) से उसे पूरी तरह संसक्त करें। इसमें भुक्ति और मुक्तिका दृष्टिकोण नितान्त अपेक्षित है। बुभुक्षु और मुमुक्षु शिष्यों के उद्देश्य की पूर्त्ति ही इस कर्मकाण्ड का लक्ष्य है। बुभुक्षु के लिये स्रुक् को आज्य पूरित करना चाहिये। इसी तरह मुमुक्षु के लिये स्रुवा की पूर्त्ति होनी चाहिये।

सुक् और स्रुवा ये दो यज्ञ के मुख्य उपकरण हैं। स्रुक् से या स्रुवा से भुक्ति और मुक्ति दोनो दृष्टियों से देवों, देवों की शक्तियों और यन्त्रों इन तीनों को मुख से उच्चारण करते हुए हवन की क्रिया छः बार हो जाती है। पुनः मातृकाओं का उच्चारण कर हवनमें सात बार का क्रम अपनाना पड़ता है। इस प्रक्रिया में 'स्वाहा' शब्द का आत्यन्तिक महत्व होता है। विना इसके उच्चारणके हवन प्रक्रिया पूरी नहीं होती। पुराणों के अनुसार 'स्वाहा' यज्ञपत्नी का नाम है।

तन्त्रशास्त्र की दृष्टि की नैरुक्तिक व्युत्पत्ति बड़ी ही रहस्य गर्भ है। 'स्वाहा' के 'स्वा' को अमृतवर्णा और 'हा' को अग्निवर्णा माना जाता है ('स्वा' इस अमृतवर्ण से आज्यशेष का वह्नि में हवन करने के उपरान्त 'चरु' को 'हा' रूपीअग्नि वर्ण का उच्चारण कर ही अग्नि में हवन करने की बात लिखी गयी

चरौ हेत्यग्निरूपेण जुहुयात्तत्पुनः पुनः ।

तत इति तर्पणानन्तरम्। अन्यस्तमन्त्रेति, यदुक्तं

'आप्याश्चरुपुरोडाशाः पञ्चसंस्कारसंस्कृते ।
अनाहतशिवे वह्नौ होमस्त्वावाहिते शिवः ।।' इति।

अतश्च शुद्धाग्नेरिति तत्र उक्तम्। साध्य इति स्वयमाचार्येण। होमेन समकालक इति शिष्याणां होमादावव्यग्रत्वात्। वीरद्रव्याणि सारादिरूपाणि। लौकिकानि क्षीरतण्डुलादिरूपाणि। इच्छयेति वीराणामवीराणां वा। समस्ताः क्रिया इति स्थाल्यादिग्रहणतदभिमन्त्रणदर्वीविघट्टनाद्याः। अमृतवर्णेनेति सवयोराप्यायकारित्वात्।

है। यद्यपि यह अव्यावहारिक सा प्रतीत होता है, पर वस्तुतः इसे व्यवहार में इस प्रकार लाया जाना चाहिये। मन्त्र के बाद जब 'स्वाहा' के 'स्वा' शब्द का उच्चारण हो रहा हो, गुरु को चाहिये कि, उसी समय वह आज्य की आहुति दे दे। इसके अनन्तर हा का उच्चारण होते ही चरु की आहुति पड़ जानी चाहिये। इस प्रकार 'स्वाहा' का प्लुत प्रयोग समवेत् भी हो जाता है और विधि भी पूरी हो जाती है।

यहाँ कुछ शब्दों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है—

१. अन्यस्तमन्त्र (श्लोक ४३६)— (न, न्यस्त, मन्त्र) इन शब्द खण्डों से बने इस शब्द का यह सामासिक प्रयोग है। मन्त्र जप में न्यास का अन्यतम महत्व है। कर्म काण्ड में अग्नि संस्कार के बाद ही होम का विधान है। इस सन्दर्भ में जिन मन्त्रों से वह्नि को संस्कृत किया जाता है, उसमें न्यास की आवश्यकता नहीं होती। वहाँ अग्नि पहले से ही स्थापित कर दिया गया होता है। बस केवल मन्त्र प्रयोग से उसका संस्कार होता है। इस सम्बन्ध में शास्त्र कहता है कि, "आज्य, चरु और पुरोडाश के लिये पृथक् विधान है। पाँच संस्कारों से संस्कृत किये हुए शैव अग्नि में होम् करना उचित माना गया है। यह आवाहित अग्निका होम होता है। यही होम कल्याण कारी और उत्तम होता है। अनाहत शिव वह्नि में भी हवन किया जाता है।"

अग्निरूपेणेति हस्य शिवाभिधायितया प्रमातृरूपत्वात्। पुनः पुनरिति इत्थं प्रत्याहुति प्रयोगः कार्य इत्यर्थः। एवं हि अग्नौ स्वा इति सोमभागः सोमात्मनि चरौ, हा इति अग्निभागश्च न्यस्तो भवेद् येन उभयमपि अग्नीषोमात्मकं संपद्यते इति। यच्छ्रुतिः

इसी लिये अग्नि के विशेषण के रूप में शुद्ध अग्नि का उल्लेख किया गया है आवाहित शुद्ध अग्नि में हवन करने से सारा याज्ञिक कर्म कलाप दिव्य हो जाता है।

२. **समकालक चरुसिद्धि**—चरु सिद्ध करने का काम शिष्यों से भी लेना चाहिये। हवन प्रक्रिया के समकाल अर्थात् उसी समय चरुसिद्ध करना उचित रहता है। शिष्य अनुशासन प्रिय होते हैं। गुरु के आदेशानुसार शान्ति से चरु सिद्ध कर सकते हैं। गुरु के उत्तरदायित्व पर तो सारा यज्ञ चलता है। गुरु के विभिन्न कार्यों में व्यापृत रहने से व्यग्र होना स्वाभाविक है।

३. **वीरद्रव्य और लौकिक द्रव्य-(४३७)**— वीर द्रव्यों में मज्जा आदि पदार्थ और लौकिक द्रव्यों में चरु, खीर (दूध-चावल निर्मित द्रव्य) अथवा खोआ आदि पदार्थ गृहीत होते हैं।

४. **स्वाहा**—स्वाहा अग्निपत्नी है। स्वाहा के उच्चारण के विना अग्नि देव प्रसन्न नहीं होते। स्वाहा पूर्वक समिधा विसर्जन से मन्त्र प्रेरित देवता आहुति ग्रहण करते हैं। यहाँ स्वाहा शब्द को दो भागों में बाँट दिया गया है। पहला अंश है- 'स्वा। इसे अमृत वर्ण कहा गया है। अमृतवर्ण कहने का कारण है। स्वा में स् + व + आ ये तीन वर्ण आते हैं। सकार का मूल आधार दो विन्दु होते हैं। प्रथम बिन्दु का अर्थ होता है- सर्वं वेत्ति इति बिन्दुः सर्वज्ञः शिवः। दूसरे बिन्दु का अर्थ है- विमर्श शैवी शक्ति। दोनो बिन्दु मिलकर विसर्ग होता है। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार विसर्ग को सकार आदेश होता है। 'विसर्जनीयस्य सः' इस सूत्र के अनुसार सकार सृष्टि का सीत्कार है। शैव 'सद्' भाव का प्रतीक है। अस् धातु का आधार है। अ शिव है और स् उसका विमर्श है। इस प्रकार शिवशक्ति सद्भाव रूप अमृतत्व का यह प्रवर्त्तक वर्ण है। इस लिये स् को अमृतवर्ण कहना सर्वथा उचित है।

'यो ह वै तद्धविरग्नीषोमाभ्यां जुहोति तस्यैतदमृतीभवति।' इति।।

एत एव आह

भोज्यभोजकचर्वग्न्योरित्थमेकानुसन्धितः ।।४४१।।

जहाँ तक 'हा' का प्रश्न है, इसे श्लोक ४४१ में अग्निरूप माना गया है। इस मान्यता का आधार भी विसर्ग ही है। विसर्ग का उच्चारण अर्ध हकार की तरह होता है। विसर्ग में विक्षेप शक्ति का प्राधान्य होता है। विक्षेप शक्ति में गति शीलता का पूर्ण वेग काम करता है। गति से तैजस प्रकाश को बल मिलता है। जब इसे अकार अथवा 'आ' कार का सुयोग मिलता है, तो उसकी गति वाला तेज अकार के अनुत्तर प्रकाश से खिल उठता है। इस धारणा में बैठने पर सारे कल्मष भस्म हो जाते हैं। इसी आधार पर 'हा' को अग्निरूप माना जाता है। इसकी यह अग्निरूपता ही पौराणिक दृष्टि में स्वा + हा को मिला कर अग्नि की पत्नी का रूप ग्रहण कर लेती है। आचार्य जयरथ भी 'ह' कार में शिवाभिधात्व का उल्लेख करते हैं। स्वाहा का यह प्रयोग प्रत्येक आहुति में होना आवश्यक है।

अमृत सोम का निश्च्योत रस माना गया है। 'स्वा' के अमृतत्व में सोम भाग उल्लसित होता है। सोम भाग का उल्लास चरु में होता है। जब इसमें 'हा' भाग का समन्वय हो जाता है, तो सोम भाग अग्नि में न्यस्त हो जाता है। यह अमृत और अग्नियोग की उभयात्मकता एक नये आयाम को जन्म देती है। वैदिक ऋषि उस रहस्य विज्ञान से पूरी तरह परिचित था। इसे उसने अग्निसोमात्मक होम की संज्ञा प्रदान की है। श्रुति का वचन है—

"यह यज्ञीय रहस्यात्मक निश्चित तथ्य है कि, जो यजमान इस हविष्य को अग्निसोमात्मक प्रक्रिया के अनुसार अग्नि को अर्पित करता है, वह अमृत ही हो जाता है"।।४३६-४४०।।

इस लिये शास्त्रकार कह रहे हैं कि, भोज्य भोजक रूप चरु और अग्नि हैं। चरु भोज्य है और अग्नि भोजक। इन दोनों के एक सन्धि स्थल पर संहित होने पर स्वाहा के प्रयोग से जिस तथ्य का प्रत्यवमर्श होता है, वही अद्वय भाव

स्वाहाप्रत्यवमर्शात्स्यात्समन्त्रादद्वयं परम् ।

परमद्वयमिति अग्नीषोमैकात्म्यापत्तेः।।४४१।।

ननु एवं भोज्यभोजकयोः साम्यमेव उक्तं स्यादिति किमेतदित्याशङ्क्य आह

एष संपातसंस्कारश्चरोर्भोक्ता ह्यधिष्ठितः।।४४२।।
भोग्यस्य परमं सारं भोग्यं नर्नर्ति यत्नतः।

परमं सारमिति भोग्यस्य भोक्तरि विश्रामात्, अत एव नर्नर्ति क्षोभात्मना परिस्फुरतीति उक्तम्।।४४२

संपातशब्दस्य अन्वर्थतां दर्शयति

का परामर्श है। यह समन्त्रक होता है। यह वाङ्मय का विलास यज्ञार्थ को सार्थकता प्रदान करता है। इससे जिस अद्वयभाव की उच्छलत्ता होती है, उसमें अग्निसोमात्मक यज्ञीय रहस्य का ही उद्घाटन होता है।।४४१।।

जिज्ञासु यह जानना चाहता है कि, भोज्य भोजक रूप इस आहुति प्रक्रिया से ही यज्ञ पूर्ण होता है। तो क्या इसमें भोज्य-भोजक इन दोनों का साम्य माना जाय? इस आशङ्का के सम्बन्ध में कह रहे हैं कि,

वस्तुतः यहाँ साम्य का दृष्टिकोण नहीं है। इसे 'संपात-संस्कार' की संज्ञा दी जा सकती है। चरु संपातसे अग्नि रूपी भोक्ता की अधिष्ठातृशालिता सिद्ध हो जाती है। भोग्य भाव का यह आत्यन्तिक सार रहस्य है। अग्नि में पड़ते ही भोज्य में एक विशेष प्रकारका नर्त्तन (जलने से हविष्य में विचित्र रूप परिवर्तनात्मक उच्छलन) होता है। इस प्रकार भोग्य भोक्ता मय हो जाता है। यह भोग्य की भोक्ता में विश्रान्ति मानी जाती है। भोज्य का पुनः पुनः क्षोभात्मक परिस्फुरण उसका जल कर राख होना नहीं है, जैसा कि, एक अबोध अनजान पुरुष समझता है। वस्तुतः यह भोज्य का प्रसन्नता पूर्वक नाचते हुए भोक्तृभाव में विश्रान्ति प्राप्त कर लेना है। यही तान्त्रिक दृष्टि है। शास्त्रकार इसे 'परम सार' मानते हैं।।४४२।।

---

१. 'स्वच्छन्दतन्त्र, पटल ३.१११, ३।१५३-१५५

सममेकानुसन्धानात्पाततो भोक्तृभोग्ययोः ।।४४३।।
अन्योऽन्यत्र च संपातात्संगमाच्चेत्थमुच्यते ।

अत्र तुल्यकालार्थत्वं च अवयवार्थः, संगमार्थत्वं तु समुदायार्थः।।

एवं संस्कृतं चरुं षोढा विभजति

स्थण्डिले कुम्भकर्कर्योर्भागं भागं निवेदयेत् ।।४४४।।

'संपात' एक पारिभाषिक शब्द है। इसके अन्वर्थ की ओर संकेत कर रहे हैं कि, हविष्य के अग्निमें गिरने के बाद एक साथ ही अनुसन्धान होना स्वाभाविक है। फलतः अन्य का भोज्य का अन्यत्र (भोक्ता) में संपात होना एक प्रकार का संगम माना जाना चाहिये। यहाँ यह ध्यान देना आवश्यक है कि, संपात में भोज्य और भोक्ता के सम्बन्ध में दो प्रकार का अनुसन्धान हो रहा है। १- जिस समय भोज्य हविष्य अग्निरूपी भोक्ता में होता के हाथों से अर्पित कर दिया जाता है, वह काल 'स्वा' का है और २-जब 'हा' उच्चारण करने के बाद भोज्य में भोक्ताके प्रभाव से उच्छलन रूप नर्त्तन प्रारम्भ हो जाता है, दोनों का मिलन हो जाता है। इनमें पहला अवयवात्मक अनुसन्धान है और दूसरा समुदायात्मक। पहले भोज्य अवयव बनता है और पश्चात् संगम में दोनो मिलकर पूर्ण हो जाते हैं।।४४३।।

संस्कृत चरु को छः भागों में विभक्त करने की परम्परा का उल्लेख कर रहे हैं—

चत्वर-भूमि पर जो गोमय आदि पवित्र पदार्थों से लिपी-पुती हो, उस पर चरु का एक भाग, कुम्भ का द्वितीय भाग, कर्क (करवा) तृतीय भाग, शिवादि में चतुर्थभाग, शिष्य का प्रथम भाग और आत्मीय (गुरु का) जहाँ भाग करने बाद यह सबकुछ भगवान् शिव को अर्पित कर देना चाहिये। स्वच्छन्द तन्त्र में केवल चार भाग का ही निर्देश है[1]।

इसके बाद शक्तिपात के क्रम से शिष्य वर्ग को संस्कार-सम्पन्न करने के उद्देश्य से गुरु वहाँ से बाहर निकले। बाहर की भूमि भी गोमय से लिपी पुती होनी चाहिये।

---

[1] स्व. तन्त्र ३।१९०

भागेनाग्नौ मन्त्रतृप्तिर्द्वयं शिष्यात्मनोरथः ।
इत्थं विहितकर्तव्यो विज्ञाप्येशं तदीरितः ।।४४५।।

शक्तिपातक्रमाच्छिष्यान्संस्कर्तुं निःसरेद्बहिः ।
तत्रैषां पञ्चगव्यं च चरुं दशनमार्जनम् ।।४४६।।

तस्य पातः शुभः प्राचीसौम्यैशाप्योर्ध्वदिग्गतः।
अशुभोऽन्यत्र तत्रास्त्रहोमोऽप्यष्टशतं भवेत् ।।४४७।।

नेत्रमन्त्रितसद्वस्त्रबद्धनेत्रानचञ्चलान् ।
अनन्यहृदयीभूतान्बलादित्थं निरोधतः ।।४४८।।

वहाँ सर्वप्रथम शिष्य वर्ग को पञ्चगव्य का पान कराना चाहिये। यहाँ तीन मण्डल बनाने का भी विधान है। पहले मण्डल में पञ्चगव्य पान दूसरे मण्डल में चरु प्राशन और तीसरे मण्डल में आचमन कर दन्त काष्ठ (दातौन) का प्रयोग कराया जाता है[1]।।३४४-४४६।।

दन्तधावन कर उसे फेंकने के सम्बन्ध में भी यहाँ निर्देश दिया गया है। पूरब, उत्तर, ईशान और ऊर्ध्व दिशाओं में फेंकना शुभ माना जाता है। इसके विपरीत अन्य दिशाओं में अशुभ होता है। अन्य दिशाओं में फेंकने से प्रायश्चित होता है। इसके लिये अष्टोत्तर शत हवन करना आवश्यक है।।४४७।।

जिनकी आखें नेत्र-मन्त्रित श्वेत शुद्ध वस्त्रों से, पट्टियों से बँधी हुई हैं, जो अत्यन्त शान्त और स्थिर भाव से अपने उत्कर्ष की आशा से आश्वस्त हो कर भावी-प्रक्रिया की प्रतीक्षा में हैं, जो शिव और गुरुदेव से अनन्यता की अनुभूति से ओत प्रोत हैं, जो आग्रह पूर्वक अपने को बाह्य आकर्षणों से अलग रखकर चित्तवृत्ति को शिवभक्ति में निरुद्ध कर रखे हैं और श्रद्धापूर हृदय से अपने हाथों अपनी अपनी शक्ति के अनुसार अञ्जलियों में मुक्ता, रत्न पुष्प आदि से भर

---

[1] स्व. तन्त्र ३।१९१-१९३

मुक्तारत्नादिकुसुमसंपूर्णाञ्जलिकान्गुरुः ।
प्रवेश्य स्थण्डिलोपाग्र उपवेश्यैव जानुभिः ।।४४९।।

प्रक्षेपयेदञ्जलिं तं तैः शिष्यैर्भावितात्मभिः ।
अञ्जलिं पुनरापूर्य तेषां लाघवतः पटम् ।।४५०।।

कर सर्वत्र समर्पण के लिये तत्पर हैं, ऐसे शिष्यों को गुरु गोमयोपलिप्त सम भूमि पर क्रम पूर्वक बिठला दे। सभी को वज्रासन मुद्रा में बैठाना उचित है। बैठने के बाद अंजलि से द्रव्य प्रक्षिप्त कर देना चाहिये। ये सभी शिष्य भावितात्मा हैं। आत्मा के औदार्य और उदात्त गुणों से भरे हुए हैं। अञ्जलि खाली करने की प्रक्रिया के तुरन्त बाद दो काम झटिति सम्पन्न करना चाहिये। इधर वे पुनः अञ्जलि में द्रव्य लें। उधर उनके नेत्र पट्ट खोल दिये जाँय ताकि वे उन्हें भर आँखों देख सकें और अञ्जलि के भराव से अपने भविष्यत् उत्कर्ष को अनुमित कर सकें। आँख की पट्टियाँ हटाते ही वह तत्काल अञ्जलि द्रव्य को देख सकेगा।

उक्त स्थण्डिलोपचार के सन्दर्भ में कुछ विशिष्ट बातों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। जैसे चरुसिद्धि और चरु संपात (श्लोक ४४४-४४७) के प्रसङ्ग को ही लीजिये। इस सम्बन्ध में आगम श्रीपूर्व ८/१२१ कहता है कि,"चरु की सिद्धि 'हृदय' मन्त्र से होनी चाहिये। याज्ञिक अर्थात् यज्ञ में भाग लेने वाले शिष्यों द्वारा संज्ञोचित पवित्र क्षीर और चावलसे चरु का निर्माण उचित है। सात मन्त्रों द्वारा संपात होना शक्तिमन्त्रों और उनकी सात शक्तियों के आधार पर निर्भर करती है। छः भागों में पहले विभक्त कर लेना चाहिये।"

छः भागों में विभक्त करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में यह निर्देश है कि, इसे ईश को विज्ञप्त करना चाहिये (विज्ञाप्येशं, ४४५) इस सम्बन्ध में श्री मालिनीविजयोत्तरतन्त्र श्लोक ९/३६-३८ का कहना है कि,

'उक्त शाक्त कार्यों का निष्पादन करने के बाद भगवान् भूतभावन की अभ्यर्चना करनी चाहिये। इस श्रद्धामयी अर्चना के अनन्तर यह प्रार्थना करनी चाहिये कि, भगवन्! आपके आदेशानुसार मैं गुरु स्थान पर नियोजित हूँ। मैं इस

दृशोर्निवारयेत्सोऽपि शिष्यो झटिति पश्यति।

उक्तं च

'हृदयेन चरोः सिद्धिर्याज्ञिकैः क्षीरतण्डुलैः ।
संपातं सप्तभिर्मन्त्रैस्ततः षड्भागभाजितम् ।।
शिवाग्निगुरुशिष्याणां वार्धानीकुम्भयोः समम् ।'
(८।१२२) इति।

विज्ञाप्येति

'गुरुत्वेन त्वयैवाहमाज्ञप्तः परमेश्वर ।
अनुग्राह्यास्त्वया शिष्याः शिवशक्तिप्रचोदिताः ।।

तदेते तद्विधाः प्राप्तास्त्वमेषां कुर्वनुग्रहम् ।
मदीयां तनुमाविश्य येनाहं त्वत्समो भवे ।। (९।३८)इति।

पद पर नियुक्त आचार्य यह प्रार्थना करता हूँ कि, ये मेरे शिष्य तुम्हारे द्वारा अनुगृहीत हों। भगवन्! आपकी शक्तियों से प्रेरित मेरे शिष्य ऐसे हैं, जो इस विधि की प्रक्रिया में दत्तचित्त और तुम्हारे द्वारा अनुग्राह्य हैं। इनके ऊपर अनुग्रह करो। तुम मेरे ही शरीर में समावेश भाव से उल्लसित हो जाओ। मैं तुम्हारे समान हो जाऊँ और इन पर अनुग्रह के अमृत की वर्षा कर इन्हें कृतार्थ कर दूँ।'

श्लोक ४४५ का 'तदीरित' शब्द भी बड़ा महत्त्वपूर्ण हैं। प्रार्थना की पराकाष्ठा में आराध्य का साक्षात्कार स्वाभाविक है। लगता है 'साक्षात् भगवान् आचार्य के वैचारिक परिवेश में प्रत्यक्ष उपस्थित हो गये हैं। वे अब आचार्य को ईरित (प्रेरित कर) रहे हैं कि 'मेरे प्रिय! अब तू इस प्रक्रिया को इस तरह पूरी कर।' और इसके बाद ही आचार्य शक्तिपात करने और शिष्यों को संस्कार सम्पन्न करने के उद्देश्य से मण्डप से बाहर ले आता है।

दन्तधावन मार्जन के प्रसङ्ग में दातुन के 'चीरी' अंश को फेंकने के सम्बन्ध में आगम का दृष्टिकोण शुभ और अशुभ आचरण के प्रति भी उदासीन नहीं हैं। वह कहता है कि,

तदीरित इति कुरु एवमिति प्रोक्त इति। तत्रेति बहिः, दद्यादिति शेषः। तस्येति दशनमार्जनस्य। तत्रेति अशुभे। तदुक्तम्

'ऊर्ध्वाननं यदा तिष्ठेद्राज्यं मोक्षमवाप्नुयात् ।
अधोमुखे तु मरणं हृदयेन शतं हुनेत्।।

पूर्वस्यां योगसंसिद्धिराग्नेय्यां व्याधिमादिशेत् ।
याम्यायां मरणं विद्यान्नैर्ऋत्यां कलहो भवेत् ।।

वारुण्यां धनसंपुष्टिर्वायव्योच्चाटनं भवेत् ।
सौम्यायां सिद्धिमाप्नोति मोक्षमीशानगोचरे ।' इति।

अनेन च दन्तसंस्कार उक्तः। तैरिति एवं प्रवेशितैः प्रयोज्यकर्तृभिः। लाघवत इति यथा अस्य झटित्येव स्थण्डिलदर्शनं भवेदिति भावः।।४४८-४५०।।

एवमस्य किं स्यादित्याशङ्क्य आह

"ऊपर की ओर मुँह करके स्थित होकर यह प्रक्रिया पूरी करने से जीवन में राज्य की प्राप्ति और बाद में मोक्ष की उपलब्धि होती है। नीचे मुँह करने से मृत्यु का अशौच होता है। इसके लिये एक माला 'हृदय' मन्त्र से हवन करने से प्रायश्चित्त कटता है। पूर्व की ओर भोग की सिद्धि, आग्नेयकोण में रोग, दक्षिण में मृत्यु, नैर्ऋत्य में कलह, पश्चिम में धनप्राप्ति, वायव्य में उच्चाटन, उत्तर में सिद्धि और ईशान कोण में प्रक्षेप से मोक्ष मिलता है।"

इस प्रकार दाँतों का संस्कार आवश्यक है। श्लोक ४५० में शिष्य शब्द का सार्वनामिक विशेषण दिया गया है। उन शिष्यों द्वारा जो गुरु द्वारा प्रयोज्य हैं। इसलिये इसमें तृतीया विभक्ति प्रयोज्य-कर्ता अर्थ में प्रयुक्त मानी गयी है। इसी तरह इस श्लोक का लाघव शब्द भी पुनरुक्ति दोष से निर्मुक्त अत्यन्त शीघ्रता के अर्थ में ही प्रयुक्त मानना चाहिंये।।४४८-४५०।।

इस प्रक्रिया को पूर्ण कर लेने से क्या होता है? इस आशङ्का का समाधान कर रहे हैं—

झटित्यालोकिते मान्त्रप्रभावोल्लासिते स्थले ।।४५१।।
तदावेशवशाच्छिष्यस्तन्मयत्वं प्रपद्यते ।

एतदेव दृष्टान्तोपदर्शनेन हृदयङ्गमयति

यथा हि रक्तहृदयस्तांस्तान्कान्तागुणान्स्वयम् ।।४५२।।
पश्यत्येवं शक्तिपातसंस्कृतो मन्त्रसन्निधिम् ।

स्वयमिति, नतु उपायान्तरापेक्षणेन, तथात्वे हि झटित्येव तद्दर्शनमस्य न स्यात्।।४५१-४५२।।

ननु लावण्यादयः कान्तागुणा दृश्या इति ताननुरक्तहृदयः पश्यतां नाम, मन्त्राः पुनरदृश्यत्वात् संनिहितत्वेऽपि कथमर्वाग्दृशां चक्षुरादीन्द्रियगोचरतामासादयेयुरित्याशङ्क्य आह

चक्षुरादीन्द्रियाणां हि सहकारिणि तादृशे ।।४५३।।
सत्यत्यन्तमदृष्टे प्रागपि जायेत योग्यता ।

मन्त्र से प्रभावित होने और अभिमन्त्रित होने से किसी भी स्थल में दिव्यता का उल्लास हो जाता है। यह दिव्य स्थल आँखों से पट्टियाँ हटाते ही अव्यवहित भाव से तुरन्त दीख पड़ता है। शिष्य में उसके देखते ही एक प्रकार का शैव आवेश उभर आता है। उसके वशीभूत होने पर शिष्य त्वरित गति से तन्मयता को उपलब्ध हो जाता है।

शास्त्रकार दृष्टान्त के माध्यम से इसका प्रतिपादन कर रहे हैं। उनका कहना है कि "जैसे स्वयं वासनावासित अनुरागरक्त पुरुष कान्ता के कमनीय रूप-गुण का सविशेष आकलन करने लगता है, उसी तरह शैवावेश समाविष्ट शिष्य उस मन्त्राभिमन्त्रित स्थल की दिव्यता का ससमावेश दर्शन कर तादात्म्य लाभ कर लेता है। वह शक्तिपात से स्वयं संस्कृत होता है और भूमि भी मन्त्र से अभिमन्त्रित होती है। इस तरह शिष्य स्थल के मन्त्र सान्निध्य और शक्तिपात संस्कार का सहभाव प्राप्त कर दिव्य हो उठता है।।४५१-४५२।।

चक्षुरादीन्द्रियाणां हि तादृशे शक्तिपातलक्षणे सहकारिणि सति प्रागत्यन्तमदृष्टेऽपि अनुभवसंस्काराभावाद्विकल्पस्य ज्ञानस्य अविषयेऽपि मन्त्रादौ दृशिक्रियाकरणायां योग्यंता जायेत तथा संभावनीयमित्यर्थः।।

किमत्र प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

कृतप्रज्ञा हि विन्यस्तमन्त्रं देहं जलं स्थलम् ।।४५४।।
प्रतिमादि च पश्यन्तो विदुः सांनिध्यसंनिधी ।

प्रश्न कर्त्ता पूछता है कि, कान्ता के सौन्दर्य आदि गुण तो दृश्य हैं। उन गुणों को कोई अनुरक्त पुरुष देखे तो देखे, मन्त्र तो अदृश्य हैं। सान्निध्य में रहने पर भी सामान्य दृष्टि वाले इन चर्म चक्षुओं से कैसे देख सकते हैं? अथवा अन्य इन्द्रियों से भी इनके ऐन्द्रियिक प्रत्यक्ष की सम्भावना कैसे हो सकती है? इस पर कह रहे हैं—

यदि ये चक्षु आदि ज्ञानेन्द्रियाँ शक्तिपात सदृश सूक्ष्म सन्निकर्ष के प्रति करणेश्वरी शक्ति से समन्वित होने के कारण जागरूक हों और उस अदृश्य अनुभूति में सहकारिणी सिद्ध हों, तो अत्यन्त अदृष्ट होने पर भी अनुभव और संस्कार के न होते हुए भी, उस प्रकार के ज्ञान के विषय न होने पर भी इनमें मन्त्रादि सूक्ष्म अनुभूतियों से भूषित होने की योग्यता आ जाती है। वस्तुतः इन्द्रियों के प्रति सामान्य दृष्टि के अतिरिक्त इनकी व्यापक शक्तिमत्ता का भी शास्त्र कथन करते हैं। इन्हें केवल पञ्चतन्मात्राओं के सीमित सन्दर्भों के परिप्रेक्ष्य में ही नहीं देखना चाहिये। इनकी अपार क्षमतायें हैं। उन्हीं के आधार पर यहाँ इनमें योग्यता की बात की गयी है।।४५३।।

इसकी प्रामाणिकता का सन्दर्भ प्रस्तुत कर रहे हैं—

स्थितप्रज्ञ पुरुष मन्त्र से विन्यस्त शरीर, जल, स्थल अथवा अन्य प्रतिमा आदि वस्तुओं में भी मन्त्र-सान्निध्य की सन्निकटता और असान्निध्य की दुर्बलता की अनुभूति से भूषित होते हैं। यह आप्त पुरुषों के अनुभव और आत्मविश्वास का विषय है।।४५४।।

एवं स्वसंवेदनमपि अपह्नुवानान्प्रति आह

न्यस्तमन्त्रांशुसुभगात्किंचिद्भूतादिमुद्रिताः ।।४५५।।
त्रस्यन्तीवेति तत्तच्चिदक्षैस्तत्सहकारिभिः ।

लोके हि मन्त्रन्यासाविष्कृततेजः सौभाग्यादाचार्यादेर्भूतादिमुद्रिता जन्तवस्त्रस्यन्त इव दृश्यन्ते इति। एवं तेन शक्तिपातादिना सहकृतैरिन्द्रियैस्तस्य तस्य संनिधानासंनिधानादेश्चित् चेतनवदेवं भवेदित्यर्थः। इयता च मन्त्रावेशलक्षणः पार्यन्तिकसंस्कार उक्तः।।

इदानीं शिवहस्तविधिमभिधत्ते

कुछ ऐसे आप्त पुरुष भी होते हैं, जिनके शरीर मन्त्रों के न्यास, कवच इत्यादि से समावृत, सुरक्षित और मन्त्रमय होने के कारण उनमें मान्त्रिक तेजस्विता की प्रकाशमयी प्रभा के चमत्कार से दूसरों को चमत्कृत कर देते हैं। उनसे आभा का उल्लास होने लगता है। मानों किरणें उनके ऊर्जस्वल मुखमण्डल से फूट पड़ती हैं।

ऐसी अवस्था में उनके सामने आ जाने पर, भूत-प्रेत आदि के समावेश से समाविष्ट जीव डर के मारे काँप उठते हैं। जल जाने के डर से चिल्लाने लगते हैं। भयभीत हो जाते हैं। यहाँ मन्त्रों के अदृश्य संस्कारों के महत्व का दिग्दर्शन मात्र है। इससे यह सहज ही आकलन किया जा सकता है कि, शक्तिपात आदि की सहकारिणी इन्द्रियों में इस प्रकार की शक्ति का उच्छलन हो जाता है। तेजः सन्निधान से त्रास और असन्निधान से प्रसन्नता में उसकी चित् शक्ति ही इस प्रकार से बदलती दीख पड़ती है। चिद्विलास की लीला के ये दोनों पक्ष हैं। इन उदाहरणों से यह प्रमाणित होता है कि, स्वात्म उत्कर्ष के लिये मन्त्रों का आश्रय आवश्यक है। उनके न्यास से व्यक्ति में चेतना का एक चमत्कार उत्पन्न हो जाता है। उनमें ओज और ऊर्जा की आग प्रज्वलित हो जाती है।।४५५।।

१. **शिवहस्त विधि**[१]— आचार्य स्वयं शिव रूप ही होता है। दीक्षा के समय हाथों में विशिष्ट ऊर्जा उत्पन्न करने की आवश्यकता होती है। उस समय

---

[१] स्व. ३।४९

ततः स दक्षिणे हस्ते दीप्तं सर्वाध्वपूरितम्।।४५६।।

मन्त्रचक्रं यजेद्वामपाणिना पाशदाहकम् ।
तं शिष्यस्य करं मूर्ध्नि देहन्यस्ताध्वसंततेः ।।४५७।।

न्यस्येत्क्रमेण सर्वाङ्गं तेनैवास्य च संस्पृशेत् ।

ननु एतत्प्रकृते श्रीपूर्वशास्त्रे न उक्तमिति कुत आनीतमित्याशङ्क्य आह

उक्तं दीक्षोत्तरे चैतज्ज्वालासंपातशोभिना ।।४५८।।

इससे सम्बन्धित जिस विधि का प्रचलन था, उसका उल्लेख शास्त्रकार ने किया है। इसके अनुसार आचार्य एक मन्त्रचक्र का आधान करता है। वह अत्यन्त दीप्तिमन्त हो, ऐसी कल्पना करनी चाहिये। उसमें सभी अध्वा भी न्यस्त होने चाहिये। दाहिने हाथ में ऐसे मन्त्र चक्र का प्रकल्पन करने के बाद बाँयें हाथ से उसे ढक कर दक्ष हस्त में ध्यात मन्त्रों में यज्ञात्मक ऊर्जा भर देने की यह क्रिया ही एक प्रकार का यज़न माना जाता है। ऐसा मन्त्र चक्र समस्त पाशराशि को भस्मसात् करने में समर्थ होता है। यह दाहिना हाथ अब शिवहस्त हो जाता है।

इस ऊर्जा से युक्त शिवहस्त को शिष्य की कल्याण कामना से सर्वप्रथम उसके शिर पर रखना चाहिये ताकि शिष्य के उत्तमाङ्ग में स्थित समस्त विकार विनष्ट हो सकें और उसके मस्तिष्क का परिष्कार हो सके। मल अधः प्रवाहित होते हैं। यह उनका स्वभाव है। अतः शिरोभाग के हस्तन्यास के पश्चात् क्रमशः शरीर के अधोभाग की ओर उन-उन अङ्गों पर शिव हस्त का प्रयोग करना चाहिये, जहाँ जहाँ अध्व न्यास की क्रमिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इस तरह उसका प्रायः सर्वाङ्ग-संस्पर्श सम्पन्न हो जाता है। शिष्य की पाश राशि नष्ट हो जाती है और उसकी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है।।४५६-४५७।।

यहाँ यह जिज्ञासा स्वभावतः उत्पन्न होती है कि, श्री तन्त्रालोक की रचना में श्री पूर्वशास्त्र की सरणी का ही प्रायः अनुसरण होता है। किन्तु इस शिवहस्त विधि की चर्चा उस प्रकृत शास्त्र में नहीं है। फिर यह कहाँ से आनीत विधि है? इसका उत्तर दे रहे हैं—

दत्तेन शिवहस्तेन समयी स विधीयते ।
सायुज्यमीश्वरे तत्त्वे जीवतोऽधीतियोग्यता ।।४५९।।

ज्वालासंपातेति मन्त्रतेजः सांनिध्यात्। यदुक्तं

'शिवहस्ते विभुं ध्यात्वा मन्त्रग्रामं सुजाज्वलम्।'(स्व. ३।१४२)इति।

इश्वरे इति विद्यातत्त्वोर्ध्ववर्तिनि, नतु पृथ्वीतत्त्वाधः स्थिते कालाग्निरुद्रे तथाश्रुतेरदर्शनात्। अत्र च उद्द्योतकृदेव कृतश्रम इति किमिह तेन उक्तेन तत एव अवधार्यम्। अधीतिरध्ययनम्। तदुक्तं

यह प्रकरण स्वच्छन्द तन्त्र के अंगभूत दीक्षोत्तर विधान शास्त्र में उक्त है। मन्त्रों में असंलक्ष्य वैद्युतिक ऊर्जा शाश्वत रूप से समुच्छलित होती रहती है। उससे अप्रकल्पनीय रश्मियाँ फूटती रहती हैं। शिवहस्त में मन्त्र-प्रतिष्ठा पहले से ही की गयी होती है। जब उसे शिष्य के शिर पर रखते हैं, तो उससे मन्त्र की ऊर्जा से प्रक्षिप्त ज्वाला का संपात होता है। वह शिष्य को तत्काल प्रभावित करता है और शिष्य समयी बन जाता है। ईश्वर तत्त्व से सायुज्य भी शिवहस्त विधि का ही परिणाम है। इसका तीसरा सुपरिणाम अधीति की योग्यता है। इस तरह समयी होना, ईश्वर सायुज्य और अधीति योग्यता रूप तीन फल शिवहस्त विधि से शिष्य को प्राप्त होते हैं। इन तीनों में ईश्वर सायुज्य ही महत्वपूर्ण फल है।

सामान्य परिष्कार में जब शिष्य शुद्ध अध्वा में प्रवेश पा लेता है, तो उसकी अनुभूतियाँ भी परिष्कृत हो जाती हैं। शुद्ध विद्या की अनुभूति है— 'इदम् इदम् अहम् अहम्' यह इदन्ता और अहन्ता का सामानाधिकरण्य होता है। इससे परिष्कृत अनुभूति ईश्वर तत्त्व में होती है। वहाँ की अनुभूति है - इदम् अहम्। यह विश्व भी मैं ही हूं। इसी महानुभूति को सायुज्य भाव कहते हैं। यह सब मन्त्रों के अन्तः में उच्छलित ज्वाला का परिणाम है। इसके सम्पात का यह महाप्रभाव है। स्व. तन्त्र ३/१४२ के अनुसार "शिवहस्त में विभु सर्वेश्वर का ध्यान कर मन्त्रों के समूह को जाज्वल्यमान बना ले" जिससे शिष्य के शिर पर रखने से उसका कल्याण हो सके।

'समयी संस्कृतो ह्येवं वाचनेऽस्यार्हता भवेत् ।
श्रवणेऽध्ययने होमे पूजनादौ तथैव च ।।
चर्याध्यानविशुद्धात्मा लभते पदमैश्वरम् ।'
(स्व. ४।७९) इति।।४५९।।

न केवलमेतदत्रैव उक्तं, यावदन्यत्रापीत्याह

श्रीदेव्यायामले तूक्तमष्टारान्तस्त्रिशूलके ।
चक्रे भैरवसन्नाभावघोराद्यष्टकारके ।।४६०।।

ईश्वर का अर्थ यहाँ शुद्ध विद्या से ऊर्ध्व स्थित तत्त्व ही लिया जाना चाहिये। पृथ्वी तत्त्व से अधः स्थित कालाग्नि रूद्र रूप ईश्वर नहीं। क्योंकि उस अर्थ की कहीं मान्यता नहीं है। आचार्य जयरथ उद्योतकार की प्रशंसा करते हुए कह रहे हैं कि, उन्होंने इस विषय में मनोयोग पूर्वक अवधान देकर रहस्यार्थ का उद्घाटन किया है। वहीं से इस विषय का अनुशीलन करना श्रेयस्कर है।

जहाँ तक अधीति योग्यता का प्रश्न है। यह कम महत्वपूर्ण नहीं है। पूर्वजन्म के संस्कारों का जागरण हुए विना आकस्मिक रूप से कोई योग्यता नहीं आ सकती। शिवहस्त विधि द्वारा समयी होना भी अनुशासनात्मक गुणों के उदित होने पर ही निर्भर करता है। अनुशासन का भाव संस्कार से ही आता है। स्व. त. ४/७८-७९ में कहा गया है कि,

"इस प्रकार शिष्य जब संस्कारोदय से समयी हो जाता है, तो उसमें वाच्य-वाचक को व्यक्त करने की योग्यता आ जाती है। श्रवण, अध्ययन, हवन, पूजन, आदि अनिवार्य कर्म सम्पन्न करने की भावना और योग्यता उसमें उत्पन्न हो जाती है। इस पृष्ठ भूमि में उसके व्यक्तित्व का निरन्तर परिष्कार होता है। उसकी चर्या में चामत्कारिक चारुता आ जाती है। अब वह ध्यान में बैठने का नियम बना लेता है। निर्विकल्प व्योम में लय होने की प्रक्रिया ही ध्यान माना जाता है। इन प्रक्रियाओं में अनवरत लगे रहने के कारण उसमें दिव्यता आ जाती है। ध्यान सध जाता है और अन्त में वह ऐश्वर पद पा लेने में समर्थ हो जाता है।।४५८-४५९।।

बाह्यापरे परानेमौ भ्राम्यन्मध्यशूलपरापरे ।
ज्वालाकुलेऽरुणे भ्राम्यन्मातृप्रणवभीषणे ।।४६१।।

शास्त्रकार यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि, यह विषय-वस्तु केवल यहीं इसी शास्त्र में नहीं कही गयी है। अन्य शास्त्रों में भी इसका उल्लेख है। यही कह रहे हैं—

श्री देवीयामल तन्त्र में इस विषय को विशद रूप से परिभाषित किया गया है। स्व. तं. के अनुसार सर्वप्रथम दाहिने हाथ को शिवहस्त रूप से प्रकल्पित करते हैं। दाहिने हाथ को मणिबन्ध के ऊपर फैलाकर देखिये। शिव पञ्चकृत्यकारी हैं। क्रिया का करण हाथ है। इसलिये इसे पञ्चकृत्य से समन्वित कीजिये। शुक्रपर्वत से अंगुष्ठाग्र तक चित् शक्ति, वृहस्पति पर्वत से पूर्ण तर्जनी तक आनन्द शक्ति, पूरी मध्यमा इच्छाशक्ति, पूरी अनामिका ज्ञान शक्ति और मणिबन्ध से लेकर पूरी कनिष्ठिका को क्रियाशक्ति से[1] समन्वित करना चाहिये।

इसके बाद मणिबन्ध से निकलने वाली सीधी ऊर्ध्व रेखा के मध्य बिन्दु से जैसे परकालयन्त्र से वृत्त बनाते हैं, वैसे ही एक वृत्त की कल्पना कीजिये। इस वृत्त की सारी गोल रेखा इसकी अन्तःनेमि कहलायेगी। इस वृत्त से सटी सटी एक और गोल रेखा खींचिये। यह बाह्यनेमि होती है। ऊर्ध्व रेखा के मध्य बिन्दु पर एक छोटा वृत्त बनाइये। वह चक्र की नाभि होगी। रथ के पहिये में बीच की नाभि का महत्व होता है। इस नाभि की गोल रेखा पर आठों दिशाओं के आधार पर बाँटकर आठ अरा-रेखायें खींचिये जो नेमि को छूती हों। ये आठ अरा रेखायें अघोराष्टक शक्तिमन्त से अधिष्ठित हैं। इनके नाम क्रमशः अघोर, परमघोर, घोररूप, घोरमुख, भीम, भीषण, वमन और पिबन हैं। अनामिका मध्यमा के बीच ऊर्ध्व रेखा के ऊपरी बिन्दु से नाभि से मिली पहली अरा पर अघोर शिव स्थापित किये जाते हैं। इसी क्रम से सभी अरा रेखाओं पर उनकी प्रतिष्ठा होती है। नाभिचक्र पर जहाँ ये अरे मिलते हैं, उनके भीतर त्रिशूल की कल्पना कीजिये। यह अष्टारान्तः त्रिशूलक चक्र होता है। नाभि भैरवसद्भाव से भरित मानी जाती है। यह त्रिशूल भी भैरव का त्रिशूल है। इस त्रिशूल के मध्य शूल में परापरा देवी का अधिष्ठान होता है। बाह्य नेमि में अपरा देवी अन्तःनेमि में परादेवी का अधिष्ठान माना जाता है।

---

[1] स्व. तं. ३।१४२ उद्योत

चिन्तिते तु बहिर्हस्ते संदृष्टे समयी भवेत् ।
पाशस्तोभाद्यस्तु सद्य उच्चिक्रमिषुरस्य तम् ।।४६२।।
प्राणैर्वियोजकं मूर्ध्नि क्षिपेत्संपूज्य तद्बहिः ।
अनेन शिवहस्तेन समयी भवति स्फुटम्।।४६३।।

ऐसे बाह्यापरे (बाह्यनेमि में अपरा देवी वाले) परानेमौ अन्तःनेमि में परा के अधिष्ठान वाले और मध्यशूल पर परापरा देवी से समन्वित ज्वाला से व्याप्त, ताम्रवर्णी चतुर्दिक्, चंक्रमणशील मातृप्रणव (फेंकार) से भीषण चक्र युक्त दैशिक का हाथ शिवहस्त होता है। इसी वैशिष्ट्यपूर्ण हाथ से शिष्य का परिष्कार होता है।।४६०-४६१।।

शिवहस्त के महत्व का प्रतिपादन करते हुए शास्त्रकार कह रहे हैं कि, इस शिवहस्त के चिन्तन मात्र से शिष्य का परिष्कार सम्भव है। उसके देखने पर तो उसका पूरा रूपान्तरण ही हो जाता है। समयाचार पालन में संलग्न शिष्य के समान यह भी समयी हो जाता है। पाशों के विनाश के कारण ही ऐसी समयाचार सम्पन्नता का भाव आता है। इस तरह इसके चिन्तन से पाश नाश और दर्शन से समयित्व के दो लाभ तत्काल हो जाते हैं। तीसरा एक अत्यन्त महत्वपूर्ण तथ्य शास्त्रकार कह रहे हैं कि, यदि कोई शिष्य तत्काल उत्क्रान्ति का इच्छुक हो अर्थात् यदि अपनी मृत्यु तत्काल चाहतां हो और उसके शिर पर यह हाथ रख दिया जाय, तो वह तत्काल प्राणों को शरीर से विमुक्त कर देता है। इसके लिये किसी प्राणोपचित स्थान पर उसकी पूजा कर उसका संकल्प कर लेना चाहिये। इसके बाद ज्योंही उस हाथ को तत्काल मृत्यु चाहने वाले व्यक्ति के शिर पर प्रक्षेप करते हैं, प्राण छूट जाता है। सांसें टूट जाती हैं और स्वभावतः निर्वाण दीक्षा सिद्ध हो जाती है।

यह प्रक्रिया मात्र कपोल कल्पना नहीं है। मन्त्रचक्र- पूत, अघोराष्टकों के घोर न्यास से घूर्णित, फेंकार विकराल, भैरव सद्भाव से भीषण और अदृश्य काल ज्वालाओं से जाज्वल्यमान शिवहस्त में अनन्त अनन्त शक्तियों का सप्राण संपात सम्भव है। इसमें सन्देह के लिये लेशमात्र भी स्थान नहीं है। इस सम्बन्ध

इह अघोराद्यष्टकाधिष्ठितारकस्य प्रत्यरं सर्वतः परिभ्रमत्फेंकारविकरालस्य भैरवत्रयभूषितनाभेरराबाह्यनेमिलक्षणस्थानद्वयप्रतिबिम्बितापरापरादेवीकस्य सिन्दूरारुणस्य अत एव ज्वालाकुलस्य अष्टारस्य चक्रस्य अन्तर्मध्यशृङ्गावस्थितपरापरे त्रिशूले चिन्तिते बहिरन्तरेवंविधे हस्ते सम्यक् परश्रेयः प्रधानतया दृष्टे पाशस्तोभात्समयी भवेत् तावतैव अस्य समयदीक्षा सिद्ध्येदित्यर्थः। न केवलमनेन समयदीक्षैव भवेत्, यावत् निर्वाणदीक्षापीत्याह यस्त्वित्यादि यः पुनरुत्क्रान्तुमिच्छुस्तं बहिः प्राणोचिते क्षेत्रादौ संपूज्य अस्य तमेव शिवहस्तं प्राणैर्वियोजकं मूर्ध्नि क्षिपेत् तत्संस्पर्शादेव अस्य सद्योनिर्वाणदीक्षा भवेदित्यर्थः। यदुक्तं तत्र

'अष्टारं चक्रमालिख्य नाभिनेमिसमन्वितम् ।
अरकैश्चान्तरालैश्च त्रिशूलोपरिलाञ्छतम् ।।'' इति उपक्रम्य

में देवी यामल को उक्तियों पर गहराई से विचार और चिन्तन करने की आवश्यकता है। इनके आध्यात्मिक महत्व को और शताब्दियों की साधना से प्राप्त सिद्धियों की उपेक्षा कर उन्हें टाला नहीं जा सकता। इनके कुछ शब्दों पर यहाँ विचार करना सन्दर्भ के अनुकूल ही होगा—

अरा— शिव के विश्व शरीर से शाश्वत उच्छलित विद्युत् प्रवाह की गतिशील पतली रेखा रूपिणी रश्मियाँ ही 'अरा' कहलाती हैं। यह वैद्युतिक उच्छलन विश्वकेन्द्र में प्रतिष्ठित भैरव सद्भाव-भरित नाभि-केन्द्र से अनादिकाल से लगातार चल रहा है। इसका अनुभव साधकों को सहजतया होता है। ठीक इसी प्रकार मनुष्य के स्वात्म शरीर से भी अरा रूप विद्युत रश्मियों का उच्छलन निरन्तर हो रहा है। ये रश्मियाँ प्राणीय संवित्ति केन्द्र (नाभि) से प्रवाहित होकर रोम-रोम से निकल रही हैं। किसी के प्रति स्पर्श का आकर्षण और विकर्षण अरा के कारण ही होता है।

अघोराष्टक— अघोर आदि आठ शिव के ही भेद हैं। इनकी शक्तियों की संज्ञा भी इन्हीं नामों में स्त्रीलिङ्ग के प्रयोग से जानी जाती हैं। ये आठों इस प्रकार हैं। अघोर (अघोरा), परमघोर (परमघोरा), घोररूप (घोररूपा), घोरमुख

'..................नाभिस्थं भैरवं न्यसेत्'। इति,
'अघोराद्यष्टकं पूज्यं......................।' इति,
'अराष्टकस्थितास्तास्तु....................।' इति,
'सिन्दूरारुणसंकाशा शूलस्था तु परापरा ।
अपरा तु परा देवि बाह्यनेमिसमाश्रिता।।' इति,
'चक्रभैरवमध्यस्थं भ्रमणमरुणप्रभम्।' इति,
'करे ध्यात्वा महाचक्रं ज्वालामालासमाकुलम्।
वामपादं न्यसेत्तत्र शूलदण्डे समन्ततः ।।

(घोरमुखा), भीम (भीमा) भीषण (भीषणा), वमन (वमनी), पिबन (पिबनी)। परापरा देवी का मूल मन्त्र इन्हीं शक्तियों के साथ हकाराक्षर संयुक्त बीज मन्त्रों के प्रयोग से बनता है।[1] अघोराष्टक से आठों दिशायें अधिष्ठित हैं। विश्व शरीर जैसे भैरव ज्योतिश्चक्र है, उसी तरह यह शरीर भी भैरव ज्योतिश्चक्र विभूषित है। दैशिक के हाथ में इसी चक्र की प्रतिष्ठा की जाती है। चक्र के निरन्तर घूमने में जिस ध्वनि का बाह्य प्रक्षेप होता है, तन्त्र की भाषा में वही 'फें' है। भैरवी मातृशक्ति का यह बीजमन्त्र है। यह असामान्य रूप से अत्यन्त भीम और भीषण होती है। इस विकरालता से भरा दिक् चंक्रमण सृष्टि का सृजन-सूत्र माना जाता है। प्रति अरा के चक्रित होने की गतिशीलता का अनुमान साइकिल की पहियों को घुमाने से लेकर तीव्र गति से घूम रहे किसी वैद्युतिक इंजन के पहिये से लगाया जा सकता है। यह सृजन का भैरव नाभिचक्र दो नेमियों और इनको जोड़ने वाली शक्ति इन तीनों के समन्वय से चलता है। यह भैरवत्रय दशा है। दो नेमियाँ परा और अपरा शक्तियाँ हैं तथा इनको जोड़ने वाली मध्य भाव में दण्डवत् अवस्थित परापरा शक्ति है। इसे परापर त्रिशूल भी कहते हैं।

मनुष्य के शरीर में हाथ की रचना भी महत्वपूर्ण है। पाँचों अंगुलियों में पंचतत्त्व, हथेली में सभी ग्रहों का अवस्थान और वरदायिनी परा, अपरा और परापरा शक्तियों के सन्धि स्थल विद्यमान हैं। इसीलिये हाथ वरद हस्त बन कर

---

[1] श्रीत. ३०।२४

अरकेषु च सर्वत्र युक्तं दक्षिणजानुना ।' इति,

'दर्शनात्स्तोभमायाति स्पर्शनान्म्रियते ध्रुवम् ।'इति च।।४६३।।

ननु एवं समयित्वेन अस्य किं स्यादित्याशङ्क्य आह

आशीर्वाद की वर्षा के लिये उठ पड़ता है। विशेषतः गुरुदेव की हथेली में इस प्रकार का चिन्तन भावना को परिष्कृत करता है। उनके उठे हुए वरद हस्त की छत्र-छाया में शिष्य का अनुशासित हो जाना स्वाभाविक है।

सृजन का भैरव चक्र जैसे ज्वालाकुल होता है, उसी तरह गुरुदेव का शिव-हस्त भी प्रकाश की रश्मियों का पुंज माना जाता है। जैसे उक्त भैरवचक्र अरुण होता है, गुरुदेव का हाथ लाल कमलदलवत् अरुण होता है, इसके शिष्य के शिर पर पड़ते ही शिष्य के सारे पाश ध्वस्त हो जाते हैं। इसी के प्रभाव से वह शिष्य समयी शिष्य हो जाता है।

इसके परिणाम स्वरूप शिष्य में अपने स्तर से उत्क्रमण करने की प्रबल इच्छा जाग्रत हो जाती है। इसे उच्चक्रमिषा कहते हैं। शिष्य के उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। यदि शिष्य मुमुक्षु है, तो उसे मोक्ष का स्वरूप साक्षात् प्रत्यक्ष अनुभूत हो जाता है। यदि निर्वाणोन्मुख है, तो इस हाथ के प्रयोग से प्राण का वियोजन भी सरलता से हो जाता है। इस प्रकार निर्वाण दीक्षा भी सम्पन्न हो जाती है। वह समयी भाव से ही जन्मान्तर की प्राप्ति कर लेता है।

देवी यामल में इस विषय की सभी बिन्दुओं का अलग-अलग उल्लेख है, जिन्हें क्रमिक रूप से आचार्य जयरथ ने उद्धृत किया है। जो इस प्रकार हैं—

१. अष्टारचक्र— "नाभि नेमि से समन्वित दिग् अन्तराल युक्त 'अरा' की रेखाओं से रेखित और त्रिशूल पर निर्मित अष्टार चक्र होता है। दैशिक के हाथ में इसका आलेखन करना चाहिये।"

२. भैरव न्यास— "अष्टारचक्र के नाभिकेन्द्र में भैरव का न्यास करना चाहिये।"

३. अघोराष्टक और उसमें स्थित तीन शक्तियाँ— "आठ अराओं को अघोराष्टकों अघोर, परमघोर, घोररूप, घोरमुख, भीम, भीषण, वमन,

तस्यैव भाविविधिवंत्तत्त्वपाशवियोजने ।
पुत्रकत्वं स च परे तत्त्वे योज्यस्तु दैशिकैः ।।४६४।।

पिबन का प्रतीक मानना चाहिये। अघोराष्टक तत्त्व पूज्य माने जाते हैं। इनमें दिव्य परा, अपरा और परापरा शक्तियाँ भी शाश्वत उच्छलित रहती हैं।''

४. तीन शक्तियों के वर्ण और स्थान प्रकल्पन— ''इन तीनों में परापरा शक्ति त्रिशूल पर विराजमान रहती हैं। अपरा और परा देवियाँ बाह्य और अन्तः नेमि में समाश्रित रहती हैं। ये सभी सिन्दूर के समान अरुण वर्ण की होती हैं।''

५. भैरव चक्र— ''भैरवत्रय भूषित चक्र नाभिकेन्द्र रूप मध्यकेन्द्र से परिचालित होता है। शाश्वत रूप से घूम रहा है। भीषणता से बंभ्रम्यमाण यह भेरव भाव है। यह भी अरुण वर्ण का ही है।''

६. गुरु के हाथ में ऐसे भैरव चक्र ध्यान, उसकी प्रक्रिया और परिणाम—

''हाथ में ज्वालामाल से समाकुल (व्याप्त) जाज्वल्यमान और तेज से प्रकाशमान महाचक्र का ध्यान करना अनिवार्यतः आवश्यक है। इसके बाद गुरुदेव सृष्टिरूप भैरवचक्र अपना बांयां पैर शूलदण्ड पर चढ़ाने और दाहिना घुटना मोड़ने की क्रिया कर अपने स्वयं महाभैरव रूप में वहाँ अवस्थित होकर अपना हाथ शिखा के ऊपर रखे हैं। इस तरह शिष्य समयी हो जाता है।

निर्वाण दीक्षा के सन्दर्भ में गुरुदेव के इस महाभैरव रूप को देख कर उस शिष्य के सभी पाश ध्वस्त हो जाते हैं। यदि गुरुदेव ने इसी महाभाव से उसे छू लिया, तो मरणोन्मुख के प्राण तत्काल जीवन सूत्र को तोड़ कर अलग हो जाते हैं''।।४६२-४६३।।

इस प्रकार समयीपना प्राप्त कर लेने से उसमें क्या वैशिष्ट्य आ जाता है? यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से यहाँ उदित हो रहा है। इसी का उत्तर देने के लिये शास्त्रकार इन कारिकाओं का अवतरण कर रहे हैं। वे अंपनी परम्परा प्राप्त अनुभूतियों को अभिव्यक्त करते हुए कह रहे हैं कि,

उस शिष्य के जन्म-जन्मांतर से प्राप्त संस्कारों से उत्पन्न सभी पाशों का वियोजन ही मुख्य उद्देश्य होता है। पाश-वियोजन की विधि का निर्देश आगे

स एव मन्त्रजातिज्ञो जपहोमादितत्त्ववित् ।
निर्वाणकलशेनादौ तत ईश्वरसंज्ञिना ।।४६५।।

अभिषिक्तः साधकः स्याद्भोगान्तेऽस्य परे लयः।

भावीति षोडशाह्निकादौ। स इति पुत्रकः। स एवेति समयी। भाविविधिवत् तत्त्वपाशवियोजने कृते सतीति अत्रापि संबन्धनीयम्, एवमुत्तरत्रापि। साधकस्य हि शिवे योजनिकाया कृतायामपि सदाशिवपदे भोगार्थमवस्थामन्, अत एव आह भोगान्तेऽस्य परे लय इति।।४६४-४६५।।

के आह्निकों में यथास्थान वर्णित है। इससे उसे पुत्रक भाव की प्राप्ति हो जाती है। पुत्रक भाव की प्राप्ति के बाद उस समयी शिष्य को दैशिक शिरोमणि आचार्य गुरुजनों द्वारा 'पर' तत्त्व में योजित करना चाहिये। इस प्रकार पर तत्त्व में युक्त योग्य समयी शिष्य मन्त्रों के स्वाहा आदि स्वभाव को, उनकी व्युत्पत्ति और निष्पत्ति के स्वरूप को जानने वाला बन जाता है। वह अधिकारिक रूप से जान लेता है कि जप क्या है? होम क्या है? और आदिशब्द से अध्याहृत ध्यान आदि क्या हैं? इनका रहस्यवेत्ता वह हो जाता है।

अभिषेक की क्रिया समयी शिष्य को उत्तराधिकार प्रदान करती है। शिष्यों का पूर्णाभिषेक इस विधि में अनिवार्य माना जाता है। उक्त प्रकार से तत्त्ववेत्ता बन जाने पर मण्डप में यथा स्थान स्थापित अथवा गुरुद्वारा तत्काल तैयार कराये गये निर्वाण कलश के जिसे 'ईश्वर' की संज्ञा दी जाती है, ऐसे कलश के जलसे उस शिष्य का अभिषेक करना चाहिये। इस तरह साधक समयी शिष्य अभिषिक्त हो जाता है। वह स्वराज्य में विचरण करने वाले सम्राट् सदृश दैशिक शास्त्रवेत्ता का उत्तराधिकारी राजकुमार हो जाता है। जीवन के स्वातन्त्र्य विमर्शमय ऐश्वर्य भाव को, भोग को साक्षी भाव से भोगता है और अन्त में उसका पर तत्त्व में विलय हो जाता है, यह निश्चित है। दैशिक शिरोमणि द्वारा शिव में योजनिका विधि द्वारा योजित कर देने पर भी उसका भोग के भोगने के सदाशिव पद पर अवस्थान रहता है। इसके बाद ही पर तत्त्व में लय होने का कथन शास्त्रकार ने किया है।।४६४-४६५।।

एतैर्गुणैः समायुक्तो दीक्षितः शिवशासने ।।४६६।।

चतुष्पात्संहिताभिज्ञस्तन्त्राष्टादशतत्परः ।
दशतन्त्रातिमार्गज्ञ आचार्यः स विधीयते ।।४६७।।

पृथिवीमादितः कृत्वा निर्वाणान्तेऽस्य योजनाम्।
अभिषेकविधौ कुर्यादाचार्यस्य गुरूत्तमः ।।४६८।।

एतैरिति मन्त्रतन्त्रज्ञत्वाद्यैः। निर्वाणान्ते इति परमशिवपदे, अधिकारार्थं पुनरपरशिवे शिवे अस्य अवस्थानम्। यदुक्तम्

''अधिकारार्थमाचार्ये परापरपदे स्थितिः ।
शिवत्वे साधकानां तु विद्यादीक्षां सदाशिवे ।।
पुत्रके परमे तत्त्वे समयिन्यैश्वरे तथा ।' इति।।४६८।।

इस मान्त्रिक और तान्त्रिक गुणों से सम्यक् रूप से युक्त, शिव शासन में दीक्षित शिष्य चार पदों वाली संहिता से अभिज्ञ हो जाता है। ऐसा शिष्य १८ तन्त्रों की पारम्परिक प्रक्रियाओं में परायण होता है। इनमें भी प्रसिद्ध १० तन्त्र मठिकाओं के स्वीकृत मार्ग का स्वयं जानकार हो जाता है। इस स्तर पर पहुँच कर वह आचार्य मान लिया जाता है। ऐसे मान्यता प्राप्त आचार्य को विशिष्ट रूप से अभिषिक्त करने के लिये दैशिक शिरोमणि गुरु देव, पृथिवी को (पार्थिव प्राधान्य के कारण) आगे करके निर्वाह की प्रक्रिया तक समायोजित करे। यह समायोज़न शिष्य के पूर्णाभिषेक के लिये आवश्यक है। इस प्रक्रिया का समर्थन आगम परम्परा करती है। इस विषय में कहा गया है कि,

''समयी शिष्य की स्थिति ऐश्वर पद में होती है। पुत्रक शिवत्व के परम पद का अधिकारी होता है। विशिष्ट द़ीक्षित को सदाशिव पद में स्थिति प्राप्त होती है। साधक शिष्य शिवत्व में स्थित होता है। निर्वाणान्त अर्थात् परमशिवपद पर समयी, पुत्रक, आचार्य और साधक की क्रमशः स्थिति होती है, पर अधिकार समयी को ही मिलता है। आगम प्रामाण्य के अनुसार आचार्य की परापर पद

ननु एवमभिहिते समयिनः किमुक्तं स्यादित्याशङ्क्य आह

एतैर्वाक्यैरिदं चोक्तं समयी राजपुत्रवत् ।
सर्वत्रैवाधिकारी स्यात्पुत्रकादिपदत्रये ।।४६९।।

राजपुत्रो हि यथा राज्यादावधिकृतस्तथा अयमपि पुत्रकादौ समयी। समयिदीक्षापूर्वकमेव सर्वा दीक्षा उक्ताः।।४६९।।

पुत्रकाचार्ययोरविशेषेऽपि परतत्त्वयोजनिका कथंचिद्भेदमभिधत्ते

पुत्रको दैशिकत्वे तु तुल्ययोजनिको भवेत् ।
अधिकारी स न पुनः साधने भिन्नयोजने ।।४७०।।

स इति पुत्रकः। साधने इति दीक्षाप्रतिष्ठादौ यदर्थमेव आचार्यस्य परापरपदे स्थितिरभिहितेत्याह भिन्नयोजने इति।।४७०।।

पर स्थितिमान्य है। इस प्रकार पर और अपर स्थितियों का आकलन कर गुरुवर्य सबको अधिकार प्रदान करने के लिये योजनिका विधि अपनाते हैं''।।४६६-४६८।।

समयी, पुत्रक, साधक और आचार्य की स्थितियों का उक्त आगम प्रामाण्य यह सिद्ध करता है कि, समयी ईश्वर के समस्त ऐश्वर्य सम्पन्न पद का एक मात्र अधिकारी होता है। यह बात 'समयिन्यैश्वरे' इस उक्ति से स्पष्ट हो जाती है। उसका स्पष्ट संकेत है कि, समयी 'राजपुत्र' की तरह सर्वाधिकार सम्पन्न गुरु का उत्तराधिकारी होता है। समयी ही पुत्रक होता है, साधक होता है और आचार्य भी बन जाता है। इससे यह स्पष्ट है कि, समय दीक्षा का ही प्राधान्य है। इस दीक्षा के बाद ही अन्य दीक्षायें दी जा सकती हैं।।४६९।।

यद्यपि पुत्रक और आचार्य दोनों सामान्य स्तरीय शिष्य हैं फिर भी परतत्त्व की योजनिका में कुछ भेद भी दृष्टिगत होता है। वही कह रहे हैं—

पुत्रक आचार्य रूप दैशिक पदवी के लिये तुल्य रूप से समायोजित होता है किन्तु उसे साधन में या ऐश्वर्य भोग में अधिकार नहीं प्राप्त होता है। भिन्न

ननु समयिनोऽपि पूर्वभाविनी लिङ्गोद्धारदीक्षा संभवति, तत् समयी राजपुत्रवदित्येव कस्मादिह उक्तमित्याशङ्क्य आह

एतत्तन्त्रे समय्यादिक्रमादाप्तोत्तरक्रियः ।
आचार्यो न पुनर्बौद्धवैष्णवादिः कदाचन ।।४७१।।

एवं प्रसङ्गान्निर्णीतं प्रकृतं तु निरूप्यते ।
शिवहस्तविधिं कृत्वा तेन संप्लुष्टपाशकम् ।।४७२।।

योजन का संकेत आचार्य के परापर पद पर अधिष्ठित होने की ओर है। स्तरीय योजनिका गुरुवर्य के अधीन होती है।।४७०।।

जिज्ञासु पूछ रहा है कि समयी शिष्य की, भी लिङ्गोद्धार दीक्षा सम्भव है। ऐसी अवस्था में समयी को राजपुत्रवत् (छः शिष्यभेद) ही क्यों कहा गया है? इस प्रश्न का उत्तर दे रहे हैं—

वस्तुतः इस तन्त्र पद्धति में समयी आदि क्रम से जिस शिष्य ने क्रमिक रूप से आप्त गुरुवर्य द्वारा उत्तराधिकार प्रक्रिया की दीक्षा प्राप्त कर ली है, वही आचार्य होता है। ऐसा आचार्य न तो बौद्ध हो सकता है और न वैष्णव आदि सम्प्रदाय सिद्ध कोई अन्य शिष्य। इस श्लोक में आचार्य शब्द उपलक्षण रूप से प्रयुक्त.है। यह बात साधक शिष्य के लिये भी लागू होती है। आगम प्रामाण्य है कि,

"लिङ्ग धारण करने वाले सम्प्रदाय-सिद्ध पुरुष को पहले मोक्ष दीक्षा दी जाती है। इसे किसी प्रकार का अधिकार नहीं दिया जाता। साधकों के या आचार्य के तन्त्र मार्ग की पारम्परिक पद्धति के वे योग्य हो नहीं सकते"। वास्तव में उनकी अयोग्यता का कारण उनकी पुनर्भवता ही है। ऐसे पुनर्भव अन्य लिङ्गी लोग शैवतन्त्र में अपनाये तो जा सकते हैं किन्तु उन्हें कोई अधिकार नहीं दिया जा सकता।" श्रीत. २२।२९।।४७१।।

इस प्रकार प्रसङ्गवश निर्णीत किया गया है। वस्तुतः प्रकृत रूप से मूल तथ्य यह है कि, सर्वप्रथम गुरुदेव शिवहस्त विधि का सम्पादन करें। इसके बाद

शिष्यं विधाय विश्रान्तिपर्यन्तं ध्यानयोगतः ।
ततः कुम्भेऽस्त्रकलशे वह्नौ स्वात्मनि तं शिशुम्।।४७३।।
प्रणामं कारयेत्पश्चाद्भूतमातृबलिं क्षिपेत् ।

आचार्य इति उपलक्षणम्, तेन साधकोऽपि।

यद्वक्ष्यति

"प्राग्लिङ्गिनां मोक्षदीक्षा साधिकारविवर्जिता ।
साधकाचार्यतामार्गे न योग्यास्ते पुनर्भुवः ।।'
(२२।२९) इति।

अत एव अनन्तरमेव उक्तं

'..................दीक्षितः शिवशासने।' (४६७) इति।

तेनेति शिवहस्तेन।।४७२-४७३।।

जब उक्त शिवहस्त विधि द्वारा शिष्य के पाश ध्वस्त हो जाँय, तब आगे की प्रक्रिया का सम्पादन करना चाहिये। उसका क्रम इस प्रकार है। पहले शिष्य को ध्यान योग की प्रक्रिया में उतार कर वहाँ रखे कुम्भ और अस्त्रमन्त्र से अभिमन्त्रित कलश तथा अग्निदेव के महत्त्व को पुनः पुनः निर्दिष्ट कर उनको सश्रद्ध प्रणाम कराना चाहिये। फिर गुरु को शिष्य प्रणाम करे— यह बतलाना चाहिये। इसके बात भूतबलि और मातृका बलि की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये। इसमें बलि का चतुष्पथ पर प्रक्षेप अवश्य होना अपेक्षित है। विश्रान्ति पर्यन्त इतनी विधियाँ पूरी कर लेनी चाहिये।।४७२-४७३।।

शय्या प्रकल्पन— इसके बाद शङ्कर की पूजा कर अस्त्र मन्त्रों से अभिमन्त्रित शय्या तैयार कर शिष्य को उस पर आसीन करना चाहिये। उस पर मन्त्रों का न्यास करना चाहिये। इस प्रकार शिष्य को एक उच्च स्तरीयता प्रदान करनी चाहिये। शिष्य हृदय चक्र (नाभिकेन्द्र-मातृकेन्द्र) में गुरुदेव को स्वयं को विश्रान्त करना चाहिये। नाभिकेन्द्र में श्वास-सोम अपने अमृत को भर देता है। यह तिथि

इदानीं शय्यां कल्पयितुमाह

ततः शंकरमभ्यर्च्य शय्यामस्त्राभिमन्त्रिताम् ।।४७४।।

कृत्वास्यां शिष्यमारोप्य न्यस्तमन्त्रं विधाय च।
शिष्यहृच्चक्रविश्रान्तिं कृत्वा तद्द्वादशान्तगः ।।४७५।।

भवेत्क्षीणकलाजालः स्वरद्वादशकोदयात् ।
ततः प्रवेशप्रचितकलाषोडशकोज्ज्वलः ।।४७६।।

पूर्णिमा कहलाती है। यहाँ से चिति केन्द्र तक अपान-वाह पर प्राण सूर्य सवार होकर 'चितिकेन्द्र' पर पहुँचता है। वह तिथि अमावस्या कहलाती है। इसे बाह्य द्वादशान्त केन्द्र भी कहते हैं। पूर्णिमा से अमाकला तक गुरु के गतिक्रम की प्रक्रिया अत्यन्त रहस्यमय होती है। 'अकार' के उदय से लेकर 'ऐकार' पर्यन्त १२ स्वररूप सूर्यकला तक की स्वर-द्वादशक रूप श्वास नियमन प्रक्रिया पूरी करने पर आचार्य और शिष्य दोनों के कलाजाल जल जाते हैं। दिवस के इस प्रकाश में कलाओं का जल जाना स्वाभाविक है।

इसके बाद 'प्रवेश' और 'विश्रान्ति' की विधियों को अपनाना पड़ता है। अमासे अब श्वास हृदय की ओर चलता है। 'ऐ' कार के बाद 'ओ' में प्रवेश और विश्रान्ति, फिर 'निर्गम' 'औ' में प्रवेश विश्रान्ति, फिर तिथीश 'अं' में प्रवेश विश्रान्ति, पुनः निर्गम और 'अः' में प्रवेश और विश्रान्ति। यहाँ तक सोलह स्वरों का साधनाक्रम समाप्त हो जाता है। इस क्रिया में गुरु और शिष्य दोनों १६ कलाओं की ऊर्जा से उज्ज्वल हो जाते हैं। गुरु स्वात्म संवित् की पीयूष राशि से परिपूर्ण हो जाता है और पूर्णिमा के चन्द्र की तरह परिपूर्ण हो जाता है। इस प्रकार शिष्य के हृदय में विश्रान्ति होती है।

पूर्णिमा (नाभिकेन्द्र हृच्चक्र-मातृकेन्द्र) से अमा कला केन्द्र (चिति केन्द्र, द्वादशान्त केन्द्र) तक की यह यात्रा प्रवेश, निर्गम और विश्रान्ति इन तीन क्रमों में पूरी होती है। यह साधना का क्रम है। अब शिष्य सो गया होता है।

संपूर्णस्वात्मचिच्चन्द्रो विश्राम्येद्धृदये शिशोः ।
स्वयं व्युत्थानपर्यन्तं द्वादशान्तं ततो व्रजेत्।।४७७।।
पुनर्विशेच्च हृच्चक्रमित्थं निद्राविधिक्रमः ।

स्वरद्वादशकं सूर्यकलारूपम्, इत्थमिति शिष्यात्मनोरेवं प्राणप्रवेश-निर्गमलक्षणेन उक्तेन प्रकारेणेत्यर्थः।।४७४-४७७।।

ननु एवं सति किं स्यादित्याशङ्क्य आह

आयातनिद्रः शिष्योऽसौ निर्मलौ शशिभास्करौ ।४७८।
हृच्चक्रे प्रतिसंधत्ते बलात्पूर्णकृशात्मकौ ।

गुरु उसके प्राणापान वाह में हृदय से चिति केन्द्र और चितिकेन्द्र से पूर्णिमा तक आता जाता रहता है। यह क्रम तब तक चलता रहता है, जब तक गुरु उसे व्युत्थान के लिये प्रेरित न कर दे। व्युत्थान पर्यन्त शिष्य की निद्रा विधि का क्रम अनिवार्य रूप से चलता रहता है।।४७४-४७७।।

इस तरह स्वरों की प्रक्रिया पूरी करने में जीवन में कोई परिष्कार होता है या नहीं? इस विषय में शिष्य अभी ऊहापोह में है? उसकी एतद्विषयक जिज्ञासा का समाधान यहाँ किया जा रहा है—

जब शिष्य निद्रा की गोद में विश्राम कर रहा होता है, 'उसके मुख, उसके घ्राणेन्द्रिय और नेत्र से लेकर हृदय पर्यन्त निद्रा देवी का प्रभाव पूर्णतया व्याप्त हो जाता है; तब उसे आयात-निद्र शिष्य कहते हैं। उसके शशि और सूर्य (अपान और प्राण-श्वास और निःश्वास) निर्मल हो कर अपने प्रकाश से उसे ऊर्जा प्रदान करते हैं। शिष्य निद्रानिमग्न रहता हुआ भी प्राणापान प्रवाह के नैर्मल्य का अनुभव करता है। वह पूर्ण चन्द्र और पूर्ण सूर्य दोनों को सूक्ष्म रूप से ही धारण करता है। अमाकला में तो सूर्य और चन्द्र दोनों अस्त रहते ही हैं। हृदय में भी अर्थात् नाभिस्थ रहने पर भी उनकी सूक्ष्मता (कृशता) सिद्ध हो जाती है। साधना के वैशिष्ट्य में ही यह संभव है।।४७८।।

ननु अतोऽपि किं स्यादित्याशङ्क्य आह

हठनिर्मलचन्द्रार्कप्रकाशः सत्यमीक्षते ।।४७९।।
स्वप्नं भाविशुभान्यत्वस्फुटीभावनकोविदम् ।

किमत्र प्रमाणमित्याशङ्क्य आह

उक्तं च पूर्णां च कृशां ध्यात्वा द्वादशगोचरे ।।४८०।।
प्रविश्य हृदये ध्यायेत्सुप्तः स्वाच्छन्द्यमाप्नुयात्।

शिष्य आयातनिद्र स्थिति में है। चन्द्र और सूर्य दोनों अमाकला में पूर्णरूप से कृशता (सूक्ष्मता) को प्राप्त कर चुके हैं। यहाँ यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि, इसके बाद की क्या स्थिति होती है? इसी जिज्ञासा की शान्ति के लिये इस कारिका का अवतरण कर रहे हैं—

अमाकला में जब प्राण अपान रूप सूर्य और चन्द्र हठ पूर्वक अर्थात् अस्त होने की अयत्न-साध्य, प्राकृतिक-व्यवस्था के वशीभूत आमावस्य आयाम में प्रवेश कर जाते हैं, उस समय उनमें नैर्मल्य का निखार हो जाता है। उनका प्रकाश विश्व को प्रतिबिम्बित कर सकने के अपने अस्तित्वगत सत्य का विमर्शात्मक आकलन करने लग जाता है।

इस सत्य की अनूभूति की दो स्थितियाँ होती हैं। १. मुमुक्षु साधक उस निर्मल प्रकाश के स्पन्दात्मक तुटि रूप उल्लास को रोक कर शैव परिवेश के चिन्मयातीत आयाम में समाहित हो जाता है। २. बुभुक्षु साधक प्रकाश के उस सत्य को अनुभूत करता है, जब अमाकला की शान्त तुटि से श्वास के निर्गम रूप द्वितीयं तुटि की उच्छलनशीलता का श्रीगणेश होने को होता है। ये अनुभूतियाँ सामान्य जीव-जगत् के लिये असम्भव हैं। साधना के बल पर सुषुप्ति में भी जागरा बनी रहती है। वहीं स्वप्न का भी एक परिवेश आता है, जिसमें भावी सत्य का स्वाप्निक साक्षात्कार होने लगता है। उसमें भविष्य के शुभ और अशुभ दोनों का अनुभावन होता है। इस अनुभावन में वह सत्य ही कारण होता है। इसीलिये उसे 'कोविद' का विशेषण प्रदान किया गया है।।४७९।।

आयातनिद्रे च शिशौ गुरुरभ्यर्च्य शङ्करम् ।।४८१।।

चरुं भुञ्जीत ससखा ततोऽद्याद्दन्तधावनम् ।
स्वप्याच्च मन्त्ररश्मीद्धहृच्चक्रार्पितमानसः ।।४८२।।

प्रातर्गुरुः कृताशेषनित्योभ्यर्चितशंकरः ।
शिष्यात्मनोः स्वप्नदृष्टावर्थौ वित्ते बलाबलात् ।।४८३।।

इस कथन का क्या प्रमाण है? इस पर शास्त्रकार आगम के रहस्य को अपनी अनुभूतियों के अमृत से आर्द्रकर व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि,

प्रिय जिज्ञासु शिष्य! यह आप्त वचन है। साधना के सूत्रों में ग्रथित एक रहस्य है। प्रायः शास्त्रों में कहा गया है। ऊर्ध्व और अधः द्वादशान्तों में क्रमशः कृशता और पूर्णता का साक्षात्कार साधक को होता है। उच्चार के इस उभय संचरण का ध्यान साधक को बराबर बना रहता है। वह निरन्तर सावधान रहता है। अब अनुक्रम के अनुसार वह हृदय अर्थात् नाभिकेन्द्र में पूर्णिमा कला में प्रवेश पा चुका है। इसमें सुप्त रहकर भी उसका अवधान बना रह सकता है। सबको ऐसा नहीं हो सकता। शास्त्र कहते हैं कि, पूर्णिमा में या अमा में दोनों में किसी में भी अवस्थित रहकर तुटियों के उच्छलन को तोड़ने में यदि साधक समर्थ हो जाय तो, वह 'स्वच्छन्द' भैरव शिव बन सकता है। वह स्वाच्छन्द्य की प्राप्ति कर सकता है।।४८०।।

शिष्य के इस प्रकार निद्रादेवी के परिवेश में समाहित हो जाने के बाद गुरुदेव को शङ्कर की आराधना में लग जाना चाहिये। शङ्कर की अर्चना के अनन्तर अवशिष्ट चरु का भोजन करना चाहिये। यह चरु मित्रों सहित खायें, यह शास्त्र का मत है। भोजन के बाद मुख शुद्धि के लिये दन्तधावन का प्रयोग करना चाहिए। इसके बाद गुरु स्वयं शयन करें। शयन करते समय मन्त्रों की रश्मियों से समिद्ध हृदयचक्र में स्वात्म संवित् तत्त्व का आकलन करते हुए अपने मन को उसी में समाहित कर लेना उचित है। इस तरह निद्रा के अकल्पनीय लोक में विश्राम करने का बड़ा ही सुखद परिणाम प्राप्त होता है।।४८१-४८२।।

स्वदृष्टं बलवन्नान्यत्संबोधोद्रेकयोगतः ।
बोधसाम्ये पुनः स्वप्नसाम्यं स्याद्गुरुशिष्ययोः ।।४८४।।

देवाग्निगुरुतत्पूजाकारणोपस्करादिकम् ।
दृष्ट्वा स्त्री मद्यपानं चाप्याममांसस्य भक्षणम् ।।४८५।।

प्रातः दोनों शिष्य और गुरु को उठकर और नित्यक्रिया से निवृत्त होकर भगवान् भूतभावन भैरवरूप शंकर की अर्चना करनी चाहिये। अर्चना के अनन्तर शिष्य को अपने समीप बुलाकर बिठलाना चाहिये। उससे उसके द्वारा रात में देखे गये सपनों के विषय में जानकारी लेनी चाहिये। उसके सपनों से आचार्य द्वारा स्वयं दृष्ट स्वप्नों की तुलनाकर दोनों के बलाबल के सम्बन्ध में विचार करना चाहिये।।४८३।।

स्वयम् आचार्य का देखा हुआ स्वप्न बलवान् माना जाता है। शिष्य का स्वप्न आचार्यदृष्ट स्वप्न के समक्ष निर्बल होता है। 'अन्यत्' शब्द यहाँ शिष्य दृष्ट स्वप्न के लिये ही प्रयुक्त है। स्वप्न में 'संबोध' और 'उद्रेक' दो विन्दुओं पर विचार करना चाहिये। आचार्य बोध के प्रतीक माने जाते हैं। सुषुप्ति के अनन्तर संबोध (जागरण) में ज्ञान का प्रकाश अपनी रश्मियों से स्वप्नों को संवारता है। संबोध का अर्थ नीद में स्वप्न का वह रूप ग्रहण करना भी माना जाता है, जब वह ज्ञान का विषय बन जाय। उसके बाद ही स्वप्न में उद्रेक होता है और सपने अपने चरम रूप में देखने वाले के मस्तिष्क में छा जाते हैं। इन दोनों के योग से ही इनके बलाबल का निर्णय किया जा सकता है।

स्वप्नों में बराबरी केबल बोध की दृष्टि से ही माननी उचित है। बोध के स्तर की प्रतीति सपनों के स्वरूप से हो जाती है। सभी सपने कुछ कहते हैं, कुछ बताते हैं अथवा कुछ दिशा निर्देश या संकेत देते हैं। गुरु और शिष्य दोनों के ऐसे स्वप्नों से बोध-साम्य और बोध-साम्य से पुन स्वप्नसाम्य की बात की जाती है।।४८४।।

स्वप्न में देवदर्शन अग्निदर्शन, इनकी पूजा, पूजा के कारण (साधन) और उपस्कर (सामग्रियाँ) आदि का दीख पड़ना स्वप्न देखने वाले के संबोध के स्वरूप

रक्तपानं शिरश्छेदो रक्तविण्मूत्रलेपनम् ।
पर्वताश्वगजप्रायहृद्ययुग्याधिरोहणम् ।।४८६।।

यत्प्रीत्यै स्यादपि प्रायस्तत्तच्छुभमुदाहृतम् ।
तं ख्यापयेत्तुष्टिवृद्ध्यै ह्लादो हि परमं फलम् ।।४८७।।

अतोऽन्यदशुभं तत्र होमोऽष्टशतकोऽस्त्रतः ।
अशुभं नाशुभमिति शिष्येभ्यो कथयेद्गुरुः ।।४८८।।

की ओर संकेत करते हैं। यदि सपने की रानी सी हृदयहारिणी अनिन्द्य सुन्दरी स्त्री दीख जाय, तो वह देवी शक्ति की प्रतीक मानी जाती है। सपने में शराब का पीना, कच्चे मांस का भक्षण करना, खून पीना, अपने या दूसरे के शिर का कटा हुआ अंश धड़ से अलग दीख पड़ना, खून, विष्ठा या मूत्र का अपने ही अंगों में लेपन करना, पहाड़ पर चढ़ना, घोड़े हाथी या अपने प्रिय पशु को रथ आदि में जुते हुए देखना और उन पर सवारी करना यह सब उत्तम कोटि के स्वप्न माने जाते हैं। इन्हें ही शुभ स्वप्न कहते हैं।।४८५-४८६।।

इनके अतिरिक्त भी जो स्वप्न अपने को प्रिय लगे और प्रीतिवर्द्धक हों, प्रायः ये सभी शुभ स्वप्न माने जाते हैं। प्रायः शब्द के प्रयोग का तात्पर्य है कि, जैसे किसी को शिरश्छेद जैसे स्वप्न बुरे भी लग सकते हैं। उनके लिये ये शुभ कैसे कहे जा सकते हैं क्योंकि वे प्रीतिवर्द्धक नहीं होते। फिर भी इनकी गणना शुभ स्वप्नों में ही होती है। इन सपनों के आधार पर यह घोषित किया जाना चाहिये कि, ये स्वप्न भविष्य में तुष्टि के वातावरण के सृजन के संकेत देने वाले हैं। यह स्वाभाविक सी बात है कि, आत्मा का आत्मस्वाद ही सबसे बड़ा सुन्दर फल माना जाता है।।४८७।।

ऐसे स्वप्नों के अतिरिक्त जितने अन्य[१] स्वप्न हैं, वे अशुभ माने जाते हैं। अशुभ स्वप्नों का देखना अनिष्ट का सूचक होता है। इन्हें देखने पर अस्त्र मन्त्र

---

[१] अन्य स्वप्नों के सम्बन्ध में कहा गया है कि, "शुभ स्वप्नों के विपरीत देखे गये स्वप्न ही अशुभ स्वप्न हो जाते हैं। जैसे कच्चे मांस की जगह पका मांस खाना, रक्त आदि लेप की जगह सुगन्धित उपलेप करना, पहाड़ पर चढ़ने की जगह गर्त्त में गिरना आदि।"

रूढां हि शङ्कां विच्छेत्तुं यत्नः संघटते महान् ।
येषां तु शङ्काविलयस्तेषां स्वप्नवशोत्थितम् ।।४८९।।

शुभाशुभं न किंचित्स्यात्

उक्तमिति श्रीविज्ञानभैरवे। तत्र च पीनां च दुर्बलां चैवेति पाठः। चरुमिति प्रागात्मनः कृते परिस्थापितम्। वित्ते इति विचारयतीत्यर्थः। अनेन च स्वप्नस्य विचारणमुपक्रान्तम्। अन्यदिति शिष्यदृष्टम्। स्वप्नसाम्यमिति, नतु बलाबलत्वम्। प्राय इति नहि शिरश्छेदादेः प्रीतिकारित्वमस्तीति भावः। तमिति शुभं स्वप्नम्। अत इति उक्तात्स्वप्नात्। अन्यदिति विपरीतं पक्वमांसाशनादि। यदुक्तम्

'एतदेवान्यथाभूतं दुःस्वप्नमिति कीर्त्यते ।
पक्वमासाशनाभ्यंगगर्त्तादिपतनादिकम् ।।' इति।

अस्त्रत इति अस्त्रेण। अशुभाकथने द्वितीयार्धं हेतुः। तेषामिति विलीनशङ्कानाम्, नहि निर्विकल्पस्य शुभाशुभविभाग एव भवेदिति भावः।।४८८-४८९।।

त्रैगुण्यात्मकत्वाच्च एते स्वप्नेऽपि वैचित्र्यभाजो भवन्ति— इत्याह

स्युश्चेत्थं चित्रतावशात् ।

से १०८ बार हवन कर लेने से अरिष्ट की निवृत्ति हो जाती है। ये अशुभ भी मेरे शिष्यों का कोई अनिष्ट नहीं कर सकते— यह आश्वासन गुरु द्वारा शिष्यों को दिया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में संस्कार में जगे हुए भय का और किसी प्रकार की इससे सम्बन्धित शङ्का का निराकरण गुरु द्वारा किया जाना शिष्यों के हित में होता है। गुरुदेव की इस घोषणा से शिष्यवर्ग का आत्मबल प्रौढ़ हो जाता है। यह ध्यान देने की बात है कि, जिन शिष्यों के हृदय से शङ्का का निवारण हो जाता है, उन स्वाप्निक संकेतों से होने वाले कोई शुभाशुभ फल उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। गुरु के वचनों से आश्वस्त होकर जो निर्विकल्प अवस्था में चला जाता है, उनके लिये शुभ-अशुभ विभाग ही नहीं होते।।४८८-४८९।।

स्फुटं पश्यति सत्त्वात्मा राजसो लिङ्गमात्रतः।।४९०।।
न किंचित्तामसस्तस्य सुखदुःखाच्छुभाशुभम्।

ननु इह तामसः किंचिदपि न पश्येत्, तत् कुतोऽस्य शुभाशुभनिश्चय इत्याशङ्क्य उक्तं तस्य सुखदुःखाच्छुभाशुभमिति।।४९०।।

मानव मात्र में त्रिगुणात्मकता का प्रभाव दृष्टिगोचर होना भी स्वाभाविक है। त्रैगुण्य के कारण इनमें जो विचित्रता आ जाती है, उस सम्बन्ध में शास्त्रकार कहते हैं कि,

तीनों सत्, रजस् और तमस् गुणों की चित्रात्मकता के फल स्वरूप जो अन्तर दीख पड़ता है, वह तीन प्रकार से ही घटित होता अनुभूत होता है। जैसे, सत्त्वात्मा पुरुष किसी स्वाप्निक संकेत का प्रत्यक्ष साक्षात्कार कर लेता है। इस सम्बन्ध में एक सत्य घटना का उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा। घटना सन् १९४८ की है। मैं १९४७ में अपना फरारी जीवन लाहौर में बिता कर भारत पाकिस्तान बँटवारे के समय लाहौर से वापस अपने जन्म ग्राम में रहकर एक महाविद्यालय संचालन की तत्परता में लगा हुआ था। १९४८ की ३० जनवरी को मेरी स्व. भाभी सूर्यमुखी देवी ने सुबह सुबह ही कहा— "बबुआ जी, गाँधी जी को गोली मार दी गयी। मैंने उनकी छाती से खून निकलते हुए देखा है।" वे भी डरी हुईं और मैं भी हतप्रभ! उसके बाद रेडियो से वह समाचार विश्व में वितरित हुआ था। उसी से प्रेरित होकर मैंने अपने विद्यालय का नाम भी श्री गाँधी महाविद्यालय, मलयनगर, मलप, बलिया रखने की घोषणा की थी। मैं उस विद्यालय का आदि संस्थापक और आदि व्यवस्थापक था। आज भी वह घटना मेरे मन मस्तिष्क में उसी तरह छाई हुई है। यह स्वप्न का स्फुट दर्शन था और पूज्य भाभी की सात्त्विकता का प्रमाण था।

इसी तरह राजस गुण प्रधान पुरुष, लिङ्ग मात्र रूप में किसी घटना का संकेत व्याज रूप से जान लेते हैं किन्तु तामस पुरुष का यह दुर्भाग्य है कि, वह कुछ भी अनुभव नहीं कर पाता। उसके जीवन में घटित सुख और दुःख दोनों से उसके शुभाशुभ का ज्ञान हो पाता है। उसके शुभाशुभ निश्चय करने में

नन्वत्र तामसो नाम कथं योग्यो विधौ भवेत्।।४९१।।
मैव मा विग्रहं कश्चित्क्वचित्कस्यापि वै गुणः।

वैशब्दोऽवधारणे, सच सर्वत्र संबन्धनीयः। गुण इति अर्थादुद्रिक्तः।।

एतदेव दर्शयति

सर्वसात्त्विकचेष्टोऽपि भोजने यदि तामसः ।।४९२।।
किं ततः सोऽधमः किंवाप्युत्कृष्टस्तद्विपर्ययः।

तत इति भोजनमात्रे तामसत्त्वात्। तद्विपर्यय इति सर्वत्र तामसत्वे, भोजनमात्रे एव सात्त्विक इति।।

किसी प्रकार के वितर्क की कोई आवश्यकता नहीं क्योंकि उसके सुख और दुःख ही उसका संकेत देने के लिये पर्याप्त होते हैं।।४९०।।

प्रश्न होता है कि, तामसिक शिष्य के लिये दीक्षा में अधिकार ही कहाँ होता है? अतः उसके सम्बन्ध में कुछ कहना क्या अर्थ रखता है? इस पर शास्त्रकार कहते हैं कि, भाई! यह क्यों पूछते हो कि तामस स्वभाववान् दीक्ष में कैसे योग्य माना जाय? यह पूछना सोच की संकोचशीलता का द्योतक है। ऐसा प्रश्न या शङ्का न करो, यही अच्छा है। किसी का विग्रह (शरीर) किसी गुण का प्रतीक नहीं होता। गुण तो उद्रिक्त होते रहते हैं। कहीं किसी का कोई गुण उसकी सम्पूर्ण गुणवत्ता का निर्णायक नहीं होता।।४९१।।

इस तथ्य का स्पष्टीकरण आवश्यक है। यह समझ कर इस कारिका का अवतरण कर रहे हैं—

एक शिष्य है। वह जीवन की सभी गतिविधियों में सात्त्विक व्यवहार का प्रवर्त्तन करता है। उसे लोग सात्त्विक मानते हैं। वही शिष्य यदि भोजन ग्रहण करने में तामसिकता का प्रदर्शन करता है, तो वह निश्चित ही तामस स्वभाव का माना जायेगा क्योंकि उसमें तामसिकता का उद्रेक भोजन के समय हो जाता है। अब प्रश्न यह उठता है कि, उसे क्या माना जाय? क्या अधम माना या

एतदेव प्रकृते योजयति

आयातशक्तिपातोऽपि दीक्षितोऽपि गुणस्थितेः।।४९३।।
विचित्रात्मा भवेदेव मुख्ये त्वर्थे समाहितः।

गुणस्थितेरिति प्राकृतस्य देहस्य कंचित्कालमवस्थानात्। मुख्ये इति दीक्षालक्षणे।।४९३।।

इदानीं सामयं कर्म अभिधातुमाह

ततो गुरुः शिशोर्मन्त्रपूर्वकं देवतार्चनम् ।।४९४।।
देशयेत्स च तत्कुर्यात्संस्कुर्यात्तं ततो गुरुः।
हृदादिचक्रषट्कस्थान्ब्रह्मादीन् षट् समाहितः।।४९५।।

कहा जा सकता है? या वह अत्यन्त उत्कृष्ट होने के स्तर पर रहकर भी अपने विपर्यय में जी रहा होता है? अथवा सर्वत्र तामसिकता में रहता हुआ भोजन में ही सात्त्विक होता है? यह सारी बातें प्रसङ्गानुसार सामने आती रहती हैं, जिनके सम्बन्ध में निर्णय करना कठिन होता है।।४९२।।

जो शिष्य शक्तिपात के असामान्य आशीर्वादों से विभूषित हैं, दीक्षित हैं, वे भी अपनी त्रिगुणात्मकता विशिष्ट अवस्था से प्रभावित हो जाते हैं। अतएव उनमें वैचित्र्य आ जाता है। यद्यपि दीक्षा के प्रभाव से वे अपने दीक्षा प्राप्ति के उद्देश्य के भी सहभागी बन जाते हैं।।४९३।।

यहाँ से उन आचारों के सम्बन्ध में उल्लेख करेंगे, जिन्हें समयी शिष्य को अपनाना अनिवार्य होता है। उन्हें सामय कर्म भी कहते हैं। वही उल्लेख कर रहे हैं—

इसके बाद गुरु शिष्य को समन्त्रक देवतार्चन में प्रवृत्त करे। उसे दिशानिर्देश दे। अनुशासन में रखकर उन पद्धतियों से परिचित कराये। शिष्य भी श्रद्धापूर्वक उनका सम्पादन करे। गुरु शिष्य शिशु का संस्कार भी करे। गुरुदेव उसके सभी छःचक्रों (हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य ललाट और ब्रह्मरन्ध्र) का स्वयं स्पर्श

स्पृशेच्छिशोः प्राणवृत्त्या प्रत्येकं चाष्ट संस्क्रियाः।
हृदयादिद्विषट्कान्तं बोधस्पर्शपवित्रितः ।।४९६।।

तत इति देवार्चनोपदेशाद्यनन्तरम्। तदेव आह हृदादीत्यादि, हृदादीनि चक्राणि हृदयकण्ठतालुभ्रू मध्यललाटब्रह्मरन्ध्रलक्षणानि षट्। प्रत्येकमिति एवं हि अष्टानां षड्भिर्गुणनादष्टचत्वारिंशत् संस्कारा भवन्तीत्यर्थः। बोधस्पर्शपवित्रित इति

..................षट्त्यागात्सप्तमे लयः।' (४।२६७)

इति दृष्ट्या द्वादशान्तावस्थितस्य परप्रमातृवपुषो बोधस्य स्पर्शेन, नतु साक्षात् तल्लयेन, पवित्रितस्तदनुविद्धायमानः कृत इत्यर्थः। यद्वक्ष्यति

'आपादितद्विजत्वस्य द्वादशान्ते निजैक्यतः ।
स्पर्शमात्रान्न विश्रान्त्या झटित्येवावरोहतः ।।

करे। इनकी प्रत्येक की आठ प्रकार से संस्क्रिया होती है। इसी लिये छः देववर्ग और प्रत्येक में आठ संस्कार गुणित करने से ६ x ८ = ४८ संस्कार होते हैं। सृष्टि बोध-पूर्वक गुरुदेव के स्पर्श से पवित्र होने वाले शिष्य अब धन्य हो उठते हैं। इसी रहस्य को ध्यान में रखकर कहा गया है कि—

"छः के त्याग से सातवें में लय हो जाता है।" ये छः ऊपर कहे गये छः चक्र ही हैं। चक्रों के स्पर्श से (एक एक कर उनके त्याग से) उनका रहस्य समझ में आ जाता है और शिवरूप सप्तम तत्त्व में लय हो जाता है।

इस दृष्टि से द्वादशान्त में अवस्थित परप्रमाता रूप बोध (प्रकाश रूप शिव) के स्पर्श से कोई भी पवित्र हो सकता है। यहाँ चक्रस्पर्श का तात्पर्य उसमें साक्षात् लय होना नहीं है। बोधात्मक स्पर्श तो व्यक्ति की साधनावस्था में ही होता है। शिष्य को बोधस्पर्श पवित्रित केवल गुरु ही कर सकता है। इससे शिष्य का व्यक्तित्व और पूरा अस्तित्व ही बोध से अनुविद्ध हो जाता है। आगे श्लोक १५/५१९ में कहा गया है कि,

"जो शिष्य द्विजत्व प्राप्त कर लेता है तथा जो साधक द्वादशान्तों (ऊर्ध्व और अधः दोनों) में जो तादात्म्य भाव से स्थित रहने की क्षमता प्राप्त कर लेता

रुद्रांशापादनं येन समयी संस्कृतो भवेत्।' (५२१) इति।।४९६।।

एतावतैव च अस्य संस्कारान्तरसिद्धिरित्याह

आहारबीजभावादिदोषध्वंसाद्भवेद्द्विजः ।
वसुवेदाख्यसंस्कारपूर्ण इत्थं द्विजः स्थितः ।।४९७।।

आदिशब्दात् देशः। यदुक्तं

'बीजाहारे तथा देशभावशुद्धौ द्विजो भवेत्।' (स्व. ४।६८)इति।

तत्र आहारदोषः श्रुतिस्मृत्युक्तप्रक्रियया तदनिर्वाहात्, बीजदोषो

'ब्राह्मण्यं बीजशुद्ध्या स्यात्सा च स्त्रीषु व्यवस्थिता।
तासां च चपलं चेतश्चाण्डालेष्वपि धावति।।'

है, इन दोनों में शिष्य को गुरु द्वारा बोधस्पर्श से और साधक की वहाँ विश्रान्ति से रुद्रांश का आपादन हो जाता है। शिष्य का यथासंभव तत्काल ही वहाँ 'आरोह' रूप उच्छलन हो जाता है। समयी शिष्य इसी प्रकार संस्कार सम्पन्न होता है''।।४९४-४९६।।

इस प्रक्रिया के अपनाने के फलस्वरूप अन्य संस्कारों की सिद्धि भी हो जाती है। यही कह रहे हैं—

आहार, बीज, भाव और आदि शब्द के द्वारा अध्याहृत देश इन चार प्रकार के दोषों के ध्वंस के बाद ही कोई द्विज हो सकता है। वसु ८ गुणित वेद ४ अर्थात् ४८ संस्कारों से पूर्ण होने पर ही द्विज हो सकता है।

इस सम्बन्ध में स्वच्छन्दतन्त्र पटल ४।६८ में लिखा गया है कि—

बीज, आहार, देश और भाव की शुद्धि से ही कोई भी द्विज हो सकता है।''

यहाँ सर्वप्रथम वर्त्तमान शरीर पोषण की दृष्टि और अन्ननिर्भरता की दृष्टि से आहार का पहले ग्रहण किया गया है। भोजन करने में जितनी शुद्धि अपेक्षित है' वह नहीं हो पाती। वेदों और स्मृतियों के आदेश का निर्वाह जीवन में नहीं

इति दृष्ट्या वास्तव्याया बीजशुद्धेरसभाव्यमानत्वात्, भावदोषोऽसत्यानार्जवादियोगात्, देशदोषो म्लेच्छादिसंपर्कात्। वसवोऽष्टौ वेदाश्चत्वारः, तेन अष्टचत्वारिंशता संस्कारैः संस्कृत इत्यर्थः।।४९७।।

तानेव आह

हो पाता। इसलिये शरीर, मन और आत्मा को संस्कार सम्पन्न बनाने के लिये आहार शुद्धि पर विशेष ध्यान देना चाहिये। यह प्रथम शुद्धि है।

दूसरी सबसे महत्त्वपूर्ण शुद्धि बीज शुद्धि है। पिता के वीर्य और मातृ-रज से पिण्ड का निर्माण होता है। वीर्य की शुद्धि प्रत्येक दशा में माता रूप स्त्री पर ही निर्भर करता है।

मुकुट संहिता नामक ग्रन्थ में एक अत्यन्त विचारणीय बात लिखी गयी है। आधुनिक युग की जागृत नारी यद्यपि इसे अपमान जनक मान सकती है क्योंकि इसमें उनपर कुछ आक्षेप है और पुरुषवर्ग के कामुक व्यवहारों का उल्लेख न कर उस पक्ष को छोड़ दिया है फिर भी इसमें स्त्री के विशेष उत्तरदायित्व की ओर ही संकेत है। आज की अभिनेत्रियाँ तो वेश्याओं से भी अधिक कामुक प्रदर्शन कर पूरे देश के मानस को प्रदूषित करने का अपराध कर ही रहीं हैं। यहाँ लिखा है कि,

"वीर्य की शुद्धि पर ही ब्राह्मण्य निर्भर करता है। और यह बीजशुद्धि की बात पूरी तरह स्त्री पर ही निर्भर करती है। स्त्री का चित्त बड़ा चपल होता है। यह नीच कर्मा मनुष्यों की ओर भी अपनी चंचलता से आकृष्ट हो जाता है।" इसलिये वास्तविक बीज शुद्धि के लिये मातृवर्ग को सीता, सावित्री और अनुसूया का आदर्श अपनाना ही अनिवार्यतः आवश्यक है।

जहाँ तक भाव-दोष का सम्बन्ध है, मनुष्य में स्वाभाविक रूप से आ जाता है। परिस्थितिवश यह असत्य, क्रूरता और स्वार्थ तथा पशुत्व अपना लेता है और दोष-दुष्ट हो जाता है। इस लिये सर्वसमभाव और सबमें शिवभाव अपना कर ही भावशुद्धि लायी जा सकती है। भावशुद्धि ही न रही तो द्विजत्व का अर्थ ही क्या हो सकता है।

गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तो जातकर्म च ।
नाम निष्क्रामणं चान्नप्राशश्चूडा तथाष्टमी ।।४९८।।

व्रतबन्धैष्टिके मौञ्जीभौतिके सौमिकं क्रमात् ।
गोदानमिति वेदेन्दुसंस्क्रिया ब्रह्मचर्यतः ।।४९९।।

प्रत्युद्वाहः पञ्चदशः सप्त पाकमखास्त्वतः ।
अष्टकाः पार्वणी श्राद्धं श्रावण्याग्रायणीद्वयम् ।।५००।।

आदि शब्द के प्रयोग से देश का अर्थ लिया ज़ाना चाहिये। देशज सम्पर्क स्पृश्यास्पृश्य, म्लेच्छ आदि सम्पर्क एवं दुष्ट जनों के साथ से होता है और मनुष्य को प्रभावित करता है। विशेषरूप से साधना में लगे रहने वाले साधकों को विशिष्ट अनुशासन में रहकर किसी सिद्धि में लगे उपासकों और शिष्यों को इन चारों दोषप्रद क्रियाओं से बचकर रहना ही श्रेयस्कर माना जाता है। तभी पूर्णता सम्भव है[1]।।४९७।।

४८ संस्कारों का क्रमिक उल्लेख कर रहे हैं—

१. गर्भाधान, २. पुंसवन, ३. सीमन्त, ४. जातकर्म, ५. नामकरण, ६. निष्क्रमण, ७. अन्नप्राशन, ८. चूडाकर्म, ९. व्रतबन्ध, १०. ऐष्टिक, ११. मौंजीबन्धन, १२. भौतिक, १३. सौमिक, १४. गोदान, ये १४ संस्कार ब्रह्मचर्य व्रत के अन्तर्गत आते हैं। १५वाँ संस्कार विवाह संस्कार माना जाता है। इसके बाद सात संस्कार पाकयज्ञ के अन्तर्गत आते हैं। अष्टका श्राद्ध, पार्वणश्राद्ध श्रावणी, दो आग्रायणी (शरद् और वसन्त के नवान्न प्राशन रूप) संस्कार, मैत्री और आश्वयुजी (कुआरी) ये मिलाकर सात होते हैं। इस प्रकार १५+ ७= २२ संस्कार यहाँ तक परिगणित हैं।

इसके बाद सात संस्कार हविष्य सम्बन्धी माने जाते हैं। आधेय (अरणिमन्थ से प्राप्त आग्नेय) अग्निहोत्र (सायं प्रातः होम), पौर्णमास, दार्श (आमावस्य)

---

१. स्व. ४।१२४

चैत्री चाश्वयुजी पश्चात् सप्तैव तु हविर्मखाः ।
आधेयमग्निहोत्रं च पौर्णमासः सदर्शकः ।।५०१।।

चातुर्मास्यं पशूद्बन्धः सौत्रामण्या सह त्वमी।
अग्निष्टोमोऽतिपूर्वोऽथ सोक्थ्यः षोडशिवाजपौ ।।५०२।।

आप्तोर्यामातिरात्रौ च सप्तैताः सोमसंस्थिताः।
हिरण्यपादादिमखः सहस्रेण समावृतः ।।५०३।।

अष्टत्रिंशस्त्वश्वमेधो गार्हस्थ्यमियता भवेत् ।
वानस्थ्यपारिव्राज्ये च चत्वारिंशदमी मताः ।।५०४।।

चातुर्मास्य (फाल्गुन या चैत्र से चारमास) पशूद्बन्ध (पशुमांस) सौत्रामणि (सुत्राम देवता के लिये किया जाने वाला यज्ञ) यह सुरायाग भी माना जाता है। इस प्रकार यहाँ तक २२ + ७x २९ संस्कार होते हैं।

अग्निष्टोम, अत्यग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशिका, वाजपेय, अतिरात्र और आप्तोर्याम ये सोम ग्रह के लिये सम्पन्न और सोमपान से समन्वित सोम संस्था नामक सात याग भी सात संस्कार रूप ही माने जाते हैं। इस प्रकार यहाँ तक २९ + ७= ३६ छत्तीस संस्कार यहाँ परिगणित हैं।

हिरण्यपाद, हिरण्यगुह्य, हिरण्यमेढ्र, हिरण्यनाभि, हिरण्यगर्भ, हिरण्यश्रोत्र, हिरण्यत्वक्, हिरण्याक्ष, हिरण्यजिह्व और हिरण्यशृङ्ग ये १० हिरण्य यज्ञ माने जाते हैं। इन यज्ञों में विशेष प्रकार की पक्षियों आदि की आकृतियाँ बनायी जाती हैं, जिनके अंगों में स्वर्ण का स्पर्श करा कर स्वर्णदान किया जाता था। ये एक हजार आहुतियों से सम्पन्न होने वाले मख रूप भी माने जाते हैं। इन्हें चित्य-यज्ञ भी कहते हैं। इस प्रकार ऊपर बताये ३६ भेदों में एक चित्ययज्ञ जोड़ने पर ३७ संस्कार होते हैं। अड़तीसवां संस्कार अश्वमेध माना जाता है। यहाँ तक गार्हस्थ्य जीवन के संस्कार पूरे माने जाते हैं।

दया क्षमानसूया च शुद्धिः सत्कृतिमङ्गले ।
अकार्पण्यास्पृहे चात्मगुणाष्टकमिदं स्मृतम् ।।५०५।।

निष्क्रामणमादित्यदर्शनम्। व्रतबन्ध उपनयनम्। ऐष्टिकादि वेदपाठकालानुष्ठेयं व्रतचतुष्टयम्। वेदाध्ययनान्ते उपाध्यायाय गोमिथुनदानेन उपलक्षितमात्मनः केशादिवपनं गोदानम्। वेदाश्चत्वार;, इन्दुरेकः

'ततो भवति गोदानं तच्चतुर्दशकं प्रिये।' (स्व. १०।३९६)इति।

अत इति उद्वाहानन्तरम्। श्राद्धं मृतपित्रादिविषयम्। आग्रायणीद्वयं शरद्वसन्तयोर्नवान्नयागरूपम्। अतिपूर्व इति अत्यग्निष्टोमः। आदिशब्दः प्रकारे, तेन हिरण्यपादो दशप्रकारश्चैत्ययज्ञ इत्यर्थः। सहस्रेणेति एकैकस्य शतसमावृतत्वात्। तदुक्तं

वानप्रस्थ और पारिव्राज्य ये दो संस्कार पृथक् रूप से परिगणित हैं। इस प्रकार से ३८+ २= ४० संस्कार होते हैं। इनके साथ दया, क्षमा अनसूया, शुद्धि (शौच) सत्कृति (क्लेश न पहुँचाने वाले सज्जनों के अनुकूल कर्म) मङ्गल (माङ्गलिक द्रव्यों से संयुक्त रहने व मङ्गलमय रहने का भाव) अकार्पण्य (कृपणता का अभाव, उदारभाव से दान आदि करना) और अस्पृहा (संतोष) ये आठ आत्मा के अनिवार्यतः आवश्यक गुण जोड़ देने पर ४८ संस्कार जीवन में उत्कर्ष के लिये अवश्य अपनाने योग्य माने गये हैं। इनमें ध्यान देने के योग्य तथ्य यह है कि ४० संस्कार तो देह विषयक हैं और अन्तिम आठ संस्कार पुर्यष्टक विषयक माने जाते हैं।

इस प्रसङ्ग में कुछ शब्दों पर विशेष ध्यान देना चाहिये। जैसे—

१. निष्क्रमण संस्कार में शिशु को सूर्य का दर्शन कराया जाता है। लक्ष्य यह होता है कि, शिशु प्रकाश के मूल आधार का दर्शन करे और तद्वत् तेजस्वी बने (श्लोक ४९८)

२. व्रतबन्ध— प्रसिद्ध उपनयन संस्कार को कहते हैं।

३. ऐष्टिक— वेद के पाठ या स्वाध्याय के समय अनुष्ठेय इच्छा को तुष्ट करने वाले व्रत।

'हिरण्यपादः प्रथमस्तथा गुह्यहिरण्यधृत्।
हिरण्यमेढ्रो हिरण्यनाभिर्हिरण्यगर्भ एव च।।
हिरण्यश्रोत्रो हिरण्यत्वग्घिरण्याक्षस्तथैव च।
हिरण्यजिह्वस्तच्छृङ्गो दश यज्ञाः प्रकीर्तिताः।।
शतेन तु वृतं चात्र एकैकं तु विजानते।'
(स्व. १०।४०६) इति।

वानस्थ्यमिति वानप्रस्थ्यम्। दया परानुकम्पा। क्षान्तिरपकारिषु शक्तत्वेऽपि अप्रतिक्रिया, सत्कृतिरनायासमनुष्ठानाच्छोभनं करणम्। मङ्गलं प्रशस्तवस्त्वासेवनम्। आत्मेति आत्मसंनिकृष्टस्य अन्तःकरणवर्गस्य, नतु साक्षादेव आत्मनस्तस्य चिदेकरूपत्वात्।।५०५।।

---

४. गोदान— स्वाध्याय के अन्त में गुरु के लिये गोमिथुन दान करने की प्रक्रिया। इसमें मुण्डन आदि भी किया जाता है।

५. स्व. त. १०।३९६ के अनुसार गोदान तक १४ संस्कार माने गये हैं। वेदेन्दु शब्द में वेद ४ और इन्दु १ का वाचक है। अङ्कानां वामतो गति के अनुसार इसे (वेदेन्दु को) १४ माना जाता है।

६. चित्ययज्ञ— दश हिरण्यपाद आदि ऊपर कहे गये स्व. १०।४०५-४०६ में परिगणित १० यज्ञ।

७. वानस्थ्य— वानप्रस्थ से सम्बन्धित संस्कार।

८. दया— दूसरों के ऊपर अनुकम्पा का भाव।

९. क्षान्ति— अपकार करने वाले व्यक्ति से बदला लेने में समर्थ रहने पर भी कोई प्रतिक्रिया न करना।

१०. सत्कृति— अनायास विभिन्न अनुष्ठानों द्वारा आत्मतोष और सामाजिक सद्भाव।

११. मङ्गल— प्रशस्त वस्तु का आसेवन (सतत अनुष्ठान) और सम्पर्क।

अत्रैव संस्कारान्तराणामपि अन्तर्भावं दर्शयति

मेखला दण्डमजिनत्र्यायुषे वह्न्युपासनम् ।
संध्या भिक्षेति संस्काराः सप्त सप्त व्रतानि च ।।५०६।।

भौतेशपाशुपत्ये द्वे गाणेशं गाणपत्यकम् ।
उन्मत्तकासिधाराख्यघृतेशानि चतुर्दश ।।५०७।।

एते तु व्रतबन्धस्य संस्कारा अङ्गिनः स्मृताः ।
पारिव्राज्यस्य गर्भे स्यादन्त्येष्टिरिति संस्कृतः।।५०८।।

द्विजो भवेत्ततो योग्यो रुद्रांशापादनाय सः ।
एतान्प्राणक्रमेणैव संस्कारान्योजयेद्गुरुः ।।५०९।।

---

१२. आत्मगुण— साक्षात् चैतन्य रूप आत्मा में इन गुणों की कल्पना नहीं की जा सकती। अतः यहाँ आत्मगुण का अर्थ आत्मा से अत्यन्त सन्निकर्ष प्राप्त अन्तःकरण वर्ग के गुण है। इस प्रकार इन ४८ संस्कारों से संस्कृत भारतीय जीवन पद्धति का एक आगमिक चित्र यहाँ प्रस्तुत किया गया है। इसे अपना कर ही समयी बना जा सकता है।।४९८-५०५।।

इसी सन्दर्भ में अवान्तर संस्कारों की गणना भी उचित मान कर शास्त्रकार सात अवान्तर संस्कारों एवं सात व्रतों का उल्लेख कर रहे हैं—

१. सात अवान्तर संस्कार— १. मेखला, दण्ड, मृगचर्म, त्र्यायुष (भष्मका पुण्ड्रक) अग्निसेवन, सन्ध्या और भिक्षा। ये सभी व्रतबन्ध के अङ्ग माने गये हैं। स्व. १०।३८८ से भी इसका समर्थन होता है।

२. सातव्रत— भौतेश, पाशुपत, गाणेश, गाणपत्य, उन्मत्तक, असिधारा और घृतेश. इन सातों का पालन सम्प्रदाय सिद्ध-पद्धति से होना चाहिये।

यहाँ यह ध्यान देना चाहिये कि, अन्त्येष्टि गृहस्थ की होती है। इस आश्रम में विहित अनुष्ठान न करने का जो दोष होता रहता है, उसी की शुद्धि के लिये यह किया जाता है। परिव्राजक की अन्त्येष्टि का दूसरा रूप होता है। इसी अर्थ में यहाँ गर्भ शब्द का प्रयोग किया गया है।

अथवाहुतियोगेन तिलाद्यैर्मन्त्रपूर्वकैः ।

त्र्यायुषं भस्मपुण्ड्रकम्। व्रतबन्धस्य अङ्गिन इति। यदुक्तं

'नवमो व्रतबन्धस्तु स चाङ्गी परिकीर्तितः ।'

(स्व. १०।३८८) इति।

एतानिति अष्टचत्वारिंशत्।।५०६-५०९।।

मन्त्रपूर्वकैरित्युक्तिं स्फुटयति

प्रणवो हृदय नाम शोधयाम्यग्निवल्लभा ।।५१०।।
एवं क्रमेण मूर्धाद्यैरङ्गैरेतत्पुनः पुनः ।

इस प्रकार उक्त दो संस्कारों से सम्पन्न शिष्य द्विज माना जाता है। यह रुद्रांश के आपादन के योग्य हो जाता है। गुरुदेव का यह पवित्र लक्ष्य होता है कि, प्राणक्रम से इन संस्कारों का समायोजन कर शिष्य को उस योग्य बनावे। अथवा आहुतियोग से मन्त्रपूर्वक अर्थात् मन्त्रों का प्रयोग करते हुए शिष्य को संस्कार सम्पन्न बनाये।।५०६-५०९।।

श्लोक ५१० में मन्त्रपूर्वक शब्द के प्रयोग के स्पष्टीकरण के लिये आगे की कारिका का अवतरण कर रहे हैं—

प्रणव ओङ्कार वाचक शब्द है। यह एकाक्षर ब्रह्ममन्त्र के पूर्व प्रयुक्त होता है। हृदय अङ्ग वाचक रूप में यहाँ प्रयोग किया गया है। यद्यपि यह अनेकार्थक शब्द है फिर भी मन्त्र में किसी विशेष अंग का संकेत आवश्यक होता है। शोधयामि क्रिया है। उत्तम पुरुष एक वचन में गुरु स्वयं अपने लिये प्रयोग कर रहा है। अग्निवल्ल्भा अग्नि की पत्नी के लिये प्रयुक्त है। अग्नि की पत्नी का नाम 'स्वाहा' है। अब पूरा मन्त्र बनेगा "ॐ हृदयम् शोधयामि नमः स्वाहा"। इस मन्त्र का प्रयोग करते हुए गुरुदेव शिष्य के हृदय का स्पर्श करते है। इस तरह शिष्य के हृदय में नयी चेतना का संचार होता है और पुराने दोष ध्वस्त हो जाते हैं।

हृदय का शोधन होने से चक्रशुद्धि की भूमिका प्रारम्भ हो जाती है और क्रमशः मूर्धा आदि चक्रों के शोधन के मन्त्रों का प्रयोग गुरु इसी प्रकार करें।

हृदयमिति विद्याङ्गसंबन्धि। तेन प्रतिसंस्कारं विद्याङ्गपञ्चकेन आहुतिपञ्चकमेवमूहेन दातव्यमिति उक्तमेतत्पुनः पुनरिति।।

ननु अयं द्विजत्वापत्त्या रुद्रांशापादनाय योग्यो भवेदिति कस्मादुक्तमित्याशङ्क्य आह

यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि, हृदय विद्या सम्बन्धी अङ्ग माना जाता है हृदयशोधन से विद्या दोषों का भी शोधन हो जाता है। हृदय के साथ जब अन्य अङ्गों का शोधन किया जाय, तो प्रति संस्कार पाँच पाँच कलाओं के अनुसार पाँच आहुतियाँ देनी चाहिये। निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ता और शान्त्यतीता कलाओं की सूक्ष्मता हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य और ललाट इन पाँच अङ्गों में होती है। वस्तुतः हृदय, शिर, शिखा, कवच और नेत्र ये ५ प्रकार के मन्त्र होते हैं

पहले प्रणव ह्रस्व (निष्कल) निवृत्ति के साथ लगेगा और इसी के साथ हृदय मन्त्र का उच्चारण कर निवृत्ति के लिये शोधन हेतु (निवृत्तये) प्रयोग करना चाहिये।

पुनः दीर्घ प्रणव कहकर 'प्रतिष्ठायै नमः शिरसे स्वाहा' कहना चाहिये। इस तरह दो कलाओं का शोधन और विद्यायै नमः कहकर शिखा मन्त्र का प्रयोग होता है। पहले निवृत्ति-प्रतिष्ठा कला के शोधन से शिष्य ऊर्ध्व की ओर जाने को उत्सुक होता है। 'विद्या' शोधन से पुरुष से लेकर मायां तक के सात तत्त्वों का शोधन हो जाता है। इसी तरह कवच और नेत्र मन्त्रों से शोधन कर विद्याङ्ग पञ्चकों का शोधन सम्पन्न हो जाता है।[१] कलाओं और मन्त्रों का इस प्रकार समन्वय हो जाता है। पुनः पुनः (५११) शब्द का प्रयोग शान्त्यतीता तक के शोधन के लिये किया गया है।।५१०।।

श्लोक ५०९ में 'यह द्विज रुद्रांश की प्राप्ति (प्राप्ति अर्थ में आपादन' रूढ प्रयोग) के लिये योग्य हो जाय, यह कहा गया है। इस का क्या उद्देश्य है? इस विषय में अपनी मान्यता प्रस्तुत कर रहे हैं—

---

[१] स्व. तन्त्र ४।१५३-१९६

यतश्चिद्धर्म एवासौ शान्त्याद्यात्मा द्विजन्मता ।।५११।।
तेन रुद्रतया संवित्तत्क्रमेणैव जायते ।

येन असौ द्विजन्मता नाम

'शान्तो दान्तो जितक्रोध..............।'

इत्यादिदृष्ट्या शान्त्याद्यात्मकत्वादुद्भवन्त्याश्रितः समुपचितिरूप एव धर्मः।तेन यथायथमुपचितत्वेन हेतुना द्विजत्वापादनप्रथनमेव संवित् रुद्रतया जायते तदंशापादनयोग्योऽयं भवेदिति भावः।।

वस्तुतःद्विजन्मता एक प्रकार का चिद्धर्म है। निवृत्ति से संहार क्रम से शान्ता आदि में पहुँच कर जिस परम शान्ति के परिवेश में जाने का सौभाग्य साधक प्राप्त करता है, वह उसके दूसरे जन्म के सदृश ही है। यही द्विजन्मता है और चेतना का एक नव चैतन्यात्मक आयाम है।

यहीं रुद्रांश का आपादन होता है। रुद्रता के कारण संवित् का उल्लास वहाँ सरलता पूर्वक हो जाता है। संवित् के उल्लास के बिना रुद्रांश का आपादन असंभव है। रुद्रांश के आपादन के बिना द्विजन्मता असंभव है। द्विजन्मता का लक्षण है कि,

"उसमें शान्ति आ जाये। वह पुरुष शान्त हो जाता है। दान्त (उदार) और क्रोध को जीतने वाला हो जाता है।"

इस प्रकार चिति शक्ति के उद्भव से (उसकी वृद्धि से) चिद्धर्म का आभास उस द्विजपुरुष में होना अनिवार्यतः आवश्यक है। चिति की उपचिति से द्विजत्वापादन के क्रम में संवित् का उद्रेक रुद्र रूप से होता है। पुनःद्विजता में रुद्रांशता का समावेश हो जाता है।।५११।।

इसी तथ्य को दृष्टान्त के द्वारा व्यक्त कर रहे हैं—

जैसे स्वर्ण आदि धातुओं को आग से तपाने पर ताप्तदिव्य भाव उनमें आ जाता है और वे क्रमशः शुद्ध हो जाते हैं। इस क्रमिकता में पहले 'जंग'

एतदेव दृष्टान्तमुखेन हृदयङ्गमयति

यथा हेमादिधातूनां पाके क्रमवशाद्भवेत् ।।५१२।।
रजतादि तथा संवित्संस्कारे द्विजतान्तरे ।

यथाहि हेमाद्युत्पत्तिनिमित्तानां द्व्यविशेषाणां पाके क्रियमाणे रजताद्यापत्तिक्रमेण तथाभावो भवेत्, तथैव संविदि संस्क्रियमाणायां द्विजतान्तरे तदासादनपुरःसरीकारेण रुद्रांशापत्तिर्भवेदित्यर्थः।।

ननु अविप्लुतात् ब्राह्मणादविप्लुतायां ब्राह्मण्यां जातो द्विज इति उच्यते, तत् कथमेतदुक्तमित्याशङ्क्य आह

कचरा चलता है, फिर रजत जैसी श्वेतिमा आती है। और पुनः उनमें हेमत्व का आपादन होता है। यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि, धातुओं की पाक क्रिया ठोस द्रव्य की घनतामयी कठिनता से मृदुल घनता की म्रदिमां (मृदुलता) का आपादन प्राकृतिक नियम के अनुसार होता है। जैसे लौह की घनता से ताम्र की मृदुतामयी घनता। पुनः ताम्र की घनमृदुलता से रजत की मृदुलता और फिर रजत की मृदुलता से स्वर्ण की मृदुता। इस क्रम में औषधियों के प्रयोग होते हैं। कैसे धातुओं को पाक का सम्पुटमय ताप देने पर उसमें ताम्रता आती है? कैसे राजत श्वैत्य आता है और कैसे स्वर्ण में सुवर्णता का पीतत्व उद्भासित हो जाता है, इस औषधियुक्त पाक-प्रक्रिया का यहाँ दृष्टान्त दिया गया है।

इसी तरह श्लोक ५११ के अनुसार शान्ति आदि से समुद्भूत चिति शक्ति की जो सम्यक् उपचिति रूप औषध का गुणधर्म शिष्य में आता है, यही चिद्धर्म रूप पाक प्रयोग है। इसमें यथाक्रम उपचित होने से द्विजवत् धात्वन्तर आता है। द्विजत्व के आपादन का प्रचार संवित् की संविदा का उद्रेक है। यह रुद्र रूप से उत्पन्न होता है और उसी का अंश उस द्विज शिष्य में भी हो जाता है। इस प्रक्रिया में धात्वन्तर गुणधर्म परिवर्त्तन प्रक्रिया का अतिशय साम्य है। इसी बात को श्लोक ५१२ की अन्तिम पंक्ति बतला रही है कि, तथा अर्थात् उसी तरह संवित्संस्कार हो जाने पर बाद में द्विजता आ जांती है और द्विजता के बाद रुद्रांश का आपादन भी स्वभावतः हो जाता है। अब जाकर शिष्य ताप्त-दिव्य काञ्चन हो जाता है।।५१२।।

योनिर्न कारणं तत्र शान्तात्मा द्विज उच्यते ।।५१३।।

ननु केन एवमुक्तमित्याशङ्क्य आह

मुनिना मोक्षधर्मादावेतच्च प्रविवेचितम् ।

यदुक्तं तेन

'येन सर्वमिदं बुद्धं प्रकृतिर्विकृतिश्च या ।
गतिज्ञः सर्वभूतानां तं देवा ब्राह्मणं विदुः ।।
अभयं सर्वभूतेभ्यः सर्वेषामभयं यतः ।
सर्वभूतात्मभूतो यस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ।।' इति।।

प्रश्न कर रहे हैं, कि जो ब्राह्मण ब्रह्मनिष्ठ है और उसका ब्राह्मण्य विलुप्त नहीं है तथा इसी प्रकार की ब्राह्मणी पत्नी जिसने अपना ब्राह्मण्य विलुप्त नहीं होने दिया है, इन दोनों से उत्पन्न पुरुष ही द्विज कहा जा सकता है। ऐसी स्थिति में यहाँ द्विज की नयी परिभाषा देकर द्विजत्व को दूसरी तरह परिभाषित किया गया है। यह क्यों? इस पर आगमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहे हैं—

द्विज की उत्पत्ति में योनि कारण नहीं है। अर्थात् जन्मना जाति का सिद्धान्त यहाँ स्वीकृत नहीं है। जिसकी आत्मा शान्त होगी, वही पुरुष द्विज कहा जा सकता है। अवान्तर प्रश्न में यह पूछा जा सकता है कि, यह बात कही किसने है? मुनि व्यास ने ही यह स्वयं लिखा है और मोक्ष धर्म आदि प्रकरण में इसका पूरा विवेचन भी किया है। वे लिखते हैं—

"जिसने प्रकृति और विकृति के सारे रहस्यों का ज्ञान प्राप्त कर लिया है, जो समस्त भूततत्त्वों की गति का जानकार है, उसी विज्ञ पुरुष को देवता भी ब्राह्मण कहते हैं। जो सारे प्राणियों से निर्भीक भाव से व्यवहार करता है और जिससे कोई भयभीत नहीं होता है, उसी पुरुष को देवता भी ब्राह्मण कहते हैं।"

पुनः इस विषय का प्रोद्बलन करते हुए कह रहे हैं कि,

'शूद्रोऽपि शीलसंपन्नो गुणवान्ब्राह्मणो भवेत् ।
पञ्चेन्द्रियार्णवं घोरं यदि शूद्रोऽपि तीर्णवान् ।।

तस्मै दानं प्रदातव्यमप्रमेयं युधिष्ठिर ।
न जातिर्दृश्यते राजन्गुणाः कल्याणकारकाः ।।' इति।।

नच एतदनेनैव उक्तमित्याह

मुकुटादिषु शास्त्रेषु देवेनापि निरूपितम् ।।५१४।।

तदुक्तं तत्र

'शिवधर्मानुयायी च श्रद्दधानः शिवात्मकः ।
शिवे ज्ञाने गुरौ भक्तः प्रीतः सब्रह्मचारिषु ।।

अनसूयुर्दृष्टतत्त्वः संस्कृतश्च शिवाध्वरे ।
अन्त्यजातोऽपि हीनाङ्गः साधकः स च मोक्षभाक् ।।

"शूद्र भी शीलसंपन्न और विशिष्ट गुणों से विभूषित होने पर ब्राह्मण ही कहा जाता है और हो जाता है। यदि शूद्र भी अत्यन्त सांसारिक भयप्रद पाँचों इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर लेता है और उनकी बाधाओं को पार कर लेता है, तो हे युधिष्ठिर! उसे अप्रमेय रूप से दान देना चाहिये। हे राजन् इस विषय में जाति का प्राधान्य नहीं है। यह निश्चित सिद्धान्त है कि, गुण ही कल्याणकारी होते हैं।"

केवल वहीं ऐसा नहीं कहा गया है। 'मुकुट' आदिशास्त्रों में स्वयं भगवान् देवाधिदेव ने निरूपित किया है कि,

"शिवधर्म का अनुसरण करने वाला और श्रद्धाभाव से शिव में भक्ति रखने वाला स्वयं शिवरूप होता है। शिव में, शिवात्मक ज्ञान में, गुरु देव में भक्तियुक्त और प्रीतियुक्त पुरुष धन्य है। वह इनमें तो प्रीति रखता ही है, इन तीनों के सदृश स्तरीय सत्पुरुषों के प्रति भी उसी प्रकार श्रद्धा का आचरण करता है। जो किसी से असूया नहीं करता, समस्त तत्त्वगत रहस्यों का ज्ञाता है, शिव सम्प्रदाय पद्धति

एभिर्गुणैर्वियुक्तात्मा ब्राह्मणोऽपि न मोक्षभाक् ।
द्विजोऽपि मायी त्याज्यस्तु म्लेच्छो ग्राह्यो ह्यमायकः।।

स प्रियस्तु महेशस्य चतुर्वेदो न दाम्भिकः ।
शिवद्वेषी पापकर्मा शिवधर्मादिदूषकः।।

ब्राह्मणेन कृतं पापं शूद्रेण सुकृतं कृतम् ।
किं तत्र कारणं जातिर्धर्माधर्मेषु शस्यते ।।'

इत्यादि बहुप्रकारम्।।५१४।।

ननु एतत् स्मृत्यादिशास्त्रान्तरविरोधात् कथं घटते इत्याशङ्क्य आह

संविदो देहसंभेदात्सदृशात्सदृशोदयात्।
भूमाभिप्रायतः स्मार्ते द्विजन्मा द्विजयोः सुतः।।५१५।।

से संस्कार सम्पन्न हो चुका है, भले ही वह अन्त्यज हो, हीनाङ्ग हो, ऐसा साधक मोक्ष का अधिकारी होता है। इन विशुद्ध गुणों से रहित ब्राह्मण भी मोक्ष का अधिकारी नहीं होता। 'यदि द्विज होते हुए भी मायावी हो, तो वह त्याज्य माना जाता है किन्तु यदि म्लेच्छ हो और मायावी फरेबी न हो, वह द्विजत्व के लिये ग्राह्य है।

वस्तुतः भगवान् भूतभावन देवाधिदेव महादेव का वही प्रिय हो सकता है, जो दाम्भिक न हो। यदि चारों वेदों का ज्ञाता है फिर भी दूसरे से दम्भ करता है— कपट और छद्म का आश्रय लेता है, वह महेश्वर का प्रिय नहीं हो सकता। शिव से द्वेष करने वाला, पापकर्म में रत, शिवधर्म और शैव मतवाद आदि की निन्दा करने वाला कभी ऊँचा नहीं माना जा सकता है। ब्राह्मण होकर एक ने पाप किया, दूसरा शूद्र है, वह पुण्य प्रदान करने वाले सत्कार्य में रत है, तो यहाँ जाति क्या कर सकती है? क्या इस इतिकर्त्तव्यता में जाति आड़े आ सकती है? नहीं। वस्तुतः धार्मिक ही ब्राह्मण है और अधार्मिक ही शूद्र है''।।५१३-५१४।।

प्रश्नकर्त्ता अभी सन्तुष्ट नहीं है। वह पूछता है— भाई, स्मृति आदि अन्य शास्त्रों के विरुद्ध ऐसी बातें कैसे आचरणीय हो सकती हैं? इस पर कह रहे हैं—

संविदो हि देहसंभेदमवलम्ब्य सदृशादविप्लुतात् सदृशस्य अविप्लुतस्यैव उदयात् हेतोः स्मृतिशास्त्रे बाहुल्याभिप्रायेण द्विजयोः सुतो द्विजन्मेति स्मृतः।।५१५।।

ननु कुतोऽत्र भूम्ना एतदुक्तमित्याशङ्क्य आह

अन्त्यजातीयधीवादिजननीजन्मलाभतः ।
उत्कृष्टचित्ता ऋषयः किं ब्राह्मण्येन भाजनम् ।।५१६।।

धीवेति धीवरी। ऋषय इति व्यासादयः।।

अनेनैव आशयेन अस्मद्दर्शने न जात्यादिपरिग्रह इत्याह

अत एवार्थसत्तत्त्वदेशिन्यस्मिन्न दिश्यते ।
रहस्यशास्त्रे जात्यादिसमाचारो हि शाम्भवे ।।५१७।।

संविद् शक्ति के बल पर ही देह संभेद सम्भव है। यद्यपि संभेद शब्द नदी समुद्र संगम स्थल को कहते हैं किन्तु यहाँ यह शब्द स्त्री-पुरुष सम्पर्क से उत्पत्ति के सन्दर्भ को सूचित करता है। देहोत्पत्ति में वीर्य रज तो कारण होते ही हैं किन्तु मुख्य कारण संविद् शक्ति है, जिससे वीर्य का उद्रेक होता है। ऐसी दशा में सदृश से सदृशोदय की बात स्वीकार करनी पड़ती है। ये दो मुख्य कारण हैं, जिनसे द्विज से उत्पन्न को द्विज कहते हैं। एक तीसरा कारण है— भूमाभिप्राय। अविलुप्त ब्राह्मण्य द्विज स्त्री पुरुष से उत्पन्न शिशु को प्रायः बाहुल्यवश द्विजन्मा ही कहने की प्रथा मात्र चल पड़ी है।।५१५।।

भूमाभिप्राय कथन को स्पष्ट कर रहे हैं—

अन्त्यज योनि जैसे धीवरपत्नी धीवरी ही यदि जननी हो और उसी से महर्षि जैसे महान् पुत्र की उत्पत्ति होती है, तो इसमें योनि की अधम स्थिति तो मानी नहीं जा सकती। जैसे महर्षि व्यास सदृश उत्कृत चेतना सम्पन्न पुत्र धीवरी के गर्भ से उत्पन्न हुआ। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि, ब्राह्मण्य योनि पर निर्भर नहीं करता। ब्राह्मणी होना महर्षि को उत्पन्न करने का भाजन नहीं हो सकता।।५१६।।

ननु यदि एवं, तत् स्मृत्यादावपि एवमेव कस्मात् न उक्तमित्याशङ्क्य आह

पाशवानि तु शास्त्राणि वामशक्त्यात्मकान्यलम् ।
सृष्ट्यादिसिद्धये शंभोः शङ्कातत्फलक्लृप्तये ।।५१८।।

सृष्ट्यादिर्लोकव्यवहारः। शङ्केति

'जातिशङ्का द्रव्यशङ्का.....................।'

इत्येवमादिना उक्ता। तत्फलं स्वर्निरयादि।।

एवमेतत् प्रसङ्गादभिधाय प्रकृतमेव आह

आपादितद्विजत्वस्य द्वादशान्ते निजैक्यतः ।
स्पर्शमात्रान्न विश्रान्त्या झटित्येवावरोहतः ।।५१९।।

इसीलिये शैवदर्शन में विशेष रूप से प्रत्यभिज्ञा, कुल और मत आदि में जाति आदि का परिग्रह स्वीकार्य नहीं है। यही कह रहे हैं—

इसीलिये अर्थ (लक्ष्य या रहस्य तत्त्व) के वास्तविक स्वरूप को निर्दिष्ट करने वाले त्रिकशास्त्र में जिसे रहस्यशास्त्र की संज्ञा भी प्रदान की गयी है और जो शाम्भव समावेश की देशना करने वाला शास्त्र है, इसमें जाति आदि समय सम्बन्धी स्मार्त्त आचार स्वीकार नहीं किये जाते। शाम्भवदर्शन की देशना के आदर्शों के समक्ष यह तुच्छ आचार माने जाते हैं।।५१७।।

जिज्ञासु पूछता कि, गुरुदेव! यदि ऐसी बात है, तो स्मृति आदि में भी इसी तरह की बात क्यों नहीं कही गयी है? इस जिज्ञासा का समाधान कर रहे हैं—

वस्तुतः स्मृति आदि शास्त्र पाशव शास्त्र माने जाते हैं। वे शम्भु की वामा शक्ति की सृष्टि आदि लौकिक व्यवहारों की सिद्धि के उद्देश्य मात्र के लिये ही निर्मित हैं। इस सम्बन्ध में कोई शङ्का जैसे जाति शङ्का और 'द्रव्यशङ्का' आदि केवल स्वर्ग और नरक के फलों की प्राप्ति की दृष्टि से ही सम्बन्धित है।।५१८।।

रुद्रांशापादनं येन समयी संस्कृतो भवेत् ।

न विश्रान्त्येति एवंहि परमशिवे एव योजना कृता भवेदिति भाव:।।

ननु एवं संस्कृतत्वे अस्य किं स्यादित्याशङ्क्य आह

अधीतौ श्रवणे नित्यं पूजायां गुरुसेवने ।।५२०।।
समय्यधिकृतोऽन्यत्र गुरुणा विभुमर्चयेत् ।

अन्यत्रेति नैमित्तिकादौ। यथोक्तं

'नित्यादित्रितयं कुर्याद्गुरुः साधक एवच ।
नित्यमेवं द्वयं चान्यद्यावज्जीवं शिवाज्ञया ।।' इति।।

प्रसङ्ग के अनुसार द्विजत्व को परिभाषित करते हुए और अपने दर्शन के दृष्टिकोण का स्पष्टीकरण करते हुए अपने मुख्य विषय पर फिर आ रहे हैं—

इस प्रकार जिस शिष्य ने द्विजत्व का आपादन कर लिया है, उसके द्वादशान्त में अवस्थित रहने और आचार्य के तादात्म्य भाव से संवलित होने में गुरुदेव का स्पर्श ही प्रधान कारण बनता है। इस सन्दर्भ में द्वादशान्त में विश्रान्ति अपेक्षित नहीं है। स्पर्शमात्र से ही तत्काल अवरोह संभव है। यहाँ अवरोह निम्न ओर गति नहीं अपितु ऊर्ध्वावरोह का ही सूचक है। इससे रुद्रांशका आपादन हो जाता है। शिष्य निश्चित रूप से समयी हो जाता है। इन संस्कारों से सम्पन्न समयी संस्कृत भी हो जाता है।।५१९।।

इस प्रकार की संस्कार सम्पन्नता का क्या फल होता है? इस प्रश्न का उत्तर दे रहे हैं—

समयी स्वाध्याय, पाठश्रवण, पूजा और गुरुसेवा में नित्य अधिकृत हो जाता है। नैमित्तिक कर्त्तव्य के प्रसङ्ग में गुरुदेव के आदेश के अनुसार ही सर्वसमर्थ विभु की आराधना होनी चाहिये।

इस सम्बन्ध में कहा गया है कि—

ननु अस्य किं श्रोतव्यमध्येतव्यं वा,— इत्याशङ्कां गर्भीकृत्य समयान् वक्तुमुपक्रमते

तमापादितरुद्रांशं समयान् श्रावयेद्गुरुः ।।५२१।।

अष्टाष्टकात्मकान्देव्यायामलादौ निरूपितान् ।
अवादोऽकरणं गूढिः पूजा तर्पणभावने ।।५२२।।

हननं मोहनं चेति समयाष्टकमष्टधा ।
स्वभावं मन्त्रतन्त्राणां समयाचारमेलकम् ।।५२३।।

"नित्य कर्म जैसे स्वाध्याय, पाठश्रवण और गुरुसेवन ये साधक और आचार्य निरन्तर करें। दूसरी बात नैमित्तिक कर्म की है। उसे शिवाज्ञा के अनुसार ही सम्पन्न करना चाहिये।।५२०।।

समयी के लिये क्या श्रोतव्य है? क्या अध्येतव्य है? इस जिज्ञासा के समाधान के उद्देश्य से कारिका के अवतरण का उपक्रम कर रहे हैं—

ऐसे शिष्य जिन्होंने रुद्रांश का आपादन कर लिया है, उन्हें गुरुदेव समयों (सम्प्रदाय सम्मत रहस्य-यागों के अनुशासित रूप से आचरणीय विषयों एवं कार्याकार्य आचारों) को सुनाकर आचरण का आदेश दें। यह गुरु के कर्त्तव्य के रूप में प्रतिपादित दीक्षा याग विधि है। ये विधियाँ आठ अष्टकों में हैं और देवीयामल आदि शास्त्रों में निरूपित हैं।।५२१।।

आठ अष्टकों में सर्वप्रथम, समयाष्टक का निर्देश किया गया है। कुछ इसे पालनीय और कुछ हेय मानते हैं[1]। स्व.तन्त्र इसे पाश कहता है[2]। वे क्रमशः इस प्रकार हैं—

१. अवाद— मौन (किसी से वाद का निषेध या वाद का अभाव)

२. अकरण— अक्रिया (इसके तीन स्वरूप हैं। १. क्रियाहीनता, २. कुछ क्रिया और तीसरा न क्रिया। यहाँ तीसरा स्तर है)

---

[1] श्रीत. ४।२६१-२६२ [2] स्व. तन्त्र ४।१४७

असत्प्रलापं परुषमनृतं नाष्टधा वदेत् ।
अफलं चेष्टितं हिंसां परदाराभिमर्शनम् ।।५२४।।

गर्वं दम्भं भूतविषव्याधितन्त्रं न चाचरेत् ।
स्वं मन्त्रमक्षसूत्रं च विद्यां ज्ञानस्वरूपकम् ।।५२५।।

---

३. गूढि— गूढ रखना, रहस्य के अनुदर्शन का स्वभाव न रखना)

४. पूजा— सम्प्रदाय के अनुसार अर्चा

५. तर्पण— देवों को तृप्त करने का प्रकार

६. भावना— भावना के बल पर 'स्व' में सर्वभाव

७. हनन— हेय विज्ञान के अनुसार आचरण

८. मोहन— सर्वप्रिय हो जाने की स्थिति में आगमन।

१. अवाद—

१. अपने स्वभाव के विषय में कुछ नहीं कहना चाहिये। बहुतों की यह आदत होती है कि, अपना बड़ा बखान किया करते हैं। ऐसी बात मुँह में आवे, तो भी उसो रोक लेना चाहिये।

२-३. मन्त्रों और तन्त्रों के विषय में भी अपनी जानकारी को उजागर करने के स्वभाव का परित्याग करना चाहिये।

४-५. समय और आचार संम्प्रदायानुसार भिन्न-भिन्न होते हैं। इनका मिश्रण करना या मिलाजुला कर व्यवहार करना और इसके विषय में बातें करना सर्वथा निषिद्ध है।

६. अनृत— झूठ और सत्य के विपरीत कभी भी मुँह नहीं खोलना चाहिये।

७. असत्प्रलाप करना सर्वथा निषिद्ध है।

८. परुष-कठोर वचनों, बातों का कभी भी प्रयोग नहीं करना चाहिये। ये आठ प्रकार के अवाद हैं।

समाचारान्गुणान्क्लेशान्सिद्धिलिङ्गानि गूहयेत् ।
गुरुं शास्त्रं देववह्नी ज्ञानवृद्धांस्त्रियो व्रतम् ।।५२६।।

गुरुवर्गं यथाशक्त्या पूजयेदष्टकं त्विदम् ।
दीनान्क्लिष्टान्पितॄन्क्षेत्रपालान्प्राणिगणान् खगान् ।।५२७।।

---

२. अकरण

१. अफल चेष्टा (ऐसा काम जिसका कोई फल न हो। जैसे कुर्सी पर बैठकर पैर हिलाना या कँपाना। शिर का इधर-उधर ऊपर नीचे करना, पानी पीटना आदि। यह सब वर्जित है।

२. हिंसा— दूसरे को कष्ट पहुँचाना। हिंसक पशुओं के विपरीत शान्ति का आचरण मानवमात्र का कर्त्तव्य है, यह समझ कर किसी को कष्ट न देना।

३. परदाराभिमर्शन— परायी स्त्री से सम्पर्क। यह कार्य सर्वथा निषिद्ध है। ऐसा करना अनर्थों का मोल लेना है। अकरण का यह मुख्य अंश है।

४. कभी घमण्ड नहीं करना चाहिये। मैं ज्ञानी हूँ, क्रियावान् हूँ, भरा पूरा हूँ, ऐश्वर्यशाली हूँ, उदार हूँ, ऐसा मानने वाले लोग गर्वीले हो जाते हैं। अतः परमात्मा का सारा ऐश्वर्य है— अपना कुछ नहीं, यह भाव अपनाना चाहिये।

५. दम्भ— कपट का एक भेद। डाह। अपने मन में दूसरे के प्रति कुत्सित विचार कभी नहीं करना चाहिये।

६. भूत विषयक तान्त्रिक प्रयोग कभी नहीं करना चाहिये।

७. विष प्रयोग— विष सम्बन्धी तान्त्रिक प्रयोग भी सर्वथा निषिद्ध हैं।

८. इसी तरह कोई रोगी हो जाय, रोग उसपर आक्रमण कर दे— ये सारे प्रयोग अकरण के अन्तर्गत आते हैं।

३. गूढि—१. अपने आप जपे जाने वाले मन्त्र, २. रुद्राक्ष की वह माला, जिससे जप किया जाय, ३. अपनी विद्या, ४. ज्ञान के स्तर, ५. किस सम्प्रदाय का समयाचार कोई कर रहा है— इसे गूढ रखना चाहिये। ६. अपने गुणों

श्माशानिकं भूतगणं देहदेवीश्च तर्पयेत् ।
शिवं शक्तिं तथात्मानं मुद्रां मन्त्रस्वरूपकम् ।।५२८।।

संसारभुक्तिमुक्तीश्च गुरुवक्त्रात्तु भावयेत् ।
रागं द्वेषमसूयां च संकोचेर्ष्याभिमानिताः ।।५२९।।

समयप्रतिभेत्तृंस्तदनाचारांश्च घातयेत् ।
पशुमार्गस्थितान्क्रूरान्द्वेषिणः पिशुनाज्जडान् ।।५३०।।

राज्ञश्चानुचरान्पापान्विघ्नकर्तृंश्च मोहयेत् ।
शाकिन्यः पूजनीयाश्च ताश्चेत्थं श्रीगमोदिताः।।५३१।।

---

७ क्लेशों और इच्छा सिद्धि के चिह्नों को भी छिपा के रखना चाहिये।

४. पूजा— १. गुरु, २. शास्त्र, ३. इष्ट देव, ४. अग्नि, ५. ज्ञानवृद्ध, ६. वयोवृद्ध, ७. स्त्रियों के व्रत और ८. गुरुजनों (विद्यावृद्धों) की सदा पूजा होनी चाहिये।

५. तर्पण—१. दीनों, २. क्लेशयुक्त, ३. पितर, ४. क्षेत्रपाल, ५. प्राणिवर्ग (जीव समुदाय), ६. पक्षि वर्ग, ७. श्मशान के भूतप्रेत और ८. शरीर में रहने वाली इच्छा, क्रिया और ज्ञान की कणेश्वरी देवियों की सदा तृप्ति करनी चाहिये।

६. भावन—१. शिव, २. शक्ति, ३. स्वात्म, ४. मुद्रा, ५. मन्त्रों के स्वरूप, ६. संसार, ७. बुभुक्षा, ८. मुक्ति इन आठ चीजों का गुरुमुख से श्रवण कर इनका भावन होना चाहिये।

७. हनन— १. राग, २. द्वेष, ३. असूया, ४. संकोच, ५. ईर्ष्या, ६. अभिमानिता, ७. समयाचार में प्रतिभेद कर उसे छिन्न-भिन्न करने वालों और ८. तत्सम्बन्धी अनाचारों का हनन करना चाहिये। ये सभी दूषित प्रवृत्तियाँ हैं। इनका नाश क़रना अत्यन्त आवश्यक है।

साहसं द्विगुणं यासां कामश्चैव चतुर्गुणः ।
लोभश्चाष्टगुणस्तासां शङ्क्यं शाकिन्य इत्यलम् ।।५३२।।

कुलाम्नायस्थिता वीरद्रव्यबाह्यास्तु ये न तैः ।
पशुभिः सह वस्तव्यमिति श्रीमाधवे कुले ।।५३३।।

---

८. **मोहन**—१. पाशव जीवन व्यतीत करने वाले और पाशव पद्धतियों को अपनाने वालों, २. क्रूरकर्मा व्यक्तियों, ३. द्वेष करने वालों, ४. पिशुन (दुर्जनों और निन्दकों (चुगलखोरों) ५. जड (बुद्धिहीन अबोध), ६. पापी राजाओं, ७. अनुचरों और ८. विघ्न पैदा करने वालों को मोहमुग्ध कर उन्हें सन्मार्ग पर लाने का प्रयत्न करना चाहिये। ये अष्टाष्टक (६४) समय के मूल बिन्दु हैं। शिष्य अनुशासित रह कर इनका अनुपालन करें, इसके लिये गुरु उन्हें निरन्तर प्रेरित करें। यह आवश्यक है। इन आठों शीर्षकों का पालन ही समयाचार का आचरण है।।५२३-५३१।।

श्रीगम शास्त्रोक्त पूजनीय शाकिनी वर्ग—

१. जिन स्त्रियों में अन्यों की अपेक्षा दूना साहस हो,

२. दूसरे की अपेक्षा चौगुनी कामशक्ति हो, (कामशक्ति केवल कामुकता के संकुचित अर्थ में ही नहीं प्रयुक्त करना चाहिये। काम इच्छा शक्ति में भी प्रयुक्त होता है।

३. दूसरों की अपेक्षा जिनमें लोभ आठ गुना हो, इनको शाकिनी मानकर समादर करना चाहिये।।५३२।।

श्री माधव कुल शास्त्र के अनुसार किनके साथ नहीं रहना चाहिये - इसका उल्लेख कर रहे हैं—

१. कुलाम्नाय (कुल + आम्नाय (मान्य सिद्धान्त), कुलाम्नाय के अनुसार 'कुल' दर्शन स्वीकृत पारम्परिक आचार्य और

देवताचक्रगुर्वग्निशास्त्रं साम्यात्सदार्चयेत् ।
अनिवेदितमेतेभ्यो न किंचिदपि भक्षयेत् ।।५३४।।

एतद्द्रव्यं नापहरेद्गुरुवर्गं प्रपूजयेत् ।
स च तद्भ्रातृ-भार्यातुक्प्रायो विद्याकृतो भवेत् ।।५३५।।

न योनिसंबन्धकृतो लौकिकः स पशुर्यतः ।
तस्याभिष्वङ्गभूमिस्तु गुर्वाराधनसिद्धये ।।५३६।।

---

२. वीरद्रव्य के (शिवाम्भः) व्यवहार से जो विपरीत होते हैं, वे पशु तुल्य हैं। उनके साथ समयी शिष्य को नहीं रहना चाहिये! वीरद्रव्य से बाह्य केवल वैदिक मतानुयायी ही होते हैं। समयाचार में दीक्षित शिष्य अन्य विपरीत मार्ग नहीं अपना सकता। यहाँ पशु शब्द से आठ पाशों में बंधे ज़ीव का अर्थ लिया जाता है।।५३३।।

भोजन सम्बन्धी विशेष नियम और गुरु के प्रति शिष्य के व्यवहार की देशना—

१. देवता चक्र (उपासकों के सम्प्रदाय सिद्ध पद्धति में निर्दिष्ट किये जाने वाले नित्य पूज्य देव), गुरु, अग्नि और शास्त्र ये समान रूप से अर्चनीय माने जाते हैं। विना इनको निवेदित किये कुछ भी भक्षण नहीं करना चाहिये।।५३४।।

२. गुरु वर्ग (गुरु के परिजन) के द्रव्य का कभी भी अपहरण नहीं करना चाहिये। ये पूज्य माने जाते हैं। सम्मानपूर्वक इनकी पूजा होनी चाहिये। गुरुवर्ग, उनके भाई, गुरुपत्नी, और तुक अर्थात् गुरुपुत्र (तुक-तनय) इनका सम्बन्ध विद्या पर आधारित है। ये सभी मान्य होते हैं।।५३५।।

३. योनि सम्बन्धों में जो श्रेष्ठ या गुरु स्तरीय होते हैं, इनका लौकिक सम्बन्ध होता है। लोक प्रचलित सम्बन्धों का विद्याकृत सम्बन्धों की तरह महत्त्व नहीं होता। क्योंकि लोक के आठों पाशों में जकड़ा होने के कारण ये पशुतुल्य ही होते हैं। विद्याकृत सम्बन्धों के महत्व का कारण ज्ञान की आँख खुलने के

अर्च्यों न स्वमहिम्ना तु तद्वर्गों गुरुवत्पुनः ।
गुरोर्निन्दां न कुर्वीत तस्यै हेतुं न चाचरेत् ।।५३७।।
न च तां शृणुयान्नैनं कोपयेन्नाग्रतोऽस्य च।
विनाज्ञया प्रकुर्वीत किंचित्तत्सेवनादृते ।।५३८।।
लौकिकालौकिकं कृत्यं क्रोधं क्रीडां तपो जपम्।
गुरूपभुक्तं यत्किंचिच्छय्यावस्त्रासनादिकम्।।५३९।।

आधार पर विश्वात्मक रहस्यबोध ही होता है। इसी लिये विद्याकृत सम्बन्धों से गुरु का आराधन भी सिद्ध हो जाता है। गुरुदेव यह जान कर प्रसन्न ही होते रहते हैं कि, शिष्य हमारे आत्मीय वर्ग से स्नेह करता है।।५३६।।

४. यह ध्यान देने की बात है कि गुरुवर्ग की अपने व्यक्तित्व के बल पर कोई पूज्यता नहीं होती। केवल गुरु की प्रसन्नता सिद्धि के लिये ही उनकी अर्चनीयता स्वीकृत की जाती है। विशेष रूप से यह सावधानी बरतनी चाहिये कि, गुरु की कभी निन्दा की बात भी मुख से न निकल पाये। गुरु की निन्दा क्यों नहीं करनी चाहिये, इस प्रकार के कारण पूछने का अधिकारी भी शिष्य नहीं होता। ऐसा आचरण नहीं करना चाहिये, जिससे इस प्रकार के हेतु सन्दर्भ उपस्थित हो जायें।।५३७।।

५. गुरु के सम्बन्ध में हेतु प्रश्न या निन्दा की बात भी न सुने। कभी किसी दशा में गुरु को कुपित नहीं करना चाहिये। कभी भी ऐसी स्थिति न आने पाये जिसमें शिष्य उनके आगे आने पाये। विना उनकी आज्ञा के कोई व्यवहार प्रक्रिया ऐसी न अपनाये, जिससे उन्हें प्रतिकूलता की अनुभूति हो। हाँ, केवल सेवा के समय ऐसा किया जा सकता है। इसमें उनकी आज्ञा की आवश्यकता नहीं होती।।५३८।।

लौकिक या अलौकिक कृत्य, क्रोध, क्रीडा, तप, जप, सब कुछ गुरुदेव की आज्ञा के अनुसार ही सम्पन्न होना चाहिये। गुरु द्वारा प्रयोग में लाये गये

नोपभुञ्जीत तत्पद्भ्यां न स्पृशेत्किंतु वन्दयेत्।

तत्रत्यमेव एषामष्टाष्टकात्मकत्वं दर्शयति अवाद इत्यादिना। समयस्तत्तद्रहस्ययागरूपः, आचारस्तत्समुचिता क्रिया। नाचरेदिति न कुर्यादित्यर्थः। विद्यां पाण्डित्यादिरूपां स्वोत्कर्षपरतया। ज्ञानस्वरूपं तत्त्वपरिज्ञानम्। व्रतं स्वक मुद्रादि। प्राणिगणा गवादयः। न किंचिदिदमिति संसारस्य भावनम्। प्रज्वलनात्मको द्वेषः। गुणेषु दोषारोपणमसूया। परोत्कर्षासहनमीर्ष्या। द्विगुणमिति स्त्र्यन्तराभिप्रायेण। सचेति गुरुवर्गः। तुगिति तनयः। यत् निघण्टुः 'तुक् तोकं तनय' (२।२) इति। स इति योनिसंबन्धकृतः। तदभिष्वङ्गभूमित्वमर्चने हेतुः। तस्यै गुरुनिन्दायै। तामिति गुरुनिन्दाम्। एनमिति गुरुम्, तत्सेवनं हि विनैव तदाज्ञां भवेदिति भावः।।

ननु कस्मादेवं गुर्वाराधने भर इत्याशङ्क्य आह

श्रीमत्त्रैशिरसेऽप्युक्तं कृच्छ्रचान्द्रायणादिभिः ।।५४०।।
अरण्ये काष्ठवत्तिष्ठेदसिधाराव्रतोऽपि सन् ।
नियमस्थो यमस्थोऽपि तत्पदं नाश्नुते परम् ।।५४१।।

कोई सामान जैसे शय्या, परिधानीय, वस्त्र और आसन आदि का स्वयं कभी उपयोग नहीं करना चाहिये। जिन पदार्थों का प्रयोग गुरु द्वारा हो गया हो, भले ही वह चतुष्पदी या वृसी आदि ही क्यों न हो, उनका अपने पैरों से स्पर्श नहीं होना चाहिये। उनके चरण चिन्हों पर कहीं अपने पैर न छू जायें, इसका ध्यान रखना चाहिये। इन सभी प्रयुक्त पदार्थों की शिष्य द्वारा वन्दना होनी चाहिये।।५३९।।

गुरुदेव के आराधन पर इतना बल क्यों दिया गया है, इस आशङ्का का समाधान कर रहे हैं—

श्रीमत् त्रैशिरस शास्त्र में भी यही निर्देश है कि, भले ही कोई कृच्छ्र चान्द्रायण आदि कष्टकर महाव्रतों के आचरण में रत हो, व्रतों से अपने को तपा कर ताप्तदिव्य बन रहा हो; अरण्य आश्रम में निवास करते हुए वह जड़-भरत की तरह काष्ठवत् निष्कर्मपरायण 'निष्क्रिय' बना रहे, असिधारा व्रत का ही अनुष्ठान क्यों न कर रहा हो, यम और नियमों में स्थित ही क्यों न हो, कभी भी गुरु के उस महत्त्वपूर्ण पद पर वह कभी नहीं आ सकता।।५४०-५४१।।

गुर्वाराधनसक्तस्तु मनसा कर्मणा गिरा ।
प्राप्नोति गुरुतस्तुष्टात् पूर्णं श्रेयो महाद्भुतम् ।।५४२।।

हिमपातैर्यथा भूमिश्छादिता सा समन्ततः ।
मारुतश्लेषसंयोगादश्मवत्तिष्ठते सदा ।।५४३।।

यमादौ निश्चले तद्वद्भाव एकस्तु गृह्यते ।
गुरोस्त्वाराधितात्पूर्णं प्रसरज्ज्ञानमाप्यते ।।५४४।।

गुरु की आराधना में लगा रहने वाला शिष्य जो मन, कार्य, और वचन से सेवा परायण है, वह सेवाभाव से पूर्णरूपेण प्रसन्न, गुरुदेव से अत्यन्त आश्चर्यजनक श्रेयस् की प्राप्ति कर लेता है। यह अनुभूत सत्य तथ्य है।।५४२।।

इसी तथ्य को दृष्टान्त के माध्यम से व्यक्त कर रहे हैं—

शीताधिक्य से प्रकृति का कण-कण प्रभावित है। भूमण्डल का वह भाग शून्य अंश के तापमान से बहुत नीचे चला गया है। आकाश ओस और पानी की जगह बर्फ की वर्षा कर रहा है। भूमि पर बर्फ की तहें जमी हुई हैं। पूरी धरती हिम से आच्छादित है। चारों ओर हिमानी का विस्तार दृष्टिगोचर हो रहा है। हवा इतनी ठण्डी है कि, उसके संयोग से बर्फ पिघलने की जगह पत्थर बन रही है और उस समय दर्शक की दृष्टि हिम के एकमात्र अस्तित्त्व का ही दर्शन कर पा रही है।

ठीक इसी तरह साधक यम नियम आदि के अनुपालनीय योगाङ्गों की सिद्धि से एक प्रशान्त नैश्चल्य रूप एक मात्र महाशान्ति का भाव अधिगृहीत करते हैं। इस अवस्था के साथ ही गुरुदेव की आराधना में भी यदि साधक शिष्य संलग्न है, तो उसे पूर्वोक्त प्रकार से ही चतुर्दिक् प्रसरित श्वेताभ संज्ञान उपलब्ध होता है। उसके फल स्वरूप वह एक अद्भुत प्रभामण्डल से मण्डित हो जाता है।।५४३-५४४।।

सर्वतोऽवस्थितं चित्त्वं ज्ञेयस्थं यस्य तत्कथा ।
सद्यं एव नयेदूर्ध्वं तस्मादाराधयेद्गुरुम् ।।५४५।।

श्रीसारेऽप्यस्य संभाषात्पातकं नश्यति क्षणात्।
तस्मात्परीक्ष्य यत्नेन शास्त्रोक्त्या ज्ञानलक्षणैः ।।५४६।।

शास्त्राचारेण वर्तेत तेन सङ्गं तथा कुरु ।
स्नेहाज्जातु वदेज्ज्ञानं लोभान्न ह्रियते हि सः ।।५४७।।

चिन्मयता सर्वत्र व्याप्त होती है। वही जिसके लिये ज्ञेय हो जाये। ज्ञेय पदार्थों की तरह चित्त्व भी ज्ञेयस्थ अर्थात् जानकारी में बैठ जाय, उसकी कथा भी अर्थात् उसकी सामान्य बात भी साधक शिष्य को चेतना के ऊर्ध्व स्तर तत्काल बिठाने में समर्थ होती है। इसीलिये शास्त्र कहते हैं कि, गुरु नित्य आराध्य होते हैं।।५४५।।

श्री सार नामक शास्त्र में भी यह स्पष्ट उल्लेख है कि, गुरु के सम्बन्ध में प्रशंसात्मक सम्यक् सौम्य उद्गार व्यक्त करने से, उससे संभाषण करने से पापों का सद्यः क्षय हो जाता है। शिष्य निष्पाप हो जाता है। इसलिये यत्नपूर्वक सत्य की अर्थात् वास्तविकता की परीक्षा करके शास्त्रों की रहस्यात्मकता और उनके संज्ञान सम्बन्धी लक्षणों से लक्षित तथ्यों के सम्बन्ध में गुरुदेव से अवश्य चर्चा करनी चाहिये।।५४६।।

ऐसे शास्त्रचर्चा के प्रसङ्गों में गुरुदेव के प्रति विनम्र व्यवहार का आचरण करना चाहिये। उनके साथ रहने में शास्त्र निर्दिष्ट आचारों का व्यवहार शिष्य के लिये अनिवार्यतः आवश्यक है। उनके प्रति स्नेहपूर्वक व्यवहार से वे प्रसन्न रहें, यह तथ्य स्वाभाविक है। उसी क्रम में आनुषङ्गिक रूप से गुरुदेव के मुखारविन्द से कभी ज्ञान की चिन्मय रश्मियों से भरी बातें उनके मुखारविन्द से मकरन्द की तरह निकल आती हैं, यह निश्चय जानना चाहिये। उनको ध्यानपूर्वक हृदयङ्गम करना उचित है। निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि, गुरुदेव को अपने स्नेह, विनम्र व्यवहार, और पवित्र आचरण से सदा प्रसन्न रखना

तेन तुष्टेन तृप्यन्ति देवाः पितर एव च।
उत्तीर्य नरकाद्यान्ति सद्यः शिवपुरं महत्॥५४८॥

भुङ्क्ते तिष्ठेद्यत्र गृहे व्रजेच्छिवपुरं तु सः।
इति ज्ञात्वा सदा पित्र्ये श्राद्धे स्वं गुरुमर्चयेत्॥५४९॥

भुञ्जीत स स्वयं चान्यानादिशेत्तत्कृते गुरुः।
यो दीक्षितस्तु श्राद्धादौ स्वतन्त्रं विधिमाचरेत्॥५५०॥

तस्य तन्निष्फलं सर्वं समयेन च लङ्घ्यते।
सैद्धान्तिकार्पितं चण्डीयोग्यं द्रव्यं विवर्जयेत्॥५५१॥

चाहिये। कभी भी उन्हें किसी बात की लालच देकर उनके मन को लुभाया नहीं जा सकता। शिष्य के लिये यह कदापि उचित नहीं॥५४७॥

गुरुदेव के तुष्ट और तृप्त रहने पर सभी देवता तुष्ट और तृप्त हो जाते हैं। पितृलोक के पितर और इह लोक के मातृ-पितृ वर्ग के लोग भी प्रसन्न रहते हैं। गुरु की प्रसन्नता के प्रभाव से शिष्य के पितर नरक को पार कर तत्काल शिवलोक प्राप्त करते हैं॥५४८॥

गुरुदेव जहाँ भोजन करते हैं, जहाँ विश्राम करते हैं और जिस घर को पवित्र करते हैं, उस घर का स्वामी और सेवक भी शिवपुर प्राप्त करते हैं। यह समझ कर पितृकार्य, देवकार्य, और श्राद्ध के अवसरों पर गुरु की पूजा करनी चाहिये। गुरुदेव स्वयं भोजन करें और इसके बाद भोजनार्थ अन्य लोगों को भी आदेश दें। जो शिष्य जिस गुरु से स्वयं दीक्षित हो, वह श्राद्ध आदि में गुरु की स्वतन्त्र व्यवस्था करे॥५४९-५५०॥

दीक्षा ले लेने के बाद भी जो शिष्य गुरुदेव के निर्देश के प्रतिकूल श्राद्ध आदि में स्वतंत्र अर्थात् मनमाना आचरण करता है, उसका सब कुछ किया हुआ निष्फल हो जाता है। वह समय के अनुपालन के उल्लंघन का दोषी होता है।

शाकिनीवाचकं शब्दं न कदाचित्समुच्चरेत् ।
स्त्रियः पूज्या विरूपास्तु वृद्धाः शिल्पोपजीविकाः।।५५२।।

अन्त्या विकारिताङ्ग्यश्च वेश्याः स्वच्छन्दचेष्टिताः।
तथा च श्रीगमे प्रोक्तं पूजनीयाः प्रयत्नतः।।५५३।।

निराचाराः सर्वभक्ष्या धर्माधर्मविवर्जिताः ।
स्वच्छन्दगाः पलाशिन्यो लम्पटा देवता इव ।।५५४।।

वेश्याः पूज्यास्तद्गृहं च प्रयागोऽत्र यजेत्क्रमम्।
स्त्रीषु तन्नाचरेत्किंचिद्येन ताभ्यो जुगुप्सते ।।५५५।।

यह ध्यान रखना आवश्यक है कि सैद्धान्तिक रूप से अर्पित, चण्डी के उपयोग में लाने योग्य पदार्थ कभी भी अपने लिये प्रयोग में न लायें। सदा उनका परित्याग करें।।५५१।।

शाकिनी वाचक शब्दों का कभी भी प्रयोग न करे। स्त्रियों का सदा समादर करे। विशेष रूप से कुरूप स्त्रियों का आदर तो अवश्य करना चाहिये। वृद्ध स्त्रियां और शिल्प के आधार पर आजीविका चलाने वाली स्त्रियां, अन्त्यज, कुब्जा, कानी-कुबरी, लूली, लंगड़ी, विकलाङ्गी, वेश्यायें और स्वच्छन्द जीवन व्यतीत करने वाली स्त्रियां प्रयत्नपूर्वक आदर के योग्य होती हैं। ये बातें भी श्रीगमशास्त्र में निर्दिष्ट हैं।।५५२-५५३।।

जिनका कोई आचार निर्धारित नहीं, जो भक्ष्याभक्ष्य का विचार किये विना सब कुछ शुद्ध मानकर भोग लगाती रही हैं, धर्म और अधर्म के चक्कर में न पड़ स्वतंत्र व्यवहार करती हैं, पलाशिनी (मांस भक्षण करने वाली) राक्षसवत् आचरण करने वाली, रजस्वलायें और लम्पट स्त्रियां देवतावत् व्यवहरणीय हैं।।५५४।।

वेश्यायें विशेष रूप से आदरणीय हैं। उनका घर भी पूजा के योग्य होता है। वहाँ क्रमपूर्वक यदि यजन किया जाय, तो वह शीघ्र ही सिद्धि प्रदान करता

अतो न नग्नास्ताः पश्येन्नचापि प्रकटस्तनीः।
वृद्धायाः संस्थिताया वा न जुगुप्सेत मुद्रिकाम् ।।५५६।।

वैकृत्यं तत्र सौरूप्यं मेलकं न प्रकाशयेत् ।
देवमूर्तिं शून्यतनुं पूजयेत्रिपथादिषु ।।५५७।।

सर्वपर्वसु सामान्यविशेषेषु विशेषतः ।
पूजा गुरोरनध्यायो मेलके लोभवर्जनम् ।।५५८।।

है। (कुछ ऐसे मन्त्र हैं, जिन्हें योनि-लिङ्ग मिथुन स्पर्श के समय संयमपूर्वक जपने से मन्त्र सिद्धि होती है। यह व्यवस्था सिर्फ वेश्याओं के यहां ही सम्भव है। इसी दृष्टि से वेश्यायें और उनका घर दोनों पवित्र माने गये हैं।)

स्त्रियों के प्रति ऐसा कोई भी आचरण नहीं करना चाहिये जिससे उनके प्रति किसी के मन में निन्दा का भाव आये। वे सर्वथा अनिंद्य होती हैं।।५५५।।

स्त्रियाँ सर्वभाव में सदा पूज्य हैं। अतः पूज्यता के आचार में विकार न आवे, इस दृष्टि से कभी भी नग्न स्त्री का दर्शन नहीं करना चाहिये। कभी भी उस बालिका के वक्ष को नहीं निहारना चाहिये, जिसके स्तन अब युवती बनने के लिये अंकुरित हो रहे हों। इन्हें प्रकटस्तनी कहते हैं। जो अत्यन्त बूढ़ी हो कर अंगूठी की तरह गोल हो गयी (कमर एकदम दोहरी हो गयी हो, जो मर कर मुड़ गयी हो या 'संस्थिता' मरने के बाद उसकी अर्थी के बन्धन के चिह्न कुछ विशेष रूप से बनाये गये हों,) इनकी कभी भी निन्दा नहीं करनी चाहिये।।५५६।।

न उनके विकार (विकृत रूप) की ओर दृष्टि डाले, न उनकी सजावट पर ध्यान दे और न ही उनके मेलक का प्रकाशन करे। मार्ग में जहाँ चौराहे या तिराहे आदि आवें, वहाँ यदि कोई मूर्ति-हीन ऊँची भूमि ही देवस्थान के रूप में बनायी गयीं हो, उसका भी पूजन करना चाहिये।।५५७।।

सभी पर्वों पर सामान्य और विशेष कार्यक्रम अपनाये जाते हैं। विशेष अवसरों पर गुरुदेव की विशेष पूजा होनी चाहिये। उस दिन अनध्याय भी मनाना चाहिये। मेला आदि में जाने की ललक छोड़ देनी चाहिये। विशेष मिलने-जुलने

न जुगुप्सेत मद्यादि वीरद्रव्यं कदाचन ।
न निन्देदथ वन्देत नित्यं तज्जोषिणस्तथा ।।५५९।।

उपदेशाय न दोषा हृदयं चेन्न विद्विषेत् ।
विजातीयविकल्पांशोत्पुंसनाय यतेत च ।।५६०।।

गुरोः शास्त्रस्य देवीनां नाम मन्त्रे यतस्ततः ।
अर्चातोऽन्यत्र नोच्चार्यमाहूतं तर्पयेत्ततः ।।५६१।।

आगतस्य च मन्त्रस्य न कुर्यात्तर्पणं यदि ।
हरत्यर्धशरीरं तदित्यूचे भगवान्यतः ।।५६२।।

में भी समय नहीं गंवाना चाहिये। न मद्य आदि की निन्दा करे और न वीरद्रव्य के सम्बन्ध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करनी चाहिये। न कभी निन्दा ही करे, न उनकी प्रशंसा ही करे। इन दोनों से दूर मौन का ही आश्रय ले।।५५८-५५९।।

किसी को उपदेश देते समय ऐसे उपमान का प्रयोग नहीं होना चाहिये, जहाँ एक की निन्दा या हेठी झलकती हो। जैसे कहाँ मद्य और कहाँ शिवभक्ति? ऐसे प्रसंगों में भी दोष के विचार से भी दूर रहे। वास्तविकता होने पर भी, हृदय शुद्ध होने पर भी, विद्वेष नहीं करना ही उचित है। विजातीय अथवा विकल्प में गृहीत वस्तु की महत्ता के लिये ही प्रयत्नशील रहना चाहिये। पुंस अभिवर्धने चुरादि धातु से निष्पन्न 'पुंसन में उत् उपसर्ग लगा कर निष्पन्न उत्पुंसन शब्द से महत्त्वाभिवर्द्धन अर्थ ही लिया जा सकता है।।५६०।।

शास्त्रवर्णित देवियों के नाम और गुरुदेव के नाम मन्त्रवत् होते हैं। अतः अर्चा के अतिरिक्त अन्यत्र नहीं उच्चारित करना चाहिये। इनका यदि आवाहन किया गया हो, तो आने पर गुरुदेव की और पूजा में आवाहित देवियों की निश्चित रूप से पूजा करनी चाहिये।।५६१।।

आये हुए गुरुजनों और मूल प्रयुक्त मन्त्रों की अधिष्ठात्री शक्तियों को यदि तृप्त और पूजा से सन्तुष्ट नहीं किया गया, तो ये दोनों आधे पुण्य शरीर का हरण कर लेते हैं। यह स्वयं भगवान् का वचन है।।५६२।।

श्रीमदूर्मौ च देवीनां वीराणां चेष्टितं च वै ।
प्रथयेन्न जुगुप्सेत वदेन्नार्द्रव्यपाणिकः ।।५६३।।

श्रीपूर्वं नाम वक्तव्यं गुरोर्द्रव्यकरेण च ।
गुर्वादीनां न लङ्घ्या च छाया न तैर्थिकैः सह ।।५६४।।

जल्पं कुर्वन्स्वशास्त्रार्थं वदेन्नापि च सूचयेत् ।
नित्याद्विशेषपूजां च कुर्यान्नैमित्तिके विधौ ।।५६५।।

ततोऽपि मध्ये वर्षस्य ततोऽपि हि पवित्रके ।
अन्यस्तमन्त्रो नासीत सेव्यं शास्त्रान्तरं च नो।।५६६।।

श्रीमदूर्मि शास्त्र के अनुसार देवी शक्तियों और वीरों के व्यापार-व्यवहार की न प्रशंसा करे और न ही निन्दा करे। उनसे तभी बात करे, जब हाथ में उनके योग्य कोई द्रव्य हो, जो उसे दी जा सके।।५६३।।

गुरु का नाम यदि बोलना ही हो, तो उसके पहले 'श्री' का प्रयोग करना चाहिये। गुरु से भी बातें करते समय हाथ में तर्पणीय द्रव्य रहे, इसका ध्यान रखना चाहिये। गुरुजनों, पूज्यों और श्रेष्ठजनों की छाया का उल्लङ्घन नहीं होना चाहिये।

अपने सहपाठियों के साथ वार्तालाप के समय भी अपने शास्त्रीय बिन्दुओं पर ही बातें करे। कभी भी शास्त्र की निन्दा न करे, न कोई अभाव सूचित करे। नैमित्तिक विधि को सम्पन्न करते समय नित्य सम्पन्न होने वाली विशेष पूजा करे।।५६५।।

नित्य और नैमित्तिक विधियों की पूर्ति के साथ ही वर्ष के मध्य में श्राद्ध और नवरात्र आदि पूजा प्रक्रिया में सम्प्रत्ययानुसार व्यवहार और आचार का आचरण करना चाहिये। इसके बाद समयी साधक को विशेष ध्यान देना चाहिये कि, इस क्रम में वह कभी भी अन्यस्त मंत्र न रहे। बिना न्यास के मन्त्र का जप निरर्थक होता है। साथ ही समयाचार इस बात पर भी बल देता है कि, जिस

अप्ररूढं हि विज्ञानं कम्प्येतेतरभावनात् ।
गृहोपस्करणास्त्राणि देवतायागयोगतः ।।५६७।।

अर्च्यानीति न पद्भ्यां वै स्पृशेन्नापि विलङ्घयेत् ।
गुरुवर्गे गृहायाते विशेषं कंचिदाचरेत् ।।५६८।।

दीक्षितानां न निन्दादि कुर्याद्विद्वेषपूर्वकम् ।
उपदेशाय नो दोषः स ह्यविद्वेषपूर्वकः ।।५६९।।

शास्त्रीय निर्देश के अनुसार समय-दीक्षा ली गयी है, उसे छोड़कर किसी दूसरे शास्त्र के निर्देशों का पालन कभी नहीं करना चाहिये।।५६६।।

इतरशास्त्रों के विज्ञान, और उनकी भावनाओं के प्रभाव से शिष्य का अभी अभी विकसित विज्ञान जो प्रशस्त रूप से अभी प्रौढ़ नहीं हुआ, वह कुण्ठित हो सकता है। अत: इतर शास्त्रों के स्वाध्याय से परहेज करना चाहिये। घर के प्रमुख पदार्थ जो अत्यन्त उपयोगी होते हैं, उपस्कर, कहलाते हैं। जैसे चूल्हा, जांता, ओखली आदि। इनका आदर करना चाहिये। देवताओं के याग प्रसङ्ग में इनका प्रयोग होता है। अत: ये अर्चनीय होते हैं। इन्हें पैरों से कभी स्पर्श नहीं करना चाहिये। न इन्हें लांघना चाहिये। कोई ऐसा व्यक्ति जो गुरुवर्ग का हो और वह घर पर आ जाय, तो उसके सम्मान में विशेष आयोजन कर उसका सत्कार करना चाहिये।।५६७-५६८।।

